ॐ

अर्हम्

श्रीसूत्रकृताङ्गम्

(दूसरा श्रुतस्कन्ध)

(चौथा खण्ड)

श्रीमद् जैनाचार्य्य

पूज्य श्री १००८ श्री जवाहिरलालजी महाराज के

तत्त्वावधान में

पण्डित अम्बिकादत्तजी ओझा व्याकरणाचार्य्य

द्वारा सम्पादित

(मूल, संस्कृतच्छाया, अन्वयार्थ भावार्थ सहित)

प्रकाशक—

फर्म शम्भूमल्ल गङ्गाराम मूथा, बैंगलोर

प्रथमावृत्ति १००० } सं० १९९७ { मूल्य २)

बाबू पन्नालाल गुप्त 'अनन्त'
द्वारा
आदर्श प्रेस, अजमेर में मुद्रित ।

दो शब्द

आर्हत आगमों में भी सूत्रकृताङ्ग का बहुत उच्च स्थान है। यह आगम बहुत उत्तमता के साथ पदार्थों का स्वरूप बतलाता है। एक मात्र इस ग्रन्थ के मनन से भी मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। मुमुक्षु जीवों के लिये यह आगम परम उपयोगी है अत: सर्वसाधारण के लाभार्थ हिन्दी भाषा में इसका प्रकाशन अति आवश्यक है। यद्यपि मुनि महात्माओं द्वारा किये हुए इसके व्याख्यान से कभी-कभी साधारण जीव भी इसका लाभ उठाते हैं परन्तु जितना उपकार हिन्दी में इसके अनुवाद से हो सकता है उतना उक्त रीति से सम्भव नहीं है यह विचार कर राजकोट में पूज्य श्री १००८ श्री जवाहिरलालजी महाराज के चातुर्मास्य के समय सानुवाद सूत्रकृताङ्ग के प्रकाशन का कार्य्य निश्चित हुआ और प्रथम श्रुतस्कन्ध तीन भागों में प्रकाशित किया गया। उनमें महावीर जैन ज्ञानोदय सोसाइटी राजकोट की तरफ से ५०० प्रतियां छपीं और ५०० श्रीमान् सेठ बाबू छगनलालजी मूथा की ओर से छपी। अब यह दूसरा श्रुत स्कन्ध श्रीमान् दानवीर सेठ छगनलालजी साहेब की ओर से ही छपाकर प्रकाशित किया गया है। सेठ साहेब बड़े उत्साही धर्मप्रिय और उदार हैं। आज यह ग्रन्थ जो जनता के हाथ में सुशोभित हो रहा है यह आपकी दानवीरता का ही फल है। यह ग्रन्थ बिना मूल्य जनता की सेवा में भेंट किया जा सकता था लेकिन बिना मूल्य पुस्तक की जनता कदर नहीं करती है इसलिए सिर्फ लागत दाम रख कर यह पुस्तक जनता की सेवा में अर्पण की जाती है। इस ग्रन्थ की बिक्री से जो द्रव्य उत्पन्न होगा वह दूसरे आगमों के प्रकाशन में ही लगाने का निश्चय किया गया है।

निवेदक—
प० छोटेलाल यति
रांगड़ी चौक, बीकानेर

व्याख्यानों द्वारा सम्पादित पुस्तकें



हिन्दी पुस्तकें

अहिंसा व्रत	।)
सत्य व्रत	≡)
अस्तेय व्रत	=)
ब्रह्मचर्य व्रत	=)
तीन गुणव्रत	≡)
चार शिक्षा व्रत	≡)
धर्म व्याख्या	=)
सकडाल	=
सनाथ अनाथ	=)
सुबाहु कुमार	।)
रुक्मिणी विवाह	।)
सत्यमूर्ति	॥)
तीर्थंकर चरित्र	॥=)
सती राजेमती	≡)
ब्रह्मचारिणी	।=)
सद्धर्ममण्डन	२॥)
अनुकम्पा चित्रमय	१॥)
अनुकम्पा विचार	।)
परदेशी राजा	।)
आदर्श क्षमा	-)॥
अर्जुनमाली	=)
चन्दनबाला (पद्य)	=)
मयणरेहा (पद्य)	=)
सुदर्शन (पद्य)	-)
पद्य-संग्रह	=)
जैन स्तुति	॥)
शालिभद्र भाग १	।≡)
उववाइ सूत्र मूल	।)
नन्दीसूत्र मूल	≡)
जैनसिद्धान्त माला	२)
नदनमणीहार	-)
मेघकुमार	।-)
चूलणीपिता	-)
मातृपितृसेवा	-)
परिचय (दयादान)	≡)
मिल के वस्त्र और जैनधर्म	-)
जिनरिख जिनपाल	)॥
सामायक और धर्मोपकरण	-)
आनन्द घन देवचन्द चौवीसी	।)
सेठ सुदर्शन चरित्र	।-)
सेठ धन्ना चरित्र	॥)
श्रावक के बारह व्रत	।)
सूत्रकृताङ्ग सूत्र मूल, छाया, टीका, अर्थ, भावार्थ	१॥)

गुजराती पुस्तकें

राजकोट व्याख्यान संग्रह	२।)
जामनगर व्याख्यान संग्रह	२॥)
अहमदाबाद व्याख्यान संग्रह छप रहा है	
जवाहिर ज्योति	।=)
धर्म अने धर्मनायक	।=)
सत्यमूर्ति हरिश्चन्द्र	॥=)
अनाथीमुनि	।=)
सकडाल	≡)
ब्रह्मचारिणी	।=)
जीवन-श्रेयस्कर-प्रार्थना	-)

पता:—छोटेलाल यति, रांगड़ी चौक बीकानेर (B K S Ry)

विषयानुक्रमणिका


प्रथम अध्ययन


दूसरा अध्ययन

तृतीय अध्ययन

चौथा अध्ययन

पञ्चम अध्ययन





॥ ओ३म् ॥


श्री सूत्र कृताङ्ग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का

प्रथम अध्ययन



प्रथम श्रुत स्कन्ध के पश्चात् द्वितीय श्रुत स्कन्ध आरम्भ किया जाता है। प्रथम श्रुत स्कन्ध में जो बात संक्षेप से कही गई है वही इस दूसरे श्रुत स्कन्ध में विस्तार एवं युक्ति के साथ बताई गई है। जो बात विस्तार तथा संक्षेप दोनों प्रकार से बताई जाती है वही अच्छी तरह समझने में आती है अतः प्रथम श्रुत स्कन्ध के पदार्थों को विस्तार के साथ इस श्रुत स्कन्ध द्वारा वर्णन करना ठीक ही है। अथवा प्रथम श्रुत स्कन्ध में जो बातें कही गई हैं उनको दृष्टान्त देकर सरलता के साथ समझाने के लिये इस दूसरे श्रुत स्कन्ध की रचना हुई है अतः ये दोनों ही श्रुत स्कन्ध संक्षेप और विस्तार के साथ एक ही अर्थ के प्रतिपादक हैं यह जानना चाहिये।

इस दूसरे श्रुत स्कन्ध के सात अध्ययन हैं। ये अध्ययन प्रथम श्रुत स्कन्ध के अध्ययनों से बहुत बड़े बड़े हैं इसलिये ये महाध्ययन कहे जाते हैं। इनमें प्रथम अध्ययन को पुण्डरीक अध्ययन कहते हैं। पुण्डरीक, श्वेतकमल को कहते हैं उसकी उपमा देकर यहाँ धर्म में रुचि रखने वाले राजा महाराजा आदि बताये गये हैं और उनको विषयभोग से निवृत्त करके मोक्षमार्ग का पथिक बनाने वाले सत्साधुओं का कथन किया गया है। जो लोग प्रव्रज्याधारी होकर भी विषयरूपी पङ्क में निमग्न हैं वे साधु नहीं हैं वे स्वयं संसार सागर से पार नहीं होते फिर वे दूसरे को क्या पार कर सकते हैं ? यह भी इस अध्ययन में कहा गया है।



सुयं मे आउसंतेणं भगवया एवमक्खायं–इह खलु पोंडरीए णामज्झयणे, तस्स णं अयमट्ठे पण्णत्ते–से जहाणामए पुक्खरिणी सिया बहुउदगा बहुसेया बहुपुक्खला लद्धट्ठा पुंडरिकिणी पासादिया दरिसणिया अभिरूवा पडिरूवा, तीसे णं पुक्खरिणीये तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहवे पउमवरपोंडरीया बुइया, अणुपुव्वुट्ठिया ऊसिया रुइला वण्णमंता गंधमंता रसमंता फासमंता पासादीया दरिसणिया अभिरूवा पडिरूवा, तीसे णं पुक्खरिणीए बहुमज्झदेसभाए एगे महं पउमवरपोंडरीए बुइए, अणुपुव्वुट्ठिए

छाया—श्रुतं मया आयुष्मता तेन भगवता एवमाख्यातम्। इह खलु पुण्डरीक नामाध्ययनं, तस्यायमर्थः प्रज्ञप्तः। तद्यथा नाम पुष्करिणी स्यात् बहूदका, बहुसेया, बहुपुष्कला, लब्धार्था, पुण्डरीकिणी, प्रसादिका, दर्शनीया, अभिरूपा प्रतिरूपा। तस्याः पुष्करिण्यास्तत्र तत्र देशे देशे तस्मिन् तस्मिन् बहूनि पद्मवरपुण्डरीकानि उक्तानि, आनुपूर्व्या उत्थितानि उच्छ्रितानि रुचिलानि वर्णवन्ति गन्धवन्ति रसवन्ति स्पर्शवन्ति प्रसादिकानि दर्शनीयानि अभिरूपाणि प्रतिरूपाणि तस्याः पुष्करिण्याः बहुमध्यदेशभागे एकं महत् पद्मवरपुण्डरीकमुक्तम् आनुपूर्व्या

अन्वयार्थ—(सुयं मे आउसंतेणं भगवया एव मक्खायं) श्री सुधर्मा स्वामी जम्बू स्वामी से कहते हैं कि हे आयुष्मन्! मैंने सुना है उस भगवान् ने ऐसा कहा था। (इह खलु पोंडरीए णामज्झयणे तस्स णं अयमट्ठे पण्णत्ते) इस आर्हत आगम में पुण्डरीक नाम का अध्ययन है उसका यह अर्थ है। (से जहाणामए पुक्खरिणी सिया) कल्पना करो कि जैसे कोई एक पुष्करिणी है। (बहुउदगा बहुसेया) उसमें बहुत जल और पङ्क है (बहुपुक्खला लद्धट्ठा) वह अगाध जल से भरी हुई तथा पुष्कर यानी कमलों से युक्त होने के कारण यथार्थ नामवाली अथवा वह जगत् में बहुत प्रतिष्ठा पाई हुई है। (पुंडरिकिणी) उसमें पुण्डरीक यानी श्वेत कमल हैं। (पासादिया दरिसणीया अभिरूवा पडिरूवा) वह पुष्करिणी देखने से चित्त को प्रसन्न करनेवाली बड़ी मनोहर है। (तीसे णं पुक्खरिणीए तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं) उस पुष्करिणी के उन उन देशों और उन उन प्रदेशों में (बहवे पउमवरपोंडरीया बुइया) बहुत से उत्तमोत्तम श्वेत कमल विद्यमान हैं। (आणुपुव्वुट्ठिया) वे श्वेत कमल उत्तम रचना

उस्सिते रुइले वन्नमते गंधमते रसमंते फासमते पासादीए जाव पडिरूवे । सव्वावंति च ण तीसे पुक्खरिणीए तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं बहवे पउमवरपोंडरीया बुइया अणुपुव्वुट्ठिया ऊसिया रुइला जाव पडिरूवा, सव्वावंति च ण तीसे ण पुक्खरिणीए बहुमज्झदेसभाए एग महं पउमवरपोंडरीए बुइए अणुपुव्वुट्ठिए जाव पडिरूवे ॥ १ ॥

छाया—उत्थित उच्छ्रित रूचिल वर्णवत् गन्धवत् रसवत् स्पर्शवत् प्रसादिकं यावत्प्रतिरूपम् । सर्वस्या अपि तस्याः पुष्करिण्याः तत्र तत्र देशे देशे तस्मिन् तस्मिन् बहूनि पद्मवरपुण्डरीकानि उक्तानि आनुपूर्व्या उत्थितानि उच्छ्रितानि रूचिलानि यावत् प्रतिरूपाणि सर्वस्या अपि तस्याः पुष्करिण्याः बहुमध्यदेशभागे एक महत् पद्मवरपुण्डरीक मुक्तम् आनुपूर्व्या उत्थितं यावत् प्रतिरूपम् ॥ १ ॥

अन्वयार्थ—के साथ क्रमशः स्थित हैं (ऊसिया) वे कीचड़ और जल को उल्लंघन करके ऊपर स्थित हैं । (रुइला) वे बहुत दीप्तिवाले (वण्णमंता गंधमंता रसमंता फास मंता) तथा उत्तम वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श से युक्त हैं (पासादिया दरिसणीया अभिरूवा पडिरूवा) वे देखने में चित्त को प्रसन्न करनेवाले बड़े सुन्दर हैं । (तीसे णं पुक्खरिणीए बहुमज्झदेसभाए एगे महं पउमवरपोंडरीए बुइए) उस पुष्करिणी के ठीक मध्य देश में एक बहुत बड़ा उत्तम श्वेतकमल सुशोभित है । (अणुपुव्वुट्ठिए) उसकी रचना बड़ी अच्छी है (उस्सिते) वह कमल कीचड़ और पानी को पार कर ऊपर उठा हुआ है (रुइले वन्नमंते गंधमंते रसमंते फासमंते पासादीए जाव पडिरूवे) वह उत्तम दीप्ति, एवं उत्तम वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श से युक्त बड़ा ही मनोहर है (सव्वावंति च णं तीसे पुक्खरिणीए तत्थ तत्थ देसे देसे तहिं तहिं) उस समस्त पुष्करिणी में सभी देशों और प्रदेशों में (बहवे पउमवरपोंडरीया बुइया अणुपुव्वुट्ठिया ऊसिया रुइला जाव पडिरूवा) बहुत से उत्तमोत्तम श्वेतकमल भरे हैं जिनकी रचना बड़ी मनोहर है तथा जो पानी और कीचड़ से ऊपर स्थित तथा बड़े दीप्ति वाले एवं पूर्वोक्त गुणों से युक्त बड़े दर्शनीय हैं । (सव्वावंति च णं तीसे पुक्खरिणीए बहुमज्झदेसभाए) उस पुष्करिणी के ठीक मध्य भाग में (एगं महं पउमवर पोंडरीए बुइए अणुपुव्वुट्ठिए जाव पडिरूवे) एक महान् उत्तम श्वेतकमल है जो सुन्दर रचना से युक्त तथा पूर्व वर्णित गुणों से सुशोभित बड़ा ही मनोहर है । (१)

अह पुरिसे पुरित्थिमाओ दिसाओ आगम्म तं पुक्खरिणीं तीसे पुक्खरिणीए तीरे ठिच्चा पासति तं महं एगं पउमवरपोंडरीयं अणुपुव्वुट्ठियं ऊसियं जाव पडिरूवं। तए णं से पुरिसे एवं वयासी—अहमंसि पुरिसे खेयन्ने कुसले पंडिते वियत्ते मेहावी अबाले मग्गत्थे मग्गविऊ मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू अहमेयं पउमवरपोंडरीयं

छाया—अथ पुरुषः पुरस्तात् दिशः आगत्य तां पुष्करिणीं, तस्याः पुष्करिण्याः तीरे स्थित्वा पश्यति तन्महदेकं पद्मवरपुण्डरीकम् आनुपूर्व्या उत्थितम् उच्छ्रितं यावत् प्रतिरूपम्। ततः स पुरुषः एवमवादीत् अहमस्मि पुरुषः खेदज्ञः कुशलः पण्डितः व्यक्तः मेधावी अबालः मार्गस्थः मार्गवित् मार्गस्य गतिपराक्रमज्ञः, अहमेतत् पद्मवरपुण्डरीकं

अन्वयार्थ—(अह) अथ (पुरिसे) कोई पुरुष (पुरित्थिमाओ दिसाओ तं पुक्खरिणीं आगम्म) पूर्व दिशा से उस पुष्करिणी के पास आकर (तीसे पुक्खरिणीए तीरे ठिच्चा) उस पुष्करिणी के तीर पर खड़ा होकर (तं महं एगं पउमवरपोंडरीयं पासति) उस महान् उत्तम श्वेत कमल को देखता है (अणुपुव्वुट्ठियं ऊसियं जाव पडिरूवं) जो सुन्दर रचना से युक्त तथा पानी और कीचड़ के ऊपर स्थित और पूर्वोक्त विशेषणों वाला बड़ा ही मनोहर है। (तए णं से पुरिसे एवं वयासी) उस कमल को देखकर उस पुरुषने इस प्रकार कहा कि—(अहं पुरिसे असि) मैं पुरुष हूँ (खेयन्ने) मैं खेद यानी परिश्रम को जानने वाला हूँ (कुसले) मैं हित की प्राप्ति और अहित के त्याग करने में निपुण हूँ (पंडिए) मैं पाप से निवृत्त हूँ (वियत्ते) मैं बाल्यभाव से निवृत्त हूँ (मेहावी अबाले) मैं बुद्धिमान् तथा अबाल यानी युवा हूँ (मग्गत्थे) मैं सज्जनों से आचरण किये हुए मार्ग में स्थित हूँ। (मग्गविऊ) मैं मार्ग को जानने वाला (मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू) तथा जिस मार्ग से चलकर जीव अपने अभीष्ट देश को प्राप्त करता है उसे जानता हूँ (अहमेयं पउमवरपोंडरीयं) मैं इस उत्तम

भावार्थ—जिस पुष्करिणी का वर्णन प्रथम सूत्र में किया गया है उसके तट पर एक पुरुष पूर्व दिशा से आता है और वह पुष्करिणी के तट पर खड़ा होकर उस उत्तम श्वेतकमल को देखकर कहता है कि—"मैं बड़ा ही बुद्धिमान, सदाचारी भले और बुरे कर्तव्य का ज्ञाता, युवा, और अभीष्ट सिद्धि के मार्ग को जानने वाला हूँ मैं इस पुष्करिणी के मध्य में सुशोभित इस उत्तम

उम्भिक्खिस्सामित्तिकट्टु इति बुया से पुरिसे अभिक्कमेति तं पुक्खरिणीं, जावं जावं च णं अभिक्कमेइ तावं तावं च णं महंते उदए महंते सेए पहीणे तीरं अपत्ते पउमवरपोंडरीयं णो हव्वाए णो पाराए, अंतरा पोक्खरिणीए सेयंसि निसण्णे पढमे पुरिसजाए ! ॥ २ ॥

छाया—उत्क्षेप्स्यामीति कृत्वा (आगतः) इत्युक्त्वा स पुरुषः अभिक्रामति तां पुष्करिणीं, यावद् यावदभिक्रामति तावत् तावत् महत् उदकं महान् सेयः प्रहीणस्तीराद् अप्राप्तः पद्मवरपुण्डरीकम् नोऽर्वाचे नो पाराय अन्तरा पुष्करिण्याः सेये निषण्णः प्रथमः पुरुषजातः ॥२॥

अन्वयार्थ—श्वेत कमल को (उम्भिक्खिस्सामित्ति कट्टु) बाहर निकालूंगा (इस इच्छा से यहाँ आया हूँ) (इतिबुया) यह कहकर (से पुरिसे तं पुक्खरिणीं अभिक्कमेति) वह पुरुष उस पुष्करिणी में प्रवेश करता है (जावं जावं च णं अभिक्कमेइ) वह ज्यों ज्यों उस पुष्करिणी में प्रवेश करता जाता है (तावं तावं च णं महंते उदए महंते सेये) त्यों त्यों उस पुष्करिणी में अधिक जल और अधिक कीचड़ मिलते हैं। (तीरं पहीणे पउमवरपोंडरीए अपत्ते) वह पुरुष तीर से हट चुका है और उस श्वेत कमल के पास नहीं पहुँच पाया है (णो हव्वाए णो पाराए) वह न इसी पार का है और न उसी पार का है (अंतरा पोक्खरिणीए सेयंसि निसण्णे पढमे पुरिसजाए) किन्तु बीच पुष्करिणी के कीचड़ में फसकर वह क्लेश पाता है यह पहला पुरुष है।

भावार्थ—"श्वेत कमल को बाहर निकालने के लिये यहाँ आया हूँ" यह कह कर वह पुरुष उस श्वेत कमल को निकालने के लिये उस पुष्करिणी में प्रवेश करता है परन्तु वह ज्यों ज्यों आगे जाता है त्यों त्यों उसको अधिक जल और अधिक कीचड़ मिलते हैं। वह बिचारा पुष्करिणी के तीर से भी भ्रष्ट हो जाता है और उस श्वेत कमल को भी नहीं प्राप्त कर सकता है, वह न इसी पार का होता है और न उसी पार का होता है किन्तु पुष्करिणी के बीच में कीचड़ तथा जल में फस कर महान कष्ट पाता है। यह पहले पुरुष का वृतान्त है ॥ २ ॥

महते उदए महंते सेए पहीणे तीर अपत्ते पउमवरपोंडरीय णो हव्वाए णो पाराए अतरा पोक्खरिणीए सेयसि णिसन्ने दोच्चे पुरिसजाते ॥ ३ ॥

छाया—अभिक्रामति यावत् तावद् महदुदक महान् सेयः प्रहीणः तीरात् अप्राप्तः पद्मवरपुंडरीक नोऽर्वाचि नो पाराय अन्तरा पुष्करिण्या. सेये निष्पण्ण द्वितीय. पुरुषजातः ॥३॥

अन्वयार्थ—अधिक अधिक कीचड़ मिलता है (तीर पहीणे पउमवरपोंडरीय अपत्ते) वह बिचारा तीर से भ्रष्ट हो गया और उस उत्तम श्वेत कमल को भी नहीं प्राप्त कर सका (णो हव्वाए णो पाराए)—वह इस पार का भी न हुआ और न उसी पार का हुआ। (अतरा पोक्खरिणीए सेयसि णिसन्ने दोच्चे पुरिसजाए) वह पुष्करिणी के मध्य में फँस कर दुःख भोगने लगा। यह दूसरे पुरुष का वृत्तान्त है। इसका भाव अन्वयार्थ से ही स्पष्ट है अतः उसे अलग लिखने की आवश्यकता नहीं है।

अहावरे तच्चे पुरिसजाते, अह पुरिसे पच्चत्थिमाओ दिसाओ आगम्म त पुक्खरिणिं तीसे पुक्खरिणीए तीरे ठिच्चा पासति त एग महं पउमवरपोंडरीय अणुपुव्वुट्ठिय जाव पडिरूव, ते तत्थ दोन्नि पुरिसजाते पासति पहीणे तीर अपत्ते पउमवरपोंडरीयं णो

छाया—अथापरस्तृतीयः पुरुषजातः अथ पुरुषः पश्चिमायाः दिशः आगत्य तां पुष्करिणीं, तस्याः पुष्करिण्यास्तीरे स्थित्वा पश्यति तद् महदेक पद्मवरपुण्डरीकम् आनुपूर्व्या उत्थित यावत् प्रतिरूपम्। तौ तत्र द्वौ पुरुषजातौ पश्यति प्रहीणौ तीरादप्राप्तौ पद्मवरपुण्डरीकं

अन्वयार्थ—(अह तच्चे पुरिसजाते) इसके पश्चात् तीसरे पुरुष का वर्णन किया जाता है (अह पुरिसे पच्चत्थिमाओ दिसाओ त पुक्खरिणिं आगम्म,) दूसरे पुरुष के पश्चात् एक तीसरा पुरुष पश्चिम दिशा से उस पुष्करिणी के पास आकर (तीसे पुक्खरिणीए तीरे ठिच्चा) उस पुष्करिणी के तट पर खड़ा होकर (त महं एग पउमवरपोंडरीयं पासति) उस एक महान् उत्तम श्वेतकमल को देखता है (अणुपुव्वुट्ठियं जाव पडिरूवं) जो विशेष रचना से युक्त एवं बड़ा ही मनोहर है (ते तत्थ दोन्नि पुरिसजाते पासति) तथा वह वहाँ उन दोनों पुरुषों को भी देखता है (तीर पहीणे पउमवरपोंडरीय अपत्ते) जो तीर से भ्रष्ट हो चुके हैं और उस उत्तम श्वेतकमल को भी नहीं पा सके हैं।

इव्वाए णो पाराए जाव सेयंसि णिसन्ने, तए ण से पुरिसे एव वयासी—अहो ण इमे पुरिसा अखेयन्ना अकुसला अपडिया अवियत्ता अमेहावी बाला णो मग्गत्था णो मग्गविऊ णो मग्गस्स गति-परक्कमण्णू, ज ण एते पुरिसा एव मन्ने—अम्हे एत पउमवर-पोंडरीय उरिणक्खिस्सामो, नो य खलु एय पउमरवपोंडरीय एव उम्भिक्खेतव्व जहा ण एए पुरिसा मन्ने, अहमसि पुरिसे खेयन्ने कुसले पडिए वियत्ते मेहावी अबाले मग्गत्थे मग्गविऊ

छाया—नोऽर्वाचे नो पाराय यावत् सेये निषण्णौ। ततः स पुरुषः एवमवादीत् अहो इमौ पुरुषौ अखेदज्ञौ अकुशलौ अपण्डितौ अव्यक्तौ अमेधाविनौ बालौ नो मार्गस्थौ नो मार्गविदौ नो मार्गस्य गति पराक्रमज्ञौ, यतः इमौ पुरुषौ मन्येते आवाम् एतत् पद्मवरपुण्डरीकम् उन्निक्षेप्स्यावः न च खलु एतत् पद्मवरपुण्डरीकम् एवम् उन्निक्षेप्तव्य यथा एतौ पुरुषौ मन्येते। अहमस्मि पुरुष खेदज्ञः कुशलः पण्डितः व्यक्तः मेधावी अबालः मार्गस्थः मार्गविद् मार्गस्य गतिपराक्रमज्ञः,

अन्वयार्थ—(णो इव्वाए णो पाराए जाव सेयंसि णिसन्ने) तथा वो न इसी पार के हैं और न उसी पार के हैं किन्तु पुष्करिणी के मध्य में अगाध कीचड़ में फस कर दुःख भोग रहे हैं। (तए ण से पुरिसे एवं वयासी) इसके पश्चात् उस तृतीय पुरुष ने इस प्रकार कहा कि—(अहो ण इमे पुरिसे अखेयन्ना अकुसला) अहो! ये दोनों पुरुष खेदज्ञ तथा कुशल नहीं हैं (अपंडिया अवियत्ता अमेहावी) ये पण्डित, युवा एव बुद्धिमान नहीं हैं। (बाला णो मग्गत्था णो मग्गविऊ णो मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू) ये बालक हैं, तथा ये उत्तम पुरुषों से सेवित मार्ग में स्थित नहीं हैं, एव ये, जिस मार्ग से चल कर जीव अभीष्ट की सिद्धि प्राप्त करता है उसे नहीं जानते हैं (जंण्ण एते पुरिसा एव मन्ने—अम्हे एत पउमवरपोंडरीय उण्णिक्खिस्सामो) अतएव ये समझते हैं कि—हम इस उत्तम श्वेत कमल को बाहर निकाल लेंगे" (नो य खलु एयं पउमवरपोंडरीय एव उन्निक्खेतव्व जहा ण एए पुरिसा मन्ने) परन्तु यह उत्तम श्वेत कमल इस प्रकार नहीं निकाला जा सकता है जैसा ये पुरुष मानते हैं (अह खेयन्ने कुसले पडिए वियत्ते मेहावी अबाले मग्गविऊ मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू पुरिसे असि) मैं वस्तुतः मैं खेदज्ञ, कुशल, पण्डित परिपक्व बुद्धिवाला बुद्धिमान्, युवा, सत्पुरुषों से सेवित मार्ग में स्थित, मार्ग का ज्ञाता एव जिस मार्ग से चलकर जीव इष्ट

मग्गस्स गतिपरक्कमएणू अहमेयं पउमवरपोंडरीयं उन्निक्खिसामित्तिकट्टु इति वुच्चा से पुरिसे अभिक्कमे त पुक्खरिणिं जावं जाव च णं अभिक्कमे तावं ताव च णं महंते उदए महंते सेए जाव अतरा पोक्खरिणीए सेयंसि णिसन्ने, तच्चे पुरिसजाए ॥ (सूत्रँ ४) ॥

छाया—अहमेतत् पद्मवरपुंडरीकम् उभिक्षेप्स्यामीति कृत्वाऽऽगतः, इत्युक्त्वा स पुरुषः अभिक्रामति तां पुष्करिणीं, यावद् यावद् अभिक्रामति तावत् तावत् महद् उदकं महान् सेयः यावदन्तरा पुष्करिण्याः सेये निषण्णः तृतीयः पुरुषजातः ॥४॥

अन्वयार्थ—देश को प्राप्त करता है उसे जानने वाला हूँ। (अहमेय पउमवरपोंडरीय उन्निक्खिस्सामीति कट्टु) मैं इस उत्तम श्वेतकमल को निकाल लाऊंगा इस इच्छा से यहां आया हूँ (इति वुच्चा से पुरिसे तं पुक्खरिणीं अभिक्कमे) यह कह कर वह पुरुष उस पुष्करणी में प्रवेश करता है। (जाव जाव च णं अभिक्कमे ताव ताव च ण महंते उदए महंते सेए जाव अतरा पोक्खरिणीए सेयंसि णिसन्ने तच्चे पुरिस जाए) वह ज्यों ज्यों आगे जाता है त्यों त्यों अधिक अधिक जल और अधिक अधिक कीचड़ उसे मिलते हैं इस प्रकार वह पुरुष भी पूर्वोक्त दो पुरुषों के समान ही पुष्करिणी के मध्य में कीचड़ में फँस गया (वह तीर से भी भ्रष्ट हो गया और कमल को भी नहीं पा सका) यह तीसरे पुरुष का वृत्तान्त है ॥४॥

भावार्थ स्पष्ट है अतः पृथक् लिखने की आवश्यकता नहीं है।



अहावरे चउत्थे पुरिसजाए, अह पुरिसे उत्तराओ दिसाओ आगम्म त पुक्खरिणिं, तीसे पुक्खरिणीए तीरे ठिच्चा पासति

छाया—अथापरश्चतुर्थः पुरुषजातीयः अथ पुरुषः उत्तरस्याः दिशः आगत्य तां पुष्करिणीं, तस्याः पुष्करिण्या स्तीरे स्थित्वा पश्यति तन्महदेकं

अन्वयार्थ—(अह अवरे चउत्थे पुरिस जाए) इसके पश्चात् चौथे प्रकार के पुरुष का वृत्तान्त कहा जाता है। (अह पुरिसे उत्तराओ दिसाओ त पुक्खरिणीं आगम्म) इसके पश्चात् एक पुरुष उत्तर दिशा से उस पुष्करिणी के पास आकर (तीसे पुक्खरणीए तीरे ठिच्चा त महं एगं पउमवरपोंडरीय पासति) उस पुक्खरिणी के तटपर खड़ा होकर

तं महं एगं पउमवरपोंडरीयं अणुपुव्वुट्ठियं जाव पडिरूवं, ते तत्थ तिन्नि पुरिसजाते पासति पहीणे तीरं अपत्ते जाव सेयंसि णिसन्ने, तए णं से पुरिसे एवं वयासी–अहो णं इमे पुरिसा अखेयन्ना जाव णो मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू जण्णं एते पुरिसा एवं मन्ने–अम्हे एतं पउमवरपोंडरीयं उन्निक्खिस्सामो णो य खलु एयं पउमवरपोंडरीयं एवं उन्निक्खेयव्वं जहा णं एते पुरिसा मन्ने, अहमंसि पुरिसे खेयन्ने जाव मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू, अहमेय

छाया—पद्मवरपुंडरीकम् आनुपूर्व्या उत्थितं यावत् प्रतिरूपम्। तान् त्रीन् पुरुषजातान् पश्यति प्रहीणान् तीराद् अप्राप्तान् यावत् सेये निषण्णान्। ततः स पुरुषः एवमवादीद् अहो इमे पुरुषाः अखेदज्ञाः यावत् नो मार्गस्य गतिपराक्रमज्ञाः। यस्मादेते पुरुषाः एवं मन्यन्ते वयमेतत् पद्मवरपुण्डरीकमुन्निक्षेप्स्यामः। नच खलु पद्मवर पुण्डरीक मेवमुन्निक्षेप्तव्य यथा एते पुरुषाः मन्यन्ते। अहमस्मि पुरुष खेदज्ञः यावन्मार्गस्य गतिपराक्रमज्ञ अहमेतत् पद्मवर

अन्वयार्थ—उस एक महान् उत्तम श्वेतकमल को देखता है (अणुपुव्वुट्ठियं जाव पडिरूवं) जो विशिष्ट रचना से युक्त तथा मनोहर है। (ते तत्थ तिन्नि पुरिसजाए पासति) तथा वह उन तीन पुरुषों को भी देखता है (पहीणे तीरं अपत्ते जाव सेयंसि णिसन्ने) जो तीर से भ्रष्ट हो गये हैं और उस उत्तम श्वेतकमल को नहीं पा सके हैं किन्तु पुष्करिणी के मध्य कीचड़ में फँसे हुए हैं (तए णं से पुरिसे एवं वयासी) इसके पश्चात् उस चौथे पुरुष ने इस प्रकार कहा। (अहो णं इमे पुरिसा अखेयन्ना जाव णो मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू) अहो! ये तीनों पुरुष खेदज्ञ नहीं हैं तथा जिस मार्ग से जाकर जीव अपने अभीष्ट देश को प्राप्त करता है उसे ये नहीं जानते हैं। (जण्णं एते पुरिसा एवं मन्ने अम्हे एयं पउमवरपोंडरीयं उन्निक्खिस्सामो) अतएव ये समझते हैं कि, "हम इस रीति से इस श्वेतकमल को निकाल सकेंगे" (णो य खलु एयं पउमवरपोंडरीयं एवं उन्निक्खेयव्वं जहा णं एते पुरिसा मन्ने) परन्तु यह उत्तम श्वेतकमल इस प्रकार नहीं निकाला जा सकता है जैसा कि ये लोग मान रहे हैं (अहमंसि खेयन्ने जाव मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू) अलबत्ता मैं खेदज्ञ तथा जिस मार्ग से चल कर जीव अपने इष्ट देश को प्राप्त करता है उसे जानता हूँ। (अहमेय

पउमवरपोंडरीयं उन्निक्खिस्सामितिकट्टु इति वुच्चा से पुरिसे त पुक्खरिणिं जाव जाव च णं अभिक्कमे ताव तावं च णं महंते उदए महंते सेए जाव णिसन्ने, चउत्थे पुरिसजाए॥ (सूत्रं ५) ॥

छाया—पुण्डरीक मुन्निक्षेप्स्यामीति कृत्वा (अत्रागत.) इत्युक्त्वा स पुरुषः पुष्करिणीं यावद् यावच्चाभिक्रामति तावत्तावच्च महदुदकं महान् सेयः यावन्निषण्णश्चतुर्थः पुरुषजातीयः ॥५॥

अन्वयार्थ—पउमवरपोंडरीय उन्निक्खिस्सामिति कट्टु) मैं इस उत्तम श्वेत कमल को निकाल लूंगा इस अभिप्राय से यहां आया हूँ (इति वुच्चा से पुरिसे त पुक्खरिणीं जाव च ण अभिक्कमे) यह कह कर यह पुरुष उस पुष्करिणी में उतरा और वह ज्यों ज्यों उसके भीतर प्रवेश करता है (तावं तावं च ण महंते उदए महंते सेये जाव णिसन्ने) त्यों त्यों उसे बहुत अधिक जल और बहुत ज्यादा कीचड़ मिलते हैं इस प्रकार वह उस पुष्करिणी के मध्य में भारी कीचड़ में फँस गया वह न इसी पारका हुआ और न उसी पार का हुआ यह चौथे पुरुष का वृत्तान्त है ॥५॥
इसका भी भावार्थ स्पष्ट है

अह भिक्खू लूहे तीरट्ठी खेयन्ने जाव गतिपरक्कमण्णू अन्नतराओ दिसाओ वा अणुदिसाओ वा आगम्म तं पुक्खरिणिं

छाया—अथ भिक्षूरूक्षः तीरार्थी खेदज्ञ. यावत् गतिपराक्रमज्ञः अन्यतरस्या दिशः अनुदिशो वा आगत्य तां पुष्करिणीं, तस्या पुष्करण्या स्तीरे

अन्वयार्थ—(अह) इसके पश्चात् (लूहे) राग द्वेष रहित (तीरट्ठी) संसार सागर के तट पर जाने की इच्छा करने वाला (खेयन्ने) खेद को जानने वाला (भिक्खू) कोई भिक्षा मात्र से निर्वाह करने वाला साधु (अण्णतराओ दिसाओ वा अणुदिसाओ वा) किसी दिशा या विदिशा से (तं पुक्खरिणीं आगम्म) उस पुष्करिणी के पास

भावार्थ—पहले उन चार पुरुषों का वर्णन किया गया है जो श्वेत कमल को पुष्करिणी से बाहर निकालने के लिये आये तो थे परन्तु वे आप ही अज्ञानवश उस पुष्करिणी के कीचड़ में फस गये, फिर वे कमल को बाहर निकाल सकें इसकी तो आशा ही क्या है ? अब पाँचवें पुरुष का वर्णन किया जाता है—यह पुरुष भिक्षा मात्र जीवी साधु है तथा यह राग द्वेष से रहित रूक्ष पत्ते के समान कर्म मल के लेप से रहित है, यह संसार सागर से

तीसे पुक्खरिणीए तीरे ठिच्चा पासति तंमहं एगं पउमवरपोंडरीयं जाव पडिरूवं, ते तत्थ चत्तारि पुरिसजाए पासति पहीणे तीरं अपत्ते जाव पउमवरपोंडरीयं णो हव्वाए णो पाराए अंतरा पुक्खरिणीए सेयंसि णिसन्ने, तए णं से भिक्खू एवं वयासी—अहो णं इमे पुरिसा अखेयन्ना जाव णो मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू, जं एते

छाया—स्थित्वा पश्यति तन्महदेकं पद्मवरपुण्डरीकं यावत् प्रतिरूपम्। तान् तत्र चतुरः पुरुषजातान् पश्यति प्रहीणान् तीराद् अप्राप्तान् यावत् पद्मवरपुण्डरीकम्। नोऽर्वाचे नो पाराय अन्तरा पुष्करिण्यां सेये निषण्णान्। ततः स भिक्षुरेवमवादीत् अहो! इमे पुरुषाः अखेदज्ञाः यावत् नो मार्गस्य गतिपराक्रमज्ञाः यतः एते पुरुषा

अन्वयार्थ—आकर (तीसे पुक्खरिणीए तीरे ठिच्चा) उस पुष्करिणी के तट पर स्थित होकर (तं महं एगं पउमवरपोंडरीयं जाव पडिरूवं पासति) उस उत्तम एक श्वेत कमल को, जो बड़ा ही मनोहर है देखता है (तत्थ ते चत्तारि पुरिसजाए पासति) और वह वहां उन चार पुरुषों को भी देखता है (पहीणे तीरं) जो तीर से भ्रष्ट हो चुके हैं (पउमवरपोंडरीयं अपत्ते) तथा उस उत्तम श्वेत कमल को भी नहीं पा सके हैं (णो हव्वाए णो पाराए) जो न इसी पार के हैं और न उसी पार के हैं (अन्तरा पोक्खरिणीए सेयंसि णिसन्ने) जो पुष्करिणी के मध्य में कीचड़ में फँसे हुए हैं। (तए णं से भिक्खू एवं वयासी) इसके पश्चात् उस साधु ने उन पुरुषों के विषय में इस प्रकार कहा (अहो णं इमे पुरिसा अखेयन्ना जाव णो मग्गस्स गतिपरक्कमण्णू) अहो! ये पुरुष खेदज्ञ नहीं हैं तथा जिस मार्ग से चल कर जीव अपने इष्ट देश को प्राप्त करता है उसे ये नहीं जानते हैं। (जं एते

भावार्थ—पार जाने की इच्छा करने वाला खेदज्ञ है। यह पुरुष भी पूर्व पुरुषों के समान ही किसी दिशा से उस पुष्करिणी के तट पर आया और उसके तट पर खड़ा होकर उस उत्तम श्वेत कमल को तथा उस पुष्करिणी के अगाध कीचड़ में फंस कर कष्ट पाते हुए उन चार पुरुषों को भी उसने देखा। उसने उन पुरुषों का अज्ञान प्रकट करते हुए कहा कि ये लोग कार्य शैली को नहीं जानते हैं पुष्करिणी के अगाध जल और अगाध कीचड़ में स्वयं फंस कर भला इस श्वेत कमल को कोई किस तरह निकाल

अट्टं पुण से ण जाणामो समणाउसोत्ति, समणे भगवं महावीरे ते य बहवे निग्गंथे य निग्गथीओ य आमंतेत्ता एव वयासी—हंत समणाउसो ! आइक्खामि विभावेमि किट्टेमि पवेदेमि सअट्ठं सहेउं सनिमित्त भुज्जो भुज्जो उववसेमि से बेमि ॥ (सूत्रं ७) ॥

छाया—आयुष्मन् ! अर्थं पुनरस्य न जानीम. श्रमण आयुष्मन्निति । श्रमणो भगवान् महावीर स्तान् बहून् निग्रन्थान् निग्रन्थींश्चामन्त्र्य एवमवादीत्—हन्त श्रमणा आयुष्मन्त. ! आख्यामि विभावयामि कीर्तयामि प्रवेदयामि सार्थं सहेतु सनिमित्तं भूयो भूयः उपदर्शयामि तद् ब्रवीमि ॥७॥

अन्वयार्थ—(समणाउसो ! कीट्टिए भाए से अट्ठं पुण ण जाणामो) आयुष्मन् श्रमण भगवान् महावीर स्वामिन् ! आपने जो उदाहरण बताए हैं उसका अर्थ हम नहीं जानते हैं। (समणे भगवं महावीरे) (यह सुनकर) श्रमण भगवान् महावीर स्वामी ने (तेय बहवे निग्गंथेय निग्गंथीओ आमंतित्ता एव वयासी) उन बहुत श्रमण और श्रमणियों को सम्बोधित करके इस प्रकार कहा कि—(हंत समणाउसो !) हे आयुष्मन् श्रमण और श्रमणियों ! (आइक्खामि) मैं उस अर्थ को कहता हूँ (विभावेमि) तथा पर्य्याय शब्दों के द्वारा उसे स्पष्ट करता हूँ (किट्टेमि पवेदेमि) हेतु और दृष्टान्तों से उस अर्थ को तुम्हारे चित्त में उतारता हूँ। (सअट्ठं सहेउं सनिमित्तं भुज्जो भुज्जो पवेदेमि) अर्थ, हेतु और निमित्त के साथ उस अर्थ को बार बार बताता हूँ (से बेमि) उसे अभी कहता हूँ ॥७॥

भावार्थ स्पष्ट है इसलिये उसे लिखने की आवश्यकता नहीं है।

लोयं च खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! पुक्खरिणी बुइया, कम्मं च खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! से उदए

छाया—लोकश्च खलु मया अपाहृत्य श्रमणाः आयुष्मन्त. पुष्करिणी उक्ता । कर्मच खलु मया अपाहृत्य श्रमणा. आयुष्मन्त. तस्या उदक मुक्तम् ।

अन्वयार्थ—(समणाउसो) हे आयुष्मन् श्रमणों ! (मए खलु लोग च अपाहट्टु पुक्खरिणी बुइया) मैंने अपनी इच्छा से मानकर इस लोक को पुष्करिणी कहा है (समणाउसो मए खलु अपाहट्टु कम्मभोगे च से उदए बुइए) हे आयुष्मन् श्रमणों ! मैंने अपनी इच्छा से मानकर कर्म को उस पुष्करिणी का जल कहा है। (समणा-

भावार्थ—श्री महावीर स्वामी श्रमण और श्रमणियों से कहते हैं कि—यह जो विविध प्रकार के मनुष्यों से परिपूर्ण लोक है इसको तुम एक प्रकार की

बुइए, कामभोगे य खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! से सेए बुइए, जणजाणवय च खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! ते बहवे पउमवरपोंडरीए बुइए, रायाण च खलु मए अप्पाहट्टु

छाया—कामभोगश्च खलु मया अपाहृत्य श्रमणा' आयुष्मन्त' तस्याः सेय उक्त' । जनान् जनपदांश्च खलु मया अपाहृत्य श्रमणा, आयुष्मन्तः तानि बहूनि पद्मवरपुण्डरीकानि उक्तानि । राजानश्च खलु मया

अन्वयार्थ—(समणाउसो मए खलु कामभोगे अपाहट्टु च से उयए बुइए) हे आयुष्मन् श्रमणों! मैंने अपनी इच्छा से मानकर काम भोग को उस पुष्करिणी का कीचड़ कहा है। (समणाउसो मए खलु अपाहट्टु जगजाणवयंच ते बहवे पउमवरपोंडरीए बुइए।) हे आयुष्मन् श्रमणों मैंने अपनी इच्छा से मानकर आर्य देश के मनुष्यों को तथा देशों को पुष्करिणी के बहुत से कमल कहे हैं। (समणाउसो मए खलु अपाहट्टु रायाणं च से एगे महं पउमवरपोंडरीए बुइए) हे आयुष्मन् श्रमणों ! मैंने अपनी इच्छा से मानकर राजा को उस पुष्करिणी का एक महान् उत्तम श्वेत कमल

भावार्थ—पुष्करिणी समझो। जैसे पुष्करिणी अनेक प्रकार के कमलों का आधार होती है इसी तरह यह मनुष्य लोक भी नाना प्रकार के मनुष्यों का आधार है अत इस तुल्यता को लेकर मनुष्य लोक को मैंने पुष्करिणी का रूपक दिया है। जैसे पुष्करिणी में जल के कारण कमलों की उत्पत्ति होती है इसी तरह आठ प्रकार के कर्मों के कारण मनुष्य लोक में मनुष्यों की उत्पत्ति होती है अत जल से कमल की उत्पत्ति के समान कर्मों से मनुष्य की उत्पत्ति होने के कारण मैंने आठ प्रकार के कर्मों को लोकरूपी पुष्करिणी का जल कहा है। तथा पुष्करिणी के महान् कीचड़ में फंसा हुआ पुरुष जैसे अपना उद्धार करने में समर्थ नहीं होता है इसी तरह विषय भोग में निमग्न प्राणी अपना उद्धार करने में समर्थ नहीं होते हैं अत विषय भोग को कीचड़ के समान फंसाने वाला समझ कर मैंने विषयभोग को मनुष्य लोक रूपी पुष्करिणी का कीचड़ कहा है। जैसे पुष्करिणी में नाना प्रकार के कमल होवे हैं इसी तरह इस मनुष्य लोक में नाना प्रकार के मनुष्य निवास करते हैं अत मैंने मनुष्य लोक में निवास करने वाले मनुष्यों को मनुष्यलोकरूपी पुष्करिणी के बहुत से कमल कहे हैं। जैसे पुष्करिणी के समस्त कमलों में प्रधान एक उत्तम

समणाउसो ! से एगे मह पउमवरपोंडरीए वुइए, अन्नउत्थिया य खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! ते चत्तारि पुरिसजाया वुइया, धम्म च खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! से भिक्खू वुइए, धम्मतित्थ च खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! से तीरे वुइए,

छाया—अपाहृत्य श्रमणाः आयुष्मन्तः तस्याः एकं महत् पद्मवरपुण्डरीकमुक्तम् । अन्ययूथिकाश्च खलु मया अपाहृत्य श्रमणा आयुष्मन्तः ते चत्वारः पुरुषाः उक्ताः । धर्मश्च खलु मया अपाहृत्य श्रमणाः आयुष्मन्तः स भिक्षुरुक्तः । धर्मतीर्थश्च खलु मया अपाहृत्य श्रमणा

अन्वयार्थ—कहा है। (समणाउसो ! मए खलु अपाहट्टु अन्नउत्थिया य ते चत्तारि पुरिसजाया वुइया) हे आयुष्मन् श्रमणों ! मैंने अपनी इच्छा से मानकर अन्ययूथिकों को उस पुष्करिणी के कीचड़ में फँसे हुए ये चार पुरुष कहे हैं। (समणाउसो मए खलु अपाहट्टु धम्म च से भिक्खू वुइए) हे आयुष्मन् श्रमणों मैंने अपनी इच्छा से मानकर धर्म को वह भिक्षु कहा है। (समणाउसो मए खलु अपाहट्टु धम्मतित्थच से तीरे वुइए) हे आयुष्मन् श्रमणों ! मैंने अपनी इच्छा से मानकर धर्म तीर्थ को

भावार्थ—और सबसे बड़ा श्वेत कमल है। इसी तरह मनुष्य लोक के सब मनुष्यों से श्रेष्ठ और सबका शासक एक राजा होता है, उस राजा को मैंने मनुष्य लोक रूपी पुष्करिणी का सबसे बड़ा कमल कहा है। जैसे कोई निर्विवेकी मनुष्य उस पुष्करिणी के उस प्रधान श्वेत कमल को निकालने के लिये पुष्करिणी में प्रवेश करके उसके महान् कीचड़ में फस कर अपने को तथा उस कमल को बाहर निकालने के लिये समर्थ नहीं होता है इसी तरह जो मनुष्य, मनुष्य लोक रूपी पुष्करिणी के विषय भोग रूपी कीचड़ में फंसा हुआ है वह अपने को तथा मनुष्यों में प्रधान राजा आदि को ससार से उद्धार करने में समर्थ नहीं होता है, इस तुल्यता को ले कर मैंने विषयभोग में प्रवृत्त अन्यतीर्थियों को ये, चार पुरुष कहे हैं, जो उत्तम श्वेत कमल को पुष्करिणी से बाहर निकालने के लिये चार दिशाओं से आये थे परन्तु वे चारों ही पुष्करिणी के महान् कीचड़ में स्वयं फंस कर अपने को भी उद्धार करने में समर्थ नहीं हुए। जैसे कोई विद्वान् पुरुष पुष्करिणी के अन्दर न आकर उसके तट पर ही खड़ा रह कर केवल शब्द के द्वारा उस श्वेत कमल को बाहर निकाल ले इसी

धम्मकहं च खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! से सद्दे बुइए, निव्वाणं च खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! से उप्पाए बुइए, एवमेयं च खलु मए अप्पाहट्टु समणाउसो ! से एवमेयं बुइयं॥ (सूत्र ८) ॥

छाया—आयुष्मन्तः तत्तीरं मुक्तम् । धर्मकथाश्च खलु मया अपाहृत्य श्रमणा आयुष्मन्त स शब्द उक्तः । निर्वाणञ्च खलु मया अपाहृत्य श्रमणाः आयुष्मन्त स उत्पात, उक्तः । एवमेतत् खलु मया अपाहृत्य श्रमणा॰ आयुष्मन्तः सर्वेतदुक्तम् ॥८॥

अन्वयार्थ—उस पुष्करिणी का तट कहा है । (समणाउसो मए खलु अपाहट्टु धम्मकहं से सद्दे बुइए) हे आयुष्मन् श्रमणों ! मैंने अपनी इच्छा से मानकर धर्म कथा को वह शब्द कहा है । (समणाउसो मए खलु अपाहट्टु निव्वाणं च से उप्पाए बुइए) हे आयुष्मन् श्रमणों ! मैंने अपनी इच्छा से मानकर मोक्ष को उस कमल का बाहर आना कहा है । (समणाउसो मए खलु अपाहट्टु एव मेयं च से एवमेयं बुइयं) हे आयुष्मन्त श्रमणो ! मैंने अपनी इच्छा से मानकर पूर्वोक्त इन सब पदार्थों को पूर्वोक्त पदार्थों के रूप में कहा है ॥८॥

भावार्थ—तरह राग द्वेष रहित धार्मिक पुरुष विषय भोग को त्याग कर धर्मोपदेश के द्वारा राजा महाराजा आदि को संसार सागर से पार कर देता है इसलिये मैंने राग द्वेष रहित उत्तम साधु को अथवा उत्तम धर्म को भिक्षु कहा है । जैसे वह विद्वान् पुरुष उस पुष्करिणी के तट पर स्थित रहता है इसी तरह उत्तम धर्म या उत्तम साधु धर्म तीर्थमें स्थित रहते हैं । इसलिए मैंने धर्म तीर्थ को मनुष्य लोक रूपी पुष्करिणी का तट कहा है । जैसे विद्वान् पुरुष श्वेत कमल को केवल शब्द के द्वारा बाहर निकाल ले इसी तरह उत्तम साधु धर्मोपदेश के द्वारा राजा महाराजा आदि को संसार से उद्धार कर देते हैं इसलिये धर्मोपदेश को मैंने उस भिक्षु का शब्द कहा है । जैसे जल और कीचड़ को त्याग कर कमल बाहर आता है इसी तरह उत्तम पुरुष अपने आठ प्रकार के कर्म तथा विषय भोगों को त्याग कर निर्वाण पद को प्राप्त करते हैं अत निर्वाण पद की प्राप्ति को मैंने कमल का पुष्करिणी से बाहर आना कहा है ॥८॥

इह खलु पाईणं वा पडीणं वा उदीणं वा दाहिणं वा संतेगतिया मणुस्सा भवंति अणुपुव्वेणं लोगं उववन्ना, तजहा—आरिया वेगे अणारिया वेगे उच्चागोत्ता वेगे णीयागोया वेगे कायमंता वेगे रहस्समता वेगे सुवन्ना वेगे दुव्वन्ना वेगे सुरूवा वेगे दुरूवा वेगे तेसिं

छाया—इह खलु प्राच्यां वा प्रतीच्यां वा उदीच्यां वा दक्षिणस्यां वा एकतये मनुष्याः भवन्ति आनुपूर्व्या लोकमुपपन्नाः, तद्यथा आर्य्या एके अनार्य्या एके, उच्चगोत्राः एके नीचगोत्राः एके, कायवन्तः एके, ह्रस्ववन्तः एके, सुवर्णाः एके दुर्वर्णाः एके, सुरूपाः एके दुरूपाः

अन्वयार्थ—(इह खलु पाइणं वा पडीणं वा उदीणं वा दाहिणं वा अणुपुव्वेण लोगं उववन्ना एगतिया मणुस्सा भवंति) इस मनुष्य लोक में पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण दिशाओं में उत्पन्न कोई मनुष्य होते हैं (त जहा—वेगे आरिया) उन में से कोई आर्य्य (वेगे अणारिया) कोई अनार्य्य (वेगे उच्चागोत्ता) कोई उच्च गोत्र में उत्पन्न (वेगे णीयागोया) कोई नीच गोत्र में उत्पन्न (वेगे कायमंता वेगे रहस्समता) कोई लम्बे और कोई छोटे (वेगे सुवन्ना वेगे दुव्वन्ना) कोई सुन्दर वर्णवाले, कोई बुरे वर्णवाले (वेगे सुरूवा वेगे दुरूवा) कोई सुन्दर रूपवाले

भावार्थ—श्री भगवान् महावीर स्वामी कहते हैं कि—इस मनुष्य लोक के पूर्व आदि दिशाओं मे नाना प्रकार के मनुष्य निवास करते हैं वे एक प्रकार के नहीं होते। कोई पुरुष आर्य्यधर्म के अनुयायी होते हैं और कोई अनार्य्य होते हैं। जो धर्म सब प्रकार के बुरे धर्मों से रहित है उसे आर्य्य धर्म कहते हैं और जो इससे विपरीत है उसे अनार्य्य धर्म कहते हैं। इस भारत वर्ष के साढ़े पचीस जनपद में उत्पन्न पुरुष आर्य्य धर्म के अनुयायी होते हैं और इससे बाहर निवास करने वाले मनुष्य अनार्य्य होते हैं। इन आर्य पुरुषों में कोई इक्ष्वाकु आदि उच्च गोत्र में उत्पन्न और कोई नीच गोत्र में उत्पन्न होते हैं। कोई लम्बे होते हैं और कोई वामन, कुबड़े, आदि होते हैं। किसी का शरीर सोने की तरह सुन्दर होता है और किसी का काला तथा रूक्ष होता है। कोई सुन्दर अंगोपाङ्ग से युक्त मनोहर होता है और कोई कुरूप होता है। इन पुरुषों में जो उच्च गोत्र वाले तथा उत्तम शरीर आदि गुणों से युक्त होते हैं उनमें कोई पुरुष अपने विलक्षण कर्म के उदय से मनुष्यों

च णं मणुयाणं एगे राया भवइ, महयाहिमवंतमलयमंदरमहिंदसारे अच्चंतविसुद्धरायकुलवंसप्पसूते निरंतररायलक्खणविराइयंगमंगे बहुजणबहुमाणपूइए सव्वगुणसमिद्धे खत्तिए मुदिए मुद्धाभिसित्ते माउपिउसुजाए दयप्पिए सीमंकरे सीमंधरे खेमंकरे खेमंधरे मणु-

छाया—एके । तेषाञ्च मनुजानाम् एको राजा भवति महाहिमवन्मलयमन्दरमहेन्द्रसारः, अत्यन्तविशुद्धराजकुलवंशप्रसूतः, निरन्तरराजलक्षणविराजिताङ्गाङ्गः, बहुजनबहुमानपूजितः, सर्वगुणसमृद्धः क्षत्रियः, मुदितः, मूर्धाभिषिक्तः, मातृपितृसुजातः, दयाप्रियः,

अन्वयार्थ—कोई बुरे रूपवाले होते हैं (तेसिं च णं मणुयाणं एगे राया भवइ) उन मनुष्यों में कोई एक राजा होता है । (महयाहिमवंतमलयमंदरमहिंदसारे) वह हिमवान् मलय, मन्दर और महेन्द्र पर्वत के समान शक्तिमान् अथवा धनवान् होता है । (अच्चंतविसुद्धरायकुलवंसप्पसूते) वह अत्यन्त शुद्ध राजकुल के वंश में उत्पन्न होता है । (निरंतररायलक्खणविराइयंगमंगे) उसके अङ्ग और प्रत्यङ्ग राजलक्षणों से सुशोभित होते हैं । (बहुजणबहुमाणपूइए) उसकी बहुत जनों के द्वारा बहुमान के साथ पूजा की जाती है । (सव्वगुणसमिद्धे) वह समस्त गुणों से परिपूर्ण होता है (खत्तिए) वह क्षत्रिय यानी भाग्य को प्राप्त होते हुए प्राणियोंका का रक्षक होता है (मुदिए) वह सदा प्रसन्न रहता है (मुद्धाभिसित्ते) वह राज्याभिषेक किया हुआ होता है (माउपिउसुजाए) वह माता और पिता का सुपुत्र होता है (दयप्पिए) वह दयालु होता है (सीमंकरे सीमंधरे) वह प्रजाओं की सुव्यवस्था के लिए मर्य्यादा स्थापित करने वाला और स्वयं उस मर्य्यादा को पालन करने वाला होता है । (खेमंकरे खेमंधरे) वह प्रजाओं का कल्याण करने वाला और

भावार्थ—का राजा होता है । उसके गुण इस प्रकार जानने चाहिये— वह राजा, हिमवान्, मलय, मन्दराचल तथा महेन्द्र पर्वत के समान बलवान् अथवा धनवान् होता है । वह स्वराष्ट्र तथा परराष्ट्र के भय से रहित होता है । एवं वह उववाई सूत्र में कहे हुए राजा के समस्त गुणों से सुशोभित होता है । उस राजा की एक परिषद् होती है उसमें आगे कहे जाने वाले लोग सभासद् होते हैं । उग्र जाति वाले तथा उनके पुत्र एवं भोग जाति वाले और उनके पुत्र, तथा सेनापति और उनके पुत्र, सेठ, साहुकार, राजमन्त्री तथा उनके पुत्र आदि उसके परिषद् के सभासद् होते हैं ।

मारिभयविप्पमुक्कं रायवन्नओ जहा उववाइए जाव पसंतडिंबडमर रज्जं पसाहेमाणे विहरति। तस्स णं रन्नो परिसा भवइ—उग्गा उग्गपुत्ता भोगा भोगपुत्ता इक्खागाइ इक्खागाइपुत्ता नाया नायपुत्ता कोरव्वा कोरव्वपुत्ता भट्टा भट्टपुत्ता माहणा माहणपुत्ता लेच्छइ

छाया—मारीभयप्रमुक्तं, राजवर्णकः यथा औपपातिके यावत् प्रशान्त डिम्बडम्बरं राज्यं प्रसाधयन् विहरति। तस्य राज्ञः परिषद् भवति उग्राः, उग्रपुत्राः, भोगाः, भोगपुत्राः, इक्ष्वाकवः, इक्ष्वाकुपुत्राः, ज्ञाताः, ज्ञातपुत्राः, कौरव्याः, कौरव्यपुत्राः, भट्टाः, भट्टपुत्राः, ब्राह्मणाः,

अन्वयार्थ—भय रहित है। (ववगयदुभिक्खमारिभयविप्पमुक्कं) उसका राज्य दुर्भिक्ष और महामारी के भय से रहित है। (रायवण्णओ जहा उववाइए) इस प्रकार उसके राज्य का वर्णन करना चाहिये जैसा औपपातिक सूत्र में किया है (पसंतडिंबडंबरं रज्जं) जिसमें स्वचक्र और परचक्र का भय नहीं है ऐसे राज्य का (पसाहेमाणे विहरति) पालन करता हुआ वह राजा विचरता है। (तस्स रन्नो परिसा भवइ) उस राजा की परिषद् यानी सभा होती है (उग्गा उग्गपुत्ता) उस सभा के सभासद् उग्र कुल में उत्पन्न उग्र तथा उनके पुत्र (भोगा भोगपुत्ता) भोगकुल में उत्पन्न तथा भोगपुत्र, (इक्खागाइ इक्खागाइपुत्ता) ईक्ष्वाकु कुल में उत्पन्न तथा इक्ष्वाकुपुत्र (नाया नायपुत्ता) ज्ञातकुल में उत्पन्न तथा ज्ञातपुत्र (कोरव्वा कोरव्वपुत्ता) कुरुकुल में उत्पन्न तथा कुरुपुत्र (भट्टा भट्टपुत्ता) सुभटकुल में उत्पन्न तथा सुभट पुत्र, (माहणा माहणपुत्ता) ब्राह्मण कुल में उत्पन्न तथा ब्राह्मण पुत्र (लेच्छइ लेच्छइपुत्ता) लेच्छ नामक क्षत्रिय कुल में उत्पन्न तथा उसके पुत्र (पसत्थारो

भावार्थ—नामक पदार्थ को शरीर छोड़ कर अलग जाता हुआ कोई नहीं देखता है श्मशान में तो केवल जली हुई उस शरीर की हड्डियाँ रह जाती हैं उनके सिवाय कोई दूसरा विकार भी वहाँ नहीं देखा जाता जिसको जीव का विकार कहा जाय। अतः आत्मा शरीर स्वरूप ही है शरीर से अतिरिक्त नहीं है यही ज्ञान यथार्थ और सब प्रमाणों में श्रेष्ठ प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध है जो लोग शरीर को दूसरा और आत्मा को दूसरा बताते हैं वे वस्तु तत्त्व को नहीं जानते हैं। जो वस्तु जगत् में होती है वह किसी वस्तु से बड़ी और किसी से छोटी अवश्य होती है तथा उसकी अवयव रचना भी किसी प्रकार की होती ही है एवं वह काली नीली पीली

लेच्छइपुत्ता पसत्थारो पसत्थपुत्ता सेणावई सेणावइपुत्ता। तेसिं च णं एगतीए सड्ढी भवइ कामं तं समणा वा माहणा वा संपहारिंसु गमणाए, तत्थ अन्नतरेणं धम्मेणं पन्नत्तारो, वयं इमेणं धम्मेणं पन्नवइस्सामो से एवमायाणह भयंतारो जहा मए एस

छाया—ब्राह्मणपुत्रा', लेच्छिकाः, लेच्छिपुत्रा', प्रशास्तारः, प्रशास्तृपुत्राः, सेनापतयः सेनापतिपुत्राः, । तेषाञ्च एकतमः, श्रद्धावान् भवति कामं त श्रमणा' वा ब्राह्मणाः वा सम्प्रधार्षुः गमनाय, तत्र अन्यतरेण धर्मेण प्रज्ञापयितार, वयम् अनेन धर्मेण प्रज्ञापयिष्याम', तत् एव जानीहि भयत्रातः, यथा मया एष धर्म' स्वाख्यातः प्रज्ञप्तो भवति,

अन्वयार्थ—पसत्थपुत्ता) मन्त्री तथा मन्त्री के पुत्र (सेणावइ सेणावइपुत्ता) सेनापति और सेनापति के पुत्र होते हैं। (तेसिं च णं एगतीए सड्ढी भवइ) इनमें कोई धर्म में श्रद्धा रखने वाला होता है। (तं समणा वा माहणा वा गमणाए संपहारिंसु) उस धर्मश्रद्धालु पुरुष के पास श्रमण या ब्राह्मण जाने का निश्चय करते हैं। (अन्नतरेणं धम्मेणं पन्नत्तारो) किसी एक धर्म की शिक्षा देने वाले वे श्रमण और ब्राह्मण यह निश्चय करते हैं कि (वयं इमेणं धम्मेणं पन्नवइस्सामो) हम इस धर्म

भावार्थ—या सफेद आदि ही होती है तथा उसमें सुगन्ध दुर्गन्ध, और मृदु या कठिन स्पर्श तथा मधुरादि रसों में कोई एक रस अवश्य रहता है परन्तु इनसे रहित कोई भी वस्तु नहीं होती। अत आत्मा शरीर से भिन्न यदि होता तो वह अवश्य शरीर से बड़ा या छोटा होता तथा उसकी अवयव रचना भी किसी प्रकार की अवश्य होती एवं उसमें कृष्णादि वर्णों में से कोई वर्ण तथा मधुरादि रसों में से कोई रस और गन्ध तथा स्पर्श भी अवश्य होवे परन्तु ये सब आत्मा में पाये नहीं जाते हैं अत शरीर से भिन्न आत्मा के सद्भाव में कोई प्रमाण नहीं है। जो वस्तु जिससे भिन्न होती है वह उससे अलग कर के दिखायी भी जा सकती है जैसे तलवार म्यान से भिन्न है इसलिए वह म्यान से बाहर निकाल कर दिखायी जाती है तथा मुञ्ज से सलाई, हथेली से आँवला, मांस से हड्डी, तिल से तेल, ईख से रस, अरणि से अग्नि बाहर निकाल कर दिखाये जाते हैं क्योंकि भिन्न-भिन्न वस्तुओं को अलग अलग करके दिखलाना शक्य है परन्तु जो वस्तु जिससे भिन्न

मारिभयविप्पमुक्कं रायवन्नओ जहा उववाइए जाव पसतडिंबडमरं रज्जं पसाहेमाणे विहरति। तस्स णं रन्नो परिसा भवइ–उग्गा उग्गपुत्ता भोगा भोगपुत्ता इक्खागाइ इक्खागाइपुत्ता नाया नायपुत्ता कोरव्वा कोरव्वपुत्ता भट्टा भट्टपुत्ता माहणा माहणपुत्ता लेच्छइ

छाया—मारीभयप्रमुक्तं, राजवर्णकः यथा औपपातिके यावत् प्रशान्त डिम्बडम्बर राज्यं प्रसाधयन् विहरति। तस्य राज्ञः परिषद् भवति उग्रा., उग्रपुत्रा., भोगाः, भोगपुत्राः, इक्ष्वाकवः, इक्ष्वाकुपुत्राः, ज्ञाताः, ज्ञातपुत्रा., कौरव्याः, कौरव्यपुत्राः, भट्टा, भट्टपुत्राः, ब्राह्मणाः,

अन्वयार्थ—भय रहित है। (ववगयदुभिक्खमारिभय विप्पमुक्कं) उसका राज्य दुर्भिक्ष और महामारी के भय से रहित है। (रायवण्णओ जहा उववाइए) इस प्रकार उसके राज्य का वर्णन करना चाहिये जैसा औपपातिक सूत्र में किया है (पसतडिंबडमरं रज्जं) जिसमें स्वचक्र और परचक्र का भय नहीं है ऐसे राज्य का (पसाहेमाणे विहरति) पालन करता हुआ वह राजा विचरता है। (तस्स रन्नो परिसा भवइ) उस राजा की परिषद् यानी सभा होती है (उग्गा उग्गपुत्ता) उस सभा के सभासद् उग्र कुल में उत्पन्न उग्र तथा उनके पुत्र (भोगा भोगपुत्ता) भोगकुल में उत्पन्न तथा भोगपुत्र, (इक्खागाइ इक्खागाइपुत्ता) इक्ष्वाकु कुल में उत्पन्न तथा इक्ष्वाकुपुत्र (नाया नायपुत्ता) ज्ञातकुल में उत्पन्न तथा ज्ञातपुत्र (कोरव्वा कोरव्वपुत्ता) कुरुकुल में उत्पन्न तथा कुरुपुत्र (भट्टा भट्टपुत्ता) सुभटकुल में उत्पन्न तथा सुभटपुत्र, (माहणा माहणपुत्ता) ब्राह्मण कुल में उत्पन्न तथा ब्राह्मण पुत्र (लेच्छइ लेच्छइपुत्ता) लेच्छ नामक क्षत्रिय कुल में उत्पन्न तथा उसके पुत्र (पसत्थारो

भावार्थ—नामक पदार्थ को शरीर छोड़ कर अलग जाता हुआ कोई नहीं देखता है श्मशान में तो केवल जली हुई उस शरीर की हड्डियाँ रह जाती हैं उनके सिवाय कोई दूसरा विकार भी वहाँ नहीं देखा जाता जिसको जीव का विकार कहा जाय। अतः आत्मा शरीर स्वरूप ही है शरीर से अतिरिक्त नहीं है यही ज्ञान यथार्थ और सब प्रमाणों में श्रेष्ट प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध है जो लोग शरीर को दूसरा और आत्मा को दूसरा बताते हैं वे वस्तु सत्व को नहीं जानते हैं। जो वस्तु जगत् में होती है वह किसी वस्तु से बड़ी और किसी से छोटी अवश्य होती है तथा उसकी अवयव रचना भी किसी प्रकार की होती ही है एवं वह काली नीली पीली

लेच्छइपुत्ता पसत्थारो पसत्थपुत्ता सेणावई सेणावइपुत्ता । तेसिं च णं एगतीए सड्ढी भवइ कामं, तं समणा वा माहणा वा सपहारिंसु गमणाए, तत्थ अन्नतरेणं धम्मेणं पन्नत्तारो वयं इमेणं धम्मेणं पन्नवइस्सामो से एवमायाणह भयंतारो जहा मए एस

छाया—ब्राह्मणपुत्राः, लेच्छिक्याः, लेच्छिपुत्राः, प्रशास्तारः, प्रशास्तृपुत्राः, सेनापतयः सेनापतिपुत्राः, । तेषाञ्च एकतमः, श्रद्धावान् भवति कामं तं श्रमणाः वा ब्राह्मणाः वा सम्प्रधार्षुः गमनाय, तत्र अन्यतरेण धर्मेण प्रज्ञापयितारः, वयम् अनेन धर्मेण प्रज्ञापयिष्यामः, तत् एव जानीहि भयत्रातः, यथा मया एष धर्मः स्वाख्यातः प्रज्ञप्तो भवति,

अन्वयार्थ—पसत्थपुत्ता) मन्त्री तथा मन्त्री के पुत्र (सेणावइ सेणावइपुत्ता) सेनापति और सेनापति के पुत्र होते हैं। (तेसिं च णं एगतीए सड्ढी भवइ) इनमें कोई धर्म में श्रद्धा रखने वाला होता है। (तं समणा वा माहणा वा गमणाए संपहारिंसु) उस धर्मश्रद्धालु पुरुष के पास श्रमण या माहण जाने का निश्चय करते हैं। (अन्नतरेणं धम्मेणं पन्नत्तारो) किसी एक धर्म की शिक्षा देने वाले वे श्रमण और माहण यह निश्चय करते हैं कि (वयं इमेणं धम्मेणं पन्नवइस्सामो) हम इस धर्म

भावार्थ—या सफेद आदि ही होती है तथा उसमें सुगन्ध दुर्गन्ध, और मृदु या कठिन स्पर्श तथा मधुरादि रसों में कोई एक रस अवश्य रहता है परन्तु इनसे रहित कोई भी वस्तु नहीं होती। अतः आत्मा शरीर से भिन्न यदि होता तो वह अवश्य शरीर से बड़ा या छोटा होता तथा उसकी अवयव रचना भी किसी प्रकार की अवश्य होती एवं उसमें कृष्णादि वर्णों में से कोई वर्ण तथा मधुरादि रसों में से कोई रस और गन्ध तथा स्पर्श भी अवश्य होवे परन्तु ये सब आत्मा में पाये नहीं जाते हैं अतः शरीर से भिन्न आत्मा के सद्भाव में कोई प्रमाण नहीं है। जो वस्तु जिससे भिन्न होती है वह उससे अलग कर के दिखायी भी जा सकती है जैसे तलवार म्यान से भिन्न है इसलिए वह म्यान से बाहर निकाल कर दिखायी जाती है तथा मुख से सलाई, हथेली से आँवला, मांस से हड्डी, तिल से तेल, ईख से रस, अरणि से अग्नि बाहर निकाल कर दिखाये जाते हैं क्योंकि भिन्न-भिन्न वस्तुओं को अलग अलग करके दिखलाना शक्य है परन्तु जो वस्तु जिससे भिन्न

धम्मे सुयक्खाए सुपन्नत्ते भवइ, तजहा-उड्ढ पादतला अहे केसग्गमत्थया तिरियं तयपरियते जीवे एस आयापज्जवे कसिणे एस जीवे जीवति एस मए णो जीवइ, सरीरे धरमाणे धरइ विणट्ठंमि य णो धरइ, एयंत जीविय भवति, आदहणाए परेहिं

छाया—तद्यथा—उर्ध्वं पादतलाद् अधः केशाग्रमस्तकात् तिर्य्यक् त्वक् पर्य्यन्तो जीवः एषः आत्मपर्य्यव' कृत्स्नः। अस्मिन् जीवति जीवति, एष मृतः नो जीवति, शरीरे धरति धरति विनष्टे च नो धरति। एतदन्त जीवित भवति। आदहनाय परैर्नीयते, अग्निध्मापिते शरीरे

अन्वयार्थ—श्रद्धालु पुरुष को अपने इस धर्म की शिक्षा देंगे। (भयंतारो मए जहा एस सुयक्खाए धम्मे सुपन्नत्ते भवइ से एव मायाणह) वे उस धर्मश्रद्धालु के निकट जाकर कहते हैं कि—हे भय से प्रजाओं की रक्षा करने वाले महाराज ? मैं जो इस उत्तम धर्म की शिक्षा आपको देता हूँ इसे आप इसी तरह समझें (त जहा-) वह धर्म यह है— (उड्ढं पादतला अहे केसग्गमत्थया तिरियं तयपरियंते जीवे) पादतल से ऊपर और मस्तक के केशाग्र से नीचे एवं तिरछा चमड़े तक जो शरीर है वही जीव है (एस कसिणे आया पज्जवे) यह पूर्वोक्त शरीर ही जीव का समस्त पर्याय यानी अवस्था विशेष है। (एस जीवे जीवति एस मए णो जीवइ) क्योंकि इस शरीर के जीवित रहने पर यह जीव जीता रहता है और शरीर के मर जाने पर यह नहीं जीता है। (सरीरे धरमाणे धरति विणट्ठंमि य णो धरइ एयन्त जीवियं भवति) शरीर के स्थित रहने पर यह जीव स्थित रहता है और शरीर के नष्ट होने पर यह नष्ट होजाता है इसलिए जबतक शरीर है तभी तक जीवन भी है। (आदहणाए परेहिं निज्जइ) शरीर जब मर जाता है तब उसे जलाने के लिए दूसरे लोग ले

भावार्थ—नहीं किन्तु तत्स्वरूप ही है उससे अलग करके उसको दिखलाना शक्य नही है यही कारण है कि शरीर से जुदा कर के आत्मा को कोई नहीं दिखा सकता क्योंकि यह शरीर स्वरूप ही है उससे भिन्न नहीं है। यदि वह शरीर से भिन्न होता तो म्यान से तलवार, मुंज से सलाई, हथेली से आँवला, दही से घृत, ईख से रस, तिल से तेल और अरणि से आग की तरह शरीर से बाहर निकाल कर अवश्य दिखाया जा सकता था परन्तु वह शरीर से जुदा दिखाने योग्य नहीं है अत' वह शरीर से भिन्न नहीं है यह सिद्धान्त ही युक्ति युक्त समझना चाहिये।

निज्जइ, अगणिझामिए सरीरे कवोतवण्णाणि अट्ठीणि भवति, आसदीपचमा पुरिसा गाम पच्चागच्छति, एव असते असविज्जमाणे जेसिं त असते असंविज्जमाणे तेसिं त सुयक्खाय भवति—अन्नो भवति जीवो अन्न सरीर, तम्हा, ते एव नो विपडिवेदेंति-अय-

छाया—कपोतवर्णान्यस्थीनि भवन्ति, आसन्दीपञ्चमाः पुरुषाः ग्रामं प्रत्यागच्छन्ति । एवम् असन् असंवेद्यमानः येषां स असन् असंवेद्यमानः तेषां तत् स्वाख्यात भवति । अन्यो भवति जीव अन्यत् शरीरम्, तस्मात् ते एव नो विप्रतिवेदयन्ति अयमायुष्मन् ! आत्मा

अन्वयार्थ—जाते हैं । (सरीरे अगणिझामिए अट्ठीणि कवोतवण्णाणि भवंति) अग्नि के द्वारा शरीर को जला देने पर हड्डियाँ कपोतवर्ण वाली होजाती हैं (आसदीपंचमा पुरिसा गामं पच्चागच्छंति) इसके पश्चात् मृत व्यक्ति को श्मशान भूमि में पहुँचाने वाले जघन्य चार पुरुष मृत शरीर को ढोनेवाली मञ्चिका को लेकर अपने ग्राम में लौट आते हैं । (एव असंते असंविज्जमाणे) इस प्रकार की हालत देखने से स्पष्ट जाना जाता है कि शरीर से भिन्न कोई जीवनामक पदार्थ नहीं है क्योंकि वह शरीर से भिन्न प्रतीत नहीं होता है (जेसिं त असंते असंविज्जमाणे तेसिं त सुयक्खाय भवइ) अत जो लोग शरीर से भिन्न जीव को नहीं मानते हैं उनका यह पूर्वोक्त सिद्धान्त ही युक्तियुक्त समझना चाहिए । (अन्नो जीवो भवति अन्नं सरीरं) परन्तु जो लोग कहते हैं कि—जीव दूसरा है और शरीर दूसरा है (ते एव नो विपडिवेदेंति)

भावार्थ—इस प्रकार शरीर से भिन्न आत्मा को न मान कर शरीर के साथ ही आत्मा का नाश स्वीकार करने वाले नास्तिकगण शुभ क्रिया अशुभ क्रिया, पुण्य, पाप, स्वर्ग, नरक, मोक्ष एव पुण्य-पाप के फल, सुख दुःख को नहीं मानते हैं । वे कहते हैं कि जब तक यह शरीर है तभी तक यह जीव भी है इसलिये खूब मौज मजा करना चाहिये तथा नरक आदि से डरना मूर्खता है । जिस किसी प्रकार भी विषय भोग को प्राप्त करना ही बुद्धिमान का कर्त्तव्य है यही नास्तिकों का सिद्धान्त है । वस्तुत यह सिद्धान्त ठीक नहीं है क्योंकि प्रत्येक प्राणी अपने अपने ज्ञान का अनुभव करते हैं । पशु पक्षी आदि भी पहले समझ लेते हैं कि यह वस्तु ऐसी है, उसके पश्चात् वे प्रवृत्ति करते हैं अत सभी चेतन प्राणी अपने अपने ज्ञान का अनुभव करते हैं इसमें किसी का भी मतभेद नहीं

माउसो ! आया दीहेति वा हस्सेति वा परिमंडलेति वा वट्टेति वा तसेति वा चउरंसेति वा आयतेति वा छलंसिएति वा अट्ठ-सेति वा किण्हेति वा णीलेति वा लोहियहालिद्दे सुक्किल्लेति वा सुब्भिगंधेति वा दुब्भिगंधेति वा तित्तेति वा कडुएति वा कसा-एति वा अंबिलेति वा महुरेति वा कक्खडेति वा मउएति वा

छाया—दीर्घ इति वा, ह्रस्व इति वा, परिमण्डल इति वा, वर्तुल इति वा, त्र्यस्र इति वा, चतुरस्र इति वा, आयत इति वा, षडंश इति वा, अष्टांश इति वा, कृष्ण इति वा, नील इति वा, लोहित इति वा, शुक्ल इतिवा, सुरभिगन्ध इतिवा, दुर्गन्ध इतिवा, तिक्त इतिवा, कटुक इतिवा, कषाय इति वा, आम्ल इति वा, मधुर इतिवा, कर्कश इतिवा, मृदु

अन्वयार्थ—वे इस प्रकार नहीं बता सकते हैं कि—(माउसो अय आया दीहेतिवा हस्सेतिवा) "यह आत्मा लम्बा है अथवा छोटा है (परिमंडलेतिवा वट्टेतिवा) यह चन्द्रमा के समान मण्डलाकार है अथवा गेंद की तरह गोल है (तंसेतिवा चउरसेतिवा) यह त्रिकोण है अथवा चतुष्कोण है। (आयतेतिवा छलंसिएतिवा अट्ठंसेतिवा) वह चौका है या छः कोण वाला अथवा आठ कोण वाला है (किण्हेतिवा णीलेतिवा) वह काला है या नील है (लोहियहालिद्दे सुक्किल्लेतिवा) वह लाल है या हल्दी के रङ्ग का है अथवा वह सफेद है। (सुब्भिगंधेतिवा दुब्भिगंधेतिवा) वह सुगन्ध है अथवा दुर्गन्ध है (तित्तेतिवा कडुएतिवा) वह तिक्त है या कडुआ है (कसाए तिवा अंबिलेतिवा महुरेतिवा) वह कसैला है खट्टा है अथवा मीठा है। (कक्खडे तिवा मउएतिवा) वह कर्कश है अथवा मृदु है (गुरुएतिवा लहुएतिवा) वह

भावार्थ—है। इस प्रकार प्रत्येक प्राणियों के द्वारा अनुभव किया जाने वाला यह ज्ञान, गुण है और अमूर्त है उस अमूर्त ज्ञान गुण का आश्रय कोई गुणी अवश्य होना चाहिये क्योंकि गुणी के बिना गुण का रहना संभव नहीं है। यद्यपि ज्ञान रूप गुण का आश्रय शरीर है यह नास्तिक गण बतलाते हैं तथापि उनकी यह मान्यता ठीक नहीं है क्योंकि शरीर मूर्त है और ज्ञान अमूर्त है, मूर्त का गुण मूर्त ही होता है अमूर्त नहीं होता है इस लिये अमूर्त ज्ञान, मूर्त शरीर का गुण नहीं हो सकता है। अतः अमूर्त ज्ञान रूप गुण का आश्रय अमूर्त आत्मा को माने बिना काम नहीं चल

गुरुएति वा लहुएति वा सिएति वा उसिणेति वा निद्धेति वा लुक्खेति वा, एव असते असविज्जमाणे जेसिं त सुयक्खाय भवति–अन्नो जीवो अन्न सरीर, तम्हा ते णो एव उवलब्भति से जहाणामए केइ पुरिसे कोसीओ असिं अभिनिव्वट्टित्ताण उवदसेज्जा अयमाउसो ! असी अय कोसी, एवमेव नत्थि केइ पुरिसे अभिनिव्वट्टित्ता ण उवदसेत्तारो अयमाउसो ! आया इय सरीर ।

छाया—रितिवा, गुरुक इतिवा लघुक इतिवा, शीत इतिवा, उष्ण इतिवा, स्निग्ध इतिवा रुक्ष इतिवा, एवम् असन् असंवेद्यमानः येषां तत् स्वाख्यातं भवति । अन्यो जीव॰ अन्यत् शरीर तस्मात् ते नो एवम् उपलभन्ते, तद्यथानामक कश्चित् पुरुष॰ कोशात् असिम् अभिनिर्वर्त्य उपदर्शयेत्, अयम् आयुष्मन् असि॰ अय कोशः एव मेव नास्ति कोऽपि पुरुष॰ अभिनिर्वर्त्य उपदर्शयिता अयमायुष्मन् आत्मा इद

अन्वयार्थ—भारी है या हल्का है (सिएतिवा उसिणेतिवा) वह ठंडा है या गर्म है (निद्धेतिवा लुक्खेतिवा) वह चिकना है अथवा रूखा है ।" (एवं असंते असविज्जमाणे जेसिं तं सुयक्खाय भवति) अतः जो लोग आत्मा को शरीर से भिन्न नहीं मानते हैं उनका यह उक्त मत ही युक्ति युक्त है । (अन्नो जीवो अन्न सरीर) परन्तु जो लोग कहते हैं कि—जीव दूसरा है और शरीर दूसरा है (ते णो एव उवलब्भंति) वे जीव को इस प्रकार नहीं प्राप्त करते हैं (जहाणामए केइ पुरिसे कोसाओ असिं अभिनिव्वट्टित्ताणं उवदसेज्जा अयमाउसो ! असी अयकोसी) जैसे कि—कोई पुरुष म्यान से तलवार को बाहर निकालकर दिखलाता हुआ कहता है कि—हे आयुष्मन् ! यह तो तलवार है और यह म्यान है (एवमेव णत्थि केइ पुरिसे अभिनिव्वट्टित्ता ण उवदंसेत्तारो अयमाउसो आया इयं सरीर) इस तरह ऐसा कोई पुरुष नहीं है जो शरीर से जीव को पृथक् करके दिखलावे कि—हे आयुष्मन् ! यह तो आत्मा है और यह

भावार्थ—सकता है । इस प्रकार ज्ञान गुण के आश्रय आत्मा की सिद्धि होने पर भी नास्तिक जो आत्मा को शरीर से पृथक् नहीं मानते हैं यह उनका दुराग्रह है । यदि आत्मा शरीर से भिन्न न हो तो किसी भी प्राणी का मरण नहीं हो सकता है क्योंकि शरीर तो मरने पर भी बना ही रहता है फिर तो किसी का मरण होना ही नहीं चाहिये । यद्यपि नास्तिक

से जहाणामए केइ पुरिसे मुजाओ इसियं अभिनिव्वट्टित्ता णं उवदंसेज्जा अयमाउसो ! मुजे इय इसियं, एवमेव नत्थि केइ पुरिसे उवदसेत्तारो अयमाउसो ! आया इयं सरीर । से जहाणा-मए केइ पुरिसे मसाओ अट्ठि अभिनिव्वट्टित्ता ण उवदसेज्जा अयमाउसो ! मसे अय अट्ठी, एवमेव नत्थि केइ पुरिसे उवदंसे-त्तारो अयमाउसो ! आया इयं सरीर । से जहाणामए केइ पुरिसे

छाया—शरीरम्, तद्यथानामक. कोऽपि पुरुष' मुञ्जाद् ईषीकाम् अभिनिर्वर्त्य उपदर्शयेद् अयमायुष्मन् ! मुञ्जः इयमीषीका एवमेव नास्ति कोऽपि पुरुषः उपदर्शयिता अयमायुष्मन् आत्मा इद शरीरम् तद्यथानामक' कोऽपि पुरुषः मांसाद् अस्थि अभिनिर्वर्त्य उपदर्शयेद अयम् आयुष्मन् मांसः इदम् अस्थि एवमेव नास्ति कोऽपि पुरुष' उपदर्श-यिता अयमायुष्मन् आत्मा इद शरीरम् ! तद्यथानामकः कोऽपि

अन्वयार्थ—शरीर है । (से जहाणामए केइ पुरिसे मुजाओ इसियं अभिनिव्वट्टित्ता उवदंसेज्जा अयमाउसो ! मुंजे इयं इसिय) तथा जैसे कोई पुरुष मुंजसे शलाका को बाहर निकाल कर दिखलावे कि—हे आयुष्मन् ! यह तो मुंज है और यह शलाका है (एवमेव णत्थि केइ पुरिसे उवदंसेत्तारो अयमाउसो आया इय सरीरं) इसी तरह कोई भी पुरुष ऐसा नहीं है जो शरीर से आत्मा को अलग करके बतला सके कि—हे आयुष्मन् ! यह तो आत्मा है और यह शरीर है । (से हाणामए केइ पुरिसे मसाओ अट्ठि अभिनिव्वट्टित्ताण उवदंसेज्जा अयमाउसो ! मंसे अयं अट्ठी) जैसे कोई पुरुष मांस से हड्डी को अलग करके बतावे कि—हे आयुष्मन् ! यह तो मांस है और यह हड्डी है (एवमेव णत्थि केइ पुरिसे उवदंसेत्तारो अयमाउसो आया इय सरीरं) इसी तरह ऐसा कोई पुरुष नहीं है जो शरीर से आत्मा को जुदा करके बतलावे कि—हे आयुष्मन् ! यह तो आत्मा है और यह शरीर है । (से जहाणामए केइ पुरिसे करयलाओ आमलक अभिनिव्वट्टित्ताण उवदंसेज्जा अयमाउसो करयले अयं आमलए)

भावार्थ—शरीर से भिन्न आत्मा का खण्डन करने के लिये उसमें वर्ण, गन्ध, रस, अवयव रचना आदि का अभाव दिखलाते हैं और इस अभाव को दिखा कर आत्मा के सद्भाव का खण्डन करते हैं परन्तु वे यह नहीं समझते हैं कि, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, और अवयव रचना आदि गुण मूर्त्तपदार्थ

करयलाम्रो आमलक अभिनिव्वट्टित्ता णं उवदसेज्जा अयमाउसो ! करतले अय आमलए, एवमेव णत्थि केइ पुरिसे उवदसेत्तारो अयमाउसो ! आया इय सरीर । से जहाणामए केइ पुरिसे दहिम्रो नवनीय अभिनिव्वट्टित्ताण उवदसेज्जा अयमाउसो ! नवनीय अय तु दही, एवमेव णत्थि केइ पुरिसे जाव सरीर । से जहाणामए केइ पुरिसे तिलेहिंतो तिल्ल अभिनिव्वट्टित्ता णं

छाया—पुरुषः करतलादामलकम् अभिनिर्वर्त्य उपदर्शयेद् इदम् आयुष्मन् ! करतलम् इदम् आमलकम् एवमेव नास्ति कोऽपि पुरुषः उपदर्शयिता अयमायुष्मन् आत्मा इद शरीरम् । तद्यथा नामकः कश्चित् पुरुषः दध्नः नवनीतम् अभिनिर्वर्त्य उपदर्शयेद् इदमायुष्मन् ! नवनीतम् इदं दधि, एवमेव नास्ति कोऽपि पुरुषः उपदर्शयिता अयमायुष्मन् आत्मा इदं शरीरम् । तद्यथा नामकः कोऽपि पुरुषः

अन्वयार्थ—जैसे कोई पुरुष हथेली से आँवले को बाहर निकाल कर दिखलावे कि—हे आयुष्मन् यह तो हथेली है और यह आँवला है (एवमेव णत्थि केइ पुरिसे उवदंसेत्तारो अयमाउसो आया इयं सरीर) इसी तरह ऐसा कोई पुरुष नहीं है जो शरीर से आत्मा को बाहर निकाल कर दिखा सके कि—हे आयुष्मन् ! यह तो आत्मा है और यह शरीर है । (से जहाणामए केइ पुरिसे दहिम्रो नवनीय अभिनिव्वट्टित्ताणं उवदसेज्जा अयमाउसों ! नवनीय अयं तु दही) जैसे कोई पुरुष दही से मक्खन निकाल कर दिखलाता है कि— हे आयुष्मन् ! यह तो मक्खन है और यह दही है (एवमेव णत्थि केइ पुरिसे जाव सरीरं) इसी तरह कोई भी पुरुष ऐसा नहीं है जो शरीर से आत्मा को पृथक् करके दिखावे कि—हे आयुष्मन् ! यह तो आत्मा है और यह शरीर है । (से जहाणामए केइ पुरिसे तिलेहिंतो तिल्लं अभिनिव्वट्टि

भावार्थ—के होते हैं अमूर्त के नहीं होते । आत्मा तो अमूर्त है फिर उसमें वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, और अवयवरचना आदि गुण हो ही कैसे सकते हैं ? तथा इनके न होने से अमूर्त आत्मा के अस्तित्व का खण्डन कैसे किया जा सकता है ? हम नास्तिक से पूछते हैं कि—वह अपने ज्ञान के अस्तित्व का अनुभव करता है या नहीं ? यदि नहीं करता है तो उसकी नास्तिकवाद के समर्थन आदि में प्रवृत्ति कैसे होती है ? और यदि वह

उवदसेज्जा अयमाउसो ! तेल्लं अयं पिन्नाए, एवमेव जाव सरीरं। से जहाणामए केइ पुरिसे इक्खूतो खोतरसं अभिनिव्वट्टित्ता ण उवदसेज्जा अयमाउसो ! खोतरसे अयं छोए, एवमेव जाव सरीरं। से जहाणामए केइ पुरिसे अरणीतो अग्गिं अभिनिव्वट्टित्ताणं उवदसेज्जा अयमाउसो ! अरणी अयं अग्गी, एवमेव

छाया—तिलेभ्यः तैलम् अभिनिर्वर्त्य उपदर्शयेद् इदमायुष्मन् तैलम् अयं पिण्याकः एवमेव नास्ति कोऽपि पुरुषः उपदर्शयिता अयमायुष्मन् आत्मा इदं शरीरम् । तद्यथा नामकः कोऽपि पुरुषः इक्षुतः क्षोदरसम् अभिनिर्वर्त्य उपदर्शयेद अयम् आयुष्मन् क्षोदरसः अयं क्षोदः एवमेव यावत् शरीरम् । तद्यथानामकः कोऽपि पुरुषः

अन्वयार्थ—तार्ण उवदंसेज्जा अयमाउसो तेल्लं अयं पिन्नाए) जैसे कोई पुरुष तिल में से तेल निकाल कर दिखलावे कि—हे आयुष्मन् ! यह तो तेल है और यह खल्ली है (एवमेव जाव सरीरं) इसी तरह ऐसा कोई पुरुष नहीं है जो शरीर से आत्मा को जुदा करके दिखावे कि—हे आयुष्मन् ! यह तो आत्मा है और यह शरीर है। (से जहाणामए केइ पुरिसे इक्खूतो खोतरसं अभिनिव्वट्टित्ताणं उवदसेज्जा अयमाउसो खोतरसे अयं छोए) जैसे कोई पुरुष ईख का रस निकाल कर दिखावे कि—हे आयुष्मन् ! यह ईख का रस है और यह उसका छिलका है (एवमेव जावसरीरं) इसी तरह ऐसा कोई पुरुष नहीं है जो आत्मा को शरीर से बाहर निकाल कर दिखाता है कि—हे आयुष्मन् ! यह तो शरीर है और यह आत्मा है। (से जहाणामए केई पुरिसे अरणीतो अग्गिं अभिनिव्वट्टित्ताणं उवदसेज्जा, अयमाउसो अरणी अयमग्गी एवमेव जाव सरीर) जैसे कोई पुरुष अरणि से आग निकाल कर दिखलावे कि—हे आयुष्मन् ! यह तो अरणि है और यह अग्नि है इसी तरह कोई भी पुरुष ऐसा नहीं है जो आत्मा को शरीर से अलग करके दिखलावे कि—हे

भावार्थ—अनुभव करता है तो उसमें वह कौनसा वर्ण, गन्ध, रस, रूप और स्पर्श तथा अवयव रचना को प्राप्त करता है ? यदि उस ज्ञान में वर्ण आदि की उपलब्धि न होने पर भी नास्तिक उसका सद्भाव मानता है तो फिर आत्मा को न मानने का क्या कारण है ? नास्तिक कहते हैं कि—"जो वस्तु जिससे भिन्न होती है वह उससे अलग करके दिखायी जा सकती है जैसे म्यान से बाहर निकाल कर तलवार दिखायी जाती है"

जाव सरीरं । एवं असंते असंविज्जमाणे जेसिं तं सुयक्खायं भवति, तं० अन्नो जीवो अन्नं सरीरं । तम्हा ते मिच्छा ॥ से हंता तं हणह खणह छणह डहह पयह आलुपह विलुपह सहसाक्कारेह विपरामुसह, एतावता जीवे णत्थि परलोए, ते णो एवं विप्पडिवेदेंति, तं०—किरियाइ वा अकिरियाइ वा सुक्कडेइ

छाया—अरणितः अग्निम् अभिनिर्वर्त्य उपदर्शयेद् इयम् आयुष्मन् अरणि. अयम् अग्निः एवमेव यावत् शरीरम् । एवम् असन् असंवेद्यमानः येषां तत् स्वाख्यातं भवति तद्यथा—अन्यो जीवः अन्यत् शरीरं तस्मात् ते मिथ्या । स हन्ता तं घातयत, क्षिणुत, दहत, पचत, आलुम्पत, विलुम्पत, सहसा कारयत, विपरामृशत, एतावान् जीवः नास्ति परलोकः । ते नो एवम् प्रतिसंवेदयन्ति तद्यथा-क्रिया

अन्वयार्थ—आयुष्मन् ! यह तो आत्मा है और यह शरीर है। (एवं असंते असंविज्जमाणे) इसलिये आत्मा शरीर से पृथक् नहीं है यही बात युक्ति युक्त है। (जेसिं तं सुयक्खायं भवति तं अन्नो जीवो अन्नं सरीरं तम्हा ते मिच्छा) जो लोग कहते हैं कि आत्मा दूसरा है और शरीर दूसरा है वे पूर्वोक्त कारणों से मिथ्यावादी हैं। (से हंता) इस प्रकार शरीर से भिन्न आत्मा को न मानने वाले लोकायतिक आदि स्वयं जीवों का हनन करते हैं (तं हणह, खणह, छणह, डहह, पयह, आलुंपह, विलुंपह, सहसाकारेह, विपरामुसह एतावता जीवे णत्थि परलोए) तथा वे दूसरे को उपदेश करते हैं कि—जीवों को मारो, पृथिवी को खोदो तथा वनस्पति आदि को छेदन करो, जलाओ, पकाओ, जीवों को लूट लो, उन पर बलात्कार करो क्योंकि शरीर ही जीव है इससे भिन्न कोई परलोक नहीं है। (ते एवं णो पडिसंवेदेंति) वे शरीरात्मवादी आगे कही जाने वाली बातों को नहीं मानते हैं—(किरियाइवा

भावार्थ—इत्यादि परन्तु यह भी इनका कथन असंगत है क्योंकि—तलवार आदि तो मूर्त्त पदार्थ हैं वे दिखाये जाने योग्य हैं अतः वे दूसरी वस्तु से बाहर निकाल कर दिखाये जा सकते हैं परन्तु जो अमूर्त्त होने के कारण दिखाने योग्य नहीं है उसको कोई कैसे दिखा सकता है ? नास्तिक अपने ज्ञान को क्यों नहीं दिखा देता ? यह अपने ज्ञान को समझाने के लिये शब्द का प्रयोग क्यों करता है ? जैसे हथेली में स्थित आँवले को बताने के लिये शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता है

वा दुक्कडेइ वा कल्लाणेइ वा पावएइ वा साहुइ वा असाहुइ वा सिद्धीइ वा असिद्धीइ वा निरएइ वा अनिरएइ वा, एव ते विरूवरूवेहिं कम्मसमारम्भेहिं विरूवरूवाइ काममोगाइं समारमति मोयणाए। एव एगे पागब्भिया णिक्खम्म मामग धम्मं पन्नवेंति, त सद्दहमाणा तं पत्तियमाणा तं रोएमाणा साहु सुयक्खाए सम-

छाया—वा, अक्रियां वा, सुकृत वा, दुष्कृतं वा, कल्याण वा, पापकं वा, साधु वा, असाधु वा, सिद्धि वा, असिद्धि वा, निरय वा, अनिरयं वा, एव ते विरूपरूपैः कर्मसमारम्भैः विरूपरूपान् काममोगान् समारमन्ते मोगाय । एवम् एके प्रागल्भिकाः निष्क्रम्य मामक धर्मं प्रज्ञापयन्ति, तं श्रद्दधाना. तं प्रतियन्तः तं रोचयन्तः साधु स्वाख्यातं

अन्वयार्थ—अकिरियाइ वा सुकडेइ वा दुक्कडेइ वा कल्लाणेइ वा पावएइ वा साहुइ वा असाहुइ वा सिद्धीइ वा असिद्धीइ वा निरएइ वा अनिरएइ वा) वे, शुभक्रिया, अशुभक्रिया, सुकृत, दुष्कृत, कल्याण, पाप, भला, बुरा, सिद्धि, असिद्धि, नारकि और अनारकि इन बातों को नहीं मानते हैं। (एवं ते विरूवरूवेहिं कम्मसमारम्भेहिं मोयणाए काममोगाइं समारभति) इस प्रकार वे शरीरात्मवादी अनेक प्रकार के आरम्भों के द्वारा अपने भोग के निमित्त विविध काममोगों का आरम्भ करते हैं। (एव पगब्भिया एगे णिक्खम्म मामग धम्म पन्नवेंति) इस प्रकार शरीर से भिन्न आत्मा न मानने की धृष्टता करने वाले कोई नास्तिक अपने दर्शन के अनुसार प्रव्रज्या धारण करके "मेरा ही धर्म सत्य है" ऐसी प्ररूपणा करते हैं। (तं सद्दहमाणा त पत्तियमाणा तं रोएमाणा) उस शरीरात्मवाद में श्रद्धा रखते हुए उसे सत्य मानते हुए उसमें

भावार्थ—किन्तु सीधे ही दर्शक को यह दिखा दिया जाता है इसी तरह नास्तिक अपने ज्ञान को क्यों नहीं दिखा देते ? यदि वे कहें कि—अमूर्त होने के कारण ज्ञान नहीं दिखाया जा सकता है तो यही उत्तर आत्मा के न दिखाये जाने के पक्ष में भी क्यों न समझा जावे ।

ये नास्तिक, लोकायतिक कहलाते हैं इनके मत में कोई दीक्षा नहीं होती है लेकिन ये पहले शाक्य मत के अनुसार दीक्षा धारण करते हैं और पीछे लोकायतिक मत के ग्रन्थों को पढ़कर ये लोकायतिक बन जाते हैं। ये लोकायतिक मत को ही सत्य मानते हुए परलोक आदि का खण्डन करते हैं और जिस किसी प्रकार विषय भोग की प्राप्ति को ही

णेति वा माहणेति वा कामं खलु आउसो ? तुमं पूययामि, तंजहा—असणेण वा पाणेण वा खाइमेण वा साइमेण वा वत्थेण वा पडिग्गहेण वा कंबलेण वा पायपुंछणेण वा तत्थेगे पूयणाए समाउट्टिंसु तत्थेगे पूयणाए निकाइंसु ॥ पुव्वमेव तेसिं णाय भवति—समणा भविस्सामो अणगारा अकिंचणा अपुत्ता

छाया—श्रमण इति वा माहन इति वा कामं खलु आयुष्मन् ! त्वां पूजयामि तद्यथा—अशनेन वा पानेन वा खाद्येन वा स्वाद्येन वा, वस्त्रेण वा, परिग्रहेण वा कम्बलेन वा पादप्रोञ्छनेन वा तत्रैके पूजायै समुत्थितवन्तः, तत्रैके पूजायै निकाचितवन्तः । पूर्वमेव तेषां ज्ञातं भवति श्रमणा भविष्यामः अनगाराः अकिञ्चनाः अपुत्राः अपशवः परदत्तभोजिनः

अन्वयार्थ—रुचि रखते हुए कोई राजा आदि (समणेत्ति वा माहणेत्ति वा साधु सुयक्खाए) उस शरीरात्मवादी से कहते हैं कि—"हे श्रमण ! हे ब्राह्मण ! आपने यह बहुत उत्तम धर्म मुझको सुनाया है" (आउसो ! कामं खलु तुमं पूययामि) अतः हे आयुष्मन् ! मैं आपकी पूजा करता हूँ (तंजहा असणेण वा पाणेण वा खाइमेण वा साइमेण वा वत्थेण वा पडिग्गहेण वा कंबलेण वा पायपुंछणेण वा) मैं अशन, पान, खाद्य, स्वाद्य, वस्त्र, परिग्रह, कम्बल और पादप्रोञ्छन आदि के द्वारा आपकी पूजा करता हूं । (तत्थेगे पूयणाए समाउट्टिंसु तत्थेगे पूयणाए निकाइंसु) इस प्रकार कहते हुए कोई राजा आदि उनकी पूजा में प्रवृत्त होते हैं अथवा वे शरीरात्मवादी अपनी पूजा में प्रवृत्त होते हैं और उस राजा आदि को अपने सिद्धान्त में दृढ़ करते हैं । (तेसिं पुव्वमेव परिण्णाय भवति) इस शरीरात्मवादी ने पहले तो यह प्रतिज्ञा की थी कि (समणा अणगारा अकिंचणा अपुत्ता अपसू परदत्तभोइणो भिक्खुणो भविस्सामो) "हम श्रमण,

भावार्थ—पुरुष का परम कर्त्तव्य बताते हैं । विषय प्रेमी जीवों को इनका मत बड़ा ही आनन्द दायक प्रतीत होता है क्योंकि इसमें पाप, परलोक और नरक आदि का भय नहीं है और विषयभोग की इच्छानुसार आज्ञा है । वे विषय प्रेमी जीव इनके मत को बड़े आदर के साथ ग्रहण करके कहते हैं कि हे श्रमण ! आपने मुझको बहुत उत्तम और आनन्द दायक धर्म का उपदेश किया है वस्तुतः यही धर्म सत्य है दूसरे सब धर्म धूर्तों ने अपने स्वार्थ साधन के लिये रचे हैं । आपने इस सत्य धर्म को सुना कर मेरा बड़ा ही उपकार किया है इसलिये हम आपको सब प्रकार की

अपसू परदत्तभोइणो भिक्खुणो पाव कम्म णो करिस्सामो समुट्ठाए ते अप्पणा अप्पडिविरया भवंति, सयमाइयति अन्नेवि आदियावेंति अन्नंपि आयतत समणुजाणंति, एवमेव ते इत्थि-कामभोगेहिं मुच्छिया गिद्धा गढिया अज्झोववन्ना लुद्धा रागदोस-वसट्टा, ते णो अप्पाण समुच्छेदेंति ते णो पर समुच्छेदेंति ते

छाया—भिक्षवः पाप कर्म न करिष्यामः, समुत्थाय ते आत्मना अप्रतिविरताः भवन्ति। स्वयम् आददते अन्यान् अपि आदापयन्ति अन्यम् अपि आददत समनुजानन्ति। एवमेव ते स्त्रीकामभोगे मूर्च्छिताः गृद्धाः ग्रथिताः अभ्युपपन्नाः लुब्धाः रागद्वेषवशार्ताः ते नो आत्मान समुच्छेदयन्ति नो पर समुच्छेदयन्ति, ते नो

अन्वयार्थ—गृहरहित धन्यादि रहित, पुत्र रहित, पशु रहित तथा दूसरे के द्वारा दिये हुए भिक्षान्न को खानेवाला भिक्षु बनेंगे (पावं कम्म णो करिस्सामो) अब हम पापकर्म नहीं करेंगे" (समुट्ठाय अप्पणा ते अप्पडिविरया भवंति) ऐसी प्रतिज्ञा के साथ उठकर भी वे पापकर्म से निवृत्त नहीं होते हैं (सयमाइयंति अन्नेवि आदियावेंति अन्नंपि आयतंतं समणुजाणंति) वे स्वयं परिग्रह को स्वीकार करते हैं और दूसरे से स्वीकार कराते हैं तथा परिग्रह स्वीकार करते हुए को अच्छा समझते हैं। (एवमेव ते इत्थिकामभोगेहिं मुच्छिया गढिया अज्झोववन्ना लुद्धा रागदोसवसट्टा) इसी तरह वे स्त्री तथा दूसरे काम भोगों में आसक्त, उनमें अत्यन्त इच्छावाले, बँधेहुए उनके लोभी तथा रागद्वेष के वशीभूत और आर्त्त होते हैं। (ते णो अप्पाणं


भावार्थ—विषयभोग की सामग्री अर्पण करते हैं आप उन्हें स्वीकार करें। यह कह कर नास्तिकों के शिष्य उनको नाना प्रकार की विषय भोग की सामग्री अर्पण करते हैं और वे उस सामग्री को प्राप्त करके भोग भोगने में अत्यन्त प्रवृत्त हो जाते हैं। जिस समय ये नास्तिक शाक्य मत के अनुसार दीक्षा ग्रहण करते हैं उस समय तो वे प्रतिज्ञा करते हैं कि—"हम धन धान्य तथा स्त्री पुत्र आदि से रहित होकर दूसरे के द्वारा दिये हुए भिक्षान्नमात्र से अपना जीवन निर्वाह करते हुए सासारिक भोगों के त्यागी बनेंगे" परन्तु इस प्रतिज्ञा को तोड़कर ये भारी विषयलम्पट हो जाते हैं और दूसरों को भी अपने कुमन्तव्यों का उपदेश करके उन्हें भी बिगाड़ देते हैं। इन लोकायतिकों का गृहस्थाश्रम भी नष्ट हो जाता

णो अण्णाइ पाणाइ भूताइ जीवाइ सत्ताइ समुच्छेदेंति, पहीणा पुव्वसजोग आयरिय मग्गं असपत्ता इति ते णो हव्वाए णो पाराए अतरा कामभोगेसु विसन्ना इति पढमे पुरिसजाए तज्जीवतच्छरीरएत्ति आहिए ॥ सूत्र ९ ॥

छाया—अन्यान् प्राणान् भूतानि जीवान् सत्त्वान् समुच्छेदयन्ति महीणाः पूर्व सयोगाद् आर्य्य मार्गम् अप्राप्ताः इति ते नोऽर्वाचे नो पाराय अन्तरा कामभोगेषु निषण्णाः इति प्रथमः पुरुषजातः तज्जीवतच्छरीरक इति आख्यातः । ९

अन्वयार्थ—समुच्छेदेंति णो अण्णाइ पाणाइं भूयाइं जीवाइं सत्ताइं समुच्छेदेंति) वे अपने आत्मा को ससाररूपी पाश से नहीं मुक्त कर सकते तथा वे उपदेश आदि के द्वारा दूसरे प्राणियों को भी संसाररूपी पाश से नहीं मुक्त कर सकते हैं (पुव्वसंजोगं पहीणा आयरिय मग्गं असंपत्ता) वे शरीरात्मवादी अपने की पुत्र और धन धान्य आदि से भी भ्रष्ट हो चुके हैं और आर्य्य मार्ग को भी नहीं पा सके हैं (णो हव्वाए णो पाराए) अतः वे न इसी लोक के होते हैं और न परलोक के ही होते हैं (अंतरा कामभोगेसु विसन्ना) किन्तु बीच में ही काम भोग में आसक्त रहते हैं (इति पढमे पुरिसजाए तज्जीवतच्छरीरएत्ति आहिए) यह पहला पुरुष तज्जीवतच्छरीरवादी कहा गया है ।

भावार्थ—है और परलोक भी बिगड़ जाता है । ये न इसी लोक के होते हैं और न परलोक के ही होते हैं किन्तु उभय भ्रष्ट होकर अपने जीवन को नष्ट करते हैं । ये लोग जब कि स्वय अपने को संसार सागर से उद्धार नहीं कर सकते तब फिर ये अपने उपदेशों से दूसरे का कल्याण कर सकेंगे यह तो आशा ही करना व्यर्थ है । अतः पूर्वोक्त पुष्करिणी के कमल को निकालने की इच्छा से पुष्करिणी के घोर कीचड़ में फँसकर उससे अपने को उद्धार करने में असमर्थ प्रथम पुरुष इस शरीरात्मवादी को समझना चाहिये ।



अहावरे दोच्चे पुरिसजाए पंचमहब्भूतिएत्ति आहिज्जइ, इह खलु पाइणं वा ६ संतेगतिया मणुस्सा, भवंति अणुपुव्वेणं लोयं उववन्ना, तंजहा—आरिया वेगे अणारिया वेगे एवं जाव दुरूवा वेगे, तेसिं च णं मह एगे राया भवइ महया० एवं चेव णिरवसेसं जाव सेणावइपुत्ता, तेसिं च णं एगतिए सड्ढी भवति कामं

छाया—अथापरः द्वितीयः पुरुषजातः पाञ्चमहाभूतिक इत्याख्यायते। इह खलु प्राच्यां वा ६ सन्त्येकतये मनुष्याः भवन्ति आनुपूर्व्या लोक मुपपन्नाः तद्यथा आर्य्याः एके अनार्य्याः एके एव यावत् दूरूपाः एके, तेषाञ्च महान् एको राजा भवति महा एवञ्चैव निरवशेष यावत् सेनापतिपुत्राः। तेषाञ्च एकतयः श्रद्धावान् भवति काम

अन्वयार्थ—(अहावरे दोच्चे पुरिसजाए पंचमहब्भूतिएत्ति आहिज्जइ) पूर्वोक्त प्रथम पुरुष से भिन्न दूसरा पुरुष पाञ्चमहाभूतिक कहलाता है। (इह खलु पाइणं वा ६ संते गतिया मणुस्सा भवंति) इस मनुष्य लोक के पूर्व आदि दिशाओं में मनुष्य गण निवास करते हैं। (अणुपुव्वेणं लोगमुववन्ना) वे नाना भेदों में लोक में उत्पन्न हुए होते हैं। (तंजहा—वेगे आरिया वेगे अणारिया) कोई आर्य्य होते हैं और कोई अनार्य्य होते हैं। (एवं वेगे जाव दुरूवा) इसी तरह पूर्व सूत्रोक्त वर्णन के अनुसार कोई कुरूप आदि होते हैं। (तेसिं च णं एगे राया भवइ) उन मनुष्यों के मध्य में कोई महान् पुरुष राजा होता है (महया० एव चे व णिरवसेसं जाव सेणावइपुत्ता) वह पूर्व सूत्रोक्त विशेषणों से युक्त होता है और उसकी सभा भी पूर्व सूत्रोक्त सेनापति आदि से युक्त होती है। (तेसिं च णं एगतिए सड्ढी भवति) उन पुरुषों में कोई

भावार्थ—प्रथम पुरुष के वर्णन के पश्चात् दूसरे पुरुष का वर्णन किया जाता है। दूसरा पुरुष पाञ्चमहाभूतिक कहलाता है यह पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश इन पाँच महाभूतों से ही जगत् की उत्पत्ति स्थिति और नाश मानकर दूसरे पदार्थों को नहीं स्वीकार करता है। संसार की समस्त क्रियायें इन पाँच महाभूतों के द्वारा ही की जाती हैं इसलिए पाञ्चमहाभूतों से भिन्न कोई दूसरा पदार्थ नहीं है यह पाञ्चमहाभूतिकों की मान्यता है। यद्यपि सांख्यवादी पूर्वोक्त पाँच महाभूत तथा छठे आत्मा को भी मानता है तथापि यह भी पाञ्चमहाभूतिक से भिन्न नहीं है क्योंकि यह आत्मा को निष्क्रिय मानकर पाँच महाभूतों को उत्पन्न करने वाली प्रकृति को ही समस्त कार्य्यों का कर्ता मानता है। अत

त समणा य माहणा य पहारिंसु गमणाए, तत्थ अन्नयरेण धम्मेण पन्नत्तारो वय इमेण धम्मेण पन्नवइस्सामो से एवमायाणह भयतारो! जहा मए एस धम्मे सुअक्खाए सुपन्नत्ते भवति ॥ इह खलु पंच महब्भूता, जेहिं नो विज्जइ किरियाति वा अकिरियाति

छाया—तं श्रमणाः वा ब्राह्मणाः वा सम्प्रधार्षुः गमनाय। तत्रान्यतरेण धर्मेण प्रज्ञापयितारः, वयमनेन धर्मेण प्रज्ञापयिष्याम तदेव जानीत भयात्त्रातारः। यथा मया एष धर्मः स्वाख्यातः सुप्रज्ञप्तो भवति इह खलु पञ्च महाभूतानि यैर्नो विद्यते क्रिया इति वा, अक्रिया

अन्वयार्थ—उसके धर्म में श्रद्धालु होता है। (तं गमणाय समणा माहणा य संपहारिंसु) उसके निकट जाने के लिए श्रमण और माहन विचार करते हैं। (तत्थ अन्नतरेणं धम्मेण पन्नत्तारो वयं इमेण धम्मेण पन्नवइस्सामो) वे किसी एक धर्म की शिक्षा देने वाले अन्यतीर्थी श्रमण और माहन राजा से कहते हैं कि— हम आपको अपने इस धर्म की शिक्षा देंगे। (भयंतारो) वे कहते हैं कि— हे प्रजाओं को निर्भय करने वाले राजन्! (जहा मए एस सुयक्खाए धम्मे सुपन्नत्ते भवति से एवमायाणह) मैं जो इस उत्तम धर्म का उपदेश करता हूँ सो आप इसे सत्य समझें (इह पंच महब्भूता खलु) इस जगत् में पाँच महाभूत ही सब कुछ हैं (जेहिं नो किरियाति वा अकिरियाति वा) जिनसे हमारी क्रिया, अक्रिया, (सुक्कडेति वा दुक्कडेति वा)

भावार्थ—आत्मा को स्वीकार न करने वाले नास्तिक और आत्मा को क्रियारहित मानने वाले सांख्यवादी दोनों ही पाञ्चमहाभूतिक समझने योग्य हैं। नास्तिक कहते हैं कि—पृथ्वी आदि पाँच महाभूत सदा विद्यमान रहते हैं इनका नाश कभी नहीं होता है तथा ये सबसे बड़े होने के कारण महाभूत कहलाते हैं। आना, जाना, उठना, बैठना, सोना, जागना आदि समस्त क्रियायें इनके द्वारा ही की जाती हैं किसी दूसरे काल ईश्वर अथवा आत्मा आदि के द्वारा नहीं क्योंकि काल ईश्वर तथा आत्मा आदि पदार्थ मिथ्या हैं इनकी कल्पना करना व्यर्थ है। एवं स्वर्ग नरक आदि अप्रत्यक्ष पदार्थों की कल्पना भी मिथ्या है वस्तुतः इसी जगह जो उत्तम सुख भोगा जाता है वह स्वर्ग है तथा भयंकर रोग शोक आदि पीड़ायें भोगना नरक है इनसे भिन्न स्वर्ग या नरक कोई लोक विशेष नहीं हैं अतः स्वर्ग लोक की प्राप्ति के लिए नाना प्रकार की तपस्याओं के अनुष्ठान से शरीर को क्लेश देना तथा नरक के भय से इस लोक के सुख को

अहावरे दोच्चे पुरिसजाए पंचमहब्भूतिएत्ति आहिज्जइ, इह खलु पाइणं वा ६ संतेगतिया मणुस्सा, भवंति अणुपुव्वेणं लोयं उववन्ना, तंजहा—आरिया वेगे अणारिया वेगे एवं जाव दुरूवा वेगे, तेसिं च णं महं एगे राया भवइ महया० एवं चेव णिरवसेसं जाव सेणावइपुत्ता, तेसिं च णं एगतिए सड्ढी भवति कामं

छाया—अथापरः द्वितीयः पुरुषजातः पाञ्चमहाभूतिक इत्याख्यायते। इह खलु प्राच्यां वा ६ सन्त्येकतये मनुष्याः भवन्ति आनुपूर्व्या लोकमुपपन्नाः तद्यथा आर्य्याः एके अनार्य्याः एके एवं यावद् दूरूपाः एके, तेषाञ्च महान् एको राजा भवति महा एवञ्चैव निरवशेष यावत् सेनापतिपुत्राः। तेषाञ्च एकतयः श्रद्धावान् भवति कामं

अन्वयार्थ—(अहावरे दोच्चे पुरिसजाए पंचमहब्भूतिएत्ति आहिज्जइ) पूर्वोक्त प्रथम पुरुष से भिन्न दूसरा पुरुष पाञ्चमहाभूतिक कहलाता है। (इह खलु पाइणं वा ६ संते गतिया मणुस्सा भवंति) इस मनुष्य लोक के पूर्व आदि दिशाओं में मनुष्य गण निवास करते हैं। (अणुपुव्वेण लोगमुववन्ना) वे नाना भेदों में लोक में उत्पन्न हुए होते हैं। (तजहा—वेगे आरिया वेगे अणारिया) कोई आर्य्य होते हैं और कोई अनार्य्य होते हैं। (एव वेगे जाव दुरूवा) इसी तरह पूर्व सूत्रोक्त वर्णन के अनुसार कोई कुरूप आदि होते हैं। (तेसिं च णं एगे राया भवइ) उन मनुष्यों के मध्य में कोई महान् पुरुष राजा होता है (महया० एव चे व णिरवसेसं जाव सेणावइपुत्ता) वह पूर्व सूत्रोक्त विशेषणों से युक्त होता है और उसकी सभा भी पूर्व सूत्रोक्त सेनापति आदि से युक्त होती है। (तेसिं च ण एगतिए सड्ढी भवति) उन पुरुषों में कोई

भावार्थ—प्रथम पुरुष के वर्णन के पश्चात् दूसरे पुरुष का वर्णन किया जाता है। दूसरा पुरुष पाञ्चमहाभूतिक कहलाता है यह पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश इन पाँच महाभूतों से ही जगत् की उत्पत्ति स्थिति और नाश मानकर दूसरे पदार्थों को नहीं स्वीकार करता है। संसार की समस्त क्रियायें इन पाँच महाभूतों के द्वारा ही की जाती हैं इसलिए पञ्चमहाभूतों से भिन्न कोई दूसरा पदार्थ नहीं है यह पाञ्चमहाभूतिकों की मान्यता है। यद्यपि सांख्यवादी पूर्वोक्त पाँच महाभूत तथा छट्ठे आत्मा को भी मानता है तथापि वह भी पाञ्चमहाभूतिक से भिन्न नहीं है क्योंकि वह आत्मा को निष्क्रिय मानकर पाँच महाभूतों को उत्पन्न करने वाली प्रकृति को ही समस्त कार्य्यों का कर्त्ता मानता है। अत

त समणा य माहणा य पहारिंसु गमणाए, तत्थ अन्नयरेण धम्मेण पन्नत्तारो वय इमेण धम्मेण पन्नवइस्सामो से एवमायाणह भयतारो! जहा मए एस धम्मे सुअक्खाए सुपन्नत्ते भवति ॥ इह खलु पंच महब्भूता, जेहिं नो विज्जइ किरियाति वा अकिरियाति

छाया—तं श्रमणाः वा ब्राह्मणाः वा सम्प्रधार्षुं गमनाय। तत्रान्यतरेण धर्मेण प्रज्ञापयितारः, वयमनेन धर्मेण प्रज्ञापयिष्यामः तदेवं जानीत भयात्त्रातारः। यथा मया एष धर्मः स्वाख्यातः सुप्रज्ञप्तो भवति इह खलु पञ्च महाभूतानि तैर्नो विद्यते क्रिया इति वा, अक्रिया

अन्वयार्थ—पुरुष धर्म में आसक्त होता है। (त गमणाए समणा माहणा य संपहारिंसु) उसके निकट जाने के लिए श्रमण और माहन विचार करते हैं। (तत्थ अन्नतरेणं धम्मेण पन्नत्तारो वयं इमेण धम्मेण पन्नवइस्सामो) वे किसी एक धर्म की शिक्षा देने वाले अन्यतीर्थी श्रमण और माहन राजा से कहते हैं कि— हम आपको अपने इस धर्म की शिक्षा देंगे। (भयंतारो) वे कहते हैं कि— हे प्रजाओं को निर्भय करने वाले राजन्! (जहा मए एस सुयक्खाए धम्मे सुपन्नत्ते भवति से एवमायाणह) मैं जो इस उत्तम धर्म का उपदेश करता हूँ सो आप इसे सत्य समझें (इह पंच महब्भूता खलु) इस जगत् में पाँच महाभूत ही सब कुछ हैं (जेहिं नो किरियाति वा अकिरियाति वा) जिससे हमारी क्रिया, अक्रिया, (सुक्कडेति वा दुक्कडेति वा)

भावार्थ—आत्मा को स्वीकार न करने वाले नास्तिक और आत्मा को क्रियारहित मानने वाले सांख्यवादी दोनों ही पाञ्चमहाभूतिक समझने योग्य हैं। नास्तिक कहते हैं कि—पृथ्वी आदि पाँच महाभूत सदा विद्यमान रहते हैं इनका नाश कभी नहीं होता है तथा ये सबसे बड़े होने के कारण महाभूत कहलाते हैं। आना, जाना, उठना, बैठना, सोना, जागना आदि समस्त क्रियायें इनके द्वारा ही की जाती हैं किसी दूसरे काल ईश्वर अथवा आत्मा आदि के द्वारा नहीं क्योंकि काल ईश्वर तथा आत्मा आदि पदार्थ मिथ्या हैं इनकी कल्पना करना व्यर्थ है। एवं स्वर्ग नरक आदि अप्रत्यक्ष पदार्थों की कल्पना भी मिथ्या है वस्तुतः इसी जगह जो उत्तम सुख भोगा जाता है वह स्वर्ग है तथा भयंकर रोग शोक आदि पीड़ायें भोगना नरक है इनसे भिन्न स्वर्ग या नरक कोई लोक विशेष नहीं हैं अतः स्वर्ग लोक की प्राप्ति के लिए नाना प्रकार की तपस्याओं के अनुष्ठान से शरीर को क्लेश देना तथा नरक के भय से इस लोक के सुख को

वा सुक्कडेति वा दुक्कडेति वा कल्लाणेति वा पावएति वा साहुति वा असाहुति वा सिद्धीति वा असिद्धीति वा णिरएति वा अणिरएति वा अवि अतसो तणमायमवि ॥ त च पिहुद्देसेणं पुढोभूतसमवात जाणेज्जा, तजहा–पुढवी एगे महब्भूते आऊ दुच्चे महब्भूते तेऊ

छाया—इति वा, सुकृतम् इति वा दुष्कृतमिति वा, कल्याणमिति वा, पापकमिति वा, साधु इति वा, असाधु इति वा, सिद्धिरिति वा असिद्धिरिति वा निरयइति वा अनिरय इति वा अपि अन्तशः तृणमात्रमपि । तच्च पृथक् उद्देशेन पृथग् भूतसमवाय जानीयात् । तद्यथा पृथिवी एकं

अन्वयार्थ—सुकृत दुष्कृत (कल्लाणेति वा पावएति वा) कल्याण, पाप, (साहुति वा असाहुति वा) भला बुरा (सिद्धिति वा असिद्धीति वा) सिद्धि असिद्धि (णिरएति वा अणिरएति वा) नरक तथा उससे भिन्न गति (अवि अतसो तणमायमवि) अधिक कहाँ तक कहें तृण का नग्न होना भी (विनाश) होता है । (तं च पिहुद्देसेणं पुढो भूतसमवात जाणेज्जा) उस भूत समूह को अलग अलग नामों से जानिये (तंजहा) जैसे (पुढवी एगे महब्भूते) पृथिवी एक महाभूत है (आऊ दुच्चे महब्भूते) जल

भावार्थ—त्याग करना अज्ञान है। शरीर में जो चैतन्य अनुभव किया जाता है वह शरीर के रूप में परिणत पाँच महाभूतों का ही गुण है किसी अप्रत्यक्ष आत्मा का नहीं। शरीर के नाश होने पर उस चैतन्य का भी नाश हो जाता है अतः नरक या तिर्य्यञ्च योनि में जन्म लेकर कष्ट भोगने का भय करना अज्ञान है यह पञ्चमहाभूतवादी नास्तिकों का मन्तव्य है। अब साङ्ख्यमत बताया जाता है—साङ्ख्यवादी कहता है कि—सत्व, रज, और तम ये तीन पदार्थ संसार के मूल कारण हैं इन तीन पदार्थों की साम्य अवस्था को प्रकृति कहते हैं वह प्रकृति ही समस्त विश्व की आत्मा है और वही सब कार्यों का सम्पादन करती है। यद्यपि पुरुष या जीव नामक एक चेतन पदार्थ भी अवश्य है तथापि वह आकाशवत् व्यापक होने के कारण क्रिया रहित है। वह प्रकृति के द्वारा किये हुए कर्मों का फल भोगता है और बुद्धि के द्वारा ग्रहण किये हुए पदार्थों का प्रकाश करता है। इन दो कार्य्यों से भिन्न कोई कार्य्य वह पुरुष या जीव नहीं करता है। जिस बुद्धि के द्वारा ग्रहण किये हुए पदार्थों को वह पुरुष या जीव प्रकाशित करता है वह बुद्धि भी प्रकृति से भिन्न नहीं किन्तु उसी

तच्चे महब्भूते वाऊ चउत्थे महब्भूते आगासे पचमे महब्भूते, इच्चेते पच महब्भूया अणिम्मिया अणिम्माविता अकडा णो कित्तिमा णो कडगा अणाइया अणिहणा अवझा अपुरोहिता

छाया—महाभूतम्, आपो द्वितीयं महाभूत तेजः तृतीयं महाभूतं, वायु चतुर्थ महाभूतम् आकाश पञ्चम महाभूतम् । इत्येतानि पञ्च महाभूतानि अनिर्मितानि अनिर्मापितानि अकृतानि नो कृत्रिमाणि नो कृतकानि अनादिकानि अनिधनानि अवन्ध्यानि अपुरोहितानि

अन्वयार्थ—दूसरा महाभूत है (तेऊ तच्चे महब्भूते) तेज तीसरा महाभूत है (वाऊ चउत्थे महब्भूते) वायु चौथा महाभूत है (आगासे पंचमे महब्भूते) आकाश पाँचवाँ महाभूत है (इच्चेते पंच महब्भूया अणिम्मिया अणिम्माविया) ये पाँच महाभूत किसी कर्त्ता के द्वारा किये हुए नहीं हैं तथा किसी के द्वारा कराये हुए भी नहीं हैं (अकडा णो कित्तिमा णो कडगा) ये किये हुए नहीं हैं तथा कृत्रिम नहीं हैं एव अपनी उत्पत्ति के लिए ये किसी की अपेक्षा नहीं करते हैं । (अणाइया अणिहणा अवंझा) ये पांच महाभूत आदि तथा नाश रहित और अवन्ध्य यानी सब कार्यों के

भावार्थ—का कार्य्य है अतएव वह त्रिगुणात्मिका है । अर्थात् यह बुद्धि भी तीन सूतों से बनी हुई रस्सी के समान सत्व, रज और तम इन तीन गुणों से ही बनी हुई है । सत्व रज और तम इन तीन गुणों का सदा उपचय और अपचय होता रहता है, इसलिए ये तीनों गुण कभी स्थिर नहीं रहते । जब सत्त्व गुण की वृद्धि होती है तब मनुष्य शुभ कृत्य करता है और जब रजोगुण की वृद्धि होती है तब पाप और पुण्य दोनों से मिश्रित कार्य किये जाते हैं एव तमोगुण के उपचय होने पर हिंसा, झूठ, चोरी आदि एकान्त पापमय कार्य्य किए जाते हैं । इस प्रकार जगत् के समस्त कार्य्य सत्त्व, रज, तम इन तीन गुणों के उपचय और अपचय के द्वारा ही किये जाते हैं निष्क्रिय आत्मा के द्वारा नहीं । पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश रूप पाँच महाभूत, सत्व, रज और तम इन तीन गुणों के द्वारा ही उत्पन्न हैं अतः प्रकृति ही सबकी अधिष्ठात्री और आत्मा है । प्रकृति से पदार्थों की उत्पत्ति का क्रम इस प्रकार समझना चाहिये—सत्त्व, रज और तम इन तीन पदार्थों की साम्य अवस्था को प्रकृति कहते हैं उस प्रकृति से बुद्धि तत्त्व उत्पन्न होता है और उस बुद्धि तत्त्व से अहङ्कार की उत्पत्ति होती है, अहंकार से रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्द इन पाँच

सतता सासता आयछट्ठा, पुण एगे एवमाहु–सतो णत्थि विणासो असतो णत्थि संभवो॥ एतावताव जीवकाए, एतावताव अत्थिकाए, एतावताव सव्वलोए, एत मुहं लोगस्स करणयाए, अवियतसो

छाया—स्वतन्त्राणि शाश्वतानि आत्मषष्ठानि। एके पुनराहुः—सतो नास्ति विनाशः असतो नास्ति सम्भवः। एतावानेव जीवकायः एतावानेव अस्तिकायः एतावानेव सर्वलोकः एतत् मुख्यं लोकस्य कारणम्

अन्वयार्थ—सम्पादक हैं। (अपुरोहिता सर्वथा सासता) इन्हें कार्य में प्रवृत्त करने वाला कोई दूसरा पदार्थ नहीं है ये स्वतन्त्र तथा नित्य हैं (एगे पुण आयछट्ठा) कोई, पाँच महाभूत तथा छट्ठे आत्मा को भी स्वीकार करते हैं (एवमाहु) वे इस प्रकार कहते हैं कि— (सतो विणासो णत्थि असतो संभवो णत्थि) सत् का विनाश और असत् की उत्पत्ति नहीं होती है। (एतावताव जीवकाए) ये पञ्चमहाभूतवादी कहते हैं कि— इतना ही जीव है (एतावताव अत्थिकाए एतावताव सव्व लोए) इतना ही अस्तित्व है तथा इतना ही समस्त लोक है। (एत लोगस्स मुहं करणयाए) तथा ये पांच महाभूत ही लोक के मुख्य कारण हैं। (अवि अतसो तणमायमवि)

भावार्थ—तन्मात्राओं (सूक्ष्मभूतों) की उत्पत्ति होती है, उक्त पाँच तन्मात्राओं से पृथ्वी आदि पाँच महाभूत और ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रिय और ग्यारहवाँ मन उत्पन्न होता है। ये सब मिलकर २४ पदार्थ होते हैं ये ही समस्त विश्व के परिचालक हैं। यद्यपि पच्चीसवाँ पुरुष भी एक पदार्थ है तथापि वह भोग और बुद्धि से गृहीत पदार्थ के प्रकाश करने के सिवाय और कुछ नहीं करता है। अतः प्रकृति से समस्त कार्य होते हैं यह सांख्य का सिद्धान्त है। इनके मत में पुण्य पाप आदि सभी क्रियायें प्रकृति करती हैं इसलिए भारी से भारी पाप करने पर भी आत्मा को उसका लेप नहीं होता है किन्तु वह निर्मल ही बना रहता है। एकेन्द्रिय प्राणियों की तो बात ही क्या है ? यदि पंचेन्द्रिय प्राणी को भी कोई खरीदे घात करे उसका मांस पकावे तो भी उसका आत्मा पाप से अलिप्त ही रहता है। यह संक्षेपतः सांख्यमत कहा गया है वस्तुतः विचारवान् पुरुष की दृष्टि में यह मत बिल्कुल निःसार और युक्तिरहित है क्योंकि सांख्यवादी, पुरुषको चेतन और प्रकृति को अचेतन तथा नित्य कहता है, ऐसी दशा में अचेतन और नित्य प्रकृति इस विश्व को किस प्रकार उत्पन्न कर सकती है ? क्योंकि

तणमायमवि ॥ से किणं किणावेमाणे हणं घायमाणे पयं पयावेमाणे अवि अंतसो पुरिसमवि कीणित्ता घायइत्ता एत्थपि जाणाहि णत्थित्थदोसो, ते णो एवं विप्पडिवेदेंति, तंजहा–किरियाइ वा

छाया—अपि अन्तशः तृणमात्रमपि । स क्रीणन् क्रापयन् घ्नन् घातयन् पचन् पाचयन् अप्यन्तशः पुरुषमपि क्रीत्वा घातयित्वा अत्रापि जानीहि नास्त्यत्र दोषः । ते नो एव विप्रतिवेदयन्ति तद्यथा क्रियेतिवा

अन्वयार्थ—तृण का कम्पन भी इन पांच महाभूतों के कारण ही होता है । (से कीणं कीणावेमाणे हणं घायमाणे पयं पयावेमाणे अवि अंतसो पुरिसमवि कीणित्ता घायइत्ता एत्थंवि जाणाहि णत्थित्थ दोसो) अतः स्वयं खरीद करता हुआ तथा दूसरे से खरीद कराता हुआ, एवं प्राणियों का स्वयं घात करता हुआ और दूसरे से घात कराता हुआ स्वयं पाक करता हुआ अथवा दूसरे से पाक कराता हुआ पुरुष दोष का भागी नहीं होता है । यदि वह किसी मनुष्य को भी खरीद कर उसका घात कर दे तो इसमें भी कोई दोष नहीं है यह जानो (ते) इस प्रकार के सिद्धान्त को मानने वाले वे पंचमहाभूतवादी (किरियाइ वा जाव अणिरएइ वा णो विप्पडिवेदेंति)

भावार्थ—यह ज्ञानरहित जड़ है । तथा जो वस्तु है नहीं वह कभी नहीं होती और जो है उसका अभाव नहीं होता यह भी सांख्य मानता है अतः जिस समय प्रकृति और पुरुष दो ही थे उस समय यह विश्व तो था ही नहीं फिर यह किस प्रकार उत्पन्न हुआ ? यह सांख्यवादी को सोचना चाहिये । तथा यह बिचारा आत्मा तो पाप पुण्य कुछ करता ही नहीं फिर इसे दुःख सुख क्यों भोगने पड़ते हैं? प्रकृति ने पाप पुण्य किये हैं इसलिए उचित तो यह है कि उनका फल प्रकृति ही भोगे । प्रकृति के पाप पुण्य का फल यदि पुरुष भोगता है तो देवदत्त के पाप पुण्य का फल यज्ञदत्त क्यों नहीं भोगता है ? अतः दूसरे के कर्म का फल दूसरा भोगे यह कदापि सम्भव नहीं है तथा केवल जड़ से विश्व की उत्पत्ति मानना भी असंगत है । इसी तरह लोकायतिकों ने जो विश्व का कर्त्ता पाँच महाभूतों को माना है यह भी ठीक नहीं है क्योंकि पाँच महाभूत जड़ हैं चेतन नहीं हैं फिर वे जगत् के कर्त्ता कैसे हो सकते हैं ? यदि कहो कि—शरीर के आकार में परिणत पाँच महाभूत चेतन हैं तो यह भी असंगत है क्योंकि इनका अधिष्ठाता जब तक कोई चेतन पदार्थ न माना जाय तब तक

जावऽणिरएइ वा, एवं ते विरुवरूवेहिं कम्मसमारंभेहिं विरूवरूवाइं कामभोगाइं समारभंति भोयणाए, एवमेव ते अणारिया विप्पडिवन्ना तं सद्दहमाणा त पत्तियमाणा जाव इति, ते णो हव्वाए

छाया—यावत् अनिरयइति वा । एवं ते विरूपरूपैः कर्मसमारम्भैः विरूपरूपान् कामभोगान् समारभन्ते भोगाय । एवमेव ते अनार्य्या विप्रतिपन्ना तत् श्रद्दधाना. तत् प्रतियन्तः यावदिति । ते नोऽर्वाचे

अन्वयार्थ—क्रिया से ले कर नरक भिन्न तक के पदार्थों को नहीं मानते हैं। (ते विरूवरूवेहिं कम्मसमारम्भेहिं भोयणाए विरूवरूवाइं कामभोगाइं समारभंति) वे नाना प्रकार के सावद्य अनुष्ठानों के द्वारा विषयभोगों की प्राप्ति के लिए सदा आरम्भ में प्रवृत्त रहते हैं। (एवमेव ते अणारिया विप्पडिवन्ना) अतः वे अनार्य्य तथा विपरीत विचार वाले हैं। (त सद्दहमाणा त पत्तियमाणा जाव इति) इन पांच महाभूतवादियों के धर्म में श्रद्धा रखने वाले और इनके धर्म को सत्य मानने वाले राजा आदि इन्हें विषयभोग की सामग्री अर्पण करते हैं (ते णो हव्वाए णो पाराए अंतरा कामभोगेसु विसण्णा) वे विषयभोग में प्रवृत्त हो कर न इसी लोक के होते हैं और न पर

भावार्थ—शरीर के आकार में इनका परिणाम होना ही असम्भव है। विना कारण परिणाम नहीं हो सकता है अतः शरीर के आकार में पाँच भूतों के परिणाम का कारण आत्मा को मानना ही युक्तियुक्त है। अतः पूर्वोक्त सांख्य तथा नास्तिक दोनों के मत युक्तिरहित हैं। यद्यपि सांख्य और नास्तिकों का सिद्धान्त मानने योग्य नहीं है तथापि ये लोग अपने मतों को सत्य समझते हुए दूसरे को भी अपने मत का उपदेश करते हैं। इनके शिष्य इनके धर्म को सत्य मान कर अपने को कृतार्थ समझते हैं और इनके भोगार्थ नाना प्रकार की विषय भोग की सामग्री इन्हें अर्पण करते हैं। विषय भोग की सामग्री को पाकर ये लोग सांसारिक सुख भोग में इस प्रकार आसक्त हो जाते हैं जैसे महान् कीचड़ में हाथी फँस जाता है ये लोग इस लोक से भी भ्रष्ट हो चुके हैं और परलोक से भी बिगड़ जाते हैं ये न तो स्वयं संसार सागर को पार कर सकते हैं और न दूसरे को उससे उद्धार कर सकते हैं किन्तु विषय भोगरूपी कीचड़ में फंसकर ये सदा

णो पाराए, अंतरा कामभोगेसु विसरणा, दोच्चे पुरिसजाए पंचम-हब्भूतिएत्ति आहिए ॥सूत्र १०॥

छाया—नो पाराय अन्तरा कामभोगेषु विषण्णाः द्वितीयः पुरुषजात पाञ्चमहाभूतिक इत्याख्यायते ॥१०॥

अन्वयार्थ—(लोक के ही होते हैं किन्तु बीच में ही कामभोग में आसक्त हो कर कष्ट पाते हैं। (दोच्चे पुरिसजाए पंचमहब्भूएत्ति आहिए) यह दूसरा पुरुष पाञ्चमहाभूतिक कहलाता है।

भावार्थ—संसार में ही भ्रमण करते रहते हैं। यह दूसरे पुरुष का वृत्तान्त है इसके पश्चात् अब तीसरे पुरुष का वर्णन किया जाता है। ॥१०॥



अहावरे तच्चे पुरिसजाए ईसरकारणिए इति आहिज्जइ, इह खलु पादीण वा ६ सतेगतिया मणुस्सा भवति, अणुपुव्वेण लोय उव-

छाया—अथापरस्तृतीयः पुरुषजातः ईश्वरकारणिक इत्याख्यायते। इह खलु प्राच्यां वा ६ सन्त्येकतये मनुष्या भवन्ति आनुपूर्व्या लोक

अन्वयार्थ—(अह अवरे तच्चे पुरिसजाए ईसरकारणिए इति आहिज्जइ) इसके पश्चात् तीसरा पुरुष ईश्वरकारणिक कहलाता है। (इह खलु पाईणंवा ६ संतेगतिया मणुस्सा भवति) इस मनुष्य लोक में पूर्व आदि दिशाओं में कोई मनुष्य होते हैं (अणुपुव्वेण लोग मुववण्णा) जो क्रमशः इस लोक में उत्पन्न हैं। (तं० वेगे आरिया जाव)

भावार्थ—अब तीसरे पुरुष का वर्णन किया जाता है। यह तीसरा पुरुष, चेतन और अचेतन स्वरूप इस समस्त संसार का कर्ता ईश्वर नामक एक पदार्थ मानता है। इसका कहना यह है कि जो पदार्थ किसी विशेष अवयव-रचना से युक्त होता है वह किसी बुद्धिमान कर्ता के द्वारा बनाया हुआ होता है। जैसे घट, विशेष अवयव रचना से युक्त होता है इसलिये वह कुम्हार के द्वारा बनाया हुआ होता है तथा पट भी जुलाहे के द्वारा बनाया हुआ होता है इसी तरह प्राणियों का शरीर तथा यह समस्त भुवन, विशेष अवयव रचना से युक्त है अतः यह भी किसी बुद्धिमान

वन्ना, तं०–आरिया वेगे जाव तेसिं च णं महंते एगे राया भवइ जाव सेणावइपुत्ता, तेसिं च णं एगतीए सड्ढी भवइ, काम त समणा य माहणा य पहारिंसु गमणाए जाव जहा मए एस धम्मे

छाया—मुपपन्नाः तद्यथा आर्य्याः एके यावत् तेषाञ्च महान् एको राजा भवति यावत् सेनापतिपुत्राः । तेषाञ्च एकतय श्रद्धावान् भवति कामं त श्रमणाश्च ब्राह्मणाश्च सम्प्रधार्षुः गमनाय यावत्,

अन्वयार्थ—उनमें कोई आर्य्य तथा कोई अनार्य्य होते हैं इस प्रकार प्रथमसूत्रोक्त सब वर्णन यहां भी जानना चाहिये। (तेसिं च णं एगे महंते राया भवइ जाव सेणावइपुत्ता) उन मनुष्यों में कोई श्रेष्ठ पुरुष राजा होता है और उसकी सभा के सभासद् सेनापति पुत्र आदि होते हैं इस प्रकार राजा तथा उसकी सभा का वर्णन प्रथम सूत्रोक्त रीति से जानना चाहिये। (तेसिं च णं एगतिए सड्ढी भवइ) इन पुरुषों में कोई धर्म श्रद्धालु होता है। (त समणा य माहणा य गमणाए पहरिंसु) उस धर्म

भावार्थ—कर्ता के द्वारा बनाया हुआ है। जिस बुद्धिमान् कर्ता ने इनको उत्पन्न किया है वह हम लोगों के समान अल्पशक्ति तथा अल्पज्ञ नहीं हो सकता है किन्तु वह सर्वशक्तिमान् तथा सर्वज्ञ पुरुष है वह ईश्वर या परमात्मा कहलाता है उस ईश्वर की कृपा से जीव स्वर्ग भोगता है और उसके कोप से नरक भोगता है। जीव अल्पज्ञ और अल्पशक्ति है यह अपनी इच्छा से सुख नहीं प्राप्त कर सकता तथा अपने दुःख को भी दूर नहीं कर सकता है किन्तु ईश्वर की आज्ञा से उसे सुख दुःख की प्राप्ति होती है इस प्रकार ईश्वर की कल्पना करने वाले कहते हैं—"अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः ईश्वरप्रेरितो गच्छेत्स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा" अर्थात् । इस अज्ञानी जीव में यह शक्ति नहीं है कि यह सुख की प्राप्ति और दुःख का परिहार स्वयं कर सके किन्तु ईश्वर की प्रेरणा से यह स्वर्ग या नरक में जाता है। इस प्रकार ईश्वरवादी जैसे समस्त जगत् का कारण ईश्वर को मानता है इसीतरह आत्माद्वैतवादी एक आत्मा को समस्त विश्व का कारण कहता है। जैसा कि—"एक एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः। एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्" अर्थात् एक ही आत्मा समस्त प्राणियों में स्थित है। वह एक होता हुआ भी जल में चन्द्रमा के समान भिन्न भिन्न प्रतीत होता है। तथा—

सुअक्खाए सुपन्नत्ते भवइ ॥ इह खलु धम्मा पुरसादिया पुरिसोत्तरिया पुरिसप्पणीया पुरिससभूया पुरिसपज्जोतिता पुरिसमभिसमण्णागया पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठति, से जहाणामए गण्डे सिया सरीरे जाए सरीरे सवुड्ढे सरीरे अभिसमण्णागए सरीरमेव

छाया—यथा मया एष धर्मः स्वाख्यातः सुप्रज्ञप्तो भवति—इह खलु धर्मा पुरुषादिकाः पुरुषोत्तराः पुरुषप्रणीताः पुरुषसम्भूता पुरुषप्रद्योतिताः पुरुषमभिसमन्वागताः पुरुषमेव अभिभूय तिष्ठन्ति । तद्यथा नाम गण्डः स्यात् शरीरे जात शरीरे संवृद्ध शरीरेऽभि

अन्वयार्थ—अदालु पुरुष के निकट श्रमण और ब्राह्मण जाने का निश्चय करते हैं। (जहा मए सुयक्खाए सुपन्नत्ते भवइ जाव) वे आकर कहते हैं कि—हे राजन् मैं तुमको सच्चा धर्म सुनाता हूँ, तू इसे सत्य जानो। (इह खलु धम्मा पुरिसादिया) इस जगत् में चेतन और अचेतन जितने पदार्थ हैं सब का मूल कारण ईश्वर या आत्मा है। (पुरिसोत्तरिया) एव सब पदार्थों का कार्य्य भी ईश्वर अथवा आत्मा ही है। (पुरिसप्पणीया) सभी पदार्थ ईश्वर के द्वारा रचित हैं। (पुरिससभूया) सभी ईश्वर से उत्पन्न हैं। (पुरिसपज्जोतिता) सभी ईश्वर से प्रकाशित हैं (पुरिसमभिसमण्णागया) सभी पदार्थ ईश्वर के अनुगामी हैं (पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठंति) सभी पदार्थ ईश्वर को ही आधार रूप से आश्रय लेकर स्थित हैं। (जहाणामए गण्डे सिया) जैसे प्राणी के शरीर में उत्पन्न गण्ड (फोड़ा) (सरीरे जाए सरीरे संवुड्ढे

भावार्थ—"पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्" अर्थात् इस जगत् में जो हो चुका है और जो होने वाला है वह सब आत्मा ही है। जैसे मिट्टी के द्वारा बने हुए सभी पात्र मृण्मय हैं तथा तन्तु के द्वारा बने हुए सभी वस्त्र तन्तुमय हैं इसीतरह समस्त विश्व आत्मा के द्वारा निर्मित होने के कारण आत्ममय है। समस्त पदार्थ आत्मा के द्वारा निर्मित होने के कारण आत्मा में ही निवास करते हैं वे उससे अलग नहीं किये जा सकते हैं, जैसे शरीर में उत्पन्न फोड़ा शरीर में ही स्थित रहता है तथा मन में उत्पन्न दुःख मनमें ही विद्यमान रहता है तथा पृथिवी से उत्पन्न वल्मीक पृथिवी पर ही रहता है एवं जल से उत्पन्न बुद्बुद जल में ही रहता है परन्तु शरीर को छोड़ कर फोड़ा, मन को छोड़ कर दुःख पृथिवी को छोड़ कर वल्मीक और जल को छोड़कर बुद्बुद अलग नहीं

अभिभूय चिट्ठति, एवमेव धम्मा पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठति । से जहाणामए अरई सिया सरीरे जाया सरीरे संवुड्ढा सरीरे अभिसमण्णागया सरीरमेव अभिभूय चिट्ठति, एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठति । से जहा-

छाया—समन्वागतः शरीरमेव अभिभूय तिष्ठति एवमेव धर्माः पुरुषादिकाः यावत् पुरुषमेव अभिभूय तिष्ठन्ति । तद्यथा नाम अरतिः स्यात् शरीरे जाता शरीरे संवृद्धा शरीरेऽभिसमन्वागता शरीरमेव अभिभूय तिष्ठति एवमेव धर्मा अपि पुरुषादिकाः यावत् पुरुषमेव

अन्वयार्थ—सरीरे अभिसमण्णागए सरीरमेव अभिभूय चिट्ठति) शरीर से उत्पन्न होता है और शरीर में ही बढ़ता है तथा शरीर का ही अनुगामी होता है और शरीर को ही आधार रूप से आश्रय लेकर स्थित रहता है (एवमेव धम्मा पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठंति) इसी तरह सभी पदार्थ ईश्वर से उत्पन्न होते हैं और ईश्वर में ही वृद्धि को प्राप्त होते हैं तथा ईश्वर के ही अनुगामी हैं एवं ईश्वर को ही आधार रूप से आश्रय लेकर स्थित रहते हैं। (से जहाणामए अरई सिया सरीरे जाया

भावार्थ—रह सकता है इसी तरह समस्त पदार्थ आत्मा को छोड़ कर अलग नहीं रह सकते हैं किन्तु ये आत्मा में ही वृद्धि ह्रास आदि को प्राप्त करते रहते हैं यह आत्माद्वैतवादी का सिद्धान्त है। ईश्वर कारणवादी और आत्माऽद्वैतवादी ये दोनों ही तीसरे पुरुष में ग्रहण किये गये हैं। ये दोनों ही कहते हैं कि—आचाराङ्ग आदि जो श्रमण निर्ग्रन्थों का द्वादशाङ्ग शास्त्र है वह मिथ्या है क्योंकि वह ईश्वर के द्वारा किया हुआ नहीं है किन्तु किसी साधारण व्यक्ति के द्वारा निर्मित और विपरीत अर्थ का बोधक है। इस प्रकार आर्हत दर्शन की निन्दा करने वाले ईश्वरकारणवादी और आत्माद्वैतवादी अपने अपने मतों में अत्यन्त आग्रह रखते हुए अपने सिद्धान्तों की शिक्षा शिष्यों को देते हैं तथा द्रव्योपार्जनार्थ नाना प्रकार के सावद्य कर्मों का सेवन करके पाप का सञ्चय करते हैं। वे विषयभोग में अत्यन्त आसक्त तथा दाम्भिक होते हैं । इस कारण ये न तो इसी लोक के होते हैं और न परलोक के ही होते हैं किन्तु मध्य में ही कामभोग में आसक्त होकर कष्ट पाते हैं। ये जो ईश्वर या आत्मा को जगत् का कर्ता मानते हैं वह सर्वथा मिथ्या है क्योंकि—वह ईश्वर

णामए वम्मिए सिया पुढविजाए पुढविसंवुड्ढे पुढविअभिसमण्णागए पुढविमेव अभिभूय चिट्ठइ एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठति। से जहाणामए रुक्खे सिया पुढविजाए पुढविसंवुड्ढे पुढविअभिसमण्णागए पुढविमेव अभिभूय चिट्ठति,

छाया—अभिभूय तिष्ठन्ति। तद्यथा नाम वल्मीकं स्यात् पृथिवी जात पृथिवी सम्वृद्धं पृथिवीमभिसमन्वागत पृथिवीमेव अभिभूय तिष्ठति एवमेव धर्मा अपि पुरुषादिका. यावत् पुरुषमेव अभिभूय तिष्ठन्ति तद्यथानाम वृक्षः स्यात् पृथिवीजातः पृथिवीसम्वृद्ध' पृथिवीममि समन्वागत पृथिवीमेव अभिभूय तिष्ठति एवमेव धर्माअपि पुरुषादिकाः यावत् पुरुषमेव

अन्वयार्थ—सरीरे संवुड्ढा सरीरे अभिसमण्णागया सरीरमेव अभिभूय चिट्ठति) जैसे पित्त का उद्वेग शरीर में उत्पन्न होता है, शरीर में वृद्धि को प्राप्त होता है शरीर का अनुगामी होता है और शरीर को आधार रूप से आश्रय लेकर स्थित रहता है (एवमेव धम्मा अवि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठंति) इसी तरह समस्त पदार्थ ईश्वर से उत्पन्न होकर उसी के आश्रय से स्थित हैं। (से जहाणामए वम्मिए सिया पुढविजाए पुढविसंवुड्ढे पुढविमभिसमण्णागए पुढवीमेव अभिभूय चिट्ठइ) जैसे वल्मीक पृथिवी से उत्पन्न होता है और पृथिवी में ही बढ़ता है तथा वह पृथिवी का ही अनुगामी है एवं पृथिवी का ही आश्रय लेकर स्थित रहता है (एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठंति) इसी तरह समस्त पदार्थ ईश्वर से उत्पन्न और ईश्वर के आश्रय से ही स्थित हैं। (से जहाणामए रुक्खे सिया पुढवीजाए पुढवीसंवुड्ढ पुढवीमभिसमण्णागए पुढवीमेव अभिभूय चिट्ठति जैसे वृक्ष पृथिवी से उत्पन्न और उसीमें वृद्धि और स्थिति को प्राप्त करता है तथा उसो

भावार्थ—अपनी इच्छा से प्राणियों को क्रिया में प्रवृत्त करता है अथवा किसी दूसरे की प्रेरणा से करता है ? यदि वह अपनी इच्छा से प्राणियों को क्रिया में प्रवृत्त करता है तो प्राणी अपनी इच्छा से ही क्रिया में प्रवृत्त होते हैं यही क्यों न मान लिया जाय ? ईश्वर प्राणियों को क्रिया में प्रवृत्त करता है यह क्यों माना जावे ? यदि वह ईश्वर किसी दूसरे की प्रेरणा से प्राणियों को क्रिया में प्रवृत्त करता है तो जिसकी प्रेरणा से वह प्राणियों को क्रिया में प्रवृत्त करता है उसकी भी प्रेरणा करने वाला कोई तीसरा होना चाहिये और उस तीसरे का चौथा और चौथे का पाँचवाँ इस प्रकार इस पक्ष में अनवस्था दोष आता है। अत प्राणिवर्ग

एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठ ति। से जहाणामए पुक्खरिणी सिया पुढविजाया जाव पुढविमेव अभिभूय चिट्ठति, एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठति। से जहाणामए उदगपुक्खले सिया उदगजाए जाव उदगमेव

छाया—अभिभूय तिष्ठन्ति तद्यथा नाम पुष्करिणी स्यात् पृथिवीजाता यावत् पृथिवी मेव अभिभूय तिष्ठति एवमेव धर्मा अपि पुरुषादिकाः यावत् पुरुषमेव अभिभूय तिष्ठन्ति। तद्यथा नाम उदकपुष्कलं स्यात् उदकजात यावद् उदकमेव अभिभूय तिष्ठति एवमेव धर्मा अपि पुरुषादिकाः यावत् पुरुषमेव अभिभूय तिष्ठन्ति। तद्यथा नाम

अन्वयार्थ—के आश्रय से रहता है (एवमेव धम्माअवि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूया चिट्ठति) इसी तरह समस्त पदार्थ ईश्वर से उत्पन्न और उसीमें स्थित रहते हैं। (सेजहाणामए पुक्खरिणी सिया पुढविजाया जाव पुढविमेव अभिभूय चिट्ठति) जैसे पुष्करिणी पृथिवी से उत्पन्न और उसीके आश्रय से स्थित रहती है (एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठंति) इसी तरह सभी पदार्थ ईश्वर से उत्पन्न और उसी के आश्रय से स्थित हैं। (से जहाणामए उदगपुक्खले सिया उदगजाए जाव उदग मेव अभिभूय, चिट्ठति) जैसे जलकी वृद्धि जलसे उत्पन्न होकर जल में ही स्थित

भावार्थ—ईश्वर की प्रेरणा से क्रिया में प्रवृत्त होते हैं यह पक्ष ठीक नहीं है।

तथा वह ईश्वर सराग है अथवा वीतराग है? यदि सराग है तो वह साधारण जीव के समान ही सृष्टि का कर्त्ता नहीं हो सकता है और यदि वीतराग है तो वह किसी को नरक के योग्य पाप क्रिया में और किसी को स्वर्ग तथा मोक्ष के योग्य शुभ क्रिया में क्यों प्रवृत्त करता है? यदि कहो कि—प्राणिवर्ग अपने पूर्वकृत शुभ और अशुभ कर्म के उदय से ही शुभ तथा अशुभ क्रिया में प्रवृत्त होते हैं ईश्वर तो निमित्तमात्र है तो यह भी ठीक नहीं है क्योंकि—पूर्वकृत शुभ और अशुभ कर्मों का उदय भी ईश्वर के ही आधीन है अतः वह प्राणियों की शुभ और अशुभ प्रवृत्ति की जिम्मेदारी से नहीं बच सकता है।

यदि यह मान लें कि प्राणी अपने पूर्वकृत कर्म के उदय से क्रिया में प्रवृत्त होते हैं तो यह भी मानना पड़ेगा कि— प्राणी जिस पूर्वकृत कर्म के उदय से क्रिया में प्रवृत्त होते हैं वह पूर्वकृत कर्म भी अपने

अभिभूय चिट्ठति, एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठति। से जहाणामए उदगबुब्बुए सिया उदगजाए जाव उदगमेव अभिभूय चिट्ठति, एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठति॥ जपि य इम समणाण णिग्ग-

छाया—उदकबुद्बुदः स्यात् उदकजात यावत् उदकमेव अभिभूय तिष्ठति एवमेव धर्मा' अपि पुरुषादिका यावत् पुरुषमेव अभिभूय तिष्ठन्ति। यदपि चेद श्रमणानां निग्रन्थानामुद्दिष्टं प्रणीत

अन्वयार्थ—रहती है (एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठंति) इसी तरह समस्त पदार्थ ईश्वर से उत्पन्न होकर उसीमें स्थित रहते हैं। (से जहाणामए उदगबुब्बुए सिया उदगजाए जाव उदगमेव अभिभूय चिट्ठति)। जैसे पानी का बुद्बुद् पानी से उत्पन्न और उसीमें स्थित रहता है (एवमेव धम्मावि पुरिसादिया जाव पुरिसमेव अभिभूय चिट्ठंति) इसी तरह समस्त पदार्थ ईश्वर से उत्पन्न और उसीमें स्थित रहते हैं। जपिय इम समणाणं णिग्गंथाणं उद्दिट्ठ पणीयं वियंजियं गणि

भावार्थ—पूर्वकृत कर्म के उदय से ही हुआ था तथा यह भी अपने पूर्वकृत कर्म के उदय से हुआ था इस प्रकार पूर्वकृत कर्म की परम्परा अनादि सिद्ध होती है। इस प्रकार ईश्वर मानने पर भी जब पूर्वकृत कर्म की परम्परा अनादि सिद्ध होती है तथा वही प्राणी की क्रिया में प्रवृत्ति का कारण भी ठहरती है तब फिर निरर्थक ईश्वर मानने की क्या आवश्यकता है? जिसके सम्बन्ध से जिसकी उत्पत्ति होती है वही उसका कारण माना जाता है दूसरा नहीं माना जाता। मनुष्य का घाव शस्त्र और औषधि के प्रयोग से अच्छा होता है इसलिए शस्त्र और औषधि ही घाव भरने के कारण माने जाते हैं परन्तु उस घाव के साथ जिसका कोई सम्बन्ध नहीं है उस ठूंठ को घाव भरने का कारण नहीं माना जाता अतः पूर्वकृत कर्म के उदय से ही प्राणियों की शुभाशुभ क्रिया में प्रवृत्ति सिद्ध होने पर उसके लिये ईश्वर मानने की कोई आवश्यकता नहीं है। ईश्वरवादी जो यह कहते हैं कि—"शरीर और भुवन, विशेष अवयव रचना से युक्त होने के कारण किसी बुद्धिमान कर्ता के द्वारा किये हुए हैं" सो यह भी ईश्वर का साधक नहीं है क्योंकि इस अनुमान से बुद्धिमान् कर्ता की सिद्धि होती है ईश्वर की सिद्धि नहीं होती है। जो बुद्धिमान होता है वह ईश्वर ही होता है ऐसा नियम नहीं है अतएव घट का कर्ता

त्थाणं उद्दिट्ठं पणीयं वियजिय दुवालसंग गणिपिडयं, तंजहा-आयारो सूयगडो जाव दिट्ठिवातो, सव्वमेयं मिच्छा, ण एयं तहिय ण एय आहातहिय, इम सच्चं इमं तहियं इमं आहातहिय, ते एव सन्न कुव्वंति, ते एव सन्न सठवेंति, ते एव सन्नं सोवट्ठवयति, तमेव

छाया—व्यञ्जित द्वादशाङ्गं गणिपिटक तद्यथा–आचारः सूत्रकृतः यावद् दृष्टिवादः सर्वमेतन्मिथ्या । नैतत्तथ्य नैतद्याथातथ्यम् इद सत्यम् इदं तथ्यम् इदं याथातथ्यम् एवं संज्ञां कुर्वन्ति ते एव संज्ञां सस्थापयन्ति ते एव संज्ञामुपस्थापयन्ति, तदेव ते तज्जातीयं

अन्वयार्थ—पिडय दुवालसगं) यह जो श्रमण निग्रन्थों के द्वारा कहा हुआ बनाया हुआ प्रकट किया हुआ आचार्य्य का भाण्डारस्प द्वादशाङ्ग है (तंजहा आयारो सुयगडो जाव दिट्ठिवायो) जैसे कि—आचाराङ्ग, सूत्रकृताङ्ग से लेकर दृष्टिवाद पर्य्यन्त (एय सव्वं मिच्छा) ये सब मिथ्या हैं (एयं ण तहियं) ये सब सत्य नहीं हैं (एयं ण आहातहियं) ये सब वस्तु स्वरूप के यथार्थ बोधक नहीं हैं (इमं सच्चं इमं तहिय इम आहातहिय) यह मेरा मत ही सत्य है यही तथ्य है यही यथार्थ है (ते एवं सन्नं कुव्वंति ते एवं सन्न संठवेंति ते एवं सन्नं सोवट्ठवयंति) वे ईश्वरकारणतावादी ऐसा विचार रखते हैं और वे अपने शिष्यों को भी इसी मत की शिक्षा देते हैं तथा वे सभा में इसी मत की स्थापना करते हैं । (जहा सउणी पजर एवं ते तज्जाइ

भावार्थ—कुम्हार और पट का कर्ता जुलाहा माना जाता है ईश्वर नहीं माना जाता है। यदि बुद्धिमान् कर्ता ईश्वर ही हो तो फिर ईश्वरवादी घट और पट का कर्ता भी ईश्वर को ही क्यों नहीं मानते ?

तथा विशेष अवयव रचना भी बुद्धिमान् कर्ता के बिना नहीं होती है यह भी नियम नहीं है क्योंकि—घट पट के समान ही वल्मीक भी विशेष अवयव रचना से युक्त होता है परन्तु उसका कर्ता कुलाल आदि के समान कोई बुद्धिमान् पुरुष नहीं होता है अत शरीर और भुवन आदि की विशेष अवयव रचना को देख कर उससे अदृष्ट ईश्वर की कल्पना करना अयुक्त है।

इसी तरह आत्माद्वैतवाद भी युक्ति रहित है क्योंकि इस जगत् में जब एक आत्मा के सिवाय दूसरी कोई वस्तु ही नहीं है तब फिर मोक्ष के लिये प्रयत्न करना, शास्त्र पढ़ना, इत्यादि बातें निरर्थक होंगी। तथा ऐसा मानने पर जगत् की विचित्रता जो प्रत्यक्ष देखी जाती है वह भी सिद्ध

ते तज्जाइय दुक्खं णातिउट्टंति सउणी पंजरं जहा ॥ ते णो एवं विप्पडिवेदेंति, तंजहा—किरियाइ वा जाव अणिरएइ वा, एवमेव ते विरूवरूवेहिं कम्मसमारंभेहिं विरूवरूवाइं कामभोगाइं समारभंति भोयणाए, एवामेव ते अणारिया विप्पडिवन्ना एवं

छाया—दुःखं नैव त्रोटयन्ति शकुनिः पञ्जरं यथा । ते नो एवं विप्रतिवेदयन्ति तद्यथा क्रियादिर्वायावद् अनिरय इति । एवमेव ते विरूपरूपैः कर्मसमारम्भैः विरूपरूपान् कामभोगान् समारमन्ते भोगाय। एवमेव ते अनार्य्याः विप्रतिपन्नाः एवं श्रद्दधानाः यावद् इति ते

अन्वयार्थ—(दुक्खं णातिउट्टंति) जैसे पक्षी पींजड़े को नहीं तोड़ सकता है उसी तरह ईश्वरकारणतावादरूप मत के स्वीकार करने से उत्पन्न दुःख को वे ईश्वरकारणवादी नहीं तोड़ सकते हैं। (ते एवं णो विप्पडिवेदेंति) वे ईश्वरकारणवादी उन बातों को नहीं मानते हैं (तं जहा किरियाइ वा अणिरए वा) जो पूर्व सूत्र में क्रिया से लेकर अनिरय तक कही गई है। (ते विरूवरूवेहिं कम्मसमारम्भेहिं भोयणाए विरूवरूवाइं कामभोगाइं समारभंते) वे नाना प्रकार के सावद्य अनुष्ठानों के द्वारा नाना प्रकार के कामभोगों का आरम्भ करते हैं (ते अणारिया) (विप्पडिवन्ना)

भावार्थ—नहीं हो सकती है किन्तु एक के पाप से दूसरा पापी और एक के मुक्ति से दूसरे की मुक्ति तथा एक के दुःख से दूसरे को दुःखी मानना पड़ेगा परन्तु यह आत्माद्वैतवादी को भी इष्ट नहीं है अतः युक्तिरहित आत्माद्वैतवाद को सर्वथा मिथ्या जानना चाहिये।

उक्त रीति से ईश्वरकारणतावाद और आत्माद्वैतवाद यद्यपि मिथ्या हैं तथापि इनके अनुयायी इन मतों के फंदे से इस प्रकार मुक्त नहीं होते जैसे पक्षी अपने पींजड़े से मुक्त नहीं होता है। ये लोग अपने मतों का उपदेश देकर दूसरे को भी भ्रष्ट करते हैं और स्वयं भी भवसागर से पार नहीं होते। ये कहते हैं कि—"यस्य बुद्धिर्न लिप्येत हत्वा सर्वमिदं जगत्। आकाशमिव पङ्केन नाऽसौ पापेन लिप्यते। अर्थात् जिसकी बुद्धि लिप्त नहीं होती है वह यदि समस्त जगत् का घात करे तो भी वह पाप से इस प्रकार लिप्त नहीं होता है जैसे आकाश

सद्दहमाणा जाव इति ते णो हव्वाए णो पाराए, अंतरा कामभोगेसु विसएणेत्ति, तच्चे पुरिसजाए ईसरकारणिएत्ति आहिए (सूत्रं ११)॥

छाया—नोऽर्वाचे नो पाराय अन्तरा कामभोगेषु विषण्णा इति तृतीयः पुरुष जातः ईश्वरकारणिक इत्याख्यात ।

अन्वयार्थ—वे अमार्ग्य तथा भ्रम में पड़े हैं (एव सद्दहमाणा जाव इति ते णो हव्वाए णो पाराए) इस प्रकार की श्रद्धा रखनेवाले वे ईश्वरकारणवादी न इसी लोक के होते हैं और न परलोक के ही होते हैं (अंतरा कामभोगेसु विसण्णेत्ति तच्चे पुरिस जाए ईसरकारणिएत्ति आहिए) किन्तु काम भोग में फँस कर बीच में ही कष्ट पाते हैं यह तीसरा ईश्वरकारणवादी पुरुष कहा गया ॥११॥

भावार्थ—में कीचड़ नहीं लगाता है। यह ईश्वरकारणवादी कहा गया। इसके आगे नियतिवादी का मत बताया जाता है—११



अहावरे चउत्थे पुरिसजाए णियतिवाइएत्ति आहिज्जइ, इह खलु पाईणं वा ६ तहेव जाव सेणावइपुत्ता वा, तेसिं च ण

छाया—अथापरश्चतुर्थः पुरुषः नियतिवादिक इत्याख्यायते। इह खलु प्राच्यां वा ६ तथैव यावत् सेनापतिपुत्रा। तेषाञ्च एकतय.

अन्वयार्थ—(अथावरे चउत्थे पुरिसजाए णियतिवाइएत्ति आहिज्जइ) उक्त तीन पुरुषों से भिन्न चौथा पुरुष नियतिवादी कहा जाता है। (इह खलु पाइणं वा जाव सेणावइपुत्ता तहेव) इस पाठ में भी प्रथम पाठ के समान ही "पूर्व आदि दिशा के वर्णन से ले कर सेनापति पुत्र तक वर्णन जानना चाहिये।(तेसिं च एगतीए सड्ढी भवइ)

भावार्थ—तीसरे पुरुष के वर्णन के पश्चात् चौथे पुरुष का वर्णन किया जाता है। चौथा पुरुष नियतिवादी कहलाता है। इसका कारण यह है कि—यह समस्त पदार्थों का कारण नियति को मानता है। जो बात अवश्य होने वाली है उसे नियति या होनहार कहते हैं वही सुख दुःख हानि लाभ और जीवन मरण आदि का कारण है यह नियतिवादियों का मन्तव्य

एगतीए सड्ढी भवइ, काम त समणा य माहणा य सपहारिंसु गमणाए जाव मए एस धम्मे सुअक्खाए सुपन्नत्ते भवइ ॥ इह खलु दुवे पुरिसा भवति–एगे पुरिसे किरियमाइक्खइ एगे पुरिसे णो किरियमाइक्खइ, जे य पुरिसे किरियमाइक्खइ जे य

छाया—श्रद्धावान् भवति काम स श्रमणाश्च माहनाश्च समधार्षुः गमनाय, यावत् मया एष धर्मः स्वाख्यातः सुप्रज्ञप्तो भवति । इह खलु द्वौ पुरुषौ भवतः, एकः क्रियामाख्याति एक पुरुषः नो क्रियामाख्याति । यश्च पुरुषः क्रियामाख्याति । यश्च पुरुषः नो क्रिया-

अन्वयार्थ—पूर्वोक्त राजा और उसके सभासदों में से कोई एकाध पुरुष ही धर्म में श्रद्धावान् होता है । (तं गमणाए समणा य माहणा य सपहारिंसु) उसे धर्मश्रद्धालु जानकर उसके निकट जाने के लिए श्रमण और ब्राह्मण निश्चय करते हैं । (जाव मए एस सुयक्खाए धम्मे सुपन्नत्ते भवति) वे उसके निकट जाकर कहते है कि—मैं आपको सच्चे धर्म का उपदेश करता हूँ उसे आप सुनें । (इह खलु दुवे पुरिसा भवंति) इस लोक में दो प्रकार के पुरुष होते हैं (एगे पुरिसे किरिय माइक्खइ) एक पुरुष क्रिया का कथन करता है (एग पुरिसे णो किरियमाइक्खइ) और दूसरा पुरुष क्रिया का कथन नहीं करता है यानी वह क्रिया का निषेध करता है (ज य पुरिसे

भावार्थ—है । इनका यह पद्य इसी अर्थ को स्पष्ट करता है "प्राप्तव्यो नियतिबला श्रयेण योऽर्थः सोऽवश्यं भवति नृणां शुभोऽशुभोवा । भूतानां महति कृते ऽपि हि प्रयत्ने नाऽभाव्यं भवति न भाविनोऽस्ति नाशः" अर्थात् नियति के प्रभाव से भला या बुरा जो फल मनुष्य को प्राप्त होना निश्चित है वह अवश्य उसको प्राप्त होता है । मनुष्य चाहे कितना ही प्रयत्न करे परन्तु जो होनहार नहीं है वह नहीं होता है और जो होनहार है वह बिना हुए नहीं रहता है । अब हम यह देखते हैं कि—बहुत से मनुष्य अपने अपने मनोरथ की सिद्धि के लिये समान रूप से प्रयत्न करते हैं परन्तु किसी के कार्य्य की सिद्धि होती है और किसी की नहीं होती है तब यह निःसंदेह मानना पड़ता है कि मनुष्य के कार्य्य की सिद्धि या असिद्धि नियति के हाथ में है प्रयत्न आदि के वश नहीं है अतः नियति को छोड़ कर काल ईश्वर तथा अपने कर्म आदि को सुख दुःख आदि का कारण

पुरिसे णो किरियमाइक्खइ दोवि ते पुरिसा तुल्ला एगट्ठा, कारणमावन्ना ॥ बाले पुण एव विप्पडिवेदेंति कारणमावन्ने अहमंसि दुक्खामि वा सोयामि वा जूरामि वा तिप्पामि वा पीडामि वा परितप्पामि वा अहमेयमकासि परो

छाया—माख्याति द्वावपि तौ पुरुषौ तुल्यौ, एकार्थौ एककारणमापन्नौ। बालः पुनरेव विप्रतिवेदयति— कारणमापन्नोऽहमस्मि दुःख्यामि वा शोचामि वा गर्हामि वा तेपामि वा पीड्ये वा परितप्ये वा अहमेवमकार्षम्। परो वा यद् दुःख्यति वा

अन्वयार्थ—झामेइ) कोई पुरुष सड़े गले अन्न देनेसे अथवा किसी दूसरी अपनी इष्टसिद्धि के न होने से अथवा और किसी कारण से गाथापति के ऊपर क्रोधित होकर उसके अथवा उसके पुत्रों के शाली जौ गेहूँ आदि धान्यों को स्वयमेव आग लगाकर जला देता है—(अण्णेणवि अगणिकाएणं सस्साइं झामावेइ, अगणिकाएणं सस्साइं झामंतं समणुजाणइ) और दूसरे के द्वारा भी जलवादेता है तथा गाथापति और उसके पुत्रों के शस्य आदि को जलाने वाले को अच्छा मानता है (इति से महया पावेहिं कम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवति) इस कारण, वह जगत् में महापापी के नाम से अपने को प्रसिद्ध करता है ।

भावार्थ—स्पष्ट है ।

से एगइओ केणइ आयाणेणं विरुद्धे समाणे अदुवा खल दाणेण अदुवा सुराथालएण गाहावतीण वा गाहावइपुत्ताण वा उट्टाण वा गोणाण वा घोडगाण वा गद्दभाण वा सयमेव घूराओ

छाया—स एकत्य केनाऽप्यादानेन विरुध्यन् अथवा खलदानेन अथवा सुरास्थालकेन गाथापतीनां वा गाथापतिपुत्राणां वा उष्ट्राणां गवां घोटकानां गर्दभाणां स्वयमेव अङ्गादीन् कल्पयति अन्येना

अन्वयार्थ—(से एगइओ खलदाणेणं अदुवा सुराथालएणं केणइ आयाणेणं विरुद्धे समाणे गाहावतीण वा गाहावइपुत्ताण वा) कोई पुरुष सड़ा गला अन्न आदि देने से अथवा किसी दूसरे अभीष्ट अर्थ की सिद्धि न होने से तथा किसी दूसरे अपमान आदि कारणों से क्रोधित हो कर गाथापति के अथवा उसके पुत्रों के (उट्टाणं वा गोणाणं घोडगाणं वा गद्दभाण वा सयमेव घूराओ कप्पति) ऊंट, गौ, घोड़ा और गदहों के

से एगइओ केणइ आयाणेण विरुद्धे समाणे अदुवा खलदाणेण अदुवा सुराथालएण समणाण वा माहणाण वा छत्तग वा दंडग वा भंडग वा मत्तग वा लट्ठिं वा भिसिग वा चेलगवा चिलिमिलिगवा चम्मय वा छेयणग वा चम्मकोसिय वा सयमेव अवहरति जाव समणुजाणइ इति से महया जाव उवक्खाइत्ता भवइ ।

छाया—स एकतय केनाप्यादानेन विरुध्यन् अथवा खलदानेन अथवा सुरास्थालकेन श्रमणानां वा माहनानां वा छत्रकं वा दण्डकं वा भाण्डकं वा मात्रकं वा यष्टिकां वा वृसीं वा चेलकं वा मच्छादनपटीं वा चर्मकं वा छेदनकं वा चर्मकोशिकां वा स्वयमेव अपहरति यावत् समनुजानाति इति स महद्भिर्यावद् उपख्यापयिता भवति ।

अन्वयार्थ—(से एगइओ खलदाणेण अदुवा सुराथालएण केणइ आयाणेणं विरुद्धे समाणे) कोई पुरुष श्रमण माहनों से कम या सड़ा गला अन्न पाकर अथवा उनसे किसी अपने अभीष्ट कार्य की सिद्धि न होने से अथवा किसी भी कारण से उनके ऊपर क्रोधित हो कर (समणाणं वा माहणाणं वा छत्तगं वा दंडगं वा भंडगं वा मत्तगंवा लट्ठिं वा भिसिगं वा चेलगं वा चिलिमिलिगं वा चम्मय वा छेयणगं वा चम्मकोसियंवा सयमेव अवहरति) उन श्रमण और माहनों के छत्ता, दण्डा, भाण्ड, पात्र, लाठी, आसन, वस्त्र, पर्दा, चर्म, तलवार चमड़े की थैली इन वस्तुओं को स्वय हरण करता है (जाव समणुजाणइ इति से महया जाव उवक्खाइत्ता भवइ) तथा दूसरे से हरण कराता है और हरण करते हुए को अच्छा जानता है। वह पुरुष इस कर्म के कारण महापापी कहा जाता है ।

भावार्थ—किसी पाखण्डी के ऊपर क्रोधित निर्विवेकी पुरुष उनके उपकरणों को स्वयं हरण करता है और दूसरे से भी हरण कराता है तथा हरण करते हुए को। अच्छा जानता है ऐसे पुरुष को महापापी जानना चाहिये ।

झामेइ अन्नेणवि झामावेइ झामतं वि अन्नं समणुजाणइ इति से महया जाव भवइ ।

छाया—परिपिधाय स्वयमेवाग्निकायेन धमति अन्येनाऽपि ध्मापयति धमन्त मप्यन्य समनुजानाति इति स महत्क्रियावद् भवति ।

अन्वयार्थ—(झामि झामावेइ झामंतं वि अन्नं समणुजाणइ) स्वयं उसमें आग लगा देता है और दूसरे के द्वारा आग लगवा देता है तथा उसमें आग लगाने वाले को अच्छा मानता है (इति से महया जाव भवइ) इस कारण वह पुरुष जगत् में महापापी कहा जाता है ।

भावार्थ—आग लगा देते हैं और दूसरे से भी लगवा देते हैं तथा आग लगाने वाले को अच्छा समझते हैं ऐसे पुरुष महापापी कहलाते हैं ।

से एगइओ केणइ आयाणेण विरुद्धे समाणे अदुवा खल दाणेण अदुवा सुराथालएण गाहावतीण वा गाहावइपुत्ताण वा कुण्डल वा मणि वा मोत्तिय वा सयमेव अवहरइ अन्नेणवि अवहरावइ अवहरतवि अन्नं समणुजाणइ इति से महया जाव भवइ ।

छाया—स एकतयः केनाऽप्यादानेन विरुध्यन् अथवा खलदानेन अथवा सुरास्थालकेन गाथापतीनां वा गाथापतिपुत्राणां वा कुण्डल वा मणिं वा मौक्तिकं वा स्वयमेव अपहरति अन्येनाऽप्यपहारयति अपहरन्त-मप्यन्य समनुजानाति इति स महत्क्रि यावद् भवति ।

अन्वयार्थ—(से एगइओ खलदाणेणं अदुवा सुराथालएण) कोई पुरुष ऐसा होता है, जो गाथापति से कम या खराब अन्न पाने से अथवा उससे किसी दूसरे मनोरथ की सिद्धि न हो सकने से अथवा (केणइ आयाणेणं विरुद्धे समाणे) किसी दूसरे कारण से उसके ऊपर क्रोधित होकर (गाहावतीण वा गाहावइपुत्ताण वा) गाथापति के अथवा उसके पुत्रों के (कुण्डलाण वा मणि वा मोत्तिय वा) कुण्डल, मणि, अथवा मोती को (सयमेव अवहरइ) स्वयं हरण करता है (अन्नेणवि अवहरावेइ) दूसरे से भी हरण कराता है (अवहरंतंवि अन्नं समणुजाणेइ) तथा हरण करते हुए दूसरे को अच्छा जानता है (इति से महया जाव भवइ) ऐसा कर्म करने के कारण वह पुरुष महापापी कहलाता है ।

भावार्थ—इस जगत् में बहुत से पुरुष ऐसे होते हैं जो किसी कारणवश गाथापति के ऊपर क्रोधित हो कर उसके तथा उसके पुत्रों के कुण्डल, मणि, और मोती को स्वयं हरण कर लेते हैं और दूसरे से भी हरण कराते हैं तथा हरण करते हुए को अच्छा मानते हैं ऐसे पुरुष महापापी हैं ।

पुत्ताण वा उट्टाण वा गोणाण वा घोडगाण वा गदभाण वा सयमेव घूराओ कप्पेइ अन्नेणावि कप्पावेइ अन्नपि कप्पत समणुजाणइ ।

छाया—पुत्राणां वा उष्ट्राणां गवां घोटकानां गर्दभाणां वा स्वयमेव अवयवान् कल्पयति अन्येनापि कल्पयति अन्यमपि कल्पयन्त समनुजानाति ।

अन्वयार्थ—(उट्टाण वा गोणाण वा घोडगाण वा गद्दभाण वा सयमेव घूराओ कप्पेइ) ऊँट, गाय, घोड़ा और गदहे के अङ्गों को स्वयं छेदन करता है (अन्नेणवि कप्पावेति अन्नमवि कप्पंतं समणुजाणइ) तथा दूसरे से छेदन कराता है और छेदन करने वाले को अच्छा जानता है ।

भावार्थ—छेदन करने वाले को वह अच्छा जानता है । यद्यपि इससे उसको कुछ लाभ नहीं है किन्तु व्यर्थ ही महापाप उसको होता है तथापि वह अत्यन्त मूढ प्राणी इस बात का विचार नहीं करता है उसे ऐसा करने में बड़ा आनन्द मालुम होता है इसमें उसकी पापमयी मनोवृत्ति ही कारण है ।

से एगइओ णो वितिगिंछइ तं० गाहावतीण वा गाहावइपुत्ताण वा उट्टसालाओ वा जाव गद्दभसालाओ वा कंटकबोंदियाहिं परिपेहित्ता सयमेव अगणिकाएण झामेइ जाव समणुजाणइ ।

छाया—स एकतय नो विमर्षति तद्यथा गाथापतीनां वा गाथापतिपुत्राणां वा उष्ट्रशाला वा यावद् गर्दभशाला वा कण्टकशाखाभिः परिपिधाय स्वयमेव अग्निकायेन ध्मापयति यावत् समनुजानाति ।

अन्वयार्थ—(से एगइओ णो वितिगिंछइ) कोई पुरुष अपने कर्म के फल का कुछ विचार नहीं करता है (तं० गाहावतीण वा गाहावइपुत्ताण वा उट्टसालाओ जाव गद्दभसालाओ वा) किन्तु बिना ही कारण गाथापति तथा उसके पुत्रों की ऊँटशाला, घोड़शाला, गोशाला और गर्दभशाला को (कंटकबोंदियाहिं परिपेहित्ता) काँटों की शाखाओं से ढककर (सयमेव अगणिकाएण झामेइ जाव समणुजाणइ) स्वयमेव आग लगा कर भस्म देता है और दूसरे से भी भस्म करा देता है तथा जलाने हुए को अच्छा जानता है ।

भावार्थ-स्पष्ट है।

से एगइओ णो वितिगिंछइ तंजहा गाहावतीण वा गाहावइपुत्ताणवा सयमेव अगणिकाएणं ओसहीओ झामेइ, जाव अन्नपि झामंत समणुजाणइ इति से महया जाव उवक्खाइत्ता भवति ।

छाया—स एकतयः नो विमर्षति, तद्यथा गाथापतीनां वा गाथापतिपुत्राणां वा स्वयमेवाग्निकायेन ओषधीः ध्मति यावद् ध्मन्तमप्यन्यं समनुजानाति इति समहद्भि यावद् उपख्यापयिता भवति ।

अन्वयार्थ—(से एगइओ नो वितिगिंछइ) कोई पुरुष कुछ विचार नहीं करता है (तंजहा गाहावतीणं वा गाहावइपुत्ताणं वा ओसहीओ सयमेव अगणिकाएण झामेइ) वह विना ही कारण गाथापति तथा उसके पुत्रों के धान्य आदि को स्वयमेव आग लगा कर जला देता है (जाव अन्नंपि झामंतं समणुजाणइ) तथा दूसरे से भी जलवाता है और जलाते हुए को अच्छा जानता है (इति से महया जाव उवक्खाइत्ता भवइ) इस कारण वह जगत् में महापापी कहलाता है ।

भावार्थ—पूर्व सूत्रों में किसी कारण से क्रोधित होकर दूसरे का अपकार करने वाले पापियों का वर्णन किया है परन्तु यहां विना कारण ही पाप करने वाले अधार्मिकों का वर्णन किया जाता है । कोई पुरुष इतना अधिक पापी होता है कि वह विना कारण ही दूसरे का अपकार आदि पाप किया करता है वह पाप का जरा भी विचार नहीं करता है । दूसरे की बुराई करने में उसे बड़ा ही आनन्द आता है इसलिए वह अपने इस अधार्मिक स्वभाव के काण गाथापति के धान्य आदि पदार्थों को आग लगाकर स्वयं जला देता है तथा दूसरे से भी ऐसा कराता है और ऐसा करने वाले को वह अच्छा मानता है । जिसकी ऐसी प्रवृत्ति है वह पुरुष महापापी कहलाता है ।

से एगइओ णो वितिगिंछइ, त० गाहावतीण वा गाहवइ

छाया—स एकतय नो विमर्षति तद्यथा गाथापतीनां वा गाथापति

अन्वयार्थ—(से एगइओ नो वितिगिंछइ) कोई पुरुष अपने कर्म के फल को विचारता नहीं है (तंजहा गाहावतीण वा गाहावइपुत्ताणवा) वह गाथापति तथा उसके पुत्रों के

भावार्थ—कोई पुरुष विना कारण ही गाथापति तथा उसके पुत्रों के ऊँट, गाय घोड़े और गदहे आदि जानवरों के अङ्गों को स्वयमेव छेदन करता है तथा

से एगइओ समणं वा माहणं वा दिस्सा नानाविहेहिं पावकम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ, अदुवा णं अच्छराए आफालित्ता भवइ अदुवा णं फरुसं वदित्ता भवइ। कालेणवि से अणुपविट्ठस्स असणं वा पाणं वा जाव णो दवावेत्ता भवइ।

छाया—स एकतयः श्रमणं वा माहनं वा दृष्ट्वा नानाविधैः पापकर्मभिः आत्मानमुपख्यापयिता भवति अथवा अप्सरसः आस्फालयिता भवति अथवा परुषं वदिता भवति कालेनाऽपि तस्यानुप्रविष्टस्य अशनं वा पानं वा यावन्नो दापयिता भवति।

अन्वयार्थ—(से एगइओ समणं वा माहणं वा दिस्सा) कोई पुरुष श्रमण और माहन को देखकर (नानाविहेहिं पावकम्मेहिं अप्पाणं उवक्खाइत्ता भवइ) उनके प्रति अनेक प्रकार के पापमय व्यवहार करता है और ऐसा करने से वह महापापी कहा जाता है (अदुवा णं अच्छराए आफालित्ता भवइ) वह साधु को अपने सामने से हटाने के लिए चुटकी बजाता है (अदुवा णं फरुसं वदित्ता भवइ) अथवा वह साधु को कटुवाक्य कहता है। (कालेणवि अणुपविट्ठस्स असणं वा पाणं वा जाव णो दवावेत्ता भवइ) उसके घर पर साधु यदि गोचरी के लिए गोचरी के समय आता है तो वह साधु को अशन आदि आहार नहीं देता है।

भावार्थ—कोई पुरुष साधु को देखकर उनके प्रति अनेक पापमय व्यवहार करता है वह साधु को देखना भी न चाहता हुआ सामने से उन्हें हट जाने के लिये चुटकी बजाता है तथा कटुवाक्य कहकर साधु को पीड़ित करता है। जब साधु उसके घर पर गोचरी के समय गोचरी के निमित्त आते हैं तो वह उन्हें अशनादिक आहार नहीं देता है।

जे इमे भवंति वोनमंता भारक्कंता अलसगा वसलगा किवणगा समणगा पव्वयंति।

छाया—ये इमे भवन्ति व्युन्नमन्तः भाराक्रान्ताः अलसकाः वृषलकाः कृपणकाः श्रमणकाः प्रव्रजन्ति।

अन्वयार्थ—(जे इमे भवंति वोनमंता भारक्कंता अलसगा किवणगा वसलगा) वह पापी पुरुष कहता है कि—ये जो भारवहन आदि नीच कर्म करनेवाले दरिद्र शूद्र हैं वे आलस्य के कारण (समणगा पव्वयंति) श्रमण की दीक्षा लेकर सुखी बनने की चेष्टा करते हैं।

भावार्थ—स्पष्ट है।

से एगइश्रो णो वितिगिंछइ त० गाहावतीण वा गाहावइ पुत्ताण वा जाव मोत्तियं वा सयमेव अवहरइ जाव समणुजाणइ।

छाया—स एकतयः नो विमर्षति तद्यथा गाथापतीनां वा गाथापतिपुत्राणां वा यावद् मौक्तिक स्वयमेवापहरति यावत् समनुजानाति।

अन्वयार्थ—(से एगइओ णो वितिगिंछइ) कोई पुरुष अपने कर्म के फल को विचारता नहीं है (त—गाहावतीण वा गाहावइपुत्ताण वा जाव मोत्तियं सयमेव अवहरइ) वह गाथापति तथा उसके पुत्रों के मोती आदि भूषणों को स्वयं हरण करता है (जाव समणु जाणइ) तथा दूसरे से भी हरण कराता है और हरण करते हुए को अच्छा जानता है।

भावार्थ—स्पष्ट है।

से एगइश्रो णो वितिगिंछइ त० समणाण वा माहणाण वा छत्तग वा दण्डग वा जाव चम्मछेदणग वा सयमेव अवहरइ जाव समणुजाणइ इति से महया जाव उवक्खाइत्ता भवइ।

छाया—स एकतय. नो विमर्षति तद्यथा श्रमणानां वा माहनानां वा छत्रक वा दण्डकं वा यावत् चर्मच्छेदनकं वा स्वयमेव अपहरति यावत् समनुजानाति इति स महद्भिर्मर्यादं उपख्यापयिता भवति।

अन्वयार्थ—(से एगइओ णो वितिगिंछइ) कोई पुरुष अपने कर्म के फल का विचार नहीं करता है (त० समणाण माहणाण वा छत्तग वा दंडगं वा जाव चम्मछेयणगं सयमेव अवहरइ जाव समणुजाणइ) जैसे कि—वह बिना कारण ही श्रमण और माहनों के छत्र-दण्ड तथा चर्मच्छेदन आदि उपकरणों को स्वयं हर लेता है और दूसरे से भी हरण कराता है तथा हरण करने वाले को अच्छा जानता है (इति से महया जाव उवक्खाइत्ता भवइ) इस कारण वह पुरुष महापापी कहा जाता है।

भावार्थ—जगत् में बहुत पुरुष ऐसे भी होते हैं जो अपने कर्म के फल का विचार नहीं करते। वे बिना ही कारण दूसरे को कष्ट दिया करते हैं। ऐसे पुरुषों का वर्णन करते हुए शास्त्रकार कहते हैं कि—कोई पुरुष बिना ही कारण श्रमण और माहनों के छत्र आदि उपकरणों को स्वय हर लेते हैं और दूसरों से भी हरण कराते हैं तथा हरण करते हुए को अच्छा समझते हैं। जो पुरुष किसी अपमान आदि कारणों से ऐसा करता है वह भी महापापी है फिर बिना ही कारण ऐसा करने वाला तो उससे भी बढ़ कर महा पापी है इसमें तो सन्देह ही क्या है।

से एगइओ समणं वा माहणं वा दिस्सा नानाविहेहिं पावकम्मेहिं अत्ताणं उवक्खाइत्ता भवइ, अदुवा णं अच्छराए आफालित्ता भवइ अदुवा णं फरुसं वदित्ता भवइ। कालेणवि से अणुपविट्ठस्स असणं वा पाणं वा जाव णो दवावेत्ता भवइ।

छाया—स एकतयः श्रमणं वा माहनं वा दृष्ट्वा नानाविधैः पापकर्मभिः आत्मानमुपख्यापयिता भवति अथवा अप्सरसः आस्फालयिता भवति अथवा परुषं वदिता भवति कालेनाऽपि तस्यानुप्रविष्टस्य अशनं वा पानं वा यावन्नो दापयिता भवति।

अन्वयार्थ—(से एगइओ समणं वा माहणं वा दिस्सा) कोई पुरुष श्रमण और माहन को देखकर (नानाविहेहिं पावकम्मेहिं अप्पाणं उवक्खाइत्ता भवइ) उनके प्रति अनेक प्रकार के पापमय व्यवहार करता है और ऐसा करने से वह महापापी कहा जाता है (अदुवा णं अच्छराए आफालित्ता भवइ) वह साधु को अपने सामने से हटाने के लिए चुटकी बजाता है (अदुवा णं फरुसं वदित्ता भवइ) अथवा वह साधु को कटुवाक्य कहता है। (कालेणवि अणुपविट्ठस्स असणं वा पाणं वा जाव णो दवावेत्ता भवइ) उसके घर पर साधु यदि गोचरी के लिए गोचरी के समय आता है तो वह साधु को अशन आदि आहार नहीं देता है।

भावार्थ—कोई पुरुष साधु को देखकर उनके प्रति अनेक पापमय व्यवहार करता है वह साधु को देखना भी न चाहता हुआ सामने से उन्हें हट जाने के लिये चुटकी बजाता है तथा कटुवाक्य कहकर साधु को पीड़ित करता है। जब साधु उसके घर पर गोचरी के समय गोचरी के निमित्त आते हैं तो वह उन्हें अशनादिक आहार नहीं देता है।

जे इमे भवंति वोनमंता भारक्कंता अलसगा वसलगा किवणगा समणगा पव्वयंति।

छाया—ये इमे भवन्ति व्युन्नमन्तः भाराक्रान्ताः अलसकाः वृषलकाः कृपणकाः श्रमणकाः प्रव्रजन्ति।

अन्वयार्थ—(जे इमे भवंति वोनमंता भारक्कंता अलसगा किवणगा वसलगा) वह पापी पुरुष कहता है कि—ये जो भारवहन आदि नीच कर्म करनेवाले दरिद्र शूद्र हैं वे आलस्य के कारण (समणगा पव्वयंति) श्रमण की दीक्षा लेकर सुखी बनने की चेष्टा करते हैं।

भावार्थ—स्पष्ट है।

ते इणमेव जीवित धिज्जीवित सपडिवूहेंति, नाइ ते परलो गस्स अट्ठाए किंचिवि सिलीसति, ते दुक्खति ते सोयंति ते जूरति ते तिप्पति ते पिट्टति ते परितप्पति ते दुक्खणजूरणसोयणतिप्पणपिट्टणपरितिप्पणवहबंधणपरिकिलेसाओ अप्पडिविरया भवति, ते महया आरंभेण ते महया समारंभेण ते महया आरभसमारभेण विरूवरूवेहिं पावकम्मकिच्चेहिं उरालाइ माणुस्सगाइं भोग-

छाया—ते इदमेव जीवितं धिग्जीवितं सम्प्रतिबृंहन्ति । नाऽपि ते परलोकस्य अर्थाय किञ्चिदपि श्लिष्यन्ति ते दुःख्यन्ति ते शोचन्ते ते जूरयन्ति ते तिप्यन्ति ते पिट्टन्ति ते परितप्यन्ति ते दुःखनजूरणशोचनतेपनपिट्टनपरितापनवधबन्धनपरिक्लेशेभ्यः अप्रतिविरताः भवन्ति ते महता आरम्भेण महता समारम्भेण ते महद्भ्यामारम्भसमारम्भाभ्यां विरूपरूपैः पापकर्मकृत्यैः उदाराणा मानुष्यकानां

अन्वयार्थ—(ते इणमेव जीवियं धिज्जीवियं संपडिवूहेंति) वे साधु द्रोही जीव इस साधुद्रोहमय जीवन को जो वस्तुतः धिग्जीवन है उत्तम मानते हैं । (ते परलोगस्स अट्ठाए णाइ किंचिवि सिलिस्संति) वे मूर्ख परलोक के लिए कुछ भी कार्य्य नहीं करते हैं (ते दुक्खंति) वे दुःख पाते हैं (ते सोयंति) शोक पाते हैं (ते जूरंति) पश्चात्ताप करते हैं (ते तिप्पंति) दुःखी होते हैं (ते पिट्टंति) पीड़ित होते हैं (ते परितप्पंति) ताप भोगते हैं (ते दुक्खणजूरणसोयणतिप्पणपिट्टणपरितिप्पणवहबंधणपरिकिलेसाओ अप्पडिविरया भवंति) वे दुःख, निन्दा, शोक, ताप, पीड़ा, परिताप, वध, और बन्धन आदि क्लेशों से कभी निवृत्त नहीं होते हैं (ते महया आरंभेणं महया समारंभेण महया आरम्भसमारंभेण विरूवरूवेहिं पावकम्मकिच्चेहिं उरालाइं माणुस्सगाइं भोगभोगाइं भुंजितारो भवंति) वे

भावार्थ—पूर्वोक्त प्रकार से साधुओं की निन्दा करने वाले साधुद्रोहियों का जीवन यद्यपि धिग्जीवन है तथापि वे उसे उत्तम समझते हैं । वे परलोक के लिए कुछ भी कार्य्य नहीं करते । वे पाप कर्म में आसक्त रहते हुए स्वयं दुःख भोगते हैं और दूसरों को भी कष्ट देते हैं । वे प्राणियों को नाना प्रकार की पीड़ायें दे कर अपने लिए भोग की सामग्री तैयार करते हैं । चाहे करोड़ों प्राणियों की हत्या क्यों न हो जाय परन्तु अपने भोग में

भोगाइं भुंजित्तारो भवति, तंजहा-अन्नं अन्नकाले पाणं पाणकाले वत्थं वत्थकाले लेणं लेणकाले सयणं सयणकाले सपुव्वावरं च णं एहाए कयवलिकम्मे कयकोउयमंगलपायच्छित्ते सिरसा एहाए कंठेमालाकडे आविद्धमणिसुवन्ने कप्पियमालामउली पडिबद्धसरीरे वग्घारियसोणिसुत्तगमल्लदामकलावे अहतवत्थपरिहिए चंदणो-क्खित्तगायसरीरे महतिमहालियाए कूडागारसालाए महतिमहा-

छाया—भोगानां भोक्तारो भवन्ति। तद्यथा- अन्नमन्नकाले पानं पानकाले वस्त्रं वस्त्रकाले लयनं लयनकाले शयनं शयनकाले संपूर्वापरञ्च स्नातः कृतबलिकर्मा कृतकौतुकमङ्गलप्रायश्चित्तः शिरसा स्नातः कण्ठे मालाकृत् आविद्धमणिसुवर्णः कल्पितमालामुकुटी प्रतिबद्धशरीरः प्रलम्बितश्रोणिसूत्रकमाल्यदामकलापः अहतवस्त्रपरिहितः चन्दनोक्षितगात्रशरीरः महत्यां विस्तीर्णायां कूटा-

अन्वयार्थ—अनेक प्रकार के आरम्भ और समारम्भ तथा नाना प्रकार के पाप कर्म करके उत्तमोत्तम मनुष्यसम्बन्धी भोगों को भोगते हैं (तंजहा—अन्नं अन्नकाले पाणं पाणकाले वत्थं वत्थकाले लेणं लेणकाले सयणं सयणकाले) वे अन्न के समय अन्न को पान के समय पान को वस्त्र के समय वस्त्र को गृह के समय गृह को शय्या के समय शय्या को भोगते हैं (सपुव्वावरं च ण्हाए कयबलिकम्मे) वे प्रातःकाल और मध्याह्नकाल तथा सायंकाल में स्नान करके देवता आदि की पूजा करते हैं (कयकोउयमंगलपायच्छित्ते) वे देवता की आरती करके मङ्गल के लिए सुवर्ण चन्दन दधि अक्षत और दर्पण आदि माङ्गलिक पदार्थों का स्पर्श करते हैं। (सिरसाण्हाए कंठेमालाकडे) वे सर्वांग स्नान करके कण्ठ में माला धारण करते हैं (आविद्धमणिसुवन्ने कप्पियमालामउली) वे मणि और सुवर्ण को अङ्ग में पहन कर शिर के ऊपर फूलों की माला के मुकुट धारण करते हैं (पडिबद्धसरीरे वग्घारियसोणिसुत्तगमल्लदामकलावे) युवावस्था के कारण शरीर से वे हृष्ट पुष्ट होते हैं और कमर में करधनी तथा छाती के ऊपर वे फूलों की माला पहनते हैं (अहतवत्थपरिहिए) अत्यन्त स्वच्छ और नवीन वस्त्र पहनते हैं (चंदणोक्खित्त गायसरीरे) अपने अङ्गों में चन्दन का लेप करते हैं (महति महालियाए कूडागार

भावार्थ—वे किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होने देते। यहां उनकी विलासिता का कुछ दिग्दर्शन कराया जाता है— वे प्रातःकाल उठ कर स्नान कर के

लयसि सीहासणंसि इत्थीगुम्मसंपरिवुडे सव्वराइएणं जोइणा झियायमाणेणं महयाहयनट्टगीयवाइयतंतीतलतालतुडियघणमुइंगपडुपवाइयरवेणं उरालाइं माणुस्सगाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ,

छाया—गारशालाया महति विस्तीर्णे सिंहासने स्त्रीगुल्मसंपरिवृत: सार्वरात्रेण ज्योतिषा ध्यायमानेन महताहतनाट्यगीतवादित्रतन्त्रीतलताल-त्रुटिकघनमृदङ्गपटुप्रवादितरवेण उदारान् मानुष्यकान् भोगान् भुञ्जानो विहरति।

अन्वयार्थ—सालाए) इस प्रकार सज धज कर वे महान् प्रासाद के ऊपर जाते हैं (महति महालयंसि सिंहासणंसि) वहां वे महान् सिंहासन के ऊपर बैठ जाते हैं (इत्थी गुम्मसंपरिवुडे) वहां स्त्रियां आकर चारों ओर से उन्हें घेर लेती हैं (सव्वराइएणं जोइणा झियायमाणेणं) वहां रात भर दीपक जलते रहते हैं (महयाहयनट्टगीय वाइयतंतीतलतालतुडियघणमुइंगपडुपवाइयरवेणं) उस स्थान में नाच, गान, वीणा मृदङ्ग और हाथ की तालियों की ध्वनि होने लगती है (उरालाइं माणुस्स गाइं भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरति) इस प्रकार उत्तमोत्तम मनुष्य सम्बन्धी भोगों को भोगता हुआ वह पुरुष अपना जीवन व्यतीत करता है।

भावार्थ—मंगलार्थ सुवर्ण दर्पण मृदंग दधि अक्षत आदि माङ्गलिक पदार्थों का स्पर्श करते हैं। पश्चात् देवार्चन कर के अपने शरीर में चन्दनादि का लेप और फूलमाला कटिसूत्र और मुकुट आदि भूषणों को धारण करते हैं। युवावस्था तथा यथेष्ट उपभोग की प्राप्ति के कारण इनका शरीर बहुत हृष्ट पुष्ट होता है, वे सायंकाल में शृङ्गार कर के ऊंचे महल में जा कर बड़े सिंहासन पर बैठ जाते हैं। वहाँ नवयौवना स्त्रियाँ उन्हें चारों ओर से घेर लेती हैं और अनेकों दीपकों के प्रकाश में रात भर वहाँ वे नाच गान और बाजों के मधुर शब्दों का उपभोग करते हैं। इस प्रकार उत्तमोत्तम भोगों को भोगते हुए वे अपने जीवन को व्यतीत करते हैं।

तस्स ण एगमवि आणवेमाणस्स जाव चत्तारि पच जणा आवुत्ता चेव अब्भुट्ठति, भणह देवाणुप्पिया ! किं करेमो ? किं आहरेमो ? किं उवणेमो ? किं आचिट्ठामो ! किं मे हिय इच्छिय ? किं मे आसगस्स सयइ ?, तमेव पासित्ता अणारिया एवं वयति-देवे खलु अय पुरिसे, देवसिणाए खलु अय पुरिसे, देवजीवणिज्जे खलु अय पुरिसे, अन्नेवि य ण उवजीवति, तमेव

छाया—तस्यैकमप्याज्ञापयतः यावत् चत्वारः पञ्च वा अनुक्ताश्चैव पुरुषाः अभ्युत्तिष्ठन्ति । भणत देवानुप्रियाः । किं कुर्मः किमाहरामः किमुपनयामः किमातिष्ठामः किं भवतां हितमिष्टं किं भवतः आस्यस्य स्वदते । तमेव दृष्ट्वा अनार्य्याः एवं वदन्ति देवः खलु अयं पुरुषः देवस्नातकः खलु अय पुरुषः देवजीवनीयः खलु अयं पुरुषः अन्ये

अन्वयार्थ—(एगमवि आणवेमाणस्स तस्स अवुत्ता चेव चत्तारि पंच जणा अब्भुट्ठंति) वह पुरुष जब किसी एक मनुष्य को आज्ञा देता है तो चार पाँच मनुष्य विना कहे ही खड़े हो जाते हैं (देवाणुप्पिया भणह किं करेमो ? किं आहरेमो ? किं उवहरेमो) वे कहते हैं कि—हे देवताओं के प्रिय ! कहिये हम आपकी क्या सेवा करें ? क्या लावें क्या भेंट करें । (किं आचिट्ठामो) तथा क्या कार्य्य करें ? (मे किं हिय इच्छियं) आपका क्या हित है और क्या इष्ट है ? (मे आसगस्स किं सयइ) आपके मुख को कौनसी वस्तु रुचिकर है सो बताइये ! (तमेव पासित्ता अणारिया एवं वयति) उस पुरुष को इस प्रकार सुख भोगते हुए देख कर अनार्य्य जीव कहते हैं कि—(देवे खलु अयं पुरिसे) यह पुरुष तो देवता है (देवसिणाए खलु अयं पुरिसे) यह तो देवों से भी श्रेष्ठ है (देवजीवणिज्जे खलु अयं पुरिसे) यह तो देव जीवन व्यतीत कर रहा है (अन्ने वि य ण उवजीवंति) इसके आश्रय से

भावार्थ—यह पुरुष जब किसी एक मनुष्य को कुछ आज्ञा देता है तो विना कहे ही चार पाँच मनुष्य खड़े हो जाते हैं । वे कहते हैं कि—हे देवानुप्रिय ! बतलाइये हम आपकी क्या सेवा करें ? कौन सी वस्तु आपको प्रिय है जिसे लाकर हम आपका प्रिय करें इत्यादि । इस प्रकार सेवक वृन्दों से सेवा किये जाते हुए तथा उत्तमोत्तम विषयों को भोगते हुए उस पुरुष को देखकर अनार्य्य पुरुष उसे बहुत उत्तम समझते हैं वे कहते हैं कि—यह पुरुष मनुष्य नहीं किन्तु देवता है यह देवजीवन व्यतीत

पासित्ता आरिया वयंति-अभिक्कंतकूरकम्मे खलु अयं पुरिसे, अतिधुन्ने अइयायरक्खे दाहिणगामिए नेरइए कण्हपक्खिए आगमिस्साण दुल्लहबोहियाए यावि भविस्सइ,

छाया—ऽप्येनमुपजीवन्ति । तमेव दृष्ट्वा आर्य्याः वदन्ति अभिक्रान्तक्रूरकर्मा खलु अयं पुरुषः अतिधूर्तः अत्यात्मरक्षः दक्षिणगामी नैरयिकः कृष्णपाक्षिकः आगमिष्यति दुर्लभबोधिको भविष्यति ।

अन्वयार्थ—दूसरे भी आनन्द करते हैं (तमेव पासिया आरिया वयंति) परन्तु इस प्रकार भोग विलास में आसक्त उस पुरुष को देख कर आर्य्य पुरुष कहते हैं कि—(अभिक्कंत-कूरकम्मे खलु अय पुरिसे) यह पुरुष तो अत्यन्त क्रूर कर्म करने वाला है (अति धुन्ने) यह अत्यन्त धूर्त पुरुष है (अइयायरक्खे) यह अपने शरीर की अत्यन्त रक्षा करने वाला है । (दाहिणगामिए) यह दक्षिण दिशा के नरक को जाने वाला है (नेरइए कण्हपक्खिए) यह नरकगामी तथा कृष्णपक्षी है । (आगमिस्साणं दुल्लहबोहियाए यावि भविस्सइ) यह भविष्य काल में दुर्लभबोधी होगा ।

भावार्थ—कर रहा है इसके बराबर सुखी जगत् में कोई नहीं है दूसरे लोग जो इसकी सेवा करते हैं वे भी आनन्द भोगते हैं अत: यह पुरुष महाभाग्य वान् है इत्यादि । परन्तु जो पुरुष विवेकी हैं वे उस विषयी जीव को भाग्यवान् नहीं कहते वे तो उसे अत्यन्त क्रूर कर्म करने वाला अतिधूर्त और विषय की प्राप्ति के लिए अत्यन्त पाप करने वाला कहते हैं । ऐसा मनुष्य नरकगामी कृष्णपक्षी और भविष्य में दुर्लभबोधी होता है यह आर्य्य पुरुष कहते हैं ।

इच्चेयस्स ठाणस्स उट्ठिया वेगे अभिगिज्झति अणुट्ठिया

छाया—इत्येतस्य स्थानस्य उत्थिता एके अभिगृध्यन्ति अनुत्थिता एके

अन्वयार्थ—(उट्ठिया वेगे इच्चेयस्स ठाणस्स अभिगिज्झंति) कोई मूर्ख जीव मोक्ष के लिये उठ कर भी इस स्थान के पाने की इच्छा करते हैं (वेगे अणुट्ठिया अभिगिज्झंति)

भावार्थ—कोई मूर्ख जीव घर बार को छोड़ कर मोक्ष के लिए उद्यत हो कर भी पूर्वोक्त विषय सुख की इच्छा करते हैं तथा गृहस्थ और दूसरे विषयासक्त प्राणी भी इस स्थान की चाहना करते हैं, वस्तुत: यह स्थान इच्छा के

वेगे अभिगिज्झति अभिझझाउरा वेगे अभिगिज्झति, एस ठाणे अणारिए अकेवले अप्पडिपुन्ने अणेयाउए असंसुद्धे असल्लगत्तणे असिद्धिमग्गे अमुत्तिमग्गे अनिव्वाणमग्गे अणिज्जाणमग्गे असव्वदुक्खपहीणमग्गे एगतमिच्छे असाहु एस खलु पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए ॥ सूत्र ३२ ॥

छाया—अभिगृध्यन्ति अभिझझाकुला एके अभिगृध्यन्ति । एतत् स्थानम् अनार्य्यम् अकेवलम् अप्रतिपूर्णम् अनैयायिकम् असंशुद्धम् अशल्य-कर्त्तनम् असिद्धिमार्गम् अमुक्तिमार्गम् अनिर्वाणमार्गम् अनिर्य्याणमार्गम् असर्वदुःखप्रहीणमार्गम् एकान्तमिथ्या असाधु एष खलु प्रथमस्य स्थानस्य अधर्मपक्षस्य विभङ्ग' एवमाख्यात. ।

अन्वयार्थ—कोई गृहस्थ भी इस स्थान को पाने की इच्छा करते हैं । (अभिझंझाउरा अभिगिज्झंति) तथा तृष्णातुर मनुष्य इस स्थान को प्राप्त करने की इच्छा करते हैं (एस ठाणे अणारिए) वस्तुतः यह स्थान अनार्य्य यानी बुरा है (अकेवले) यह स्थान केवल ज्ञान रहित है । (अप्पडिपुन्ने) इसमें पूर्ण सुख नहीं है (अणेयाउए) इसमें न्याय नहीं है (असंसुद्धे) इसमें पवित्रता नहीं है (असल्लगत्तणे) यह कर्मरूपी शल्य को नष्ट करने वाला नहीं है । (असिद्धिमग्गे) यह सिद्धि का मार्ग नहीं है (अमुत्तिमग्गे) यह मुक्ति का मार्ग नहीं है (अनिव्वाणमग्गे) यह निर्वाण का मार्ग नहीं है (अणिज्जाणमग्गे) यह निर्याण का मार्ग नहीं है (असव्वदुक्खपहीणमग्गे) यह समस्त दुःखों का नाश करने वाला नहीं है (एगंतमिच्छे असाहु) यह स्थान एकान्त मिथ्या और बुरा है (एस खलु पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए) यह प्रथम स्थान अधर्मपक्ष का विचार किया गया ।

भावार्थ—योग्य नहीं है क्योंकि यह हिंसा झूठ कपट आदि दोषों से पूर्ण होने के कारण अधर्ममय है । इस स्थान में केवलज्ञान की प्राप्ति नहीं होती न कर्मबन्धन ही नष्ट होता है यह स्थान संसार को बढ़ाने वाला और कर्मपाश को दृढ़ करने वाला है । यद्यपि मृगतृष्णा के जल के समान इसमें कुछ सुख भी दिखाई देता है तथापि विषमिश्रित अन्न भोजन के समान यह परिणाम में दुःखोत्पादक है अतः विद्वान् पुरुष को इस स्थान की इच्छा न करनी चाहिये यह आशय है ॥ ३२ ॥

अहावरे दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिज्जइ इह खलु पाईणं वा पडीणं वा उदीणं वा दाहिणं वा संतेगइया मणुस्सा भवंति, तंजहा–आरिया वेगे अणारिया वेगे उच्चागोया वेगे णीयागोया वेगे कायमंता वेगे हस्समंता वेगे सुवन्ना वेगे दुवन्ना वेगे सुरूवा वेगे दुरूवा वेगे, तेसिं च णं खेत्तवत्थूणि परिग्गहियाइं भवंति, एसो आलावगो जहा पोंडरीए तहा

छाया—अथापरः द्वितीयस्य स्थानस्य धर्मपक्षस्य विभङ्गः एवमाख्यायते इह खलु प्राच्यां वा प्रतीच्यां वा उदीच्यां वा दक्षिणस्यां वा सन्त्येकतये मनुष्याः भवन्ति तद्यथा— आर्य्या एके अनार्य्या एके उच्चगोत्रा एके नीचगोत्राः एके कायवन्त एके ह्रस्वा एके सुवर्णा एके दुर्वर्णा एके सुरूपा एके दुरूपा एके, तेषाञ्च क्षेत्रवास्तूनि परिगृहीतानि भवन्ति, एष आलापकः यथा पौण्डरीके तथा नेतव्यःतेनैवा

अन्वयार्थ—(अह अवरे दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिज्जइ) इसके पश्चात् द्वितीय स्थान जो धर्मपक्ष कहलाता है उसका विचार किया जाता है। (इह खलु पाईणं वा पडीणं वा उदीणं वा दाहिणं वा संतेगतिया मणुस्सा भवन्ति) इस मनुष्य लोक में पूर्व पश्चिम उत्तर और दक्षिण दिशाओं में अनेक प्रकार के मनुष्य निवास करते हैं (तंजहा आरिया वेगे अणारिया वेगे उच्चागोया वेगे णीयागोया वेगे) जैसे कि—कोई आर्य्य कोई अनार्य्य,कोई उच्च गोत्र वाले कोई नीच गोत्र वाले (कायमंता वेगे हस्समंता वेगे सुवन्ना वेगे दुवन्ना वेगे सुरूवा वेगे दुरूवा वेगे) कोई लम्बे शरीर वाले कोई छोटे कोई सुन्दर वर्ण वाले कोई बुरे वर्ण वाले कोई सुरूप और कोई कुरूप होते हैं (तेसिं च खेत्तवत्थूणि परिग्गहियाइं भवन्ति) इन पुरुषों के खेत और मकान परिग्रह होते हैं (एसो आलावगो जहापोंडरीए


भावार्थ—अधर्म पक्ष पहला पक्ष है इसलिए उसका वर्णन करने के पश्चात् धर्मपक्ष का वर्णन किया जाता है। जिन कार्य्यों से पुण्य की उत्पत्ति होती है उसे धर्म कहते हैं उस धर्म का अनुष्ठान करने वाले बहुत से मनुष्य जगत् में निवास करते हैं वे पुण्यात्मा आर्य्यवंश में उत्पन्न हैं उनसे विपरीत शक यवन और बर्बर आदि अनार्य्य जन भी जगत् में निवास करते हैं इनका वर्णन पुण्डरीक अध्ययन में विस्तार के साथ किया गया

णेतव्वो, तेणेव अभिलावेण जाव सव्वोवसंता सव्वत्ताए परि-
निव्वुडेत्ति बेमि ॥ एस ठाणे आरिए केवले जाव सव्वदुक्ख-
प्पहीणमग्गे एगंतसम्मे साहु, दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स
विभंगे एवमाहिए ॥ सूत्र ३३ ॥

छाया— मिलापेन यावत् सर्वोपशान्ताः सर्वात्मतया परिनिर्वृत्ता इति ब्रवीमि। एतत् स्थान आर्य्यं केवलं यावत् सर्वदुःखप्रहीणमार्गम् एकान्त सम्यक् साधु द्वितीयस्य स्थानस्य धर्मपक्षस्य विभङ्ग एवमाख्यात।

अन्वयार्थ—(णेतव्वो) ये सब बातें जो पुण्डरीक के प्रकरण में कही हैं वे यहां कहनी चाहियें (तेणेव अभिलावेण जाव सव्वोवसंता सव्वत्ताए परिनिव्वुडेत्ति बेमि) और उसी बोध के अनुसार जो पुरुष सब कषायों से अलग और सब इन्द्रियों के भोगों से निवृत्त हैं वे धर्म पक्ष वाले हैं यह मैं (सुधर्मास्वामी) कहता हूं (एस ठाणे आरिए केवले जाव सव्वदुक्खपहीणमग्गे एगंतसम्मे साहु) यह स्थान आर्य्यस्थान और केवल ज्ञान को उत्पन्न करने वाला तथा समस्त दुःखों का नाशक है। यह एकान्त सम्यक् और उत्तम स्थान है। (दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए) यह द्वितीय स्थान जो धर्मपक्ष है उसका विचार इस प्रकार किया गया है।

भावार्थ—ये अतः फिर दुहराने की आवश्यकता नहीं है यहाँ केवल बताना यह है कि शक यवन आदि अनार्य्य पुरुषों के जो दोष बताये गये हैं उन दोषों से रहित जो पुरुष उत्तम आचार में प्रवृत्त है वही धार्मिक है और उसका जो स्थान है वही धर्मस्थान या धर्म पक्ष है वही स्थान केवल ज्ञान की प्राप्ति का कारण और न्यायसंगत है अतः विवेकी पुरुष को उसी पक्ष का आश्रय लेना चाहिये यह आशय है।



अहावरे तच्चस्स ठाणस्स मिस्सगस्स विभंगे एवमाहिज्जइ, जे इमे भवंति आरण्णिया आवसहिया गामणियंतिया कण्हुई-रहस्सिता जाव ते तओ विप्पमुच्चमाणा भुज्जो एलमूयत्ताए तमूत्ताए पच्चायंति, एस ठाणे अणारिए अकेवले जाव असव्व-

छाया—अथाऽपरस्तृतीयस्य स्थानस्य मिश्रकस्य विभङ्गः एवमाख्यायते— ये इमे भवन्ति आरण्यका आवसथिका, ग्रामान्तिकाः क्वचिद्रा-हसिकाः यावत् ते ततो विप्रमुच्यमाना भूयः एलमूकत्वाय तम-स्त्वाय प्रत्यायान्ति। एतत् स्थानम् अनार्य्यम् अकेवल यावत्

अन्वयार्थ—(अहावरे तच्चस्स ठाणस्स मिस्सगस्स विभंगे एवमाहिज्जइ) इसके पश्चात् तीसरा स्थान जो मिश्रपक्ष कहलाता है उसका विचार इस प्रकार है (जे इमे आरण्णिया आवस हिया गामणियंतिया कण्हुईरहस्सिता) वन में निवास करने वाले तापस आदि तथा घर या कुटी बना कर रहने वाले तापस तथा ग्राम के निकट निवास करने वाले तापस और जो किसी गुप्त विषय में विचार करने वाले तापस हैं (ते तओ विप्पमुच्चमाणा भुज्जो एलमूयत्ताए तमूयाए पच्चायंति) वे मरने के पश्चात् किल्विषी देवता होते हैं और वे वहां से लौट कर इस लोक में फिर गूँगे और अन्धे होते हैं। (वे जिस मार्ग का सेवन करते हैं उसे मिश्र स्थान कहते हैं)

भावार्थ—जिस स्थान में पाप और पुण्य दोनों का योग है उसे मिश्रस्थान कहते हैं इसके कई भेद हैं। जिसमें पुण्य और पाप दोनो ही बराबर हैं वह भी मिश्र स्थान कहलाता है और जिसमें पाप बहुत अधिक और पुण्य बिलकुल अल्पमात्रा में है वह भी मिश्र स्थान है। यहां उस मिश्रस्थान का वर्णन है जिसमें पुण्य बिलकुल अल्प और पाप बहुत अधिक है क्योंकि—इसे शास्त्रकार बिलकुल मिथ्या और बुरा बतलाते हैं यह उसी हालत में हो सकता है जबकि पुण्यका अंश बिलकुल नगण्यसा हो। यह स्थान तापसों का है जो जंगल में निवास करते हैं तथा कोई कुटी बनाकर रहते हैं एवं कोई ग्रामकी सीमा के ऊपर रहते हैं। ये तापस अपने को धार्मिक और मोक्षार्थी बतलाते हैं। इनकी प्राणातिपात आदि दोषों से किञ्चित् निवृत्ति भी देखी जाती है परन्तु वह नहीं के बराबर ही है क्योंकि—इनका हृदय मिथ्यात्वमल से दूषित होता है तथा इनको जीव और अजीव का विवेक भी नहीं होता है अतः ये जिस

दुक्खपहीणमग्गे एगतमिच्छे असाहू, एस खलु तच्चस्स ठाणस्स मिस्सगस्स विभंगे एवमाहिए ॥ सूत्र ३४ ॥

छाया—असर्वदु खप्रहीणमार्गमेकान्तमिथ्या असाधु । एष खलु तृतीयस्य स्थानस्य मिश्रकस्य विभङ्ग एवमाख्यात ।

अन्वयार्थ—(एस ठाणे अणारिए अकेवले जाव असव्वदुक्खपहीणमग्गे एगंत मिच्छे असाहु) यह स्थान आर्य्य पुरुषों से सेवित नहीं है तथा यह केवल ज्ञान को उत्पन्न करने वाला नहीं है यह स्थान एकान्त मिथ्या और बुरा है (एस खलु तच्चस्स ठाणस्स मिस्सगस्स विभंगे एव माहिए) यह तीसरा जो मिथ्या स्थान है उसका विचार कहा गया है ।

भावार्थ—मार्ग का सेवन करते हैं उसमें पाप बहुत और पुण्य बिलकुल अल्प मात्रा में है । अतः इनके स्थान को यहा मिश्रस्थान कहा है । ये लोग मरने के पश्चात् किल्बिषी देवता होते हैं और फिर वहाँ से भ्रष्ट होकर मनुष्य लोक में गूंगे और अन्धे होते हैं इस कारण इनका जो स्थान है, वह आर्य्यजनों के योग्य नहीं है, वह केवल ज्ञान को उत्पन्न करनेवाला और सब दुःखों का नाश करने वाला नहीं है किन्तु एकान्त मिथ्या और बुरा है यह तीसरा मिश्रस्थान का वर्णन समाप्त हुआ । ३४



अहावरे पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिज्जइ—इह खलु पाईणं वा ४ संतेगतिया मणुस्सा भवंति—

छाया—अथाऽपर प्रथमस्य स्थानस्य अधर्मपक्षस्य विभङ्ग एवमाख्यायते । इह खलु प्राच्यां वा ४ सन्त्येकतये मनुष्या भवन्ति—गृहस्था महेच्छा

अन्वयार्थ—(अहावरे पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिज्जइ) इसके पश्चात प्रथम स्थान जो अधर्मपक्ष है उसका विचार किया जाता है—(इह खलु पाईणं वा संतेगतिया मणुस्सा भवंति) इस मनुष्य लोक में पूर्व आदि दिशाओं में ऐसे

भावार्थ—इस पाठ के पूर्व पाठों में अधर्म धर्म और मिश्र स्थानों का वर्णन किया है परन्तु यहां से इन स्थानों में रहनेवाले पुरुषों का वर्णन आरम्भ होता है ।

गिहत्था महिच्छा महारंभा महापरिग्गहा अधम्मिया अधम्माणुया (एणा) अधम्मिट्ठा अधम्मक्खाई अधम्मपायजीविणो अधम्मप (वि) लोई अधम्मपलज्जणा अधम्मसीलसमुदायारा अधम्मेण चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति ॥

छाया—महारम्भाः महापरिग्रहाः अधार्मिकाः अधर्मानुगाः अधर्मिष्ठाः अधर्मख्यायिनः अधर्मप्रायजीविनः अधर्मप्रलोकिनः अधर्मप्रलक्षनाः अधर्मशीलसमुदाराः अधर्मेण चैव वृत्तिं कल्पयन्तः विहरन्ति ।

अन्वयार्थ—मनुष्य भी निवास करते हैं (गिहत्था महिच्छा महारंभा महापरिग्गहा) जो घर द्वार और कौटुम्बिक जीवन व्यतीत करनेवाले गृहस्थ हैं। वे बड़ी इच्छावाले और महान् आरम्भ करने वाले तथा बड़े से बड़े परिग्रहवाले होते हैं (अधम्मिया अधम्माणुया अधम्मिट्ठा अधम्मक्खाई) वे अधर्म करने वाले और अधर्म के पीछे चलने वाले अधर्म को अपना अभीष्ट माननेवाले और अधर्म की ही चर्चा करने वाले होते हैं (अधम्मपायजीविणो अधम्मपलोई अधम्मपलज्जणा) वे अधर्ममय जीविका करने वाले और अधर्म को ही देखने वाले तथा अधर्म में आसक्त होते हैं (अधम्मसीलसमुदायारा अधम्मेण चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति) वे अधर्ममय स्वभाव और आचरण वाले पुरुष अधर्म से ही अपनी जीविका उत्पन्न करते हुए अपनी आयुको पूर्ण करते हैं।

भावार्थ—उस में सब से पहले अधर्म स्थान में स्थित पुरुष का वर्णन इस पाठ के द्वारा किया जाता है। इस लोक में जो पुरुष गृहस्थ का जीवन व्यतीत करते हुए विषय साधनों की प्राप्ति की बड़ी से बड़ी इच्छा रखते हैं अर्थात् सब से अधिक धन धान्य पशु परिवार और गृह आदि की इच्छा करते हैं तथा वाहन ऊंट घोड़ा गाड़ी नाव खेत और दास दासी बहुत अधिक रखते हुए उनके पालनार्थ महान् आरम्भ समारम्भ करते हैं तथा किसी भी आश्रव से निवृत्त न होकर सबका सेवन करते हैं एवं रात दिन अधर्म के कार्य्य में लगे हुए रह कर अधर्म की ही चर्चा करते रहते हैं वे पुरुष प्रथम पक्ष अधर्म स्थान में स्थित हैं यह शास्त्रकार का आशय है।

हण छिंद भिंद विगत्तगा लोहियपाणी चंडा रुद्दा खुद्दा साहस्सिया उक्कुचणवंचणमायाणियडिकूडकवडसाइसपओगबहुला दुस्सीला दुव्वया दुप्पडियाणंदा असाहू सव्वाओ पाणाइवायाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए-जाव सव्वाओ परिग्गहाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए सव्वाओ कोहाओ जाव मिच्छादंसणसल्लाओ अप्पडिविरया, सव्वाओ

छाया—खदि, छिन्धि, भिन्धि, विकर्त्तका लोहितपाणयः चण्डाः रौद्राः क्षुद्राः साहसिकाः उत्कुञ्चनवञ्चनमायानिकृतिकूटकपटसातिसप्रयोगबहुलाः दुःशीलाः दुर्व्रताः असाधवःसर्वस्मात् प्राणातिपातात् अप्रतिविरताः यावज्जीवन या त् सर्वस्मात् परिग्रहादप्रतिविरता यावज्जीवनम् । सर्वस्मात् क्रोधाद् यावद् मिथ्यादर्शनशल्यादप्रति

अन्वयार्थ—(हण छिंद भिंद) जो हमेशा यही आज्ञा देते रहते हैं कि—प्राणियों को मारो काटो और भेदन करो (विगत्तगा लोहियपाणी चंडा रुद्दा खुद्दा) जो प्राणियों के चमड़े उखाड़ लेते हैं और प्राणियों के रक्त से जिनके हाथ लाल हो जाते हैं जो क्रोधी भयङ्कर और क्षुद्र हैं। (साहस्सिया) जो पाप करने में बड़े साहसी हैं (उक्कुचणवंचणमायाणियडिकूडकवडसाइसपओगबहुला) जो प्राणियों को ऊपर फेंक कर शूल पर चढ़ाते हैं दूसरे को ठगते हैं, माया करते हैं, और बगुला भक्त बनते हैं, कम तोलते हैं और जगत् को धोखा देने के लिये देश वेष और भाषा को बदल देते हैं (दुस्सीला दुव्वया दुप्पडियाणंदा असाहू) ये दुष्ट स्वभाव वाले दुष्ट व्रत वाले दुःख से प्रसन्न किये जाने वाले और दुर्जन होते हैं। (जावज्जीवाए सव्वाओ पाणाइवायाओ अप्पडिविरया) जो जीवन भर सब प्रकार की हिंसाओं से निवृत्त नहीं होते हैं (जाव सव्वाओ परिग्गहाओ जावज्जीवाए अप्पडिविरया) जो समस्त परिग्रहों से जीवनभर निवृत्त नहीं होते हैं (सव्वाओ कोहाओ जाव मिच्छादंसणसल्लाओ जावज्जीवाए अप्पडिविरया) जो, क्रोध से लेकर मिथ्या दर्शन

भावार्थ—जो पुरुष जीवन भर दूसरे प्राणियों को मारने पीटने वध करने तथा उन्हें नाना प्रकार के कष्ट देने की आज्ञा देते रहते हैं तथा स्वयं प्राणियों का वध करते रहते हैं, जो हिंसा, झूठ, अदत्तादान, मैथुन और परिग्रह को जीवन भर नहीं छोड़ते हैं जो झूठ बोलना और कम मापना कभी नहीं छोड़ते, जो क्रोध मान माया और लोभ को सदा बढ़ाते रहते हैं

एहाणुम्मद्दणवण्णगगंधविलेवणसद्दफरिसरसरूवगंधमल्लालंकाराओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए सव्वाओ सगडरहजाणजुग्गगिल्लिथिल्लिसियासंदमाणियासयणासणजाणवाहणभोगभोयणपवित्थरविहीओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए सव्वाओ कयविक्कयमासद्धमासरूवगसंववहाराओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए

छाया—विरताः सर्वस्मात् स्नानोन्मर्दनवर्णकविलेपनशब्दस्पर्शरूपरसगन्धमाल्यालङ्कारादप्रतिविरताः यावज्जीवनम् । सर्वस्मात् शकटरथयानयुग्यगिल्लिथिल्लिस्यन्दनशयनासनयानवाहनभोग्यभोजनप्रविस्तरविधितः अप्रतिविरताः यावज्जीवनम् । सर्वतः क्रयविक्रयमाषार्धमाषरूपकसव्यवहारादप्रतिविरताः यावज्जीवनम् सर्वस्मात्

अन्वयार्थ—सत्य पर्य्यन्त अठारह पापों से जीवन भर निवृत्त नहीं होते हैं (सव्वाओ ण्हाणुमद्दणवण्णगगंधविलेवणसद्दफरिसरसरूवगंधमल्लालंकाराओ जावज्जीवाए अप्पडिविरया) जो जीवन भर स्नान, तैलमर्दन, तथा शरीर में रंग लगाना, गंध लगाना चन्दन लेप करना मनोहर शब्द सुनना स्पर्श रूप रस और गन्ध का भोगना तथा फूल माला और अलङ्कारों को धारण करना नहीं छोड़ते (सव्वाओ सगडरहजाणजुग्गगिल्लिथिल्लिसंदमाणियासयणासणजाणवाहणभोगभोयणपवित्थरविहीओ जावज्जीवाए अप्पडिविरया) जो, गाड़ी, रथ, सवारी डोली आकाशयान और पालकी आदि वाहनों पर चढ़ कर चलना तथा शय्या, आसन यान वाहन भोग और भोजन के विस्तार को जीवन भर नहीं छोड़ते (सव्वाओ कयविक्कयमासद्धमासरूवगसंववहाराओ जावज्जीवाए अप्पडिविरया) जो सब प्रकार के क्रय और विक्रय तथा मासा आधा मासा और तोला आदि व्यवहारों से जीवन भर निवृत्त नहीं होते (सव्वाओ हिरण्णसुवण्णधणधाण्णमणिमोत्तियसंखसिलप्पवालाओ

भावार्थ—जो जीवन भर शारीरिक शृंगार करने और उत्तमोत्तम वस्त्र भूषण वाहन तथा उत्तम रूप रस गन्धादि विषयों के सेवन करने में दत्तचित्त रहते हैं जो सदा परवञ्चन करने के लिये देश वेष और भाषा को बदल कर विषय के उपार्जन में लगे रहते हैं जो क्रोधादि अठारह पापों से

सव्वाओ हिरण्णसुवण्णधणधण्णमणिमोत्तियसंखसिलप्पवालाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए सव्वाओ कूडतुलकूडमाणाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए सव्वाओ आरंभसमारंभाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए सव्वाओ करणकारावणाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए सव्वाओ पयणपयावणाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए सव्वाओ कुट्टणपिट्टणतज्जणताडणवहबंधणपरिकिलेसाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए, जे आवण्णे तहप्प-

छाया—हिरण्यसुवर्णधनधान्यमणिमौक्तिकशंखशीलप्रवालादप्रतिविरताः यावज्जीवनम्। सर्वस्मात् कूटतुलकूटमानादप्रतिविरता यावज्जीवनम्। सर्वस्मात् आरम्भसमारम्भादप्रतिविरताः यावज्जीवनम् सर्वतः पचनपाचनतः अप्रतिविरताः यावज्जीवनम् सर्वतः कुट्टनपिट्टनतर्जनताडनवधबन्धनपरिक्लेशादप्रतिविरता यावज्जीवनम्।

अन्वयार्थ—जावज्जीवाए अप्पडिविरया) जो सोना चाँदी धन धान्य मणि, मोती शंख शिला और मूँगा आदि के संग्रह से जीवन भर निवृत्त नहीं होते (सव्वाओ कूडतुलकूडमाणाओ जावज्जीवाए अप्पडिविरया) जो झूठ तोलने और झूठ मापने से जन्म भर निवृत्त नहीं होते (सव्वाओ आरम्भसमारम्भाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए) जो सब प्रकार के आरम्भ और समारम्भों से जीवन भर निवृत्त नहीं होते। (सव्वाओ करणकारावणाओ अप्पडिविरया जावज्जीवाए) जो सब प्रकार के सावद्य व्यापार करने और कराने से जीवन भर निवृत्त नहीं होते (सव्वाओ पयणपयावणाओ जावज्जीवाए अप्पडिविरया) जो सब प्रकार के पचन और पाचन से जीवन भर दूर नहीं होते (सव्वाओ कुट्टणपिट्टणतज्जणताडणवहबंधणपरिकिलेसाओ जावज्जीवाए अप्पडिविरया) जो जीवन भर प्राणियों को कूटने पीसने धमकाने मारने वध करने और बांधने तथा नाना प्रकार से उन्हें क्लेश देने से निवृत्त नहीं होते हैं

भावार्थ—कभी निवृत्त न होकर निरन्तर अनार्य्य पुरुषों के द्वारा किये जाने वाले सावद्य कर्मों के अनुष्ठान में तत्पर रहते हैं जो सदा ही क्रय विक्रय के झंझट में पड़ कर मासा आधा मासा और तोला आदि का व्यवहार करते रहते हैं जो जीवन भर अन्न पकाने और पकवाने से सन्तुष्ट नहीं

गारा सावज्जा अवोहिया कम्मंता। परपाणपरियावणकरा। जे अणारिएहिं कज्जंति ततो अप्पडिविरया जावज्जीवाए ॥

छाया—ये चाऽन्ये तथाप्रकाराः सावद्याः अवोधिकाः कर्मसमारम्भाः प प्राणपरितापनकराः ये अनार्य्यैः क्रियन्ते ततोऽप्रतिविरत यावज्जीवनम् ।

अन्वयार्थ—(जे अण्णे तहप्पगारा सावज्जा अवोहिया परपाणपरितावणकरा कम्मंता) ज दूसरे प्रकार के कर्म जो प्राणियों को क्लेश देने वाले सावद्य तथा बोधिबीज नष्ट करने वाले हैं (जे अणारिएहिं कज्जंति ततो जावज्जीवाए अप्पडिविरया जो अनार्य्य पुरुषों के द्वारा किए जाते हैं उन कर्मों से जो जीवन भर निवृत्त न होते हैं उन पुरुषों को एकान्त अधर्म स्थान में स्थित जानना चाहिये ।

भावार्थ—होवे, जो सब प्रकार के सावद्य कर्मों के स्वय करने और दूसरों कराने से निवृत्त नहीं होते वे पुरुष अधर्म स्थान में स्थित हैं यह जानन चाहिये ।

से जहाणामए केइ पुरिसे कलममसूरतिलमुग्गमासनिप्फावकुलत्थ आलिसदगपलिमथगमादिएहिं अयते कूरे मिच्छादंड पउजति, एवमेव तहप्पगारे पुरिसजाए तित्तिरवट्टगलावगकवोतकविंजलमियमहि-

छाया—तद् यथानाम केचित् पुरुषाः कलममसूरतिलमुद्गमाषनिष्पाव कुलत्थालिसन्दकपरिमन्थादिकेषु अत्यन्तं क्रूराः मिथ्यादण्डं प्रयुञ्जते एवमेव तथाप्रकाराः पुरुषजाताः तित्तिरवर्तकलावक

अन्वयार्थ—(से जहाणामए अयंते कूरे केइ पुरिसे) जैसे कोई अत्यन्त क्रूर पुरुष (कलम मसूरतिलमुग्गमासनिप्फावकुलत्थआलिसदगपलिमंथगमादिएहिं मिच्छादंडं पउंजंति) चावल, मसूर, तिल, मूँग, उड़द निष्पाव (अन्न विशेष) कुलथी चँवला परिमंथक (धान्य विशेष) आदि को अपराध के बिना ही व्यर्थ दण्ड देते हैं (एवमेव तहप्पगारे पुरिसजाए तित्तिरवट्टगलावककवोतकविंजलमियमहिसवराहगाह

भावार्थ—बिना ही अपराध प्राणियों को दण्ड देने वाले बहुत से क्रूर पुरुष जगत् में निवास करते हैं । ये निर्दय जीव अपने और दूसरे के भोजनार्थ

सवराहगाहगोहकुम्मसिरिसिवमादिएहिं अयते कूरे मिच्छादंडं पउंजति, जावि य से बाहिरिया परिसा भवइ, तजहा-दासे इ वा पेसे इ वा भयए इ वा माइल्ले इ वा कम्मकरए इ वा भोगपुरिसे इ वा तेसिंपि य णं अन्नयरसि वा अहालहुगसि अवराहंसि सयमेव गरुयं दंडं निवत्तेइ, तजहा—इमं दंडेह इमं मुंडेह इमं तज्जेह इमं तालेह इमं अदुयबंधणं करेह इमं नियलबंधणं करेह इम

छाया—कपोतकपिञ्जलमृगमहिषवराहग्राहगोधाकूर्मसरिसृपादिकेषु अत्यन्तं क्रूरा मिथ्यादण्डं प्रयुञ्जन्ति याऽपि च तेषां बाह्या परिषद् भवति तद्यथा-दासोवा प्रेष्यो वा भृतको वा भागिको वा कर्मकरोवा भोगपुरुषो वा तेषाञ्चान्यतरस्मिन् लघुकेऽप्यपराधे स्वयमेव गुरुक दण्ड निर्वर्तयन्ति तद्यथा इमं दण्डयत, इम मुण्डयत, इम तर्जयत, इमं ताडयत, इमं पृष्ठबन्धनं कुरुत, इमं निगडबन्धन कुरुत, इम

अन्वयार्थ—(गोहकुम्मसरिसिवमादिएहिं मिच्छादंडं पउंजंति) इसी तरह अत्यन्त क्रूर पुरुष तित्तिर, बटेर, कबूतर, कपिंजल, मृग, भैंसा सुअर, ग्राह गोह और जमीन पर सरक कर चलनेवाले जानवरों को अपराध के बिनाही मिथ्या दण्ड देते हैं (जावि य से बाहिरिया परिसा भवइ तंजहा—दासे इ वा पेसेइ वा भयएइ वा माइल्लेइ वा कम्मकरएइ वा भोगपुरिसे इ वा) इन क्रूर पुरुषों की जो बाहरी परिषद् होती है उस में दासी का पुत्र तथा दूत का काम करनेवाला, वेतन लेकर सेवा करनेवाला, छट्ठा भाग लेकर खेती करानेवाला एवं दूसरा काम काज करनेवाला एवं भोग की सामग्री देनेवाला इत्यादि पुरुष होते हैं। (तेसिंपि य ण अन्नयरसि वा अहालहुगंसि अवराहंसि सयमेव गरुयं दंडं निवत्तेइ) इन लोगों से जब कभी थोड़ा भी अपराध हो जाता है तो वे क्रूर पुरुष स्वयं इन्हें भारी दण्ड देते हैं (तंजहा—इमं दंडेह इमं तज्जेह इमं तालेह) वे कहते हैं कि—इस पुरुष को मारो इसके सिर मुँडाओ, इसे डाँटो, इसे लाठी आदि से पीटो (इमं अदुयबंधणं करेह) इसकी भुजायें पीठ से बांध दो (इमं नियलबंधणं करेह) इसके हाथ और पैर में बेड़ी डाल दो (इमं

भावार्थ—दण्ड देते हैं। कोई निर्दय जीव तित्तिर बटेर और बत्तक आदि पक्षियों को बिना ही अपराध मारते फिरते हैं। इन पुरुषों के बाहरी परिवार के लोग ये हैं—इनकी दासी का पुत्र, तथा दूत का काम करने वाला पुरुष, एवं वेतन लेकर इनकी सेवा करने वाला मनुष्य, तथा

हड्डिबधणं करेह इमं चारगबधणं करेह इमं नियलजुयलसंकोचियमोडियं करेह इमं हत्थछिन्नयं करेह इमं पायछिन्नयं करेह इमं कन्नछिण्णयं करेह इमं नक्कओट्ठसीसमुहछिन्नयं करेह वेयगछहिय अंगछहिय पक्खाफोडियं करेह इमं णयणुप्पाडियं करेह इमं दसणुप्पाडियं वसणुप्पाडियं जिब्भुप्पाडियं ओलंबियं करेह घसियं करेह घोलियं करेह सूलाइयं करेह सूलाभिन्नयं करेह खारवत्तिय

छाया—हडीबन्धनं कुरुत, इमं चारकबन्धनं कुरुत, इमं निगडयुगल संकोचितमोटितं कुरुत, इमं हस्तच्छिन्नकं कुरुत, इमं पादच्छिन्नकं कुरुत, इमं कर्णच्छिन्नकं कुरुत, इमं नासिकौष्ठशीर्षमुखच्छिन्नकं कुरुत, इमं वेदकच्छिन्नाङ्गच्छिन्नकं, पक्षस्फोटितं कुरुत, इमं नयनोत्पाटितं कुरुत, इमं दशनोत्पाटितं वृषणोत्पाटितं जिह्वोत्पाटितम् अवलम्बितं कुरुत, घर्षितं कुरुत घोलितं कुरुत, शूलार्पितं कुरुत शूलाभिन्नकं कुरुत, क्षारवर्तितं

अन्वयार्थ—हड्डिबधणं करेह) इसको हाडी बन्धन में दे दो (इमं चारगबंधणं करेह) इसे चारक बन्धन में बाँध दो (इमं नियलजुयलसंकोचियमोडियं करेह) इसे दो बेड़ियों से बाँधकर अङ्गोंको मरोड़ दो (इमं हत्थछिन्नयं करेह) इसके हाथ काट दो (इमं पायछिन्नयं करेह) इसके पैर काट दो (इमं कन्नछिन्नयं करेह) इसके कान काट दो (इमं नक्कओट्ठसीसमुहछिन्नयं करेह) इसकी नाक, ओठ, शिर और मुख काट दो (वेयगछहियं अंगछहियं पक्खाफोडियं करेह) इसे मार कर मूर्छित करदो इसके अङ्ग काट दो (पक्खाफोडियं करेह) चाबुक से मार कर इसकी खाल खींचलो (इमं णयणुप्पाडियं करेह) इसकी आँखें निकाल लो (इमं दसणुप्पाडियं वसणुप्पाडियं जिब्भुप्पाडियं ओलंबियं करेह) इसके दाँत अण्डकोश और जिह्वा को उखाड़कर इसे उलटे लटका दो। (घसियं करेह) इसे जमीन पर घसीटो (घोलियं करेह) इसे पानी में घोल दो (सूलाइयं करेह) इसे शूली पर बैठा दो (सूलाभिन्नयं करेह) इसके शरीर में शूल चुभा दो (खारवत्ति करेह) इसके अङ्गों को

भावार्थ—छट्ठा भाग लेकर खेती करने वाला पुरुष, इसी तरह दूसरे भी नौकर चाकर आदि इनके परिवार होते हैं, ये लोग भी इनके समान ही अत्यन्त निर्दय हुआ करते हैं ये लोग किसी के थोड़े अपराध को भी अधिक समझकर इसे घोर दण्ड दिलवाते हैं इनसे भी जब कभी थोड़ा अपराध हो

करेह वज्झवत्तिय करेह सीहपुच्छियग करेह वसभपुच्छियग करेह दवग्गिदड्ढयग कागणिमसखावियग भत्तपाणनिरुद्धग इम जावज्जीव वहबधण करेह इम अन्नयरेण असुमेण कुमारेण मारेह ॥

छाया—कुरुत वध्यवर्तिन कुरुत सिंहपुच्छितकं कुरुत, वृषभपुच्छितक कुरुत, दावाग्निदग्धाङ्ग कुरुत काकालीमांसखादिताङ्ग भक्तपाननिरुद्धक यावज्जीवनं वधबन्धनं कुरुत, इममशुभेन कुमारेण मारयत ।

अन्वयार्थ—काटकर उस पर नमक छिड़को (वज्झवत्तियं करेह) इसे मार डालो (सीह पुच्छियगं वसभपुच्छियग) इसे सिंह की पूँछ में बाँध दो इसे बैल की पूँछ में बाँध दो (दवग्गिदड्ढयगं) इसे दावाग्नि में जला दो (कागणिमंसखावियगं) इसका माँस काट कर कौए को खिला दो (भत्तपाणनिरुद्धगं इमं जावज्जीवं वहबंधणं करेह) भोजन और पानी बन्द करके इसे जीवन भर कैद में रखो (इमं अन्नयरेणं असुमेणं कुमारेणं मारेह) इसे बुरी तरह मारकर जीवन रहित कर दो ।

भावार्थ—जाता है तो इनका स्वामी वह निर्दय पुरुष इन्हें घोर दण्ड देता है यह दण्ड यह है—सर्वस्व हरण करके निकाल देना, आँख, कान, नाक, भुजा और पैर आदि अंगों का छेदन कर देना, सिंह तथा साँढ़ की पूँछ में बाँध कर मार डालना, शूली पर चढ़ाना, अन्न, पानी बन्द करके जीवन भर जेल में रख देना इत्यादि । इस प्रकार प्राणियों को घोर दण्ड देने वाले ये निर्दय जीव अधर्म पक्ष में स्थित हैं यह जानना चाहिये ।

जावि य से अब्भिंतरिया परिसा भवइ, तजहा—माया इ वा पिया इ वा भाया इ वा भगिणी इ वा भज्जा इ वा

छाया—याऽपि च तस्य आभ्यन्तरिकी परिषद् भवति तद्यथा—माता वा पिता वा भ्राता वा भगिनी वा भार्य्या वा पुत्राः वा दुहितरो वा

अन्वयार्थ—(जावि य से अब्भिंतरिया परिसा भवइ तजहा) इन क्रूर पुरुषों के अन्दर के परिवार ये होते हैं जैसे कि—(मायाइवा पियाइवा भायाइवा भगिणीइवा भज्जाइवा

भावार्थ—इन क्रूर पुरुषों के अन्दर के परिवार जो माता, पिता, भाई, बहिन, भार्य्या, पुत्र, कन्या और पुत्रवधू आदि होते हैं इनका भी थोड़ा अपराध होने पर इन्हें वे भारी दण्ड देते हैं । सर्दी के समय वे इन्हें ठंडे पानी

पुत्ता इ वा धूता इ वा सुण्हा इ वा, तेसिंपि य णं अन्नयरंसि अहालहुगंसि अवराहंसि सयमेव गरुयं दंडं णिवत्तेइ, सीओदगवियडंसि उच्छोलित्ता भवइ जहा मित्तदोसवत्तिए जाव अहिए परंसि लोगंसि, ते दुक्खंति सोयंति जूरंति तिप्पंति पिट्टंति परितप्पंति ते दुक्खणसोयणजूरणतिप्पणपिट्टणपरितप्पणवहबंधणपरिकिलेसाओ अप्पडिविरया भवंति ॥

छाया—स्नुषा वा तेषाञ्च अन्यतरस्मिन् लघुकेऽप्यपराधे स्वयमेव गुरुकं दण्डं निर्वर्तयन्ति शीतोदकविकटे उत्क्षेप्तारो भवन्ति यथा मित्रदोषप्रत्ययिके यावत् अहिताः परस्मिन् लोके ते दुःख्यन्ति शोचन्ते जूरयन्ति तिप्यन्ति पीड्यन्ते परितप्यन्ति, ते दुःखनशोचनजूरणतेपनपिट्टनपरितापनवधबन्धनपरिक्लेशेभ्योऽप्रतिविरताः भवन्ति ।

अन्वयार्थ—पुत्ताइवा धूताइवा सुण्हा इवा) माता, पिता, भाई, बहिन, पत्नी, पुत्र, कन्यायें और पुत्र वधू आदि । (एतेसिंपि य ण अन्नयरंसि अहालहुगंसि अवराहंसि सयमेव गुरुयं दंडं णिवत्तेइ) इन लोगों से थोड़ा अपराध हो जाने पर वे क्रूर पुरुष इन्हें घोर दण्ड देते हैं (सीओदगवियडंसि उच्छोलित्ता भवइ) सर्दी के समय इन्हें वे ठंडे पानी में डाल देते हैं (जहा मित्तदोसवत्तिए जाव) जो जो दण्ड मित्रद्वेष प्रत्ययिक क्रिया स्थान में कहे गये हैं वे सभी दण्ड इन्हें वे देते हैं (अहिए परंसि लोगंसि) ऐसा करके वे अपने परलोक को खराब करते हैं (ते दुक्खंति सोयंति जूरंति तिप्पंति पिट्टंति परितप्पंति) ऐसा क्रूर कर्म करने वाले वे पुरुष अन्त में दुःखी होते हैं, शोक करते हैं, पश्चात्ताप करते हैं, पीड़ा और परिताप पाते हैं (ते दुक्खणसोयणजूरणतिप्पणपिट्टणपरितप्पणवहबंधणपरिकिलेसाओ अप्पडिविरया भवंति) वे, दुःख, शोक पश्चात्ताप, पीड़ा, ताप और वध, बन्धन आदि क्लेशों से कभी निवृत्त नहीं होते हैं ।

भावार्थ—में डाल देते हैं तथा मित्रद्वेषप्रत्ययिक क्रियास्थान में जिन दण्डों का वर्णन किया गया है वे सभी दण्ड इन्हें वे देते हैं, इस प्रकार निर्दयता के साथ अपने परिवार को दण्ड देने वाला वह पुरुष अपने परलोक को नष्ट करता है । वह अपने इस क्रूर कर्म के फल में दुःख पाता है, शोक पाता है, पश्चात्ताप करता है । वह सदा दुःख शोक आदि क्लेशों को भोगता रहता है परन्तु कभी इनसे मुक्ति नहीं पाता है यह जानना चाहिए ।

एवमेव ते इत्थिकामेहिं मुच्छिया गिद्धा गढिया अज्झोववन्ना जाव वासाइं चउपंचमाइं छद्दसमाइं वा अप्पतरो वा भुज्जतरो वा कालं भुंजित्तु भोगभोगाइं पविसुइत्ता वेरायतणाइं संचिणित्ता बहूइं पावाइं कम्माइं उस्सन्नाइं संभारकडेण कम्मणा से जहाणामए अयगोले इ वा सेलगोलेइ वा उदगंसि पक्खित्ते समाणे उदगतलमइवइत्ता अहे धरणितलपइट्ठाणे भवइ, एवमेव तहप्पगारे

छाया—एवमेव ते स्त्रीकामेषु मूर्छिता गृद्धाः ग्रथिताः अध्युपपन्ना यावत् वर्षाणि चतुः पञ्च षड् दश वा अल्पतरं वा भूयस्तरं वा कालं भुक्त्वा भोगान् प्रविश्य वैरायतनानि सञ्चित्य बहूनि पापानि कर्माणि उत्सन्नानि सम्भारकृतेन कर्मणा तद् यथा नाम अयोगोलको वा शैलगोलको वा उदके प्रक्षिप्यमाणः उदकतलमतिवर्त्य अधः धरणितलप्रतिष्ठानो भवति एवमेव तथाप्रकारः पुरुषजात

अन्वयार्थ—(एवमेव इत्थिकामेहिं मुच्छिया गिद्धा गढिया अज्झोववन्ना) पूर्वोक्त प्रकार से स्त्री भोग तथा दूसरे भोगों में आसक्त; अत्यन्त इच्छा वाले और अत्यन्त भोगों में गूँथे हुए तथा तल्लीन पुरुष (चउपंचमाइं छद्दसमाइं वासाइं अप्पतरो वा भुज्जतरो वा कालं भोगभोगाइं भुंजित्तु) चार पाँच या छः दश वर्षों तक, थोड़े या बहुत काल तक शब्दादि विषयों को भोग कर (वेरायतणाइं पविसुय) और प्राणियों के साथ वैर का भण्डार उत्पन्न करके (बहूइं पावाइं कम्माइं संचिणित्ता) एवं बहुत पाप कर्मों का सञ्चय कर (संभारकडेण कम्मणा) पाप कर्म के भार से इस प्रकार दब जाते हैं (से जहाणामए अयगोलए वा सेलगोलए वा उदगंसि पक्खित्ते समाणे उदगतलमइवइत्ता धरणितलपइट्ठाणे भवति) जैसे लोह या पत्थर का गोला पानी में डाला हुआ पानी को लाँघकर नीचे पृथिवी पर भार के कारण बैठ जाता है

भावार्थ—पूर्वोक्त प्रकार से बाहर और भीतर के परिवार वर्ग को घोर दण्ड देने वाले स्त्री तथा शब्दादि विषयों में अत्यन्त आसक्त वे अधार्मिक पुरुष थोड़े या बहुत कालतक भोग सेवन करके अनेक प्राणियों के साथ वैर उत्पन्न करते हैं तथा बहुत अधिक पाप का संग्रह करके उसके भार से अत्यन्त दब जाते हैं। जैसे लोह या पत्थर का गोला पानी में फेंका

पुरिसजाते वज्जवहुले धूतबहुले पकबहुले वेरबहुले अप्पत्तियबहुले दमबहुले णियडिबहुले साइबहुले अयसबहुले उस्सन्नतसपाणघाती कालमासे कालं किच्चा धरणितलमइवइत्ता अहे णरगतलपइट्ठाणे भवइ ॥ सूत्रं ३५ ॥

छाया—पर्य्यायबहुलः धुतबहुलः पङ्कबहुलः वैरबहुलः अप्रत्ययबहुल दम्भबहुल. नियतिबहुलः अयशोबहुलः उत्सन्नत्रसप्राणघाती कालमासे कालं कृत्वा धरणितलमतिवर्त्य अधो नरकतलप्रतिष्ठानो भवति ।

अन्वयार्थ—(एवमेव तहप्पगारे पुरिसजाए वज्जबहुले धूतबहुले पंकबहुले वेरबहुले अप्पत्तिय बहुले णियडिबहुले साइबहुले अयसबहुले उस्सन्नतसपाणघाती कालमासे कालं किच्चा धरणितलमइवइत्ता अहे णरगतलपइट्ठाणे भवइ) इसी तरह कर्म के भार से दबा हुआ गुरुकर्मी अधिक पाप वाला प्राणियों के साथ वैर किया हुआ मन में बुरा विचार करने वाला दूसरे को ठगने वाला देश वेष और भाषा को बदल कर दूसरे के साथ द्रोह करने वाला उत्तम पदार्थ में हीन पदार्थ को मिला कर उसे उत्तम पदार्थ की कीमत में बेचने वाला जगत् में अपकीर्ति का कार्य्य करने वाला, और त्रस प्राणियों का घात करने वाला वह पुरुष मृत्यु को प्राप्त करके रत्नप्रभा आदि पृथ्वी को लाँघ कर नरक में जाकर निवास करता है ।

भावार्थ—हुआ पानी के तल को पार कर पृथिवी के तल पर बैठ जाता है इसी तरह वे पापी जीव पृथिवी को पार करके नरक तल में जाकर बैठ जाते हैं । वे पुरुष पाप के भार से इतने दबे रहते हैं कि—वे पृथिवी के ऊपर ठहर नहीं सकते एक मात्र नरक ही उनका आश्रय होता है । ३५

ते ण णरगा अतो वट्टा बाहिं चउरंसा अहे खुरप्पसंठाणसंठिया णिच्चंधकारतमसा ववगयगहचंदसूरनक्खत्तजोइप्पहा मेदवसामंसरुहिरपूयपडलचिक्खिल्ललित्ताणुलेवणतला असुई वीसा परमदुब्भिगंधा कण्हा अगणिवण्णाभा कक्खडफासा दुरहियासा असुभा णरगा असुभा णरएसु वेयणाओ ॥ णो चेव णरएसु

छाया—ते नरका अन्तोवृत्ता बहिश्चतुरस्राः अधः क्षुरप्रसंस्थानसंस्थिता नित्यान्धकारतमसो व्यपगतग्रहचन्द्रसूर्य्यनक्षत्रज्योतिष्पथा मेदोवसामांसरुधिरपूयपटललिप्तानुलेपनतलाः अशुचयो विश्रा परम दुर्गन्धा· कृष्णाः अग्निवर्णाभा· कर्कशस्पर्शा· दुरधिसह्या· अशुभा नरकाः अशुभाः नरकेषु वेदनाः नो चैव नरकेषु नैरयिकाः निद्रान्ति

अन्वयार्थ—(ते णरगा अंतो वट्टा बाहिं चउरंसा) वे नरक अन्दर से गोल और बाहर से चतुष्कोण होते हैं (अहे खुरप्पसंठाणसंठिया) वे नीचे अस्तुरे की धार के समान तीक्ष्ण होते हैं (णिच्चंधकारतमसा) उनमें घोर अन्धकार सदा भरा रहता है (ववगयगहचन्दसूरनक्खत्तजोइप्पहा) वे ग्रह, चन्द्र, सूर्य्य, नक्षत्र और ज्योतिर्मंडल के प्रकाश से रहित होते हैं (मेदवसामंसरुहिरपूयपडलचिक्खिल्ललित्ताणुलेवण तला) उनकी भूमि, मेद, चर्बी, माँस, रक्त और पीब से उत्पन्न कीचड़ के द्वारा लिपी हुई है (असुई वीसा परमदुब्भिगंधा कण्हा) वे अपवित्र सड़े हुए मांस से युक्त और बहुत दुर्गन्ध वाले एवं काले हैं (अगणिवण्णाभा कक्खडफासा दुरहियासा) वे सधूम अग्नि के समान वर्ण वाले कठिन स्पर्श वाले और दुःख से सहन करने योग्य हैं (असुभा नरगा असुभा णरएसु वेयणाओ) इस प्रकार नरक बड़े अशुभ हैं और उनकी पीड़ा भी अशुभ है (णो चेव णरएसु नेरइया निद्दायंति वा पयलायंति वा

भावार्थ—पूर्वोक्त अधार्मिक पुरुष जिन नरकों में जाते हैं वे नरक अन्दर से गोल और बाहर से चार कोण वाले हैं। नीचे से उनकी बनावट तेज अस्तुरे की धार के समान तीक्ष्ण होती है। उनमें चन्द्र, सूर्य्य, ग्रह और नक्षत्र आदि का प्रकाश नहीं होता किन्तु सदा घोर अन्धकार फैला रहता है। उनकी भूमि सड़े हुए मांस, रुधिर, चर्बी और पीब से लिप्त होती है। वे बड़े दुर्गन्ध वाले अपवित्र होते हैं, उनका दुर्गन्ध सहन करने योग्य नहीं है। उनका स्पर्श काँटे से भी अधिक कर्कश होता है, अधिक कहां तक कहा जाय उनके रूप, रस, गन्ध, स्पर्श और शब्द सभी अशुभ होते हैं। उनमें

नेरइया णिद्दायंति वा पयलायंति वा सुइ वा रतिं वा धितिं वा मतिं वा उवलभंते, ते णं तत्थ उज्जलं पगाढं विउलं कडुयं कक्कसं चंडं दुग्गं तिव्वं दुरहियासं णेरइया वेयणं पच्चणुभवमाणा विहरंति ॥ सूत्र २६ ॥

छाया—वा पलायन्ते वा शुचिं वा रतिं वा धृतिं वा मतिं वा उपलभन्ते। ते तत्र उज्ज्वलां प्रगाढां विपुलां कटुकां कर्कशां दुःखां दुर्गां तीव्रां दुरधिसहां नैरयिकाः वेदनां पर्य्यनुभवन्तो विहरन्ति।

अन्वयार्थ—वा सुइं वा रतिं वा धितिं वा मतिं वा उवलभंते) उन नरकों में रहने वाले जीव कभी निद्रा सुख को प्राप्त नहीं करते और वहाँ से भाग कर अन्यत्र भी नहीं जा सकते। वे वहाँ किसी विषय को स्मरण नहीं करते, न सुख पाते, न धीरता ग्रहण करते, न विचार ही कर सकते हैं (ते णेरइया तत्थ उज्जलं विउलं पगाढं कडुयं कक्कसं चंडं दुक्खं दुग्गं तिव्वं दुरहियासं वेयणं पच्चणुभवमाणा विहरंति) वे नारकी जीव वहाँ कठिन, विपुल, प्रगाढ, कर्कश, तीव्र, दुस्सह और अपार दुःख को भोगते हुए अपना समय व्यतीत करते हैं।

भावार्थ—रहने वाले प्राणी कभी निद्रा को नहीं प्राप्त करते और वहाँ से भाग कर कहीं अन्यत्र भी नहीं जा सकते। वे वहीं निरन्तर असह्य दुःखों को भोगते हुए अपना समय व्यतीत करते हैं ॥ २६ ॥



से जहाणामए रुक्खे सिया पव्वयग्गे जाए मूले छिन्ने अग्गे गरुए जओ णिण्णं जओ विसमं जओ दुग्गं तओ पवडति,

छाया—तद्यथा नाम वृक्षः स्यात्, पर्वताग्रे जातः मूलेच्छिन्नः अग्रे गुरुकः यतो निम्नं यतो विषमं यतो दुर्गं ततः प्रपतति एवमेव तथा प्रकारः

अन्वयार्थ—(से जहाणामए रुक्खे सिया) जिस प्रकार कोई वृक्ष ऐसा हो (पव्वयग्गे जाए) जो पर्वत के अग्रभाग में उत्पन्न हो, (मूले छिन्ने अग्गे गरुए) उसकी जड़ काट दी गई हो और वह आगे से भारी हो (जओ णिण्णं जओ विसमं जओ दुग्गं तओ

भावार्थ—एकान्त रूप से पाप कर्म करने में आसक्त पुरुष इस प्रकार नरक में गिरता है जैसे पर्वत के अग्रभाग में उत्पन्न वृक्ष जड़ कट जाने पर एका

एवामेव तहप्पगारे पुरिसजाए गब्भातो गब्भ जम्मातो जम्म माराओ मार णरगाओ णरग दुक्खाओ दुक्ख दाहिणगामिए णेरइए कण्हपक्खिए आगमिस्साण दुल्लभबोहिए यावि भवइ, एस ठाणे अणारिए अकेवले जाव असव्वदुक्खपहीणमग्गे एगतमिच्छे असाहू पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभगे एवमाहिए ॥सूत्र ३७॥

छाया—पुरुषजात गर्भतोगर्भं जन्मतो जन्म, मरणतो मरण, नरकान्नरकं, दु:खाद् दु:ख (प्राप्नोति) दक्षिणगामी नैरयिकः कृष्णपाक्षिक आगमिष्यति दुर्लभबोधिकश्चाऽपि भवति। एतत् स्थानम् अनार्य्यम् अकेवल यावदसर्वदु:खप्रहीणमार्गम् एकान्तमिथ्या असाधु। प्रथमस्य स्थानस्य अधर्मपक्षस्य विभङ्ग: एवमाख्यात:

अन्वयार्थ—पवडति) तो वह जिधर नीच होता है, जिधर विषम होता है, जिधर दुर्ग स्थान होता है उधर ही गिरता है (एवमेव तहप्पगारे पुरिसजाए) इसी तरह दुष्कर्मी पूर्वोक्त पापी पुरुष (गब्भातो गब्भं जम्मातो जम्मं माराओ मारं णरगाओ णरग दुक्खाओ दुक्खं) एक गर्भ से दूसरे गर्भ को, एक जन्म से दूसरे जन्म को, एक मृत्यु से दूसरे मृत्यु को, एक नरक से दूसरे नरक को तथा एक दुःख से दूसरे दुःख को प्राप्त करता है (दाहिणगामिए) वह दक्षिण दिशा को जाने वाला (णेरइए) और नरकगामी होता है (कण्हपक्खिए आगमिस्साणं दुल्लहबोहिए यावि भवइ) वह कृष्णपक्ष वाला और भविष्यकाल में दुर्लभबोधी होता है (एस ठाणे अणारिए अकेवले जाव असव्वदुक्खपहीणमग्गे एगंतमिच्छे असाहू) अतः यह अधर्म स्थान अनार्य्य है, तथा केवल ज्ञान रहित है यह समस्त दुःखों का नाशक नहीं है यह एकान्त मिथ्या और बुरा है। (पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एव, माहिए) इस प्रकार पहला स्थान जो अधर्मपक्ष है उसका यह विचार किया गया है।

भावार्थ—एक नीचे गिर जाता है। ऐसे पापी को कभी सुख नहीं मिलता है। यह बार बार एक गर्भ से दूसरे गर्भ में, एक जन्म से दूसरे जन्म में, एक मृत्यु से दूसरे मृत्यु में, और एक नरक से दूसरे नरक में जाता रहता है। अतः इस पुरुष का स्थान अनार्य्य पुरुषों का स्थान है। इसमें केवल ज्ञान की उत्पत्ति नहीं होती है और यह समस्त दुःखों का नाशक नहीं है किन्तु एकान्त मिथ्या और बुरा है अतः बुद्धिमान पुरुषों को इसे दूर से ही त्याग देना चाहिये। यही प्रथम पक्ष का विचार है॥ ३७ ॥

अहावरे दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिज्जइ—इह खलु पाईणं वा ४ संतेगतिया मणुस्सा भवंति, तंजहा अणारंभा अपरिग्गहा धम्मिया धम्माणुया धम्मिट्ठा जाव धम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति, सुसीला सुव्वया सुप्पडियाणंदा सुसाहू सव्वतो पाणातिवायाओ पडिविरया जावजीवाए जाव जे

छाया—अथाऽपरो द्वितीयस्य स्थानस्य धर्मपक्षस्य विभङ्गः एवमाख्यायते—इह खलु प्राच्यां वा ४ सन्त्येकतये मनुष्या भवन्ति तद्यथा—अनारम्भाः अपरिग्रहाः धार्मिकाः धर्मानुज्ञाः धर्मिष्ठाः यावद् धर्मेण चैव वृत्तिं कल्पयन्तः विहरन्ति सुशीलाः सुव्रताः सुप्रत्यानन्दाः सुसाधवः सर्वतः प्राणातिपातात् प्रतिविरताः यावज्जीवनम् यानि

अन्वयार्थ—(अहावरे दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिज्जइ) इसके पश्चात् दूसरा स्थान जो धर्मपक्ष कहलाता है उसका विचार कहा जाता है (इह खलु पाईणं वा ४ संतेगतिया मणुस्सा भवंति) इस मनुष्य लोक के पूर्व आदि दिशाओं में कोई पुरुष ऐसे होते हैं (अणारम्भा अपरिग्गहा) जो आरम्भ नहीं करते हैं और परिग्रह नहीं रखते हैं (धम्मिया धम्माणुया) स्वयं धर्माचरण करते हैं और दूसरे को भी उसकी आज्ञा देते हैं (धम्मिट्ठा) जो धर्म को अपना इष्ट मानते हैं (धम्मेण चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति) एवं धर्म से ही अपनी जीविका उत्पन्न करते हुए जीवन व्यतीत करते हैं। (सुसीला सुव्वया सुप्पडियाणंदा सुसाहू) जो सुशील, सुन्दर व्रत धारी, शीघ्र प्रसन्न होने वाले और उत्तम साधु हैं (सव्वतो पाणातिवायाओ पडिविरया जावजीवाए) जो जीवन भर समस्त जीव हिंसाओं से

भावार्थ—अधर्म पक्ष के वर्णन के पश्चात् धर्म पक्ष का वर्णन किया जाता है। इस जगत् में कोई कोई उत्तम पुरुष आरम्भ नहीं करते हैं और धर्मोपकरण के सिवाय दूसरे किसी परिग्रह को नहीं रखते हैं। वे स्वयं धर्माचरण करते हैं और दूसरे को भी इसकी आज्ञा देते हैं, वे धर्म को ही अपना इष्ट मानते हैं और धर्म से ही जीविका का साधन करते हुए अपना समय व्यतीत करते हैं। उनका शील और व्रत अति उत्तम होता है तथा वे शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं। वे उत्तम कोटि के साधु हैं और वे जीवनभर सब प्रकार की जीवहिंसाओं से निवृत्त रहते हैं। दूसरे

यावन्ने तहप्पगारा सावज्जा अवोहिया कम्मता परपाणपरियावण-करा कज्जति ततो विपडिविरता जावजीवाए ।

छाया—यान्यै तथा प्रकाराणि सावद्यानि अबोधिकानि कर्माणि परप्राण-परितापनकराणि क्रियन्ते ततः प्रतिविरताः यावज्जीवनम् ।

अन्वयार्थ—निवृत्त रहते हैं (ज यावन्ने तहप्पगारा अबोहिया सावज्जा परपाणपरियावणकरा कम्मता कज्जंति ततो जावज्जीवाए पडिविरया) तथा दूसरे अधार्मिक लोग प्राणियों के विनाशक अज्ञानयुक्त जिन सावद्य कर्मों का अनुष्ठान करते हैं उनसे वे जीवन भर निवृत्त रहते हैं ।

भावार्थ—लोग प्राणियों के घातक अज्ञानवर्धक जिन सावद्य कर्मों का अनुष्ठान करते हैं उन कर्मों से वे सदा अलग रहते हैं ।

से जहाणामए अणगारा भगवंतो ईरियासमिया भासास-मिया एसणासमिया आयाणभंडमत्तणिक्खेवणासमिया उच्चार-पासवणखेलसिंघाणजल्लपारिट्ठावणियासमिया [मणसमिया वय-समिया कायसमिया मणगुत्ता वयगुत्ता कायगुत्ता गुत्ता गुत्ति-

छाया—तद्यथा नाम अनगाराः भगवन्त ईर्य्यासमिताः भाषासमिताः एषणासमिता आदानभाण्डमात्रनिक्षेपणासमिता उच्चारप्रस्र-वणखेलसिंघाणमलप्रतिष्ठापनासमिता मन समिता वच समिता कायसमिता मनोगुप्ताः वचोगुप्ता कायगुप्ता गुप्ता

अन्वयार्थ—(से जहाणामए अणगारा भगवंतो) वे धार्मिक पुरुष अगार यानी घर बार से रहित और बड़े भाग्यवान् होते हैं (इरियासमिया भासासमिया) वे ईर्य्या समिति तथा भाषासमिति का यथाविधि पालन करते हैं (एसणासमिया आयाणभंडमत्तणिक्खेवणासमिया) वे एषणा समिति तथा पात्र और वस्त्र आदि धर्मोपकरणों को ग्रहण करने और रखने की समिति से युक्त होते हैं (उच्चार पासवणखेलसिंघाणजल्लपरिट्ठावणासमिया) वे महापुरुष बड़ी नीत लघु नीत खंखार तथा नाक और शरीर के मल को शास्त्रोक्त रीति से डालते हैं (मणसमिया वयसमिया कायसमिया) वे मन, वचन और काय की समिति से युक्त होते हैं (मणगुत्ता वयगुत्ता कायगुत्ता) वे मन, वचन और काय को पाप से गुप्त रखते हैं

दिया गुत्तबंभयारी अकोहा अमाणा अमाया अलोभा संता पसंता उवसंता परिणिव्वुडा अणासवा अग्गंथा छिन्नसोया निरुवलेवा कंसपाइ व मुक्कतोया संखो इव णिरंजणा जीव इव अपडिहय गती गगणतलंव निरालंबणा वाउरिव अपडिबद्धा सारदसलिलं व सुद्धहियया पुक्खरपत्तं व निरुवलेवा कुम्मो इव गुत्तिंदिया

छाया—गुप्तेन्द्रिया: गुप्तब्रह्मचर्य्याः अक्रोधाः अमानाः अमायाः अलोभाः शान्ताः प्रशान्ताः उपशान्ताः परिनिर्वृत्ताः अनाश्रवाः अग्रन्थाः छिन्नशोकाः निरुपलेपाः कांस्यपात्रीव मुक्ततोयाः शङ्खइव निरञ्जनाः जीव इवाप्रतिहतगतयः गगनतलमिव निरवलम्बनाः वायुरिवाप्रतिबद्धाः शारदसलिलमिव शुद्धहृदयाः पुष्करपत्रमिव निरुपलेपाः

अन्वयार्थ—(गुत्तिंदिया गुत्तबंभयारी) वे अपने इन्द्रियों को विषयभोग से गुप्त रखते हुए ब्रह्मचर्य पालन करते हैं। (अकोहा अमाणा अमाया अलोहा) वे क्रोध मान माया और लोभ से रहित होते हैं (संता पसंता परिनिव्वुडा अणासवा अगंथा) वे शान्ति उत्तम शान्ति एवं बाहर और भीतर की शान्ति से युक्त और समस्त सन्तापों से रहित होते हैं। वे आश्रवों का सेवन नहीं करते हैं और सब परिग्रहों से रहित होते हैं (छिन्नसोया निरुवलेवा) वे महात्मा संसार के प्रवाह का छेदन किए हुए तथा कर्म मल के लेप से रहित होते हैं (कंसपाइ व मुक्कतोया) जैसे कांसे की पात्री में जल का लेप नहीं लगता है इसी तरह उन महात्माओं में कर्मरूपी मल का लेप नहीं लगता है। (संख इव णिरंजणा) जैसे शंख कालिमा से रहित होता है उसी तरह वे महात्मा रागादि दोषों से वर्जित होते हैं (जीव इव अप्पडिहयगती) जैसे जीव की गति कहीं नहीं रुकती वैसे ही उन महात्माओं की गति किसी भी स्थान में नहीं रुकती। (गगणतलं व निरालंबणा) जैसे आकाश बिना अवलम्बन के ही रहता है इसी तरह वे महात्मा भी निरवलम्ब रहते हैं अर्थात् वे अपने निर्वाह के लिए किसी व्यापार, धन्धा, तथा व्यक्ति का अवलम्बन नहीं रखते हैं (वाउरिव अप्पडिबद्धा) जैसे पवन बन्धन रहित होता है इसी तरह वे महात्मा भी प्रतिबन्ध रहित होते हैं (सारदसलिलमिवसुद्धहियया) वे शरद ऋतु के निर्मल जल की तरह शुद्ध हृदय वाले होते हैं (पुक्खरपत्त व निरुवलेवा) जैसे कमल का पत्र जल के लेप से रहित होता है इसी तरह वे महात्मा कर्म जल के लेप से रहित हैं। (कुम्मो इव गुत्तिंदिया) वे कछुवे की

विहग इव विप्पमुक्का खग्गिविसाणं व एगजाया भारंडपक्खीव अप्पमत्ता कुञ्जरो इव सोंडीरा वसभो इव जातत्थामा सीहो इव दुद्धरिसा मंदरो इव अप्पकंपा सागरो इव गंभीरा चंदो इव सोमलेसा सूरो इव दित्ततेया जच्चकंचणगं व जातरूवा वसुंधरा इव सव्वफासविसहा सुहुयहुयासणोविव तेयसा जलंता। णत्थि णं

छाया—कूर्मइव गुप्तेन्द्रियाः विहगइव विप्रमुक्ताः खड्गिविषाणमिवैक जाताः भारण्डपक्षीवाप्रमत्ताः कुञ्जर इव शौण्डीराः वृषभ इव जातस्थामानः सिंह इव दुर्धर्षाः मन्दर इवाप्रकम्पाः सागर इव गम्भीराः चन्द्रइव सोमलेश्याः सूर्य्यइव दीप्ततेजसः जात्यकाञ्चनमिव जातरूपाः वसुन्धरा इव सर्वस्पर्शसहाः सुहुतहुताशन इव तेजसा

अन्वयार्थ—तरह अपनी इन्द्रियों को गुप्त रखते हैं (विहग इव विप्पमुक्का) जैसे पक्षी स्वच्छन्द विहारी होता है इसी तरह वे महात्मा समस्त ममताओं से रहित स्वच्छन्द विहारी होते हैं (खग्गिविसाणं व एगजाया) जैसे गेंडे की सींग एक ही होती है उसी तरह वे महात्मा राग द्वेष वर्जित तथा भाव से एक ही होते हैं (भारण्डपक्खीव अप्पमत्ता) वे भारण्ड पक्षी की तरह प्रमाद रहित होते हैं (कुञ्जरो इव सोंडीरा) जैसे हाथी वृक्ष आदि को तोड़ने में दक्ष होता है उसी तरह वे महात्मा कषायों को दलन करने में बहादुर होते हैं (वसभो इव जातत्थामा) जैसे बैल भारवहन करने में समर्थ होता है इसी तरह वे महात्मा संयम भार के वहन में समर्थ होते हैं (सीहो इव दुद्धरिसा) जैसे सिंह को दूसरे पशु दबा नहीं सकते इसी तरह उन महात्माओं को परीषह और उपसर्ग नहीं दबा सकते हैं (मंदरो इव अप्पकंपा) जैसे मन्दर पर्वत कम्पित नहीं होता है उसी तरह वे महात्मा परीषह और उपसर्गों से कम्पित नहीं होते हैं (सागरो इव गंभीरा) वे समुद्र की तरह गम्भीर होते हैं अर्थात् हर्ष शोकादि से व्याकुल नहीं होते। (चंदो इव सोमलेसा) चन्द्रमा के समान उनकी शीतल प्रकृति होती है (सूरो इव दित्ततेया) वे सूर्य्य के समान बड़े तेजस्वी होते हैं (जच्चकंचणगंव जातरूवा) उत्तम जाति वाले सोने में जैसे मल नहीं लगता है उसी तरह उन महात्माओं में कर्म मल नहीं लगता है (वसुंधराइव सव्वफासविसहा) वे पृथ्वी के समान सभी स्पर्शों को सहन करते हैं (सुहुयहुयासणो विव तेयसा जलंता) अच्छी तरह होम की हुई अग्नि के समान वे तेज से जलते रहते हैं (तेसिं भगवंताणं कत्थवि पडिबंधे णत्थि)

तेसिं भगवंताणं कत्थवि पडिबंधे भवइ से पडिबंधे चउव्विहे पण्णत्ते, तजहा अंडए इ वा पोयए इ वा उग्गहे इ वा पग्गहे इ वा जन्न जन्न दिस इच्छति तन्न तन्नं दिस अपडिबद्धा सुइभूया लहुभूया अप्पगंथा संजमेण तवसा अप्पाण भावेमाणा विहरंति । तेसिं ण भगवताण इमा एतारूवा जायामायाविनि होत्था, तजहा-चउत्थे भत्ते छट्ठे भत्ते अट्ठमे भत्ते दसमे भत्ते दुवालसमे भत्ते चउदसमे भत्ते अद्धमासिए भत्ते मासिए भत्ते दोमासिए तिमासिए चउम्मा-

छाया—ज्वलन्तः नाऽस्ति तेषा भगवता कुत्राऽपि प्रतिबन्धो भवति । स प्रतिबन्धश्चतुर्विधः प्रज्ञप्तः तद्यथा—अण्डजे वा पोतके वा अवग्रहे वा प्रग्रहे वा या यां दिशमिच्छन्ति तां तां दिशमप्रतिबद्धा शुची भूता लघुभूताः अल्पग्रन्थाः संयमेन तपसा आत्मान भावयन्तो विहरन्ति । तेषाञ्च भगवतामियमेतद्रूपा यात्रामात्रावृत्तिरभवत् तद्यथा—चतुर्थं भक्त षष्ठ भक्तम् अष्टम भक्तं दशम भक्तं द्वादशं भक्त चतुर्दश भक्तम् अर्धमासिक भक्त मासिक भक्तं द्विमासिकं

अन्वयार्थ—उन भाग्यशाली महात्माओं के लिए किसी भी जगह प्रतिबन्ध (रुकावट) नहीं है (से पडिबंधे चउव्विहे पण्णत्ते तजहा अंडएइवा पोयएइवा उग्गहेइवा पग्गहेइवा) वह प्रतिबन्ध (रुकावट) चार प्रकार से होता है जैसे कि—अण्डा से उत्पन्न होने वाले हंस और मयूर आदि पक्षियों से तथा बच्चे के रूप में उत्पन्न होने वाले हाथी आदि के बच्चों से एव निवास स्थान तथा पीठ फलक और उपकरण आदि से, विहार में प्रतिबन्ध होता है परन्तु उनके विहार में ये चारों ही प्रतिबन्ध नहीं हैं। (जन्नं जन्नं दिस इच्छंति तन्न तन्नं दिस अप्पडिबद्धा) वे जिस जिस दिशा में जाना चाहते हैं उसमें प्रतिबन्ध रहित चले जाते हैं (सुइभूया लहुभूया अप्पग्गंथा संजमेणं तवसा अप्पाण भावेमाणा विहरंति) वे निर्मल हृदय परिग्रह रहित और बन्धन हीन महात्मा संयम और तपस्या से अपने आत्मा को पवित्र करते हुए विचरते हैं। (तेसिं भगवंताणं इमा एतारूवा जायामायावित्ती होत्था) उन भाग्यशाली महात्माओं की संयम के निर्वाहार्थ ऐसी जीविकावृत्ति होती है (तंजहा—चउत्थे भत्ते छट्ठे भत्ते अट्ठमे भत्ते दसमे भत्ते दुवालसम भत्ते चउदसमे भत्ते) जैसे कि—एक दिन का उपवास, दो दिन का उपवास, तीन, चार, पाँच तथा छः दिन का उपवास (अद्धमासिए भत्ते मासिए भत्ते

सिए पचमासिए छम्मासिए श्रदुत्तर च ण उक्खित्तचरगा णिक्खि-त्तचरगा उक्खित्तणिक्खित्तचरगा श्रतचरगा पतचरगा लूहचरगा समुदाणचरगा ससट्ठचरगा श्रससट्ठचरगा तज्जातससट्ठचरगा दिट्ठ-लाभिया श्रदिट्ठलाभिया पुट्ठलाभिया श्रपुट्ठलाभिया भिक्खला-भिया श्रभिक्खलाभिया श्रन्नायचरगा उवनिहिया सखादत्तिया

छाया--भक्त त्रैमासिकं भक्त चातुर्मासिक भक्तं पाञ्चमासिकं पाण्मासिकम् अतउत्तरम् उत्क्षिप्तचरका: निक्षिप्तचरकाः उत्क्षिप्तनिक्षिप्तचरका अन्तचरका प्रान्तचरका: रुक्षचरका समुदानचरकाः संसृष्टचरका: असंसृष्टचरका: तज्जातसंसृष्टचरकाः दृष्टलाभिका अदृष्टलाभिका पृष्टलाभिकाः अपृष्टलाभिका भिक्षालाभिका अभिक्षालाभिका. अज्ञातचरकाः उपनिहितका: संख्यादत्तय: परिमितपिण्डपातिका:

अन्वयार्थ—दो मासिए भत्ते) एक पक्ष का उपवास, एक मास का उपवास, दो मास का उपवास (तिमासिए चउम्मासिए पंचमासिए छम्मासिए) तीन मास का चार मास का पांच मास का एवं छः मास का उपवास वे करते हैं (अदुत्तर उक्खित्तचरगा) इसके सिवाय किसी का अभिग्रह होता है कि—"वे हण्डिका में से निकला हुआ ही अन्न लेते हैं"। (णिक्खित्तचरगा) कोई महात्मा परोसने के लिए हण्डिका में से निकाल कर फिर उसमें रखा हुआ ही अन्न लेते हैं (उक्खित्तणिक्खित्तचरगा) कोई हण्डिका में से निकले हुए तथा हण्डिका में से निकाल कर फिर उसमें रखे हुए इन दोनों प्रकार के आहारों को ही ग्रहण करते हैं (अंतचरगा पंतचरगा) कोई अन्त प्रान्त आहार लेने का अभिग्रह रखते हैं (लूहचरगा) कोई रूक्ष आहार ही ग्रहण करते हैं (समुदाणचरगा) कोई छोटे बड़े अनेक घरों से ही भिक्षा ग्रहण करते हैं (ससट्ठचरगा) कोई भरे हुए हाथ से दिए हुए आहार ही ग्रहण करते हैं (असंसट्ठचरगा) कोई बिना भरे हुए हाथ से ही दिए हुए आहार को ग्रहण करते हैं (तज्जातसंसट्ठचरगा) कोई जिस अन्न या शाक आदि से चम्मच या हाथ भरा हो उस हाथ या चम्मच से उसी वस्तु को लेने का अभिग्रह धारण करते हैं (दिट्ठलाभिया अदिट्ठलाभिया) कोई देखे हुए आहार को ही लेते हैं और कोई न देखे हुए आहार तथा न देखे हुए दाता की ही गवेषणा करते हैं (पुट्ठलाभिया अपुट्ठलाभिया) कोई पूछ कर ही आहार लेते हैं और कोई बिना पूछे ही आहार ग्रहण करते हैं। (भिक्खलाभिया अभिक्खलाभिया) कोई तुच्छ आहार ही लेते हैं और कोई अतुच्छ आहार लेते हैं (अन्नायचरगा) कोई अज्ञात आहार ही

परिमितपिंडवाइया सुद्धेसणिया अंताहारा पंताहारा अरसाहारा विरसाहारा लूहाहारा तुच्छाहारा अंतजीवी पंतजीवी आयंबिलिया पुरिमड्ढिया निव्विगइया अमज्जमंसासिणो णो णियामरसभोई ठाणाइया पडिमाठाणाइया उक्कुडुआसणिया णेसज्जिया वीरासणिया दंडायतिया लगंडसाइणो अप्पाउडा अगत्तया अकंडुया अणिट्ठुहा] (एवं जहोववाइए) धुतकेसमंसुरोमनहा सव्वगायपडिक

छाया—शुद्धैषणाः अन्ताहाराः प्रान्ताहाराः अरसाहाराः विरसाहाराः रूक्षाहाराः तुच्छाहाराः अन्तजीविनः प्रान्तजीविन आचाम्लिकाः पुरिमर्द्धिका निर्विकृतिका अमद्यमांसाशिन नो निकामरसभोजिनः स्थानान्विताः प्रतिमास्थानान्विता उत्कटासनिकाः नैषद्यकाः वीरासनिका दण्डायतिकाः लगण्डशायिनः अप्रावृताः अगतयः अकण्डूयकाः अनिष्ठीवनाः) (एव यथौपपातिके) धुतकेश

अन्वयार्थ—लेते हैं (अन्नातचरगा) कोई अज्ञातलोगों से ही आहार लेते हैं (उवणिहिया) कोई देने वाले के निकट में स्थित आहार को ही लेते हैं (संखादत्तिया) कोई दत्ति को संख्या करके आहार लेते हैं, (परिमितपिंडवातिया) कोई परिमित आहार ही लेते हैं (सुद्धेसणिया) कोई शुद्ध यानी दोषवर्जित आहार की ही गवेषणा करते हैं (अंताहारा पंताहारा अरसाहारा विरसाहारा लूहाहारा) कोई अन्त आहार यानी भूँजे हुए चना आदि ही लेते हैं, कोई बचा हुआ आहार ही लेते हैं, कोई रसवर्जित आहार लेते हैं, कोई विरस आहार लेते हैं, कोई रूक्ष आहार लेते हैं, (तुच्छाहारा) कोई तुच्छ आहार लेते हैं (अंतजीवी पंतजीवी आयंबिलिया पुरिमड्ढिया निव्विगइया) कोई अन्त प्रान्त आहार से ही जीवन निर्वाह करते हैं, कोई सदा आयंबिल करते हैं, कोई सदा दोपहर के बाद ही आहार करते हैं, कोई सदा घृतादि रहित ही आहार करते हैं (अमज्जमंसासिणो) ये सभी महात्मा मद्य और मांस नहीं खाते हैं (णो णियामरसभोई) तथा ये सदा सरस आहार नहीं करते हैं (ठाणाइया पडिमठाणाइया उक्कुडुआसणिया) ये सदा कार्योत्सर्ग करते हैं तथा प्रतिमा का पालन करते हैं, उत्कट आसन से बैठते हैं (णेसज्जिया वीरासणिया दंडायतिया लगंडसाइणो) ये आसन युक्त भूमि पर ही बैठते हैं, ये वीरासन लगाकर बैठते हैं, ये डण्डे की तरह लम्बा होकर रहते हैं, ये टेढ़े काठ की तरह सोते हैं (अप्पाउडा अगत्तया) ये बाहर के आवरण से रहित और ध्यानस्थ रहते हैं (अकंडुया अणिट्ठुहा एवं जहोववाइए) ये शरीर को नहीं खुजलाते

म्मविप्पमुक्का चिट्ठति । ते ण एतेण विहारेण विहरमाणा बहूइ वासाइ सामन्नपरियाग पाउणंति २ बहु बहु आबाहंसि उप्पन्नंसि वा अणुप्पन्नंसि वा बहूइ भत्ताइ पच्चक्खन्ति पच्चक्खाइत्ता बहूइ भत्ताइ अणसणाए छेदिंति अणसणाए छेदित्ता जस्सट्ठाए कीरति नग्गभावे मुंडभावे अण्हाणभावे अदंतवणगे अछत्तए अणोवाहणए भूमिसेज्जा फलगसेज्जा कट्ठसेज्जा केसलोए बंभचेरवासे

छाया—श्मश्रुरोमनखाः सर्वगात्रपरिकर्मविप्रमुक्तास्तिष्ठन्ति । ते एतेन विहारेण विहरन्त बहूनि वर्षाणि श्रामण्यपर्य्यायं पालयन्ति आबाधायामुत्पन्नायामनुत्पन्नायां वा बहूनि भक्तानि प्रत्याख्यान्ति प्रत्याख्याय बहूनि भक्तानि अनशनेन छेदयन्ति, अनशनेन छेदयित्वा यदर्थाय क्रियते नग्नभावः मुण्डभाव' अस्नानभाव' अदन्तवर्णकः अच्छत्रक' अनुपानत्क भूमिशय्या, फलकशय्या काष्ठशय्या केशलोचः ब्रह्मचर्य्यवास परगृहप्रवेश. लब्धापलब्धानि

अन्वयार्थ—थूक बाहर नहीं फेंकते हैं इस प्रकार औपपातिक सूत्र में जो गुण कहे हैं वे सब यहाँ भी जानने चाहिए। (धुतकेसमंसुरोमनहा) वे अपने सिर के बाल, मूंछ, दाढ़ी, रोम और नख को सजाते नहीं हैं। (सव्वगायपरिकम्मविप्पमुक्का) वे अपने समस्त शरीर का परिकर्म (धोना पोंछना आदि) नहीं करते हैं (तेणं एतेणं विहारेणं विहरमाणा बहुइं वासाइं सामण्णपरियागं पाउणंति) वे महात्मा इस प्रकार उग्र विहार करते हुए बहुत वर्षों तक अपनी दीक्षा का पालन करते हैं (बहु बहु आबाहंसि उप्पन्नंसि अणुप्पन्नंसि वा) अनेक रोगों की बाधा उत्पन्न होने या न होने पर वे (बहुइं भत्ताइं पच्चक्खंति) बहुत काल तक अनशन यानी संथारा करते हैं (पच्चक्खाइत्ता बहुइं भत्ताइं अणसणाए छेदिंति) वे बहुत काल का अनशन करके संथारा को पूर्ण करते हैं (अणसणाए छेदित्ता जस्सट्ठाए णग्गभावे मुंडभावे अण्हाणभावे अदंतवणगे अच्छत्तए अणोवाहणए) अनशन का पालन करने के पश्चात् वे महात्मा जिस वस्तु की प्राप्ति के लिए नग्न रहना, मुण्ड मुड़ाना, स्नान न करना, दाँत साफ न करना, छत्ता न लगाना, जूता न पहिनना, (भूमिसेज्जा फलगसेज्जा कट्ठसेज्जा केसलोए बंभचेरवासे परघरपवेसे कीरति) एवं भूमि पर सोना, फलक के ऊपर सोना, काठ पर सोना, केश का लुञ्चन करना, ब्रह्मचर्य धारण करना, भिक्षार्थ दूसरे के घर में जाना आदि कार्य किए जाते हैं (लाभालाभमाणावमाणाओ हीलणा

परिमितपिंडवाइया सुद्धेसणिया अताहारा पताहारा अरसाहारा विरसाहारा लूहाहारा तुच्छाहारा अतजीवी पतजीवी आयम्बिलिया पुरिमड्ढिया निव्विगइया अमज्जमसासिणो णो णियामरसभोई ठाणाइया पडिमाठाणाइया उक्कडुआसणिया णेसज्जिया वीरासणिया दडायतिया लगडसाइणो अप्पाउडा अगत्तया अकडुया अणिट्ठुहा] (एव जहोववाइए) धुतकेसमसुरोमनहा सव्वगायपडिक

छाया—शुद्धैषणाः अन्ताहाराः प्रान्ताहाराः अरसाहाराः विरसाहाराः रूक्षाहाराः तुच्छाहाराः अन्तजीविनः प्रान्तजीविनः आचाम्लिकाः पुरिमर्द्धिका निर्विकृतिकाः अमद्यमांसाशिनः नो निकामरसभोजिनः स्थानान्विताः प्रतिमास्थानान्विताः उत्कटासनिकाः नैषधकाः वीरासनिका दण्डायतिकाः लगण्डशायिनः अप्रावृताः अगतयः अकण्डूयकाः अनिष्ठीवनाः) (एव यथौपपातिके) धुतकेश

अन्वयार्थ—ऐसे हैं (अन्नातचरगा) कोई अज्ञातलोगों से ही आहार लेते हैं (उवणिहिया) कोई देने वाले के निकट में स्थित आहार को ही लेते हैं (संखादत्तिया) कोई दत्ति की संख्या करके आहार लेते हैं, (परिमितपिंडवाइया) कोई परिमित आहार ही लेते हैं (सुद्धेसणिया) कोई शुद्ध यानी दोषवर्जित आहार की ही गवेषणा करते हैं (अंताहारा पंताहारा अरसाहारा विरसाहारा लूहाहारा) कोई अन्त आहार यानी भूँजे हुए चना आदि ही लेते हैं, कोई बचा हुआ आहार ही लेते हैं, कोई रसवर्जित आहार लेते हैं, कोई विरस आहार लेते हैं, कोई रूक्ष आहार लेते हैं, (तुच्छाहारा) कोई तुच्छ आहार लेते हैं (अंतजीवी पंतजीवी आयंबिलिया पुरिमड्ढिया णिव्विगइया) कोई अन्त प्रान्त आहार से ही जीवन निर्वाह करते हैं, कोई सदा आयंबिल करते हैं, कोई सदा दोपहर के बाद ही आहार करते हैं, कोई सदा घृतादि रहित ही आहार करते हैं (अमज्जमंसासिणो) वे सभी महात्मा मद्य और मांस नहीं खाते हैं (णो णियामरसभोई) तथा वे सर्वदा सरस आहार नहीं करते हैं (ठाणाइया पडिमाठाणाइया उक्कडुआसणिया) वे सदा कायोत्सर्ग करते हैं तथा प्रतिमा का पालन करते हैं, उत्कट आसन से बैठते हैं (णेसज्जिया वीरासणिया दंडायतिया लगंडसाइणो) वे आसन युक्त भूमि पर ही बैठते हैं, वे वीरासन लगाकर बैठते हैं, वे डण्डे की तरह लम्बा होकर रहते हैं, वे टेढ़े काठ की तरह सोते हैं (अप्पाउडा अगतया) वे बाहर के आवरण से रहित और ध्यानस्थ रहते हैं (अकंडुया अणिट्ठुहा एवं जहोववाइए) वे शरीर को नहीं खुजलाते

एगच्चाए पुण एगे भयंतारो भवंति, अवरे पुण पुव्वकम्मावसेसेण कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवति, तंजहा—महड्ढिएसु महज्जुतिएसु महापरक्कमेसु महाजसेसु महाबलेसु महाणुभावेसु महासुक्खेसु ते णं तत्थ देवा भवंति महड्ढिया महज्जुतिया जाव महासुक्खा हारविराइयवच्छा कडगतुडियथंभियभुया अंगयकुंडलमट्ठगंडयलकन्नपीढधारी विचित्तहत्थाभरणा विचित्तमालामउलिमउडा कल्लाणगंधपवरवत्थपरि-

छाया—एकार्चया पुनरेके भयत्रातारो भवन्ति अपरे पुनः पूर्वकर्मावशेषेण कालमासे ,कालं कृत्वा अन्यतरेषु देवलोकेषु देवत्वाय उपपत्तारो भवन्ति तद्यथा—महर्द्धिकेषु महाद्युतिकेषु महापराक्रमेषु महायशस्विषु महाबलेषु महानुभावेषु महासुखेषु ते तत्र देवा. भवन्ति महर्द्धिकाः महाद्युतिका यावन्महासुखाः हारविराजितवक्षसः कटकत्रुटितस्तम्भितभुजा अङ्गदकुण्डलमृष्टगण्डतलकर्णपीठधरा विचित्रहस्ताभरणा विचित्रमालामौलिमुकुटा कल्याणगन्धप्रवरवस्त्र-

अन्वयार्थ—(एगे पुण एगच्चाए भयंतारो भवति) कोई महात्मा एक ही भव में मुक्ति को प्राप्त करते हैं (अवरे पुण पुव्वकम्मावसेसेणं कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवति) दूसरे पुरुष पूर्व कर्मों के शेष रहने से मृत्यु के समय मृत्यु को प्राप्त करके देवलोक में देवता होते हैं। (तंजहा महड्ढिएसु महज्जुतिएसु महापरक्कमेसु महाजसेसु महाबलेसु महाणुभावेसु महासुक्खेसु) महा ऋद्धिशाली महाद्युतिवाले महापराक्रमयुक्त महायशस्वी महाबलसे युक्त महाप्रभाववाले और महासुखदायी जो देवलोक हैं (ते तत्थ देवा भवंति) उन में वे देवता होते हैं (महड्ढिया) वे वहां महा ऋद्धिवाले (महज्जुतिया) महाद्युतिवाले (जाव महासुक्खा) महान् सुखवाले (हारविराइयवच्छा) तथा हार से सुशोभित छाती वाले (कडगतुडियथंभियभुया) कटक और केयूर आदि भूषणों से युक्त हाथ वाले (अंगयकुण्डलमट्ठगंडयलकन्नपीढधारी अङ्गद और कुण्डलों से युक्त कपोलवाले तथा कर्णभूषण को धारण करने वाले (विचित्तहत्थाभरणा) विचित्र भूषणों से युक्त हाथ वाले (विचित्तमालामउलिमउडा) विचित्र मालाओं से सुशोभित मुकुटवाले (कल्लाणगंधपवरवत्थपरिहिया) कल्याणकारी तथा सुगन्धित वस्त्र धारण करने वाले (कल्लाणगपवरमल्लाणुलेवण धरा) कल्याणकारी उत्तममाला और अनुलेपन को धारण करने वाले [भासुरबोंदी]

परघरपवेसे लद्धावलद्धे माणावमाणणाओ हीलणाओ निंदणाओ खिसणाओ गरहणाओ तज्जणाओ तालणाओ उच्चावया गामकंटगा बावीस परीसहोवसग्गा अहियासिज्जति तमट्ठ आराहति, तममट्ठ आराहित्ता चरमेहिं उस्सासनिस्सासेहिं अणंत अणुत्तर निव्वाघाय निरावरणं कसिणं पडिपुण्णं केवलवरणाणदसण समुप्पाडेंति, समुप्पाडित्ता ततो पच्छा सिज्झति बुज्झति मुच्चति परिणिव्वायति सव्वदुक्खाण अंत करेंति ।

छाया—मानापमानानि हीलना. निन्दनाः खिंसनानि गर्हणाः तर्जनानि ताडनानि उच्चावचाः ग्रामकण्टकाः द्वाविंशतिपरीषहोपसर्गाः सह्यन्ते तमर्थम् आराधयन्ति तमर्थमाराध्य चरमोच्छ्वासनिःश्वासैः अनन्त मनुत्तरं निर्व्याघातं निरावरणं कृत्स्न परिपूर्णं केवलवरज्ञानदर्शन समुत्पादयन्ति समुत्पाद्य तत्पश्चात् सिध्यन्ति बुध्यन्ते मुच्यन्ति परिनिर्वान्ति सर्वदु.खानामन्तं कुर्वन्ति ।

अन्वयार्थ—ओ णिंदणाओ खींसणाओ तज्जणाओ ताडणाओ उच्चावया गामकंटया बावीसं परीसहोवसग्गा अहियासिंति) तथा जिसके लिए मान अपमान हीलना निन्दा फटकार ताडन और कानों को अप्रिय लगने वाले अनेक प्रकार के कुवचन एवं बाइस प्रकार के परीषह और उपसर्ग सहन किए जाते हैं (तमट्ठं आराहिंति) उस वस्तु की आराधना करते हैं । (तमट्ठं आराहित्ता चरमेहिं उस्सासनिस्सासेहिं अणंतं अणुत्तरं निव्वाघातं निरावरणं कसिणं पडिपुण्ण केवलवरणाणदंसणं समुप्पाडेंति) वे उस वस्तु की आराधना करके अन्तिम उच्छ्वास और निःश्वास में केवल ज्ञान और केवल दर्शन को उत्पन्न करते हैं जो ज्ञान और दर्शन अन्तरहित सर्वोत्तम बाधारहित आवरणरहित सम्पूर्ण और प्रतिपूर्ण है (समुप्पाडित्ता ततो पच्छा सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति परिणिव्वायंति सव्वदुक्खाणं अंत करेंति) उक्त ज्ञान और दर्शन को उत्पन्न करके वे सिद्धि को प्राप्त करते हैं तथा चतुर्दश लोक के स्वरूप को जान लेते हैं, संसार से मुक्त तथा शान्त हो जाते हैं एवं वे समस्त दुःखों का नाश करते हैं ।

भावार्थ स्पष्ट है ।

एगच्चाए पुण एगे भयंतारो भवंति, अवरे पुण पुव्वकम्मावसेसेणं कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवति, तंजहा–महड्डिएसु महज्जुतिएसु महापरक्कमेसु महाजसेसु महाबलेसु महाणुभावेसु महासुक्खेसु ते णं तत्थ देवा भवंति महड्डिया महज्जुतिया जाव महासुक्खा हारविराइयवच्छा कडगतुडियथंभियभुया अंगयकुंडलमट्ठगंडयलकन्नपीढधारी विचित्तहत्थाभरणा विचित्तमालामउलिमउडा कल्लाणगंधपवरवत्थपरि-

छाया—एकार्चया पुनरेके भयत्रातारो भवन्ति अपरे पुनः पूर्वकर्मावशेषेण कालमासे कालं कृत्वा अन्यतरेषु देवलोकेषु देवत्वाय उपपत्तारो भवन्ति तद्यथा—महर्द्धिकेषु महाद्युतिकेषु महापराक्रमेषु महायशस्विषु महाबलेषु महानुभावेषु महासुखेषु ते तत्र देवाः भवन्ति महर्द्धिकाः महाद्युतिकाः यावन्महासुखाः हारविराजितवक्षसः कटकत्रुटितस्तम्भितभुजाः अङ्गदकुण्डलमृष्टगण्डतलकर्णपीठधराः विचित्रहस्ताभरणा विचित्रमालामौलिमुकुटाः कल्याणगन्धप्रवरवस्त्र-

अन्वयार्थ—(एगे पुण एगच्चाए भयंतारो भवंति) कोई महात्मा एक ही भव में मुक्ति को प्राप्त करते हैं (अवरे पुण पुव्वकम्मावसेसेणं कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवति) दूसरे पुरुष पूर्व कर्मों के शेष रहने से मृत्यु के समय मृत्यु को प्राप्त करके देवलोक में देवता होते हैं। (तंजहा महड्डिएसु महज्जुतिएसु महापरक्कमेसु महाजसेसु महाबलेसु महाणुभावेसु महासुक्खेसु) महा ऋद्धिवाली महाद्युतिवाले महापराक्रमयुक्त महायशस्वी महाबलसे युक्त महाप्रभाववाले और महासुखदायी जो देवलोक हैं (ते तत्थ देवा भवति) उन में वे देवता होते हैं (महड्डिया) वे बड़ी महा ऋद्धिवाले (महज्जुतिया) महान्‌द्युतिवाले (जाव महासुक्खा) महान् सुखवाले (हारविराइयवच्छा) तथा हार से सुशोभित छाती वाले (कडगतुडियथंभियभुया) कड़क और केयूर आदि भूषणों से युक्त हाथ वाले (अंगयकुंडलमट्ठगंडयलकन्नपीढधारी) अङ्गद और कुण्डलों से युक्त कपोलवाले तथा कर्णभूषण को धारण करने वाले (विचित्तहत्थाभरणा) विचित्र भूषणों से युक्त हाथ वाले (विचित्तमालामउलिमउडा) विचित्र मालाओं से सुशोभित मुकुटवाले (कल्लाणगंधपवरवत्थपरिहिया) कल्याणकारी तथा सुगन्धित वस्त्र धारण करने वाले (कल्लाणगपवरमल्लाणुलेवणधरा) कल्याणकारी उत्तममाला और अङ्गलेपन को धारण करने वाले [भासुरबोंदी]

हिया कल्लाणगपवरमल्लाणुलेवणधरा भासुरबोंदी पलंबवणमाल-धरा दिव्वेणं रूवेण दिव्वेणं वन्नेण दिव्वेणं गंधेण दिव्वेण फासेण दिव्वेणं संघाएणं दिव्वेण संठाणेण दिव्वाए इड्ढीए दिव्वाए जुत्तीए दिव्वाए पभाए दिव्वाए छायाए दिव्वाए अच्चाए दिव्वेणं तेएणं दिव्वाए लेसाए दस दिसाओ उज्जोवेमाणा पभासेमाणा गइकल्लाणा ठिइकल्लाणा आगमेसिभद्दया यावि भवंति, एस ठाणे आयरिए जाव सव्वदुक्खपहीणमग्गे एगंतसम्मे सुसाहू। दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए ॥ सूत्रं ३८ ॥

छाया—परिहिताः कल्याणप्रवरमाल्यानुलेपनधरा भास्वरशरीराः प्रलम्बवनमालाधराः दिव्येन रूपेण दिव्येन वर्णेन दिव्येन गन्धेन दिव्येन स्पर्शेन दिव्येन संघातेन दिव्येन संस्थानेन दिव्यया ऋद्ध्या दिव्यया द्युत्या दिव्यया प्रभया दिव्यया अर्चया दिव्येन तेजसा दिव्यया लेश्यया दश दिशः उद्द्योतयन्तः प्रभासयन्तः गति-कल्याणाः स्थितिकल्याणाः आगामिभद्रकाश्चाऽपि भविष्यन्ति। एतत् स्थानम् आर्य्यं यावत् सर्वदुःखप्रहीणमार्गम् एकान्तसम्यक् सुसाधु द्वितीयस्य स्थानस्य धर्मपक्षस्य विभङ्गः एवमाख्यातः।

अन्वयार्थ—प्रकाशित शरीर वाले [पलंबवणमालधरा] लम्बी वन मालाओं को धारण करने वाले देवता होते हैं [दिव्वेण रूवेण दिव्वेणं वन्नेण दिव्वेणं गंधेणं दिव्वेण फासेण दिव्वेणं संघाएणं दिव्वेणं संठाणेणं दिव्वाए इड्ढीए दिव्वाए जुत्तीए दिव्वाए पभाए दिव्वाए छायाए दिव्वाए अच्चाए दिव्वेण तेएण दिव्वाए लेस्साए दस दिसाओ उज्जोएमाणा पभासेमाणा] वे अपने दिव्य रूप, वर्ण, गन्ध, स्पर्श, शरीर, शरीर का संगठन, ऋद्धि, द्युति, प्रभा, कान्ति, अर्चा, तेज और लेश्याओं से दश दिशाओं को प्रकाशित करते हुए [गइकल्लाणा ठिइकल्लाणा आगमेसिभद्दयायाविभवंति] कल्याणगति और स्थिति वाले भविष्य में भद्रक होने वाले देवता होते हैं। [एस ठाणे आरिए जाव सव्वदुक्खपहीणमग्गे] यह स्थान आर्य्य है और यह समस्त दुःखों का नाश करने वाला है। [एगंतसम्मे सुसाहू] यह स्थान एकान्त उत्तम और अच्छा है। [दोच्चस्स ठाणस्स धम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए] दूसरा स्थान जो धर्मपक्ष है उसका विभाग इस प्रकार कहा गया है।

भावार्थ स्पष्ट है।

अहावरे तच्चस्स ठाणस्स मीसगस्स विभंगे एवमाहिज्जइ—इह खलु पाईणं वा ४ संतेगतिया मणुस्सा भवंति, तंजहा—अप्पिच्छा अप्पारंभा अप्पपरिग्गहा धम्मिया धम्माणुया जाव धम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति सुसीला सुव्वया सुपडियाणंदा साहू एगच्चाओ पाणाइवायाओ पडिविरता जावजीवाए एगच्चाओ अप्पडिविरया जाव जे यावण्णे तहप्पगारा सावज्जा अबोहिया

छाया—अथापरं तृतीयस्य स्थानस्य मिश्रकस्य विभङ्ग एवमाख्यायते। इह खलु प्राच्यां वा ४ सन्त्येकतये मनुष्या भवन्ति तद्यथा—अल्पेच्छाः अल्पारम्भाः अल्पपरिग्रहाः धार्मिकाः धर्मानुज्ञाः यावद् धर्मेण चैव वृत्तिं कल्पयन्तः विहरन्ति सुशीलाः सुव्रताः सुप्रत्यानन्दाः साधवः एकस्मात् प्राणातिपातात् प्रतिविरताः यावज्जीवनम् एकस्मात् अप्रतिविरताः यावद् ये चान्ये तथाप्रकाराः सावद्याः अबो-

अन्वयार्थ—[अहावरे तच्चस्स ठाणस्स मीसगस्स विभंगे एवमाहिज्जइ] इसके पश्चात् तीसरा स्थान जो मिश्र स्थान है उसका भेद बताया जाता है [इह खलु पाईणं वा संतेगतिया मणुस्सा तंजहा] इस मनुष्य लोक में पूर्व आदि दिशाओं में कोई मनुष्य ऐसे होते हैं [अप्पिच्छा अप्पारंभा अप्पपरिग्गहा) जो अल्प इच्छावाले अल्प आरम्भ करनेवाले और अल्पपरिग्रह रखने वाले हैं (धम्मिया धम्माणुया जाव धम्मेणं चेव वित्तिं कप्पेमाणा विहरंति] वे धर्माचरण करनेवाले धर्म की अनुज्ञा देने वाले और धर्म से ही जीवन निर्वाह करते हुए अपना समय व्यतीत करते हैं सुसीला सुव्वया सुपडियाणंदा साहू] वे सुशील सुव्रतधारी तथा सुख से प्रसन्न करने योग्य और सज्जन होते हैं (एगच्चाओ पाणाइवायाओ जाव जीवाए पडिविरया एगच्चाओ अपडिविरया) वे किसी [स्थूल] प्राणातिपात से जीवनभर निवृत्त रहते हैं और किसी [सूक्ष्म] से निवृत्त नहीं रहते हैं [जे यावण्णे तहप्प

भावार्थ—अब तीसरा स्थान जो मिश्र स्थान है उसका विचार किया जाता है इस स्थान में धर्म और अधर्म दोनों ही मिश्रित हैं इसलिए इसे मिश्र कहते हैं यद्यपि यह अधर्म से भी युक्त है तथापि अधर्म की अपेक्षा इसमें धर्म का अंश इतना अधिक है कि उसमें अधर्म बिलकुल छिपा हुआ सा है। जैसे चन्द्रमा की हजार किरणों में कलंक छिप जाता है इसी तरह

कम्मंता परपाणपरितावणकरा कज्जंति ततोवि एगच्चाओ-अप्प-डिविरिया ।

छाया—धिकाः कर्मसमारम्भाः परप्राणपरितापनकराः क्रियन्ते ततोऽप्येकस्मात् अप्रतिविरताः ।

अन्वयार्थ—[आरा सावज्जा अबोहिया परपाणपरितावणकरा कम्मंता कज्जंति ततोऽवि एगच्चाओ अप्पडिविरया] दूसरे जो कर्म सावद्य और अज्ञान को उत्पन्न करने वाले अन्य प्राणियों को ताप देने वाले जगत् में किए जाते हैं उनमें से कई कर्मों से वे निवृत्त नहीं होते हैं ।

भावार्थ—इस स्थान मे धर्म से अधर्म छिपा हुआ है अत इस स्थान की धर्म पक्ष में ही गणना की जाती है । जो पुरुष अल्प इच्छा वाले अल्प आरम्भ करने वाले अल्पपरिग्रही, धार्मिक, धर्म की अनुज्ञा देने वाले, सुशील और उत्तमव्रतधारी हैं वे इस स्थान में माने जाते हैं । वे पुरुष स्थूल प्राणाति पात आदि से निवृत्त और सूक्ष्म से अनिवृत्त होते हैं । वे यन्त्रपीडन और निर्लाञ्छन आदि कर्मों से भी निवृत्त होते हैं ।

से जहाणामए समणोवासगा भवंति अभिगयजीवाजीवा उवलद्धपुण्णपावा आसवसंवरवेयणाणिज्जराकिरियाहिगरणबंध-मोक्खकुसला असहेज्जदेवासुरनागसुवण्णजक्खरक्खसकिन्नरकिंपु-

छाया—तद्यथा नाम श्रमणोपासकाः भवन्ति अभिगतजीवाजीवाः उपलब्ध पुण्यपापाः आश्रवसंवरवेदनानिर्जराक्रियाधिकरणबन्धमोक्षकुशला असहाया अपि देवासुरनागसुवर्णयक्षराक्षसकिन्नरकिं

अन्वयार्थ—(से जहाणामए समणोवासगा भवंति) इस मिश्र स्थान में रहने वाले श्रमणोपासक यानी श्रावक होते हैं (अभिगयजीवाजीवा उवलद्धपुण्णपावा आसवसंवरवेयणा णिज्जराकिरियाहिगरणबंधमोक्खकुसला) वे श्रावक जीव, अजीव, पुण्य, पाप आश्रव, संवर, वेदना, निर्जरा, क्रिया, अधिकरण, बन्ध और मोक्ष के ज्ञाता होते हैं (असहेज्जदेवासुरनागसुवण्णजक्खरक्खसकिंनरकिंपुरिसगरुलगंधव्वमहोरगा

रिसगरुलगधव्वमहोरगाइएहिं देवगणेहिं निग्गंथाओ पावयणाओ अणइक्कमणिज्जा इणमेव निग्गंथे पावयणे णिस्संकिया णिक्कंखिया निव्वितिगिच्छा लद्धट्ठा गहियट्ठा पुच्छियट्ठा विणिच्छियट्ठा अभिगयट्ठा अट्ठिमिंजापेम्माणुरागरत्ता अयमाउसो ! निग्गंथे पावयणे अट्ठे अय परमट्ठे सेसे अणट्ठे उसियफलिहा अवगुयदुवारा अचियत्तंतेउरपरघरपवेसा चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठपुण्णमासिणीसु

छाया—पुरुषगरुडगन्धर्वमहोरगादिभिःदेवगणैः निग्रन्थात् प्रवचनादनतिक्रमणीयाः अस्मिन्नैर्ग्रन्थे प्रवचने निःशङ्किताः निष्काङ्क्षिताः निर्विचिकित्सा लब्धार्था गृहीतार्थाः पृष्टार्था निश्चितार्था अभिगतार्थाः अस्थिमज्जाप्रेमानुरागरक्ताः इदमायुष्मन् नैर्ग्रन्थं प्रवचनम् अय परमार्थ, शेषोऽनर्थः उच्छ्रितस्फाटिका असंवृतद्वारा असमतान्तःपुरपरगृहप्रवेशा चतुर्दश्यष्टम्युदिष्टपूर्णिमासु प्रति

अन्वयार्थ—इएहिं देवगणेहिं निग्गंथाओ पावयणाओ अणइक्कमणिज्जा) वे श्रावक असहाय होने पर भी देव असुर नाग सुवर्ण यक्ष राक्षस किन्नर किंपुरुष गन्धर्व गरुड और महासर्प आदि देवगणों के द्वारा भी निर्ग्रन्थ प्रवचन से अलग करने योग्य नहीं होते। (इणमेव निग्गंथे पावयणे णिस्संकिया णिक्कंखिया निव्वितिगिच्छा) वे श्रावक निर्ग्रंथ प्रवचन में शङ्का रहित और दूसरे दर्शन की आकांक्षा से रहित होते हैं (निव्वितिगिच्छा लद्धट्ठा गहियट्ठा पुच्छियट्ठा) वे इस प्रवचन के फल में सन्देहरहित होते हैं। वे सूत्रार्थ के ज्ञाता तथा उसे ग्रहण किये हुए और गुरु से पूछे हुवे होते हैं। (विणिच्छियट्ठा अभिगयट्ठा अट्ठिमिंजापेम्माणुरागरत्ता) वे सूत्रार्थ को निश्चय किए हुए और समझे हुए एवं उसके प्रति हड्डी और मज्जा में भी अनुराग से रञ्जित होते हैं (अयमाउसो णिग्गंथे पावयणे अट्ठे अयं परमट्ठे सेसे अणट्ठे) वे श्रावक कहते हैं कि—"यह निर्ग्रन्थ प्रवचन ही सत्य है और सब अनर्थ हैं" (उसियफलिहा) वे विशाल और निर्मल मन वाले होते हैं (अव गुयदुवारा) उनके घर के द्वार खुले रहते हैं (अचियत्तंतेउरपरघरपवेसा) वे श्रावक राजा के अन्तःपुर के समान दूसरे के घर में प्रवेश करना अच्छा नहीं मानते हैं (चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठपुण्णिमासिणीसु पडिपुण्णं पोसहं सम्मं अणुपालेमाणा) वे चतुर्दशी अष्टमी और पूर्णिमा आदि तिथियों में पूर्णरूप से पौषध और उपवास

पडिपुन्नं पोसहं सम्म अणुपालेमाणा समणे निग्गंथे फासुएसणिज्जेणं असणपाणखाइमसाइमेणं वत्थपडिग्गहकंबलपायपुंछणेणं ओसहभेसज्जेण पीठफलगसेज्जासंथारएण पडिलामेमाणा बहूहिं सीलव्वयगुणवेरमणपच्चक्खाणपोसहोववासेहिं अहापरिग्गहिएहिं तवोकम्मेएहिं अप्पाणं भावेमाणा विहरति। ते ण एयारूवेण विहारेण विहरमाणा बहूइ वासाइ समणोवासगपरियागं पाउणति पाउणित्ता आबाहंसि उप्पन्नंसि वा अणुप्पन्नंसि वा बहूइं भत्ताइं पच्चक्खायति बहूइं भत्ताइ पच्चक्खाएत्ता बहूइं भत्ताइ अण-

छाया—पूर्ण पौषध सम्यगनुपालयन्तः श्रमणान् निर्ग्रन्थान् प्रासुकैषणीयेन अशनपानखाद्यस्वाद्येन वस्त्रपरिग्रहकम्बलपादप्रोञ्छनेन औषधभैषज्येन पीठफलकशय्यासंस्तारकेण प्रतिलाभयन्तः बहुभिः शीलव्रतगुणविरमणप्रत्याख्यानपौषधोपवासैः यथापरिगृहीतैः तपः कर्मभिः आत्मानं भावयन्तो विहरन्ति। ते एतद्रूपेण विहारेण विहरन्तः बहूनि वर्षाणि श्रमणोपासकपर्य्यायां पालयन्ति पालयित्वा आबाधायामुत्पन्नायां वा अनुत्पन्नायां वा बहूनि भक्तानि प्रत्याख्यान्ति, बहूनि भक्तानि प्रत्याख्याय बहूनि भक्तानि अनशनया

अन्वयार्थ—करते हुए (समणे णिग्गंथे फासुएसणिज्जेण असणपाणखाइमसाइमेणं वत्थपरिग्गहकम्बलपायपुंछणेण ओसहभेसज्जेण पीठफलगसेज्जासंथारकेणं पडिलाभेमाणा) तथा श्रमण निर्ग्रन्थों को प्रासुक एषणीय असन पान खाद्य स्वाद्य वस्त्र कम्बल पादप्रोञ्छन औषध भैषज्य पीठ फलक शय्या और तृण आदि देते हुए (अहापरिग्गहिएहिं सीलव्वयगुणवेरमणपच्चक्खाणपोसहोववासेहिं अप्पाण भावेमाणा विहरति) एवं इच्छानुसार ग्रहण किए हुए शील, गुणव्रत, त्याग प्रत्याख्यान पौषध और उपवास के द्वारा अपने आत्मा को पवित्र करते हुए जीवन व्यतीत करते हैं (तेण एयारूवेणं विहारेणं विहरमाणा बहूइं वासाइ समणोवासगपरियाग पाउणंति) वे इस प्रकार आचरण करते हुए बहुत वर्षों तक श्रावक के व्रत का पालन करते हैं (पाउणित्ता आबाहंसि उप्पन्नंसि अणुप्पन्नंसिवा बहूइ भत्ताइ पच्चक्खायंति) श्रावक के व्रत का पालन करके वे रोग आदि की बाधा उत्पन्न होने पर या न होने पर बहुत काल तक अनशन यानी संथारा ग्रहण करते हैं (बहूइ

सणाए छेदेन्ति बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेइत्ता आलोइयपडिक्कंता समाहिपत्ता कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति, तंजहा—महड्ढिएसु महज्जुइएसु जाव महासुक्खेसु सेसं तहेव जाव एस ठाणे आयरिए जाव एगंतसम्मे साहू । तच्चस्स ठाणस्स मिस्सगस्स विभंगे एवं आहिए । अविरइं पडुच्च बाले आहिज्जइ, विरइं पडुच्च पंडिए आहिज्जइ

छाया—छेदयन्ति बहूनि भक्तानि अनशनया छेदयित्वा आलोचितप्रतिक्रान्ता समाधिप्राप्ता कालमासे कालं कृत्वा अन्यतरेषु देवलोकेषु देवत्वाय उपपत्तारो भवन्ति । तद्यथा महर्द्धिकेषु महाद्युतिकेषु यावन्महासुखेषु शेषं तथैव यावत् इदं स्थानम् आर्य्यम् यावदेकान्त सम्यक् साधु तृतीयस्य स्थानस्य मिश्रकस्य विभङ्ग एवमाख्यात' अविरतिं प्रतीत्य बाल आख्यायते विरतिं प्रतीत्य पण्डित आख्या-


अन्वयार्थ—भत्ताइं पच्चक्खाएत्ता बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेदिंति) वे बहुत काल का अनशन करके संथारे को पूर्ण करते हैं (बहूइं भत्ताइं अणसणाए छेइत्ता आलोइयपडिक्कंता समाहिपत्ता कालमासे कालं किच्चा अन्नयरेसु देवलोएसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति) वे संथारे को पूर्ण करके अपने पाप की आलोचना तथा प्रतिक्रमण कर समाधि को प्राप्त होते हैं इस प्रकार वे काल के अवसर में मृत्यु को प्राप्त कर विशिष्ट देवलोक में देवता होते हैं (महड्ढिएसु महज्जुइएसु जाव महासुक्खेसु सेसं तहेव जाव) वे महाऋद्धि वाले महा द्युति वाले तथा महासुख वाले देवलोक में देवता होते हैं शेष पूर्वपाठ के अनुसार जानना चाहिए । (एस ठाणे आरिए जाव एगंतसम्मे साहू) यह स्थान आर्य्य तथा एकान्त सम्यक् और उत्तम है । (तच्चस्स ठाणस्स मीसगस्स विभंगे एवं आहिए) तृतीय स्थान जो मिश्र स्थान है उसका विभाग इस प्रकार कहा गया । (अविरइं पडुच्च बाले विरइं पडुच्च पंडिए विरयाविरइं पडुच्च बाल पंडिए आहिज्जइ) इस मिश्र स्थान का स्वामी अविरति के हिसाब से बाल और विरति की अपेक्षा से पण्डित तथा अविरति और विरति दोनों की अपेक्षा से बाल पण्डित कहलाता है । (तत्थ णं जा सा सव्वतो अविरई एस ठाणे आरंभट्ठाणे अणारिए जाव असव्वदुक्खपहीणमग्गे एगंतमिच्छे असाहू) इनमें जो स्थान सभी पापों से निवृत्त न होना है यह आरम्भ स्थान है यह अनार्य्य तथा समस्त दुःखों का

विरयाविरइं पडुच्च बालपंडिए आहिज्जइ, तत्थ णं जा सा सव्वतो अविरई एस ठाणे आरम्भट्ठाणे अणारिए जाव असव्वदुक्खप्पहीणमग्गे एगंतमिच्छे असाहू, तत्थ णं जा सा सव्वतो विरई एस ठाणे अणारम्भट्ठाणे आरिए जाव सव्वदुक्खप्पहीणमग्गे एगंतसम्मे साहू, तत्थ णं जा सा सव्वओ विरयाविरई एस ठाणे आरंभणोआरम्भट्ठाणे एस ठाणे आरिए जाव सव्वदुक्खप्पहीणमग्गे एगंतसम्मे साहू ॥ सूत्र ३९ ॥

छाया—यते विरत्यविरती प्रतीत्य बालपण्डित आख्यायते तत्र या सा अविरतिः इद स्थानमारम्भस्थानमनार्य्यं यावदसर्वदुःखप्रहीण मार्गम् एकान्तमिथ्या असाधु। तत्र या मा सर्वतो विरतिः इदं स्थानमनारम्भस्थानमार्य्यं यावत् सर्वदुःखप्रहीणमार्गमेकान्तसम्यक् साधु। तत्र ये ते सर्वतो विरताविरती इदं स्थानमारम्भनोआरम्भस्थानम् इद स्थानमार्य्यं यावत् सर्वदुःखप्रहीणमार्गमेकान्तसम्यक् साधु।

अन्वयार्थ—नाश न करने वाला एकान्त मिथ्या और बुरा है (तत्थणं जा सा सव्वओ विरई एस ठाणे अणारंभठाणे आरिए जाव सव्वदुक्खपहीणमग्गे एगंतसम्मे साहू) एवं दूसरा स्थान जो सब पापों से निवृत्ति है वह अनारम्भ स्थान है वह आर्य्य तथा समस्त दुःखों को नाश करने वाला एकान्त सम्यक् और उत्तम है। (तत्थणं जा सा सव्वतो विरयाविरई एस ठाणे आरिए जाव सव्वदुक्खपहीणमग्गे एगंतसम्मे साहू) तथा तीसरा स्थान जो कुछ पापों से निवृत्ति और कुछ से अनिवृत्ति है वह आरम्भ नो आरम्भ स्थान कहलाता है यह भी आर्य्य तथा समस्त दुःखों का नाशक एकान्त सम्यक् और उत्तम है।

भावार्थ—स्पष्ट है।



एवमेव समणुगम्ममाणा इमेहिं चेव दोहिं ठाणेहिं समो-अरंति, तजहा–धम्मे चेव अधम्मे चेव उवसंते चेव अणुवसंते चेव, तत्थ णं जे से पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए, तत्थ णं इमाइं तिन्नि तेवट्ठाइं पावादुयसयाइं

छाया—एवमेव समनुगम्यमाना अनयोरेव द्वयोः स्थानयोः सम्पतन्ति तद्यथा धर्मे चैव अधर्मे चैव उपशान्ते चैव अनुपशान्ते चैव तत्र योऽसौ प्रथमस्य स्थानस्य अधर्मपक्षस्य विभङ्ग एवमाख्यातः तत्रा-मूनि त्रीणि त्रिषष्ट्यधिकानि प्रावादुकशतानि भवन्ति इत्याख्या

अन्वयार्थ—(एवमेव समणुगम्ममाणा इमेहिं दोहिं ठाणेहिं समोअरंति) संक्षेप से विचार करने पर सभी मार्ग इन दो स्थानों में ही आ जाते हैं (तंजहा धम्मे चेव अधम्मे चेव उवसंते चेव अणुवसंते चेव) धर्म में और अधर्म में तथा उपशान्त में और अनुपशान्त में (तत्थणं जे से पढमस्स ठाणस्स अधम्मपक्खस्स विभंगे एवमाहिए तत्थणं इमाइं तिन्नि तेवट्ठाइं पावादुयसयाइं भवंतीति मक्खायाइं) पहले जो अधर्म स्थान का विचार पूर्वोक्त प्रकार से किया गया है उसमें तीन सौ तिरसठ ३६३ प्रावादुक

भावार्थ—वस्तुतः धर्म और अधर्म ये दो ही पक्ष हैं क्योंकि मिश्रपक्ष भी धर्म और अधर्म से मिश्रित होने के कारण इन्हीं के अन्तर्गत है। दूसरे मतमतान्तर जो क्रियावादी, अक्रियावादी, अज्ञानवादी और विनयवादियों के ३६३ भेद वाले पाये जाते हैं वे भी धर्म तत्त्व से रहित और मिथ्या होने के कारण अधर्म पक्ष के ही अन्तर्गत हैं। उक्त मत मतान्तर यद्यपि मोक्ष भी मानते हैं तथापि उनकी मान्यता विवेक रहित और मिथ्या होने के कारण संसार का ही वर्धक है, मोक्षप्रद नहीं है। बौद्धों की मान्यता है कि—"ज्ञान सन्तति का आधार कोई आत्मा नहीं है किन्तु ज्ञान सन्तति ही आत्मा है। उस ज्ञान सन्तति का कर्म सन्तति के प्रभाव से अस्तित्व है जो संसार कहलाता है और उस कर्मसन्तति के नाश होने से ज्ञान सन्तति का नाश हो जाता है इसी को मोक्ष कहते हैं।" इस प्रकार का सिद्धान्त मानने वाले बौद्ध यद्यपि मोक्ष का नाम अवश्य लेते हैं और उसके लिए प्रयत्न भी करते हैं परन्तु यह सब इनका अज्ञान है क्योंकि ज्ञान सन्तति से कथंचित् अतिरिक्त और उनका आधार एक आत्मा अवश्य है अन्यथा जिसको मैंने देखा है उसी को स्पर्श करता हूँ इत्यादि

भवंतीति मक्खायाइ (य), तजहा—किरियावाईणं अकिरियावाईणं अन्नाणियवाईणं वेणइयवाईणं, तेऽवि परिनिव्वाणमाहंसु, तेऽवि मोक्खमाहंसु तेऽवि लवंति, सावगा ! तेऽवि लवंति सावइत्तारो ॥ सूत्रम् ४० ॥

छाया—तानि तद्यथा क्रियावादिनामक्रियावादिनामज्ञानवादिनां विनयवादिनाम् । तेऽपि मोक्षमाचख्यु । तेऽपि लपन्ति श्रावकान् तेऽपि लपन्ति श्रावयितारः ।

अन्वयार्थ—अन्तर्भूत हो जाते हैं यह पूर्वाचार्यों ने कहा है। (तंजहा किरियावाईणं अकिरियावाईणं अन्नाणियवाईणं वेणइयवाईणं) वे चारों ये हैं—क्रियावादी, अक्रियावादी, अज्ञानवादी और विनयवादी (तेवि परिनिव्वाणमाहंसु तेवि मोक्खमाहंसु) वे भी मोक्ष का कथन करते हैं (तेवि लवंति सावगा तेवि लवंति सावइत्तारो) वे भी अपने धर्म का उपदेश अपने श्रावकों से करते हैं तथा अपने धर्म के वक्ता होते हैं ।

भावार्थ—सकलनात्मक ज्ञान नहीं हो सकता है अतः ज्ञान सन्तति से अतिरिक्त उनका आधार एक आत्मा अवश्य मानना चाहिये । यह आत्मा अविनाशी है इसलिए मोक्षावस्था में उसके अस्तित्व का नाश मानना भी बौद्धों का अज्ञान है । मोक्ष में यदि आत्मा का अस्तित्व ही न रहे तो उसकी इच्छा मूर्ख भी नहीं कर सकता फिर विद्वानों की तो बात ही क्या है ? अतः बौद्धमत एकान्त मिथ्या और अधर्म पक्ष में ही मानने योग्य है ।

इसी तरह साङ्ख्यवाद भी अधर्म पक्ष में ही गिनने योग्य है । यह आत्मा को कूटस्थ नित्य कहता है परन्तु आत्मा को कूटस्थ नित्य मानने पर संसार और मोक्ष दोनों ही नहीं बन सकते । आत्मा जो चतुर्विध गतियों में परिणत होता रहता है यही उसका संसार है और अपने स्वाभाविक गुणों में जो सदा परिणत होता रहता है वह उसका मोक्ष है ये दोनों बातें कूटस्थ नित्य में सम्भव नहीं हैं अतः यह मत भी त्यागने योग्य ही है । इसी प्रकार नैयायिक और वैशेषिकों के मत भी युक्ति रहित होने के कारण अधर्म पक्ष में ही गिनने योग्य हैं । इन मतों का विस्तृत विवेचन पहले किया जा चुका है इसलिए यहाँ विस्तार की आवश्यकता नहीं है ।

ते सव्वे पावाउया आदिकरा धम्माण णाणापन्ना णाणाछंदा णाणासीला णाणादिट्ठी णाणारुई णाणारंभा णाणाज्झवसाणसंजुत्ता एगं महं मंडलिबंधं किच्चा सव्वे एगओ चिट्ठंति ॥ पुरिसे य सागणियाणं इंगालाणं पाइं बहुपडिपुन्नं अओमएणं संडासएणं गहाय ते सव्वे पावाउए आइगरे धम्माणं णाणापन्ने जाव णाणाज्झवसाणसंजुत्ते एवं वयासी—हंभो पावाउया !

छाया—ते प्रावादुका आदिकरा, धर्माणां नानाप्रज्ञा नानाच्छन्दसो नानाशीला नानादृष्टयो नानारुचयः नानारम्भा नानाऽध्यवसानसंयुक्ता, एकं महान्तं मण्डलिबन्धं कृत्वा सर्वे एकतस्तिष्ठन्ति पुरुषश्चैकः साग्निकानामङ्गाराणां पात्रीं प्रतिपूर्णामयोमयेन संदंशकेन गृहीत्वा तान् सर्वान् प्रावादुकान् आदिकरान् धर्माणां नानाप्रज्ञान् यावद् नानाऽध्यवसानसंयुक्तान् एवमवादीत् हंहो प्रावादुका

अन्वयार्थ—(णाणापण्णा णाणाछंदा णाणासीला णाणादिट्ठी णाणारुई णाणारंभा णाणाज्झवसाणसंजुत्ता धम्माण आदिकरा सव्वे पावाउया मंडलिबंधं किच्चा चिट्ठंति) नाना प्रकार की बुद्धि, अभिप्राय स्वभाव, दृष्टि, रुचि आरम्भ और निश्चय रखने वाले धर्म के आदि प्रवर्तक सभी प्रावादुक किसी एक स्थान में मण्डल बांध कर बैठे हों, (पुरिसे य सागणियाणं इंगालाणं बहुपडिपुन्नं पाइं अओमएणं संडासएण गहाय) वहां कोई पुरुष अग्नि के अंगारों से भरी हुई किसी पात्री को लोह की संडासी से पकड़ कर लावे (णाणापन्ने जाव णाणाज्झवसाणसंजुत्ते धम्माणं आइगरे ते सव्वे पावाउए एवं वयासी) और वह नाना प्रकार की बुद्धि वाले एवं अनेक प्रकार के निश्चय वाले धर्म के आदि प्रवर्तक उन प्रावादुकों से कहे कि—(हंभो णाणापन्ना

भावार्थ—जो लोग सर्वज्ञ के आगम को न मान कर किसी दूसरे मत के प्रवर्तक हैं वे अन्य तीर्थी या प्रावादुक कहलाते हैं। इनकी संख्या शास्त्रकार ने ३६३ बताई है। ये प्रावादुकगण अपने आगम से पहले किसी दूसरे सर्वज्ञप्रणीत आगम का अस्तित्व स्वीकार नहीं करते हैं। इनका कहना है कि—मैं ही पहले पहल जगत् को कल्याण का मार्ग बताने वाला हूँ। मेरे पहले कोई दूसरा पुरुष सत्पथ का प्रदर्शक नहीं था। अतएव यहां शास्त्रकार ने इन प्रावादुकों को अपने अपने मतों का आदिकर कह कर

आइगरा धम्माणं णाणापन्ना जाव णाणाअज्झवसाणसंजुत्ता ! इमं ताव तुब्भे सागणियाणं इंगालाणं पाइं बहुपडिपुन्नं गहाय मुहुत्तयं मुहुत्तगं पाणिणा धरेह, णो बहुसंडासगं ससारियं कुज्जा णो बहुअग्गिथंभणियं कुज्जा णो बहु साहम्मियवेयावडियं कुज्जा णो बहुपरधम्मियवेयावडियं कुज्जा उज्जुया णियागपडिवन्ना

छाया—आदिकराः धर्माणां नानाप्रज्ञा यावन्नानाध्यवसानसंयुक्ता ! इमां तावद् यूयं साग्निकानामङ्गाराणां पात्रीं प्रतिपूर्णां गृहीत्वा मुहूर्तकं मुहूर्तकं पाणिना धरत नो संदंशकं सांसारिकं कुरुत नो अग्निस्तम्भनं कुरुत नो सांधर्मिकवैयावृत्यं कुरुत नो परधर्मिकवैयावृत्यं कुरुत ऋजुकाः नियागप्रतिपन्नाः अमायां कुर्वाणाः

अन्वयार्थ—(जाव णाणाज्झवसाणसंजुत्ता धम्माणं आइगरा पावाउया), हे नाना प्रकार की बुद्धि और निश्चय वाले, धर्मों के आदि प्रवर्तक प्रावादुकों ! (तुब्भे इमं ताव सागणियाणं इंगालाणं बहुपडिपुन्नं पाइं गहाय मुहुत्तयं मुहुत्तगं पाणिणा धरेह) तुम लोग अग्नि के अङ्गारों से भरी हुई इस पात्री को थोड़ी देर तक हाथ से पकड़ कर धारण करो (णो बहु संडासगं संसारियं कुज्जा) संडासी की सहायता न लो (णो बहुअग्गियं भणियं कुज्जा) तथा अग्नि का स्तम्भन भी न करो (णो बहुसाहम्मियवेयावडियं कुज्जा) अपने साधर्मिक की व्यावच न करो (णो बहु परधम्मियवेयावडियं कुज्जा) तथा अन्य धर्म वालों का भी व्यावच न करो (उज्जुया णियागपडिवन्ना अमायं

भावार्थ—बताया है । आर्हत मत का कोई भी धर्मोपदेशक इनके समान धर्म का आदिकर नहीं कहा जा सकता है क्योंकि पूर्व केवलियों के द्वारा कहे हुए अर्थों की ही व्याख्या करने वाले इतर केवली होते हैं यह आर्हतों की मान्यता है । एक केवली ने जिस अर्थ को जैसा देखा है दूसरे भी उस अर्थ को उसी तरह देखते हैं इसलिए केवलियों के आगमों में किसी प्रकार का मतभेद नहीं है परन्तु अन्य तीर्थियों के आगमों में यह बात नहीं है। वे एक ही पदार्थ को भिन्न भिन्न दृष्टि से देखते हैं और भिन्न भिन्न रूपों से उसकी व्याख्या करते हैं । सांख्यवादी असत् की उत्पत्ति न मान कर सत् का ही आविर्भाव मानता है और सत् का नाश न मान कर उसका तिरोभाव बतलाता है परन्तु नैयायिक और वैशेषिक ऐसा नहीं

अमायं कुव्वमाणा पाणिं पसारेह, इति वुच्चा से पुरिसे तेसिं पावादुयाण त सागणियाण इंगालाण पाइं बहुपडिपुन्नं अयोम-एण संडासएण गहाय पाणिसु णिसिरति, तए ण ते पावादुया आइगरा धम्माण णाणापन्ना जाव णाणाज्झवसाणसजुत्ता पाणिं पडिसाहरति, तए ण से पुरिसे ते सव्वे पावाउए आदिगरे धम्माण जाव णाणाज्झवसाणसजुत्ते एव वयासी-हंभो पावादुया!

छाया—पाणिं प्रसारयत। इत्युक्त्वा स पुरुषः तेषां प्रावादुकानां तां साग्निकानामङ्गाराणां पात्रीं प्रतिपूर्णामयोमयेन सन्दंशकेन गृहीत्वा पाणिषु निसृजति, तदनु ते प्रावादुका आदिकराः धर्माणां नानाप्रज्ञाः यावन्नानाध्यवसानसंयुक्ताः पाणिं प्रतिसंहरन्ति। तदनु स पुरुषः तान् सर्वान् प्रावादुकान् आदिकरान् धर्माणां यावद् नानाध्यवसानसंयुक्तान् एवमवादीत्, हं हो प्रावादुकाः आदिकरा

अन्वयार्थ—(कुव्वमाणा पाणिं पसारेह) किन्तु सरल, मोक्षसाधक और माया न करते हुए अपने हाथ को पसारो। (इति वुच्चा से पुरिसे तेसिं पावादुयाणं तं सागणियाणं इंगालाणं पाइं बहुपडिपुन्नं अयोमएणं संडासएणं गहाय पाणिसु णिसिरति) यह कह कर वह पुरुष अग्नि के अङ्गारों से भरी हुई उस पात्री को लोह की संडासी से पकड़ कर उन प्रावादुकों के हाथ पर रखे (तएणं ते पावादुया णाणापन्ना जाव णाणा-ज्झवसाणसंजुत्ता धम्माणं आदिगरा पाणिं पडिसाहरंति) उस समय नाना बुद्धि तथा नाना प्रकार के निश्चय वाले धर्म के आदि प्रवर्तक वे प्रावादुक अपने हाथ को अवश्य हटावेंगे (तएणं से पुरिसे धम्माणं आदिगरे जाव णाणाज्झवसाण संजुत्ते ते सव्वे पावाउए एवं वयासी) यह देखकर वह पुरुष नाना प्रकार की प्रज्ञा और निश्चयवाले धर्म के आदि प्रवर्तक उन प्रावादुकों से इस प्रकार कहे कि—(हंभो

भावार्थ—मानते। वे असत् की उत्पत्ति और सत् का नाश मानते हुए घट पट आदि कार्यसमूह को एकान्त, अनित्य और काल, आकाश, दिशा और आत्मा आदि को एकान्त नित्य कहते हैं। बौद्धगण निरन्वय क्षणभङ्ग-वाद को स्वीकार करके सभी पदार्थों को क्षणिक बतलाते हैं। इनके मत में पूर्व क्षण के घट के साथ उत्तर क्षण के घट का एकान्त भेद है और

आइगरा धम्माणं णाणापन्ना जाव णाणाज्झवसाणसजुत्ता! कम्हा ण तुब्भे पाणिं पडिसाहरह ?, पाणिं नो डहिज्जा, दड्ढे किं भविस्सइ ?, दुक्ख दुक्खंति मन्नमाणा पडिसाहरह, एस तुला एस पमाणे एस समोसरणे, पत्तेय तुला पत्तेय पमाणे पत्तेय समोसरणे, तत्थ णं जे ते समणा माहणा एवमातिक्खंति

छाया—धर्माणां नानाप्रज्ञाः यावन्नानाध्यवसानसंयुक्ताः कस्माद् यूयं पाणिं प्रतिसंहरथ ? पाणिं नो दहेदिति, दग्धे किं भविष्यति ? दुःख दुःखमिति मन्यमानाः पाणिं प्रतिसंहरथ एषा तुला एतत् प्रमाणं एतत् समवसरणम् प्रत्येकं तुला प्रत्येक प्रमाण प्रत्येक समवसरणम्। तत्र ये ते श्रमणाः माहनाः एव माख्यान्ति यावत्

अन्वयार्थ—णाणापन्ना जाव णाणाज्झवसाण संजुत्ता धम्माणं आइगरा पावाउया कम्हाण तुब्भेपाणिं पडिसाहरह ?) हे नाना बुद्धि और निश्चय वाले धर्म के आदि प्रवर्तक प्रावादुकों! तुम अपने हाथ को क्यों हटा रहे हो ? (पाणिं नो डहिज्जा) इसीलिए कि हाथ न जले (दड्ढे किं भविस्सइ ?) हाथ जल जाने से क्या होगा ? (दुक्खं) यदि दुःख होगा (दुक्खंति मन्नमाणा पडिसाहरह) और दुःख के भय से हाथ को तुम हटा रहे हो तो (एस तुला एस पमाणे एस समोसरणे) यही बात सब के लिये तुल्य समझो, यही सबके लिए प्रमाण जानो यही धर्म का समुच्चय समझो (पत्तेयं तुला पत्तेयं पमाणे पत्तेयं समोसरणे) यह प्रत्येक के लिए तुल्य मानो प्रत्येक के लिए प्रमाण समझो और प्रत्येक के लिए धर्म का समुच्चय मानो। (तत्थणं जे ते समणा

भावार्थ—अन्वयी द्रव्य कोई है ही नहीं। इसी तरह मीमांसक और तापसों के शास्त्रों में भी पदार्थों की व्यवस्था भिन्न भिन्न रीति से पाई जाती है। किसी के साथ किसी का मतैक्य नहीं है। वस्तुत सभी पदार्थ उत्पाद व्यय और ध्रौव्य से युक्त हैं, तथा सभी कथञ्चित् नित्य और कथञ्चित् अनित्य हैं एव कोई भी एकान्त नित्य या एकान्त अनित्य नहीं हैं तथा कोई भी निरन्वय क्षणिक नहीं हैं तथापि महा मोह के उदय से अन्य तीर्थियों को उन उन भिन्न भिन्न रूपों में वे पदार्थ प्रतीत होते हैं। वस्तुत समस्त कल्याणों की जननी स्वर्गापवर्गदात्री अहिंसा है परन्तु अन्यतीर्थी उसे

जाव परूवेंति-सव्वे पाणा जाव सव्वे सत्ता हतव्वा अज्जावेयव्वा परिघेतव्वा परितावेयव्वा किलामेतव्वा उद्दवेतव्वा, ते आगंतुछेयाए ते आगंतुभेयाए जाव ते आगंतुजाइजरामरणजोणिजम्मणससारपुणब्भवगब्भवासभवपवचकलंकलीभागिणो भविस्सति, ते बहूणं दंडणाणं बहूणं मुंडणाणं तज्जणाणं तालणाणं

छाया—प्ररूपयन्ति सर्वे प्राणा यावत् सर्वे सत्त्वाः हन्तव्या आज्ञापयितव्याः परिग्रहीतव्याः परितापयितव्याः क्लेशयितव्याः उपद्रावयितव्याः ते आगामिनि छेदाय ते आगामिनि भेदाय यावत् आगामिनि जातिजरामरणयोनिजन्मसंसारपुनर्भवगर्भवासभवप्रपञ्चकलंकलीभागिनो भविष्यन्ति। ते बहूनां दण्डनानां बहूनां मुण्ड-

अन्वयार्थ—ब्राह्मणा एवमाइक्खंति जाव परूवेंति सव्वे पाणा जाव सव्वे सत्ता हंतव्वा अज्जावेयव्वा परिघेयव्वा परितावेयव्वा किलामेतव्वा उद्दवेयव्वा ते आगंतुछेयाए आगंतुभेयाए) धर्म के मसले में जो श्रमण और ब्राह्मण ऐसी प्ररूपणा करते हैं कि—सब प्राणियों को हनन करना चाहिये, आज्ञा देनी चाहिये, दासी दास आदि के रूप में रखना चाहिये, परिताप देना चाहिये तथा उन्हें क्लेश और उपद्रव देना चाहिये" वे भविष्य में अपने शरीर को छेदन और भेदन आदि पीड़ाओं के भागी बनाते हैं (जाव ते आगंतुजाइजरामरणजोणिजम्मणसंसारपुणब्भवगब्भवासभवपवंचकलंकलीभागिणो भविस्संति) वे भविष्य में उत्पत्ति, जरा, मरण, जन्म, बार बार संसार में उत्पन्न होना गर्भवास और सांसारिक प्रपञ्च में पड़कर महाकष्ट के भागी होंगे (ते बहूणं दंडणाणं बहूणं मुंडणाणं तज्जणाणं तालणाणं अंदुबंधणाणं जाव

भावार्थ—प्रधान धर्म का अङ्ग नहीं मानते हैं। उन्हें समझाने के लिये शास्त्रकार एक कल्पित दृष्टान्त देकर अहिंसा की प्रधानता सिद्ध करते हैं। मान लीजिये कि किसी जगह सभी प्रावादुक एकत्रित होकर मण्डलाकार बैठे हों, वहां कोई सम्यग्दृष्टि पुरुष अग्नि के अंगारों से भरी हुई एक पात्री को संडासी से पकड़ कर लावे और कहे कि— "हे प्रावादुकों! आप लोग अंगार से भरी हुई इस पात्री को अपने अपने हाथों में थोड़ी देर तक रखें। आप सण्डासी की सहायता न लें तथा एक दूसरे की सहायता भी न करें" यह सुनकर वे प्रावादुक उस पात्री को हाथ में लेने के लिए हाथ फैला

अदुबंधणाण जाव घोलणाण माइमरणाण पिइमरणाणं भाइमरणाण भगिणीमरणाणं भज्जापुत्तधूतसुण्हामरणाणं दारिद्दाणं दोहग्गाण अप्पियसंवासाणं पियविप्पओगाण बहूणं दुक्खदोम्मणस्साण आभागिणो भविस्संति, अणादियं च णं अणवयग्ग दीहमद्धं चाउरंतसंसारकंतारं भुज्जो भुज्जो अणुपरियट्टिस्संति,

छाया—नानां तर्जनानां ताडनानामन्दूबन्धनानां यावद् घोलनानां मातृमरणानां पितृमरणानां भ्रातृमरणानां भगिनीमरणानां भार्य्या पुत्रदुहितृस्नुषामरणानां दारिद्र्यानां दौर्भाग्यानामप्रियसहवासानां प्रियवियोगानां बहूनां दुःखदौर्मनस्यानामाभागिनो भविष्यन्ति अनादिकञ्च अनवदग्रं दीर्घमध्यं चतुरन्तसंसारकान्तार

अन्वयार्थ—घोलणाणं) वे बहुत दण्ड बहुत मुण्डन, तर्जन, ताडन खोड़ी बन्धन और घोला जाना (माइमरणाणं पिइमरणाणं भाइमरणाणं भगिणीमरणाणं भज्जापुत्तधूत सुण्हामरणाणं) एवं माता, पिता भाई, बहिन, भार्य्या, पुत्र, कन्या और पुत्र वधू के मरण (दारिद्दाणं दोहग्गाणं अप्पियसंवासाणं पियविओगाणं बहूणं दुक्खदोमणस्साणं आभागिणो भविस्संति) दरिद्रता, दौर्भाग्य, अप्रिय के साथ निवास, प्रियवियोग तथा बहुत से दुःख और दौर्मनस्य के भागी होंगे। (अणादियंचणं अणवयग्गं दीहमद्धं चाउरंतसंसारकंतारं भुज्जो भुज्जो अणुपरियट्टिस्संति) वे आदि अन्तरहित तथा दीर्घमध्य वाले चतुर्गतिक संसार रूप घोर जङ्गल में बार बार भ्रमण करते रहेंगे।

भावार्थ—फर भी उसे अङ्गारों से पूर्ण देखकर हाथ जल जाने के भय से अवश्य ही अपने हाथों को हटा लेंगे। उस समय वह सम्यग्दृष्टि उनसे पूछे कि—आप लोग अपने हाथ को क्यों हटा रहे हैं ? तो वे यही उत्तर देंगे कि हाथ जल जाने के भय से हम लोग हाथ हटा रहे हैं। फिर सम्यग्दृष्टि उनसे पूछे कि—हाथ जल जाने से क्या होगा ? वे उत्तर देंगे कि दुःख होगा। उस समय सम्यग्दृष्टि उनसे यह कहे कि—"जैसे आप दुःख से भय करते हैं इसी तरह सभी प्राणी दुःख से डरते हैं। जैसे आपको दुःख अप्रिय और सुख प्रिय है इसी तरह दूसरे प्राणियों को भी दुःख अप्रिय और सुख प्रिय है। कोई भी प्राणी दुःख नहीं चाहता है किन्तु सभी सुख के इच्छुक हैं इसलिए प्राणियों पर दया करना और उन्हें कष्ट

ते णो सिज्झिस्सति णो बुज्झिस्सति जाव णो सव्वदुक्खाण अंतं करिस्सति, एस तुला एस पमाणे एस समोसरणे पत्तेय तुला पत्तेय पमाणे पत्तेय समोसरणे ॥ तत्थ ण जे ते समणा माहणा एवमाइक्खति जाव परूवेंति-सव्वे पाणा सव्वे भूया सव्वे जीवा सव्वे सत्ता ण हतव्वा ण अज्जावेयव्वा ण परिघे-

छाया—भूयोभूय अनुपर्य्यटिष्यन्ति ते नो सेत्स्यन्ति नो मोत्स्यन्ति यावन्नो सर्वदुःखानामन्तं करिष्यन्ति। एषा तुला एतत् प्रमाण मेतत् समवसरणम्, प्रत्येक तुला प्रत्येक प्रमाणं प्रत्येक समवसरणम्। तत्र ये ते श्रमणा माहना एवमाख्यान्ति यावदेव प्ररूपयन्ति सर्वे प्राणा सर्वाणि भूतानि सर्वे जीवाः सर्वे सत्त्वाः न हन्तव्या.

अन्वयार्थ—(ते णो सिज्झिस्संति णो बुज्झिस्संति जाव णो सव्वदुक्खाण अंतं करिस्संति) वे सिद्धि को प्राप्त नहीं करेंगे, वे बोध को प्राप्त नहीं करेंगे, वे सब दुःखों का नाश नहीं कर सकेंगे (एस तुला एस पमाणे एस समोसरणे पत्तेयं तुला पत्तेय पमाणे पत्तेयं समोसरणे) जैसे सावद्य अनुष्ठान करने वाले अन्यतीर्थिक सिद्धि लाभ नहीं करते हैं और दुःखों के भाजन होते हैं इसी तरह सावद्य अनुष्ठान करने वाले स्वयूथिक भी सिद्धि को नहीं प्राप्त करते हैं और नानाविध दुःखों के भाजन होते हैं। यह सबके लिए तुल्य है। यह प्रत्यक्ष प्रमाण से ही सिद्ध है कि दूसरे को पीड़ा देने वाले चोर जार आदि प्रत्यक्ष ही दण्ड भोगते हुए देखे जाते हैं, सब आगमों का यही सारभूत विचार है। यह प्रत्येक प्राणी के लिए तुल्य है प्रत्येक के लिये प्रमाण तथा प्रत्येक के लिए आगमों का सार है। (तत्थण जेते समणा माहणा एव माइक्खंति जाव परूवेंति— सव्वे पाणा सव्वे भूया सव्वे जीवा सव्वे सत्ता ण हंतव्वा ण अज्जावेयव्वा ण परिघेतव्वा

भावार्थ—न देना ही प्रधान धर्म का अङ्ग है। जो पुरुष सब प्राणियों को अपने समान देखता हुआ अहिंसा का पालन करता है, वस्तुतः वही देखने वाला है। जहाँ अहिंसा है वहीं धर्म का निवास है। इस प्रकार अहिंसा धर्म का प्रधान अङ्ग है यह सिद्ध होने पर भी परमार्थ को न जानने वाले कई अज्ञानी श्रमण माहन हिंसा का समर्थन करते हैं। वे कहते हैं कि — "देव यज्ञ आदि कार्य्यों में तथा धर्म के निमित्त प्राणियों का वध करना धर्म है, पाप नहीं है। श्राद्ध के समय रोहित मत्स्य का और देव यज्ञ में पशुओं का वध धर्म का अङ्ग है। इसी तरह किसी खास समय में

तव्वा ण उद्दवेयव्वा ते णो आगंतुछेयाए ते णो आगंतुभेयाए जाव जाइजरामरणजोणिजम्मणसंसारपुणब्भवगब्भवासभवपवचकलकलीभागिणो भविस्संति, ते णो बहूणं दंडणाणं जाव णो बहूणं मुंडणाणं जाव बहूणं दुक्खदोम्मणस्साणं णो भागिणो भविस्संति, अणादियं च णं अणवयग्गं दीहमद्धं चाउरंतसंसार-

छाया—नाज्ञापयितव्या न परिग्रहीतव्याः नोपद्रावयितव्याः ते नो आगामिनि छेदाय ते नो आगामिनि भेदाय यावज्जातिजरामरणयोनिजन्मसंसारपुनर्भवगर्भवासभवप्रपञ्चकलकलीभागिनो भविष्यन्ति। ते नो बहूनां दण्डनानां यावन्नो बहूनां मुण्डनानां यावद् बहूनां दुःखदौर्मनस्यानां नो भागिनो भविष्यन्ति। अनादिकञ्च अन-

अन्वयार्थ—ण उद्दवेयव्वा ते णो आगंतुच्छेयाए ते णो आगंतुभेयाए जाव जाइजरामरणजोणिजम्मणसंसारपुणब्भवगब्भवासभवपवंचकलंकलीभागिणो भविस्संति) परन्तु जो सन्त महात्मा यह कहते हैं कि सब प्राणी भूत जीव और सत्वों को न मारना चाहिये, उन्हें आज्ञा न देनी चाहिये एवं बलात्कार से उन्हें दासी दास आदि न बनाना चाहिये तथा उन्हें दुःख न देना चाहिये, उन पर उपद्रव न करना चाहिए वे महात्मा भविष्य में अपने अङ्गों का छेदन भेदन आदि कष्टों को नहीं, प्राप्त करेंगे वे जाति, जरा, मरण, अनेक योनियों में जन्म धारण, गर्भवास और संसार के अनेक विध दुःखों के भाजन न होंगे (ते णो बहूणं दंडणाणं बहूणं मुंडणाणं जाव बहूणं दुक्खदोम्मणस्साणं भागिणो भविस्संति) वे बहुत दण्ड, बहुत मुण्डन तथा बहुत दुःख और दौर्मनस्य के भाजन न होंगे (अणादियं च णं अणवदग्गं दीहमद्धं चाउरंत


भावार्थ—प्राणियों को दासी दास आदि बनाना भी धर्म है" इत्यादि। इस प्रकार हिंसामय धर्म का उपदेश करने वाले अन्यदर्शनी महामोह में फँसे हैं वे अनन्त काल तक संसार में भ्रमण करते रहेंगे। वे जन्म, जरा, मरण रोग, शोक आदि दुःखों से कभी मुक्त नहीं होंगे। अतः विवेकी पुरुष को अहिंसा धर्म का आश्रय लेना चाहिये। जो पुरुष तत्त्वदर्शी हैं वे अहिंसा धर्म का ही पालन और उपदेश करते हैं। वे किसी से वैर नहीं करते, किन्तु सभी पर दया करते हैं। उन महापुरुषों का इस जगत् में कोई भी शत्रु नहीं है। वे अपने इस पवित्र धर्म का पालन करके सदा के लिए सब

कतार भुज्जो भुज्जो णो अणुपरियट्टिस्सति, ते सिज्झिस्सति जाव सव्वदुक्खाणं अंत करिस्सति ॥ (सूत्र ४१) ॥

छाया—यदग्रं च दीर्घमध्य चतुरन्तसंसारकान्तारं भूयोभूय नो अनुपर्य्य टिष्यन्ति । ते सेत्स्यन्ति ते मोत्स्यन्ति यावत् सर्वदुःखानामन्तं करिष्यन्ति ।

अन्वयार्थ—संसारकंतारं भुज्जो भुज्जो णो अणुपरियट्टिस्संति) वे आदि अन्त रहित दीर्घमध्य चतुर्गतिक संसार रूप घोर जंगल में बार बार भ्रमण नहीं करेंगे । (ते सिज्झिस्सति जाव सव्व दुक्खाणं अंतं करिस्संति) वे सिद्धि को प्राप्त करेंगे और समस्त दुःखों का अन्त करेंगे ।

भावार्थ—दुःखों से रहित केवल्य पद को प्राप्त करते हैं । अत अहिंसा ही प्रधान धर्म है यह जानकर उसी का आश्रय लेना चाहिये ॥ ४१ ॥



इच्चेतेहिं बारसहिं किरियाठाणेहिं वट्टमाणा जीवा णो सिज्झिसु णो बुज्झिसु णो मुच्चिसु णो परिणिव्वाइसु जाव णो सव्वदुक्खाणं अंत करेंसु वा णो करेंति वा णो करिस्सति वा ॥

छाया—इत्येतेषु द्वादशसु क्रियास्थानेषु वर्तमाना जीवा नोऽसिध्यन् नोऽबुध्यन् नोऽमुच्यन् नो परिनिर्वृताः यावन्नो सर्वदुःखानामन्त मकार्षुः नो कुर्वन्ति वा करिष्यन्ति वा । एतस्मिंस्त्रयोदशे क्रिया-

अन्वयार्थ—(इच्चेतेहिं बारसहिं किरियाठाणेहिं वट्टमाणा जीवा णो सिज्झिसु णो बुज्झिसु णो मुच्चिसु) पूर्वोक्त बारह क्रिया स्थानों में रहने वाले जीवों ने सिद्धि नहीं प्राप्त की है एवं बोध तथा मुक्ति भी नहीं पाई है (णो परिणिव्वाइसु जाव णो सव्व दुक्खाणं अंतं करेंसु वा णो करेंति वा णो करिस्संति वा) उन्होंने निर्वाण प्राप्त

भावार्थ—इस दूसरे अध्ययन में तेरह क्रिया स्थानों का सविस्तर वर्णन करके बारह क्रिया स्थानों को संसार का कारण और तेरहवें क्रिया स्थान को कल्याण का कारण कहा है इसलिए जो पुरुष बारह क्रिया स्थानों को छोड़ कर तेरहवे क्रिया स्थान का सेवन करते हैं वे सब प्रकार के दुःखों का नाश करके परमानन्द रूप मोक्ष सुख को प्राप्त करते हैं । परन्तु जो अज्ञानी जीव महामोह के उदय से बारह क्रिया स्थानों का सेवन नहीं छोड़ते हैं वे सदा जन्म मरण के प्रवाह रूप संसार में पड़े

एयंसि चेव तेरसमे किरियाठाणे वट्टमाणा जीवा सिज्झिसु बुज्झिसु मुच्चिसु परिणिव्वाइसु जाव सव्वदुक्खाणं अंत करेंसु वा करंति वा करिस्संति वा। एवं से भिक्खु आयट्ठी आयहिते आयगुत्ते आयजोगे आयपरक्कमे आयरक्खिए आयाणुकंपए आयनिप्फेडए आयाणमेव पडिसाहरेज्जासि त्तिवेमि॥ (सूत्र ४२)॥ इति वियसुयक्खधस्स किरियाठाणं नाम बीयमज्झयणं समत्त॥

छाया—स्थाने वर्तमानाः जीवा आसिध्यन् अबुध्यन् अमुञ्चन् परिनिर्वान् यावत् सर्वदुःखानामन्तमकार्षुः कुर्वन्ति वा करिष्यन्ति वा। एव स भिक्षुः आत्मार्थी आत्महितः आत्मगुप्तः आत्मयोगः आत्मपराक्रमः आत्मरक्षितः आत्मानुकम्पकः आत्मनिःसारकः आत्मानमेव प्रतिसंहरेदिति ब्रवीमि।

अन्वयार्थ—नहीं किया है तथा सब दुःखों का नाश नहीं किया है। वर्तमान में भी वे सब दुःखों का नाश नहीं कर रहे हैं और भविष्य में भी नहीं करेंगे। (पूर्यंसि चेव तेरसमे किरियठाणे वट्टमाणा जीवा सिज्झंसु बुज्झिसु मुच्चिंसु परिणिव्वाइंसु जाव सव्वदुक्खाण अंतं करेंसुवा करंतिवा करिस्संतिवा) परन्तु इस तेरहवें क्रिया स्थान का जिन जीवों ने सेवन किया है उन्होंने सिद्धि, बोध, मुक्ति और निर्वाण को प्राप्त करके समस्त दुःखों का नाश किया है और करते हैं तथा भविष्य में भी करेंगे। (एव से भिक्खू आयट्ठी आयहिते आयगुत्ते आयजोगे आयपरक्कमे आय रक्खिए आयाणुकंपए आयनिप्फेडए आयाणमेव पडिसाहरेज्जासित्ति बेमि) इस प्रकार बारह क्रिया स्थानों को वर्जित करने वाला आत्मार्थी, आत्मा का कल्याण करने वाला, आत्मा की रक्षा करने वाला, मन की शुभ प्रवृत्ति करने वाला, संयम के आचरण में पराक्रम प्रकट करने वाला आत्मा को संसाराग्नि से बचाने वाला, आत्मा पर दया करने वाला, आत्मा को जगत् से उद्धार करने वाला साधु अपने आत्मा को सब पापों से निवृत्त करे यह मैं कहता हूँ।

भावार्थ—हुए अनन्त काल तक दुःख के भाजन होते हैं। पूर्व समय में जिन उत्तम जीवों ने तेरहवें क्रिया स्थान का आश्रय किया है, वे मुक्त हो गये हैं और बारह क्रिया स्थानों का आश्रय लेने वाले नहीं। इसलिए आत्मार्थी पुरुषों को चाहिये कि—वे तेरहवें क्रिया स्थान का आश्रय लेकर अपने आत्मा को संसार सागर से उद्धार करने का प्रयत्न करें।

॥ दूसरा अध्ययन समाप्त ॥

॥ ओ३म् ॥

श्री सूत्र कृताङ्ग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का

तृतीय अध्ययन

अब तीसरा अध्ययन आरम्भ किया जाता है। इसके पूर्व अध्ययन में कहा है कि जो साधु बारह क्रिया स्थानों को छोड़ कर तेरहवें क्रिया स्थान का आराधन करता हुआ सब सावद्य कर्मों से निवृत्त हो जाता है वह अपने कर्मों का नाश करके मोक्ष गति को प्राप्त करता है। परन्तु आहार की शुद्धि रखे बिना सब सावद्य कर्मों से निवृत्ति नहीं हो सकती है इसलिए आहार का विचार करने के लिए इस तीसरे अध्ययन का आरम्भ किया जाता है। इस अध्ययन में कहा है कि जीव को प्रायः प्रतिदिन आहार ग्रहण करने की आवश्यकता होती है क्योंकि इसके बिना शरीर की स्थिति सम्भव नहीं है अतः साधु भी आहार ग्रहण किए बिना नहीं रह सकते हैं परन्तु वे शुद्ध आहार से ही अपने शरीर की रक्षा करें अशुद्ध से नहीं यह शिक्षा देना इस अध्ययन का प्रयोजन है। यह अध्ययन आहार की शिक्षा देता है इसलिए इसे आहारपरिज्ञा अध्ययन कहते हैं।

आहार के निक्षेप पाँच हैं नाम स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल, और भाव। नाम और स्थापना सुगम हैं इसलिए उन्हें छोड़ कर शेष तीन भेदों की व्याख्या की जाती है। किसी द्रव्य को आहार करना द्रव्याहार है, वह सचित्त अचित्त और मिश्र भेद से तीन प्रकार का है। सचित्त द्रव्य का आहार करना सचित्त द्रव्याहार है वह पृथिवीकाय आदि भेदों से छः प्रकार का है। सचित्त पृथिवीकाय जो नमक आदि हैं उनका आहार करना सचित्त पृथिवी का आहार है इसी तरह सचित्त अप्काय आदि के आहार के विषय में भी जानना चाहिये। सचित्त द्रव्याहार के समान ही अचित्त द्रव्य और मिश्र द्रव्य के आहार की भी व्याख्या है अतः उन्हें लिखने की आवश्यकता नहीं है। मनुष्य सचित्त अग्निकाय का आहार नहीं करते किन्तु

एयसि चेव तेरसमे किरियाठाणे वट्टमाणा जीवा सिज्झिसु बुज्झिसु मुच्चिसु परिणिव्वाइसु जाव सव्वदुक्खाणं अंतं करेंसु वा करंति वा करिस्सति वा। एवं से भिक्खु आयट्ठी आयहिते आयगुत्ते आयजोगे आयपरक्कमे आयरक्खिए आयाणुकपए आयनिप्फेडए आयाणमेव पडिसाहरेज्जासि त्तिबेमि॥ (सूत्र ४२)॥ इति बियसुयक्खंधस्स किरियाठाण नाम बीयमज्झयण समत्त॥

छाया—स्थाने वर्तमानाः जीवा असिध्यन् अबुध्यन् अमुच्यन् परिनिर्वा. यावत् सर्वदुःखानामन्तमकार्षुः कुर्वन्ति वा करिष्यन्ति वा। एव स भिक्षुः आत्मार्थी आत्महितः आत्मगुप्तः आत्मयोगः आत्मपराक्रमः आत्मरक्षितः आत्मानुकम्पकः आत्मनिःसारक आत्मानमेव प्रतिसंहरेदिति ब्रवीमि।

अन्वयार्थ—नहीं किया है तथा सब दुःखों का नाश नहीं किया है। वर्तमान में भी वे सब दुःखों का नाश नहीं कर रहे हैं और भविष्य में भी नहीं करेंगे। (एयंसि चेव तेरसमे किरियाठाणे वट्टमाणा जीवा सिज्झिंसु बुज्झिंसु मुच्चिंसु परिणिव्वाइंसु जाव सव्वदुक्खाण अंतं करेंसुवा करंतिवा करिस्संतिवा) परन्तु उक्त तेरहवें क्रिया स्थान का जिन जीवों ने सेवन किया है, उन्होंने सिद्धि, बोध, मुक्ति और निर्वाण को प्राप्त करके समस्त दुःखों का नाश किया है और करते हैं तथा भविष्य में भी करेंगे। (एव से भिक्खू आयट्ठी आयहिते आयगुत्ते आयजोगे आयपरक्कमे आयरक्खिए आयाणुकंपए आयनिप्फेडए आयाणमेव पडिसाहरेज्जासित्ति बेमि) इस प्रकार बारह क्रिया स्थानों को वर्जित करने वाला आत्मार्थी, आत्मा का कल्याण करने वाला, आत्मा की रक्षा करने वाला, मन की शुभ प्रवृत्ति करने वाला, संयम के आचरण में पराक्रम प्रकट करने वाला आत्मा को संसाराग्नि से बचाने वाला, आत्मा पर दया करने वाला, आत्मा को जगत् से उद्धार करने वाला साधु अपने आत्मा को सब पापों से निवृत्त करे यह मैं कहता हूँ।

भावार्थ—हुए अनन्त काल तक दुःख के भाजन होते हैं। पूर्व समय में जिन उत्तम जीवों ने तेरहवें क्रिया स्थान का आश्रय लिया है वे मुक्त हो गये हैं और बारह क्रिया स्थानों का आश्रय लेने वाले नहीं। इसलिए आत्मार्थी पुरुषों को चाहिये कि—वे तेरहवें क्रिया स्थान का आश्रय लेकर अपने आत्मा को संसार सागर से उद्धार करने का प्रयत्न करें।

॥ दूसरा अध्ययन समाप्त ॥

॥ ओ३म् ॥

श्री सूत्र कृताङ्ग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का

तृतीय अध्ययन

अब तीसरा अध्ययन आरम्भ किया जाता है। इसके पूर्व अध्ययन में कहा है कि जो साधु बारह क्रिया स्थानों को छोड़ कर तेरहवें क्रिया स्थान का आराधन करता हुआ सब सावद्य कर्मों से निवृत्त हो जाता है वह अपने कर्मों का नाश करके मोक्ष गति को प्राप्त करता है। परन्तु आहार की शुद्धि रखे बिना सब सावद्य कर्मों से निवृत्ति नहीं हो सकती है इसलिए आहार का विचार करने के लिए इस तीसरे अध्ययन का आरम्भ किया जाता है। इस अध्ययन में कहा है कि जीव को प्रायः प्रतिदिन आहार ग्रहण करने की आवश्यकता होती है क्योंकि इसके बिना शरीर की स्थिति सम्भव नहीं है अतः साधु भी आहार ग्रहण किए बिना नहीं रह सकते हैं परन्तु वे शुद्ध आहार से ही अपने शरीर की रक्षा करें अशुद्ध से नहीं यह शिक्षा देना इस अध्ययन का प्रयोजन है। यह अध्ययन आहार की शिक्षा देता है इसलिए इसे आहारपरिज्ञा अध्ययन कहते हैं।

आहार के निक्षेप पाँच हैं नाम स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल, और भाव। नाम और स्थापना सुगम हैं इसलिए उन्हें छोड़ कर शेष तीन भेदों की व्याख्या की जाती है। किसी द्रव्य को आहार करना द्रव्याहार है, वह सचित्त अचित्त और मिश्र भेद से तीन प्रकार का है। सचित्त द्रव्य का आहार करना सचित्त द्रव्याहार है वह पृथिवीकाय आदि भेदों से छः प्रकार का है। सचित्त पृथिवीकाय जो नमक आदि हैं उनका आहार करना सचित्त पृथिवी का आहार है इसी तरह सचित्त अप्काय आदि के आहार के विषय में भी जानना चाहिये। सचित्त द्रव्याहार के समान ही अचित्त द्रव्य और मिश्र द्रव्य के आहार की भी व्याख्या है अतः उन्हें लिखने की आवश्यकता नहीं है। मनुष्य सचित्त अग्निकाय का आहार नहीं करते किन्तु

अचित्त का ही आहार किया करते हैं। गर्म भात या दाल आदि पदार्थों में अचित्त अग्निकाय के जो पुद्गल होते हैं वे ही प्रायः मनुष्यों के द्वारा आहार किये जाते हैं परन्तु अङ्गार आदि सचित्त अग्नि नहीं। यह द्रव्याहार का विचार हुआ अब क्षेत्राहार का विचार इस प्रकार समझना चाहिये।

जिस क्षेत्र में, आहार बनाया जाता है अथवा ग्रहण किया जाता है अथवा उसकी व्याख्या की जाती है उसे क्षेत्राहार कहते हैं। अथवा जो नगर आदि जिस क्षेत्र से अन्न और लकड़ी आदि सामग्री को लेकर उन से अपना भरण पोषण करता है वह क्षेत्र उस नगर आदि का क्षेत्राहार कहलाता है जैसे मथुरा नगर, अपने निकटवर्ती प्रदेशों से धान्य और लकड़ी आदि लेकर उनसे अपना भरण पोषण करता है इसलिए मथुरा नगर के निकटवर्ती प्रदेश मथुरा नगर के क्षेत्राहार हैं। यह क्षेत्राहार की व्याख्या हुई इसी तरह कालाहार की व्याख्या भी करनी चाहिये।

भावाहार की व्याख्या यह है प्राणिवर्ग, क्षुधावेदनीय के उदय से जिस वस्तु का आहार ग्रहण करता है वह 'भावाहार' है। भावाहार सभी प्रायः जिव्हा के द्वारा स्पर्श किये जाते हैं इसलिये उनके रस भी जिव्हा के द्वारा ग्रहण किये जाते हैं। जो आहार कर्कश और स्वच्छ होता है उसे भक्ष्य कहते हैं। जिस चावल के भात में खूब वाष्प निकलता हो वह उत्तम भक्ष्य माना जाता है परन्तु जो ठंडा हो गया है वह नहीं।

जल का प्रधान गुण शीतलता है इसलिए जल ठंडा ही प्रायः अच्छा माना जाता है। इस प्रकार वस्तुओं के हिसाब से भावाहार की व्याख्या की गई अब आहार ग्रहण करने वाले प्राणियों के हिसाब से भावाहार की व्याख्या की जाती है। भावाहार को ग्रहण करने वाले प्राणी तीन प्रकार से भावाहारको ग्रहण करते हैं इसलिए भावाहार तीन प्रकार का है। आगम कहता है कि "तेएणं कम्मएणं आहारेइ अणंतरं जीवे तेणं परं मिस्सेणं जाव सरीरस्स निप्पत्ती" अर्थात् जब तक औदारिक शरीर की उत्पत्ति नहीं होती है तबतक जीव तैजस और कार्मण और मिश्र शरीर के द्वारा आहार ग्रहण करता है। तथा यह भी कहा है कि "ओज आहारा सव्वे जीवा

आहारगा अपज्जत्ता" अर्थात् सभी अपर्याप्त जीव ओज आहार को ही ग्रहण करते हैं। शरीर की रचना पूरी होने के बाद प्राणी बाहर की त्वचा से आहार ग्रहण करते हैं वह आहार रोमाहार कहलाता है। मुख में ग्रास डालकर जो आहार ग्रहण किया जाता है वह प्रक्षेपाहार तथा कवलाहार कहलाता है। यह कवलाहार आहारसंज्ञा की उत्पत्ति होने पर ग्रहण किया जाता है। आहारसंज्ञा की उत्पत्ति चार कारणों से होती है, (१) जाठराग्नि के दीप्त होने से (२) क्षुधा वेदनीय के उदय होने से (३) आहार के ज्ञान से (४) और आहार की चिन्ता करने से। औदारिक शरीर की उत्पत्ति के पूर्व प्राणी तैजस कार्मण और मिश्र शरीरों के द्वारा जिस आहार को ग्रहण करते हैं उसे ओज आहार कहते हैं। किसी का सिद्धान्त है कि—औदारिक शरीर की उत्पत्ति होने के बाद भी इन्द्रिय, प्राण, भाषा, और मन की उत्पत्ति जब तक नहीं होती तब तक प्राणी ओज आहार को ही ग्रहण करते हैं। इन्द्रिय प्राण भाषा और मन की पर्य्याप्ति होने के बाद प्राणी स्पर्शेन्द्रिय के द्वारा आहार ग्रहण करते हैं वह आहार रोमाहार कहलाता है। आहार ग्रहण करने वाले प्राणियों की भिन्नता के कारण आहार की भिन्नता होती है। जिन प्राणियों की सम्पूर्ण पर्य्याप्ति पूर्णता को प्राप्त नहीं हुई है वे ही प्राणी ओज आहार को ग्रहण करते हैं यह पहले कहा जा चुका है। पूर्व शरीर को छोड़ कर पुनर्जन्म धारण करने के लिये प्राणी जिस प्रदेश में जाता है उसके पुद्गलों को वह गर्म तेल में डाले हुए पुए या घेवर की तरह ग्रहण करता है। इस प्रकार वह पर्य्याप्त अवस्था को प्राप्त करने के पूर्व तैजस और कार्मण तथा मिश्र शरीर के द्वारा ओज आहार को ग्रहण करता रहता है।

पर्य्याप्त अवस्था के विषय में आचार्यों का मतभेद है, किन्हीं का मत है कि इन्द्रियों की पर्य्याप्ति ही पर्य्याप्त अवस्था है और कोई समस्त शरीर की पर्य्याप्ति को पर्य्याप्त अवस्था कहते हैं, अस्तु, उस पर्य्याप्त अवस्था को प्राप्त कर जीव स्पर्शेन्द्रिय के द्वारा रोमाहार को ग्रहण करता है। गर्भ में स्थित बालक, गर्मी, शीतल पवन, और जल के द्वारा प्रसन्नता अनुभव करता है इसका कारण यही है कि वह स्पर्शेन्द्रिय के द्वारा रोमाहार को ग्रहण करता है। वायु आदि के स्पर्शमात्र से रोमाहार होता है इसलिए वह सदा होता रहता है परन्तु प्रक्षेपाहार सदा नहीं

होता यह उसी समय होता है जब प्राणी अपने मुख में कवल का प्रक्षेप करते हैं। यह प्रक्षेपाहार सब को प्रत्यक्ष है परन्तु रोमाहार सर्वप्रत्यक्ष नहीं है क्योंकि—अल्पवृष्टि जीवों को यह प्रत्यक्ष नहीं होता है। रोमाहार सदा ग्रहण किया जाता है परन्तु कवलाहार नियत समय पर ही लिया जाता है। देवकुरु और उत्तरकुरु में उत्पन्न युगुल जीव अष्टम भक्त को ग्रहण करते हैं परन्तु जिन जीवों की आयु सख्येय वर्ष की है उनके आहार ग्रहण करने का कोई काल नियम नहीं है।

अब आहार ग्रहण करने वाले प्राणियों को अलग अलग बता कर प्रक्षेपाहारका दिग्दर्शन कराया जाता है—जिन प्राणियों की एक स्पर्शेन्द्रिय के अतिरिक्त दूसरी इन्द्रिय नहीं होती वे एकेन्द्रिय कहलाते हैं। पृथिवीकाय और जलकाय आदि के जीव एकेन्द्रिय जीव हैं। वे एकेन्द्रिय जीव, देवता तथा नरक के प्राणी कवलाहार नहीं लेते हैं।

देवताओं के मानसिक संकल्प से शुभ पुद्गल उनके आहार के रूप में परिणत होते हैं और नारकी जीवों के मानसिक सकल्प से अशुभ पुद्गल उनके आहार के रूप में परिणत होते हैं। एकेन्द्रिय, देवता और नारकी जीवों को छोड़ कर शेष द्वीन्द्रिय, तिर्य्यञ्च और मनुष्य कवलाहार ग्रहण करते हैं। इनकी शरीर की स्थिति कवलाहार के बिना नहीं हो सकती है और इनमें जिव्हा इन्द्रिय भी विद्यमान है। अत ये कवलाहार को ग्रहण करते हैं।

कई आचार्य्य आहारों की व्याख्या और तरह से करते हैं। वे कहते हैं कि—जो स्थूल आहार जिव्हा की सहायता से गले के नीचे उतारा जाता है उसे प्रक्षेपाहार कहते हैं और जो घ्राण दर्शन और श्रवण के द्वारा ग्रहण किया जाकर धातु रूप में परिणत किया जाता है वह आहार ओज आहार कहलाता है। तथा जो स्पर्शेन्द्रिय मात्र से ग्रहण होकर धातु रूप में परिणत होता है वह, आहार रोमाहार है।

जिस अवस्था में स्थित जीव आहार को ग्रहण नहीं करता है वह अवस्था बताई जाती है—(१) उत्पत्ति के समय वक्रगति में स्थित जीव आहार ग्रहण नहीं

करता है (२) लोक को पूर्ण करने के लिये केवल समुद्घात करते हुए केवली भगवान् आहार ग्रहण नहीं करते हैं। (३) शैलेशी अवस्था को प्राप्त अयोगी पुरुष आहार ग्रहण नहीं करते हैं । (४) सिद्धि को प्राप्त जीव आहार ग्रहण नहीं करते हैं ।

उक्त चार अवस्थाओं को छोड़कर शेष सभी अवस्थाओं में जीव आहार ग्रहण करता है यह जानना चाहिये ।

उत्पत्ति के समय वक्रगति को प्राप्त जीव आहार ग्रहण नहीं करता है यह पहले कहा गया है इसलिए जो जीव वक्रगति न करता हुआ समश्रेणि के द्वारा एकभव से दूसरे भव में आता है वह आहार ग्रहण करता है यह जानना चाहिये। एवं वक्रगति के द्वारा दूसरे भव को ग्रहण करने वाले जीवों में से जो जीव एक वक्रगति के द्वारा विषमश्रेणी में उत्पन्न होता है वह प्रथम समय में पूर्व शरीर के द्वारा और दूसरे समय में आश्रित शरीर के द्वारा आहार ग्रहण करता है इसलिए वह भी आहारक है, अनाहारक नहीं है ।

जो जीव दो वक्रगति के द्वारा तीन समय में दूसरे भव को ग्रहण करता है वह बीच के एक समय में आहार ग्रहण नहीं करता है परन्तु शेष दो समयों में आहार ग्रहण करता ही है । जो जीव तीन वक्रगति के द्वारा चौथे समय में दूसरा भव ग्रहण करता है वह बीच के दो समयों में आहार ग्रहण नहीं करता है किन्तु आदि और अन्त के समयों में आहार ग्रहण करता ही है। चार समय में उत्पत्ति का विचार इस प्रकार समझना चाहिये —त्रस नाड़ी के बाहर ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर आकर दिशा से विदिशा में और विदिशा से दिशा में उत्पन्न होने वाला जीव चार समय में दूसरे भव को ग्रहण करता है। वह एक समय में त्रस नाड़ी के अन्दर प्रवेश करके दूसरे समय में ऊपर या नीचे जाकर तीसरे समय में उससे बाहर निकलता है पश्चात् चौथे समय में उत्पत्ति देश में आकर वहाँ दूसरा भव ग्रहण करता है। किसी जीव की उत्पत्ति पाँच समय में भी होती है। वह उस दशा में मानी गई है जब जीव, त्रस नाड़ी के बाहर विदिशा से विदिशा में उत्पन्न होता है। इस प्रकार पाँच समय में दूसरा भव ग्रहण करने वाला जीव बीच के तीन समयों में आहार ग्रहण नहीं करता है परन्तु शेष दो समयों में आहार

ग्रहण करता है। केवल समुद्घात के समय केवली में कार्मण शरीर विद्यमान होता है। इसलिए वह तीसरे चौथे और पाचवें समय मे आहार ग्रहण नहीं करते हैं परन्तु शेष समय में औदारिक तथा मिश्र शरीर के सद्भाव होने से वे आहार ग्रहण करते ही हैं। आयु क्षीण होने पर केवली जब सब योगों का निरोध कर लेते हैं उस समय वे पांच ह्रस्व वर्णों के उच्चारण काल तक आहार ग्रहण नहीं करते हैं। सिद्ध जीव शैलेशी अवस्था से लेकर अनन्त काल तक आहार ग्रहण नहीं करते हैं। संसारी जीव एक या दो समय तक आहार नहीं लेते हैं। ऐसे जीव वे ही हैं जो दो वक्रगति के द्वारा तीसरे समय में और तीन वक्रगति के द्वारा चौथे समय में दूसरा भव ग्रहण करते हैं। चार वक्रगति के द्वारा पांच समय में दूसरा भव ग्रहण करने वाले जीव बहुत कम होते हैं इसलिए उनकी चर्चा यहां नहीं की गई है। तत्त्वार्थ सूत्र में भी यही कहा है—"एकं द्वौ वा अनाहारका" अर्थात् ससारी जीव एक या दो समय तक आहार ग्रहण नहीं करते हैं शेष समयों में करते हैं।

सिद्ध जीव शैलेशी अवस्था से लेकर अनन्तकाल पर्यन्त आहार ग्रहण नहीं करते हैं परन्तु इससे पूर्व वे प्रति समय आहार ग्रहण करते हैं परन्तु कवलाहार का ग्रहण कभी कभी करते हैं। सदा नहीं करते।

किन्हीं का कहना है कि केवली आहार ग्रहण नहीं करते हैं क्योंकि अल्पवीर्य्यवाले प्राणी को ही आहार ग्रहण करने की आवश्यकता होती है केवली तो अनन्तवीर्य्य होते हैं अतः उनको आहार ग्रहण करने की आवश्यकता नहीं है। दूसरी बात यह है कि—वेदना आदि छः कारणों से आहार ग्रहण किया जाना शास्त्र में कहा है परन्तु केवली में वे छः कारण नहीं होते। अतः बहुविध दोषपूर्ण आहार को केवली क्यों ग्रहण करें ?

आहार ग्रहण करने के छः कारण जो शास्त्र में कहे गये हैं वे ये हैं— पहला कारण वेदना का उदय है वह वेदना केवली में जली हुई रस्सी के समान निःसार होती है इसलिए वह केवली को आहार ग्रहण करने के लिए बाध्य नहीं कर सकती।

दूसरा कारण व्याबध है यहभी केवली में सम्भव नहीं है क्योंकि केवली सुर, असुर, नरपति और नाग आदि सभी प्राणियों के पूज्य होते हैं, वे किसी के व्याबध के लिए आहार ग्रहण करें यह भी सम्भव नहीं है। तीसरा कारण ईर्य्यापथ का परिशोधन माना गया है। यहभी केवली में सम्भव नहीं है क्योंकि केवली केवलज्ञानावरणीय कर्म के क्षय हो जाने से ईर्य्यापथ को अच्छी तरह से देख लेते हैं अत इसके लिएभी उन्हें आहार ग्रहण करने की आवश्यकता नहीं है। चौथा कारण संयम का पालन है। इसके लिएभी केवली को आहार ग्रहण करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि केवली यथाख्यातचारित्री और निष्ठितार्थ होते हैं अत आहार ग्रहण के बिना उनके चारित्र में दोष आना सम्भव नहीं है।

पाँचवाँ कारण प्राणों की रक्षा है। केवली अनन्तवीर्य्य होते हैं इसलिए कवलाहार के बिना उनके प्राणों का नाश सम्भव नहीं है इस कारण वे प्राणरक्षार्थ कवलाहार को ग्रहण करते हैं यहभी नहीं है। छठा कारण धर्म की चिन्ता है परन्तु यह धर्म चिन्ता केवली की समाप्त हो चुकी है क्योंकि वह निष्ठितार्थ हो चुके हैं अत धर्म चिन्ता के लिए भी केवली का कवलाहार ग्रहण करना सम्भव नहीं है।

परन्तु यह मत ठीक नहीं है क्योंकि वेदनीय कर्म के उदय से आहार ग्रहण किया जाता है यह सर्वसम्मत सिद्धान्त है। वह वेदनीय कर्म केवलज्ञान की प्राप्ति के पहले जैसे विद्यमान था उसी तरह केवल ज्ञान की प्राप्ति होने पर भी विद्यमान है फिर उसके होते हुए भी केवली आहार ग्रहण न करे इसका कोई कारण नहीं है। कवलाहार ग्रहण करने के जितने कारण हैं वे सभी केवल ज्ञान हो जाने के बाद भी विद्यमान रहते हैं उनके विद्यमान होने पर भी कवलाहार ग्रहण न करने का कोई कारण नहीं है। कवलाहार ग्रहण करने के कारण ये हैं —

(१) पर्य्याप्तपना (२) वेदनीयोदय (३) आहार को पचाने वाला तैजस शरीर (४) दीर्घायुष्कता। ये चारों ही कारण केवलज्ञान होने के पश्चात् भी रहते हैं अत केवली कवलाहार ग्रहण नहीं करते इसमें कोई प्रमाण नहीं है।

केवली का वेदनीय जली हुई रस्सी के समान होता है यह कहना भी असङ्गत है क्योंकि शास्त्र केवली में साता का अत्यन्त उदय बतलाता है और यह युक्ति से भी सिद्ध होता है तथा घाति कर्मों के क्षय हो जाने पर उत्पन्न होने वाले केवलज्ञान से वेदनीय कर्म का कुछ भी नहीं बिगड़ता है फिर वह जली हुई रस्सी के समान क्यों कर हो सकता है ? छाया और आतप तथा भाव और अभाव की तरह केवल ज्ञान के साथ वेदनीय कर्म का परस्पर विरोध भी नहीं है इस कारण केवलज्ञान के उत्पन्न होजाने पर वेदनीय के हट जाने का कोई कारण नहीं है। साता और असाता की स्थिति अन्तर्मुहूर्त्त की होती है इसलिए जैसे केवली में साता का उदय होता है इसी तरह असाता का उदय भी होता है अत केवली में वेदनीय का उदय न मानना मिथ्या है। केवली अनन्तवीर्य्य होते हैं यह सत्य है फिरभी उनके शारीरिक बल का अपचय और क्षुधा वेदनीय की पीड़ा तो होती ही है। आहारग्रहण करने से केवली की कोई क्षति नहीं होती है अतः केवली आहार ग्रहण नहीं करते, यह मान्यता मिथ्या है।

यदि कहो कि—केवली में वेदनीय कर्म की उदीरणा नहीं होती है इस कारण उनमें प्रचुर पुद्गलों का उदय नहीं होता है और प्रचुर पुद्गलों के उदय न होने से उनको क्षुधावेदनीय की पीड़ा नहीं होती है तो यह भी ठीक नहीं है क्योंकि अविरत सम्यग्दृष्टि गुण स्थान से लेकर चौदहवें गुण स्थान तक वेदनीय गुणश्रेणि वर्तमान रहती है और वेदनीय गुणश्रेणि के वर्तमान रहने से प्रचुर पुद्गलों का उदय भी वर्तमान रहता है इसलिए उक्त गुण स्थान के जीवों मे वेदनीयजनित पीड़ा भी अवश्य है।

यदि केवली में प्रचुर पुद्गलों का उदय न माना जाय तो उनमें तीव्र साता का उदय भी न मानना चाहिये। क्योंकि—जैसे प्रचुर पुद्गलों के उदय से असाता की उत्पत्ति होती है इसी तरह प्रचुर पुद्गलों के उदय से साता की भी उत्पत्ति होती है। अतः केवली में साता की उत्पत्ति के लिए यदि प्रचुर-पुद्गलों का उदय मानते हो तो तुम्हारी इस मान्यता से उनमें असाता की सिद्धि भी हो जाती है। अत केवली में असाता का उदय न मानना युक्तिविरुद्ध समझना चाहिये। कोई

कहते हैं कि—आहार ग्रहण करने की इच्छा को क्षुधा कहते हैं वह इच्छा मोहनीय कर्म का विकार है, केवली में मोहनीय कर्म नहीं होता है इसलिये केवली को आहार ग्रहण करने की इच्छा होना सम्भव नहीं है। यह कथन भी ठीक नहीं है क्योंकि—क्षुधा मोहनीय कर्म का विकार नहीं है क्योंकि मोहनीय कर्म प्रतिपक्ष भावना से निवृत्त किये जा सकते हैं परन्तु क्षुधा प्रतिपक्ष भावना से निवृत्त नहीं की जा सकती है वह तो कवलाहार ग्रहण करने से ही निवृत्त की जाती है। शास्त्रकार ने प्रतिपक्षभावना से कषायों की निवृत्ति होना कहा है वह गाथा यह है —

"उवसमेणं हणे कोहं, माणं मद्दवया जिणे।
माय चज्जवभावेणं, लोभं संतुट्ठिए जिणे॥"

अर्थात्—क्रोध को क्षमा से, मान को मृदुता से, माया को सरलता से, और लोभ को सन्तोष से जीतना चाहिये। तथा सम्यक्त्व और मिथ्यात्व की निवृत्ति भी प्रतिपक्ष भावना से की जाती है एवं हास्य आदि चित्त के छः विकार भी प्रतिपक्ष भावना से निवृत्त किये जा सकते हैं क्योंकि—वे चित्त के विकार मात्र हैं परन्तु क्षुधा प्रतिपक्ष भावना से निवृत्त नहीं की जा सकती है क्योंकि वह शीत, उष्ण और रोग आदि की तरह पुद्गलों का विकार है अतः प्रतिपक्ष भावना से क्षुधा की निवृत्ति बताना मिथ्या है।

कोई कहते हैं कि—कवलाहार के बिना भी केवली की आयु और ज्ञान आदि क्षीण नहीं हो सकते हैं तथा जगत् का उपकार करने के लिये उनमें अनन्त वीर्य्य विद्यमान हैं एवं वे कवलाहार की तृष्णा से सर्वथा रहित भी हैं अतः वे कवलाहार को ग्रहण नहीं करते हैं यही बात सत्य है।

इन लोगों से पूछना चाहिये कि—केवली केवल ज्ञान होने के बाद यदि आहार नहीं लेते हैं तो वे छद्मस्थ दशा में आहार क्यों लेते हैं? क्योंकि—जैसे केवल ज्ञान होने के बाद आहार न लेने से उनकी आयु और ज्ञान आदि क्षीण नहीं हो सकते इसी तरह छद्मस्थ दशा में भी वे नष्ट नहीं हो सकते हैं फिर छद्मस्थावस्था में वे कवलाहार ग्रहण करें और केवलज्ञान की दशा में न करें इसका

कोई कारण नही है। वस्तुत दीर्घ काल तक शरीर की स्थिति का कारण जैसे आयु है उसी तरह कवलाहार भी है। तथा कवलाहार के साथ अनन्तवीर्य्यता का कोई विरोध भी नहीं है जिससे अनन्तवीर्य्यधारी पुरुष कवलाहार न ले। केवली अनन्तवीर्य्य होते हुए भी जैसे चलते फिरते और उठते बैठते हैं उसी तरह वे कवलाहार भी ग्रहण करते हैं। जो पुरुष अधिक वीर्य्यवान् होता है उसमें क्षुधा की न्यूनता हो यह नहीं देखा जाता है अत अनन्तवीर्य्यता को आगे रखकर केवली के कवलाहार का निषेध करना भूल है। केवली में वेदनीय के प्रभाव से ११ परीषहों की उत्पत्ति मानी जाती है उनमें क्षुधा परीषह भी विद्यमान है। वे ११ परीषह ये हैं—क्षुधा, पिपासा, शीत, उष्ण, दंश मशक, चर्य्या, शय्या, वध, रोग, तृणस्पर्श और मल। इन ११ परीषहों का कारण वेदनीय है उसके होते हुए उक्त ११ परीषहों के न होने का कोई कारण नही है। क्षुधा कष्ट के सहन करने का भी कोई प्रयोजन केवली को नही है इसलिए वे निरर्थक क्षुधा कष्ट को सहें इसका भी कोई कारण नही। केवलज्ञान की उत्पत्ति के पहले आहार से पोषण पाने वाला ही शरीर केवल ज्ञान होने के बाद भी रहता है अत केवल ज्ञान होने पर केवली के कवलाहार का निषेध करना अज्ञान है। केवल ज्ञान होने के बाद केवली के शरीर का परिवर्तन यदि कोई कहे तो यह उसकी कल्पना मात्र है क्योंकि इस में कोई प्रमाण नहीं है।

संसारी जीव पहले पहल तैजस शरीर के द्वारा आहार ग्रहण करता है वह तैजस शरीर तेजोमय होता है। यह तैजस शरीर और कार्मण शरीर जीव की संसार स्थिति पर्य्यन्त रहते हैं इन्हीं के द्वारा जीव पहले पहल आहार ग्रहण करता है। इनके पश्चात् शरीर निष्पत्ति के पूर्व जीव औदारिक मिश्र या वैक्रिय मिश्र के द्वारा आहार ग्रहण करता है। जब औदारिक शरीर की निष्पत्ति हो जाती है तब वह औदारिक अथवा वैक्रिय के द्वारा आहार ग्रहण करता है।



सुयं मे आउसतेणं भगवया एवमक्खायं—इह खलु आहारपरिण्णाणामज्झयणे, तस्स णं अयमट्ठे—इह खलु पाईणं वा ४ सव्वतो सव्वावंति च णं लोगंसि चत्तारि बीयकाया एवमाहिज्जंति, तंजहा—अग्गबीया मूलबीया पोरबीया खंधबीया, तेसिं च णं

छाया—श्रुतं मया आयुष्मता तेन भगवता एवमाख्यातम् इह खलु आहारपरिज्ञानामाध्ययनं तस्य चायमर्थः, इह खलु प्राच्यां वा ४ सर्वतः सर्वस्मिन्नपि लोके चत्वारो बीजकायाः एवमाख्यायन्ते, तद्यथा अग्रबीजाः मूलबीजाः पर्वबीजाः स्कन्धबीजाः। तेषाञ्च यथाबीजेन

अन्वयार्थ—(आउसंतेणं भगवया एवं मक्खायं सुयं मे) आयुष्मान् भगवान् श्री महावीर स्वामी ने ऐसा कहा था, मैंने सुना है। (इह खलु आहारपरिण्णाणामज्झयणे तस्स णं अयमट्ठे) इस सर्वज्ञ के शासन में 'आहारपरिज्ञा' नामक एक अध्ययन है उसका अर्थ यह है—(इह खलु पाईणं वा सव्वतो सव्वावंति च णं लोगंसि चत्तारि बीयकाया एवं माहिज्जंति) इस लोक में पूर्व आदि दिशाओं तथा विदिशाओं में पूर्व चारों तरफ सब लोक में चार प्रकार के बीजकाय वाले जीव होते हैं उनके नाम ये हैं—(अग्गबीया मूलबीया पोरबीया खंधबीया) अग्रबीज, मूलबीज पर्वबीज

भावार्थ—श्री सुधर्मा स्वामी जम्बू स्वामी से कहते हैं कि—श्रीमहावीर भगवान् ने आहार परिज्ञानामक एक अध्ययन वर्णन किया है उसका अभिप्राय यह है—इस जगत् में एक बीजकाय नामक जीव होते हैं उनका शरीर बीज है इसलिये वे बीजकाय कहलाते हैं। वे बीजकाय वाले जीव चार प्रकार के होते हैं जैसे कि—अग्रबीज, मूलबीज, पर्वबीज और स्कन्धबीज। जिनके बीज अग्रभाग में उत्पन्न होते हैं वे अग्रबीज हैं जैसे—तिल ताल, आम और शालि आदि। जो मूल से उत्पन्न होते हैं वे मूलबीज कहलाते हैं जैसे—आदा (आर्द्रक) आदि। जो पर्व से उत्पन्न होते हैं वे पर्वबीज कहलाते हैं जैसे—इक्षु आदि। जो स्कन्ध से उत्पन्न होते हैं वे स्कन्धबीज कहलाते हैं जैसे सल्लकी आदि।

ये चारों प्रकार के जीव वनस्पति काय के जीव हैं वे अपने-अपने बीजों से ही उत्पन्न होते हैं दूसरे के बीज से दूसरे उत्पन्न नहीं होते हैं। जिस वृक्ष की उत्पत्ति के योग्य जो प्रदेश होता है उसी प्रदेश में वह वृक्ष उत्पन्न होता है अन्यत्र नहीं होता है। तथा जिनकी उत्पत्ति के लिये जो

अहावीएणं अहावगासेणं इहेगतिया सत्ता पुढवीजोणिया पुढवीसंभवा पुढवीवुक्कमा तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मोवगा कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा णाणाविहजोणियासु पुढवीसु रुक्खत्ताए विउट्टंति ॥ ते जीवा तेसिं णाणाविहजोणियाणं पुढ-

छाया—यथाऽवकाशेन इहैकतये सत्त्वाः पृथिवीयोनिकाः पृथिवीसम्भवाः पृथिवीव्युत्क्रमाः कर्मोपगाः कर्मनिदानेन तत्र व्युत्क्रान्ताः नाना विधयोनिकासु पृथिवीषु वृक्षतया विवर्तन्ते । ते जीवाः नानाविधयोनिकानां तासां पृथिवीनां स्नेहमाहारयन्ति । ते जीवाः आहारयन्ति

अन्वयार्थ—और स्कंधबीज । (तेसिं च णं अहाबीएणं अहावगासेणं इहेगतिया सत्ता पुढवीजोणिया पुढवीसंभवा पुढवीवुक्कमा) इन बीजकाय वाले जीवों में जो जिस बीज से और जिस प्रदेश में उत्पन्न होने की योग्यता रखते हैं वे उस बीज और उस प्रदेश में पृथिवी पर उत्पन्न होते हैं । और उसी पर स्थित रहते हैं और वे पृथिवी पर ही वृद्धि को प्राप्त करते हैं (तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा) पृथिवी पर उत्पन्न होने वाले और उसी पर स्थिति तथा वृद्धि को प्राप्त करने वाले वे जीव (कम्मोवगा कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा णाणाविहजोणियासु पुढवीसु रुक्खत्ताए विउट्टंति) कर्मवशीभूत होकर तथा कर्म से आकर्षित होकर नाना प्रकार की योनिवाली पृथिवी में वृक्ष रूप से उत्पन्न होते हैं । (ते जीवा तेसिं णाणाविह

भावार्थ—जो काल, भूमि, जल, आकाश प्रदेश और बीज अपेक्षित हैं उनमें से एक के न होने पर भी वे उत्पन्न नहीं होते हैं । इस प्रकार वनस्पति काय के जीव की उत्पत्ति में भिन्न-भिन्न काल, भूमि, जल और बीज आदि तो कारण हैं ही, साथ ही कर्म भी कारण है क्योंकि कर्म से प्रेरित होकर ही जीव नानाविध योनियों में उत्पन्न होता है इसलिये शास्त्रकार कहते हैं कि—"कम्मोवगा" अर्थात् कर्म से प्रेरित होकर प्राणी वनस्पति काय में उत्पन्न होते हैं । वे वनस्पति काय के जीव यद्यपि अपने-अपने बीज और अपने-अपने सहकारी कारण काल आदि से ही उत्पन्न होते हैं तथापि वे पृथिवीयोनिक कहलाते हैं क्योंकि—उनकी उत्पत्ति के कारण जैसे बीज आदि हैं उसी तरह पृथिवी भी है, पृथिवी के बिना उनकी उत्पत्ति नहीं हो सकती है । पृथिवी ही इनका आधार है अतः ये वृक्ष पृथिवीयोनिक हैं । ये जीव पृथिवी पर उत्पन्न होकर पृथिवी पर

वीण सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं आउसरीरं तेउसरीरं वाउसरीरं वणस्सइसरीरं ॥ णाणाविहाण तसथावराणं पाणाण सरीरं अचित्तं कुव्वंति परिविद्धत्थं तं सरीरं पुव्वाहारियं तयाहारियं विपरिणयं सारूविकडं संतं ॥ अवरेऽवि य णं तेसिं

छाया—पृथिवीशरीरमप्शरीरं तेजःशरीरं वायुशरीरं वनस्पतिशरीरम्। नानाविधानां त्रसस्थावराणां प्राणानां शरीरमचित्तं कुर्वन्ति परिविध्वस्तं तच्छरीरं पूर्वाहारितं त्वचाहारितं विपरिणतं स्वरूपतः कृतं स्यात्। अपराण्यपि च तेषां पृथिवीयोनिकानां वृक्षाणां

अन्वयार्थ—ओणियाणं पुढवीण सिणेह माहारेंति) वे जीव नाना जाति वाली पृथिवी के स्नेह का आहार करते हैं। (ते जीवा पुढवीसरीरं आउसरीरं तेउसरीरं वाउसरीरं वणस्सइसरीरं आहारेंति) वे जीव पृथिवीकाय जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय और वनस्पतिकाय का आहार करते हैं (णाणाविहाणं तसथावराणं पाणाणं सरीरं अचित्तं कुव्वंति) वे जीव, नाना प्रकार के त्रस और स्थावर प्राणियों के शरीर को अचित्त कर देते हैं (परिविद्धत्थं तं सरीरं पुव्वाहारियं तयाहारियं विपरिणयं सारूविकडं संतं) वे पृथिवी शरीर को कुछ प्रासुक करते हैं तथा पहले आहार किये हुए और उत्पत्ति के बाद त्वचा के द्वारा आहार किये हुए पृथिवीकाय आदि शरीरों को वे अपने शरीर के रूप में परिणत

भावार्थ—ही स्थित रहते हैं और वृद्धि को प्राप्त होते हैं। वे अपने कर्म से प्रेरित होकर उसी वनस्पति काय से आकर फिर उसी में उत्पन्न होते हैं। वे जिस पृथिवी में उत्पन्न होते हैं उसके स्नेह का आहार करते हैं तथा जल, तेज, वायु और वनस्पति का भी आहार करते हैं। जैसे माता के पेट में रहने वाला बालक माता के पेट में स्थित पदार्थों का आहार करता हुआ भी माता को पीड़ित नहीं करता है इसी तरह वे वृक्ष पृथिवी के स्नेह का आहार करते हुए भी पृथिवी को पीड़ित नहीं करते हैं। उत्पत्ति के बाद पृथिवी से भिन्न वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श आदि से युक्त होने के कारण वे पृथिवी को चाहे कष्ट भी देते हों परन्तु उत्पत्ति के समय कष्ट नहीं देते हैं। वे वनस्पति काय के जीव अनेक प्रकार के त्रस और स्थावर प्राणियों को अपने शरीर से दबा कर मार डालते हैं वे जीव, पहले आहार किये हुए पृथिवी आदि के

पुढविजोणियाण रुक्खाण सरीरा णाणावण्णा णाणागंधा णाणारसा णाणाफासा णाणासंठाणसंठिया णाणाविहसरीरपुग्गलविउव्विता ते जीवा कम्मोववन्नगा भवंतित्तिमक्खायं ॥ (सूत्र ४३) ॥

छाया—शरीराणि नानावर्णानि नानागन्धानि नानारसानि नानास्पर्शानि नानासंस्थानसंस्थितानि नानाविधशरीरपुद्गलविकारितानि । ते जीवाः कर्मोपपन्नाः भवन्तीत्याख्यातम् ॥ ४३ ॥

अन्वयार्थ—कर लेते हैं । (पुढवीजोणियाणं तेसिं रुक्खाणं अवरेवि य सरीरा णाणावण्णा णाणागंधा णाणारसा णाणाफासा णाणासंठाणसंठिया णाणाविहपुग्गलविउव्विया) उन पृथिवीयोनिक वृक्षों के दूसरे शरीर भी नाना प्रकार के वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श और नानाविध अवयव रचनाओं से युक्त तथा अनेक विध पुद्गलों से बने हुए होते हैं । (ते जीवा कम्मोववन्ना भवंतीतिमक्खायं) और वे जीव कर्म वशीभूत होकर स्थावर योनि में उत्पन्न होते हैं यह तीर्थङ्करों ने कहा है ॥ ४३ ॥

भावार्थ—शरीर को अपने रूप में परिणत कर डालते हैं । इनके पत्र, पुष्प, फल, मूल शाखा और प्रशाखा आदि नाना वर्ण वाले नाना रस वाले और नाना रचना वाले और भिन्न-भिन्न गुण वाले होते हैं । यद्यपि शाक्य लोग इन स्थावरों को जीव का शरीर नहीं मानते हैं तथापि जीव का लक्षण जो उपयोग है उसकी सत्ता का वृक्षों में भी अनुभव की जाती है अत इनके जीव होने की सिद्धि होती है । यह प्रत्यक्ष देखा जाता है कि—जिधर आश्रय होता है उसी ओर लता जाती है । तथा विशिष्ट आहार मिलने पर वनस्पति की वृद्धि और आहार न मिलने पर उसकी कृशता देखी जाती है । वृक्ष की शाखा काट लेने पर फिर वहाँ कोंपल निकल आता है तथा सब त्वचा उखाड़ लेने पर वह सूख जाता है । इन सब कार्यों को देखकर वनस्पति जीव है यह स्पष्ट सिद्ध होता है अत वनस्पति को जीव न मानना भूल है । जीव अपने किये हुए कर्म से प्रेरित होकर वनस्पति काय में उत्पन्न होते हैं किसी काल या ईश्वर आदि से प्रेरित होकर नहीं यह तीर्थङ्कर और गणधरों का सिद्धान्त है ॥ ४३ ॥



अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता रुक्खजोणिया रुक्खसंभवा रुक्खवुक्कमा तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मोवगा कम्मनियाणेणं तत्थवुक्कमा पुढवीजोणिएहिं रुक्खेहिं रुक्खत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं पुढवीजोणियाणं रुक्खाणं सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं आउतेउवाउवणस्सइसरीरं णाणाविहाणं तसथावराणं पाणाणं सरीरं अचित्तं कुव्वंति परि-

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातमिहैकतये सत्त्वाः वृक्षयोनिकाः वृक्षसम्भवाः वृक्षव्युत्क्रमाः तद्योनिकाः तत्सम्भवाः तद्व्युत्क्रमाः कर्मोपगाः कर्मनिदानेन तत्र व्युत्क्रमाः पृथिवीयोनिकेषु वृक्षेषु वृक्षतया विवर्त्तन्ते । ते जीवास्तेषां पृथिवीयोनिकानां वृक्षाणां स्नेहमाहारयन्ति, ते जीवा आहारयन्ति पृथिवीशरीरमप्तेजोवनस्पतिशरीरं, नाना विधानां त्रसस्थावराणां प्राणानां शरीरमचित्तं कुर्वन्ति । परि-

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) इसके पश्चात् श्री तीर्थङ्करदेव ने वनस्पतिकाय का दूसरा भेद कहा है (इहेगतिया सत्ता रुक्खजोणिया) कोई वनस्पति वृक्ष में ही उत्पन्न होती है इसलिये उसे वृक्षयोनिक कहते हैं (रुक्खसंभवा) वह वृक्ष में ही स्थित रहती है (रुक्खवुक्कमा) और वृक्ष में ही वृद्धि को प्राप्त होती है (तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मोवगम्मगा कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा पुढवीजोणिएहिं रुक्खेहिं रुक्खत्ताए विउट्टंति) पूर्वोक्त प्रकार से वृक्ष में उत्पन्न और उसी में स्थिति और वृद्धि को प्राप्त करने वाले कर्मवशीभूत वे वनस्पतिकाय के जीव अपने कर्म से आकर्षित होकर पृथिवीयोनिक वृक्षों में वृक्ष रूप से उत्पन्न होते हैं । (ते जीवा तेसिं पुढवीजोणियाणं सिणेहं माहारेंति) वे जीव उन पृथिवीयोनिक वृक्षों के स्नेह का आहार करते हैं (ते जीवा पुढवीसरीरं आउतेउवाउवणस्सइसरीरं आहारेंति) वे जीव पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति के शरीर का आहार करते हैं । (णाणाविहाणं तसथावराणं पाणाणं सरीरं अचित्तं कुव्वंति) वे नानाप्रकार के त्रस और स्थावर

भावार्थ—इस पाठ के पूर्व पाठ में पृथिवी में उत्पन्न होने वाले वृक्षों का वर्णन किया है अब इस पाठ के द्वारा उन वृक्षों का वर्णन किया जाता है जो उन पृथिवी योनिक वृक्षों में वृक्ष रूप से उत्पन्न होते हैं । जो वृक्ष, वृक्ष में ही उत्पन्न होते हैं उन्हें वृक्षयोनिक वृक्ष कहते हैं । ये वृक्षयोनिक

विद्धत्थ तं सरीर पुव्वाहारिय तयाहारियं विप्परिणामिय सारूविकडं सत अवरेवि य णं तेसिं रुक्खजोणियाण रुक्खाण सरीरा णाणावण्णा णाणागंधा णाणारसा णाणाफासा णाणासंठाणसंठिया णाणाविहसरीरपुग्गलविउव्विया ते जीवा कम्मोववन्नगा भवतीतिमक्खाय ॥ (सूत्र ४४) ॥

छाया—विध्वस्त तच्छरीर पूर्वाहारित त्वचाहारित विपरिणामित सरूपीकृत स्यात् । अपराण्यपि तेषां वृक्षयोनिकानां वृक्षाणां शरीराणि नानावर्णानि नानागन्धानि नानारसानि नानास्पर्शानि नानासंस्थान संस्थितानि नानाविधशरीरपुद्गलविकारितानि । ते जीवाः कर्मोपपन्नकाः भवन्तीत्याख्यातम् ॥ ४४ ॥

अन्वयार्थ—प्राणियों के शरीर को अचित्त कर देते हैं । (परिविद्धत्थं त सरीरं पुव्वाहारिय तयाहारिय विपरिणामिय सरूविकड सत) वे, प्रासुक किये हुए तथा पहले आहार किये हुए एवं त्वचा द्वारा आहार किये हुए पृथिवी आदि शरीरों को पचाकर अपने रूप में मिला लेते हैं (तेसिं रुक्खजोणियाणं रुक्खाणं अवरेवि य सरीरा णाणावण्णा णाणागंधा णाणारसा णाणाफासा णाणासंठाणसंठिया णाणाविहपुग्गलविकुव्विया) उन वृक्षयोनिक वृक्षों के नाना वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श और अवयव रचना से युक्त दूसरे भी शरीर होते हैं। जो नानाप्रकार के शरीर वाले पुद्गलों से बने हुए होते हैं । (ते जीवा कम्मोववन्नगा भवतित्ति मक्खायं) वे जीव कर्म वशीभूत होकर पृथिवीयोनिक वृक्षों में वृक्ष रूप से उत्पन्न होते हैं यह श्री तीर्थंकर देव ने कहा है ॥ ४४ ॥

भावार्थ—वृक्ष, वृक्ष में ही उत्पन्न होते हैं और उसी में स्थित रहते हुए वृद्धि को प्राप्त होते हैं । ये जीव भी अपने किये हुए कर्म से प्रेरित होकर ही इस गति को प्राप्त होते हैं किसी काल या ईश्वर आदि से प्रेरित होकर नहीं । इन वृक्षों का वर्णन भी पृथिवीयोनिक वृक्षों के समान ही किया गया है इसलिये वही वर्णन यहां भी जानना चाहिये ॥ ४४ ॥

अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता रुक्खजोणिया रुक्खसंभवा रुक्खवुक्कमा तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मोवगा कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा रुक्खजोणिएसु रुक्खत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं रुक्खजोणियाणं रुक्खाणं सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं आउतेउवाउवणस्सइसरीरं तसथावराणं पाणाणं सरीरं अचित्तं कुव्वंति, परिविद्धत्थं तं सरीरं पुव्वाहारियं तयाहारियं विपरिणामियं सारूविकडं संत

छाया—अथाऽपरं पुराऽऽख्यातम् इहैकतये सत्त्वाः वृक्षयोनिकाः वृक्षसम्भवाः वृक्षव्युत्क्रमाः। तद्योनिकाः तत्सम्भवाः तदुपक्रमाः कर्मोपगाः कर्मनिदानेन तत्र व्युत्क्रमाः वृक्षयोनिकेषु वृक्षतया विवर्तन्ते। ते जीवाः तेषां वृक्षयोनिकानां वृक्षाणां स्नेहमाहारयन्ति ते जीवाः आहारयन्ति पृथिवीशरीरमप्तेजोवायुवनस्पतिशरीरम्। त्रसस्थावराणां प्राणानां शरीरमचित्तं कुर्वन्ति। परिविध्वस्तं तच्छरीरं पूर्वाहारितं त्वचाहारितं विपरिणामितं सरूपीकृतं स्यात्। अप-

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) श्री तीर्थंकर देव ने वनस्पति काय के जीवों का अन्य भेद भी कहा है (इहेगतिया सत्ता रुक्खजोणिया रुक्खसंभवा रुक्खवुक्कमा) कोई जीव वृक्ष में उत्पन्न होते हैं और उसी में रहते हैं तथा वृद्धि को प्राप्त होते हैं (तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा) वे वृक्ष से उत्पन्न और वृक्ष में ही स्थिति तथा वृद्धि को प्राप्त होने वाले जीव हैं (कम्मोवगा कम्मणियाणेणं तत्थ वुक्कमा) (वे कर्मवशीभूत होकर तथा कर्म के कारण उन वृक्षों में आकर) रुक्खत्ताए विउट्टंति) वृक्ष रूप से उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा तेसिं रुक्खजोणियाणं रुक्खाणं सिणेहं आहारेंति) वे जीव उन वृक्ष से उत्पन्न वृक्षों के स्नेह का आहार करते हैं (ते जीवा पुढवीसरीरं आउ तेउवणस्सइसरीरं आहारेंति) वे जीव पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति के शरीर का आहार करते हैं (तसथावराणं पाणाणं सरीरं अचित्तं कुव्वंति) वे त्रस और स्थावर प्राणियों के शरीर को अचित्त कर डालते हैं। (परिविद्धत्थं पुव्वाहारियं तयाहारियं तं सरीरं विपरिणामियं सारूविकडं) वे प्रासुक किये हुए तथा पहले खाये हुए और पीछे त्वचा के द्वारा खाये हुए पृथिवी आदि शरीरों को पचाकर अपने

अवरेऽपि य णं तेसिं रुक्खजोणियाणं रुक्खाणं सरीरा णाणा-वन्ना जाव ते जीवा कम्मोववन्नगा भवतीतिमक्खाय ॥ (सूत्रं ४५) ॥

छाया—राण्यपि तेषां वृक्षयोनिकानां वृक्षाणां शरीराणि नानावर्णानि, यावत्ते जीवाः कर्मोपपन्नकाः भवन्तीत्याख्यातम् ॥ ४५ ॥

अन्वयार्थ—रूप में मिला लेते हैं। (तेसिं रुक्खजोणियाणं रुक्खाणं अवरेवि य सरीरा णाणावण्णा) उन वृक्ष योनिक वृक्षों के नानावर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श वाले दूसरे भी शरीर होते हैं (ते जीवा कम्मोववन्नगा भवंतीति मक्खायं) वे जीव कर्मवशीभूत होकर वृक्ष योनि वाले वृक्षों में उत्पन्न होते हैं यह श्रीतीर्थङ्कर देव ने कहा है ॥ ४५ ॥

भावार्थ—स्पष्ट है ॥ ४५ ॥

अहावरं पुरक्खायं इहेगइया सत्ता रुक्खजोणिया रुक्ख-संभवा रुक्खवुक्कमा तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मो-

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातम् इहैकतये सत्त्वा वृक्षयोनिका वृक्षसम्भवाः वृक्ष व्युत्क्रमा. तद्योनिकाः तत्सम्भवाः तदुपक्रमाः वृक्षयोनिकेषु वृक्षेषु

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) श्री तीर्थङ्कर देव ने वनस्पति जीवों का और भेद भी कहा है। (इहेगइया सत्ता रुक्खजोणिया रुक्खसंभवा रुक्खवुक्कमा) इस जगत् में कोई जीव वृक्ष से उत्पन्न होते हैं और वृक्ष में ही स्थित रहते हैं और वृक्ष में ही वृद्धि को प्राप्त होते हैं। (तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मोवगा कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा रुक्खजोणिएसु रुक्खेसु) वे वृक्ष से उत्पन्न तथा वृक्ष में ही स्थिति और वृद्धि को प्राप्त होने वाले जीव कर्मवशीभूत तथा कर्म से प्रेरित होकर वृक्ष में

भावार्थ—इस सूत्र के द्वारा यह उपदेश किया गया है कि—वृक्ष के अवयव जो मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वक्, शाखा, प्रवाल, पत्र, फल, फूल और बीज हैं इन दश वस्तुओं के जीव भिन्न-भिन्न हैं और वृक्ष का सर्वाङ्ग व्यापक जो जीव है वह इन से भिन्न है। तथा पृथिवी योनिक वृक्ष जैसे पृथिवी से

वगा कम्मनियाणेण तत्थवुक्कमा रुक्खजोणिएसु रुक्खेसु मूलत्ताए कंदत्ताए खंधत्ताए तयत्ताए सालत्ताए पवालत्ताए पत्तत्ताए पुप्फत्ताए फलत्ताए बीयत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं रुक्खजोणियाणं रुक्खाणं सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं आउतेउवाउवणस्सइ० णाणाविहाणं तसथावराणं पाणाणं सरीरं अचित्तं कुव्वंति परिविद्धत्थं तं सरीरगं जाव सारूविकडं संतं, अवरेऽवि य णं तेसिं रुक्खजोणियाणं मूलाणं कंदाणं खंधाणं

छाया—मूलतया कन्दतया स्कन्धतया त्वक्तया सालतया प्रवालतया पत्रतया पुष्पतया फलतया बीजतया विवर्तन्ते । ते जीवास्तेषां वृक्षयोनिकानां वृक्षाणां स्नेहमाहारयन्ति, ते जीवा. आहारयन्ति पृथिवीशरीरमप्तेजोवायुवनस्पतिशरीरं नानाविधानां त्रसस्थावराणां प्राणानां शरीरमचित्तं कुर्वन्ति । परिविध्वस्तं तच्छरीरं यावत् सरूपीकृतं स्यात् । अपराण्यपि च तेषां वृक्षयोनिकानां मूलानां कन्दानां स्कन्धानां त्वचां शालानां प्रवालानां यावत् बीजा

अन्वयार्थ—आते हैं और वृक्षयोनिक वृक्षों में वे (मूलत्ताए कंदत्ताए खंधत्ताए तयत्ताए सालत्ताए पवालत्ताए पत्तत्ताए पुप्फत्ताए फलत्ताए बीयत्ताए विउट्टंति) मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वचा शाखा, प्रवाल, पत्ता, फूल, फल और बीजरूप से उत्पन्न होते हैं । (ते जीवा तेसिं रुक्खजोणियाणं रुक्खाणं सिणेहमाहारेंति) वे जीव उन वृक्षयोनिक वृक्षों के स्नेह का आहार करते हैं । ते जीवा पुढवीसरीरं आउतेउवाउवणस्सइसरीरं आहारेंति) तथा वे जीव पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति के शरीर का भी आहार करते हैं । (णाणाविहाणं तसथावराणं सरीरं अचित्तं कुव्वंति) वे जीव नाना प्रकार के त्रस और स्थावर प्राणियों के शरीर को अचित्त कर देते हैं । (परिविद्धत्थं तं सरीरं जाव सरूविकडं संतं) वे उनके शरीरों को प्रासुक करके अपने रूप में परिणत कर लेते हैं । (अवरेऽवि य णं तेसिं रुक्खजोणियाणं मूलाणं कंदाणं

भावार्थ—उत्पन्न होकर पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति के शरीरों का आहार करते हैं । जैसे पृथिवीयोनिक वृक्षों के नाना प्रकार के रूप, रस, वर्ण गन्ध और स्पर्श होते हैं इसी तरह इनके भी होते हैं । तथा ये जीव अपने किये हुए शुभाशुभ कर्मों के प्रभाव से ही इन योनियों में

तयाए सालाए पवालाए जाव बीयाएं सरीरा णाणावण्णा णाणागंधा जाव णाणाविहसरीरपुग्गलविउव्विया ते जीवा कम्मोववन्नगा भवंतीतिमक्खायं ॥ (सूत्रं ४६) ॥

छाया—नां शरीराणि नानावर्णानि नानागन्धानि यावन्नानाविधशरीर पुद्गलविकारितानि भवन्ति। ते जीवाः कर्मोपपन्नकाः भवन्ती त्याख्यातम् ॥ ४६ ॥

अन्वयार्थ—(तयाणं तयाणं सालाणं पवालाणं जाव बीयाणं सरीरा णाणावण्णा णाणागंधा जाव णाणाविहसरीरविउव्विया) उस वृक्ष से उत्पन्न मूल, कन्द, स्कन्ध, त्वचा, शाखा, प्रवाल और बीजरूप जीवों के नानावर्ण और नानागन्ध आदि युक्त तथा नाना प्रकार के पुद्गलों से बने हुए शरीर होते हैं। (ते जीवा कम्मोववन्नगा भवंतितिमक्खायं) वे जीव कर्मवशीभूत होकर वहां उत्पन्न होते हैं यह श्री तीर्थङ्कर देव ने कहा है ॥४६॥

भावार्थ—उत्पन्न होते हैं, किसी काल या ईश्वर आदि के प्रभाव से नहीं। शेष बातें पूर्ववत् जाननी चाहिये ॥ ४६ ॥



अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता रुक्खजोणिया रुक्खसंभवा रुक्खवुक्कमा तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मोव-

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातम् मिहैकतये सत्त्वाः वृक्षयोनिकाः वृक्षसम्भवाः वृक्षव्युत्क्रमाः तद्योनिकाः तत्संभवाः तदुपक्रमाः कर्मोपन्नकाः कर्म

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) श्री तीर्थङ्करदेव ने वनस्पतिकाय के जीवों का और भी भेद बतलाया है। (इहेगतिया सत्ता रुक्खजोणिया रुक्खसंभवा रुक्खवुक्कमा) इस जगत में कोई जीव वृक्ष से उत्पन्न होते हैं और वृक्ष में ही स्थित रहते हैं तथा वृक्ष में ही वृद्धि को प्राप्त होते हैं। (तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मोव-

भावार्थ—पूर्व सूत्रों के द्वारा वृक्ष से उत्पन्न होकर वृक्ष में ही स्थिति और वृद्धि को प्राप्त करने वाले जिन वृक्षों का वर्णन किया गया है उन वृक्षयोनिक वृक्षों में एक अध्यारूह नामक वनस्पतिविशेष उत्पन्न होती है। यह वनस्पति, वृक्ष के ऊपर ही तथा उसके आश्रय से ही उत्पन्न होती है

वक्कमा कम्मनियाणेण तत्थवुक्कमा रुक्खजोणिएहिं रुक्खेहिं अज्झारोहत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं रुक्खजोणियाण रुक्खाण सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं जाव सारूविकडं संतं, अवरेवि य णं तेसिं रुक्खजोणियाणं अज्झारुहाणं सरीरा णाणावन्ना जावमक्खायं ॥ (सूत्र ४७) ॥

छाया—निदानेन तत्रव्युत्क्रमाः वृक्षयोनिकेषु वृक्षेषु अध्यारुहतया विवर्तन्ते। ते जीवास्तेषां वृक्षयोनिकानां वृक्षाणां स्नेहमाहारयन्ति। ते जीवाः आहारयन्ति पृथिवीशरीरं यावत् सरूपीकृतं स्यात्। अपराण्यपि तेषां वृक्षयोनिकानामध्यारुहाणां शरीराणि नाना वर्णानि यावद् भवन्तीत्याख्यातम् ॥४७॥

अन्वयार्थ—(वक्कमा कम्मणियाणेण तत्थवुक्कमा रुक्खजोणिएहिं रुक्खेहिं अज्झारोहत्ताए विउट्टंति) इस प्रकार वृक्ष से उत्पन्न और उसी में स्थिति और वृद्धि को प्राप्त करने वाले वे जीव कर्म के आधीन और कर्म से प्रेरित होकर वनस्पतिकाय में आकर वृक्ष से उत्पन्न वृक्षों में अध्यारुह नामक वनस्पति के रूप में उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा तेसिं रुक्खजोणियाणं रुक्खाणं सिणेहमाहारेंति) वे जीव उन वृक्षयोनिक वृक्षों के स्नेह का आहार करते हैं (ते जीवा आहारेंति पुढवी सरीरं जाव सरूवी कडं संतं) वे जीव पृथिवी शरीर से लेकर वनस्पति के शरीर पर्य्यन्त पूर्वोक्त सभी शरीरों का आहार करते हैं और उन्हें अपने रूप में मिला लेते हैं (तेसिं रुक्खजोणियाणं अज्झारुहाणं अवरेवि य सरीरा णाणावण्णा जाव मक्खायं) उन वृक्षयोनिक अध्यारुह वृक्षों के नाना प्रकार के वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श तथा अनेक विध रचना वाले दूसरे शरीर भी होते हैं। इन शरीरों को अपने पूर्वकृत कर्मों के प्रभाव से जीव प्राप्त करता है यह भी तीर्थङ्कर देव ने कहा है ॥४७॥

भावार्थ—इसलिये इसे 'अध्यारुह' कहते हैं यह वनस्पति जिस वृक्ष में उत्पन्न होती है उसी के स्नेह का आहार करती है तथा पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति के शरीरों को भी आहार करती है। यह उक्त शरीरों को आहार करके अपने रूप में परिणत कर लेती है तथा नाना प्रकार के रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, और आकार वाली अनेक विध होती हैं इस वनस्पति में अपने किये हुए कर्मों से प्रेरित होकर जीव उत्पन्न होते हैं यह जानना चाहिये ॥ ४७ ॥

अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता अज्झारोहजोणिया अज्झारोहसंभवा जाव कम्मनियाणेणं तत्थवुक्कमा रुक्खजोणिएसु अज्झारोहेसु अज्झारोहत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं रुक्खजोणियाणं अज्झारोहाणं सिणेहमाहरेंति, ते जीवा पुढवीसरीरं जाव

छाया—अथाऽपरं पुराऽऽख्यातम् इहैकतये सत्त्वा अध्यारुहयोनिकाः अध्यारुह समवा. यावत् कर्मनिदानेन तत्रोपक्रमाः वृक्षयोनिकेषु अध्यारुहेषु अध्यारुहतया विवर्तन्ते। ते जीवास्तेषां वृक्षयोनिकानामध्यारुहाणां स्नेहमाहारयन्ति। ते जीवाः आहारयन्ति पृथिवीशरीरं

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) श्री तीर्थङ्करदेव ने वनस्पतिकायके और भी भेद कहे हैं (इहेगतिया सत्ता अज्झारोहजोणिया अज्झारोहसंभवा जाव कम्मणियाणेण तत्थ वुक्कमा) कोइ प्राणी पूर्वोक्त अध्यारुह वृक्षों में उत्पन्न होते हैं और उन्हीं में स्थिति और वृद्धि को प्राप्त करते हैं। वे जीव कर्म से प्रेरित होकर वहाँ आकर (रुक्ख जोणिएसु अज्झारोहेसु अज्झारोहत्ताए विउट्टंति) वृक्ष से उत्पन्न अध्यारुह वृक्षों में अध्यारुह रूप से उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा तेसिं रुक्खजोणियाणं अज्झारुहाणं सिणेह माहारेंति) वे जीव वृक्षयोनिक अध्यारुहों के स्नेह का आहार करते हैं (ते जीवा पुढवीसरीरं जाव सारूवीकडं संतं) वे जीव पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति शरीरों का भी आहार करते हैं और आहार करके उन्हें अपने शरीर में परिणत कर लेते हैं (तेसिं अज्झारोहजोणियाणं अज्झारोहाणं अवरेवि णाणावण्णा

भावार्थ—वृक्ष से उत्पन्न होने वाले वृक्षों में जो अध्यारुहसंज्ञक वृक्ष उत्पन्न होते हैं उनके प्रदेशों की वृद्धि करने वाले दूसरे अध्यारुह वृक्ष उनमें भी उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार अध्यारुह वृक्षों में ही अध्यारुह रूप से उत्पन्न होने वाले वे वृक्ष अध्यारुहयोनिक अध्यारुह वृक्ष कहलाते हैं। वे अध्यारुहयोनिक अध्यारुह वृक्ष जिस अध्यारुह में उत्पन्न होते हैं उसी के स्नेह का आहार करते हैं तथा वे पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति के शरीर का भी आहार करते हैं। इनके भी नाना प्रकार के वर्ण

सारूविकड सत, अवरेवि य ण तेसिं अज्झारोहजोणियाण अज्झारोहाण सरीरा णाणावन्ना जावमक्खाय ॥ (सूत्रं ४८) ॥

छाया—यावत् सरूपीकृतम् अपराण्यपि तेषामध्यारुहयोनिकानामध्यारुहाणां शरीराणि नानावर्णानि यावदाख्यातानि ॥ ४८ ॥

अन्वयार्थ—सरीरा जावमक्खायं) उन अध्यारुहयोनिक अध्यारुह वृक्षों के अनेक वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श वाले दूसरे भी बहुत प्रकार के शरीर कहे गये हैं ॥ ४८ ॥

भावार्थ—गन्ध, रस, स्पर्श और आकार वाले अनेक विध शरीर होते हैं यह जानना चाहिये ॥ ४८ ॥



अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता अज्झारोहजोणिया अज्झारोहसंभवा जाव कम्मनियाणेणं तत्थवुक्कमा अज्झारोहजोणिएसु अज्झारोहत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं अज्झारोहजोणियाणं अज्झारोहाणं सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातम् इहैकतये सत्वा अध्यारुहयोनिका अध्यारुहसंभवा यावत् कर्मनिदानेन तत्रव्युत्क्रमा अध्यारुहयोनिकेषु अध्यारुहतया विवर्तन्ते । ते जीवास्तेषामध्यारुहयोनिकानामध्यारुहाणां स्नेह माहारयन्ति ते जीवाः आहारयन्ति पृथिवी

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) श्री तीर्थङ्कर देव ने वनस्पतिकाय के दूसरे और भेद भी कहे हैं (इहेगतिया सत्ता अज्झारोहजोणिया अज्झारोहसंभवा जाव कम्मणियाणेणं तत्थ वुक्कमा अज्झारोहजोणिएसु अज्झारोहत्ताए विउट्टंति) इस जगत् में कोई जीव अध्यारुह वृक्षों से उत्पन्न होते हैं और उन्हीं में स्थिति तथा वृद्धि को प्राप्त करते हैं । वे प्राणी कर्म से प्रेरित होकर वहां आते हैं और अध्यारुहयोनिक अध्यारुह वृक्षों में अध्यारुह रूप में उत्पन्न होते हैं । (ते जीवा तेसिं अज्झारुहजोणियाणं अज्झारुहाणं सिणेहमाहारेंति) वे जीव अध्यारुह योनिक अध्यारुह वृक्षों के स्नेह का आहार करते हैं (ते जीवा पुढवीसरीरं जाव आहारेंति सरूविकडं संतं) वे जीव

पुढविसरीरं आउसरीरं जाव सारूविकडं संतं, अवरेऽवि य णं तेसिं अज्झारोहजोणियाणं अज्झारोहाणं सरीरा णाणावन्ना जाव-मक्खायं ॥ (सूत्रं ४९) ॥

छाया—शरीरं यावत् सरूपीकृतम् । अपराण्यपि तेषामध्यारुहयोनिकानामध्यारुहाणां शरीराणि नानावर्णानि यावदाख्यातानि ॥ ४९ ॥

अन्वयार्थ—पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति शरीरों का भी आहार करते हैं और आहार करके उन्हें अपने रूप में परिणत कर लेते हैं । (तेसिं अज्झारोहजोणियाणं अज्झारोहाणं अवरेऽवि य णाणावण्णा सरीरा जाव मक्खायं) उन अध्यारुहयोनिक अध्यारुह वृक्षों के दूसरे भी नानावर्ण आदि से युक्त शरीर होते हैं यह भी तीर्थङ्कर देव ने कहा है ॥ ४९ ॥

भावार्थ—स्पष्ट है ॥ ४९ ॥



अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता अज्झारोहजोणिया अज्झारोहसंभवा जाव कम्मनियाणेणं तत्थवुक्कमा अज्झारोह-जोणिएसु अज्झारोहेसु मूलत्ताए जाव बीयत्ताए विउट्टंति ते जीवा तेसिं अज्झारोहजोणियाणं अज्झारोहाणं सिणेहमाहारेंति

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातमिहैकतये सत्त्वाः अध्यारुहयोनिका अध्यारुहसम्भवाः यावत् कर्मनिदानेन तत्र व्युत्क्रमाः अध्यारुहयोनिकेषु अध्यारुहेषु मूलतया यावद् बीजतया विवर्तन्ते । ते जीवास्तेषामध्यारुहयोनिकानामध्यारुहाणां स्नेहमाहारयन्ति यावदपराण्यपि

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) श्री तीर्थङ्कर देव ने अध्यारुह वृक्षों के भेद और भी बताये हैं । (इहेगतिया सत्ता अज्झारोहजोणिया अज्झारोहसंभवा कम्मणियाणेणं तत्थ वुक्कमा अज्झारोहजोणिएसु अज्झारोहेसु मूलत्ताए जाव बीयत्ताए विउट्टंति) इस जगत् में कोई जीव अध्यारुह वृक्षों से उत्पन्न होकर उन्हीं में स्थिति और वृद्धि को प्राप्त करते हैं । वे अपने पूर्वकृत कर्म से प्रेरित होकर वहाँ आते हैं और अध्यारुह योनिक अध्यारुह वृक्षों के मूल तथा कन्द आदि से लेकर बीज तक के रूपों में उत्पन्न होते हैं । (ते जीवा अज्झारोहजोणियाणं तेसिं अज्झारोहाणं सिणेह

जाव अवरेऽवि य ण तेसिं अज्भारोहजोणियाण मूलाण जाव वीयाण सरीरा णाणावन्ना जावमक्खाय (सूत्र ५०) ॥

छाया—च तेषामध्यारुहयोनिकानां मूलानां यावत् बीजानां शरीराणि नानावर्णानि यावदाख्यातानि ॥५०॥

अन्वयार्थ—माहारेंति) वे जीव उन अध्यारुहयोनिक अध्यारुह वृक्षों के स्नेह का आहार करते हैं। (अज्झारोहजोणियाणं तेसिं मूलाणं बीयाणं सरीरा अवरेवि य णाणावण्णा जाव मक्खायं) उन अध्यारुहयोनिक मूल और बीज आदि के नाना वर्ण, गन्ध और रस स्पर्श वाले दूसरे शरीर भी तीर्थङ्करों ने कहे हैं ॥ ५० ॥

भावार्थ—स्पष्ट है ॥ ५० ॥



अहावरं पुरक्खाय इहेगतिया सत्ता पुढविजोणिया पुढवि-संभवा जाव णाणाविहजोणियासु पुढवीसु तणत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं णाणाविहजोणियाण पुढवीण सिणेहमाहारेंति जाव ते जीवा कम्मोववन्ना भवतीतिमक्खाय ॥ (सूत्र ५१) ॥

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातमिहैकतये सत्वाः पृथिवीयोनिकाः पृथिवी संभवाः यावन्नानाविधयोनिकासु पृथिवीषु तृणतया विवर्तन्ते। ते जीवास्तासां नानाविधयोनिकानां पृथिवीनां स्नेहमहारयन्ति यावत्ते जीवाः कर्मोपपन्नका भवन्तीत्याख्यातम् ॥५१॥

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता पुढवीजोणिया पुढवीसंभवा जाव णाणाविह जोणियासु पुढवीसु तणत्ताए विउट्टंति) श्री तीर्थङ्कर देव ने वनस्पति काय के जीवों का और भेद भी कहा है। कोई प्राणी पृथिवी से उत्पन्न और पृथिवी पर ही स्थिति और वृद्धि को प्राप्त करते हुए नाना प्रकार की जातिवाली पृथिवी के ऊपर तृण रूप से उत्पन्न होते हैं (ते जीवा तेसिं णाणाविहजोणियाणं पुढवीण सिणेह माहारेंति) वे जीव नाना प्रकार की जाति वाली पृथिवी के स्नेह का आहार करते हैं (जाव ते जीवा कम्मोववन्नगा भवतीतिमक्खायं) वे जीव कर्म से प्रेरित होकर तृणयोनि में उत्पन्न होते हैं यह श्रीतीर्थङ्कर देव ने कहा है ॥५१॥



एवं पुढविजोणिएसु तणेसु तणत्ताए विउट्टंति जावमक्खाय ॥ (सूत्र ५२) ॥

छाया—एवं पृथिवीयोनिकेषु तृणेषु तृणतया विवर्तन्ते यावदाख्यातम् ॥५२॥

अन्वयार्थ—(एव पुढवीजोणिएसु तणेसु तणत्ताए विउट्टंति जाव मक्खायं) इसी तरह कोई प्राणी पृथिवीयोनिक तृणों में तृणरूप से उत्पन्न होते हैं यह सब पूर्ववत् जानना चाहिये ॥५२॥



एवं तणजोणिएसु तणेसु तणत्ताए विउट्टंति, तणजोणिय तणसरीर च आहारेंति जावमक्खाय ॥ एवं तणजोणिएसु तणेसु मूलत्ताए जाव बीयत्ताए विउट्टति ते जीवा जाव एवमक्खाय ॥ एव ओसहीणवि चत्तारि आलावगा ॥ एवं हरियाणवि चत्तारि आलावगा ॥ (सूत्र ५३) ॥

छाया—एवं तृणयोनिकेषु तृणेषु तृणतया विवर्तन्ते तृणयोनिकं तृणशरीरञ्चा-हारयन्ति यावदा ख्यातम् । एव तृणयोनिकेषु तृणेषु मूलतया यावद् बीजतया विवर्तन्ते तेजीवाः यावद् आख्यातम् । एवम् औषधीष्वपि चत्वारः आलापकाः एवं हरितेष्वपि चत्वारः आलापकाः ॥५३॥

अन्वयार्थ—(एव तणजोणिएसु तणेसु तणत्ताए विउट्टति तणजोणियं तणसरीरं च आहारेंति जाव मक्खाय) इसी तरह कोई जीव तृणो में तृणरूप से उत्पन्न होते हैं और वे तृणयोनिक तृणो के शरीर का आहार करते हैं यह सब बातें पूर्ववत् जाननी चाहिये । (एव तणजोणिएसु तणेसु मूलत्ताए जाव बीयत्ताए विउट्टति) इसी तरह कोई जीव, तृणयोनिक तृणों में मूल तथा बीज रूप से उत्पन्न होते हैं (ते जीवा जाव मक्खाय) इनका वर्णन भी पूर्ववत् ही करना चाहिये । (एव ओसहीणवि चत्तारि आलावगा एव हरियाणवि चत्तारि आलावगा) इसी तरह औषधि और हरित कायों के भी पूर्ववत् चार प्रकार से वर्णन करना चाहिये ।।५३॥

भावार्थ—स्पष्ट है । ५१ । ५२ । ५३ ।

अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता पुढविजोणिया पुढविसंभवा जाव कम्मनियाणेणं तत्थवुक्कमा णाणाविहजोणियासु पुढवीसु आयत्ताए वायत्ताए कायत्ताए कूहणत्ताए कंदुकत्ताए उव्वेहणियत्ताए निव्वेहणियत्ताए सछत्ताए छत्तगत्ताए वासाणियत्ताए कूरत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं णाणाविहजोणियाणं पुढवीणं सिणेहमहारेंति, तेवि जीवा आहारेंति पुढविसरीरं जाव

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातम् इहैकतये सत्त्वा पृथिवीयोनिकाः पृथवी सम्भवाः यावत् कर्मनिदानेन तत्रव्युत्क्रमा नानाविधयोनिकासु पृथिवीषु आर्य्यतया वायतया कायतया कूहणतया कन्दुकतया उपनिहिकतया निर्वेहणिकतया सच्छत्रतया छत्रकतया वासानिकतया क्रूरतया विवर्त्तन्ते। ते जीवास्तासां नानाविधयोनिकानां पृथिवीनां स्नेहमाहारयन्ति तेऽपि जीवा

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) श्रीतीर्थंकरदेव ने वनस्पतिकाय का भेद और भी कहा है। (इहेगतिया सत्ता पुढवीजोणिया पुढवीसंभवा जाव कम्मणियाणेणं तत्थ वुक्कमा) इस जगत् में कोई जीव पृथिवी से उत्पन्न और पृथिवी में स्थित तथा पृथिवी में वृद्धि को प्राप्त करते हैं। वे कर्म से प्रेरित होकर वहाँ उत्पन्न होते हैं। (णाणाविहजोणियासु पुढवीसु आयत्ताए वायत्ताए कायत्ताए कूहणत्ताए कंदुकत्ताए उव्वेहणियत्ताए सच्छत्ताए छत्तगत्ताए वासाणियत्ताए कूरत्ताए विउट्टंति) वे नाना प्रकार की योनि वाली पृथिवी में आर्य नामक वनस्पति और काय, वाय, कूहण, कन्दुक, उपेहणी निर्वेहणी सच्छत्र छत्रक वासानी और कूरनामक वनस्पति के रूप में उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा तेसिं णाणाविहजोणियाणं पुढवीणं सिणेहमाहारेंति) वे जीव अनेक योनि वाले पृथिवी कायों का आहार करते हैं (ते जीवा आहारेंति पुढवी सरीरं जाव संतं) तथा वे जीव पृथिवी काय आदि छः ही काय के जीवों का आहार करके उन्हें अपने रूप में मिला लेते हैं। (तेसिं पुढवीजोणियाणं आयत्ताणं जाव

भावार्थ—यहाँ मूल पाठ में आर्य्य, वाय, काय तथा कुहण आदि वनस्पतियों की उत्पत्ति बताई गई है। इनका आकार कैसा होता है और लोक में इन्हें क्या कहते हैं यह यहाँ नहीं कहा है फिर भी लोक व्यवहार से इनके नाम और आकार जानने का प्रयत्न करना चाहिये। यद्यपि सभी

सत, अवरेऽवि य णं तेसिं पुढविजोणियाणं आयत्ताणं जाव कूराणं सरीरा णाणावण्णा जावमक्खाय एगो चेव आलावगो सेसा तिण्णि णत्थि ॥

छाया—आहारयन्ति पृथिवी शरीरं यावत्। अपराण्यपि च तेषां पृथिवी योनिकानामार्य्याणां यावत् कूराणां शरीराणि नानावर्णानि यावदाख्यातानि एकश्चैवालापकः शेषास्त्रयो न सन्ति।

अन्वयार्थ—(कूराणं अवरेऽवि य णाणावण्णा सरीरा जाव मक्खायं एगो चेव आलावगो सेसा तिण्णि णत्थि) उन पृथिवी से उत्पन्न आर्य्य से लेकर कूर पर्य्यन्त वनस्पतियों के नानावर्ण वाले दूसरे शरीर भी होते हैं इनमें एक ही आलाप है शेष तीन नहीं हैं।

भावार्थ—स्थावर प्राणी चेतन हैं तथापि वनस्पतियों का चैतन्य स्पष्ट अनुभव किया जाता है इसलिये पहले उन्हीं का वर्णन दिया है।

अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता उदगजोणिया उदगसंभवा जाव कम्मनियाणेणं तत्थवुक्कमा णाणाविहजोणिएसु उदएसु रुक्खत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं णाणाविहजोणियाण

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातम् इहैकतये सत्त्वाः उदकयोनिकाः उदकसम्भवाः यावत् कर्मनिदानेन तत्रव्युत्क्रमाः नानाविधयोनिकेषु उदकेषु वृक्षतया विवर्त्तन्ते। ते जीवास्तेषां नानायोनिकानामुदकानां स्नेह-

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) श्री तीर्थंकर देव ने वनस्पतिकाय का भेद और भी कहा है। (इहेगतिया सत्ता उदगजोणिया उदगसंभवा जाव कम्मणियाणेणं तत्थ वुक्कमा णाणाविहजोणिएसु उदगेसु रुक्खत्ताए विउट्टंति) इस जगत् में कोई प्राणी जल में उत्पन्न होते हैं और उसी में स्थिति और वृद्धि को प्राप्त करते हैं। वे जीव अपने पूर्वकृत कर्म से प्रेरित होकर वहां उत्पन्न होते हैं। वे अनेक प्रकार की जाति वाले जल में आकर वृक्षरूप से उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा णाणाविहजोणियाण उदगाणं

भावार्थ—अपने पूर्वकृत कर्मों से प्रेरित होकर कोई प्राणी जल में, वृक्ष रूप से उत्पन्न होते हैं वे उदकयोनिक वृक्ष कहलाते हैं वे जल में उत्पन्न होकर जल

उदगाण सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति पुढविसरीरं जाव संत, अवरेऽपि य णं तेसिं उदगजोणियाणं रुक्खाणं सरीरा णाणावण्णा जावमक्खायं। जहा पुढविजोणियाणं रुक्खाणं चत्तारि गमा अज्झारुहाणवि तहेव, तणाणं ओसहीणं हरियाणं चत्तारि आलावगा भाणियव्वा एक्केक्के ॥

छाया—माहारयन्ति, ते जीवाः आहारयन्ति पृथिवीशरीरं यावत्। अपराण्यपि तेषामुदकयोनिकानां वृक्षाणां शरीराणि नानावर्णानि यावदाख्यातानि। यथा पृथिवीयोनिकानां चत्वारो गमा अध्यारुहाणामपि तथैव तृणानामोषधीनां हरितानां चत्वार आलापकाः भणितव्या एकैकम्।

अन्वयार्थ—सिणेहमाहारेंति) वे जीव नाना प्रकार की जाति वाले जल के स्नेह का आहार करते हैं। (ते जीवा पुढवीसरीरं जाव आहारेंति) वे जीव पृथिवी आदि शरीरों का भी आहार करते हैं। (तेसिं उदगजोणियाणं रुक्खाणं अवरेवि य णं णाणावण्णा जाव मक्खायं) उन जलयोनिक वृक्षों के नानाविध वर्णों से युक्त दूसरे शरीर भी होते हैं। (जहा पुढवीजोणियाणं चत्तारि गमा अज्झारुहाणवि तहेव तणाणं ओसहीणं हरियाणं चत्तारि आलावगा भणियव्वा एक्केक्के) जैसे पृथिवी योनिक वृक्ष, के चार भेद हैं उसी तरह अध्यारुह वृक्ष तृण और हरित के विषय में चार आलाप कहे गये हैं।

भावार्थ—में ही स्थित रहते हुए उसी में वृद्धि को प्राप्त होते हैं। वे जल के स्नेह का तथा पृथिवी आदि कायों का आहार करते हैं शेष पृथिवीयोनिक वृक्षों के समान समझना चाहिये। जैसे पृथिवीयोनिक वृक्षों में चार आलाप कहे गये हैं उसी तरह उदकयोनिक वृक्षों में भी चार आलाप कहने चाहिये परन्तु जल योनिक वृक्ष से जो वृक्ष उत्पन्न होते हैं उनमें एक ही विकल्प होता है शेष तीन विकल्प नहीं होते हैं।

अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता उदगजोणिया उदगसंभवा जाव कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा णाणाविहजोणिएसु उदएसु उदगत्ताए अवगत्ताए पणगत्ताए सेवालत्ताए कलंबुगत्ताए हडत्ताए कसेरुगत्ताए कच्छभाणियत्ताए उप्पलत्ताए पउमत्ताए कुमुयत्ताए नलिणत्ताए सुभगत्ताए सोगंधियत्ताए पोंडरियमहापोंडरियत्ताए सयपत्तत्ताए सहस्सपत्तत्ताए एवं कल्हारकोंकण-

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातमिहैकतये सत्वाः उदकयोनिकाः उदकसम्भवाः यावत् कर्मनिदानेन तत्रव्युत्क्रमाः नानाविधयोनिकेषु उदकेषु उदकतया अवकतया पनकतया शैवालतया कलम्बुकतया हडतया कसेरुकतया कच्छभाणियतया उत्पलतया पद्मतया कुमुदतया नलिनतया सुभगतया सुगन्धिकतया पुण्डरीकमहापुण्डरीकतया शतपत्रतया सहस्रपत्रतया एवं कल्हारकोकनदतया अरविन्दतया

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) श्रीतीर्थंकरदेव ने वनस्पतिकाय के और भी भेद कहे हैं (इहेगतिया सत्ता उदगजोणिया उदगसंभवा जाव कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा णाणाविहजोणिएसु उदएसु) इस जगत में कोई जीव जल से उत्पन्न होते हैं और जल में ही स्थिति तथा वृद्धि को प्राप्त करते हैं, वे अपने पूर्वकृत कर्म से प्रेरित होकर वनस्पतिकाय में आते हैं और वहाँ वे अनेक प्रकार की जाति वाले जल में (उदगत्ताए अवगत्ताए पणगत्ताए सेवालत्ताए कलंबुगत्ताए हडत्ताए कसेरुगत्ताए कच्छभाणियत्ताए उप्पलत्ताए पउमत्ताए कुमुयत्ताए नलिणत्ताए सुभगत्ताए) उदक, अवक, पनक, शैवाल कलम्बुक, हड, कसेरुक, कच्छभाणियक, उत्पल, पद्म, कुमुद, नलिन, सुभग, (सोगंधियत्ताए पोंडरीयमहापोंडरीयत्ताए सयपत्तत्ताए सहस्सपत्तत्ताए एवं कल्हार कोंकणयत्ताए अरविंदत्ताए तामरसत्ताए भिसभिसमुणालपुक्खलत्ताए पुक्खलच्छिभगत्ताए विउट्टंति) सौगन्धिक, पुण्डरीक, महापुण्डरीक, शतपत्र, सहस्रपत्र,

भावार्थ—इस पाठ में जल में उत्पन्न होने वाली वनस्पतियों का वर्णन किया है। इनमें कमल, तामरस, शतपत्र, सहस्रपत्र, आदि प्रायः कमल के ही जाति विशेष हैं परन्तु अवक, पनक, और सैवाल आदि अन्य जाति की वन

यत्ताए अरविंदत्ताए तामरसत्ताए भिसभिसमुणालपुक्खलत्थाए पुक्खलच्छिभगत्ताए विउट्टंति, ते जीवा तेसिं णाणाविहजोणियाणं उदगाणं सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं जाव संतं, अवरेऽवि य णं तेसिं उदगजोणियाणं उदगाणं जाव पुक्खलच्छिभगाणं सरीरा णाणावण्णा जावमक्खायं, एगो चेव आलावगो ॥ (सूत्र ५४) ॥

छाया—तामरसतया बिसबिसमृणालतया पुष्करतया पुष्कराक्षतया विवर्तन्ते ते जीवास्तेषां नानाविधयोनिकानामुदकानां स्नेहमाहारयन्ति। ते जीवा आहारयन्ति पृथिवीशरीरं यावत् अपराण्यपि च तेषामुदकयोनिकानामुदकानां यावत् पुष्कराक्षकाणां शरीराणि नानावर्णानि यावदाख्यातानि। एकश्चैव आलापकः ॥५४॥

अन्वयार्थ—एवं कल्हार कोकनद, अरविन्द, तामरस, बिस, मृणाल, पुष्कर और पुष्कराक्षिभग से उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा तेसिं णाणाविहजोणियाणं उदगाणं सिणेहमाहारेंति ते जीवा पुढवीसरीरं जाव आहारेंति) वे जीव उन नाना प्रकार की जाति वाले जलों के स्नेह का आहार करते हैं। तथा वे पृथिवी आदि शरीरों का भी आहार करते हैं। (तेसिं उदगजोणियाणं उदगाणं जाव पुक्खलच्छिभगाणं अवरेऽवि य णाणावण्णा सरीरा एगो चेव आलावगो) जल से उत्पन्न उदक से लेकर जो पुष्कराक्षिभग पर्यन्त वनस्पति काय के जीव कहे गये हैं उनके नाना वर्ण वाले दूसरे शरीर भी होते हैं किन्तु इनमें आलाप एक ही है ॥५४॥

भावार्थ—स्पतियां हैं। इनका आकार और व्यावहारिक नाम लोक व्यवहार से जान लेना चाहिये ॥५४॥



अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता तेसिं चेवं पुढवीजोणिएहिं रुक्खेहिं रुक्खजोणिएहिं रुक्खेहिं रुक्खजोणिएहिं मूलेहिं जाव बीएहिं रुक्खजोणिएहिं अज्झारोहेहिं अज्झारोहजोणिएहिं अज्झारुहेहिं अज्झारोहजोणिएहिं मूलेहिं जाव बीएहिं पुढविजोणिएहिं तणेहिं तणजोणिएहिं तणेहिं तणजोणिएहिं मूलेहिं जाव बीएहिं एव ओसहीहिवि तिन्नि आलावगा, एवं हरिएहिवि तिन्नि आलावगा, पुढविजोणिएहिवि आएहिं काएहिं जाव कूरेहिं उदगजोणिएहिं रुक्खेहिं रुक्खजोणिएहि रुक्खेहिं रुक्खजोणि-

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातमिहैकतये सत्त्वाः तेष्वेव पृथिवीयोनिकेषु वृक्षेषु वृक्षयोनिकेषु वृक्षेषु वृक्षयोनिकेषु मूलेषु यावद् बीजेषु, वृक्षयोनिकेष्वध्यारुहेषु अध्यारुहयोनिकेष्वध्यारुहेषु, अध्यारुहयोनिकेषु मूलेषु यावद् बीजेषु, पृथिवीयोनिकेषु तृणेषु तृणयोनिकेषु तृणेषु तृणयोनिकेषु मूलेषु यावद् बीजेषु, एवमोषधीष्वपि त्रयः आलापकाः, एव हरितेष्वपि त्रय. आलापका पृथिवीयोनिकेषु आर्य्येषु यावत् कूरेषु, उदकयोनिकेषु वृक्षेषु, वृक्षयोनिकेषु वृक्षेषु, वृक्षयोनिकेषु

अन्वयार्थ—(अहावर पुरक्खायं) श्री तीर्थङ्कर देव ने वनस्पति काय के भेद और भी कहे हैं। (इहेगतिया सत्ता तेसिं चेव पुढवीजोणिएहिं रुक्खेहिं) इस जगत् में कोई जीव उन पृथिवीयोनिक वृक्षों में (रुक्खजोणिएहिं रुक्खेहिं) वृक्षयोनिक वृक्षों में (रुक्खजोणिएहिं मूलेहिं जाव बीएहिं) वृक्षयोनिक मूल से लेकर बीज पर्य्यन्त अवयवों में (रुक्खजोणिएहिं अज्झारोहेहिं) वृक्षयोनिक अध्यारुह वृक्षों में (अज्झारोहजोणिएहिं अज्झारोहेहिं) अध्यारुहयोनिक अध्यारुहों में (अज्झारोह जोणिएहिं मूलेहिं जाव बीएहिं) अध्यारुहयोनिक मूल से लेकर बीज तक अवयवों में (पुढवीजोणिएहिं तणेहिं) पृथिवीयोनिक तृणों में (तणजोणिएहिं तणेहिं) तृणयोनिक तृणों में (तणजोणिएहिं मूलेहिं जाव बीएहिं) तृणयोनिक मूल से लेकर बीज पर्य्यन्त अवयवों में (एवं ओसहीहिंवि तिन्नि आलावगा एवं हरिएहिं वि तिन्नि आलावगा) इसी तरह औषधी तथा हरितों के विषय में भी तीन बोल कहने चाहिए (पुढवी जोणिएहिं आएहिं काएहिं जाव कूरेहिं) पृथिवीयोनिक आर्य्य, काय तथा कूर वृक्षों में (उदगजोणिएहिं रुक्खेहिं रुक्खजोणिएहिं रुक्खेहिं रुक्ख-

एहिं मूलेहिं जाव बीएहिं एव अज्झारुहेहिंवि तिण्णि तणेहिंपि तिण्णि आलावगा, ओसहीहिंपि तिण्णि, हरिएहिंपि तिण्णि, उदगजोणिएहिं उदएहिं अवएहिं जाव पुक्खलच्छिभएहिं तसपाणत्ताए विउट्टंति ॥ ते जीवा तेसिं पुढवीजोणियाण उदगजोणियाण रुक्खजोणियाण अज्झारोहजोणियाण तणजोणियाण ओसहीजोणियाण हरियजोणियाण रुक्खाण अज्झारुहाण तणाण ओसहीण हरियाण मूलाण जाव बीयाण आयाण कायाण जाव कुरवा (कूरा) ण उदगाण अवगाण जाव पुक्खलच्छिभगाण सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति पुढवीस-

छाया—वृक्षेषु, वृक्षयोनिकेषु मूलेषु यावद् बीजेषु एवमध्यारुहेष्वपि त्रयः आलापकाः, तृणेष्वपि त्रयः । हरितेष्वपि त्रयः उदकयोनिकेषु उदकेषु अवकेषु यावद् पुष्कराक्षभगेषु त्रसप्राणतया विवर्तन्ते। ते जीवा स्तेषां पृथिवीयोनिकाना मुदकयोनिकानां वृक्षयोनिकाना मध्यारुहयोनिकानां तृणयोनिकानामोषधियोनिकानां हरितयोनिकानां वृक्षाणामध्यारुहाणां तृणानामोषधीनां हरितानां मूलानां यावद् बीजानाम् आर्याणां कायानां यावद् कूराणामुदकानामवकानां यावद् पुष्कराक्षभगानां स्नेहमाहारयन्ति। ते जीवा आहारयन्ति

अन्वयार्थ—(जोणिएहिं मूलेहिं जाव बीएहिं) उदकयोनिक वृक्षों में, वृक्षयोनिक वृक्षों में, वृक्षयोनिक मूल और बीजों में (एवं अज्झारोहेहिंवि तिण्णि तणेहिंवि तिण्णि आलावगा ओसहीहिंवि तिण्णि हरिएहिंवि तिण्णि) इसी तरह अध्यारुहों में, तृणों में और औषधि तथा हरितों में भी तीन तीन बोल कहने चाहिए (उदगजोणिएहिं उदएहिं अवएहिं जाव पुक्खलच्छिभएहिं तसपाणत्ताए विउट्टंति) उदकयोनिक उदक अवक और पुष्कराक्षों में त्रस प्राणी के रूप में उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा तेसिं पुढवीजोणियाण उदगजोणियाण रुक्खजोणियाण अज्झारोहजोणियाणं तण जोणियाणं ओसहिजोणियाणं हरियजोणियाण रुक्खाणं अज्झारोहाणं तणाणं ओसहीणं हरियाणं मूलाण जाव बीयाणं आयाणं कायाणं जाव कूराणं उदगाणं अव गाण जाव पुक्खलच्छिभगाणं सिणेहमाहारेंति) वे जीव उन पृथ्वीयोनिक वृक्षों के, उदकयोनिक वृक्षों के, वृक्षयोनिक वृक्षों के, अध्यारुहयोनिक वृक्षों के, एव

रीर जाव सतं, अवरेऽवि य णं तेसिं रुक्खजोणियाणं अज्झारोहजोणियाणं तणजोणियाणं ओसहिजोणियाणं हरियजोणियाणं मूलजोणियाणं कंदजोणियाणं जाव बीयजोणियाणं आयजोणियाणं कायजोणियाणं जाव कूरजोणियाणं उदगजोणियाणं अवगजोणियाणं जाव पुक्खलच्छिभगजोणियाणं तसपाणाणं सरीरा णाणावण्णा जावमक्खायं ॥ (सूत्रं ५५) ॥

छाया—पृथिवीशरीर यावत् । अपराण्यपि तेषां वृक्षयोनिकानामध्यारुहयोनिकानां तृणयोनिकानामोषधियोनिकानां हरितयोनिकानां मूलयोनिकानां कन्दयोनिकानां यावद् बीजयोनिकानामाययोनिकानामवकयोनिकानां यावद् पुष्कराक्षभगयोनिकानां त्रसप्राणानां शरीराणि ननावर्णानि यावदाख्यातानि ॥५५॥

अन्वयार्थ—तृणयोनिक औषधियोनिक हरितयोनिक वृक्षों के तथा वृक्ष, अध्यारुह, तृण, औषधि, हरित, मूल, बीज, आयवृक्ष कायवृक्ष कूरवृक्ष एवं उदक, अवक, तथा पुष्कराक्ष वृक्षों के स्नेह का आहार करते हैं। (ते जीवा पुढवी सरीरं जाव अहारेंति) वे जीव पृथिवी आदि शरीरों का भी आहार करते हैं। (तेसिं रुक्खजोणियाणं अज्झारोहजोणियाणं तणजोणियाणं ओसहिजोणियाणं हरियजोणियाणं मूलजोणियाणं कंदजोणियाणं जाव बीयजोणियाणं आयजोणियाणं कायजोणियाणं जाव कूरजोणियाणं उदगजोणियाणं अवगजोणियाणं जाव पुक्खलच्छिभगजोणियाणं तसपाणाणं अवरेवि सरीरा णाणावण्णा जाव मक्खायं) उन वृक्षों से उत्पन्न तथा अध्यारुहों से उत्पन्न और तृणों से उत्पन्न, एवं औषधियों से उत्पन्न, हरितों से उत्पन्न, मूलों से उत्पन्न, कन्दों से उत्पन्न, बीजों से उत्पन्न, आर्य्य वृक्षों से उत्पन्न, कायवृक्षों से उत्पन्न, कूर वृक्ष से उत्पन्न, उदक से उत्पन्न, अवक से उत्पन्न और पुष्कराक्ष से उत्पन्न त्रस प्राणियों के नाना वर्ण वाले दूसरे शरीर भी कहे गये हैं ॥५५॥

भावार्थ—स्पष्ट है ॥ ५५ ॥

अहावरं पुरक्खायं णाणाविहाणं मणुस्साणं तंजहा—कम्मभूमगाणं अकम्मभूमगाणं अंतरदीवगाणं आरियाणं मिलक्खुयाणं, तेसिं च णं अहाबीएणं अहावगासेणं इत्थीए पुरिसस्स य कम्मकडाए जोणिए एत्थ णं मेहुणवत्तियाए [व]

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातं नानाविधानां मनुष्याणां तद्यथा—कर्मभूमिगानामकर्मभूमिगानामन्तर्द्वीपगानाम् आर्य्याणां म्लेच्छानां तेषाञ्च यथाबीजेन यथावकाशेन स्त्रियाः पुरुषस्य च कर्मकृतयोनौ

अन्वयार्थ—(अह णाणाविहाणं मणुस्साणं अवरं पुरक्खायं) इसके पश्चात् श्री तीर्थंकर देव ने नाना प्रकार के मनुष्यों का स्वरूप बतलाया है। (तंजहा—कम्मभूमगाणं अकम्मभूमगाणं अंतरदीवगाणं आरियाणं मिलक्खुयाणं) जैसे कि—कोई मनुष्य कर्मभूमि में और कोई अकर्मभूमि में तथा कोई अन्तर्द्वीप में उत्पन्न हैं एवं कोई आर्य्य हैं और कोई म्लेच्छ यानी अनार्य्य हैं (तेसिं च णं अहाबीएणं अहावकासेणं) उन जीवों की अपने बीज तथा अपने अवकाश के अनुसार उत्पत्ति होती है (इत्थीए पुरिसस्स य कम्मकडाए जोणिए एत्थणं मेहुणवत्तियाए नामं संजोगे समुप्पज्जइ)

भावार्थ—वनस्पतिकाय के जीवों का वर्णन करके अब त्रसकाय के जीवों का वर्णन किया जाता है। त्रसकाय के जीव, नारक, तिर्य्यक्, मनुष्य और देवता इन भेदों के कारण चार प्रकार के होते हैं। इनमें नारक जीव प्रत्यक्ष नहीं देखे जाते हैं फिर भी वे अनुमान से जाने जाते हैं। वे अपने पाप कर्म का फल भोगने वाले कोई जीव विशेष हैं। उन जीवों का आहार एकान्त अशुभ पुद्गलों का बना हुआ होता है वे ओज आहार को ग्रहण करते हैं कवलाहार को नहीं। वर्तमान समय में देवता भी प्रायः अनुमान से ही जाने जाते हैं। वे भी कवलाहार नहीं लेते किन्तु वे एकान्त शुभ पुद्गलों का बना हुआ ओज आहार ही लेते हैं।

ओज आहार दो प्रकार का है, एक आभोगकृत और दूसरा अनाभोगकृत। अनाभोगकृत आहार तो प्रति समय होता रहता है परन्तु आभोगकृत आहार जघन्य चतुर्थभक्त और उत्कृष्ट ३३ हजार वर्षकृत होता है।

नारक और देवता से भिन्न त्रस जीव तिर्य्यक् और मनुष्य हैं। तिर्य्यक् जीवों से मनुष्य श्रेष्ठ होता है अतः पहले उसी का वर्णन किया

णामं संजोगे समुप्पज्जइ, ते दुहओवि सिणेहसंचिणंति, तत्थ णं जीवा इत्थित्ताए पुरिसत्ताए णपुंसगत्ताए विउट्टंति, ते जीवा माओउय पिउसुक्कं त तदुभय ससट्ठं कलुसं किव्विसं त पढमत्ताए

छाया—अत्र मैथुनप्रत्ययिको नाम संयोगः समुत्पद्यते। ते द्वयोरपि स्नेहं संचिन्वन्ति तत्र जीवाः स्त्रीतया पुंस्तया नपुंसकतया विवर्तन्ते। ते जीवाः मातुरार्त्तवं पितुः शुक्रं तदुभयं संसृष्टं कलुषं किल्बिषं

अन्वयार्थ—इस उत्पत्ति के कारणरूप स्त्री और पुरुष का पूर्वकर्मनिर्मित योनि में मैथुनहेतुक संयोग उत्पन्न होता है। (ते दुहओवि सिणेहं संचिण्णंति) उस संयोग के होने पर उत्पन्न होने वाले जीव, (तैजस और कार्मण शरीर के द्वारा) दोनों के स्नेह का आहार करते हैं। (तत्थ जीवा इत्थित्ताए पुरिसत्ताए नपुंसगत्ताए विउट्टंति) वहां वे जीव स्त्री, पुरुष, और नपुंसकरूप में उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा माओउयं पिउ सुक्कं त तदुभयं संसट्ठं कलुसं किव्विसं तं पढमत्ताए आहारमाहारेंति) वे जीव

भावार्थ—आता है। मनुष्य जाति के जीव कर्मभूमि, अकर्मभूमि और अन्तर्द्वीप में निवास करते हैं। इनमें कोई वीतराग के धर्म में श्रद्धा रखने वाले आर्य्य होते हैं और कोई पाप कर्म में आसक्त अनार्य्य होते हैं। इनकी उत्पत्ति के विषय में संक्षेप से यह जानना चाहिये कि—स्त्री पुरुष या नपुंसक की उत्पत्ति के बीज भिन्न भिन्न होते हैं एक नहीं। स्त्री का शोणित और पुरुष का वीर्य्य दोनों ही दोष रहित हों, और शोणित की अपेक्षा शुक्र की मात्रा अधिक हो तो पुरुष की उत्पत्ति होती है परन्तु यदि शोणित अधिक और शुक्र कम हो तो स्त्री की उत्पत्ति होती है। यदि स्त्री का शोणित और पुरुष का शुक्र दोनों ही समान मात्रा में हों, तो नपुंसक की उत्पत्ति होती है इसी तरह माता की दक्षिण कुक्षि से पुरुष की और वाम कुक्षि से स्त्री की तथा दोनों ही कुक्षि से नपुंसक की उत्पत्ति होती है।

जब किसी जीव की अपने कर्मानुसार मनुष्ययोनि में उत्पत्ति होने वाली होती है तो उसके कर्म के अनुरूप स्त्री और पुरुष का सुरत सुख की इच्छा से संयोग होता है। यह संयोग उस जीव की उत्पत्ति का कारण उसी तरह होता है जैसे दो अरणि काष्ठों का संयोग अग्नि क

आहारमाहारेंति, ततो पच्छा ज से माया णाणाविहाओ रसविहीओ आहारमाहारेति ततो एगदेसेण ओयमाहारेंति, आणुपुव्वेण वुड्ढा पलिपागमणुपवन्ना ततो कायातो अभिनिवट्टमाणा इत्थिं वेगया जणयति पुरिसं वेगया जणयति णपुंसगं वेगया

छाया—प्रथमतया आहारमाहारयन्ति। तत्पश्चात् सा माता नानाविधान् रसान्वितान् आहारान् आहारयति तत एकदेशेन ओज आहारयन्ति। आनुपूर्व्येण वृद्धाः परिपाकमनुप्राप्ताः ततः कायतः अभिनिवर्त्तमानाः स्त्रीभावमेके जनयन्ति। पुरुषभावमेके जनयन्ति नपुंसकभाव

अन्वयार्थ—माता का ऋतु और पिता का शुक्र जो परस्पर मिले हुए मलिन और घृणित हैं पहले पहल उन्हीं का आहार करते हैं। (ततो पच्छा माया ज से णाणाविहाओ रसविहीओ आहार माहारेति ततो एगदेसेण ओयमाहारेंति) इसके पश्चात् वे जीव, माता जिन अनेकविध सरस वस्तुओं का आहार करती है उनके एक देश का ओज आहार करते हैं। (आणुपुव्वेण वुड्ढा पलिपागमणुपवण्णा ततो कायातो अभिनिवट्टमाणा इत्थिं वेगया जणयति पुरिसं वेगया जणयति णपुंसगं वेगया जणयति)

भावार्थ—उत्पत्ति का कारण होता है। इस प्रकार स्त्री और पुरुष के परस्पर संयोग होने पर उत्पन्न होने वाला जीव कर्म से प्रेरित होकर तैजस और कार्मण शरीर के द्वारा शुक्र और शोणित का आश्रय लेकर वहाँ उत्पन्न होता है। वह जीव पहले पहल उस शुक्र और शोणित के स्नेह का आहार करता है। जब स्त्री ५५ वर्ष की और पुरुष ७० वर्ष का हो जाता है तब उनमें सन्तान उत्पन्न करने की योग्यता नहीं रहती इसलिये उनके संयोग को विध्वस्तयोनि कहते हैं। इससे भिन्न जो अविध्वस्त योनि है यानी ५५ वर्ष से कम उम्र की स्त्री का ७० वर्ष से कम उम्र के पुरुष के साथ जो संयोग है वही सन्तान की उत्पत्ति का कारण है। पर शुक्र और शोणित भी बारह मुहूर्त तक ही सन्तानोत्पत्ति की शक्ति रखते हैं इसके पश्चात् वे शक्तिहीन और विध्वस्तयोनि कहलाते हैं। इस प्रकार स्त्री की कुक्षि में प्रविष्ट वह जीव, उस स्त्री के द्वारा आहार किये हुए पदार्थों के स्नेह का आहार करता है इस प्रकार वह प्राणी माता के आहारांश को ओज, मिश्र तथा लोम के द्वारा क्रमशः आहार करता हुआ वृद्धि को प्राप्त होता

जणयंति, ते जीवा डहरा समाणा माउक्खीरं सप्पिं आहारेंति आणुपुव्वेणं वुड्ढा ओयणं कुम्मासं तसथावरे य पाणे, ते जीवा आहारेंति पुढविसरीरं जाव सारूविकडं संतं, अवरेऽवि य णं तेसिं णाणाविहाणं मणुस्सगाणं कम्मभूमगाणं अकम्मभूमगाणं

छाया—मेके जनयन्ति ते जीवा बालाः मातुः क्षीरं सर्पिराहारयन्ति आनुपूर्व्येण वृद्धाः ओदनं कुल्माषं त्रसस्थावरांश्च प्राणान् ते आहारयन्ति। पृथिवीशरीरं यावत् सरूपीकृतं कुर्वन्ति। अपराण्यपि च तेषां नानाविधानां मनुष्याणां कर्मभूमिगाना मकर्म-

अन्वयार्थ—क्रमशः वृद्धि को तथा परिपाक को प्राप्त वे जीव माता के शरीर से निकलते हुए कोई स्त्री रूप में कोई पुरुष रूप में और कोई नपुंसकरूप में उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा डहरासमाणा माउक्खीरं सप्पिं आहारेंति) वे जीव, बालक होकर माता के दूध और घृत का आहार करते हैं। (आणुपुव्वेणं वुड्ढा ते जीवा ओयणं कुम्मासं तसथावरेय पाणे आहारेंति) क्रमशः वृद्धि को प्राप्त होकर वे जीव भात, कुल्माष, तथा त्रस और स्थावर प्राणियों का आहार करते हैं। (ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं जाव सरूविकडं संतं) वे जीव पृथिवी आदि कायों का आहार करके उन्हें अपने रूप में परिणत कर लेते हैं। (कम्मभूमगाणं अकम्मभूमगाणं अंतरदीवगाण आरियाणं

भावार्थ—है। पश्चात् प्राणी माता के उदर से बाहर निकल कर पृथिवी पर अवतार ग्रहण करता है। प्राणी वर्ग अपने-अपने कर्मों के अनुसार स्त्री, पुरुष और नपुंसक रूप में उत्पन्न होते हैं किसी अन्य कारण से नहीं यह जानना चाहिये। कोई कहते हैं कि "जो जीव पूर्वभव में स्त्री होता है वह परभव में भी स्त्री ही होता है तथा जो पूर्वभव में पुरुष या नपुंसक होते हैं वे पुरुष और नपुंसक ही होते हैं। इनके वेद का परिवर्तन कभी नहीं होता है"। वस्तुतः यह मत अज्ञानमूलक है क्योंकि कर्म की विचित्रता के कारण वेद का परिवर्तन होना स्वाभाविक है अतः जीव अपने कर्म के प्रभाव से कभी स्त्री और कभी पुरुष तथा कभी नपुंसक वेद को प्राप्त करता है यही सत्य समझना चाहिये।

गर्भ से निकलकर बालक पूर्व जन्म के अभ्यास के अनुसार आहार लेने की इच्छा करता है और वह माता के स्तन को पीकर जब

अंतरदीवगाण आरियाण मिलक्खूणं सरीरा णाणावण्णा भवतीतिमक्खायं ॥ सूत्र ५६ ॥

छाया—भूमिगानामन्तर्द्वीपगानामार्य्याणां म्लेच्छानां शरीराणि नानावर्णानि भवन्तीत्याख्यातम् ॥ ५६ ॥

अन्वयार्थ—मिलक्खूणं सरीरा णाणावण्णा भवंतीति मक्खायं) कर्मभूमि में और अकर्मभूमि में एवं अन्तर्द्वीप में रहने वाले आर्य्य तथा म्लेच्छ मनुष्यों के शरीर नाना वर्णवाले होते हैं यह श्री तीर्थङ्कर देव ने कहा है ॥ ५६ ॥

भावार्थ—वृद्धि को प्राप्त होता है तब नवनीत, दधि, भात आदि पदार्थों को खाता है। इसके पश्चात् वह अपने आहार के योग्य त्रस और स्थावर प्राणियों का आहार करता है। आहार किये हुए पदार्थों को पचाकर वह अपने रूप में मिला लेता है। प्राणियों के शरीर में जो रस, रक्त, मांस, मेद, हड्डी, मज्जा, और शुक्र पाये जाते हैं वे सात धातु कहलाते हैं इन सात धातुओं की उत्पत्ति प्राणियों के द्वारा किये हुए आहारों से ही होती है ॥ ५६ ॥

अहावरं पुरक्खायं णाणाविहाणं जलचराणं पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं, तंजहा—मच्छाणं जाव सुसुमाराणं, तेसिं च

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातं नानाविधानां जलचराणां पञ्चेन्द्रियतिर्य्यग्योनिकानां, तद्यथा मत्स्यानां यावत् सुसुमाराणां; तेषाञ्च यथाबीजेन

अन्वयार्थ—(अह, णाणाविहाणं पंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं जलचराणं पुरक्खायं) इसके बाद श्रीतीर्थङ्कर देव ने अनेक प्रकार के जो पाँच इन्द्रियवाले जलचर तिर्य्यञ्च होते हैं उनका वर्णन पहले इस प्रकार किया है (तंजहा—मच्छाणं जाव सुसुमाराणं) मछली से लेकर सुंसुमार पर्य्यन्त जीव पाँच इन्द्रियवाले जलचर तिर्य्यञ्च हैं

भावार्थ—अब तिर्य्यञ्च जीवों का स्वरूप बताया जाता है। उनमें इस सूत्र के द्वारा जलचर प्राणी बताये जाते हैं। मत्स्य, कच्छप, मकर और ग्राह

णं अहाबीएणं अहावगासेणं इत्थीए पुरिसस्स य कम्मकडा तहेव जाव ततो एगदेसेणं ओयमाहारेंति, आणुपुव्वेणं वुड्ढा पलिपागमणुपवन्ना ततो कायाओ अभिनिवट्टमाणा अंड वेगया जणयंति पोय वेगया जणयंति, ते जीवा डहरा समाणा आउसिणेह-

छाया—यथाऽवकाशेन स्त्रियाः पुरुषस्य च कर्मकृतस्तथैव यावत् ततः एकदेशेन ओजमाहारयन्ति । आनुपूर्व्या वृद्धा परिपाकमनु प्राप्ताः ततः कायादभिनिवर्तमाना. अण्डमेके जनयन्ति पोतमेके जनयन्ति तस्मिन् अण्डे उद्भिद्यमाने स्त्रियमेके जनयन्ति पुरुषमेके जनयन्ति, नपुंसकमेके जनयन्ति । ते जीवाः दहराः सन्त अपां

अन्वयार्थ—(तेसिंच णं अहाबीएणं अहावगासेणं इत्थीए पुरिसस्सय कम्मकडा तहेव जाव) वे जीव अपने अपने बीज और अवकाश के अनुसार स्त्री और पुरुष के संयोग होने पर अपने कर्मानुसार पूर्ववत् गर्भ में उत्पन्न होते हैं। (ततो एगदेसेणं ओयमाहारेंति) वे जीव गर्भ में आकर ओज आहार का ग्रहण करते हैं। (आणुपुव्वेणं वुड्ढा पलिपागमणुपवन्ना ततो कायाओ अभिनिवट्टमाणा अंडं वेगया जणयंति पोयं वेगया जणयंति) इस प्रकार क्रमशः वृद्धि को प्राप्त होकर वे गर्भ की परिपाक अवस्था में गर्भ से बाहर होकर कोई अण्डरूप से और कोई पोतरूप से उत्पन्न होते हैं। (से अंडे उब्भिज्जमाणे इत्थिं वेगया जणयंति पुरिसं वेगया जणयंति णपुंसगं वेगया जणयंति) जब वह अण्डा फट जाता है तो कोई स्त्री, कोई पुरुष और कोई नपुंसक रूप में उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा डहरा समाणा आउसिणेहमाहारेंति) वे

भावार्थ—आदि जलचर पञ्चेन्द्रिय जीव हैं। ये जीव अपने पूर्वकृत कर्म का फल भोगने के लिये जलचर तिर्य्यञ्च योनि में जन्म धारण करते हैं। जैसे मनुष्य अपने बीज और अवकाश के अनुसार जन्म धारण करते हैं इसी तरह जलचर प्राणी भी अपने अपने उपयुक्त बीज और अवकाश के अनुसार ही जन्म, धारण, करते हैं। वे प्राणी गर्भ में आकर अपनी माता के आहारांश का आहार करते हैं। वे गर्भ से निकल कर पहले जल के स्नेह का आहार करते हैं और पीछे बड़े होने पर वनस्पतिकाय का तथा अन्य त्रस और स्थावर प्राणियों का आहार करते हैं। ये जल

माहारेंति आणुपुव्वेण वुड्ढा वणस्सतिकाय तसथावरे य पाणे, ते जीवा आहारेंति पुढविसरीरं जाव संतं, अवरेऽवि य णं तेसिं णाणाविहाणं जलचरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं मच्छाणं सुंसुमाराणं सरीरा णाणावण्णा जावमक्खायं ॥

छाया—स्नेहमाहारयन्ति आनुपूर्व्या वृद्धाः वनस्पतिकायं त्रसस्थावरांश्च प्राणान् ते जीवाः आहारयन्ति पृथिवीशरीरं यावत्। अपराण्यपि च तेषां नानाविधानां जलचरपञ्चेन्द्रियतिर्य्यग्योनिकानां मत्स्यानां सुसुमाराणां शरीराणि नानावर्णानि यावदाख्यातानि।

अन्वयार्थ—जीव बाल्यावस्था में जल के स्नेह का आहार करते हैं (आणुपुव्वेणं वुड्ढा वणस्सतिकाय तसथावरे य पाणे) क्रमशः वृद्धि को प्राप्त होकर वे जीव वनस्पति काय का तथा त्रस और स्थावर प्राणियों का आहार करते हैं (ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं जाव संतं) वे जीव पृथिवी आदि कायों का भी आहार करते हैं और उन्हें पचाकर अपने रूप में मिला लेते हैं (तेसिं णाणाविहाणं जलचरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं मच्छाणं सुंसुमाराणं अवरेऽवि य सरीरा णाणावण्णा जावमक्खायं) उन नाना प्रकार वाले जलचर पञ्चेन्द्रिय तिर्य्यञ्च मछली आदि सुंसुमार पर्य्यन्त जीवों के दूसरे भी नाना प्रकार के शरीर होते हैं यह भी तीर्थङ्कर देव ने कहा है।

भावार्थ—ये जीव पञ्चेन्द्रिय प्राणियों का भी आहार करते हैं। वाल्मीकीय रामायण में लिखा है कि—"अस्ति मत्स्यस्तिमिर्नाम शतयोजनविस्तरः तिमिंगिलगिलोऽप्यस्ति तद्गिलोऽप्यस्ति राघव !"। अर्थात् हे रामचन्द्र! सौ योजन तक का लम्बा एक 'तिमि' नामक मत्स्य होता है और उसको निगल जाने वाला एक और मत्स्य होता है उसको 'तिमिंगिल' कहते हैं। उस तिमिंगिल को भी निगल जाने वाला एक दूसरा मत्स्य होता है जिसे 'तिमिंगिलगिल' कहते हैं। उसको भी निगल जाने वाला एक सब से बड़ा मत्स्य भी होता है। जैसे मनुष्य योनि में स्त्री पुरुष और नपुंसक ये तीन भेद होते हैं इसी तरह जलचरों में भी होते हैं। जलचर जीव कीचड़ का भी आहार करते हैं और उसे पचाकर अपने शरीर में परिणत करलेते हैं। ये जीव अपने पूर्वकृत कर्म का फल भोगने के लिये जलचर योनि में उत्पन्न होते हैं यह जानना चाहिये।

अहावरं पुरक्खायं णाणाविहाणं चउप्पयथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं, तंजहा—एगखुराणं दुखुराणं गंडीपदाणं सणप्फयाणं, तेसिं च णं अहाबीएणं अहावगासेणं इत्थिएपुरिसस्स य कम्म जाव मेहुणवत्तिए णामं संजोगे समुप्पज्जइ, ते दुहओ सिणेहं संचिणंति, तत्थ णं जीवा इत्थित्ताए पुरिसत्ताए जाव विउट्टंति, ते जीवा माओउयं पिउसुक्कं एवं जहा मणुस्साणं

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातं नानाविधानां चतुष्पदस्थलचरपञ्चेन्द्रियतिर्य्यग्योनिकानां तद्यथा—एकखुराणां द्विखुराणां गण्डीपदानां सनखपदानां, तेषाञ्च यथाबीजेन यथावकाशेन स्त्रियाः पुरुषस्य च कर्मकृतः यावन्मैथुनप्रत्ययिकः संयोगः समुत्पद्यते ते द्वयोरपि स्नेहं संचिन्वन्ति, तत्र जीवाः स्त्रीतया पुरुषतया यावत् विवर्त्तन्ते ते जीवाः मातुरार्त्तवं पितुः शुक्रमेवं यथा मनुष्याणां स्त्रियमप्येके

अन्वयार्थ—(अह णाणाविहाणं चउप्पयथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं अवरं पुरक्खायं) इसके बाद भी तीर्थङ्कर देव ने अनेक जाति वाले स्थलचर चौपाये जानवरों के सम्बन्ध में पहले कहा है। (तंजहा—एगखुराणं दुखुराणं गंडीपदाणं सणप्फयाणं) स्थलचर चौपाये जानवर कोई एक खुर वाले कोई दो खुर वाले कोई गण्डी पद (हाथी आदि) और कोई नखयुक्त पैर वाले होते हैं (तेसिं च णं अहाबीएणं अहावगासेणं इत्थिपुरिसस्स य कम्म जाव मेहुणवत्तिए णाम संजोगे समुप्पज्जइ) वे जीव अपने अपने बीज और अवकाश के अनुसार उत्पन्न होते हैं तथा इनमें भी स्त्री पुरुष का परस्पर सुरत संयोग कर्मानुसार होता है। उस संयोग के होने पर वे जीव चतुष्पद जाति के गर्भ में आते हैं (ते दुहओ सिणेहं संचिणंति) वे माता और पिता दोनों के स्नेह का पहले आहार करते हैं (तत्थणं जीवा इत्थित्ताए पुरिसत्ताए जाव विउट्टंति) उस गर्भ में वे जीव स्त्री, पुरुष अथवा नपुंसक रूप से उत्पन्न होते हैं, (ते जीवा माओउयं पिउसुक्कं एवं जहा मणुस्साणं) वे जीव गर्भ

भावार्थ—पृथिवी के ऊपर विचरने वाले पाँच ही इन्द्रियों से युक्त चौपाये जानवरों का वर्णन इस पाठ में किया है। ये चौपाये जानवर कोई एक खुर वाले होते हैं, जैसे घोड़े और गदहे आदि जानवर। तथा कोई दो

इत्थिंपि वेगया जणयंति पुरिसंपि नपुंसगंपि, ते जाव डहरा समाणा माउक्खीरं सप्पिं आहारेंति आणुपुव्वेणं वुड्ढा वणस्सइकायं तसथावरे य पाणे, ते जीवा आहारेंति पुढविसरीरं जाव संतं, अवरेऽवि य णं तेसिं णाणाविहाणं चउप्पयथलयरपचेंदिय-

छाया—जनयन्ति पुरुषमपि नपुंसकमपि । ते जीवाः दहराः सन्तः मातुः क्षीरं सर्पिराहरयन्ति । आनुपूर्व्या वृद्धाः वनस्पतिकायं त्रसस्थावरांश्च प्राणान् । ते जीवा आहारयन्ति पृथिवीशरीरं यावत् । अपराण्यपि च तेषां नानाविधानां चतुष्पदस्थलचरपञ्चेन्द्रियतिर्य्य-

अन्वयार्थ—में माता की ऋतु का और पिता के शुक्र का आहार करते हैं। शेष बातें मनुष्य के पाठ के समान समझनी चाहिये (इत्थिंपि वेगया जणयंति पुरिसंपि नपुंसगंपि) इनमें कोई स्त्रीरूप से कोई पुरुषरूप से और कोई नपुंसकरूप से उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा डहरा समाणा माउक्खीरं सप्पिं आहारेंति) वे जीव बाल्यावस्था में माता का दूध और घृत का आहार करते हैं (आणुपुव्वेणं वुड्ढा वणस्सइकायं तसथावरे य पाणे) क्रमशः बड़े होकर वे वनस्पतिकाय को तथा दूसरे त्रस और स्थावर प्राणियों का आहार करते हैं। (ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं जाव संतं) वे प्राणी पृथिवी आदि कायों का भी आहार करते हैं और आहार किये हुए पदार्थों को पचाकर अपने शरीर के रूप में परिणत कर लेते हैं (तेसिं णाणाविहाणं

भावार्थ—खुर वाले होते हैं जैसे गाय भैंस आदि। कोई गण्डीपद यानी फलक के समान पैर वाले होते हैं जैसे हाथी और गेंडा आदि। कोई नखयुक्त पैर वाले होते हैं जैसे बाघ और सिंह आदि। ये जीव अपने अपने बीज और अवकाश के अनुसार ही जन्म धारण करते हैं अन्यथा नहीं। गर्भधारण से लेकर गर्भ से बाहर आने तक का इनका वृत्तान्त मनुष्य के पाठ में उक्त वर्णन के समान ही जानना चाहिये। सब पर्य्याप्ति से पूर्ण होकर जब ये प्राणी माता के गर्भ से बाहर आते हैं तब माता के दूध को पीकर ये अपना जीवन धारण करते हैं। जब ये बढ़कर बड़े हो जाते हैं तब वनस्पति और त्रस तथा स्थावर प्राणियों का आहार करते हैं। शेष पूर्व पाठ के समान ही समझना चाहिये। ये प्राणी अपने किये

तिरिक्खजोणियाण एगखुराणं जाव सणप्फयाण सरीरा णाणा-वण्णा जावमक्खायं ॥

छाया—ग्योनिकानाम् एकखुराणां यावत् सनखपदाना शरीराणि नाना-वर्णानि यावदाख्यातानि ।

अन्वयार्थ—चउप्पयथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं एगखुराणं जाव सणप्फयाणं अवरेवि (सरीरा णाणावण्णा जाव मक्खायं) इन नाना जाति वाले स्थलचर चौपाये जानवरों के नानावर्ण वाले दूसरे शरीर भी होते हैं यह भी तीर्थंकर देव ने कहा है।

भावार्थ—हुए कर्मों का फल भोगने के लिये इन योनियों में जन्म धारण करते हैं यह भी तीर्थंकर ने कहा है।

अहावरं पुरक्खायं णाणाविहाणं उरपरिसप्पथलयरपंचिंदिय-तिरिक्खजोणियाण, तंजहा—अहीण अयगराण आसालियाण महोरगाण, तेसिं च णं अहाबीएणं अहावगासेणं इत्थीए पुरिसस्स

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातं नानाविधानामुरःपरिसर्पस्थलचरपञ्चेन्द्रिय तिर्य्यग्योनिकानां, तद्यथा—अहीनामजगराणामाशालिकानां महोरगाणाम् । तेषाञ्च यथाबीजेन यथाऽवकाशेन च स्त्रियाः पुरुषस्य

अन्वयार्थ—(अह णाणाविहाणं उरपरिसप्पथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं अवरं पुरक्खायं) इसके पश्चात् श्रीतीर्थङ्कर देव ने नाना प्रकार की जाति वाले तिर्य्यञ्च प्राणी जो पृथिवी पर छाती को घसीटते हुए चलने वाले और पांच इन्द्रियों से युक्त हैं उनका वृत्तान्त बताया है (तंजहा—अहीणं अयगराण आसालियाणं महोरगाण) अहि यानी सर्प, अजगर आसालिक और महोरग ये पृथिवी पर छाती को घसीटते हुए चलते हैं अतः ये उरःपरिसर्प, स्थलचर पञ्चेन्द्रिय तिर्य्यञ्च हैं। (तेसिं च ण अहाबीएणं अहावगासेणं) ये प्राणी भी अपने अपने उत्पत्ति योग्य बीज और अवकाश के द्वारा ही उत्पन्न होते हैं। (इत्थीए पुरिसस्स जाव एत्थणं मेहुणे एवं

भावार्थ—सर्प और अजगर आदि प्राणी पृथ्वी के ऊपर छाती को घसीटते हुए चलते हैं इसलिए ये उरःपरिसर्प कहलाते हैं। ये प्राणी भी अपनी उत्पत्ति

जाव एत्थ ण मेहुणे एव त चेव, नाणत्त अड वेगइया जणयंति पोय वेगइया जणयंति, से अडे उब्भिज्जमाणे इत्थिं वेगइया जणयंति पुरिसपि णपुसगपि, ते जीवा डहरा समाणा वाउकाय-माहारेंति आणुपुव्वेणं वुड्ढा वणस्सइकाय तसथावरपाणे, ते जीवा आहारेंति पुढविसरीर जाव सत, अवरेऽवि य ण तेसिं

छाया—यावद् अत्र मैथुनमेव तच्चैवानातम्। अण्डमेके जनयन्ति पोतमेके जनयन्ति। तस्मिन्नण्डे उद्भिद्यमाने स्त्रियमेके जनयन्ति पुरुषमपि नपुंसकमपि। ते जीवा दहराः सन्तः वायुकायमाहारयन्ति, आनुपूर्व्या वृद्धाः वनस्पतिकाय त्रसस्थावरप्राणान्। ते जीवा आहारयन्ति पृथवीशरीरं यावत्। अपराण्यपि च तेषां नानाविधानामुर परिसर्प-

अन्वयार्थ—तचेव नाणत्तं) इन प्राणियों में भी स्त्री और पुरुष का परस्पर मैथुन नामक संयोग होता है और उस संयोग के होने पर कर्म प्रेरित प्राणी इनकी योनि में उत्पन्न होते हैं। शेष बातें पूर्ववत् कही गई हैं। (अंडं वेगया जणयंति पोयं वेगया जणयंति) इनमें कोई अण्ड को उत्पन्न करते हैं और कोई बच्चा उत्पन्न करते हैं (से अंडे उब्भिज्जमाणे इत्थिं वेगया जणयंति पोयं वेगया जणयंति पुरिसंपि णपुंसगंपि) उस अण्डे के फूट जाने पर कोई स्त्री और कोई पुरुष तथा कोई नपुंसक को उत्पन्न करते हैं। (ते जीवा डहरा समाणा वाउकायमाहारेंति) वे जीव बाल्यावस्था में वायु काय का आहार करते हैं (आणुपुव्वेणं वुड्ढा वणस्सइकायं तसथावरपाण) क्रमशः बड़ जब जब वे बड़े हो जाते हैं तब वनस्पति और त्रस तथा स्थावर प्राणियों का आहार करते हैं। (ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं जाव संतं) वे जीव पृथिवी आदि कायों का भी आहार करते हैं और उन्हें पचाकर अपने शरीर के रूप में परि

भावार्थ—के योग्य बीज और अवकाश को पाकर ही उत्पन्न होते हैं अन्यथा नहीं होते हैं। इनमें कोई अण्डा उत्पन्न करते हैं और कोई बच्चा पैदा करते हैं। ये प्राणी माता के गर्भ से निकल कर वायुकाय का आहार करते हैं जैसे मनुष्य आदि के बच्चे माता का दूध पीकर पुष्ट होते हैं इसी तरह

णाणाविहाणं उरपरिसप्पथलयरपंचिंदियतिरिक्ख० अहीणं जाव महोरगाणं सरीरा णाणावण्णा णाणागधा जावमक्खायं ॥

छाया—स्थलचरपञ्चेन्द्रियतिर्य्यग्योनिकानामहीनां यावन्महोरगाणां शरीराणि नानावर्णानि नानागन्धानि यावदाख्यातानि ।

अन्वयार्थ—णत कर लेते हैं । (तेसिं णाणाविहाणं उरपरिसप्पथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं अहीण जाव महोरगाणं अवरेवि य सरीरा णाणावण्णा णाणागंधा जावमक्खायं) पृथिवी के ऊपर छाती को घसीटते हुए चलने वाले जो स्थलचर पञ्चेन्द्रिय तिर्य्यञ्च सर्प से लेकर महोरग पर्य्यन्त कहे गये हैं उनके अनेक वर्ण और गन्ध वाले दूसरे शरीर भी होते हैं यह भी तीर्थंकर देव ने कहा है ।

भावार्थ—ये प्राणी अपनी जाति के स्वभावानुसार वायु को पीकर पुष्टि का लाभ करते हैं ।

अहावरं पुरक्खाय णाणाविहाण भुयपरिसप्पथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाण, तजहा—गोहाण नउलाण सिहाण सरडाणं सल्लाण सरवाण खराणं घरकोइल्लियाण विस्सभराण भुस-

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातं नानाविधानां भुजपरिसर्पस्थलचरपञ्चेन्द्रियतिर्य्यग्योनिकानां, तद्यथा गोधानां, नकुलानां, सिंहानां, सरटानां सल्लकानां सरघानां खराणां गृहकोकिलानां विश्वम्भराणां

अन्वयार्थ—(अह णाणाविहाणं भुयपरिसप्पथलयरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं अवर पुरक्खायं) इसके पश्चात् अनेक जाति वाले, भुजा की सहायता से पृथिवी पर चलने वाले जो पञ्चेन्द्रिय तिर्य्यञ्च हैं उनके विषय में भी तीर्थंकर देव ने पहले कहा है। (तंजहा—) भुजा के बल से पृथिवी पर चलने वाले पञ्चेन्द्रिय तिर्य्यञ्च कुछ ये हैं—(गोहाण नउलाण सिहाण सरडाणं सल्लाणं सरवाणं खराणं घरकोइलियाणं विस्संभराण भुसगाणं मंगुसाणं पयलाइयाण बिरालियाण जोहाण

भावार्थ—जो प्राणी भुजा के बल से पृथिवी पर चलते हैं वे 'भुजपरिसर्प' कहलाते हैं । इनमें कई प्राणियों के नाम यहाँ शास्त्रकार ने बताये हैं । ये प्राणी पञ्चेन्द्रिय तिर्य्यञ्च हैं । इनमें कोई अण्डा देते हैं और कोई बच्चा

गाए मंगुसाए पइलाइयाए बिरालियाए जोहाए चउप्पाइयाए, तेसिं च ए अहाबीएए अहावगासेए इत्थीए पुरिसस्स य जहा उरपरिसप्पाए तहा भाणियव्वं जाव सारूविकडं संत, अवरेऽवि य ए तेसिं गाणाविहाए भुयपरिसप्पपर्चिदियथलयरतिरिक्खाए त०गोहाए जावमक्खाय ॥

छाया—मूषकाना मंगुसानां पदललितानां बिडालानां गोधानां चतुष्पदानां, तेषाञ्च यथाबीजेन यथावकाशेन स्त्रियाः पुरुषस्य च यथा उर परिसर्पाणा तथा भणितव्य यावत् सरूपीकृत स्यात् । अपराण्यपि च तेषां नानाविधानां भुजपरिसर्पपञ्चेन्द्रियस्थलचरतिरश्चां गोधानां यावदाख्यातानि ।

अन्वयार्थ—चउप्पाइयाण) गोह, नकुल, सिह, सरठ सल्लक, सरथ, खर, गृहकोकिल, विस्वम्भर, मूषक, मंगुस पदलालित बिडाल, ज.प, और चतुष्पद । (तेसिं च ण अहाबीएण अहावगासेण इत्थीए पुरिसस्स य जहा उरपरिसप्पाण तहा भणियव्वं) ये जीव भी अपने अपने बीज और अवकाश के द्वारा ही उत्पन्न होते हैं और छाती से सरक कर चलने वाले जीव के समान ही ये जीव भी स्त्री और पुरुष के संयोग से उत्पन्न होते हैं ये सब बातें पूर्ववत् ही जाननी चाहिये। (जाव सारूविकडं स तं) ये जीव भी अपने खाये हुए आहार को पचा कर अपने शरीर में परिणत कर लेते हैं। (तेसिं णाणाविहाण भुयपरिसप्पपंचिंदियथलयरतिरिक्खाण त गोहाण जाव मक्खाय) उन अनेक जाति वाले, भुजा के द्वारा पृथिवी पर चलने वाले पञ्चेन्द्रिय तिर्य्यञ्चों के दूसरे भी नानावर्ण वाले शरीर होते हैं यह भी तीर्थंकर देव ने कहा है।

भावार्थ—पैदा करते हैं इनमें नकुल चूहा, गोह आदि जानवर प्रसिद्ध ह । ये जीव अपने कर्म से प्रेरित होकर इन योनियों में जन्म धारण करते हैं ये प्राणी नाना प्रकार के वर्ण गन्ध वाले और अनेक प्रकार के शरीर वाले होते हैं। शेष बातें पूर्ववत् जाननी चाहिये ।

अहावर पुरक्खाय णाणाविहाण खचरपंचिंदियतिरिक्ख-
जोणियाण, तजहा—चम्मपक्खीणं लोमपक्खीण समुग्गपक्खीणं
विततपक्खीणं तेसिं च ण अहाबीएण अहावहासेण इत्थीए
जहा उरपरिसप्पाण, नाणत्त ते जाव डहरा समाणा माउगाच-

छाया—अथाऽपर पुराख्यातं नानाविधानां खचरपञ्चेन्द्रियतिर्य्यग्योनि-
कानां, तद्यथा—चर्मपक्षिणां रोमपक्षिणां समुद्रपक्षिणां वितत-
पक्षिणां, तेषाञ्च यथाबीजेन यथाऽवकाशेन स्त्रियाः यथा उर
परिसर्पाणामाख्यातम् । ते जीवाः दहरा सन्तःमातृगात्रस्नेहमाहा-

अन्वयार्थ—(अह णाणाविहाणं खचरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाण अवरं पुरक्खायं) इसके
पश्चात् श्री तीर्थंकर देव ने अनेक प्रकार की जाति वाले आकाशचारी पञ्चेन्द्रिय
तिर्य्यञ्चों के विषय में कहा है (तंजहा—चम्मपक्खीणं लोमपक्खीणं समुग्गपक्खीण
विततपक्खीणं) जैसे कि—चर्मपक्षी रोमपक्षी समुद्रपक्षी और विततपक्षी (इनकी
उत्पत्ति और आहार के विषय में भगवान ने यह कहा है) (तेसिंचणं अहाबीएणं
अहावगासेणं इत्थीए जहा उरपरिसप्पाणं) ये प्राणी अपनी उत्पत्ति के योग्य बीज
और अवकाश के द्वारा उत्पन्न होते हैं और स्त्री पुरुष के संयोग से ही इनकी भी

भावार्थ—इस पाठ में आकाशचारी पक्षियों के सम्बन्ध में उपदेश किया है।
चर्मकीट और वल्गुली आदि पक्षी, चर्मपक्षी कहलाते हैं और राजहंस,
सारस, तथा काक और बक आदि रोम पक्षी कहे जाते हैं एवं अढाई
द्वीप से बाहर के पक्षी समुद्र पक्षी और वितत पक्षी कहलाते हैं। ये पक्षी
अपनी उत्पत्ति योग्य बीज और अवकाश के द्वारा ही उत्पन्न होते हैं
अन्यथा नहीं। पक्षी जाति की स्त्री अपने अण्डे को अपने पङ्खों से ढक-
कर बैठती है और ऐसा कर के वह अपने शरीर की गर्मी को उस
अण्डे में प्रवेश करती है, उस गर्मी का आहार करके वह अण्डा वृद्धि
को प्राप्त होता है और वह कलल अवस्था को छोड़कर चोंच आदि
अवयवों में परिणत हो जाता है। जब सब अङ्ग पूरे हो जाते हैं तब
वह अण्डा फट कर दो भागों में हो जाता है। इसके पश्चात् उसमें से
निकला हुआ बच्चा माता के द्वारा दिये हुए आहार को खाकर वृद्धि
को प्राप्त करता है शेष बातें पूर्ववत् जान लेनी चाहिये। यहां तक

सिणेहमाहारेंति आणुपुव्वेणं वुड्ढा वणस्सतिकाय तसथावरे य पाणे, ते जीवा आहारेंति पुढविसरीर जाव सत, अवरेऽवि य णं तेसिं णाणाविहाणं खचरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं चम्मपक्खीणं जावमक्खायं (सूत्र ५७) ॥

छाया—रयन्ति, आनुपूर्व्या वृद्धाः वनस्पतिकायं त्रसस्थावरांश्च प्राणान्। ते जीवा आहारयन्ति पृथवीशरीर यावत् अपराण्यपि च तेषां नानाविधानां खचरपञ्चेन्द्रियतिरश्चां चर्मपक्षिणां यावदाख्यातानि॥५७॥

अन्वयार्थ—उत्पत्ति होती है शेष बातें सर्प जाति के पाठ के समान ही जाननी चाहिये। (खहरा समाणा माउगात्तसिणेहं माहारयति) वे प्राणी गर्भ से निकलकर बालावस्था में माता के शरीर के स्नेह का आहार करते हैं। (आणुपुव्वेण वुड्ढा वणस्सइकाय तस थावरे य पाणे) और वे क्रमशः बड़े होकर वनस्पतिकाय तथा त्रस और स्थावर प्राणियों का आहार करते हैं। (ते जीवा आहारेंति पुढवीसरीरं जाव) वे प्राणी पृथिवी आदि कायों का भी आहार करते हैं और उन्हें पचाकर अपने रूप में मिला लेते हैं। (तेसिं णाणाविहाणं खचरपंचिंदियतिरिक्खजोणियाणं चम्मपक्खीणं जाव अवरेवि भक्खायं) इन अनेक प्रकार की जाति वाले चर्मपक्षी आदि आकाशचारी पञ्चेन्द्रिय तिर्य्यञ्चों के दूसरे भी नाना प्रकार के शरीर होते हैं यह श्रीतीर्थंकरदेव ने कहा है॥५७॥

भावार्थ—पञ्चेन्द्रिय मनुष्य और तिर्य्यञ्चों के आहार की व्याख्या की गई है। विशेष बात यह है कि—इनका आहार दो प्रकार का होता है एक आभोग से और दूसरा अनाभोग से। अनाभोग से होने वाला आहार तो प्रतिक्षण होता रहता है परन्तु आभोग से होने वाला आहार क्षुधा वेदनीय के उदय होने पर ही होता है अन्य समय में नहीं॥५७॥



अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता णाणाविहजोणिया णाणाविहसंभवा णाणाविहवुक्कमा तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मोवगा कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा णाणाविहाणं तसथावराण पोग्गलाणं सरीरेसु वा सचित्तेसु वा अचित्तेसु वा अणुसूयत्ताए

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातमिहैके सत्त्वाः नानाविधयोनिकाः नानाविधसंभवाः नानाविधव्युत्क्रमाः। तद्योनिकाः तत्संभवाः तदुपक्रमाः कर्मोपगाः कर्मनिदानेन तत्र व्युत्क्रमाः नानाविधानां त्रसस्थावराणां पुद्गलानां शरीरेषु सचित्तेषु अचित्तेषु वा अनुस्यूततया विवर्तन्ते

अन्वयार्थ—(अहावरं पुरक्खायं) इसके पश्चात् श्रीतीर्थङ्कर देव ने अन्य जीवों के विषय में वर्णन किया है। (इह एगतिया सत्ता णाणाविहजोणिया) इस जगत् में कोई प्राणी अनेक प्रकार की योनियों में उत्पन्न होते हैं (णाणाविहसंभवा) और वे अनेक प्रकार की योनियों में स्थित रहते हैं। (णाणाविहवुक्कमा) तथा वे अनेक प्रकार की योनियों में वृद्धि को प्राप्त करते हैं। (तज्जोणिया तस्संभवा तदुवक्कमा कम्मोवगा कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा) नाना प्रकार की योनियों में उत्पन्न और उन्हीं में स्थिति तथा वृद्धि को प्राप्त करने वाले ये जीव अपने पूर्वकृत कर्मों का अनुगामी होकर उन कर्मों के प्रभाव से ही नानाविध योनियों में उत्पन्न हुए हैं। (णाणाविहाणं तसथावराण पोग्गलाण सचित्तेसु अचित्तेसु वा सरीरेसु अणुसूयत्ताए विउट्टंति)

भावार्थ—पञ्चेन्द्रिय प्राणियों को बताकर अब विकलेन्द्रियों का वर्णन किया जाता है। जो प्राणी त्रस और स्थावर प्राणियों के सचित्त तथा अचित्त शरीर में उत्पन्न होते हैं और उन शरीरों के आश्रय से ही स्थिति एवं वृद्धि को प्राप्त करते हैं उनका वर्णन इस पाठ में किया गया है। मनुष्य के शरीर में जूँ (यूका) और लिक्ष आदि तथा खाट में खटमल आदि उत्पन्न होते हैं एवं मनुष्य के अचित्त शरीर में तथा विकलेन्द्रिय प्राणियों के शरीर में कृमि आदि उत्पन्न होते हैं। ये प्राणी दूसरे प्राणियों के समान अन्यत्र जाने आने में स्वतन्त्र नहीं हैं किन्तु वे जिस शरीर में उत्पन्न होते हैं उसी के आश्रय से रहते हैं। सचित्त तेज काय और वायु से भी विकलेन्द्रिय जीवों की उत्पत्ति होती है। वर्षा ऋतु में गर्मी के कारण पृथिवी से कुन्थू आदि संस्वेदज प्राणियों की उत्पत्ति होती है इसी तरह जल से भी अनेकों विकलेन्द्रिय प्राणी उत्पन्न होते हैं। वनस्पति

विउट्टंति, ते जीवा तेसिं णाणाविहाण तसथावराण पाणाण सिणेहमाहारेंति, ते जीवा आहारेंति पुढविसरीरं जाव संत, अवरेऽवि य णं तेसिं तसथावरजोणियाणं अणुसूयगाणं सरीरा

छाया—ते जीवास्तेषां नानाविधानां त्रसस्थावराणां प्राणानां स्नेहमाहारयन्ति। ते जीवा आहारयन्ति पृथिवीशरीरं यावत् अपराण्यपि च तेषां त्रसस्थावरयोनिकानामनुस्यूतकानां शरीराणि नानावर्णानि

अन्वयार्थ—वे प्राणी नाना प्रकार के त्रस और स्थावर पुद्गलोंके सचित्त और अचित्त शरीर में उनके आश्रित होकर उत्पन्न होते हैं। (ते जीवा तेसिं णाणाविहाणं तसथावराणं सिणेहमाहारेंति) वे जीव अनेक प्रकार वाले त्रस और स्थावरों के स्नेहका आहार करते हैं। (ते जीवा पुढवीसरीरं जाव आहारेंति) वे प्राणी पृथिवीकाय आदि शरीरों का भी आहार करते हैं। (तेसिं तसथावरजोणियाणं अणुसूयगाणं सरीरा अवरेवि य णाणावण्णा जाव मक्खायं) इन त्रस और स्थावर योनि से उत्पन्न और उन्हीं के आश्रय से रहने वाले प्राणियों के नाना वर्णवाले दूसरे शरीर भी होते हैं यह भी तीर्थंकर देव

भावार्थ—काय से पनक और भ्रमर आदि विकलेन्द्रिय जीव उत्पन्न होते हैं। ये प्राणी जिस शरीर से उत्पन्न होते हैं उसी का आहार करके जीते हैं। जैसे सचित्त और अचित्त शरीर से विकलेन्द्रियों की उत्पत्ति होती है उसी तरह पंचेन्द्रिय प्राणियों के मूत्र और मल से भी दूसरे विकलेन्द्रियों की उत्पत्ति होती है। वे प्राणी शरीर से बाहर निकले हुए और नहीं निकले हुए दोनों ही प्रकार के मल मूत्रों से उत्पन्न होते हैं। इन प्राणियों की आकृति कुत्सित होती है और ये अपने उत्पत्ति स्थान मूत्र और पुरीष का ही आहार करते हैं। जैसे पंचेन्द्रिय प्राणियों के मूत्र और पुरीष से विकलेन्द्रिय प्राणी उत्पन्न होते हैं उसी तरह से तिर्य्यञ्च प्राणियों के शरीर में चर्म कीट रूप से उत्पन्न होते हैं। जीवित गाय और भैंस के शरीर में बहुत से चर्मकीट उत्पन्न होते हैं और वे गाय तथा भैंस के चमड़े को खाकर वहां गड्ढा कर देते हैं उस गड्ढे में से जब रक्त निकलने लगता है तब वे उस गड्ढे में स्थिर होकर उसके रक्त का आहार करते हैं। गाय और भैंस के अचित्त शरीर में भी विकलेन्द्रिय प्राणी उत्पन्न होते हैं। सचित्त और अचित्त दोनों प्रकार की वनस्पतियों में घुण

णाणावरणा जावमक्खायं ॥ एवं दुरूवसंभवत्ताए ॥ एव खुरदुगत्ताए ॥ (सूत्र ५८) ॥

छाया—यावदाख्यातानि । एव दूरूपसम्भवतया एवं चर्मकीटतया ॥५८॥

अन्वयार्थ—ने कहा है। (एव दुरूपसमवत्ताए एवं खुरदुगत्ताए) इसी तरह पुरीष और मूत्र आदि से विकलेन्द्रिय प्राणी उत्पन्न होते हैं और गाय भैंस आदि के शरीर में चर्मकीट उत्पन्न होते हैं ॥५८॥

भावार्थ—और कीट आदि विकलेन्द्रिय प्राणी उत्पन्न होते हैं और वे अपने आश्रित त्रस वनस्पति का ही आहार करके जीते हैं ॥ ५८ ॥



अहावरं पुरक्खायं इहेगतिया सत्ता णाणाविहजोणिया जाव कम्मणियाणेण तत्थवुक्कमा णाणाविहाण तसथावराण

छाया—अथाऽपरं पुराख्यातमिहैकतये सत्त्वाः नानाविधयोनिकाः यावत् कर्मनिदानेन तत्र व्युत्क्रमाः नानाविधानां त्रसस्थावराणां प्राणानां

अन्वयार्थ—(अह अवरं पुरक्खायं) इसके पश्चात् श्री तीर्थङ्कर देव ने प्राणियों का वर्णन दूसरा किया है (इहेगतिया सत्ता णाणाविहजोणिया जाव कम्मणियाणेणं तत्थवुक्कमा) इस जगत् में कोई जीव नानाविध योनियों में उत्पन्न होकर कर्म की प्रेरणा से वायुयोनिक अपकाय में आते हैं। (णाणाविहाणं तसथावराण पाणाणं सचित्तेसु

भावार्थ—इस जगत् में अपने पूर्वकृत कर्म के आधीन होकर कई प्राणी वायुयोनिक अप्काय में उत्पन्न होते हैं। वे मेंढक आदि त्रस तथा लवण और हरित आदि स्थावर प्राणियों के सचित्त और अचित्त नानाविध शरीरों में वायुयोनिक अप्काय के रूप में जन्म धारण करते हैं। वह अप्काय वायुजनित है इसलिये उसका उपादान कारण वायु ही है तथा उसको संग्रह और धारण करने वाला भी वायु ही है। मेघमण्डल के अन्तर्गत जो जल होता है उसे परस्पर मिलाकर चारो ओर से वायु ही धारण

पाणाणं सरीरेसु सचित्तेसु वा अचित्तेसु वा तं सरीरगं वायससिद्धं वा वायसंगहियं वा वायपरिग्गहियं उड्ढवाएसु उड्ढभागी भवति अहेवाएसु अहेभागी भवति तिरियवाएसु तिरियभागी भवति, तंजहा—ओसा हिमए महिया करए हरतणुए सुद्धोदए, ते जीवा तेसिं णाणाविहाणं तसथावराणं पाणाणं सिणेहमाहारेंति

छाया—शरीरेषु सचित्तेषु वा अचित्तेषु वा तच्छरीरं वायुसंसिद्धं वा वायुसंगृहीतं वा वायुपरिगृहीतं वा ऊर्ध्ववातेषु ऊर्ध्वभागी भवति अधोवातेषु अधोभागी भवति, तिर्य्यग्वातेषु तिर्य्यग्भागी भवति तद्यथा—अवश्याय हिमकं मिहिका करकं हरतनुकं शुद्धोदकं, ते जीवास्तेषां नाना विधानां त्रसस्थावराणां प्राणानां स्नेहमाहारयन्ति, ते जीवा

अन्वयार्थ—अचित्तेसु वा सरीरेसु तं सरीरगं वायसंसिद्धं वायसंगहियं वायपरिग्गहियं) वे अप्काय में आकर नाना प्रकार के त्रस और स्थावर प्राणियों के सचित्त तथा अचित्त शरीर में अप्काय रूप से उत्पन्न होते हैं। वह अप्काय वायु से बना हुआ और वायु के द्वारा संग्रह किया हुआ और वायु के द्वारा धारण किया हुआ होता है (उड्ढवाएसु उड्ढभागी अहेवाएसु अहेभागी तिरियवाएसु तिरियभागी भवति) अतः वह ऊपर का वायु होने पर ऊपर और नीचे का वायु होने पर नीचे तथा तिरछा वायु होने पर तिरछा जाने वाला होता है। (तंजहा—) उस अप्काय के नाम ये हैं— (ओसा हिमए महिया करए हरतणुए सुद्धोदए) अवश्याय, हिम, महिका, करका, हरतनु और शुद्ध जल। (ते जीवा णाणाविहाणं तसथावराणं पाणाणं सिणेहमाहारेंति) वे जीव नाना प्रकार के त्रस और स्थावर प्राणियों के


अन्वयार्थ—किच्चं करेइवि कारवेइवि) परन्तु ऐसा उसके विषय मे नहीं कहा जा सकता है कि—वह अमुक अमुक पृथिवी से ही कार्य्य करता है तथा कराता है सम्पूर्ण पृथिवी स नहीं (से एतेणं पुढवीकाएणं किच्चं करेइवि) कारवेइवि किन्तु उसके विषय मे यही कहा जायगा कि—वह पृथिवी काय से कार्य्य करता भी है और कराता भी है। (सेणं ततो पुढवीकायाओ असंजयअविरयअप्पडिहयपच्चक्खाय पावकम्मे यावि भवइ) अतः वह पुरुष पृथिवीकाय का असंयमी उससे अविरत और उसकी हिंसा का प्रतिघात और प्रत्याख्यान किया हुआ नहीं है (एवं जाव तसकाएत्ति भाणियव्वं) इसी तरह त्रस काय तक के प्राणियों के विषय में भी कहना चाहिये। (से एगइओ छज्जीवनिकाएहिं किच्चं करेइवि कारवेइवि तस्सणं एवं भवइ एवं खलु छज्जीवनिकाएहिं किच्चं करेमिवि कारवेमिवि) जैसे कोई पुरुष छः काय के जीवों से कार्य्य करता है और कराता है तो वह यही कह सकता है कि मैं छः काय के जीवों से कार्य्य करता हूँ और कराता हूँ (णो चेवणं से एवं भवइ इमेहिंवा इमेहिंवा) परन्तु उसके विषय में ऐसा नहीं कहा जा सकता है कि वह अमुक अमुक से ही कार्य्य करता है और कराता है (सब से नहीं)। (सेय तेहिं

भावार्थ—न तो रूप कभी देखने में आता है और न नाम सुनने में आता है अत उनके साथ पारस्परिक व्यवहार न रहने से किसी भी प्राणी की चित्तवृत्ति उन प्राणियों के प्रति हिंसात्मक कैसे बनी रह सकती है ? अत

तेहिं छहिं जीवनिकाएहिं जाव कारवेइवि, से य तेहिं छहिं जीवनिकाएहिं असजयअविरयअप्पडिहयपच्चक्खायपावकम्मे त० पाणातिवाए जाव मिच्छादंसणसल्ले एस खलु भगवया अक्खाए असजए अविरए अप्पडिहयपच्चक्खायपावकम्मे सुविणमवि अपस्सओ पावे य से कम्मे कज्जइ, से त सन्निदिट्ठते ॥

छाया—स च तेभ्यः षड्जीवनिकायेभ्यः असंयताविरताप्रतिहतामत्याख्यातपापकर्मा तद्यथा—प्राणातिपाते यावद् मिथ्यादर्शनशल्ये। एप खलु भगवता आख्यातः असंयतः अविरतः अप्रतिहतमत्याख्यातपापकर्मा स्वप्नमपि अपश्यन् पापं च स करोति। स सज्ञिदृष्टान्तः।

अन्वयार्थ—छहिं जीवनिकाएहिं जाव कारवेइवि) क्योंकि वह उन छः ही जीव समूहों से कार्य्य करता है और कराता है (सेय तेहिं छहिं जीवनिकाएहिं असंजयअविरयअप्पडिहयपच्चक्खायपावकम्मे तं० पाणातिवाए जाव मिच्छादंसणसल्ले) इस कारण वह पुरुप उन छः काय के जीवों से असयत अविरत और उनकी हिंसा के पाप का प्रतिघात और प्रत्याख्यान किया हुआ नहीं है। वह प्राणातिपात से लेकर मिथ्या दर्शनशल्य पर्यन्त सभी पापों का सेवन करने वाला है (एस खलु भगवया असजए अविरए अप्पडिहयपच्चक्खायपावकम्मे अक्खाए) इस पुरुप को भगवान ने असयत अविरत तथा पापकर्म का प्रतिघात और प्रत्याख्यान नहीं किया हुआ कहा है (सुविणमवि अपस्सओ पावे य कम्मे कज्जइ) वह पुरुप चाहे स्वप्न भी न देखता हो यानी अव्यक्त विज्ञान वाला हो तो भी पापकर्म करता है। (से तं सन्निदिट्ठंते) यह यह संज्ञी का दृष्टान्त है।

भावार्थ—अप्रत्याख्यानी प्राणी समस्त प्राणियों का हिंसक किस तरह माना जा सकता है ?" इस शंका का समाधान करने के लिये आचार्य कहता है कि—जो प्राणी जिस प्राणी की हिंसा से निवृत्त नहीं है किन्तु प्रवृत्त है उसकी चित्त वृत्ति उसके प्रति सदा हिंसात्मक ही बनी रहती है इसलिये वह हिंसक ही है अहिंसक नहीं है। जैसे कोई ग्राम का घात करने वाला

से किं त असन्निदिट्ठते ?, जे इमे असन्निणो पाणा त०—पुढवीकाइया जाव वणस्सइकाइया छट्ठा वेगइया तसा पाणा, जेसिं णो तक्का इ वा सन्ना ति वा पन्ना ति वा मणा ति वा वई वा सय वा करणाए अन्नेहिं वा कारावेत्तए करंत वा समणुजाणित्तए, तेऽवि ण बाले सव्वेसिं पाणाण जाव सव्वेसिं सत्ताण दिया वा

छाया—स कः असंज्ञिदृष्टान्तः ? ये इमे असंज्ञिन प्राणाः तद्यथा—पृथिवीकायिका यावद् वनस्पतिकायिका. षष्ठा. एकतये त्रसाः प्राणा., येषां न तर्क इति वा संज्ञेति वा प्रज्ञेति वा वाग्वा, स्वयंवा कर्तुमन्यैर्वाकारयितुं कुर्वन्त वा समनुज्ञातु, तेऽपि बाला सर्वेषा प्राणानां यावत् सर्वेषां सत्त्वानां दिवा वा रात्रौवा सुप्ताः वा जाग्रतो

अन्वयार्थ—(से किं तं असन्निदिट्ठंते) प्रश्नकर्ता पूछता है कि—वह असंज्ञी का दृष्टान्त क्या है ?। (जे इमे असन्निणो पाणा तंजहा—पुढवीकाइया जाव वणस्सइकाइया छट्ठा वेगइया तसा पाणा) पृथिवी से लेकर वनस्पतिकाय पर्य्यन्त जीव तथा छठा जो त्रस नामक असंज्ञी जीव हैं (जेसिं णो तक्काइवा सन्नाइवा पन्नाइवा मणाइ वा वईवा सय वा करणाए अन्नेहिं वा कारावेत्तए करंत वा समणुजाणित्तए) जिनमें न तर्क है न संज्ञा है न प्रज्ञा (बुद्धि) है न मनन करने की शक्ति है न वाणी है और जो स्वय न तो कर सकते हैं और न दूसरे से करा सकते हैं और न करते हुए को अच्छा समझ सकते हैं। (तेवि णं बाले सव्वेसिं पाणाणं जाव सव्वेसिं सत्ताणं दिया वा राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूता मिच्छा संठिया णिच्चं

भावार्थ—पुरुष जिस समय ग्राम का घात करने में प्रवृत्त होता है उस समय जो प्राणी उस ग्राम को छोड़कर किसी दूसरे स्थान में चले गये हैं उनका घात उसके द्वारा नहीं होता है तो भी वह घातक पुरुष उन प्राणियों का अघातक या उनके प्रति हिंसात्मक चित्तवृत्ति न रखने वाला नहीं है क्योंकि उसकी इच्छा उन प्राणियों के भी घात की ही है अर्थात् वह उन्हें भी मारना ही चाहता है परन्तु वे उस समय वहाँ उपस्थित नहीं हैं इसलिये नहीं मारे जाते हैं इसी तरह जो प्राणी देश काल से दूर के

राओ वा सुत्ते वा जागरमाणे वा अमित्तभूता मिच्छासंठिया निच्चं पसढविउवातचित्तदण्डा त०—पाणाइवाते जाव मिच्छादसण-सल्ले इच्चेव जाव णो चेव मणो णो चेव वई पाणाणं जाव सत्ताणं दुक्खणयाए सोयणयाए जूरणयाए तिप्पणयाए पिट्टण-याए परितप्पणयाए ते दुक्खणसोयणजावपरितप्पणवहबंधण-

छाया—वा अमित्रभूताः मिथ्यासंस्थिताः नित्यं प्रशठव्यतिपातदण्डाः, तद्यथा प्राणातिपाते यावन्मिथ्यादर्शनशल्ये, इत्येव यावत् न चैव मनः न चैव वाक् प्राणानां यावत् सत्त्वानां दुःखनतया शोचनतया जूरणतया तेपनतया पिट्टनतया परितापनतया ते दुःखन शोचनयावत्परितापनवधबन्धनपरिक्लेशेभ्योऽप्रतिविरताः भवंति

अन्वयार्थ—पसढविउवातचित्तदंडा) वे अज्ञानी प्राणी भी सम्पूर्ण प्राणी और सम्पूर्ण सत्त्वों का दिन रात सोते और जागते हर समय शत्रु बने रहते हैं तथा उन्हें धोखा देना चाहते हैं एवं उनके प्रति सदा वे हिंसात्मक चित्त वृत्ति रखते हैं (तंजहा पाणाइवा ते जाव मिच्छादंसणसल्ले) वे प्राणातिपात से लेकर मिथ्यादर्शनशल्य पर्य्यन्त अठारह ही पापों में सदा आसक्त हैं। (इच्चेव जाव णो चेव मणो णो चेव वई पाणाणं जाव सत्ताणं दुक्खणयाए सोयणयाए जूरणयाए तिप्पणयाए पिट्टणयाए परितप्पणयाए ते दुक्खणसोयणजावपरितप्पणवहबंधणपरिकिलेसाओअप्पडि

भावार्थ—प्राणियों के घात का त्यागी नहीं है वह उनका भी हिंसक ही है और उसकी चित्तवृत्ति उनके प्रति भी हिंसात्मक ही है इसलिये पहले जो कहा गया है कि—अप्रत्याख्यानी प्राणी समस्त प्राणियों के हिंसक हैं सो ठीक ही है। इस विषय में दो दृष्टान्त शास्त्रकार ने बताये हैं एक संज्ञी का और दूसरा असंज्ञी का। उनका आशय यह है—जिस पुरुष ने एक मात्र पृथिवीकाय से अपना कार्य करना नियत करके शेष प्राणियों के आरम्भ करने का त्याग कर दिया है वह पुरुष देश काल से दूरवर्ती पृथिवीकाय का भी हिंसक ही है अहिंसक नहीं है। वह पुरुष पूछने पर यही कहता है कि—मैं पृथिवीकाय का आरम्भ करता हूँ और कराता हूँ

परिकिलेसाओ अप्पडिविरया भवंति ॥ इति खलु से असन्निणोऽवि सत्ता अहोनिसिं पाणातिवाए उवक्खाइज्जति जाव अहोनिसिं परिग्गहे उवक्खाइज्जति जाव मिच्छादंसणसल्ले उवक्खाइज्जति, (एव भूतवादी) सव्वजोणियावि खलु सत्ता

छाया—इति ते असंज्ञिनोऽपि सत्त्वा अहर्निशं प्रणातिपाते उपाख्यायन्ते यावदहर्निशं परिग्रहे उपाख्यायन्ते यावन्मिथ्यादर्शनशल्ये उपाख्यायन्ते (एव भूतवादी) सर्वयोनिकाः खलु सत्त्वाः संज्ञिनो

अन्वयार्थ—विरया भवंति)। इस प्रकार यद्यपि उन प्राणियों में मन तथा वाणी आदि नहीं है तथापि वे सम्पूर्ण प्राणी और सम्पूर्ण सत्त्वों को दुःख देना शोकाकुल करना क्षीण करना ताप देना पीड़ित करना परिताप देना एवं उन्हें एक ही साथ दुःख, शोक, परिताप वध और बन्धन देना आदि पाप कर्मों से निवृत्त नहीं हैं। (इति खलु से असण्णिणो वि सत्ता अहोणिसिं पाणातिवाए उवक्खाइज्जंति जाव अहोणिसिं परिग्गहे उवक्खाइज्जंति जाव मिच्छादंसणसल्ले उवक्खाइज्जंति) इस कारण वे प्राणी असंज्ञी होते हुए भी दिन रात प्राणातिपात में, तथा परिग्रह में एवं मिथ्यादर्शनशल्य तक के पापों में वर्तमान कहे जाते हैं। (सव्वजोणियावि खलु सत्ता सण्णिणो हुच्चा

भावार्थ—और करने वाले का अनुमोदन करता हूँ परन्तु वह यह नहीं कह सकता है कि—मैं श्वेत या नील पृथिवीकाय का आरम्भ करता हूँ शेष का नहीं करता हूँ क्योंकि उसका किसी भी पृथिवी विशेष का त्याग नहीं है इस लिये आवश्यकता न होने से या दूरता आदि के कारण वह जिस पृथिवी का आरम्भ नहीं करता है उसका भी अघातक नहीं कहा जा सकता है एव उस पृथिवी के प्रति उसकी चित्तवृत्ति हिंसारहित नहीं कही जा सकती है। इसी तरह प्राणियों के घात का प्रत्याख्यान नहीं किये हुए प्राणी को देशकाल से दूरवर्ती प्राणियों का अघातक या उनके प्रति उसकी अहिंसात्मक चित्त वृत्ति नहीं कही जा सकती है। यह संज्ञी का दृष्टान्त है अब असंज्ञी का दृष्टान्त बताया जाता है जो जीव ज्ञान रहित तथा मन से हीन हैं वे असंज्ञी कहे जाते हैं। ये जीव सोये हुए, मतवाले तथा मूर्छित आदि के समान होते हैं। पृथिवी से लेकर वनस्पतिकाय तक के

अविरए अप्पडिहयप्पच्चक्खायपावकम्मे सकिरिए असवुडे एगंतदंडे एगंतबाले एगंतसुत्ते से बाले अवियारमणवयणकायवक्के सुविणमवि ण पासइ पावे य से कम्मे कज्जइ ॥ (सूत्र ६६) ॥

छाया—सक्रियः असंवृतः एकान्तदण्डः एकान्तबालः एकान्तसुप्तः स बाल. अविचारमनोवचनकायवाक्यः स्वप्नमपि न पश्यति पापञ्च कर्म स करोति ॥ ६६ ॥

अन्वयार्थ—भगवान् ने इन्हें कहा है—(असजए अविरए अप्पडिहयपच्चक्खायपावकम्मे सकिरिए असंवुडे एगतबाले एगतसुत्ते) असंयत अविरत, पापों का प्रतिघात और प्रत्याख्यान न करने वाला क्रिया सहित संवररहित प्राणियों को एकान्त दण्ड देने वाला और एकान्त बाल एकान्त सोया हुआ (से बाले अवियारमणवयणकाय वक्के सुविणमवि ण पासइ पावे य से कम्मे कज्जइ) वह अज्ञानी मन, वचन, काय और वाक्य के विचार से रहित हो तथा स्वप्न भी न देखता हो यानी अत्यन्त अव्यक्त विज्ञान हो तो भी वह पाप कर्म करता है ॥ ६६ ॥

भावार्थ—सुप कह रहे हैं कि—कर्म की विचित्रता के कारण कभी संज्ञी, असंज्ञी हो जाते हैं और असंज्ञी कभी संज्ञी हो जाते हैं। क्योंकि जीवों की गति कर्माधीन होती है अत ऐसा कोई नियम नहीं है कि—जो इस भव में जैसा है दूसरे भव में भी वैसा ही रहेगा ॥ ६६ ॥



चोदकः—से किं कुव्वं किं कारवं कहं संजयविरयपडिहयपच्चक्खायपावकम्मे भवइ ?, आचार्य आह—तत्थ खलु भगवया छज्जीवणिकायहेऊ पण्णत्ता, तंजहा—पुढवीकाइया जाव तसकाइया, से जहाणामए मम अस्सातं डंडेण वा अट्ठीण वा मुट्ठीण वा लेलूण वा कवालेण वा आतोडिज्जमाणस्स वा जाव उवद्दविज्जमाणस्स वा जाव लोमुक्खणणमायमवि हिंसाकारं

छाया—स किं कुर्वन् किं कारयन् कथं संयतविरतप्रत्याख्यातपापकर्मा भवति, आचार्य आह—तत्र खलु भगवता षड्जीवनिकायहेतवः प्रज्ञप्ताः तद्यथा पृथिवीकायिकाः यावत् त्रसकायिकाः । स यथा नाम मम असातं दण्डेन वा, अस्थ्नावा, मुष्टिना वा लोष्टेनवा कपालेनवा आतोद्यमानस्य यावद् उपद्राव्यमाणस्य वा यावद्, रोमोत्खननमात्रमपि हिंसाकृतं दुःखं भय प्रतिसंवेदयामि, इत्येवं

अन्वयार्थ—(चोदकः से किं कुव्वं किं कारवं कहं संजयविरयपडिहयपच्चक्खायपावकम्मे भवइ) प्रश्नकर्ता प्रश्न करता है कि—मनुष्य क्या करता हुआ और क्या कराता हुआ तथा किस तरह संयत, विरत, और पाप का प्रतिघात और प्रत्याख्यान करने वाला होता है। (आचार्य्य आह) आचार्य कहता है (तत्थ खलु भगवया छज्जीवनिकाय हेऊ पण्णत्ता तं जहा—पुढवीकाइया जाव तसकाइया) इस विषय में श्री तीर्थङ्कर भगवान ने छः प्रकार के प्राणियों के समूह को कारण बताया है जैसे कि—पृथिवीकाय से लेकर त्रसकाय तक के प्राणियों को कारण कहा है। (से जहाणामए डंडेणवा अट्ठीणवा लेलूणवा मुट्ठीणवा कवालेणवा आतोडिज्जमाणस्स वा जाव उवद्दविज्जमाणस्सवा मम जाव लोमोक्खणणमायमवि हिंसाकारं

भावार्थ—प्रश्नकर्त्ता आचार्य से प्रश्न करता है कि—मनुष्य स्वयं क्या करके और दूसरे से क्या कराकर तथा किस उपाय से संयत विरत और पापकर्म का प्रतिघात और त्याग करने वाला होता है ? इसका उत्तर देता हुआ आचार्य कहता है कि श्री तीर्थंकर देव ने संयम के अनुष्ठान के कारण पृथिवी काय से लेकर त्रस, काय तक के प्राणियों को बताया है। जैसे

दुक्खं भयं पडिसंवेदेमि, इच्चेव जाण सव्वे पाणा जाव सव्वे सत्ता दण्डेण वा जाव कवालेण वा आतोडिज्जमाणे वा हम्ममाणे वा तज्जिज्जमाणे वा तालिज्जमाणे वा जाव उवद्दविज्जमाणे वा जाव लोमुक्खणणमायमवि हिंसाकारं दुक्खं भय पडिसंवेदेंति, एव णच्चा सव्वे पाणा जाव सव्वे सत्ता न हतव्वा जाव ण उद्दवेयव्वा, एस धम्मे धुवे णिइए सासए समिच्च लोगं

छाया—जानीहि सर्वे प्राणाः यावत् सर्वे सत्त्वाः दण्डेन वा यावत् कपालेन वा आतोधमानाः हन्यमानाः तर्ज्यमानाः ताड्यमानाः वा यावद् उपद्राव्यमाणाः वा यावद् रोमोत्खननमात्रमपि हिंसाकरं दुःखं भय प्रतिसंवेदयन्ति । एव ज्ञात्वा सर्वे प्राणाः यावत् सर्वे सत्त्वाः न हन्तव्याः यावन्नोपद्रावयितव्याः एष धर्मः ध्रुवः नित्यः शाश्वतः

अन्वयार्थ—दुक्खं भयं असातं प्रतिसंवेदेमि) जैसे डंडा, हड्डी, ढेला, मुक्का तथा कपाल के द्वारा ताड़न किये जाने पर एवं उपद्रव किये जाने पर यहाँ तक कि एक रोम उखाड़ने पर भी जिस प्रकार मैं हिंसाजनित दुःख और भय को प्राप्त करता हूँ (इच्चेवं जाण सव्वे पाणा जाव सव्वे सत्ता दंडेणवा जाव कवालेणवा आतोडिज्जमाणे वा हम्ममाणेवा तज्जिज्जमाणेवा जाव उवद्दविज्जमाणेवा जाव लोमोक्खणणमायमवि हिंसाकरं दुक्ख भयं पडिसंवेदेंति) इसी तरह जानना चाहिये कि— सभी प्राणी और सभी सत्त्व डंडा आदि से लेकर कपाल तक के द्वारा मारने पर और उपद्रव करने पर एवं रोम मात्र उखाड़ देने पर हिंसाजनित दुःख और भय का अनुभव करते हैं (एवं णच्चा सव्वे पाणा जाव सव्वे सत्ता ण हंतव्वा जाव ण उवद्दवेयव्वा) ऐसा जान कर सभी प्राणी और सभी सत्त्वों को न मारना चाहिये और उन पर उपद्रव न करना चाहिये (एस धम्मे धुवे णिइए सासए समिच्च

भावार्थ—प्रत्याख्यान रहित प्राणियों के लिये ये उक्त छः काय के जीव संसारगति के कारण होते हैं इसी तरह प्रत्याख्यान करने वाले प्राणियों के लिए ये मोक्ष के कारण कहे गये हैं जैसे अपने को कोई प्राणी किसी प्रकार का दुःख देता है तो जैसे अपने को वह बुरा प्रतीत होता है इसी तरह

खेयन्नेहिं पवेदिए, एव से भिक्खू विरते पाणाइवायातो जाव मिच्छादसणसल्लाओ, से भिक्खू णो दतपक्खालणेण दते पक्खालेज्जा, णो अजण णो वमण णो धूवणित्त पि आइत्ते, से भिक्खू अकिरिए अलूसए अकोहे जाव अलोभे उवसते परिनिव्वुडे, एस खलु भगवया अक्खाए सजयविरयपडिहयपच्चक्खायपावकम्मे अकिरिए सवुडे, एगतपडिए भवइ त्तिबेमि

छाया—समित्य लोकं खेदज्ञैः प्रवेदित । एव स भिक्षुर्विरत' प्राणातिपातत' यावन्मिथ्यादर्शनशल्यतः स भिक्षुर्नो दन्तप्रक्षालनेन दन्तान् प्रक्षालयेत् नो अञ्जनं नो वमन नो धूपनमप्याददीत स भिक्षुरक्रियः अलूपक अक्रोधः यावत् अलोभ उपशान्तः परिनिर्वृत्त । एष खलु भगवता आख्यातः सयतविरतप्रतिहत

अन्वयार्थ—(लोगं खेयन्नेहिं पवेइए) यह धर्म ही ध्रुव है नित्य है और सनातन है तथा लोक के स्वभाव को जानकर यही तीर्थंकरों द्वारा कहा हुआ है। (एवं से भिक्खू विरए पाणाइवाते जाव मिच्छादंसणसल्ले) यह जान कर साधु पुरुष प्राणातिपात से लेकर मिथ्यादर्शनशल्य तक अठारह ही पापों से विरत होता है। (से भिक्खू णो दंतपक्खालणेणं दंते पक्खालेज्जा णो अंजणं णो वमणं णो धूवणित्तं पि आइत्ते) यह साधु दाँतों को धोने वाले काष्ठ आदि के दातौन अथवा दूसरे साधनों से दाँतों को न धोवें तथा नेत्र में अंजन न लगावें एवं दवा लेकर वमन न करें एवं धूपके द्वारा अपने केश और वस्त्रों को सुगन्धित न करें। (से भिक्खू अकिरिए अलूसए अकोहे जाव अलोभे उवसंते परिनिव्वुडे) वह साधु सावद्य क्रिया रहित हिंसा रहित क्रोध और लोभ से रहित एवं उपशान्त तथा पाप रहित होकर रहे। (एस खलु भगवया संजयविरयपडिहयपच्चक्खायपावकम्मे अकिरिए संवुडे एगंतपंडिएत्ति

भावार्थ—अपने भी जब दूसरे को कष्ट देते हैं तो वह भी दुःख अनुभव करता है यह जान कर किसी भी प्राणी को दुःख न देना चाहिये। यह जानकर जो पुरुष किसी प्राणी को कष्ट नहीं देता है सभी को दुःख देने का त्याग कर देता है वही पुरुष अहिंसक तथा अपने पापों का प्रतिघात और त्याग करने वाला है। वह सभी प्राणियों की हिंसा को त्याग

(सूत्र ६७) ॥ इति बीयसुयक्खंधस्स पच्चक्खाणकिरिया णाम चउत्थमज्झयण समत्तं ॥ २-४ ॥

छाया—प्रत्याख्यातपापकर्मा अक्रियः संवृतः एकान्तपण्डितः भवतीति ब्रवीमि ॥६७॥

अन्वयार्थ—भाहिए त्तिबेमि) ऐसे संयमी, विरति युक्त तथा पाप कर्मों का प्रतिघात और त्याग करने वाले पुरुष को भगवान् ने अक्रिय (क्रिया रहित) संवर युक्त और एकान्त पण्डित कहा है यह मैं कहता हूँ ॥६७॥

भावार्थ—करना रूप धर्म ही सत्य और स्थिर धर्म है और इसी को सर्वज्ञों ने सर्वोत्तम धर्म माना है। जो पुरुष इस धर्म का अनुयायी है वही सावद्य कर्मों का त्यागी, अहिंसक, और एकान्त पण्डित है ॥६७॥

यह चौथा अध्ययन समाप्त हुआ।



॥ ओ३म् ॥

श्री सूत्रकृताङ्ग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का

पंचम अध्ययन



चतुर्थ अध्ययन में संसार सागर से पार जाने की इच्छा करने वाले पुरुष को प्रत्याख्यान करने की आवश्यकता बताई गई है परन्तु जब तक मनुष्य सम्पूर्ण अनाचारों को वर्जित करके सम्यक् आचार में स्थित नहीं होता है तब तक वह पूर्णरूप से प्रत्याख्यान का पालन नहीं कर सकता है इसलिये आचार के पालन और अनाचार के वर्जन का वर्णन करने के लिये यह पाँचवाँ अध्ययन आरम्भ किया जाता है। आचार और अनाचारों का वर्णन करने के कारण इस अध्ययन का नाम आचारश्रुताध्ययन है। इस अध्ययन को जानकर मनुष्य आचार और अनाचार का ज्ञाता होकर आचार के पालन और अनाचार के त्याग में समर्थ हो सकता है। जो पुरुष आचार के पालन और अनाचार के त्याग में निपुण है वह कुमार्ग को वर्जित करके सुमार्ग से जाते हुए पथिक की तरह सब दोषों से रहित होकर अपने अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति कर लेता है। जो आचार इस अध्ययन में कहा गया है वह साधुओं का ही आचार है इसलिये इस अध्ययन को कोई "अनगारश्रुत" भी कहते हैं।




आदाय बंभचेरं च, आसुपन्ने इमं वइं।
अस्सिं धम्मे अणायारं, नायरेज्ज कयाइवि॥ (सूत्र १)॥

छाया—आदाय ब्रह्मचर्य्यञ्च, आशुप्रज्ञ इदं वचः।
अस्मिन् धर्मे अनाचारं, नाचरेच्च कदापि हि॥ १॥

अन्वयार्थ—(आसुपन्ने इमं वइं बंभचेरं च आदाय कयाइवि अस्सिं धम्मे अणायारं नायरेज्ज) सत् और असत् का ज्ञाता पुरुष इस अध्ययन के वाक्य को तथा ब्रह्मचर्य्य को धारण करके कभी भी इस धर्म में अनाचार का सेवन न करे॥ १॥

भावार्थ—इस सूत्रकृताङ्ग सूत्र के आदि में श्री तीर्थंकर देव ने प्राणियों को ज्ञान प्राप्त करने की आवश्यकता बताई है तथा दूसरे श्रुतस्कन्ध के चतुर्थ अध्ययन के अन्त में मनुष्य को पण्डित बनने की आवश्यकता कही है अतः इस गाथा के द्वारा यह बताया जाता है कि— मनुष्य ब्रह्मचर्य्य धारण करने से ही ज्ञान को प्राप्त करने में तथा पण्डित बनने में समर्थ हो सकता है अन्यथा नहीं। जिसमें सत्य, तप, जीवदया, और इन्द्रियों का निरोध किया जाय ऐसे कार्य्य को ब्रह्मचर्य्य कहते हैं तथा इन विषयों का वर्णन करने वाला जो आगम है वह भी ब्रह्मचर्य्य कहा जाता है इसलिए सत्य, तप, जीवदया और इन्द्रियनिरोध का वर्णन करने वाला यह जैनेन्द्र प्रवचन भी ब्रह्मचर्य्य है इसलिये इस जैनेन्द्र प्रवचनरूप ब्रह्मचर्य्य को स्वीकार करके विवेकी पुरुष कभी भी सावद्य अनुष्ठान न करे यह शास्त्रकार उपदेश देते हैं। यह 'जैनेन्द्र प्रवचन सम्यग् ज्ञान दर्शन और चारित्ररूप मोक्षमार्ग का उपदेशक है इसलिये इसमें कहे हुए पदार्थों को सम्यक् और उसके अनुसार आचरण को शुभ आचरण तथा अन्य दर्शनोक्त पदार्थों को मिथ्या तथा उसमें कहे हुए कुमन्तव्यों को मिथ्या अचार जानना चाहिये। इस जैनेन्द्र आगम में कहा हुआ सम्यग्दर्शन तत्त्व अर्थ के श्रद्धान का नाम है और जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आश्रव, बन्ध, संवर निर्जरा और मोक्ष का नाम तत्त्व है। एवं धर्म, अधर्म, आकाश, पुद्गल, जीव और काल का नाम द्रव्य है। द्रव्य, नित्य और अनित्य उभय स्वभाववाले होते हैं। अथवा सामान्यविशेषात्मक अनादनन्त यह जो चतुर्दश रज्जुस्वरूप लोक है इसको तत्त्व कहते हैं और उसमें श्रद्धान का नाम सम्यग्दर्शन

भावार्थ—है। ज्ञान, मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्य्याय और केवल भेद से पाँच प्रकार का है। चारित्र, सामायिक, छेदोपस्थानीय, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसम्पराय और यथाख्यात भेद से पांच प्रकार का है। अथवा मूल और उत्तर गुण के भेद से चारित्र अनेक प्रकार का है। इस प्रकार सम्यग्दर्शन ज्ञान और चारित्र को बताने वाला यह जैनेन्द्र आगम ही वस्तुतः ब्रह्मचर्य्य है उसको प्राप्त करके मनुष्य को अनाचार का सेवन न करना चाहिये यह शास्त्रकार उपदेश देते हैं ॥ १ ॥



अणादीयं परिन्नाय, अणवदग्गेति वा पुणो ।
सासयमसासए वा, इति दिट्ठिं न धारए ॥ (सूत्र २) ॥

छाया—अनादिकं परिज्ञाय अनवदग्रमितिवा पुनः ।
शाश्वतमशाश्वतंवा, इति दृष्टिं न धारयेत् ॥ २ ॥

अन्वयार्थ—(अणादियं पुणो अणवदग्गेति परिण्णाय सासए असासए वा दिट्ठिं न धारए) विवेकी पुरुष इस जगत को अनादि और अनन्त जानकर इसे एकान्त नित्य अथवा एकान्त अनित्य न माने ॥ २ ॥

एएहिं दोहिं ठाणेहिं, ववहारो ण विज्जई ।
एएहिं दोहिं ठाणेहिं, अणायारं तु जाणए ॥ (सूत्र ३) ॥

छाया—एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यां, व्यवहारो न विद्यते ।
एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यामनाचारन्तु जानीयात् ॥ ३ ॥

अन्वयार्थ—(एएहिं दोहिं ठाणेहिं ववहारो न विज्जई) एकान्त नित्यता और एकान्त अनित्यता इन दोनों पक्षों से जगत् का व्यवहार नहीं चल सकता है (एएहिं दोहिं ठाणेहिं अणायारंतु जाणए) इस लिए इन दोनों पक्षों के आश्रय को अनाचार सेवन जानना चाहिए ॥ ३ ॥

भावार्थ—संसार में जितने भी पदार्थ हैं सभी कथंचित् नित्य और कथंचित अनित्य हैं परन्तु ऐसा पदार्थ नहीं है जो एकान्त नित्य अथवा एकान्त

भावार्थ—अनित्य हो। ऐसी दशा में किसी भी पदार्थ को एकान्त नित्य अथवा एकान्त अनित्य मानना अनाचार का सेवन करना है। इस आर्हत आगम के सिद्धान्तानुसार सभी पदार्थ सामान्य और विशेष एतदुभयात्मक हैं इसलिए वे सामान्य अंश को लेकर नित्य और विशेष अंश को लेकर अनित्य हैं अतः सभी नित्यानित्यात्मक हैं यह जानना आचार का सेवन समझना चाहिये। ऐसी मान्यता युक्तियुक्त होने पर भी अन्यदर्शनी स्वीकार नहीं करते हैं किन्तु एकान्त पक्ष का आश्रय लेकर वे किसी पदार्थ को एकान्त नित्य तथा किसी को एकान्त अनित्य कहते हैं। सांख्यवादी कहता है कि—"पदार्थों की न तो उत्पत्ति होती है और न विनाश ही होता है अतः आकाश आदि सभी पदार्थ एकान्त नित्य हैं।" एवं बौद्ध समस्त पदार्थों को निरन्वयक्षणभङ्गर मान कर एकान्त अनित्य कहता है। वस्तुतः ये दोनों ही मिथ्यावादी हैं क्योंकि जगत् की कोई भी वस्तु एकान्त नित्य नहीं है पदार्थ की उत्पत्ति और विनाश प्रत्यक्ष देखा जाता है और उनकी नवीनता तथा पुराणताभी प्रत्यक्ष देखी जाती है। जगत् का व्यवहार भी इसी तरह का है लोग कहते हैं कि यह वस्तु नई है और यह पुरानी है, एवं यह वस्तु नष्ट हो गई अतः लोक में एकान्त नित्यता का व्यवहार भी नहीं देखा जाता है। एवं यह आत्मा यदि उत्पत्ति विनाश रहित सदा एक रूप एक रस रहने वाला कूटस्थनित्य है तो इसका बन्ध और मोक्ष नहीं हो सकता है फिर दीक्षा ग्रहण करने और शास्त्रोक्त नियमों को पालन करने की कोई आवश्यकता नहीं हो सकती है अतः पारलौकिक विषयों में भी एकान्त नित्यतावाद सम्भव नहीं है। जिस तरह यह एकान्तनित्यतावाद अयुक्त और लौकिक तथा पारलौकिक व्यवहारों से विरुद्ध है इसी तरह एकान्त अनित्यतावाद भी लोक से विरुद्ध है। यदि आत्मा आदि समस्त पदार्थ एकान्त अनित्य अर्थात् एकान्त क्षणिक हैं तो लोग भविष्य में उपभोग करने के लिये घरदारादि तथा धन धान्यादि पदार्थों का संग्रह क्यों करते हैं? तथा बौद्धगण दीक्षा ग्रहण और विहार आदि क्यों करते हैं? क्योंकि जब कोई स्थिर आत्मा है ही नहीं तब फिर बन्ध और मोक्ष किसका हो सकता है? अतः ये दोनों ही मान्यताओं को मौनीन्द्रमत से विरुद्ध और अनाचार जानना चाहिये। पदार्थ कथञ्चित् नित्य और कथञ्चित् अनित्य हैं यह पक्ष ही युक्तियुक्त और मौनीन्द्रसम्मत होने के कारण माह्य है। सामान्य अंश को लेकर सभी पदार्थ नित्य हैं और प्रतिक्षण बदलने वाले विशेषांश को लेकर सभी पदार्थ अनित्य हैं। इस प्रकार

भावार्थ—उत्पादव्यय और ध्रौव्यरूप जो आर्हद्दर्शनसम्मत पदार्थ का स्वरूप है वही ठीक है। अतएव कहा है कि—"घटमौलिसुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम् शोकप्रमोदमाध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम्" अर्थात् किसी राजकन्या के पास एक सोने का घड़ा था। राजा ने सोनार से उस घड़े को गलवा कर अपने राजकुमार के लिये मुकुट बनवाया। यह जान कर राजकन्या को दुःख हुआ क्योंकि उस बिचारी का घड़ा नष्ट होगया और राजकुमार को बड़ा हर्ष हुआ क्योंकि उसको मुकुट की प्राप्ति हुई परन्तु उस राजा को न तो हर्ष ही हुआ और न शोक ही हुआ क्योंकि उसका सुवर्ण तो ज्यों का त्यों बना ही रह गया चाहे वह घड़े के रूप में रहे अथवा मुकुट के रूप में। यदि पदार्थ एकान्त नित्य हो तो राजकन्या को शोक क्यों होना चाहिये एवं यदि एकान्त अनित्य हो तो राजकुमार को हर्ष भी क्यों हो सकता है? तथा राजा का हर्ष और शोक दोनों ही न हुए ऐसा भी क्यों होता? अतः पदार्थ कथंचित् नित्य और कथंचित् अनित्य है यह पक्ष ही सत्य है। ऐसा मान कर घड़े को नष्ट हुआ जान कर राजकन्या का दुःख होना और [illegible] मुकुट होना समझ कर राजकुमार का हर्ष होना तथा [illegible] ही रहना जानकर राजा को मध्यस्थ होना [illegible] अतः एकान्त अनित्यता और एकान्त नित्यता [illegible] अनाचार जानना चाहिये ॥ ३ ॥

समुच्छिज्जिहिंति सत्थारो, सव्वे पाणा अणेलिसा ।
गंठिगा वा भविस्संति, सासयंति व णो वए ॥ (सूत्र ४) ॥

छाया—समुच्छेत्स्यन्ति शास्तारः, सर्वे प्राणा अनीदृशाः ।
ग्रन्थिका वा भविष्यन्ति, शाश्वता इति नो वदेत् ॥ ४ ॥

अन्वयार्थ—(सत्थारो समुच्छिज्जिहिंति) सर्वज्ञ तथा [illegible] क्षय अथवा सिद्धि को प्राप्त करेंगे ([illegible]) [illegible] विसदृश हैं (गंठिगा वा भविस्संति) [illegible] (सासयंति व णो वए) एवं तीर्थंकर [illegible] नहीं बोलने चाहिये ॥ ४ ॥

एएहिं दोहिं ठाणेहिं, ववहारो ण विज्जइ ।
एएहिं दोहिं ठाणेहिं, अणायार तु जाणए ॥ (सूत्र ५) ॥

छाया—एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यां व्यवहारो न विद्यते ।
एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यामनाचारन्तु जानीयात् ॥ ५ ॥

अन्वयार्थ—(एएहिं दोहिं ठाणेहिं ववहारो ण विज्जइ) क्योंकि इन दोनों एकान्तमय पक्षों से लोक में व्यवहार नहीं होता है (एएहिं दोहिं ठाणेहिं अणायारं तु जाणए) अतः इन दो पक्षों का आश्रय लेना अनाचार सेवन जानना चाहिये ॥ ५ ॥

भावार्थ—तीर्थ के प्रवर्तक सर्वज्ञ तीर्थंकर और उनके शासन को मानने वाले भव्य जीव सब के सब क्षय अथवा सिद्धि को प्राप्त होंगे, उस समय यह जगत् भव्य जीवों से रहित हो जायगा क्योंकि काल अनन्त है और जगत् में नये जीव की उत्पत्ति नहीं होती है इसलिये मुक्ति होते-होते जब समस्त भव्य जीवों की मुक्ति हो जायगी तो भव्य जीवों का अवश्य इस जगत् से उच्छेद हो जायगा। नये भव्य जीव उत्पन्न नहीं होवे और पुराने सभी मोक्ष में चले जायेंगे फिर भव्य जीव इस जगत् में सदा नहीं रह सकते यह एकान्तमय वचन कभी नहीं कहना चाहिये इसी प्रकार सभी प्राणी कर्म बन्धन में ही पड़े रहेंगे यह भी एकान्त वचन नहीं कहना चाहिये तथा तीर्थंकर सदा स्थायी ही रहेंगे उनका क्षय कभी नहीं होगा यह भी नहीं कहना चाहिये ।

इस प्रकार जो यहां एकान्त वचनों के कहने का निषेध किया जाता है इसका कारण यह है कि—जैसे भविष्य काल का अन्त नहीं है उसी तरह भव्य जीवों का भी अन्त नहीं है इसलिये जैसे भविष्य काल का उच्छेद असम्भव है इसी तरह सम्पूर्ण भव्य जीवों का उच्छेद भी असम्भव है। यदि भव्य जीवों का उच्छेद सम्पूर्णरूपेण मान लिया जाय तो वे अनन्त नहीं हो सकते हैं अतः सम्पूर्ण भव्य जीवों की मुक्ति होने पर उनसे जगत् को खाली बताना असंगत है। इसी तरह तीर्थंकरों का क्षय बताना भी अयुक्त है क्योंकि—क्षय का कारण कर्म है वह सिद्धों में नहीं है फिर उनका क्षय किस तरह हो सकता है ? । यदि भवस्थ केवली की अपेक्षा से उच्छेद होना बताते हो तो यह भी ठीक नहीं है क्योंकि—भवस्थ केवली भी प्रवाह की अपेक्षा से अनादि और अनन्त हैं अतः

भावार्थ—उनका भी सम्पूर्णरूपेण इस जगत् में अभाव सम्भव नहीं है। वस्तुत भवस्थ केवली सिद्धि को प्राप्त होते हैं इसलिये वे शाश्वत नहीं हैं तथा प्रवाह की अपेक्षा से वे सदा रहते हैं इसलिये शाश्वत भी हैं अत भवस्थ केवली कथंचित् शाश्वत और कथञ्चित् अशाश्वत हैं यह अनेकान्त वचन ही विवेकी को कहना चाहिये। इसी तरह जगत् के समस्त प्राणियों को परस्पर विलक्षण कहना भी ठीक नहीं है क्योंकि—सभी प्राणिवर्गों का जीव समानरूप से उपयोग वाला और असंख्य प्रदेशी तथा अमूर्त है इसलिये वे कथञ्चित् सदृश भी हैं और वे भिन्न-भिन्न कर्म, गति, जाति, शरीर और अंगोपाङ्ग से युक्त हैं इसलिये कथंचित् विलक्षण भी हैं। एवं कोई जीव अधिक वीर्य्य वाले होते हैं इस कारण वे कर्म ग्रन्थिका भेदन कर देते हैं और कोई अल्पपराक्रमी भेदन नहीं कर सकते हैं इसलिये एकान्त रूप से सभी को कर्म ग्रन्थि में पड़े रहना नहीं कहा जा सकता है। अत कोई कर्म गन्थिका भेदन करने वाले और कोई न करने वाले होते हैं यही कहना शास्त्रसम्मत समझना चाहिये ॥ ४५ ॥



जे केइ खुद्दगा पाणा, अदुवा संति महालया।
सरिसं तेहिं वेरंति, असरिसंती य णो वदे ॥ (सूत्र ६) ॥

छाया—ये केचित् क्षुद्रकाः प्राणा, अथवा सन्ति महालया।
सदृशं तेषां वैरमिति असदृशमिति नो वदेत् ॥ ६ ॥

अन्वयार्थ—(जे केई खुद्दगा पाणा अदुवा महालया संति) इस जगत् में जो एकेन्द्रिय आदि क्षुद्र प्राणी हैं और जो हाथी घोड़े आदि महाकाय वाले प्राणी हैं (तेहिं सरिसं असरिसंवा वेरंति णो वए) उन दोनों की हिंसा से समान ही वैर होता है अथवा समान नहीं होता है यह नहीं कहना चाहिए ॥ ६ ॥

एएहिं दोहिं ठाणेहिं, ववहारो ण विज्जई।
एएहिं दोहिं ठाणेहिं, अणायार तु जाणए ॥ (सूत्र ७) ॥

छाया—एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यां व्यवहारो न विद्यते।
एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्या मनाचारन्तु जानीयात् ॥ ७ ॥

अन्वयार्थ—(एएहिं दोहिं ठाणेहिं ववहारो ण विज्जइ) इन दोनों एकान्तमय वचनों से व्यवहार नहीं होता है (एएहिं दोहिं ठाणेहिं अणायारं तु जाणए) इसलिये इन दोनों एकान्तमय वचनों को बोलना अनाचार सेवन समझना चाहिये ॥ ७ ॥

भावार्थ—इस जगत् में एकेन्द्रिय द्वीन्द्रिय आदि जो क्षुद्र प्राणी हैं तथा क्षुद्र शरीर वाले जो पञ्चेन्द्रिय जीव हैं एवं हाथी घोड़े आदि जो महाकाय वाले प्राणी हैं उन सबों का आत्मा समान प्रदेश वाला है इसलिये उन सबों के मारने से समान ही कर्मबन्ध होता है यह एकान्त वचन नहीं बोलना चाहिये। तथा इन प्राणियों के ज्ञान इन्द्रिय और शरीरों में सदृशता नहीं है इसलिये इनके मारने से समान कर्मबन्ध नहीं होता है यह भी एकान्त वचन नहीं कहना चाहिये। इस प्रकार इन एकान्त वचनों के निषेध का अभिप्राय यह है कि—उन मारे जाने वाले प्राणी की क्षुद्रता और महत्ता ही कर्मबन्ध की क्षुद्रता और महत्ता के कारण नहीं हैं किन्तु मारने वाले का तीव्र भाव,मन्दभाव,ज्ञानभाव,अज्ञानभाव,महावीर्य्यता और अल्पवीर्य्यताभी कारण हैं। अत: मारे जाने वाले प्राणी और मारने वाले प्राणी इन दोनों की विशिष्टता से कर्मबन्ध की विशिष्टता होती है अत: एक मात्र मारे जाने वाले प्राणी के हिसाब से ही कर्मबन्ध के न्यूनाधिक्य की व्यवस्था करना ठीक नहीं है अत: यह अनाचार है। बात यह है कि—जीव नित्य है इसलिये उसकी हिंसा सम्भव नहीं है इसलिये इन्द्रिय आदि के घात को हिंसा कहते हैं जैसा कि—पञ्चेन्द्रियाणि त्रिविधं बलञ्च, उच्छ्वासनिश्वासमथान्यदायु: प्राणा: दशैते भगवद्भिरुक्तास्तेषां वियोगीकरणन्तु हिंसा"। ५ इन्द्रियाँ। तीन प्रकार के बल उच्छ्वास निश्वास और आयु ये दश प्राण भगवान् द्वारा कहे गये हैं इसलिये इनको शरीर से अलग कर देना हिंसा है वह हिंसा भावकी अपेक्षा से कर्मबन्ध को उत्पन्न करती है यही कारण है कि रोगी के रोग की निवृत्ति के लिये भली भाँति चिकित्सा करते हुए वैद्य के हाथ से यदि रोगी की मृत्यु हो जाती है तो उस वैद्य को उस रोगी के साथ वैर का बन्ध नहीं होता है। तथा दूसरा मनुष्य जो रस्सी को सर्प मान कर उसे पीटता है उसको कर्मबन्ध अवश्य होता है क्योंकि उसका भाव दूषित है अत: शास्त्रकार कहते हैं कि—विवेकी पुरुष को कर्मबन्ध के विषय में एकान्त बात न कह कर यही कहना चाहिये कि—वध्य और वध करने वाले प्राणियों के भाव की अपेक्षा से कर्मबन्ध में कथञ्चित् सादृश्य होता भी है और नहीं भी होता है ॥६-७॥

अहाकम्माणि भुंजंति, अण्णमण्णे सकम्मुणा ।
उवलित्तेति जाणिज्जा, अणुवलित्तेति वा पुणो ॥ (सूत्र ८) ॥

छाया—आधाकर्माणि भुञ्जते, अन्योऽन्य स्वकर्मणा ।
उपलिप्तानिति जानीयादनुपलिप्तानिति वा पुन ॥ ८ ॥

अन्वयार्थ—(आहाकम्माणि भुंजंति अण्णमण्णे सकम्मुणा उवलित्तेति वा पुणो अणुवलित्ते ति णो वए) जो साधु आधाकर्मी आहार खाते हैं वे परस्पर पाप कर्म से उपलिप्त नहीं होते हैं अथवा उपलिप्त होते हैं ये दोनों एकान्त वचन न कहे ॥ ८ ॥

एएहिं दोहिं ठाणेहिं, ववहारो ण विज्जई ।
एएहिं दोहिं ठाणेहिं, अणायारं तु जाणए ॥ (सूत्र ९) ॥

छाया—आभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यां, व्यवहारो न विद्यते ।
आभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्या मनाचारन्तु जानीयात् ॥ ९ ॥

अन्वयार्थ—(एएहिं दोहिं ठाणेहिं ववहारो ण विज्जई) क्योंकि इन दोनों एकान्त वचनों से व्यवहार नहीं होता है (एएहिं दोहिं ठाणेहिं अणायारं तु जाणए) इसलिये इन दोनों एकान्त वचनों को कहना अनाचार सेवन जानना चाहिये ॥ ९ ॥

भावार्थ—भोजन, वस्त्र, तथा मकान आदि जो कुछ पदार्थ साधु को दान देने के उद्देश्य से बनाये जाते हैं वे आधाकर्म कहलाते हैं ऐसे आधाकर्म आहार आदि का उपभोग करने वाला साधु कर्म से उपलिप्त होता ही है ऐसा एकान्त वचन न कहना चाहिये क्योंकि—आधाकर्मी आहार आदि भी शास्त्र विधि के अनुसार अपवाद मार्ग में कर्मबन्ध के कारण नहीं होते हैं किन्तु शास्त्रीय विधि का उल्लंघन करके आहार की गृद्धि से जो आधाकर्मी आहार लिया जाता है वही कर्मबन्ध का कारण होता है । अतएव विद्वानों की उक्ति है कि—"किञ्चिच्छुद्धं कल्प्यमकल्प्यं वा स्यादकल्प्यमपि कल्प्यम् । पिण्डः शय्या वस्त्रं पात्रं वा भेषजाद्यं वा" अर्थात् किसी अवस्था विशेष में शुद्ध और कल्पनीय भी पिण्ड, शय्या, वस्त्र, पात्र और भेषज आदि अशुद्ध तथा अकल्पनीय हो जाते हैं एवं यह भी कहा है कि—"उत्पद्यते हि सावस्था देशकालामयान् प्रति । यस्यामकार्य्यं कार्यं स्यात् कर्म कार्य्यञ्च वर्जयेत् ।" अर्थात् मनुष्य की

भावार्थ—कभी ऐसी भी अवस्था हो जाती है जिसमें न करने योग्य कार्य्य भी कर्त्तव्य और करने योग्य कार्य्य अकर्त्तव्य हो जाता है। अत: किसी देश विशेष या काल विशेष में तथा किसी अवस्थाविशेष में शुद्ध आहार न मिलने पर आहार के अभाव से अनर्थ की उत्पत्ति हो सकती है क्योंकि उस दशा मे क्षुधा से पीड़ित साधु भली भांति ईर्य्यापथ का परिशोधन नहीं कर सकता है। उस साधु से चलते समय जीवों का उपमर्द भी सम्भव है। तथा वह क्षुधा की पीड़ा से मूर्च्छित होकर गिर पड़े तो त्रस जीवों की विराधना अवश्यभावी है तथा वह यदि अकाल में ही काल का ग्रास बन जाय तो उसकी विरति का नाश हो सकता है एव आर्तध्यान होने पर उसकी नीच गति हो सकती है अतएव आगम में लिखा है कि—"सव्वत्थ सजम सजमाओ अप्पाणमेव रक्खेज्जा।" साधु को हर हालत में सयम की रक्षा करनी चाहिये और सयम से भी अपने शरीर की रक्षा करनी चाहिये अत: आधाकर्म का सेवन पाप का ही कारण है यह एकान्त वचन नहीं कहना चाहिये। तथा आधा कर्म के सेवन से पाप बन्ध होता ही नहीं यह एकान्त वचन भी नहीं कहना चाहिये। क्योंकि आधाकर्म आहार आदि के बनाने में प्रत्यक्ष ही छ: काय के जीवों की विराधना होती है अत छ: काय के जीवों की विराधना से पापबन्ध होना आवश्यक है इसलिये आधाकर्म के सेवन से पाप न होने का कथन भी अनाचार है वस्तुत: आधाकर्म के सेवन से कथञ्चित् पापबन्ध होता है यह अनेकान्तात्मक वचन ही आचारसम्मत समझना चाहिये ॥ ८-९ ॥



जमिद ओरालमाहारं, कम्मगं च तहेव य (तमेव तं)।
सव्वत्थ वीरियं अत्थि, णत्थि सव्वत्थ वीरियं ॥ (सूत्र १०) ॥

छाया—यदिदमौदारिकमाहारकं कर्मगञ्च तथैव च।
सर्वत्र वीर्य्यमस्ति नास्ति सर्वत्र वीर्य्यम् ॥ १० ॥

अन्वयार्थ—(जमिद ओराल माहारं तहेव कम्मगंच) ये जो औदारिक आहारक और कार्मण शरीर हैं वे सब एक ही हैं अथवा ये एकान्त रूप से भिन्न भिन्न हैं ये दोनो एकान्त मय वचन नहीं कहने चाहिये। (सव्वत्थ वीरियं अत्थि सव्वत्थ वीरियं

अन्वयार्थ—नत्थि) एवं सब पदार्थों में सब पदार्थों की शक्ति मौजूद है अथवा सब में सब की शक्ति नहीं है ये वचन भी नहीं कहने चाहिये । ॥१०॥

एएहिं दोहिं ठाणेहिं, ववहारो ण विज्जई ।
एएहिं दोहिं ठाणेहिं, अणायारंतु जाणए ॥ (सूत्र ११) ॥

छाया—एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यां व्यवहारो न विद्यते ।
एताभ्यां द्वाभ्यां स्थानाभ्यामनाचारन्तु जानीयात् ॥ ११ ॥

अन्वयार्थ—(एएहिं दोहिं ठाणेहिं ववहारो न विज्जती) क्योंकि इन दोनों स्थानों के द्वारा व्यवहार नहीं होता है (एएहिं दोहिं ठाणेहिं अणायारंतु जाणए) इस लिये इन दोनों स्थानों से व्यवहार करना अनाचार सेवन जानना चाहिये ॥ ११ ॥

भावार्थ—पूर्वगाथा में आहार के सम्बन्ध में अनाचार का वर्णन किया है। इस लिये इस गाथा में आहार करने वाले शरीर के सम्बन्ध में अनाचार वर्णन किया जाता है। शरीर पाँच प्रकार का होता है, औदारिक, आहारक, कार्मण, तैजस, और वैक्रिय। जो शरीर सर्व प्रत्यक्ष है और उदार पुद्गलों के द्वारा बना हुआ है वह औदारिक कहलाता है। यह औदारिक शरीर निस्सार है इस लिये इसे उदाल भी कहते हैं। यह औदारिक शरीर मनुष्य और तिर्य्यञ्चों का ही होता है। आहारक शरीर वह है जो चौदह पूर्वधारी पुरुष के द्वारा किसी विषय में संशय होने पर बनाया जाता है। इस आहारक शरीर का इस गाथा में ग्रहण है इसलिये इससे वैक्रिय शरीर का भी ग्रहण समझना चाहिये। कर्मण शरीर वह है जो कर्मों से बना हुआ है इसके ग्रहण से इसके सहचारी तैजस शरीर का भी ग्रहण करना चाहिये। औदारिक, वैक्रिय और आहारक शरीरों में से प्रत्येक शरीर तैजस और कार्मण शरीर के साथ ही पाये जाते हैं अतः इनमें परस्पर एकता की आशंका किसी को न हो इसलिए शास्त्रकार ने यहाँ इनके एकत्व का कथन अनाचार बताया है। आशय यह है कि—औदारिक शरीर ही तैजस और कार्मण शरीर है एवं वैक्रिय शरीर ही आहारक शरीर है ऐसा एकान्त अभेदमय वचन नहीं कहना चाहिये। तथा इन शरीरों में एकान्त भेद है यह भी नहीं कहना चाहिये। इस प्रकार एकान्त अभेद और एकान्त भेद के निषेध का कारण यह है कि—इन शरीरों के कारण में भेद है इसलिये एकान्त अभेद इनमें नहीं है, जैसे

भावार्थ—कि—औदारिक शरीर के कारण उदार पुद्गल हैं और कार्मण शरीर के कारण कर्म हैं तथा तैजस शरीर के कारण तेज है इसलिये कारण भेद होने से इनमें एकान्त अभेद सम्भव नहीं है। इसी तरह इनमें एकान्त भेद भी सम्भव नहीं है क्योंकि ये सब के सब एक ही काल और एक ही देश में उपलब्ध होते हैं घर दारादि की तरह भिन्न-भिन्न देश और काल में उपलब्ध नहीं होते हैं। अतः इन दोनों बातों को देखते हुए इनके विषय में यही कहना चाहिये कि—इन शरीरों में कथञ्चित् भेद और कथञ्चित् अभेद है।

साङ्ख्यवादी कहते हैं कि—जगत् में जितने पदार्थ हैं सभी प्रकृति से उत्पन्न हुए हैं इसलिये प्रकृति ही समस्त पदार्थों का कारण है। वह प्रकृति एक ही है इसलिये सभी पदार्थ सर्वात्मक हैं और सब पदार्थों में सब की शक्ति विद्यमान है" परन्तु विवेकी पुरुष को ऐसा नहीं कहना चाहिये। एवं सभी पदार्थ अपने-अपने स्वभाव में ही स्थित हैं तथा उनकी शक्ति भी परस्पर विलक्षण है इसलिये सब पदार्थों में सब की शक्ति नहीं है यह भी नहीं कहना चाहिये।

यहां,इन दोनों एकान्तमय वचनों के कथन का निषेध इसलिये किया जाता है कि—ये दोनों ही बातें व्यवहार से विरुद्ध हैं, पदार्थों की परस्पर भिन्न भिन्न शक्ति प्रत्यक्ष अनुभव की जाती है एवं सुख, दुःख, जीवन, मरण, दूरता, निकटता, सुरूपता और कुरूपता आदि विचित्रता भी पृथक्-पृथक् देखने में आती है। तथा कोई पापी है तो कोई पुण्यात्मा है कोई पुण्य का फल भोगता है तो कोई पाप का फल भोगता है इसलिये सभी पदार्थों को सब स्वरूप और सभी में सब की शक्ति का सद्भाव नहीं माना जा सकता है। सांख्यवादी स्वयं सत्त्व रज और तम को भिन्न-भिन्न मानते हैं एक स्वरूप नहीं मानते हैं परन्तु सभी यदि सर्वात्मक हैं तो सत्त्व, रज और तम भी परस्पर अभिन्न ही होने चाहिये। परन्तु सांख्यवादी ऐसा नहीं मानते हैं इसलिए दूसरे पदार्थों के विषय में भी सांख्यवादियों को ऐसा ही मानना चाहिये सब को सर्वात्मक मानना ठीक नहीं है। इसी प्रकार सभी पदार्थ सत्त्व, रज और तम रूप प्रकृति के कार्य्य हैं यह सिद्धान्त भी अप्रमाणिक है क्योंकि इसका साधक कोई प्रबलयुक्ति सांख्यवादी के पास नहीं है। तथा सांख्यवादी उत्पत्ति से पहले जो कार्य्य की कारण में सर्वथा सत्ता मानते हैं वह भी ठीक नहीं है क्योंकि पिण्डावस्था में घट के कार्य्य और गुण नहीं पाये जाते

भावार्थ—हे तथा सर्वथा विद्यमान कार्य्य की कारण से उत्पत्ति भी नहीं हो सकती है क्योंकि सर्वथा विद्यमान घटकी उत्पत्ति नहीं होती है अत कारण में कार्य्य का सर्वथा सद्भाव मानना भी अयुक्त है। कारण में कार्य्य का सर्वथा अभाव मानना भी ठीक नहीं है क्योंकि ऐसा मानने पर जैसे मृत् पिण्ड से घट होता है इसी तरह व्योमारविन्द भी होना चाहिये अत कारण में कार्य्य का सर्वथा अभाव मानना भी ठीक नहीं है। वस्तुत सभी पदार्थ सत्ता रखते हैं, सभी ज्ञेय हैं सभी प्रमेय हैं इसलिये सत्ता ज्ञेयत्व और प्रमेयत्व रूप सामान्य धर्म की दृष्टि से सभी पदार्थ कथञ्चित् एक भी हैं और सबके कार्य्य, गुण स्वभाव और नाम आदि भिन्न-भिन्न हैं इसलिये सभी पदार्थ परस्पर कथ चित् भिन्न भी हैं। एवं उत्पत्ति से पूर्व कारण में कार्य्य की कथञ्चित् सत्ता भी है और कथञ्चित् नही भी है। कारण में कार्य्य की कथञ्चित् सत्ता है इसीलिये मोर के अण्डे से मोर ही उत्पन्न होता है परन्तु काक आदि नही होते हैं तथा शालि के अंकुर की इच्छा करने वाला पुरुष शालि के ही बीज को ग्रहण करता है यव आदि के बीज को नही। तथा कारण में कार्य्य के गुण, क्रिया और नाम नही पाये जाते हैं इसलिये वह कारण में कथञ्चित् नही भी रहता है। यदि वह सर्वथा वर्तमान होता तो फिर उसे उत्पन्न करने के लिये कर्ता आदि कारण कलापों की प्रवृत्ति कैसे होती? अत कारण में कार्य्य का कथञ्चित् सद्भाव और कथञ्चित् असद्भाव मानना ही विवेकी पुरुष का कर्तव्य जानना चाहिये ॥१० ११॥



णत्थि लोए अलोए वा, णेव सन्न निवेसए।
अत्थि लोए अलोए वा, एव सन्न निवेसए॥ (सूत्र १२)॥

छाया—नास्ति लोकोऽलोकश्च, नैवं संज्ञां निवेशयेत्।
अस्ति लोको- लोकश्चैवं संज्ञां निवेशयेत्॥ १२॥

अन्वयार्थ—(लोए अलोए वा णत्थि एवं सन्न न निवेसए) लोक या अलोक नहीं है ऐसा ज्ञान नहीं रखना चाहिये (लोए अलोए वा अत्थि एव सन्नं निवेसए) किन्तु लोक और अलोक हैं यही ज्ञान रखना चाहिये॥ १२॥

णत्थि जीवा अजीवा वा, णेव सन्नं निवेसए ।
अत्थि जीवा अजीवा वा, एवं सन्नं निवेसए ॥ (सूत्रं १३) ॥

छाया—नास्ति जीवोऽजीवो वा नैव सञ्ज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति जीवोऽजीवो वा, एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥ १३ ॥

अन्वयार्थ—(जीवा अजीवा वा णत्थि एवं सन्नं न निवेसए) जीव और अजीव पदार्थ नहीं हैं ऐसा ज्ञान नहीं रखना चाहिये । (जीवे अजीवे वा अत्थि एवं सन्नं निवेसए) किन्तु जीव और अजीव हैं यही ज्ञान रखना चाहिये ॥ १३ ॥

भावार्थ—सर्वशून्यतावादी लोक अलोक और जीव तथा अजीव आदि पदार्थों को मिथ्या मानते हैं वे कहते हैं कि—स्वप्न, इन्द्रजाल और माया में प्रतीत होने वाले पदार्थ जैसे मिथ्या हैं इसी तरह अस्वप्नावस्था में प्रतीत होने वाले भी जगत् के सभी दृश्य मिथ्या हैं। इसकी सिद्धि इस प्रकार जाननी चाहिये—जगत् में जितने भी दृश्य पदार्थ प्रकाशित हो रहे हैं वे सभी अपने-अपने अवयवों के द्वारा ही प्रकाशित हो रहे हैं इसलिये उनके अवयवों की सत्ता जब तक सिद्ध न की जाय तब तक उनकी सत्ता सिद्ध होना सम्भव नहीं है परन्तु अवयवों की सत्ता सिद्ध होना शक्य नहीं है क्योंकि अन्तिम अवयव परमाणु है अर्थात् अवयवों की धारा परमाणु में जाकर समाप्त होती है और वह परमाणु इन्द्रियातीत यानी इन्द्रियों से ग्रहण करने योग्य नहीं है इसलिये उसकी सत्ता सिद्ध होना सम्भव नहीं और उसकी सत्ता सिद्ध न होने से दृश्य पदार्थ की सत्ता भी सिद्ध नहीं हो सकती है ।

यदि जगत् के दृश्य पदार्थों को अपने अपने अवयवों के द्वारा प्रकाशित न मानकर अवयवी के द्वारा प्रकाशित माना जावे तो भी उनकी सिद्धि नहीं होती क्योंकि वह अवयवी अपने प्रत्येक अवयवों में सम्पूर्ण रूप से स्थित माना जायगा अथवा देश से ? यदि वह प्रत्येक अवयवों में सम्पूर्णतः स्थित माना जाय तो जितने अवयव हैं उतने ही अवयवी भी मानने पड़ेंगे जो किसी को भी इष्ट नहीं है क्योंकि सभी एक ही अवयवी मानते हैं अतः प्रत्येक अवयवों में अवयवी की पूर्णरूप से स्थिति नहीं मानी जा सकती है ।

यदि वह अवयवी अपने प्रत्येक अवयवों में अंशतः रहता है यह माना जावे तो भी नहीं बनता है क्योंकि वह अंश क्या है ? यदि अव-

भावार्थ—यव ही है तब तो फिर वही बात आती है जो अवयव पक्ष में कही गई है। यदि वह अंश अवयवों से जुदा है तब फिर उस अंश में वह अवयवी सम्पूर्णरूपसे रहता है अथवा अंशतः रहता है यह पूर्व की शंका सामने ही खड़ी है। इस शंका का निवारण करने के लिये यदि फिर यही उत्तर दिया जाय कि वह अवयवी अपने अंश में अंशतः रहता है तो पहला प्रश्न फिर खड़ा हो जाता है अतः इस उत्तर में अनवस्थादोष है। इस प्रकार विचार के साथ देखने से किसी भी दृश्य पदार्थ का कोई नियतस्वरूप सिद्ध नहीं होता है अतः स्वप्न इन्द्रजाल और माया में प्रतीत होने वाले पदार्थों के समान ही जगत् के सभी प्रतीयमान पदार्थ मिथ्या हैं यह बात सिद्ध होती है। अतएव अनुभवी विद्वानों की उक्ति है कि—"यथा यथाऽर्थाश्चिन्त्यन्ते विविच्यन्ते तथा तथा। यद्येतत् स्वयमर्थेभ्यो रोचते तत्र के वयम्" अर्थात् ज्यों ज्यों गम्भीर दृष्टि से पदार्थों का विचार किया जाता है त्यों त्यों वे अपने स्वरूप को बदलते चले जाते हैं अर्थात् वे कभी किसी रूप में और कभी किसी रूप में प्रतीत होते हैं—परन्तु नियत रूप उनका प्रतीत नहीं होता है अतः जब पदार्थों का तत्त्व ही ऐसा है तो उनको नियत रूप देने वाले हम कौन हैं ?। आशय यह है कि—दृश्य पदार्थ का प्रतीयमान रूप मिथ्या है अतः जब वस्तु का ही सद्भाव सिद्ध नहीं होता तब लोक और अलोक आदि का सद्भाव किस तरह सिद्ध हो सकता है ?। यह सर्वशून्यतावादी नास्तिकों का सिद्धान्त है। परन्तु यह सिद्धान्त भ्रममूलक है क्योंकि माया इन्द्रजाल और स्वप्न में प्रतीत होने वाले पदार्थ सत्य पदार्थ की अपेक्षा से मिथ्या माने जाते हैं स्वतः नहीं। यदि समस्त पदार्थ ही मिथ्या हैं तब फिर माया इन्द्रजाल और स्वप्न की व्यवस्था ही कैसे की जा सकती है ?। तथा सर्वशून्यतावादी युक्ति के आधार पर ही सर्व पदार्थों को मिथ्या सिद्ध कर सकता है अन्यथा नहीं। यह युक्ति यदि सच्ची है तब तो उसी युक्ति की तरह जगत् के समस्त दृश्य पदार्थ भी सच्चे क्यों नहीं माने जावें ? और यदि वह युक्ति मिथ्या है तो फिर उस मिथ्या युक्ति से वस्तु तत्त्व की सिद्धि किस प्रकार की जा सकती है ? यह नास्तिक को सोचना चाहिये।

जगत् के दृश्य पदार्थ अपने-अपने अवयवों के द्वारा प्रकाशित होते हैं अथवा अवयवी के द्वारा प्रकाशित होते हैं इस प्रकार दो पक्षों की कल्पना करके नास्तिक ने जो दोनों पक्षों को दूषित करने की चेष्टा की है वह

भावार्थ—भी उसका प्रलाप मात्र है क्योंकि अवयव के साथ अवयवी का कथञ्चित् भेद और कथंचित् अभेद है तथा वे अपनी सत्ता से स्वतः प्रकाशित हैं एवं उनके द्वारा जगत् की समस्त क्रियायें की जाती हैं, आग प्रत्यक्ष जलाती हुई जल ठण्डा करता हुआ वायु स्पर्श उत्पन्न करता हुआ प्रत्यक्ष ही अनुभव किया जाता है एवं जगत् के सभी घटपटादि पदार्थ अपना-अपना कार्य्य करते हुए अनुभव किये जाते हैं अतः उन्हें मिथ्या मानना सर्वथा भ्रम और पागलपन है। यद्यपि पदार्थों का अन्तिम अवयव परमाणु है तथापि वह अज्ञेय नहीं है क्योंकि—घटपटादि रूप कार्य्य के द्वारा वे अनुमान से ग्रहण किये जाते हैं तथा अवयवी का ग्रहण तो प्रत्यक्ष ही होता है उसके लिये अन्य प्रमाण की कोई आवश्यकता ही नहीं है। वह अवयवी प्रत्येक अवयवों में व्याप्त है इसीलिये किसी वस्तु के एक अंश को देखकर भी उसे जान लेते हैं कि—यह अमुक वस्तु है परन्तु वह अवयवी अपने अवयवों से एकान्त भिन्न है अथवा वह एकान्त अभिन्न है यह नहीं मानना चाहिये किन्तु वह अवयव से कथंचित् भिन्न और कथंचित् अभिन्न है यह अनेकान्त सिद्धान्त ही सर्व दोषों से रहित और मानने योग्य है। इस प्रकार लोक और अलोक की सत्ता मान कर वे अवश्य हैं यही विद्वानों को मानना चाहिये परन्तु वे नहीं हैं यह नहीं मानना चाहिये यही बारहवीं गाथा का आशय है।

तेरहवीं गाथा के द्वारा जीव और अजीव पदार्थों का अस्तित्व साधन किया गया है। पञ्चमहाभूतवादी कहते हैं कि—जीव नामक कोई पदार्थ नहीं है यह अविवेकियों द्वारा मूर्खतावश माना गया है। चलना, फिरना, सोना, जागना, उठना, बैठना, सुनना आदि सभी कार्य्य, शरीर के रूप में परिणत पाँच महाभूतों के द्वारा ही किये जाते हैं क्योंकि चैतन्य रूप गुण शरीर के रूप में परिणत पाँच महाभूतों का ही गुण है अतः शरीर में चैतन्य गुण को देखकर उसके गुणी अप्रत्यक्ष आत्मा की कल्पना करना भूल है यह नास्तिकों का मत है।

तथा आत्माद्वैतवादी कहते हैं कि—यह समस्त जगत् एक आत्मा (ब्रह्म) का परिणाम है। जो पदार्थ हो चुके हैं, जो हैं और जो होंगे वे सभी एक आत्मा के कार्य्य हैं इस कारण सभी एक आत्मस्वरूप हैं एक आत्मा से भिन्न दूसरा कोई भी पदार्थ जगत में नहीं है। चेतन और अचेतन जो कुछ भी पदार्थ दिखाई देते हैं सभी आत्मस्वरूप

भावार्थ—ही है अतः आत्मा से भिन्न जीव और अजीव आदि पदार्थों को मानना भूल है यह आत्माऽद्वैतवादियों का मन्तव्य है।

परन्तु यह आर्हत दर्शन इन दोनों मतों को अयुक्त बतलाता हुआ यह उपदेश करता है कि—"जीव, अजीव आदि पदार्थ नहीं हैं" ऐसी स्थापना विवेकी को कदापि नहीं करनी चाहिये किन्तु ये दोनों ही पदार्थ हैं यही बात माननी और कहनी चाहिये। जीव एक स्वतन्त्र और अनादि पदार्थ है यह पाँच महाभूतों का कार्य्य नहीं है क्योंकि पाँच महाभूत जड़ हैं अतः उनसे चैतन्य की उत्पत्ति सम्भव नहीं है तथा वे पाँच महाभूत जड़ होने के कारण बिना किसी की प्रेरणा के शरीर के आकार में परिणत भी नहीं हो सकते हैं एवं वे पाँच महाभूत यदि अपने में अविद्यमान चैतन्य की उत्पत्ति करते हैं तो वे नित्य नहीं कहे जा सकते क्योंकि जो वस्तु सदा एक स्वभाव में रहती है वही नित्य कहलाती है। अतः पहले से विद्यमान चैतन्य की उत्पत्ति यदि पांच महाभूतों से मानें तब तो यह एक प्रकार से जीव को ही मान लेना है क्योंकि यह चैतन्य पहले से ही विद्यमान होने के कारण नवीन उत्पन्न नहीं हुआ। यह चैतन्य गुण पाँच महाभूतों का नहीं है क्योंकि पांच भूतों से उत्पन्न घटपटादि पदार्थों में चैतन्य अनुभव नहीं किया जाता है अतः नास्तिकों का सिद्धान्त मानने योग्य नहीं है। जगत् में जितने प्राणी हैं सभी अपने-अपने जीव का अस्तित्व अनुभव करते हैं। सभी कहते हैं कि—"मैं हूँ"। कोई भी "मैं नहीं हूँ" ऐसा नहीं कहता है अतः सभी प्राणियों को जीव मानस प्रत्यक्ष है। प्रत्यक्ष सबसे श्रेष्ठ प्रमाण है इसलिये प्रत्यक्ष सिद्ध जीव के साधन के लिये अनुमान आदि प्रमाणों का सचार करके ग्रन्थ का कलेवर बढ़ाना ठीक नहीं है। यह जीव सिद्ध और संसारी भेद से दो प्रकार का है। और सभी जीव अलग-अलग स्वतन्त्र हैं किसी के साथ किसी जीव का कार्य्यकारणभाव नहीं है तथा ये जीव किसी ब्रह्म या आत्मा के परिणाम भी नहीं हैं क्योंकि इसमें कोई प्रमाण नहीं है तथा अनुभव से भी विरोध पड़ता है। एवं एक आत्मा को ही समस्त चराचर प्राणियों का आत्मा मानने से जगत् की विचित्रता हो नहीं सकती है इस जगत् में घट पट आदि अचेतन पदार्थ भी अनन्त हैं वे चेतनरूप आत्मा या ब्रह्म के परिणाम हों यह सम्भव नहीं है क्योंकि ऐसा होने पर वे जड़ नहीं किन्तु चेतन होवे। तथा एक आत्मा होने पर एक के सुख से दूसरा सुखी औ दूसरे के दुःख से दूसरे दुःखी हो जावे

भावार्थ—परन्तु ऐसा है नहीं अत: एक आत्मा को ही परमार्थ सत् मानकर शेष समस्त पदार्थों को मिथ्या मानना आत्माद्वैतवादियों का भ्रम है इसलिये आर्हत दर्शन की यह तेरहवीं गाथा उपदेश करती है कि—"जीव और अजीव नहीं हैं यह बात नहीं माननी चाहिये किन्तु जीव और अजीव हैं यही मानना चाहिये ॥ १२-१३ ॥



णत्थि धम्मे अधम्मे वा, णेवं सन्न निवेसए ।
अत्थि धम्मे अधम्मे वा, एवं सन्न निवेसए ॥ (सूत्रं १४) ॥

छाया—नास्ति धर्मोऽधर्मोवा, नैवं संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति धर्मोऽधर्मोवेत्येवं सञ्ज्ञां निवेशयेत् ॥ १४ ॥

अन्वयार्थ—(धम्मे अधम्मे वा णत्थि एवं सन्नं न निवेसए) धर्म या अधर्म नहीं है यह नहीं मानना चाहिये (धम्मे अधम्मे वा अत्थि एवं सन्नं निवेसए) धर्म और अधर्म हैं यही बात माननी चाहिये ॥ १४ ॥

णत्थि बंधे व मोक्खे वा, णेव सन्नं निवेसए ।
अत्थि बंधे व मोक्खे वा, एवं सन्न निवेसए ॥ (सूत्र १५) ॥

छाया—नास्ति बन्धोवा मोक्षोवा, नैवं संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति बन्धो मोक्षो वेत्येवं संज्ञां निवेशयेत् ॥ १५ ॥

अन्वयार्थ—(बंधे मोक्खेवा णत्थि एवं सन्नं न निवेसए) बन्ध अथवा मोक्ष नहीं है यह नहीं मानना चाहिये (बंधे मोक्खे वा अत्थि एवं सन्नं निवेसए) किन्तु बन्ध और मोक्ष है यही बात माननी चाहिये ॥ १५ ॥

भावार्थ—श्रुत और चारित्र, धर्म कहलाते हैं और वे आत्मा के अपने परिणाम हैं एवं वे कर्मक्षय के कारण हैं। तथा मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग अधर्म कहलाते हैं ये भी आत्मा के ही परिणाम हैं। ये दोनों ही धर्म और अधर्म अवश्य हैं अत: इनका निषेध नहीं करना चाहिये। ऊपर कही हुई बात सत्य होने पर भी कई लोग काल, स्वभाव, नियति

भावार्थ—और ईश्वर आदि को समस्त जगत् की विचित्रता का कारण मानकर धर्म और अधर्म को नही मानते हैं परन्तु उनकी यह मान्यता यथार्थ नही है क्योंकि धर्म अधर्म के विना वस्तुओं की विचित्रता सम्भव नही है। काल स्वभाव और नियति आदि भी कारण अवश्य हैं परन्तु वे धर्म और अधर्म के साथ ही कारण होते हैं इन्हें छोड़कर नही क्योंकि एक ही काल में जन्म धारण करने वाला कोई काला कोई गोरा कोई सुन्दर कोई बीभत्स, कोई हृष्ट पुष्टाङ्ग कोई अङ्गहीन तथा कोई दुर्बल आदि होता है काल आदि की समानता होने पर भी धर्म और अधर्म की भिन्नता के कारण ही उक्त विचित्रता होती है अत धर्म और अधर्म को न मानना भूल है। अतएव विद्वानों ने कहा है कि—"नहि कालादिर्हिंतो केवलएर्हिंतो जायए किंचि। इह मुग्गरंधणाइवि ता सव्वे समुदिया हेऊ" अर्थात् ससार का कोई भी कार्य्य केवल काल आदि के द्वारा सिद्ध नहीं हो सकता किंतु धर्म और अधर्म आदि भी वहाँ कारणरूप से रहते हैं अत धर्म और अधर्म के साथ मिले हुए ही काल आदि सबके कारण हैं अकेले नहीं हैं। इस कारण धर्म और अधर्म नही हैं यह विवेकी पुरुषों को नहीं मानना चाहिये यह चौदहवी गाथा का आशय है।

बन्ध और मोक्ष नहीं हैं यह कई लोगों की मान्यता है। वे कहते हैं कि—आत्मा अमूर्त है इसलिये कर्म पुद्गलों का उसमें बन्ध होना सम्भव नहीं है। जैसे अमूर्त आकाश में पुद्गलों का लेप नहीं होता है इसी तरह आत्मा में भी नहीं हो सकता है इसलिये आत्मा में बन्ध नहीं मानना चाहिये। एव मोक्ष भी नहीं मानना चाहिये क्योंकि आत्मा को जब बन्ध ही नहीं है तब मोक्ष किस बात से होगा अत बन्ध और मोक्ष दोनों ही मिथ्या हैं यह किसी की मान्यता है। वस्तुत यह सिद्धान्त ठीक नहीं है क्योंकि अमूर्त के साथ मूर्त का सम्बन्ध देखा जाता है जैसे कि—विज्ञान अमूर्त पदार्थ है मूर्त नहीं है फिर भी मद्य आदि के पान से उसमें विकृति प्रत्यक्ष देखी जाती है। यह विकृति, अमूर्त विज्ञान के साथ मूर्त मद्य का सम्बन्ध माने विना सम्भव नहीं है। अत जैसे अमूर्त विज्ञान के साथ मूर्त मद्य आदि का सम्बन्ध होता है इसी तरह अमूर्त जीव के साथ मूर्त कर्मपुद्गलों का बन्ध भी होता है। तथा यह ससारी जीव अनादिकाल से तैजस और कार्मण शरीर के साथ सम्बद्ध हुआ ही चला आ रहा है इनसे रहित अकेला कभी नहीं हुआ इसलिये यह कथञ्चित् मूर्त भी है इस कारण कर्म-

भावार्थ—पुद्‌गलों का बन्ध इसमें असंभव नहीं है । अतः बन्ध है यही मानना चाहिये तथा बन्ध है इसलिये मोक्ष भी है यह भी मानना चाहिये, यह १५ वीं गाथा का आशय है ॥ १४-१५ ॥



णत्थि पुण्णे व पावे वा, णेव सन्न निवेसए ।
अत्थि पुण्णे व पावे वा- एव सन्न निवेसए ॥ (सूत्र १६) ॥

छाया—नास्ति पुण्यं वा पाप वा नैव संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति पुण्य वा पाप वा, एव सज्ञा निवेशयेत् ॥ १६ ॥

अन्वयार्थ—(पुण्णे वा पावे वा णत्थि एवं सन्न न निवेसए) पुण्य और पाप नहीं हैं ऐसा ज्ञान नहीं रखना चाहिये । (पुण्णे वा पावे वा अत्थि एवं सन्नं निवेसए) किन्तु पुण्य और पाप हैं यही ज्ञान रखना चाहिये ॥ १६ ॥

णत्थि आसवे सवरे वा, णेव सन्नं निवेसए ।
अत्थि आसवे सवरे वा, एव सन्न निवेसए ॥ (सूत्र १७) ॥

छाया—नास्त्याश्रवः सवरो वा, नैव सज्ञां निवेशयेत् ।
अस्त्याश्रवः सवरो वा, एवं सज्ञां निवेशयेत् ॥ १७ ॥

अन्वयार्थ—(आसवे वा संवरे वा णत्थि एवं सन्न न निवेसए) आश्रव और संवर नहीं हैं यह ज्ञान नहीं रखना चाहिये (आसवे सवरे वा अत्थि एवं सन्न निवेसए) किन्तु आश्रव और संवर हैं यही ज्ञान रखना चाहिये ॥ १७ ॥

भावार्थ—किसी अन्यतीर्थी का सिद्धान्त है कि इस जगत में पुण्य नाम का कोई पदार्थ नहीं है किन्तु एक मात्र पाप ही है । यह पाप जब अल्प होता है तब सुख उत्पन्न करता है और जब अधिक हो जाता है तब दुःख उत्पन्न करता है । दूसरे लोग इसे न मान कर कहते हैं कि—जगत् में पाप नाम का कोई पदार्थ नहीं है एक मात्र पुण्य ही है । यह पुण्य जब घट जाता है तब दुःख को उत्पन्न करता है और यह बढ़ता हुआ सुख की उत्पत्ति करता है । एवं तीसरे लोग यह कहते हैं कि—पाप या पुण्य

भावार्थ—दोनों ही पदार्थ मिथ्या हैं क्योंकि जगत् की विचित्रता नियति और स्वभाव आदि के कारण से होती है। अतः पाप और पुण्य के द्वारा जगत् की विचित्रता मानना मिथ्या है। इन ऊपर कहे हुए समस्त मतों को मिथ्या सिद्ध करते हुए शास्त्रकार कहते हैं कि—"पाप और पुण्य नहीं हैं ऐसा नहीं मानना चाहिये किन्तु ये दोनों ही हैं यही मानना चाहिये।" जो पाप को मान कर पुण्य का खण्डन करते हैं और जो पुण्य को मान कर पाप का निषेध करते हैं वे दोनों ही वस्तुतत्त्व को नहीं जानते हैं क्योंकि पाप मानने पर पुण्य अपने आप सिद्ध हो जाता है, क्योंकि – ये दोनों ही परस्पर नियत सम्बन्ध रखने वाले पदार्थ हैं अतः पाप के होने पर पुण्य और पुण्य के होने पर पाप अपने आप सिद्ध हो जाता है अतः दोनों को ही मानना चाहिये। जो लोग जगत् की विचित्रता नियति या स्वभाव से मान कर पाप और पुण्य दोनों का खण्डन करते हैं वे भूल करते हैं क्योंकि स्वभाव या नियति से जगत् की विचित्रता मानने पर तो जगत् की समस्त क्रियायें निरर्थक ठहरेंगी सब कुछ नियति और स्वभाव से ही हो तो फिर क्रिया करने की कोई आवश्यकता नहीं रहती है अतः पुण्य पाप को न मानना भूल है। यहाँ प्रसङ्गवश संक्षेप से पुण्य और पाप का स्वरूप बतला दिया जाता है। "पुद्गलकर्म शुभं यत्, तत् पुण्यमिति जिनशासने दृष्टम्। यदशुभमथ तत् पापमिति भवति सर्वज्ञनिर्देशात्।" इस जिन शासन में सर्वज्ञ की उक्ति के अनुसार शुभ जो कर्मपुद्गल हैं उन्हें पुण्य और अशुभ कर्म पुद्गल को पाप कहते हैं। यही १६ वीं गाथा का आशय है।

जिसके द्वारा आत्मा में कर्म प्रवेश करता है उसे 'आस्रव' कहते हैं वह प्राणातिपात आदि है और उस आस्रव को रोकना संवर कहलाता है। ये दोनों ही पदार्थ अवश्य हैं यही मानना चाहिये परन्तु ये नहीं हैं यह नहीं।

कोई कहते हैं कि—जिसके द्वारा आत्मा में कर्म प्रवेश करते हैं वह आस्रव आत्मा से भिन्न है अथवा अभिन्न है? यदि भिन्न है तो वह आस्रव नहीं कहा जा सकता है क्योंकि जैसे आत्मा से भिन्न घट पट आदि पदार्थ हैं उसी तरह यह आस्रव भी है फिर उसके द्वारा आत्मा में कर्म किस तरह प्रवेश कर सकता है क्योंकि घटपटादि पदार्थों के द्वारा आत्मा में कर्म का प्रवेश तुम भी नहीं मान सकते। यदि

भावार्थ—आत्मा से आश्रव को अभिन्न कहो तब तो मुक्तात्माओंमें भी आश्रव मानना पड़ेगा अत आश्रव कोई वस्तु नही है और आश्रव कोई वस्तु नहीं है इसलिये उस आश्रव का निरोध रूप संवर भी कोई पदार्थ सिद्ध नही हो सकता है इस प्रकार आश्रव। और संवर दोनों ही नही हैं यह किसी का सिद्धान्त है। इस बात को मिथ्या सिद्ध करते हुए शास्त्रकार कहते हैं कि आश्रव और संवर दोनों ही हैं यही बुद्धिमान को मानना चाहिये परन्तु ये नही हैं यह नहीं। क्योंकि—ससारी आत्मा के साथ आश्रव का न तो सर्वथा भेद ही है और न सर्वथा अभेद ही है किन्तु कथञ्चित् भेद और कथञ्चित अभेद है इसलिये एक पक्ष को लेकर जो आश्रव का खण्डन किया गया है वह मिथ्या है। काय, वाणी और मन का जो शुभ योग है वह पुण्या श्रव तथा उनका अशुभयोग पापाश्रव है। तथा काय वाणी और मनकी गुप्ति संवर है। जब तक इस जीव का शरीर में अहभाव है तब तक कायिक वाचिक और मानसिक योगों के साथ उसका सम्बन्ध अवश्य है इसलिये आश्रव और सवर को न मानना अज्ञान है ॥ १६-१७ ॥



णत्थि वेयणा णिज्जरा वा, णेव सन्न निवेसए।
अत्थि वेयणा णिज्जरा वा, एव सन्न निवेसए ॥ (सूत्र १८) ॥

छाया—नास्ति वेदना निर्जरा वा नैव संज्ञां निवेशयेत्।
अस्ति वेदना निर्जरा वा, एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥ १८ ॥

अन्वयार्थ—(वेयणा णिज्जरा वा णत्थि एवं सन्न न निवेसए) वेदना और निर्जरा नहीं है ऐसा विचार नहीं रखना चाहिये (वेयणा णिज्जरा वा अत्थि एव सन्न निवेसए) किन्तु वेदना और निर्जरा हैं यही निश्चय रखना चाहिये ॥ १८ ॥

णत्थि किरिया अकिरिया वा, णेवं सन्न निवेसए।
अत्थि किरिया अकिरिया वा, एव सन्न निवेसए ॥ (सूत्र १९) ॥

छाया—नास्ति क्रिया अक्रिया वा नैव संज्ञां निवेशयेत्।
अस्ति क्रिया अक्रिया वा एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥ १९ ॥

अन्वयार्थ—(किरिया अकिरिया वा णत्थि एवं सन्नं न निवेसए) क्रिया और अक्रिया नहीं हैं यह नहीं मानना चाहिये (किरिया अकिरिया वा अत्थि एवं सन्नं निवेसए) किन्तु क्रिया और अक्रिया हैं यह निश्चय करना चाहिये ॥ १९ ॥

भावार्थ—कर्म के फल को भोगना वेदना है और आत्मप्रदेशों से कर्मपुद्गलों का झड़ना निर्जरा है। ये दोनो ही पदार्थ नही हैं ऐसी मान्यता कई लोगों की है। वे कहते हैं कि—सैकड़ों पल्योपम और सागरोपम समय में भोगने योग्य कर्मों का भी अन्तर्मुहूर्त में ही क्षय हो जाता है क्योंकि—अज्ञानी जीव अनेक कोटि वर्षों में जिन कर्मों का क्षपण करता है उन्हें तीन गुप्तियों से युक्त ज्ञानी पुरुष एक उच्छ्वास मात्र में नष्ट कर देता है यह शास्त्र सम्मत सिद्धान्त है तथा क्षपक श्रेणि में प्रविष्ट साधु शीघ्र ही अपने कर्मों का क्षय कर डालता है अत क्रमश बद्ध कर्मों का अनुभव न होने के कारण वेदना का अभाव सिद्ध होता है और वेदना के अभाव होने से निर्जरा का अभाव स्वत सिद्ध है परन्तु विवेकी पुरुष को ऐसा निश्चय नही करना चाहिये क्योंकि—तपस्या और प्रदेशानुभव के द्वारा कतिपय कर्मों का ही क्षपण होता है शेष कर्मों का नही उनको तो उदीरणा और उदय के द्वारा अनुभव करना ही पड़ता है अत वेदना का सद्भाव अवश्य है अभाव नही है अतएव आगम कहता है कि—"पुब्विं दुच्चिण्णाणं दुप्पडिक्कंताणं कम्माणं वेइत्ता मोक्खो, णत्थि अवेइत्ता।" अर्थात् पहले अपने किए हुए पाप कर्मों का फल भोग कर ही मोक्ष होता है अन्यथा नही होता। इस प्रकार वेदना की सिद्धि होने पर निर्जरा की सिद्धि अपने आप ही हो जाती है अत विवेकी पुरुष को वेदना और निर्जरा नही हैं यह नही मानना चाहिये।

चलना फिरना आदि क्रिया है और इनका अभाव अक्रिया है। इन दोनों की सत्ता अवश्य है तथापि सांख्यवादी आत्मा को आकाश की तरह व्यापक मान कर उसे क्रिया रहित कहते हैं। एव बौद्ध लोग समस्त पदार्थों को क्षणिक कहते हैं। इस लिये बौद्ध के मत में एक उत्पत्ति के सिवाय पदार्थों में दूसरी कोई क्रिया ही सम्भव नही है। उनका यह पद्य भी इस बात का द्योतक है जैसे कि—"भूतिर्येषां क्रिया सैव कारकं सैव चोच्यते।" अर्थात् पदार्थों की जो उत्पत्ति है वही उनकी क्रिया है और वही उनका कर्तृत्व है। एवं इस मत में सभी पदार्थ प्रतिक्षण अवस्थान्तरित

भावार्थ—होते रहते हैं इसलिये उनमें अक्रिया यानी क्रिया रहित होना भी सम्भव नहीं है वस्तुत ये दोनों ही मत ठीक नहीं हैं क्योंकि आत्मा को आकाश की तरह सर्व व्यापक और निष्क्रिय मानने पर बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था नहीं हो सकती है। एवं यह सुख दुःख का भोक्ता भी नहीं सिद्ध हो सकता है इसलिये आत्मा को आकाशवत् सर्वव्यापक मान कर उसमें क्रिया का अभाव मानना अयुक्त है इसी तरह समस्त पदार्थों को निरन्वयक्षण भङ्गुर मान कर उत्पत्ति के सिवाय उनमें दूसरी क्रियाओं का अभाव मानना भी अयुक्त है क्योंकि—ऐसा मानने पर जगत् की दूसरी क्रियायें जो प्रत्यक्ष अनुभव की जा रही हैं उनका कर्त्ता कौन होगा ? तथा आत्मा में सर्वथा क्रिया का अभाव मानने पर बन्ध और मोक्ष की व्यवस्था नहीं होगी अत बुद्धिमान पुरुष को क्रिया और अक्रिया दोनों का अस्तित्व स्वीकार करना चाहिये ॥ १८-१९ ॥

णत्थि कोहे व माणे वा, णेव सन्न निवेसए ।
अत्थि कोहे व माणे वा, एवं सन्नं निवेसए ॥ (सूत्र २०) ॥

छाया—नास्ति क्रोधश्च मानो वा नैव संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति क्रोधश्च मानश्चैवं संज्ञां निवेशयेत् ॥ २० ॥

अन्वयार्थ—(कोहे माणे वा णत्थि एवं सन्नं न निवेसए) क्रोध या मान नहीं है यह नहीं मानना चाहिये (कोहे वा माणे वा अत्थि एवं सन्न निवेसए) किन्तु क्रोध और मान हैं यही बात माननी चाहिये ॥ २० ॥

णत्थि माया व लोभे वा, णेव सन्नं निवेसए ।
अत्थि माया व लोभे वा, एव सन्नं निवेसए ॥ (सूत्र २१) ॥

छाया—नास्ति माया वा लोभो वा,नैवं संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति माया वा लोभो वा,एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥ २१ ॥

अन्वयार्थ—(माया वा लोभे वा णत्थि एवं सन्न न निवेसए) माया और लोभ नहीं हैं ऐसा ज्ञान नहीं रखना चाहिये (माया वा लोभे वा अत्थि एवं सन्न निवेसए) किन्तु माया और लोभ हैं ऐसा ही ज्ञान रखना चाहिये ॥ २१ ॥

णत्थि पेज्जे व दोसे वा, णेव सन्न निवेसए ।
अत्थि पेज्जे व दोसे वा, एव सन्न निवेसए ॥ (सूत्र २२)॥

छाया—नास्ति प्रेम च द्वेषो वा नैवं संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति प्रेम च द्वेषो वा, एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥ २२ ॥

अन्वयार्थ—(पेज्जे वा दोसे वा णत्थि एवं सन्न न निवेसए) राग और द्वेष नहीं हैं ऐसा विचार नहीं रखना चाहिये (पज्ज वा दोसे वा अत्थि एवं सन्नं निवेसए) किन्तु राग और द्वेष हैं यही विचार रखना चाहिये ॥ २१ ॥

भावार्थ—अपने या दूसरे पर अप्रीति करना क्रोध है। वह क्रोध अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यानीय, प्रत्याख्यानीय और संज्वलन भेद से चार प्रकार का है। तथा मान के भी येही चार भेद हैं। गर्व करना मान कहलाता है। कोई कहते हैं कि—क्रोध, मान से भिन्न नहीं है किन्तु मान का ही अंश है इसीलिये अभिमानी पुरुषों में ही क्रोध का उदय देखा जाता है एवं क्षपक श्रेणि में क्रोध का अलग क्षपण करना भी नहीं माना जाता है। तथा क्रोध आत्मा का धर्म नहीं है क्योंकि वह सिद्ध पुरुषों में नहीं है एवं यह कर्म का भी धर्म नहीं है क्योंकि कर्म का धर्म होने पर दूसरे कषायों के उदय के साथ इसका भी उदय होना चाहिये और कर्म घट के समान मूर्त है इसलिये कर्मस्वरूप क्रोध की भी स्वतंत्र आकार में उपलब्धि होनी चाहिये परन्तु ये सब नहीं होते हैं अतः क्रोध न तो आत्मा का धर्म है और न कर्म का ही धर्म है। आत्मा और कर्म का धर्म न होकर क्रोध यदि दूसरे किसी पदार्थ का धर्म हो तब तो उससे आत्मा की कोई हानि नहीं है अतः क्रोध कोई पदार्थ नहीं है यह कोई कहते हैं परन्तु इनका यह मन्तव्य ठीक नहीं है क्योंकि—कषाय कर्म के उदय होने पर मनुष्य अपने दांतों के द्वारा अपने ओठों को काटने लगता है और भ्रुकुटि को टेढ़ी करके भयकर मुख बना लेता है उसका मुख रक्तवर्ण हो जाता है और उसमें से पसीने के बिन्दु टपकने लगते हैं यह क्रोध का प्रत्यक्ष लक्षण देखा जाता है अतः क्रोध को न मानना प्रत्यक्ष से विरुद्ध है। यह क्रोध मान का अंश नहीं है क्योंकि यह मान का कार्य्य नहीं करता है एवं वह दूसरे कारण से उत्पन्न होता है। यह क्रोध जीव और कर्म दोनों का ही धर्म है किसी

भावार्थ—एक का नहीं है इसलिए एक का धर्म मान कर जो दोष बताये हैं वे ठीक नहीं हैं। इस प्रकार क्रोध की सत्ता स्पष्ट सिद्ध होने पर भी उसे नहीं मानना अज्ञान का फल है। तथा मान भी प्रत्यक्ष उपलब्ध होता है इसलिये उसे भी न मानना भूल है किन्तु दोनो को मानना ही विवेकी पुरुषों का कर्तव्य है।

अपने धन, स्त्री, पुत्र, आदि पदार्थों में जो मनुष्य की प्रीति रहती है उसे राग या प्रेम कहते हैं उसके दो अवयव हैं एक माया और दूसरा लोभ। तथा अपने इष्टवस्तु के ऊपर आघात पहुँचाने वाले पुरुष के प्रति जो चित्त में अप्रीति उत्पन्न होती है उसको द्वेष कहते हैं। इसके भी दो अवयव हैं एक क्रोध और दूसरा मान। इस प्रकार माया और लोभ इन दोनों के समुदाय को राग कहते हैं और क्रोध और मान के समुदाय को द्वेष कहते हैं। इस विषय में किसी का सिद्धान्त है कि—माया और लोभ तो अवश्य हैं परन्तु इनका समुदाय जो राग है वह कोई वस्तु नहीं है। तथा मान और क्रोध भी अवश्य हैं परन्तु इनका समुदाय रूप जो द्वेष है वह कोई पदार्थ नहीं है क्योंकि—समुदाय अवयवों से अलग कोई पदार्थ नहीं है। यदि अलग माना जाय तो घटपटादि की तरह अवयवों से अलग उसकी उपलब्धि भी होनी चाहिये परन्तु उपलब्धि होती नहीं है इसलिये समुदाय या अवयवी कोई वस्तु नहीं है अतः राग (प्रीति) और द्वेष कोई पदार्थ नहीं है यह कोई कहते हैं। वस्तुतः यह मत ठीक नहीं है क्योंकि अवयवी या समुदाय अवयवों से कथञ्चित् भिन्न और कथञ्चित् अभिन्न है, उसको नहीं मानने से घटपटादि पदार्थों में जो एकत्व का व्यवहार होता है वह किसी तरह भी नहीं हो सकता है क्योंकि अवयव अनेक हैं एक नहीं हैं अतः विवेकी पुरुष को राग और द्वेष तथा क्रोध और मान एवं माया और लोभ का अस्तित्व अवश्य मानना चाहिये यह इन गाथाओं का आशय है ॥२०-२१-२२॥



णत्थि चाउरते ससारे, णेव सन्न निवेसए ।
अत्थि चाउरते ससारे, एव सन्न निवेसए ॥ (सूत्र २३) ॥

छाया—नास्ति चतुरन्तः ससारो नैवं संज्ञां निवेशयेत् ।
अस्ति चतुरन्तः ससार एवं सज्ञां निवेशयेत् ॥ २३ ॥

अन्वयार्थ—(चउरन्ते संसारे णत्थि एवं सन्न ण णिवेसए) चार गति वाला संसार नहीं है ऐसा ज्ञान नहीं रखना चाहिये (चउरंते ससारे अत्थि एव सन्नं णिवेसए) किन्तु चार गति वाला संसार है यही विचार रखना चाहिये ॥ २३ ॥

णत्थि देवो व देवी वा, णेव सन्न निवेसए ।
अत्थि देवो व देवी वा, एव सन्न निवेसए ॥ (सूत्र २४) ॥

छाया—नास्ति देवो वा देवी वा नैव संज्ञां निवेशयेत् ।
आस्ति देवो वा देवी वा एव संज्ञां निवेशयेत् ॥ २४ ॥

अन्वयार्थ—(देवे वा देवी वा णत्थि एवं सन्नं ण णिवेसए) देवता और देवी नहीं हैं ऐसा विचार नहीं रखना चाहिये (अत्थि देवे वा देवी वा एव सन्नं णिवेसए) किन्तु देवता और देवी हैं यही बात सत्य माननी चाहिये ॥ २४ ॥

भावार्थ—यह संसार चार गति वाला है इसलिये नारक गति, तिर्य्यञ्चगति, मनुष्यगति और देवगति ये चार गतियां इसकी मानी गई हैं। परन्तु कोई कहते हैं कि—इस जगत् की एक ही गति है। यह जगत् कर्म बन्धनरूप है तथा सब जीवों को एक मात्र दुःख देने वाला है इसलिये यह एक ही प्रकार का है। तथा कोई कहते हैं कि—इस जगत् में मनुष्य और तिर्य्यञ्च दो ही पाये जाते हैं देवता और नारकि नहीं पाये जाते हैं इसलिये इस संसार की दो ही गति हैं और इन दो गतियों में ही सुख दुःख की उत्कृष्टता पाई जाती है अतः संसार की दो ही गति माननी चाहिये चार नहीं। यदि पर्य्यायनय का आश्रय लेवें तो भी यह ससार अनेक विध है चतुर्विध नहीं है इस संसार को चतुर्विध मानना भूल है यह किसी का मत है इस मत को निराकरण करते हुए शास्त्रकार लिखते हैं कि—संसार चार गति वाला नहीं है ऐसा नहीं मानना चाहिये

भावार्थ—क्योंकि तिर्य्यञ्च और मनुष्य तो प्रत्यक्ष हैं और देवता तथा नारकि भी अनुमान से सिद्ध होते हैं इसलिये संसार चार गति वाला है यही बात माननी चाहिये। वह अनुमान यह है—इस जगत् में पाप और पुण्य का मध्यम फल भोगने वाले तिर्य्यञ्च और मनुष्य प्रत्यक्ष देखे जाते हैं इससे सिद्ध होता है कि—पाप और पुण्य के उत्कृष्ट फल भोगने वाले भी कोई अवश्य हैं। जो पाप के उत्कृष्ट फल भोगने वाले हैं वे नारकि हैं और जो पुण्य के उत्कृष्ट फल भोगने वाले हैं वे देवता हैं। तथा प्रत्यक्ष ही ज्योतिर्गण देखे जाते हैं और उनके विमानों की भी उपलब्धि होती है इससे स्पष्ट है कि उन विमानों का कोई अधिष्ठाता भी अवश्य है। तथा ग्रह के द्वारा पीड़ित किया जाना और वरदान आदि प्राप्त करना भी देवताओं के अस्तित्व में प्रमाण है अतः देवता और नारकि को न मान कर तिर्य्यञ्च और मनुष्यरूप दो ही गति मानना अयुक्त है। एवं पर्याय नय के आश्रय से जगत् को अनेक प्रकार का मानना भी ठीक नहीं है क्योंकि—नरक की सात भूमियों में रहने वाले नारकि जीव सबके सब एक ही नरकगति वाले हैं एवं तिर्य्यञ्च और पृथिवी आदि स्थावर, तथा द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय प्राणी जो ६२ लाख योनि वाले हैं वे सभी एक ही प्रकार के हैं क्योंकि उनका सामान्य धर्म तिर्य्यञ्चपना एक ही है। तथा कर्मभूमिज, अकर्मभूमिज, अन्तर्द्वीपक और समूर्च्छनजरूप भेदों को छोड़ देने से समस्त मनुष्य भी एक ही प्रकार के हैं एवं भुवनपति, व्यन्तर, ज्योतिष्क, और वैमानिक भेद से भिन्न भिन्न होते हुए भी देवता केवल देवरूप से ही ग्रहण किये जाते हैं इसलिये वे भी एक हैं इस प्रकार सामान्य और विशेषका आश्रय लेकर जो जगत् को चार प्रकार का कहा गया है उसे ही सत्य मानना चाहिये तथा संसार विचित्र है इसलिये वह एक प्रकार का नहीं है और नारकि आदि समस्त जीव अपनी अपनी जाति का उल्लङ्घन नहीं करते हैं इसलिये संसार अनेक प्रकार का भी नहीं है। संसार है इसलिए मुक्ति भी है क्योंकि समस्त पदार्थों का प्रतिपक्ष अवश्य होता है ॥ २३-२४ ॥

णत्थि सिद्धी असिद्धी वा, णेव सन्नं निवेसए ।
अत्थि सिद्धि असिद्धी वा, एवं सन्नं निवेसए ॥ (सूत्र २५) ॥

छाया—नास्ति सिद्धिरसिद्धि र्वा नैव सञ्ज्ञां निवेशयेत्
अस्ति सिद्धिरसिद्धिर्वा एवं सञ्ज्ञां निवेशयेत् ॥ २५ ॥

अन्वयार्थ—(सिद्धि असिद्धि वा णत्थि एवं सन्नं ण निवेसए) सिद्धि और असिद्धि नहीं हैं यह ज्ञान नहीं रखना चाहिये (सिद्धि असिद्धि वा अत्थि एवं सन्नं निवेसए) किन्तु सिद्धि और असिद्धि हैं यही निश्चय करना चाहिये ॥ २५ ॥

णत्थि सिद्धी नियं ठाणं, णेव सन्नं निवेसए ।
अत्थि सिद्धि नियं ठाणं, एवं सन्नं निवेसए ॥ (सूत्र २६) ॥

छाया—नास्ति सिद्धि र्निजं स्थानं नैवं संज्ञां निवेशयेत्
अस्ति सिद्धि र्निजं स्थानम् एवं संज्ञां निवेशयेत् ॥ २६ ॥

अन्वयार्थ—(सिद्धि णियं ठाणं णत्थि) सिद्धि जीव का अपना स्थान नहीं है ऐसा नहीं मानना चाहिये (सिद्धि णियं ठाणं अत्थि एवं सन्नं णिवेसए) किन्तु सिद्धि जीवका निजस्थान है यही सिद्धान्त मानना चाहिये ॥ २६ ॥

भावार्थ—समस्त कर्मों का क्षय हो जाना सिद्धि है और इससे विपरीत असिद्धि है। यह असिद्धि संसाररूप है और उसका अस्तित्व पूर्वगाथा में सिद्ध किया है। यह असिद्धि सत्य है इसलिये उससे विपरीत सिद्धि भी सत्य है क्योंकि सभी पदार्थों का प्रतिपक्ष अवश्य होता है। सम्यग् दर्शन ज्ञान और चारित्र, मोक्ष के मार्ग कहे गये हैं इसलिये इनके आराधन करने से समस्त कर्मों का क्षय होकर जीव को सिद्धि की प्राप्ति होती है। पीड़ा और उपशम के द्वारा कर्मों का देश से क्षय होना प्रत्यक्ष देखा जाता है इससे सिद्ध होता है कि—समस्त कर्मों का क्षय भी किसी जीव का अवश्य होता है। अतएव विद्वानों ने कहा है कि—"दोषावरणयोर्हानिर्निःशेषाऽस्त्यतिशायिनी, क्वचिद्यथा स्वहेतुभ्यो बहिरन्तर्मलक्षयः" अर्थात् मल के नाश करने वाले कारणों के संयोग से जैसे मनुष्य के बाहर भीतर दोनों ही तर्फ के मलों का अत्यन्त क्षय हो जाता है इसी तरह किसी पुरुष के दोष और आवरणों का भी अत्यन्त क्षय होता है।

भावार्थ—वह ऐसा पुरुष समस्त कर्मों के क्षय होने से सिद्धि को प्राप्त करता है और उसी को सर्वविषयक ज्ञान होकर सर्वज्ञता प्राप्त होती है। कोई कोई सर्वज्ञ स्वीकार नहीं करते हैं वे कहते हैं कि—मनुष्य सब से अधिक ज्ञाता हो सकता है परन्तु सर्वज्ञ नहीं हो सकता है। जो मनुष्य दस हाथ ऊंचा आकाश में कूद सकता है वह अभ्यास करते करते इससे अधिक कूद सकता है परन्तु दस बीस योजन तक वह लाख अभ्यास करने पर भी नहीं कूद सकता है इसी तरह शास्त्र आदिके अभ्यास करने से मनुष्य महान् बुद्धिमान् हो सकता है लेकिन वह सर्वज्ञ नहीं हो सकता है परन्तु बुद्धिमानों को यह नहीं मानना चाहिए क्योंकि शास्त्र आदि के अभ्यास करने से बुद्धि की वृद्धि प्रत्यक्ष देखी जाती है इससे सिद्ध होता है कि—बुद्धि की वृद्धि यदि इसी प्रकार होती चली जाय और उसमें किसी प्रकार का अन्तराय न पड़े तो वह निरन्तर बढ़ती हुई अवश्य अपनी अन्तिम मर्यादा तक पहुँच सकती है वह मर्य्यादा सर्वज्ञता ही है क्योंकि इससे पहले बुद्धि की वृद्धि की समाप्ति नहीं है। पूर्वपक्षी ने सर्वज्ञता के विरोध में जो कूदने वाले पुरुष का दृष्टान्त दिया है वह ठीक नहीं है क्योंकि कूदने वाला कूद कर आकाश में जहांतक जाता है उस मर्य्यादा को यदि वह बराबर उल्लङ्घन करता चला जाय तो वह क्यों नहीं दस बीस योजन तक कूद सकता है ? परन्तु वह उस मर्य्यादा का उल्लङ्घन नहीं कर सकता है इसलिये वह दस बीस योजन तक नहीं कूद सकता है। यदि बुद्धि की वृद्धि करने वाला भी इसी तरह वृद्धि की पूर्व मर्य्यादा का उल्लङ्घन न करने पावे तो वह भी सर्वज्ञ नहीं हो सकता है इसमें कोई सन्देह नहीं है परन्तु जो पूर्व पूर्व मर्य्यादाओं को उल्लङ्घन करता हुआ आगे आगे चलता जा रहा है उसको सर्वज्ञता प्राप्त न करने में कोई कारण नहीं है। वस्तुत इस जीव में स्वाभाविक ही सर्वज्ञता स्थित है वह आवरण से ढकी हुई है उस आवरण के सम्पूर्ण रूप से क्षय हो जाने पर सर्वज्ञता को कौन रोक सकता है ? वह अपने आप हो जाती है। यह सर्वज्ञ पुरुष सिद्धि को या मुक्ति को लाभ करता है इस लिये सिद्धि या मुक्ति अवश्य है यही विवेकी पुरुष को मानना चाहिये परन्तु सिद्धि का अभाव नहीं। कोई कहते हैं कि—यह जगत् अञ्जन से भरी हुई पेटी के समान जीवों से संकुल है इसलिये हिंसा से बच जाना इसमें सम्भव नहीं है कहा है कि "जले जीवा स्थले जीवा आकाशे जीवमालिनि। जीवमालाकुले लोके कथं भिक्षुरहिंसकः"। अर्थात्

भावार्थ—जल में जीव हैं, स्थल में जीव हैं, आकाश में जीव हैं इस प्रकार जीवों से परिपूर्ण इस लोक में साधु अहिंसक कैसे हो सकता है ? अतः हिंसा के न रुकने से किसी की भी मुक्ति होना सम्भव नहीं है। परन्तु यह कथन भी ठीक नहीं है क्योंकि—जो साधु जीव हिंसा से बचने के लिये सदा प्रयत्न करता रहता है और समस्त आस्रवद्वारों को रोक कर पाँच समिति और तीन गुप्तियों का पालन करता हुआ ४२ दोषों को टाल कर निरवद्य आहार ग्रहण करता है एवं निरन्तर ईर्य्यापथ का परिशोधन करता हुआ अपनी प्रवृत्ति करता है उसका भाव शुद्ध है ऐसे पुरुष के द्वारा यदि कदाचित् द्रव्यतः किसी प्राणी की विराधना भी हो जाय तो भावशुद्धि के कारण कर्मबन्ध नहीं होता है क्योंकि—वह साधु सर्वथा दोष रहित है अतः ऐसे पुरुषों को समस्त कर्मों का क्षय होकर सिद्धि की प्राप्ति होती है इसमें कोई सन्देह नहीं है इसलिए सिद्धि की प्राप्ति को असम्भव मानना मिथ्या है।

इस प्रकार समस्त कर्मों के क्षय हो जाने पर जीव जिस स्थान को प्राप्त करता है वह उसका निज स्थान है। वह स्थान एक योजन के एक कोश का छट्ठा भाग है तथा वह चतुर्दश रज्जुस्वरूप इस लोक के अग्र भाग में स्थित है। वह स्थान नहीं है ऐसा विवेकी पुरुष को नहीं मानना चाहिये क्योंकि जिनके समस्त कर्म क्षय हो गये हैं ऐसे पुरुषों का भी कोई स्थान होना ही चाहिये। वे मुक्त पुरुष आकाश की तरह सर्वव्यापक हैं यह नहीं माना जा सकता है क्योंकि—आकाश लोक और अलोक दोनों ही में व्यापक माना जाता है परन्तु मुक्त पुरुष को ऐसा नहीं मान सकते क्योंकि अलोक में आकाश के सिवाय अन्य वस्तु का रहना सम्भव नहीं है। एवं वह मुक्तात्मा लोकमात्र व्यापक है यह भी नहीं हो सकता है क्योंकि मुक्ति होने से पूर्व उसमें समस्त लोकव्यापकता नहीं पाई जाती है किन्तु नियत देश काल आदि के साथ ही उसका सम्बन्ध पाया जाता है तथा वह नियत सुख दुःख का ही अनुभव करने वाला देखा जाता है। अतः मुक्ति होने के पश्चात् भी उसकी व्यापकता नहीं मानी जा सकती है क्योंकि मुक्ति होने के पश्चात् वह व्यापक हो जाता है इसमें कोई प्रमाण नहीं है अतः उस मुक्तात्मा का जो निजस्थान है वह लोकाग्र है यही विवेकी पुरुष को मानना चाहिये। कहा है कि—"कर्मविप्रमुक्तस्य ऊर्ध्वगतिः" अर्थात् कर्मबन्धन से छुटे हुए जीव की ऊर्ध्वगति होती है वह ऊर्ध्वगति लोकाग्र ही है।

भावार्थ—जैसे तुम्बा एरण्ड का फल और धनुष से छूटा हुआ बाण और धूम पूर्व प्रयोग से गति करते हैं इसी तरह सिद्ध पुरुष भी पूर्व प्रयोग से ही गति करते हैं किन्तु उस समय वे कोई व्यापार नहीं करते हैं ॥२५-२६॥



णत्थि साहू असाहू वा, णेवं सन्नं निवेसए ।
अत्थि साहू असाहू वा, एवं सन्न निवेसए ॥ (सूत्रं २७) ॥

छाया—नास्ति साधुरसाधुर्वा नैव संज्ञा निवेशयेत् ॥ २७ ॥
आस्ति साधु रसाधुर्वा, एव संज्ञां निवेशयेत् ।

अन्वयार्थ—(साहू असाहू वा णत्थि एवं सन्न न निवेसए) साधु और असाधु नहीं हैं ऐसा नहीं मानना चाहिये (साहू असाहू वा अत्थि एव सन्न निवेसए) किन्तु साधु और असाधु हैं यही बात माननी चाहिये । ॥ २७ ॥

णत्थि कल्लाण पावे वा, णेव सन्नं निवेसए ।
अत्थि कल्लाण पावे वा, एव सन्न निवेसए ॥ (सूत्र २८) ॥

छाया—नास्ति कल्याणः पापो वा, नैवं सञ्ज्ञां निवेशयेत्
अस्ति कल्याणः पापोवा, एवं सञ्ज्ञां निवेशयेत् ॥ २८ ॥

अन्वयार्थ—कल्लाणे पावे वा णत्थि एवं सन्न न निवेसए) कल्याणवान् तथा पापी नहीं हैं ऐसा नहीं मानना चाहिये (कल्लाणे पावे अत्थि एवं सन्न निवेसए) किन्तु कल्याणवान् और पापी हैं यही बात माननी चाहिये ॥ २८ ॥

भावार्थ—किसी का सिद्धान्त है कि—ज्ञान दर्शन और चारित्र रूप जो तीन रत्न हैं उनका पूर्णरूप से पालन करना सम्भव नहीं है और इनका पूर्णरूप से पालन किये बिना साधु नहीं होता है इसलिये इस जगत् में कोई साधु नहीं है और साधु नहीं होने से असाधु भी नहीं है क्योंकि ये दोनों ही सम्बन्धी शब्द हैं यानी साधु होने पर साधु की अपेक्षा से असाधु होता है और असाधु होने पर उसकी अपेक्षा से साधु होता है इसलिए साधु और असाधु नहीं हैं यह कई लोग कहते हैं । परन्तु

भावार्थ—विवेकी पुरुष को ऐसा नहीं मानना चाहिये क्योंकि—जो पुरुष सदा उपयोग रखने वाला राग द्वेष रहित सत्संयमी और शास्त्रोक्त रीति से शुद्ध आहार लेने वाला सम्यग्दृष्टि है वह साधु अवश्य है उसके द्वारा यदि कदाचित् अनेषणीय आहार भी भूल से ले लिया जाय तो वह तीनों उक्त रत्नों का अपूर्ण आराधक नहीं है किन्तु पूर्ण आराधक है क्योंकि उसकी उपयोग बुद्धि शुद्ध है। तथा पूर्व गाथा में जिन समस्त कर्मों का क्षय स्वरूप मुक्ति की सिद्धि की गई है वह भी साधु को ही होती है इससे भी साधु के अस्तित्व की सिद्धि होती है और साधु का अस्तित्व अवश्य है इसलिये साधु के प्रतिपक्षी असाधु का भी अस्तित्व है यही विवेकी पुरुष को मानना चाहिये।

कोई कहते हैं कि - "यह तो भक्ष्य है और यह अभक्ष्य है तथा यह गम्य है और यह अगम्य है एवं यह अप्रासुक तथा अनेषणीय है और यह प्रासुक तथा एषणीय है, इत्यादि विषम भाव रखना राग द्वेष है इसलिये ऐसा विषम भाव रखने वाले पुरुषों में सामायक (समता) का अभाव है"। परन्तु यह बात ठीक नहीं है क्योंकि—भक्ष्याभक्ष्य आदि का विचार करना मोक्ष का प्रधान अङ्ग है राग द्वेष नहीं है। राग से तो भक्ष्या भक्ष्य का विचार नष्ट हो जाता है चाहे स्वादिष्ट वस्तु कैसी ही हो रागी पुरुष की उसमें ग्रहण बुद्धि हो जाती है इसलिये भक्ष्याभक्ष्य का विवेक राग के अभाव का कार्य्य है राग का नहीं है। वस्तुतः कोई उपकार करे या अपकार करे परन्तु उसके ऊपर समान भाव रखना सामायक है परन्तु भक्ष्याभक्ष्य का विवेक न रखना सामायक नहीं है। अतः भक्ष्याभक्ष्य के विवेक को राग द्वेष मानना भूल है ॥२७॥

बौद्ध कहते हैं कि—"सभी पदार्थ अशुचि और आत्मरहित हैं इसलिये जगत् में कल्याण नाम का कोई पदार्थ नहीं है और कल्याण नामक पदार्थ न होने से कोई पुरुष कल्याणवान् भी नहीं है" तथा आत्माद्वैतवादी के मत में सभी पदार्थ पुरुषस्वरूप हैं इसलिये पुण्य या पाप कोई वस्तु नहीं है, परन्तु विवेकी पुरुष को ऐसा नहीं मानना चाहिये किन्तु कल्याण और पाप दोनों ही हैं यही मानना चाहिये। बौद्धों ने जो समस्त पदार्थों को अशुचि कहा है वह ठीक नहीं है क्योंकि सभी पदार्थ अशुचि होने पर बौद्धों के उपास्यदेव भी अशुचि सिद्ध होंगे परन्तु ऐसा वे नहीं मान सकते इसलिये सब पदार्थ अशुचि नहीं हैं यही मानना चाहिये। एवं सभी पदार्थ को निरात्मक बताना भी ठीक नहीं है

भावार्थ—क्योंकि—सभी पदार्थ स्वद्रव्य, स्वकाल, स्वक्षेत्र, और स्वभाव की अपेक्षा से सत् और परद्रव्य परकाल परक्षेत्र और परद्रव्य की अपेक्षा से असत् हैं यही सर्वानुभवसिद्ध निर्दुष्ट सिद्धान्त है निरारम्भवाद नहीं।

तथा आत्माद्वैतवाद भी मिथ्या है इसलिये पाप का अभाव भी नहीं है। आत्माद्वैतवाद में जगत् की विचित्रता हो नहीं सकती है यह पहले कई बार कहा जा चुका है अत एक मात्र पुरुष को ही सब कुछ मान कर पाप आदि को न मानना मिथ्या है। वस्तुत कथञ्चित् पाप और कथञ्चित् कल्याण दोनों ही हैं यही मानना चाहिये। चार प्रकार के घनघाती कर्मों का क्षय किये हुए केवली में साता और असाता दोनों का उदय होता है तथा नारकीय जीवों में भी पञ्चेन्द्रियत्व और ज्ञान आदि का सद्भाव है अत वे भी एकान्त पापी नहीं हैं अत कथञ्चित् कल्याण और कथञ्चित् पाप भी अवश्य है यही युक्तियुक्त सिद्धान्त मानना चाहिये ॥२८॥



कल्लाणे पावए वावि, ववहारो ण विज्जइ।
ज वेर त न जाणंति, समणा बालपंडिया ॥ (सूत्र २९) ॥

छाया—कल्याणः पापको वापि, व्यवहारो न विद्यते।
यद् वैरं तन्न जानन्ति। श्रमणाः बालपण्डिताः ॥ २९ ॥

अन्वयार्थ—(कल्लाणे पावए वावि ववहारो ण विज्जई) यह पुरुष एकान्त कल्याणवान् है और यह एकान्त पापी है ऐसा व्यवहार जगत् में नहीं होता है (बाल पंडिया समणा जं वेरं तं ण जाणंति) तथापि मूर्ख हो कर भी अपने को पण्डित मानने वाले शाक्य आदि, एकान्त पक्षके आश्रय से उत्पन्न होने वाला जो कर्मबन्ध है उसे नहीं जानते हैं ॥ २९ ॥

असेस अक्खय वावि, सव्वदुक्खेति वा पुणो।
वज्झा पाणा न वज्झत्ति, इति वाय न नीसरे ॥ (सूत्र ३०) ॥

छाया—अशेषमक्षयं वाऽपि सर्वं दुःख मिति वा पुन.।
वध्याः प्राणाः न वध्या इति, इति वाच न निःसृजेत् ॥ ३० ॥

अन्वयार्थ—(असेसं अक्खयं वावि) जगत् के समस्त पदार्थ एकान्त नित्य हैं अथवा एकान्त अनित्य हैं ऐसा नहीं कहना चाहिये। (पुणो सव्व दुक्खेति) तथा समस्त जगत् एकान्त रूप से दुःख रूप है यह भी नहीं कहना चाहिये। (पाणा वज्झा अवज्झा इति वायं न नीसरे) तथा अपराधी प्राणी वध्य है या अवध्य है यह वचन साधु न कहे ॥ ३० ॥

दीसति समियायारा, भिक्खुणो साहुजीविणो ।
एए मिच्छोवजीवंति, इति दिट्ठिं न धारए ॥ (सूत्र ३१) ॥

छाया—दृश्यन्ते समिताचाराः, भिक्षव साधुजीविनः ।
एते मिथ्योपजीवन्ति, इति दृष्टिं न धारयेत् ॥ ३१ ॥

अन्वयार्थ—(साहुजीविणो समियायारा भिक्खुणो दीसंति) साधुता के साथ जीने वाले साधु देखे जाते हैं (एए मिच्छोवजीवंति) इसलिये "ये साधु लोग कपट से जीविका करते हैं" (इति दिट्ठिं न धारए) ऐसी दृष्टि नहीं रखनी चाहिये।

भावार्थ—इस जगत् में कोई पुरुष एकान्त रूप से कल्याण का ही भाजन हो और कोई एकान्त रूप से पापी हो, ऐसा नहीं है क्योंकि—कोई भी वस्तु एकान्त नहीं है किन्तु सर्वत्र अनेकान्त का सद्भाव है ऐसी दशा में सभी पदार्थ कथ चित् कल्याणवान् और कथञ्चित् पापयुक्त हैं यही बात सत्य माननी चाहिये। एकान्त पक्ष के आश्रय लेने से कर्मबन्ध होता है परन्तु इस बात को अज्ञानी अन्यतीर्थी नहीं जानते हैं इसलिये वे अहिंसा धर्म और अनेकान्त पक्ष का आश्रय नहीं लेते हैं ॥२९॥

साङ्ख्य मतवाले जगत् के समस्त पदार्थों को एकान्त नित्य कहते हैं परन्तु विवेकी पुरुष को ऐसा नहीं कहना चाहिये क्योंकि जगत् के सभी पदार्थ प्रतिक्षण अन्यथाभाव को प्राप्त होते रहते हैं। कोई भी वस्तु सदा एक ही अवस्था में नहीं रहती है। काटने पर फिर नवीन उत्पन्न हुए केश और नख में जैसे तुल्यता को लेकर "यह वही केश नख है यह प्रत्यभिज्ञान (पहिचान) होता है इसी तरह समस्त पदार्थों में तुल्यता को लेकर यह वही वस्तु है" यह प्रत्यभिज्ञान होता है इस लिये इस प्रत्यभिज्ञान को देखकर वस्तु में अन्यथाभाव न मानना और उन्हें एकान्त नित्य कहना मिथ्या है। इसी तरह जगत् के समस्त पदार्थों को बौद्धों की तरह एकान्त क्षणिक भी नहीं कहना चाहिये

भावार्थ—क्योंकि—बौद्ध, पूर्व पदार्थ का एकान्त विनाश और उत्तर पदार्थ की निर्हेतुक उत्पत्ति कहते हैं वस्तुतः यह मत ठीक नहीं है यह पहले कहा जा चुका है। एवं यह समस्त जगत् दुःखात्मक है यह भी विवेकी पुरुष को नहीं कहना चाहिये क्योंकि—सम्यग्दर्शन आदि रत्नत्रय की प्राप्ति होने पर जीव को असीम आनन्द की प्राप्ति होती है यह शास्त्र कहता है। अतएव विद्वानों ने कहा है कि—"तणसंत्थार णिसण्णोवि मुणिवरो, भट्ठरायमयमोहो, जं पावइ मुत्तिसुहं कत्तो तं चक्कवट्टी वि"। अर्थात् राग, मोह और मद से रहित मुनि तृण की शय्या पर बैठा हुआ भी जिस अनुपम आनन्द को प्राप्त करता है उसको चक्रवर्ती भी कहां से प्राप्त कर सकता है ? अतः समस्त जगत् एकान्त रूप से दुःखात्मक है यह विद्वान् को नहीं कहना चाहिये। एवं जो प्राणी चोर और पारदारिक आदि महान् अपराधी हैं उनको साधु यह न कहे कि "ये प्राणी वध करने योग्य हैं अथवा ये वध करने योग्य नहीं हैं" इसी तरह दूसरे प्राणियों को मारने में सदा तत्पर रहने वाले सिंह, व्याघ्र, और बिडाल आदि प्राणियों को भी देखकर साधु यह न कहे कि—"ये प्राणी वध करने योग्य हैं अथवा ये वध करने योग्य नहीं हैं" किन्तु साधु समस्त प्राणियों के ऊपर समभाव रखता हुआ मध्यस्थवृत्ति धारण करे। अतएव तत्त्वार्थ सूत्र में कहा है कि "मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थानि सत्वगुणाधिकक्लिश्यमानाविनेयेषु"। अर्थात् साधु समस्त प्राणियों में मैत्रीभाव तथा अधिक गुण वाले पुरुषों पर हर्ष, एवं दुःखी पर करुणा और अविनीत प्राणियों पर मध्यस्थता रखे। इसी तरह दूसरे वाक्संयमों के विषय में भी जानना चाहिये ॥३०॥

शास्त्रोक्त रीति से आत्मसंयम करने वाले अथवा शास्त्रीय आचार का पालन करने वाले भिक्षामात्रजीवी उत्तमरीति से जीने वाले साधु पुरुष इस जगत् में देखे जाते हैं। वे पुरुष किसी को दुःख नहीं देते हैं किन्तु क्षमाशील, इन्द्रियविजयी, वचन के पक्के, परिमित जल पीने वाले, और एक युग पर्य्यन्त दृष्टि रखकर चलने वाले हैं। ऐसे पुरुषों को देखकर यह नहीं कहना चाहिये कि—'ये सराग होकर भी वीतराग के समान आचरण करते हैं अतः ये कपटी हैं" इत्यादि। जो पुरुष सर्वज्ञ नहीं है वह ऐसा निश्चय करने में समर्थ नहीं हो सकता है कि—"अमुक पुरुष सराग है और अमुक वीतराग है तथा अमुक कपटी है और अमुक सच्चा साधु

भावार्थ—हे इत्यादि" । अतः शास्त्रकार उपदेश करते हैं कि—वह पुरुष चाहे स्वतीर्थी हो या परतीर्थी हो, उसके विषय में उक्त वाक्य साधु को नहीं कहना चाहिये । अतएव विद्वानों ने कहा है कि—"यावत् परगुण परदोषकीर्तने व्यापृतं मनो भवति, तावद्वरं विशुद्धे ध्याने व्यग्रं मनः कर्तुम्" । अर्थात् यह मन जबतक दूसरे के गुण और दोष के विवेचन में प्रवृत्त रहता है तब तक यदि इसे शुद्ध ध्यान में लगाया जाय तो क्या अच्छा हो ? ॥३१॥



दक्खिणाए पडिलम्भो,अत्थि वा णत्थि वा पुणो ।
णवियागरेज्ज मेहावी, संतिमग्ग च वूहए ॥ (सूत्र ३२)॥

छाया—दक्षिणायाः प्रतिलम्भः अस्ति वा नास्ति वा पुनः ।
न व्यागृणीयान्मेधावी, शान्तिमार्गञ्च वर्धयेत् ॥ ३२ ॥

अन्वयार्थ—(दक्खिणाए पडिलंभो अत्थि वा पुणो नत्थि वा मेहावी ण वियागरेज्ज) दान की प्राप्ति अमुक से होती है या अमुक से नहीं होती है यह बुद्धिमान् साधु न कहे (संतिमग्गं च वूहए) किन्तु जिससे मोक्षमार्ग की वृद्धि होती है ऐसा वचन कहे ॥३२॥

इच्चेएहिं ठाणेहिं, जिणदिट्ठेहिं संजए ।
धारयते उ अप्पाणं,आमोक्खाए परिवएज्जासि ॥ (सूत्र ३३) ॥
॥त्तिबेमि इति बीयसुयक्खधस्स अणायारणाम पचममज्झयणं समत्तं॥

छाया—इत्येतैः स्थानै जिनदृष्टैःसंयतः, धारयंस्त्वात्मानम् ।
आमोक्षाय परिव्रजेदिति ब्रवीमि ॥ ३३ ॥

अन्वयार्थ—(इच्चेएहिं जिणदिट्ठेहिं ठाणेहिं संजए अप्पाणं धारयंते उ आमोक्खाए परिव्वएज्जा) इस अध्ययन में कहे हुए इन जिनोक्त स्थानों के द्वारा अपने को संयम में स्थापित करता हुआ साधु मोक्ष के लिये प्रयत्न करे ॥ ३३ ॥

भावार्थ—मर्य्यादा में स्थित साधु, "अमुक गृहस्थ के यहां दान की प्राप्ति होती है अथवा नहीं होती है" यह नहीं कहे । अथवा मर्य्यादा में स्थित पुरुष

भावार्थ—"स्वयूथिक या परतीर्थी को दान देने से लाभ होता है या नहीं होता है" ऐसा एकान्तरूप से न कहे क्योंकि—दान के निषेध करने से अन्तराय होना सम्भव है और दान लेने वाले को दुःख भी उत्पन्न होता है तथा उन्हें दान देने का एकान्त रूप से अनुमोदन भी नहीं करना चाहिये क्योंकि ऐसा करने से अधिकरण दोष उत्पन्न होना सम्भव है अतः साधु पूर्वोक्त प्रकार से एकान्त वचन न कहे किन्तु सम्यग्दर्शन ज्ञान और चारित्ररूप मोक्षमार्ग की जिस तरह उन्नति हो वैसा वचन कहे। आशय यह है कि कोई पुरुष साधु से दान देने के सम्बन्ध में प्रश्न करे तो साधु, दान का विधि निषेध न करता हुआ निरवद्य भाषा ही बोले। इस प्रकार इस अध्ययन में कहे हुए वाक् संयम को भली-भांति पालन करता हुआ साधु मोक्षपर्य्यन्त संयम का अनुष्ठान करे।

यह पांचवाँ अध्ययन समाप्त हुआ।



॥ ओ३म् ॥

श्री सूत्रकृताङ्ग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का

षष्ठ अध्ययन



पञ्चम अध्ययन में कहा है कि उत्तम पुरुष को अनाचार का त्याग और आचार का सेवन करना चाहिये इसलिये इस छठे अध्ययन में अनाचार का त्याग और आचार का सेवन करने वाले आर्द्रक मुनि का उदाहरण देकर यह बताया जाता है कि अनाचार का त्याग और आचार का सेवन मनुष्य के द्वारा किया जा सकता है यह असम्भव नहीं किन्तु सम्भव है ।



पुराकडं अद्द ! इमं सुणेह, मेगंतयारी समणे पुरासी ।
से भिक्खुणो उवणेत्ता अणेगे, आइक्खतिण्हिं पुढो वित्थरेणं ॥

छाया—पुराकृतमार्द्र ! इद शृणु, एकान्तचारी श्रमणः पुराऽऽसीत् ।
समिक्षूनुपनीयानेकान् आख्यातीदानीं पृथक् विस्तरेण ॥ १ ॥

अन्वयार्थ—(अद्द ! पुराकडं इमं सुणेह) गोशालक कहता है कि—हे आर्द्रक ! महावीर स्वामी का यह पहला वृत्तान्त सुनो (एगंतयारी समणे पुरा आसी) महावीर स्वामी पहले अकेला विचरने वाले तथा तपस्वी थे (इण्हिं से अणेगे भिक्खुणो उवणेत्ता पुढो वित्थरेण आइक्खति) परन्तु इस समय वे अनेक भिक्षुओं को अपने साथ रखकर अलग अलग विस्तार के साथ धर्म का उपदेश करते हैं ॥ १ ॥

साऽऽजीविया पट्ठविताऽथिरेणं, सभागओ गणओ भिक्खुमज्झे ।
आइक्खमाणो बहुजन्नमत्थं, न संधयाती अवरेण पुव्वं ॥ २ ॥

छाया—सा जीविका प्रस्थापिताऽस्थिरेण, समागतो गणशः भिक्षुमध्ये ।
आचक्षमाणो बहुजन्यमर्थं न सन्दधात्यपरेण पूर्वम् ॥ २ ॥

अन्वयार्थ—(अथिरेणं सा आजीविया पट्ठविता) उस चञ्चल चित्तवाले महावीर स्वामी ने यह जीविका स्थापित की है। (सभागओ गणओ भिक्खुमज्झे बहुजन्नमत्थं आइक्खमाणो अवरेण पुव्वं न संधयाती) ये जो सभा में जाकर अनेक भिक्षुओं के मध्य में बहुत लोगों के हित के लिये धर्म का उपदेश करते हैं यह इनका इस समय का व्यवहार इनके पहले व्यवहार से बिल्कुल नहीं मिलता है ॥ २ ॥

एगंतमेवं अदुवा वि इण्हिं, दोऽवण्णमन्नं न समेति जम्हा ।

छाया—एकान्तमेवमथवाऽपीदानीं, द्वावन्योऽन्य न समितो यस्मात् ।

अन्वयार्थ—(एवं एगंतं अदुवावि इण्हिं) दोवण्णमन्नं जम्हा न समेति) इस प्रकार या तो महावीर स्वामी का पहला व्यवहार एकान्त वास ही अच्छा हो सकता है अथवा इस समय का अनेक लोगों के साथ रहना ही अच्छा हो सकता है ? परन्तु दोनों अच्छे नहीं हो सकते हैं क्योंकि दोनों का परस्पर विरोध है मेल नहीं है।

भावार्थ—प्रत्येकबुद्ध राजकुमार आर्द्रक जब भगवान् महावीर स्वामी के निकट जा रहे थे उस समय गोशालक उनकी इस इच्छा को बदलने के लिये

भावार्थ—उनके पास आया और कहने लगा कि हे आर्द्रक ! पहले मेरी बात सुन लो पीछे जो इच्छा हो वह करना। मैं तुम्हारे महावीर स्वामी का पहला वृत्तान्त बताता हूँ उसे सुनो। यह महावीर स्वामी पहले जनरहित एकान्त स्थान में विचरते हुए कठिन तपस्या करने में प्रवृत्त रहते थे परन्तु इस समय वे तपस्या के क्लेश से पीड़ित होकर उसे त्याग कर देवता आदि प्राणियों से भरी सभा में आकर धर्म का उपदेश करते हैं। उन्हें अब एकान्त अच्छा नहीं लगता है अतः वे अब अनेक शिष्यों को अपने साथ रखते हुए तुम्हारे जैसे भोले जीवों को मोहित करने के लिये विस्तार के साथ धर्म की व्याख्या करते हैं। अपने पहले आचरण को छोड़कर महावीर स्वामी ने जो यह दूसरा आचरण स्वीकार किया है निश्चय यह एक प्रकार की जीविका उन्होंने स्थापित की है क्योंकि अकेले विचरने वाले मनुष्य का लोग तिरस्कार किया करते हैं अतः जन समूह का महान् आडम्बर रचकर वे अब विचरते हैं। कहा है कि "छत्र, छात्र, पात्र, वस्त्र यष्टिञ्च चर्चयति भिक्षुः। वेषेण परिकरेण च कियता ऽपि विना न भिक्षाऽपि"। अर्थात् भिक्षु जो अपने पास छत्र, छात्र, पात्र वस्त्र और दण्ड रखता है सो अपनी जीविका का साधन करने के लिये ही रखता है क्योंकि वेष और आडम्बर के बिना जगत् में भिक्षा भी नहीं मिलती है। इसलिये महावीर स्वामी ने भी जीविका के लिये ही इस मार्ग को स्वीकार किया है। महावीर स्वामी स्थिर चित्त नहीं किन्तु चञ्चल स्वभाववाले हैं। वे पहले किसी शून्य वाटिका अथवा किसी एकान्त स्थान में रहते हुए अन्त प्रान्त आहार से अपना निर्वाह करते थे परन्तु अब वे सोचते हैं कि रेती के कवल के समान स्वादवर्जित यह कार्य्य जीवन भर करना ठीक नहीं है इसलिये वे अब महान् आडम्बर के साथ विचरते हैं। हे आर्द्रक ! इनके पहले आचार के साथ आजकल के आचार का मेल नहीं है किन्तु धूप और छाया के समान एकान्त विरोध है क्योंकि—कहां तो अकेले विचरना और कहां महान् जनसमुदाय के साथ फिरना ? यदि इस प्रकार आडम्बर के साथ विचरना ही धर्म का अङ्ग है तो पहले महावीर स्वामी अकेले क्यों विचरते थे ? और यदि अकेले विचरना ही अच्छा है तो इस समय जो वे इतने जन समुदाय में आकर धर्मोपदेश करते हैं यह क्यों ? वस्तुतः ये चञ्चल हैं और इनकी चर्य्या समान नहीं है किन्तु बदलती रहती है, इस कारण ये दाम्भिक हैं धार्मिक नहीं हैं इसलिये इनके पास तुम्हारा जाना ठीक नहीं है। इस

भावार्थ—प्रकार गोशालक के द्वारा कहे हुए आर्द्रकजी गोशालक को आधी गाथा के द्वारा उत्तर देते हैं।

पुव्विं च इण्हिं च अणागत वा, एगतमेव पडिसंधयाति ॥३॥

छाया—पूर्वञ्चेदानीञ्चानागतञ्च, एकान्तमेवं प्रतिसन्दधाति ॥ ३ ॥

अन्वयार्थ—(पुव्विंच इण्हिंच अणागयं च एगतमेवं पडिसंधयाति) पहले, अब, तथा भविष्य में सदा सर्वदा भगवान् महावीर स्वामी एकान्त का ही अनुभव करते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थ—गोशालक के आक्षेप का समाधान करते हुए आर्द्रकजी कहते हैं कि—भगवान् महावीर स्वामी पहले अब और भविष्य में सदा एकान्त का ही अनुभव करते हैं इसलिये उन्हें चञ्चल कहना तथा उनकी पहली चर्य्या के साथ आधुनिक चर्य्या की भिन्नता बताना तुम्हारा अज्ञान है। यद्यपि इस समय भगवान् महान जनसमूह में जाकर धर्म का उपदेश करते हैं तथापि उनका किसी के साथ न तो राग है और न द्वेष है किन्तु सब के प्रति उनका भाव समान है। इसलिये महान् जनसमूह में स्थित होने पर भी वे पहले के समान एकान्त का ही अनुभव करते हैं अत उनकी पूर्व अवस्था और आधुनिक अवस्था में वस्तुत कोई फर्क नहीं है। तथा पहले भगवान् महावीर स्वामी अपने चतुर्विध घाती कर्मों का क्षय करने के लिये मौन रहते थे और एकान्त का सेवन करते थे परन्तु अब, उन कर्मों का नाश करके शेष चतुर्विध अघाती कर्मों का क्षपण करने के लिये एवं उच्चगोत्र शुभ आयु और शुभ नाम आदि प्रकृतियों का क्षय करने के लिये महाजनों की सभा में वे धर्म का उपदेश करते हैं। अत उनको चञ्चल बताना अज्ञान है यह गोशालक से अर्द्रकजी ने कहा।



समिच्च लोग तसथावराणं, खेमंकरे समणे माहणे वा ।
आइक्खमाणोवि सहस्समज्झे, एगतय सारयती तहच्चे ॥४॥

छाया—समेत्य लोकं त्रसस्थावराणां, क्षेमङ्कर. श्रमणो माहनोवा ।
आचक्षमाणोऽपि सहस्रमध्ये एकान्तक साधयति तथार्चः ॥ ४ ॥

अन्वयार्थ—(समणे माहणे वा खेमं समिय) बारह प्रकार की तपस्या से अपने शरीर को तपाने हुये तथा "प्राणियों को मत मारो" ऐसा कहने वाले भगवान् महावीर स्वामी केवल ज्ञान के द्वारा सम्पूर्ण चराचर जगत् को जानकर (तसथावराणं खेमंकरे) त्रस और स्थावर प्राणियों के कल्याण के लिये (सहस्समज्झे आइक्खमाणोवि) हजारों जीवों के मध्य में धर्म का कथन करते हुए भी (एगंतग सारयति) एकान्त का ही अनुभव करते हैं (तहच्चे) क्योंकि उनकी चित्तवृत्ति उसी तरह की बनी रहती है ॥ ४ ॥

धम्मं कहंतस्स उ णत्थि दोसो, खंतस्स दंतस्स जिर्तिदियस्स ।
भासाय दोसे य विवज्जगस्स, गुणे य भासाय णिसेवगस्स ॥५॥

छाया—धर्म कथयतस्तु नास्ति दोष, क्षान्तस्य दान्तस्य जितेन्द्रियस्य
भाषायाः दोषस्य विवर्जकस्य, गुणश्च भाषाया निषेवकस्य ॥ ५ ॥

अन्वयार्थ (धम्मं कहंतस्स उ दोसो णत्थि) धर्म का उपदेश करते हुए भगवान् को दोष नहीं होता (खंतस्स दंतस्स जिर्तिदियस्स) क्योंकि—भगवान् समस्त परिषहों को सहन करने वाले, मन को वश में किये हुए और इन्द्रियों के विजयी हैं (भासाय दोसेय विवज्जगस्स भासाय णिसेवगस्स गुणे य) अतः भाषा के दोषों को वर्जित करने वाले भगवान् के द्वारा भाषा का सेवन किया जाना गुण ही है दोष नहीं है ॥५॥

महव्वए पंच अणुव्वए य, तहेव पंचासवसंवरे य ।
विरतिं इहस्सामणियंमि पन्ने, लवावसक्की समणेत्तिबेमि ॥६॥

छाया—महाव्रतान् पञ्चानुव्रतांश्च, तथैव पञ्चाश्रवसंवरांश्च ।
विरतिमिह श्रामण्ये पूर्णे, लवाशङ्की श्रमण इति ब्रवीमि ॥ ६ ॥

अन्वयार्थ—(लवावसक्की समणे) कर्म से दूर रहने वाले तपस्वी भगवान् महावीर स्वामी (महव्वए पंच अणुव्वए य तहेव पंचासवसंवरेय पन्ने इह सामणियंमि विरतिं त्तिबेमि) श्रमणों के लिये पाँच महाव्रत और श्रावकों के लिये पाँच अणुव्रत तथा पाँच आश्रव और संवर का उपदेश करते हैं पूर्ण पूर्ण साधुपने में वे विरति की शिक्षा देते हैं यह मैं कहता हूँ ॥६॥

भावार्थ—भगवान् महावीर स्वामी की पहली चर्य्या दूसरी थी और अब दूसरी है क्योंकि वे पहले अकेले रहते थे और अब वे अनेक मनुष्यों के साथ रहते हैं अतः वे दाम्भिक हैं सच्चे साधु नहीं हैं यह जो गोशालक ने

सीओदगं सेवउ बीयकायं, आहायकम्म तह इत्थियाओ।
एगंतचारिस्सिह अम्ह धम्मे, तवस्सिणो णाभिसमेति पाव ॥७॥

छाया—शीतोदक सेवतु बीजकायम्, आधाकर्म तथा स्त्रियः।
एकान्तचारिणस्त्वस्मद्धर्मे तपस्विनो नाभिसमेति पापम् ॥ ७ ॥

अन्वयार्थ—(सीओदग बीयकायं आहाय कम्मं तह इत्थियाओ) कच्चा जल, बीजकाय, आधाकर्म तथा स्त्रियों का (सेवउ) भले ही वह सेवन करता हो (इह अम्ह धम्मे एगतचारिस्स तवस्सिणो पावं णाभिसमेति) परन्तु जो अकेला विचरने वाला पुरुष है उसको हमारे धम में पाप नहीं लगता है ॥ ७ ॥

सीतोदग वा तह बीयकाय, आहायकम्म तह इत्थियाओ।
एयाइ जाण पडिसेवमाणा, अगारिणो अस्समणा भवंति ॥८॥

छाया—शीतोदकं वा तथा बीजकायम्, आधाकर्म तथा स्त्रियः।
एतानि जानीहि प्रतिसेवमानाः अगारिणोऽश्रमणाः भवन्ति ॥ ८ ॥

अन्वयार्थ—(सीओदग बीयकायं आहाकम्मं तह इत्थिआउ एयाइ पडिसेवमाणा अगारिणो अस्समणा भवंति) कच्चा जल, बीजकाय, आधाकर्म और स्त्रियां इनको सेवन करने वाले गृहस्थ हैं श्रमण नहीं है ॥ ८ ॥

सिया य बीओदगइत्थियाओ, पडिसेवमाणा समणा भवतु।
अगारिणोऽवि समणा भवतु, सेवंति उ तेऽवि तहप्पगार ॥९॥

छाया—स्याच्च बीजोदकस्त्रियः प्रतिसेवमानाः श्रमणा भवन्तु।
अगारिणोऽपि श्रमणाः भवन्तु सेवन्ति तु तेऽपि तथाप्रकारम् ॥ ९ ॥

अन्वयार्थ—(सियाय बीओदगइत्थियाओ पडिसेवमाणा समणा भवंतु) यदि बीजकाय कच्चा जल आधाकर्म एवं स्त्रियों को सेवन करने वाले पुरुष भी श्रमण हों (अगारिणो वि समणा भवंतु तेवि उ तहप्पगारं सेवंति) तो गृहस्थ भी श्रमण क्यों न माने जावेंगे ? क्योंकि वे भी पूर्वोक्त विषयों का सेवन करते हैं ॥ ९ ॥

जे यावि बीओदगभोति भिक्खू , भिक्खं विहं जायति जीवियट्ठी ।
ते णातिसंजोगमविप्पहाय, कायोवगा णंतकरा भवंति ॥१०॥

छाया—ये चाऽपि बीजोदकभोजिनो भिक्षवः भिक्षाविधिं यान्ति जीवितार्थिनः ।
ते ज्ञातिसंयोगमपि प्रहाय कायोपगाः नान्तकराः भवन्ति ॥ १० ॥

अन्वयार्थ—(जयावि भिक्खू बीओदगभोति जीवियट्ठी भिक्खं विहं जायति) जो पुरुष भिक्षु होकर भी सचित्त बीजकाय कच्चा जल और आधा कर्म आदि का सेवन करते हैं और जीवन रक्षा के लिये भिक्षावृत्ति करते हैं (ते णातिसंजोग मविप्पहाय) वे अपने ज्ञातिसंसर्ग को छोड़ कर भी (कायोवगा) अपने शरीर के ही पोषक हैं (णंतकरा भवंति) वे कर्मों का नाश करने वाले नहीं हैं ॥ १ ॥

भावार्थ—गोशालक अपने धर्म का तत्त्व समझाने के लिये आर्द्रकुमार से कहता है कि—हे आर्द्रकुमार ! तुमने अपने धर्म की बात तो कही अब मेरे धर्म के नियमों को सुनो । मेरे धर्म का सिद्धान्त यह है कि जो पुरुष अकेला विचरने वाला और तपस्वी है वह चाहे कच्चा जल बीजकाय आधा कर्म और स्त्रियों का सेवन भले ही करे परन्तु उसको किसी प्रकार का पाप नहीं होता है ॥ ७ ॥

गोशालक के इस सिद्धान्त का खण्डन करते हुए आर्द्रकजी कहते हैं कि हे गोशालक ! तुम्हारा यह सिद्धान्त ठीक नहीं है क्योंकि बीजकाय कच्चा जल आधाकर्म और स्त्रियों का सेवन तो गृहस्थगण भी करते हैं परन्तु वे श्रमण नहीं हैं क्योंकि अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य्य और अपरिग्रह इन पांच वस्तुओं को सेवन करना श्रमण पुरुष का लक्षण है बीजकाय और स्त्री आदि का सेवन करना नहीं, इनके सेवन से तो श्रमणपने से ही जीव पतित हो जाता है अतः तुम्हारा सिद्धान्त अयुक्त है । यदि अकेले रहने मात्र से किसी प्रकार का दोष न लगे और वह साधु माना जाय तो परदेश आदि जाते समय अथवा बहुत से ऐसे अवसरों में गृहस्थ भी अकेले रहते हैं और धन न मिलने पर वे भी क्षुधा और पिपासा के कष्टों को सहन करते हैं तथापि वे गृहस्थ ही माने जाते हैं श्रमण नहीं माने जाते । अतः जो पुरुष अपने परिवार आदि के संसर्ग को छोड़ कर प्रव्रज्या लेकर भिक्षु हो गया है वह यदि कच्चा जल, बीजकाय और आधा कर्म तथा स्त्री का सेवन करे तो उसे दाम्भिक समझना चाहिये । वह जीविका के लिये भिक्षावृत्ति को अङ्गीकार करता

भावार्थ—है कर्मों का अन्त करने के लिये नहीं। अत जो पुरुष छ काय के जीवों का आरम्भ करते हैं वे चाहे द्रव्य से ब्रह्मचारी भी हों परन्तु वे ससार को पार करने में समर्थ साधु नहीं हैं अत तुम्हारा सिद्धान्त मिथ्या है ॥ ८-९-१० ॥



इम वय तु तुम पाउकुव्व, पावाइणो गरिहसि सव्व एव ।
पावाइणो पुढो किट्टयता, सय सय दिट्ठि करेंति पाउ ॥११॥

छाया—इमां वाचन्तु त्व प्रादुष्कुर्वन् प्रवादिन॰ गर्हसे सर्वानेव ।
प्रवादिनः पृथक् कीर्त्तयन्त॰ स्वकां स्वकां दृष्टिं कुर्वन्ति प्रादु॰ ॥११॥

अन्वयार्थ—(इमं वयंतु पाउकुव्वं तुम सव्व एव पावाइणो गरिहसि) गोशालक कहता है कि हे आर्द्रकुमार ! तुम इस वचन को कहते हुए सम्पूर्ण प्रावादुकों की निन्दा करते हो (पावाइणो पुढो किट्टयंता सयं सयं दिट्ठिं पाउ करेंति) प्रावादुक गण अलग अलग अपने सिद्धान्तों को बताते हुए अपने दर्शन को श्रेष्ठ कहते हैं ॥११॥

ते अन्नमन्नस्स उ गरहमाणा, अक्खति भो समणा माहणा य ।
सतो य अत्थी असतो य णत्थी, गरहामो दिट्ठि ण गरहामो किंचि १ २

छाया—ते अन्योऽन्यस्य तु गर्हमाणाः आख्यान्ति भो श्रमणा॰ माहनाश्च ।
स्वतश्चास्तिअस्वतश्च नास्ति गर्हामो दृष्टिं न गर्हाम॰ किञ्चित् ॥१२॥

अन्वयार्थ—(ते समणा माहणा य अन्नमन्नस्स उ गरहमाणा अक्खंति) आर्द्रकजी कहते हैं कि—वे श्रमण और ब्राह्मण परस्पर एक दूसरे की निन्दा करते हुए अपने-अपने दर्शन की प्रशंसा करते हैं (सतो य अत्थि असतो य णत्थि दिट्ठिं गरहामो ण किंचि) वे अपने दर्शन में कही हुई क्रिया के अनुष्ठान से पुण्य होना और परदर्शनोक्त क्रिया के अनुष्ठान से पुण्य न होना बतलाते हैं अतः मैं उनकी इस एकान्त दृष्टि की निन्दा करता हूं और कुछ नहीं ॥१२॥

ण किंचि रूवेणऽभिधारयामो सदिट्ठिमग्ग तु करेमु पाउ ।
मग्गे इमे किट्टिए आरिएहिं अणुत्तरे सप्पुरिसेहिं अजू ॥१३॥

छाया—न कञ्चन रूपेणाभिधारयामः स्वदृष्टिमार्गञ्च कुर्मः प्रादुः ।
मार्गोऽयं कीर्तितः आर्य्यैरनुत्तरः सत्पुरुषैरञ्जु ॥१३॥

अन्वयार्थ—(किंचि रूवेण ण अभिधारयामो) हम किसी के रूप और वेष आदि की निन्दा नहीं करते हैं । (सदिट्ठिमग्गं तु पाऊ करेसु) किन्तु अपने दर्शन के मार्ग का प्रकाश करते हैं (इमे मग्गे अणुत्तरे आरिएहिं सप्पुरिसेहिं अंजू कित्तिए) यह मार्ग सर्वोत्तम है और आर्य्य सत्पुरुषों के द्वारा निर्दोष कहा गया है ॥१३॥

उड्ढं अहेयं तिरियं दिसासु, तसा य जे थावर जे य पाणा ।
भूयाहिसंकाभिदुगुछमाणा, णो गरहती वुसिमं किंचि लोए ॥१४॥

छाया—ऊर्ध्वमधस्तिर्य्यग्दिशासु, त्रसाश्च ये स्थावरा ये च प्राणा ।
भूताभिशङ्काभिजुगुप्समान. नो गर्हते सयमवान् किञ्चिल्लोके ॥१४॥

अन्वयार्थ—(उड्ढं अहेयं तिरियं दिसासु तसा य जे थावरा जे य पाणा) ऊपर नीचे और तिरछे दिशाओं में रहने वाले जो त्रस और स्थावर प्राणी हैं (भूयाहिसंकाभिदुगुछमाणा वुसिमं लोए ण किंचि गरहती) उन प्राणियों की हिंसा से घृणा रखने वाले संयमी पुरुष इस लोक में किसी की भी निन्दा नहीं करते हैं ॥१४॥

भावार्थ—गोशालक आर्द्रकुमार से कहता है कि—हे आर्द्रकुमार ! तुम शीत जल, बीज काय और आधा कर्म आदि के उपयोग करने से कर्म का बन्ध बताकर दूसरे समस्त दार्शनिकों की निन्दा कर रहे हो क्योंकि समस्त दूसरे दार्शनिक शीत जल बीजकाय और आधा कर्म का उपभोग करते हुए संसार से पार होने का प्रयत्न करते हैं तथा वे अपने-अपने दर्शनों को जगत् में प्रकट करते हुए उन दर्शनों में विधान किए हुए आचरण से मुक्ति की प्राप्ति बतलाते हैं परन्तु यदि शीत जल बीजकाय और आधाकर्म के सेवन से कर्मबन्ध माना जाय तब तो इन दार्शनिकों का प्रयत्न निरर्थक ही है यह मुक्ति के साधन के बदले में बन्धन का ही साधक होगा इसलिये तुम सब दर्शनों की निन्दा कर रहे हो यह गोशालक आर्द्रकुमार स कहता है । इस गोशालक के आक्षेप का समाधान करते हुए आर्द्रकुमार कहते हैं कि—हे गोशालक ! हम किसी की निन्दा नहीं करते हैं किन्तु वस्तुस्वरूप का कथन करते हैं । देखो, सभी दार्शनिक अपने अपने दर्शन की प्रशंसा और परदर्शन की निन्दा किया करते हैं तथा

भावार्थ—उनका अनुष्ठान भी परस्पर विरुद्ध देखा जाता है। तो भी वे अपने पक्ष का समर्थन और परपक्ष को दूषित करते हैं। तथा सभी अपने आगम में किये हुए विधान से मुक्तिलाभ और परदर्शन मे किये हुए विधान से मुक्ति का निषेध करते हैं। यह बात सत्य है मिथ्या नहीं है परन्तु मैं इस नीति का आश्रय लेकर किसी की निन्दा नहीं करता किन्तु मध्यस्थ भाव को धारण करके वस्तु के सच्चे स्वरूप को बतला रहा हूँ। सभी अन्य दार्शनिक एकान्त दृष्टि को लेकर अपने पक्ष का समर्थन और परमत का निषेध करते हैं। परन्तु उनकी यह एकान्त दृष्टि ठीक नहीं है क्योंकि एकान्त दृष्टि से वस्तु का यथार्थ स्वरूप नहीं जाना जाता है। वस्तु स्वरूप को जानने के लिये अनेकान्त दृष्टि ही उपयोगिनी है अत उसका आश्रय लेकर मैं वस्तु के यथार्थ स्वरूप को बता रहा हूँ ऐसा करना किसी की निन्दा करना नहीं है अपितु वस्तु के यथार्थ स्वरूप को प्रकट करना है अतएव विद्वानों ने कहा है कि—'नेत्रैर्निरीक्ष्य बिलकण्टककीटसर्पान् सम्यक् पथा व्रजति तान् परिहृत्य सर्वान् कुज्ञानकुश्रुतिकुमार्गकुदृष्टिदोषान् सम्यग् विचारयत कोऽत्र परापवाद ।" अर्थात् नेत्रवान् पुरुष नेत्रों के द्वारा बिल, कण्टक, कीट, और सर्पों को देख कर तथा उनको वर्जित करके उत्तम मार्ग से चलता है इसी तरह विवेकी पुरुष कुज्ञान कुश्रुति और कुमार्ग और कुदृष्टि को अच्छी तरह विचार कर सन्मार्ग का आश्रय लेते हैं अत ऐसा करना किसी की निन्दा करना नहीं है। वस्तुत जो पुरुष पदार्थ को एकान्त नित्य अथवा एकान्त अनित्य एवं सामान्यस्वरूप तथा विशेष स्वरूप ही मानने वाले एकान्तवादी अन्यदर्शनी हैं वे ही दूसरे की निन्दा करते हैं परन्तु जो अनेकान्तवादी अनेकान्त पक्ष को मानने वाले हैं वे किसी की भी निन्दा नहीं करते हैं क्योंकि वे पदार्थों को कथञ्चित् सत् और कथञ्चित् असत् तथा कथञ्चित् नित्य और कथञ्चित् अनित्य एवं कथञ्चित् समान्यरूप और कथञ्चित् विशेषरूप स्वीकार करके उन सबों का समन्वय करते हैं। ऐसा किये बिना वस्तुस्वरूप का ज्ञान जगत् को हो नहीं सकता है इसलिये राग द्वेष रहित होकर हम एकान्त दृष्टि को दूषित करते हुए अनेकान्तवाद का समर्थन करते हैं। हम किसी श्रमण या ब्राह्मण के निन्दित अङ्ग अथवा वेष को बता कर उनकी निन्दा नहीं करते हैं किन्तु उन्होंने अपने दर्शन में जो कहा है वह प्रकट कर देते ह। ऐसा करना उनकी निन्दा नहीं है। एवं पर-मत को बताकर अपने मत की विशेषता बताना भी कोई दोष नहीं है

भावार्थ—अत: परदार्शनिकों की निन्दा का आक्षेप तुम्हारा ठीक नहीं है। आर्द्रकजी कहते हैं कि—हे गोशालक! सर्वज्ञ आर्य्य पुरुषों के द्वारा कहा हुआ जो मार्ग सबसे उत्तम तथा वस्तु के सच्चे स्वरूप को प्रकट करने वाला सम्यग्दर्शन ज्ञान और चारित्ररूप है वही मनुष्यों के कल्याण का कारण है उस धर्म के पालन करने वाले संयमी पुरुष ऊपर नीचे तथा तिरछे दिशाओं में रहने वाले प्राणियों के दुःख के भय से किसी की निन्दा नहीं करते हैं। वे जिन कार्य्यों से प्राणियों का उपमर्द सम्भव है उन सावद्य अनुष्ठानों का आचरण कदापि नहीं करते हैं। वे राग द्वेष रहित पुरुष जगत् के उपकारार्थ जो वस्तुस्वरूप का प्रतिपादन करते हैं वह किसी की भी निन्दा नहीं है। यदि ऐसा करना भी निन्दा हो तब तो आग गर्म होती है और पानी ठण्डा होता है यह कहना भी निन्दा मानना चाहिये अत: वस्तु के सच्चे स्वरूप को बताना निन्दा नहीं है ॥ ११-१२-१३-१४ ॥



आगंतगारे आरामगारे, समणे उ भीते ण उवेति वासं।
दक्खा हु संती बहवे मणुस्सा, ऊणातिरित्ता य लवालवा य ॥१५॥

छाया—आगन्त्रगारे आरामागारे श्रमणस्तु भीतो नोपैति वासम्।
दक्षा हि सन्ति बहवो मनुष्या:, ऊनातिरिक्ताश्च लपालपाश्च ॥ १५ ॥

अन्वयार्थ—(समणे उ भीते आगंतगारे आरामगारे वासं ण उवेति) गोशालक आर्द्रकजी से कहता है कि—तुम्हारे श्रमण महावीर स्वामी बड़े डरपोक हैं इसीलिये वे जहाँ बहुत से आगन्तुक लोग उतरते हैं ऐसे गृहों में तथा आराम गृहों में निवास नहीं करते हैं (बहवे मणुस्सा ऊणातिरित्ता लवालवा य दक्खा संति) वे सोचते हैं कि—उक्त स्थानों में बहुत से मनुष्य कोई न्यून कोई अधिक कोई वक्ता तथा कोई मौनी निवास करते हैं ॥ १५ ॥

मेहाविणो सिक्खिय बुद्धिमंता, सुत्तेहि अत्थेहि य णिच्छयन्ना।
पुच्छिसु मा णे अणगार अन्ने, इति संकमाणो ण उवेति तत्थ ॥१६॥

छाया—मेधाविनः शिक्षितबुद्धिमन्त:, सूत्रेष्वर्थेषु च निश्चयज्ञाः।
मा प्राक्षुरनगारा अन्य इति शङ्कमानो नोपैति तत्र ॥ १६ ॥

अन्वयार्थ—(मेहाविणो सिक्खिय बुद्धिमन्ता सुत्तेहिं अत्थेहिं य णिच्छयन्ना अन्ने अणगारा मा णो पुच्छिंसु इति सङ्कमाणो तत्थ ण उवेति) पूर्व कोई बुद्धिमान् कोई शिक्षा पाए हुए कोई मेधावी तथा कोई सूत्र और अर्थों को पूर्णरूप से निश्चय किए हुए वहां निवास करते हैं अतः ऐसे दूसरे साधु मेरे से कुछ प्रश्न न पूछ बैठें ऐसी आशङ्का करके वहां महावीर स्वामी नहीं जाते हैं ॥ १६ ॥

णो कामकिच्चा ण य बालकिच्चा, रायाभिओगेण कुओ भएणं ।
वियागरेज्ज पसिणं नवावि, सकामकिच्चेणिह आरियाणं ॥१७॥

छाया—न कामकृत्यो न च बालकृत्यो, राजाभियोगेन कुतोभयेन ।
व्यागृणीयात् प्रश्नं नवापि, स्वकामकृत्येनेहार्य्याणाम् ॥ १७ ॥

अन्वयार्थ—(णो कामकिच्चा ण य बालकिच्चा) आर्द्रकमुनि गोशालक से कहते हैं कि—भगवान् महावीर स्वामी बिना प्रयोजन के कोई कार्य्य नहीं करते हैं तथा वे बालक की तरह बिना विचारे भी कोई क्रिया नहीं करते हैं। (रायाभिओगेण भएणं कुओ) वे राजभय से भी धर्मोपदेश नहीं करते हैं फिर दूसरे भय की तो बात ही क्या है ? (पसिणं वियागरेज्ज नवावि) भगवान् प्रश्न का उत्तर देते हैं और नहीं भी देते हैं। (सकामकिच्चेणिह आरियाणं) वे इस जगत् में आर्य्य लोगों के लिये तथा अपने तीर्थङ्कर नाम कर्म के क्षय के लिये धर्मोपदेश करते हैं ॥ १७ ॥

गंता च तत्था अदुवा अगंता, वियागरेज्जा समियासुपन्ने ।
अणारिया दंसणओ परित्ता, इति सङ्कमाणो ण उवेति तत्थ ॥१८॥सू०

छाया—गत्वा च तत्राऽथवाऽगत्वा, व्यागृणीयात् समतयाऽऽशुप्रज्ञः ।
अनार्य्याः दर्शनतः परीता इति शङ्कमाणो नोपैति तत्र ॥ १८ ॥

अन्वयार्थ—(आसुपन्ने तत्थ गंता अदुवा अगंता समियासुपन्ने वियागरेज्जा) सर्वज्ञ भगवान् महावीर स्वामी सुनने वालों के पास जाकर अथवा न जाकर समान भाव से धर्म का उपदेश करते हैं। (अणारिया दंसणओ परित्ता इति सङ्कमाणो तत्थ ण उवेति) परन्तु अनार्य्य लोग दर्शन से भ्रष्ट होते हैं इस आशङ्का से भगवान् उनके पास नहीं जाते हैं ॥ १८ ॥

भावार्थ—आर्द्रकजी के पूर्वोक्त वचनों से तिरस्कार को प्राप्त गोशालक फिर दूसरी रीति से भगवान महावीर स्वामी पर आक्षेप करता हुआ कहता है कि—

भावार्थ—हे आर्द्रक तुम्हारे महावीर स्वामी सच्चे साधु नहीं हैं किन्तु राग द्वेष और भय से युक्त होने के कारण दाम्भिक हैं। जहां बहुत से आये गये लोग उतरते हैं उस स्थान में तथा बगीचे आदि में बने हुए स्थानों में वे नहीं उतरते हैं वे समझते हैं कि—"इन स्थानों में बहुत से बड़े-बड़े धर्म के ज्ञाता विद्वान् अन्यतीर्थी उतरते हैं। वे बड़े तार्किक और शास्त्र के ज्ञाता वक्ता, जाति आदि में श्रेष्ठ एवं योगसिद्धि तथा औषधसिद्धि आदि के ज्ञाता होते हैं। वे अन्यतीर्थी बड़े मेधावी और आचार्य्य के पास रहकर शिक्षा पाये हुए होते हैं। वे सूत्र और अर्थ के धुरन्धर विद्वान् और बुद्धिमान् होते हैं अत: वे यदि मेरे से कुछ पूछ बैठें तो मैं उनका उत्तर नहीं दे सकूंगा अत: वहां जाना ही ठीक नहीं है"। यह सोच कर तुम्हारे महावीर स्वामी अन्यतीर्थियों के डर से उक्त स्थानों में नहीं उतरते हैं। इस प्रकार अन्यतीर्थियों से डरने वाले महावीर स्वामी डरपोक हैं तथा सबमें उनकी समान दृष्टि नहीं है इसलिये वे राग और द्वेष से भी युक्त हैं। यदि यह बात न होती तो वे अनार्य्य देश में आकर अनार्य्यों को धर्म का उपदेश क्यों नहीं करते ? तथा आर्य्य देश में भी सर्वत्र न जाकर कतिपय स्थानों में ही क्यों जाते? अत: वे समान दृष्टि वाले नहीं किन्तु विषम दृष्टि होने के कारण राग द्वेष से युक्त हैं अत: राग द्वेष और भययुक्त होने के कारण वे सच्चे साधु नहीं अपितु दाम्भिक हैं।

इस प्रकार गोशालक के द्वारा किये हुए आक्षेपों का समाधान करते हुए आर्द्रकजी कहते हैं कि—हे गोशालक ! भगवान महावीर स्वामी भयशील तथा विषमदृष्टि नहीं हैं किन्तु भगवान बिना प्रयोजन कोई कार्य्य नहीं करते हैं एवं भगवान बिना विचारे भी कार्य्य करना नहीं चाहते हैं। भगवान सर्वज्ञ और सर्वदर्शी हैं वे सदा दूसरे प्राणियों के हित में तत्पर रहते हैं इसलिये जिससे दूसरे का उपकार होता दीखता है वही कार्य्य वे करते हैं भगवान जब देखते हैं कि मेरे उपदेश से यहां कोई फल होने वाला नहीं है तब वे वहां उपदेश नहीं करते हैं। प्रश्न कर्त्ता का उपकार देखकर भगवान उसके प्रश्न का उत्तर देते हैं अन्यथा नहीं देते हैं। भगवान स्वतन्त्र हैं वे अपने तीर्थङ्कर नाम कर्म का क्षपण तथा आर्य्य पुरुषों के उपकार के लिये धर्मोपदेश करते हैं। वे उपकार होता देख कर अव्रतीयों के पास जाकर भी धर्म का उपदेश करते हैं अन्यथा वहां रहकर भी उपदेश नहीं करते हैं। चाहे चक्रवर्ती हो या

भावार्थ—दरिद्र हो सबको समान भाव से भगवान धर्म का उपदेश करते हैं इसलिये उनमें राग द्वेष का गन्ध भी नहीं है। अनार्य्य देश में भगवान नहीं जाते हैं इसका कारण अनार्य्य देश से उनका द्वेष नहीं है किन्तु अनार्य्य पुरुष क्षेत्र भाषा और कर्म से हीन हैं तथा वे दर्शन से भी भ्रष्ट हैं अतः कितना ही प्रयत्न करने पर भी उनका उपकार सम्भव नहीं है अतः वहां जाना व्यर्थ जानकर भगवान् अनार्य्य देश में नहीं जाते हैं। आर्य देश में भी राग के कारण भगवान नहीं भ्रमण करते हैं किन्तु भव्य जीवों का उपकार के लिये तथा अपने तीर्थ कर नामकर्म का क्षपण करने के लिए भ्रमण करते हैं अतः भगवान में राग द्वेष की कल्पना करना मिथ्या है।

भगवान अन्य तीर्थियों से डरकर आगन्तुकों के स्थान पर नहीं जाते हैं यह कथन भी मिथ्या है क्योंकि भगवान सर्वज्ञ और सर्व-दर्शी हैं उनसे कुछ भी छिपा नहीं है फिर वे प्रश्नों के उत्तर से डरें यह कल्पना भी नहीं की जा सकती है। एक अन्यतीर्थी तो क्या सभी अन्य तीर्थी मिल कर भी भगवान के सामने अपना मुख भी नहीं उठा सकते हैं अतः उनसे भगवान को भय करने की कल्पना मिथ्या है। भगवान जहां कुछ उपकार होना नहीं देखते हैं वहां नहीं जाते हैं यही बात सत्य जानो ॥१८॥



पण्णं जहा वणिए उदयट्ठी, आयस्स हेउं पगरेति संगं।
तऊवमे समणे नायपुत्ते, इच्चेव मे होति मती वियक्का ॥१९॥

छाया—पण्यं यथा वणिगुदयार्थी, आयस्य हेतोः प्रकरोति सङ्गम्।
तदुपमः श्रमणो ज्ञातपुत्रः, इत्येव मे भवति मतिर्वितर्कः ॥ १९ ॥

अन्वयार्थ—(जहा उदयट्ठी वणिए पण्णं आयस्स हेउं संगं पगरेति जैसे लाभार्थी वणिक् क्रय विक्रय के योग्य वस्तु को लेकर लाभ के निमित्त महाजनों से सङ्ग करता है (तऊवमे समणे नायपुत्ते) यही उपमा श्रमण ज्ञातपुत्र की है (इति मे मती वियक्का होति) यह मेरी बुद्धि या विचार है ॥ १९ ॥

भावार्थ—गोशालक कहता है कि—हे आर्द्रकुमार ! जैसे कोई वैश्य कपूर, अगर, कस्तुरी तथा अम्बर आदि बेचने योग्य वस्तुओं को लेकर लाभ के लिये

भावार्थ—दूसरे देश में जाता है और वहां अपने लाभ के लिये महाजनों का संग करता है इसी तरह तुम्हारे ज्ञातपुत्र महावीर स्वामी का भी व्यवहार है। वे अपने स्वार्थ साधन के लिये ही जन समूह में जाकर धर्मोपदेश आदि करते हैं यह मेरा निश्चय है अतः तुम मेरी बात सत्य जानो ॥१९॥



नव न कुज्जा विहुणे पुराणं, चिच्चाऽमइं ताइ य साह एवं।
एतोवया बंभवतित्ति वुत्ता, तस्सोदयट्ठी समणेत्तिबेमि ॥२०॥

छाया—नवं न कुर्यात् विधूनयति पुराणं, त्यक्त्वाऽमतिं त्रायी स आह एवम्।
एतावता ब्रह्मव्रत मित्युक्त तस्योदयार्थी श्रमण इति ब्रवीमि ॥२०॥

अन्वयार्थ—(नव न कुज्जा) भगवान् महावीर स्वामी नवीन कर्म नहीं करते हैं (पुराणं विहुणे) किन्तु वे पुराने कर्मों का क्षपण करते हैं। (स एवमाह अमतिं चिच्चा तायी) क्योंकि वे स्वयं यह कहते हैं कि—प्राणी कुमति को छोड़ कर ही मोक्ष को प्राप्त करता है (एतोवया बंभवतित्ति वुत्ता) इस प्रकार मोक्ष का व्रत कहा गया है (तस्सोदयट्ठी समणेत्ति बेमि) उसी मोक्ष के उदय की इच्छा वाले भगवान हैं। यह मैं कहता हूँ ॥२०॥

भावार्थ – गोशालक का पूर्वोक्त वाक्य सुन कर आर्द्रकमुनी कहते हैं कि—हे गोशालक! तुमने जो महावीर स्वामी के लिये लाभार्थी वैश्य का दृष्टान्त दिया है वह सम्पूर्ण तुल्यता को लेकर दिया है अथवा देश तुल्यता को लेकर दिया है? यदि देश तुल्यता को लेकर दिया है तब तो इससे मेरी कोई क्षति नहीं है क्योंकि भगवान भी जहां उपकार देखते हैं वहां उपदेश करते हैं और जहां लाभ नहीं देखते हैं वहां उपदेश नहीं करते हैं इसलिये लाभार्थी वैश्य का दृष्टान्त उनमें देश से ठीक घटित होता है परन्तु यदि सम्पूर्ण तुल्यता को लेकर तुमने वैश्य का दृष्टान्त दिया है तो यह भगवान में कदापि सङ्गत नहीं होता है क्योंकि भगवान सर्वज्ञ होने के कारण सावद्य अनुष्ठानों से सर्वथा रहित होकर नवीन कर्म नहीं करते हैं तथा भव को प्राप्त कराने वाले पुरातन कर्म जो बंधे हुए हैं उनका वे क्षपण करते हैं। कुबुद्धि

भावार्थ—विक्रय पचन और पाचन आदि सावद्य कार्यों को करते हैं और धन, धान्य, हिरण्य, सुवर्ण और द्विपद चतुष्पद आदि पदार्थों में अतिशय ममत्व रखते हैं। वे असत् आचरण में प्रवृत्त रहते हुए अपनी आत्मा को अधोगति में गिराकर उसे दण्ड देते हैं। वे जिस लाभ के निमित्त इन कार्यों को करते हैं उसको यद्यपि तू भी लाभ मान रहा है परन्तु वह विचार करने पर लाभ नहीं है क्योंकि उसके कारण जीव को चतुर्गतिक संसार में अनन्त काल तक भ्रमण करना पड़ता है अतः विचार करने पर वह महान हानि है। जिस धन के उपार्जन के लिये बनिये नाना प्रकार के सावद्य कार्य करते हैं वह धन भी सबको नहीं होता है किन्तु किसी को उसकी प्राप्ति होती है और किसी को उद्योग करने पर भी नहीं होती है ॥२३॥



णेगंत णच्चंतिव ओदए सो, वयंति ते दो विगुणोदयंमि।
से उदए सातिमणंतपत्ते, तमुदयं साहयइ ताइ णाई ॥२४॥

छाया—नैकान्त आत्यन्तिक उदयः स, वदन्ति ते द्वौ विगुणोदयौ।
तस्योदयः साद्यनन्तप्राप्तः तमुदयं साधयति तायी ज्ञायी ॥२४॥

अन्वयार्थ—(से उदए णेगंत णच्चंतिव वयंति) सावद्य अनुष्ठान करने से बनिये का जो उदय होता है वह एकान्त तथा आत्यन्तिक नहीं है ऐसा विद्वान् लोग कहते हैं। (ते दो विगुणोदयंमि) जो उदय एकान्त तथा आत्यन्तिक नहीं है उसमें कोई गुण नहीं है (से उदए सातिमणंतपत्ते) परन्तु भगवान् जिस उदय को प्राप्त हैं वह सादि और अनन्त है। (तमुदयं साहयति ताई णाई) वे दूसरे को भी इसी उदय की प्राप्ति के लिये उपदेश करते हैं। भगवान् त्राण करने वाले और सर्वज्ञ हैं ॥२४॥

भावार्थ—आर्द्रकजी कहते हैं कि—हे गोशालक! उद्योग धन्धा आदि के द्वारा बनिये को लाभ कभी होता है और कभी नहीं होता है तथा कभी लाभ के स्थान में भारी हानि भी हो जाती है इसलिये विद्वान लोग कहते हैं कि—बनिये के लाभ में कोई गुण नहीं है। परन्तु भगवान ने धर्मोपदेश के द्वारा जो निर्जरा रूप लाभ प्राप्त किया है तथा दिव्य ज्ञान की प्राप्ति की है वही यथार्थ लाभ है। वह लाभ सादि और अनन्त है। ऐसे उदय को स्वयं प्राप्त कर भगवान दूसरे प्राणियों को भी उसकी प्राप्ति कराने

भावार्थ—के लिये धर्म का उपदेश करते हैं। भगवान ज्ञातकुल में उत्पन्न और समस्त पदार्थों के ज्ञाता हैं तथा वे भव्यजीवों को संसार सागर से पार करने वाले हैं अतः भगवान को बनिये के समान कहना मिथ्या है ॥२४॥



अहिंसयं सव्वपयाणुकंपी, धम्मे ठियं कम्मविवेगहेउं ।
तमायदंडेहिं समायरंता, अबोहीए ते पडिरूवमेयं ॥२५॥

छाया—अहिंसकं सर्वप्रजानुकम्पिनं, धर्मे स्थितं कर्मविवेकहेतुम् ।
तमात्मदण्डैः समाचरन्त, अबोधेस्ते प्रतिरूपमेतत् ॥२५॥

अन्वयार्थ—(अहिंसयं सव्वपयाणुकंपी) भगवान् प्राणियों की हिंसा से रहित हैं तथा वे समस्त प्राणियों पर कृपा करने वाले हैं (धम्मेठियं कम्मविवेगहेउं) वे धर्म में सदा स्थित और कर्म के विवेक के कारण हैं। (तमायदंडेहिं समायरंता) ऐसे उस भगवान् को तुम्हारे जैसे आत्मा को दण्ड देने वाले पुरुष ही बनिये के सदृश कहते हैं (एयंते अबोहिए पडिरूवं) यह कार्य्य तुम्हारे अज्ञान के अनुरूप ही है ॥२५॥

भावार्थ—भगवान् महावीर स्वामी देवताओं का समवसरण, कमल, तथा देवच्छन्दक सिंहासन आदि का उपभोग करते हैं इसलिये आधाकर्मी स्थान का उपभोग करने वाले साधु की तरह भगवान् भी अनुमोदन रूप कर्मों से उपलिप्त क्यों नहीं हो सकते हैं ? इस गोशालक की आशंका की निवृत्ति के लिये आर्द्रकमुनि कहते हैं कि हे गोशालक ! यद्यपि भगवान् महावीर स्वामी देवताओं द्वारा किये हुए समवसरण आदि का उपभोग करते हैं तथापि उनको कर्मबन्ध नहीं होता है क्योंकि भगवान् प्राणियों की हिंसा न करते हुए उनका उपभोग करते हैं तथा समवसरण आदि के लिये उनकी स्वल्प भी इच्छा नहीं होती किन्तु तृण, मणि, मुक्ता सुवर्ण और पत्थर को समान दृष्टि से देखते हुए वे उनका उपभोग करते हैं। देवगण भी प्रवचन की उन्नति और भव्यजीवों को धर्म में प्रवृत्त करने के लिये एवं अपने हित के लिये समवसरण करते हैं अतः भगवान का इसमें स्वल्प भी आग्रह नहीं होने से उनको कर्म बन्ध नहीं होता है। भगवान समस्त प्राणियों पर अनुकम्पा करने वाले और सच्चे धर्म में स्थित हैं। ऐसे भगवान को बनिये के तुल्य वही बतला सकता है जो सावद्य

भावार्थ—अनुष्ठान द्वारा अपने आत्मा को दण्ड देनेवाला अज्ञानी है अत हे गोशालक ! यह कार्य्य तुम्हारे अज्ञान के अनुरूप ही है । हे गोशालक ! प्रथम तो तुम स्वय कुमार्ग में प्रवृत्ति कर रहा है और उस पर भी जगद्वन्द्य और सब अतिशयों के धारी भगवान की बनिये से तुलना करता है यह तुम्हारा महान अज्ञान का ही परिणाम है ॥ २५ ॥



पिन्नागपिंडीमवि विद्ध सूले, केइ पएज्जा पुरिसे इमेत्ति ।
अलाउय वावि कुमारएत्ति, स लिप्पती पाणिवहेण अम्ह ॥२६॥

छाया—पिण्याकपिण्डीमपि विद्ध्वा शूले कोऽपि पचेत्पुरुषोऽयमिति ।
अलाबूकं वापि कुमार इति, स लिप्यते प्राणिवधेनास्माकम् ॥२६॥

अन्वयार्थ—(केई पिन्नागपिंडीमवि इमे पुरिसे इति सूले विद्धूण पएज्जा) कोई पुरुष खल्ली के पिण्ड को भी यदि "यह पुरुष है" यह मान कर शूल में बेध कर पकावे (अलाउय या कुमार एत्ति) अथवा तुम्बे को बालक मान कर पकावे (अम्ह स पाणिवहेण लिप्पती) तो वह हमारे मत में प्राणी के वध करने के पापका भागी होता है ॥२६॥

भावार्थ—पूर्वोक्त प्रकार से गोशालक को परास्त करके भगवान के पास जाते हुए आर्द्रकजी को मार्ग में शाक्य मतवाले भिक्षुओं से भेंट हुई । वे आर्द्र-कुमार से कहने लगे कि—हे आर्द्रकुमार ! तुमने बनिये के दृष्टान्त को दूषित करके बाह्य अनुष्ठान को दूषित किया है यह अच्छा किया है क्योंकि बाह्य अनुष्ठान तुच्छ है आन्तरिक अनुष्ठान ही ससार और मोक्ष का साधन है यही हमारे दर्शन का सिद्धान्त है । इस विषय को इस प्रकार समझना चाहिये—जैसे कोई मनुष्य उपद्रव आदि से पीड़ित होकर परदेश में चला गया और वह दैववश म्लेच्छों के देश में जा पहुँचा । वहां मनुष्यों को पका कर खाने वाले म्लेच्छ निवास करते थे अत उनके भय से वह पुरुष खल्ली के पिण्ड के ऊपर अपने वस्त्रों को डाल कर कहीं छिप गया । म्लेच्छ उसे ढूंढ रहे थे उन्होंने उसके वस्त्र से ढके हुए खल्ली के पिण्ड को देखकर उसे मनुष्य समझा और शूल में बेधकर उस पिण्ड को पकाया तथा वस्त्र से ढके हुए किसी तुम्बे को बालक समझ कर उसे भी पकाया इस प्रकार मनुष्य बुद्धि से खल्ली

भावार्थ—के पिण्ड और बालक बुद्धि से तुम्बे को पकाने वाले उन म्लेच्छों को मनुष्यवध का पाप लगा क्योंकि आन्तरिक भाव के अनुसार ही पाप पुण्य होता है। यद्यपि उन म्लेच्छों के द्वारा मनुष्य का वध नहीं हुआ तथापि उनके चित्त के दूषित होने से उन्हें मनुष्य वध का ही पाप हुआ यह हमारा सिद्धान्त है। अतः द्रव्य से प्राणी का घात न करने पर भी चित्त के दूषित होने से जीव को प्राणी के घात का पाप लगता है यह जानना चाहिये।




अहवावि विद्धूण मिलक्खु सूले, पिन्नागबुद्धीइ नर पएज्जा।
कुमारग वावि अलाबुयति, न लिप्पइ पाणिवहेण अम्ह ॥२७॥

छाया—अथवापि विद्ध्वा म्लेच्छः शूले पिण्याकबुद्ध्या नरं पचेत्।
कुमारकं वापि, अलाबुकमिति न लिप्यते प्राणिवधेनाऽस्माकम् ॥२७॥

अन्वयार्थ—(अहवावि मिलक्खू पिन्नागबुद्धीइ नर सूले विद्धूण पएज्जा) अथवा यह म्लेच्छ पुरुष यदि मनुष्य को खली समझकर उसे शूल में वेधकर पकावे (अलाबुयंति कुमारगंवा) अथवा तुम्बा समझ कर बालक को पकावे तो (अम्हं पाणिवहेण न लिप्पइ) तो वह प्राणी के घात के पाप का भागी नहीं होता है यह हमारा मत है।

भावार्थ—शाक्य भिक्षु कहते हैं कि—हे आर्द्रकुमार! म्लेच्छ पुरुष यदि मनुष्य को खली मानकर तथा बालक को तुम्बा मान कर पकावें तो उन्हें प्राणी के वध का पाप नहीं होता है यह हमारा सिद्धांत है ॥२७॥



पुरिसं च विद्धूण कुमारगं वा, सूलंमि केई पए जायतेए।
पिन्नायपिंडं सतिमारुहेत्ता, बुद्धाण तं कप्पति पारणाए ॥२८॥ सू०

छाया—पुरुषं विद्ध्वा कुमारं वा, शूले कोऽपि पचेत् जाततेजसि।
पिण्याकपिण्डी सती मामारुह्य बुद्धानां तत् कल्पते पारणाये ॥२८॥

अन्वयार्थ—(केइ पुरिसं कुमारगंवा पिन्नागपिंडं सूलंमि विद्धूण जायतेए आरुहेत्ता पए) कोई पुरुष मनुष्य को अथवा बच्चे को खली का पिण्ड मानकर उसे शूल में वेध कर आग

अन्वयार्थ—में पकावे (सति से बुद्धाणं पारणाए कप्पति) तो वह पवित्र है वह बुद्ध के पारणा के योग्य है ॥२८॥

भावार्थ—शाक्य भिक्षु कहते हैं कि—कोई पुरुष मनुष्य को अथवा बालक को खल्ली का पिण्ड मान कर उन्हें शूल में वेध कर यदि आग में पकावे तो उसे प्राणी के वध का पाप नहीं लगता है और वह आहार पवित्र तथा बुद्धों के पारणा के योग्य है। जो कार्य्य भूल से हो जाता है तथा जो मनके सङ्कल्प के बिना किया जाता है वह बन्धन का कारण नहीं है ॥२८॥



सिणायगाण तु दुवे सहस्से, जे भोयए णियए भिक्खुयाण।
ते पुन्नखंध सुमहं जिणित्ता, भवंति आरोप्प महंतसत्ता ॥२६॥

छाया—स्नातकानान्तु द्वे सहस्रे, यो भोजयेन्नित्यं भिक्षूणाम्।
ते पुण्यस्कन्धं सुमहज्जनित्वा भवन्त्यारोप्याः महासत्त्वाः ॥२९॥

अन्वयार्थ—(जे दुवे सहस्से सिणायगाणं भिक्खुयाणं णियए भोयए) जो पुरुष दो हजार स्नातक भिक्षुओं को प्रतिदिन भोजन कराता है (ते सुमहं पुण्णखंधं जणित्ता महंतसत्ता आरोप्प भवंति) वह महान् पुण्य उपार्जन करके महापराक्रमी आरोप्य नामक देवता होता है ॥२९॥

भावार्थ—शाक्य मतवाले भिक्षु आर्द्रकुमार मुनि से कहते हैं कि—हे आर्द्रकुमार जो पुरुष प्रति दिन दो हजार शाक्य भिक्षुओं को अपने यहाँ भोजन कराता है वह महान पुण्यपुञ्ज को उपार्जन करके आरोप्य नामक सर्वोत्तम देवता होता है ॥२९॥



अजोगरूव इह संजयाणं, पावं तु पाणाण पसज्झ काउं ।
अबोहिए दोण्हवि तं असाहु, वयंति जे यावि पडिस्सुणंति ॥३०॥

छाया—अयोग्यरूपमिह संयतानां, पापन्तु प्राणानां प्रसह्य कृत्वा ।
अबोध्यै द्वयोरपि तदसाधु वदन्ति ये चाऽपि प्रतिशृण्वन्ति ॥३०॥

अन्वयार्थ—(इह संजयाण अजोगरूवं) आर्द्रकजी कहते हैं कि यह शाक्य मत संयमी पुरुषों के योग्य नहीं है (पाणाणं पसज्झ काउं) प्राणियों का घात करके पाप का अभाव कहना (दोण्हवि अबोहिए तं असाहु) दोनों के लिये अज्ञानवर्धक और बुरा है (जे वयंति जे यावि पडिसुणंति) जो ऐसा कहते हैं और जो सुनते हैं ॥३०॥

भावार्थ—शाक्य मुनियों का सिद्धान्त सुनकर आर्द्रकजी कहते हैं कि—हे शाक्य भिक्षुओं ! आपका यह पूर्वोक्त सिद्धान्त संयमी पुरुषों के ग्रहण करने योग्य नहीं है । जो पुरुष पांच सुमति और तीन गुप्तियों को पालन करता हुआ सम्यग् ज्ञान के साथ क्रिया करता है और अहिंसा व्रत का आचरण करता है उसी की भावशुद्धि होती है परन्तु जो पुरुष अज्ञानी है और मोह में पड़ कर खल्ली और पुरुष के भेद को भी नहीं जानता है उसकी भावशुद्धि कभी नहीं हो सकती है । मनुष्य को खल्ली मान कर उसे शूल में वेध कर पकाना और उसे खल्ली समझ कर मांस भक्षण करना अत्यन्त पाप है ऐसे कार्य्यों में पाप का अभाव बताने वाले और उसे सुन कर वैसा ही मानने वाले दोनों ही पुरुष अज्ञानी और पाप की वृद्धि करने वाले हैं ऐसे पुरुषों का भाव कभी शुद्ध नहीं होता है । यदि ऐसे पुरुषों का भाव शुद्ध माना जाय तब तो जो लोग रोग आदि से पीड़ित प्राणी को विष आदि का प्रयोग करके मार डालने का उपदेश करते हैं उनके भाव को भी शुद्ध क्यों न मानना चाहिये ? परन्तु बौद्ध गण उसके भाव को शुद्ध नहीं मानते हैं । तथा एकमात्र भाव की शुद्धि ही यदि कल्याण का साधन है तब फिर बौद्ध लोग शिर का मुण्डन और *भिक्षावृत्ति क्रियाओं का आचरण क्यों करते हैं अतः भावशुद्धि के साथ* बाह्य क्रिया की पवित्रताभी आवश्यक है । जो लोग मनुष्य को खल्ली समझ कर उसको आग में पकाते हैं वे तो घोर पापी तथा प्रत्यक्ष ही अपने आत्मा को धोखा देने वाले हैं इसलिये उनका भाव भी दूषित है अतः पूर्वोक्त बौद्धों की मान्यता ठीक नहीं है ॥३०॥

उड्ढं अहेयं तिरियं दिसासु, विन्नाय लिंग तसथावराणं
भूयाभिसंकाइ दुगु छमाणो, वदे करेज्जा व कुओ विहऽत्थी ? ॥३१॥

छाया—ऊर्ध्वमधस्तिर्य्यक्षु दिशासु विज्ञाय लिङ्ग त्रसस्थावराणाम् ।
भूताभिशङ्कया जुगुप्समानः वदेत्कुर्य्याद्वा कुतोऽप्यस्ति ॥३१॥

अन्वयार्थ—(उड्ढ अहेय तिरिय दिसासु तसथावराण लिंगं विन्नाय) ऊपर नीचे और तिरि दिशाओं में त्रस और स्थावर प्राणियों के सद्भाव के चिन्ह को जानकर (भूयाभिसंकाइ दुगु छमाणे वदे करेज्जा कुओ विहऽत्थि) जीव हिंसा की आशङ्का से विवे पुरुष हिंसा से घृणा रखता हुआ विचार कर भाषण करे और कार्य भी विचार कर करे तो उसे दोष किस प्रकार हो सकता है ? ॥३१॥

भावार्थ—आर्द्रकुमार मुनि बौद्धों के पक्ष को दूषित करके अब अपना पक्ष बतलाते हैं ऊपर नीचे और तिरछे सर्वत्र जो त्रस और स्थावर प्राणी निवास करते हैं वे अपनी-अपनी जाति के अनुसार चलना, कम्पन और अङ्कुर उत्पन्न करना आदि क्रियायें करते हैं तथा छेदन करने पर स्थावर प्राणी मुरझा जाते हैं इत्यादि बातें इनके जीव होने के चिन्ह हैं अत: विवेकी पुरुष इन चिन्हों को देखकर इन प्राणियों की रक्षा के लिये निरवद्य भाषा बोलते है और निरवद्य कार्य्य का ही अनुष्ठान करते है । ऐसे पुरुषों को किसी प्रकार का पाप नहीं लगता है अत: इन पुरुषों का जो धर्म है वही सच्चा और दोष रहित है इसलिये ऐसे धर्म के वक्ता और श्रोता दोनों ही उत्तम है यह जानो ॥३१॥



पुरिसेत्ति विन्नत्ति न एवमत्थि, अणारिए से पुरिसे तहा हु ।
को संभवो ? पिन्नगपिंडियाए, वायावि एसा बुइया असच्चा ॥३२॥

छाया—पुरुष इति विज्ञप्ति र्नैवमस्ति अनार्य्यः स पुरुष स्तथा हि ।
कः सम्भव पिण्याकपिण्ड्यां वागप्येषोक्ताऽसत्या ॥३२॥

अन्वयार्थ—(पुरिसेत्ति विन्नत्ति न एवमत्थि तहाहु से पुरिसे अणारिए) खली के पिण्ड में पुरुष बुद्धि मूर्ख को भी नहीं होती है अत: जो पुरुष खली के पिण्ड में पुरुष बुद्धि अथवा पुरुष में खली के पिण्ड की बुद्धि करता है वह अनार्य्य है । (पिन्नग

अन्वयार्थ—पिंडियाए को सम्भवो) खलपिण्डी में पुरुष बुद्धि होना सम्भव नहीं है (एसा वायावि बुइया असच्चा) अतः ऐसा वाक्य कहना भी मिथ्या है ॥३२॥

भावार्थ—आर्द्रकजी कहते हैं कि—हे बौद्ध भिक्षुओं ! खलपिण्ड में पुरुष बुद्धि होना अत्यन्त मूर्ख को भी सम्भव नहीं है। पशु आदि भी पुरुष और खल्ली को एक नहीं मानते हैं अत: जो अज्ञानी, पुरुष को खल्ली समझ कर उसको आग में पका कर खाता है और दूसरे को भी ऐसा करने का उपदेश करता है वह निश्चय ही अनार्य्य है। खल्ली के पिण्ड में पुरुष बुद्धि होना सम्भव नहीं है अत: जो पुरुष मनुष्य को खल्ली का पिण्ड बताता है वह बिलकुल मिथ्या भाषण करता है अत: तुम्हारा धर्म आर्य्य पुरुषों के ग्रहण करने योग्य नहीं है ॥३२॥



वायाभियोगेण जमावहेज्जा, णो तारिसं वायमुदाहरिज्जा ।
अट्ठाणमेयं वयणं गुणाणं, णो दिक्खिए बूय मुरालमेयं ॥३३॥

छाया—वागभियोगेन यदावहेत्तो तादृशीं वाचमुदाहरेत् ।
अस्थानमेतद्वचनं गुणानां, नो दीक्षित ब्रूयादुदारमेतत् ॥३३॥

अन्वयार्थ—(वायाभियोगेण जमावहेज्जा णो तारिसं वाय मुदाहरिज्जा) जिस वचन के बोलने से जीव को पाप लगता है वह वचन विवेकी जीव को कदापि न बोलना चाहिये। (एयं वयणं गुणाणं अट्ठाणं) तुम्हारा पूर्वोक्त वचन गुणों का स्थान नहीं है। (एयं उरालं दिक्खिए णो बुयं) अतः दीक्षा धारण किया हुआ पुरुष ऐसा निस्सार वचन नहीं कहता है ॥३३॥

भावार्थ—सावद्य भाषा के बोलने से भी पाप लगता है इसलिए भाषा के गुण और दोष को जानने वाले विवेकी पुरुष कर्म बन्ध को उत्पन्न करने वाली भाषा नहीं बोलते हैं। तथा वस्तुतत्त्व को जान कर सत्य अर्थ का उपदेश करने वाले प्रव्रजित पुरुष "खल्ली पुरुष है तथा पुरुष खल्ली है एवं बालक तुम्बा है और तुम्बा बालक है" इत्यादि निर्युक्तिक और मिथ्या वचन कभी नहीं कहते हैं ॥३३॥



लद्धे अट्ठे अहो एव तुब्मे, जीवाणुभागे सुविचिंतिए व।
पुव्व समुद्द अवर च पुट्ठे, उलोइए पाणितले ठिए वा ॥३४॥

छाया—लब्धोऽर्थ अहो एव युष्माभि. जीवानुभाग. सुविचिन्तितश्च।
पूर्व समुद्रमपरश्च स्पृष्टमवलोकितः पाणितले स्थित इव ॥३४॥

अन्वयार्थ—(अहो तुब्मे एव अट्ठे लद्धे) अहो ! बौद्धों ! तुमने ही पदार्थ का ज्ञान प्राप्त किया है (जीवाणुभागे सुविचिंतिति एव) तथा तुमने ही जीवों के कर्मफलका विचार किया है (पुब्वं समुद्द अवरच पुट्ठे) एवं तुम्हारा ही यश पूर्व समुद्र से लेकर पश्चिम समुद्र तक फैला है। (पाणितले ठिए वा उलोइए) तथा तुमने ही हाथ में रखी हुई वस्तु के समान इस जगत् को देख लिया है ॥ ३४ ॥

भावार्थ—मुनि आर्द्रकुमार बौद्ध भिक्षुओं को परास्त करके उनका हास्य करते हुए कहते हैं कि—हे बौद्धों ! तुमने ही पदार्थ का ज्ञान प्राप्त किया है एवं जीवों के शुभाशुभ कर्मों के फल को भी तुमने ही समझा है एव ऐसे विज्ञान से तुम्हारा यश ही समस्त जगत् में व्याप्त है तथा तुमने ही अपने विज्ञान बल से हाथ में रखे हुए पदार्थ की तरह समस्त पदार्थों को जान लिया है। धन्यवाद है आपके इस विचित्र विज्ञान को जो पुरुष और पिण्याक तथा तुम्बा और बालक में भेद न मानने से पाप न होना और भेद मानने से पाप होना बतलाता है ॥ ३४ ॥



जीवाणुभागं सुविचिंतयता, आहारिया अन्नविहीय सोहिं।
न वियागरे छन्नपओपजीवि, एसोऽणुधम्मो इह संजयाण ॥३५॥

छाया—जीवानुभागं सुविचिन्त्य, आहार्य्यान्नविधेश्च शुद्धिं।
न व्यागृणीयाच्छन्नपदोपजीवी, एषोऽनुधर्म इह संयतानाम् ॥३५॥

अन्वयार्थ—(जीवाणुभागं सुविचिंतयिता) जैन शासन को मानने वाले पुरुष जीवों की पीड़ा को अच्छी तरह सोच कर (अन्नविहीय सोहिं आहारिया) शुद्ध अन्न को स्वीकार करते हैं (छन्नपओवजीवी न वियागरे) तथा कपट से जीविका करने वाले बन कर मायामय वचन नहीं बोलते हैं। (इह संजयाणं एसो अणुधम्मो) इस जैन शासन में संयमी पुरुषों का यही धर्म है ॥ ३५ ॥

भावार्थ—आर्द्रकजी बौद्ध मत का खण्डन करके अपने मत का महत्त्व प्रकट करते हुए कहते हैं कि हे बौद्धों ! जैनेन्द्र के शासन को मानने वाले बुद्धिमान पुरुष प्राणियों की पीड़ा को विचार कर शुद्ध भिक्षान्न का ही ग्रहण करते हैं वे बेयालीस दोषों को टाल कर भिक्षा ग्रहण करके जीवों के उपमर्द से सर्वथा पृथक् रहने का प्रयत्न करते हैं । जैसे बौद्ध गण भिक्षापात्र में आये हुए मांस को भी बुरा नहीं मानते हैं वैसा आर्हत साधु नहीं करते तथा जो पुरुष कपट से जीविका करने वाला और कपट से बोलने वाला है वह साधु बनने योग्य नहीं यह जैनों की मन्यता है अत जैन धर्म ही पवित्र और आदरणीय है बौद्ध धर्म नहीं । बौद्ध गण कहते हैं कि अन्न भी मांस के सदृश है क्योंकि वह भी प्राणी का अग है । परन्तु यह बौद्धों का कथन ठीक नहीं है क्योंकि प्राणी का अंग होने पर भी लोक में कोई वस्तु मांस और कोई अमांस मानी जाती है जैसे दूध और रक्त दोनों ही गौ के विकार हैं तथापि लोक में ये दोनों अलग-अलग माने जाते हैं और दूध भक्ष्य तथा रक्त अभक्ष्य माना जाता है एव अपनी पत्नी तथा माता दोनों ही स्त्री जाति की होने पर भी लोक में भार्य्या गम्य और माता अगम्य मानी जाती है इसी तरह प्राणी के अग होने पर भी अन्न दूसरा और मांस दूसरा माना जाता है इसलिए अन्न के तुल्य मांस को भक्ष्य बताना मिथ्या है ॥३७॥



सिणायगाण तु दुवे सहस्से, जे भोयए नियए भिक्खुयाण ।
असजए लोहियपाणि से ऊ, णियच्छति गरिहमिहेव लोए ॥३८॥

छाया—स्नातकानान्तु द्वे सहस्रे यो भोजयेन्नित्य भिक्षुकानाम् ।
असंयतो लोहितपाणि स तु निगच्छति गर्हामिहैव लोके ॥३८॥

अन्वयार्थ—(जे सिणायगाणं भिक्खुयाणं दुवे सहस्से णियए भोयए) जो पुरुष दो हजार स्नातक भिक्षुकों को प्रतिदिन भोजन कराता है (से ऊ असजए लोहियपाणि इहेव लोए गरिहं णियच्छति) वह असयमी तथा रुधिर से लाल हाथ वाला पुरुष इसी लोक में निन्दा को प्राप्त करता है ॥३८॥

भावार्थ—आर्द्रकुमारजी कहते हैं कि—जो पुरुष बोधिसत्व के तुल्य दो हजार भिक्षुकों को प्रतिदिन भोजन कराता है वह असंयमी तथा रुधिर से भींगा

भावार्थ—हुआ हाथ वाला पुरुष इस लोक मे साधु पुरुषों के निन्दा का पात्र होता है और परलोक में अनार्य पुरुषों की गति को प्राप्त करता है अत: तुमने जो दो हजार स्नातक भिक्षुओं को प्रति दिन भोजन कराने से उत्तम गति की प्राप्ति कही है वह सर्वथा मिथ्या है ॥३६॥



थूलं उरब्भं इह मारियाणं, उद्दिट्ठभत्तं च पगप्पएत्ता ।
तं लोणतेल्लेण उवक्खडेत्ता, सपिप्पलीयं पगरंति मंसं ॥३७॥

छाया—स्थूलमुरभ्रमिह मारयित्वोद्दिष्टभक्तञ्च प्रकल्प्य ।
तं लवणतैलाभ्या मुपस्कृत्य सपिप्पलीकं प्रकुर्वन्ति मांसम् ॥३७॥

अन्वयार्थ—(इह थूलं उरब्भं मारियाणं उद्दिट्ठभत्तं च पगप्पएत्ता) इस बौद्धमत को मानने वाले पुरुष मोटे भेड़े को मारकर उसे बौद्ध भिक्षुओं के भोजन के लिए बनाकर (तं लोण तेल्लेण उवक्खडेत्ता) उसे लवण और तेल के साथ पकाकर (स पिप्पलीयं मांसं पगरंति) पिप्पली आदि से उस मांस को बघारते हैं ॥३७॥

भावार्थ—आर्द्रकुमार मुनि अब बौद्ध भिक्षुओं के आहार की रीति बताते हुए कहते हैं कि—बौद्ध धर्म को मानने वाले पुरुष बौद्ध भिक्षुओं के भोजनार्थ मोटे शरीर वाले भेड़े को मारते हैं और उसके मांस को निकालकर वे नमक तथा तेल में उसे पकाते हैं फिर पिप्पली आदि द्रव्यों से उसे बघार कर तैयार करते हैं। वह मांस बौद्ध भिक्षुओं के भोजन के योग्य समझा जाता है। यही इन भिक्षुओं की आहार की रीति है ॥ ३७ ॥




तं भुंजमाणा पिसितं पभूतं, णो उवलिप्पामो वयं रएणं ।
इच्चेवमाहंसु अणज्जधम्मा, अणारिया बाल रसेसु गिद्धा ॥३८॥

छाया—तं भुञ्जमानाः पिशितं प्रभूतं नोपलिप्यामो वयं रजसा ।
इत्येव माहु रनार्य्यधर्माणः, अनार्य्याः बालाः रसेषु गृद्धाः ॥ ३८ ॥

अन्वयार्थ—(अणज्जधम्मा अणारिया बाला रसेसुगिद्धा इच्चेवमाहंसु) अनार्यों का कार्य्य करने वाले, अनार्य्य अज्ञानी रसलम्पट वे बौद्धभिक्षु यह कहते हैं, कि (पभूतं पिसितं

अन्वयार्थ—भुञ्जमाणा पर्य रण्ण णो उवलिप्पामो) बहुत मांस खाते हुए भी हम लोग पाप से लिप्त नहीं होते हैं ॥३८॥

भावार्थ—पूर्वगाथा में जिसका वर्णन किया गया है ऐसे मांस को खाने वाले, अनार्य्यों का कार्य्य करने वाले ये बौद्ध भिक्षु कहते हैं कि—हम लोग खूब मांस का भक्षण करते हुए भी पाप के भागी नहीं होते हैं भला इससे बढ़कर दूसरा अज्ञान क्या हो सकता है ? अत ये लोग अज्ञानी अनार्य्य और रस के लम्पट हैं त्यागी नहीं हैं अत ऐसे लोगों को भोजन कराने से मनुष्य को किस प्रकार शुभ फल प्राप्त होगा ? यह बुद्धिमानों को विचार करना चाहिये ॥ ३८ ॥



जे यावि भुंजति तहप्पगारं, सेवंति ते पावमजाणमाणा ।
मणं न एयं कुसला करेंती, वायावि एसा बुइया उ मिच्छा ॥३९॥

छाया—ये चाऽपि भुञ्जते तथा प्रकारं सेवन्ति ते पापमजानानाः ।
मनो नैतत्कुशला कुर्वन्ति वागप्येषोक्ता तु मिथ्या ॥ ३९ ॥

अन्वयार्थ – (जे यावि तहप्पगारं भुंजंति) जो लोग पूर्व गाथा में कहे हुए उस प्रकार के मांस का भक्षण करते हैं (ते अजाणमाणा पावं सेवंति) वे अज्ञानी जन पाप का सेवन करते हैं। (कुसला एयं मणं ण करेंति) अतः जो पुरुष कुशल हैं वे उक्त प्रकार के मांस को खाने की इच्छा भी नहीं करते हैं (एसा वायावि मिच्छा बुइया) तथा माँस भक्षण में दोष न होने का कथन भी मिथ्या है ॥३९॥

भावार्थ—आर्द्र कुमार मुनि कहते हैं कि—पूर्व गाथा में जिस मांस का वर्णन किया गया है उसे खाने वाले पुरुष अनार्य्य हैं उन्हें पाप और पुण्य का ज्ञान सर्वथा नहीं है । एक तो मांस हिंसा के विना प्राप्त नहीं होता तथा वह स्वभाव से ही अपवित्र है एवं वह रौद्र ध्यान का हेतु है, तथा वह रक्त आदि दूषित पदार्थों से पूर्ण और अनेक कीड़ों का स्थान है । वह दुर्गन्ध से भरा हुआ और शुक्र तथा शोणित से उत्पन्न तथा सज्जनों से निन्दित है । ऐसे मांस को जो खाता है वह पुरुष राक्षस के समान है और नरकगामी है अत विचार करने पर मालूम होता है कि—मांस खाने

भावार्थ—वाला पुरुष अपने आत्मा को नरक में डालने के कारण आत्मद्रोही है आत्मा का कल्याण करने वाला नहीं है।

विद्वान् पुरुष कहते हैं कि—"जिसके मांस को जो इस भव में खाता है वह भी उसके मांस को पर भव में खायगा" इस भाव को लेकर मांस का 'मांस' यह नाम रखा गया है। 'मा' यानी मुझको 'स' अर्थात् वह प्राणी परभव में खायगा, जिसके मांस को मैंने इसभव में खाया है, यह मांस शब्द का व्युत्पत्त्यर्थ है अतः मांस खानेवाला पुरुष मोक्ष मार्ग का आराधक नहीं है। जो पुरुष कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य का विवेक रखते हैं जो ज्ञानी और महात्मा हैं वे मांस खाने की इच्छा भी नहीं करते हैं तथा इसके अनुमोदन को भी पाप समझते हैं। अतः बौद्धों का यह आचरण अच्छा नहीं है ॥ ३९ ॥



सव्वेसिं जीवाण दयट्ठयाए, सावज्जदोसं परिवज्जयंता ।
तस्संकिणो इसिणो नायपुत्ता, उद्दिट्ठभत्तं परिवज्जयंति ॥४०॥

छाया—सर्वेषां भूतानां दयार्थाय सावद्यदोषं परिवर्जयन्तः ।
तच्छंकिन ऋषयो ज्ञातपुत्रीयाः, उद्दिष्टभक्तं परिवर्जयन्ति ॥ ४० ॥

अन्वयार्थ—(सव्वेसिं जीवाणं दयट्ठयाए) सम्पूर्ण प्राणियों पर दया करने के लिये (सावज्जदोसं परिवज्जयंता) सावद्य दोष को वर्जित करने वाले (तस्संकिणो इसिणो नायपुत्ता) तथा उस सावद्य की आशङ्का करने वाले, महावीर स्वामी के शिष्य ऋषिगण (उद्दिट्ठभत्तं परिवज्जयंति) उद्दिष्ट भक्त को वर्जित करते हैं ॥४०॥

भावार्थ—जो पुरुष मोक्ष की इच्छा करने वाले हैं उनको मांस भक्षण तो करना ही नहीं चाहिये इसके सिवाय उद्दिष्टभक्त भी उन्हें त्याग करना चाहिये। क्योंकि छःकाय के जीवों का आरम्भ करके आहार तैयार किया जाता है वह आहार यदि साधु के लिये बनाया गया हो तो साधु को छःकाय के जीवों के आरम्भ का अनुमोदक बनना पड़ता है इसलिये साधु ऐसे आहार को भी नहीं लेते हैं। भगवान महावीर स्वामी के शिष्य ऋषिगण सर्व सावद्य कर्मों को वर्जित करने वाले होते हैं अतः जिस आहार में उन्हें स्वल्प भी दोष की आशंका हो जाती है उसे वे ग्रहण नहीं करते हैं ॥ ४० ॥

भूयाभिसंकाए दुगुछमाणा, सव्वेसि पाणाण निहाय दण्ड ।
तम्हा ण भुजति तहप्पगार, एसोऽणुधम्मो इह सजयाण ॥४१॥

छाया—भूताभिशङ्कया जुगुप्समाना, सर्वेषां प्राणानां निधाय दण्डम् ।
तस्मान्न भुञ्जते तथाप्रकारम् एषोऽनुधर्म इह संयतानाम् ॥ ४१ ॥

अन्वयार्थ—(भूयाभिसंकाए दुगुछमाणा) प्राणियों के उपमर्द की आशङ्का से सावद्य अनुष्ठान को वर्जित करने वाले साधु पुरुष (सव्वेसिं पाणाणं दंडं निहाय) सब प्राणियों को दण्ड देना त्यागकर (तहप्पगार ण भुजति) उस प्रकार के आहार को यानी दोष युक्त आहार को नहीं भोगते हैं । (इह संजयाणं एसो अणुधम्मो) इस जैन शासन में संयमी पुरुषों का यही धर्म है ॥ ४१ ॥

भावार्थ—सर्वज्ञोक्त धर्म को पालन करने वाले उत्तम पुरुष प्राणियों के उपमर्द की आशंका से सावद्य कार्य नहीं करते हैं । वे किसी भी प्राणी को दण्ड नहीं देते हैं इसलिए वे अशुद्ध आहार का ग्रहण नहीं करते हैं । पहले तीर्थंकर ने इस धर्म का आचरण किया उसके पश्चात् उनके शिष्यगण इस धर्म का आचरण करने लगे इसलिये इस धर्म को अनुधर्म कहते हैं अथवा यह धर्म शिरीष के फूल के समान अत्यन्त कोमल है क्योंकि थोड़ा भी अतिचार होजाने पर यह नष्ट हो जाता है इसलिये इसे, अणुधर्म कहते हैं यह धर्म ही उत्तम पुरुषों का धर्म है और यही मोक्ष प्राप्ति का सच्चा साधन है ॥ ४१ ॥




निग्गथधम्ममि इम समाहिं, अस्सिं सुठिच्चा अणिहे चरेज्जा ।
बुद्धे मुणी सीलगुणोववेए, अच्चत्थत (ओ) पाउणती सिलोग॥४२॥

छाया—निर्ग्रन्थधर्मे इमं समाधिमस्मिन् सुस्थायानिहश्चरेत् ।
बुद्धो मुनिः शीलगुणोपेतः अत्यर्थतया प्राप्नोति श्लोकम् ॥ ४२ ॥

अन्वयार्थ—(निग्गंथ धम्मंमि इमं समाहिं अस्सिं सुठिच्चा अणिहे चरेज्जा) इस निर्ग्रन्थ धर्म में स्थित पुरुष पूर्वोक्त समाधि को प्राप्त करके तथा इसमें अच्छी भांति रह कर माया रहित होकर संयम का अनुष्ठान करे । (बुद्धे मुणी सीलगुणोववेए अच्चत्थओ

अन्वयार्थ—सिलोग पाउणति) इस धर्म के आचरण के प्रभाव से पदार्थों के ज्ञान को प्राप्त त्रिकालवेदी तथा शील और गुणों से युक्त पुरुष अत्यन्त प्रशंसा का पात्र होता है ॥ ४२ ॥

भावार्थ—यह निर्ग्रन्थ धर्म किसी प्रकार के कपट से युक्त नहीं है किन्तु सम्पूर्ण कपटों से रहित है इसलिये यह 'निर्ग्रन्थ धर्म' कहलाता है "निर्गत' ग्रन्थेभ्य' कपटेभ्य इति निर्ग्रन्थ" अर्थात् जो धर्म ग्रन्थ यानी कपट से रहित है उसे निर्ग्रन्थ धर्म कहते हैं। यह धर्म श्रुत और चारित्र रूप है अथवा उत्तम पुरुषों से आचरण किया जाने वाला सर्वज्ञोक्त जो क्षान्ति आदि धर्म है वह निर्ग्रन्थ धर्म है। उस निर्ग्रन्थ धर्म में स्थित पुरुष पूर्वोक्त समाधि को प्राप्त करके अशुद्ध आहार का त्याग करे तथा सम्पूर्ण परीषहों को सहन करता हुआ वह शुद्ध सयम का अनुष्ठान करे। इस प्रकार इस धर्म के आचरण के प्रभाव से पदार्थों के यथार्थ स्वरूप को जानता हुआ क्रोधादि रहित त्रिकाल दर्शी मूल गुण और उत्तर गुण से सम्पन्न साधु सम्पूर्ण द्वन्द्वों से रहित हो जाता है और वह दोनों लोक में प्रशसा का पात्र होता है। ऐसे मुनिवरों के विषय में विद्वानों ने कहा है कि—"राजान तृणतुल्यमेव मनुते शक्रेऽपि नैवादरो, वित्तोपार्जनरक्षण व्ययकृता प्राप्नोति नो वेदना' । संसारान्तर्वर्त्यपीह लभते स मुक्त वन्निर्भय', सन्तोषात् पुरुषोऽमृतत्वमचिराद् यायात् सुरेन्द्रार्चित ।" सर्वज्ञोक्त धर्म में स्थित सन्तोषी साधु राजा महाराजा आदि को तृण के तुल्य मानता है तथा वह इन्द्र में भी आदर नहीं रखता है। वह सन्तोषी पुरुष धन के अर्जन रक्षण और व्यय के दु:खों को नहीं प्राप्त करता है। वह ससार में रहता हुआ भी मुक्त पुरुष के समान निर्भय होकर विचरता है तथा सन्तोष के कारण वह इन्द्रादि देवों का भी पूजनीय होकर शीघ्र ही मोक्ष को प्राप्त करता है ॥ ४२ ॥



सिणायगाण तु दुवे सहस्से, जे भोयए णियए माहणाणं ।
ते पुन्नखधे सुमहऽज्जणित्ता, भवति देवा इति वेयवाओ ॥४३॥

छाया—स्नातकानान्तु द्वे सहस्रे यो भोजयेन्नित्यं ब्राह्मणानाम् ।
ते पुण्यस्कन्धं सुमहज्जनित्वा भवन्ति देवा इति वेदवादः ॥ ४३ ॥

अन्वयार्थ—(जे दुवे सहस्से सिणायगाणं माहणाणं णियए भोयए) ब्राह्मण लोग आर्द्रकजी से कहते हैं कि—जो पुरुष दो हजार स्नातक ब्राह्मणों को प्रतिदिन भोजन कराता है (ते सुमहं पुण्णखंधं जणित्ता देवा भवंति इति वेयवाओ) वह भारी पुण्य पुञ्ज का उपार्जन करके देवता होता है यह वेद का कथन है ॥ ४३ ॥

भावार्थ—बौद्ध मत वालों को परास्त किए हुए आर्द्रकजी को देखकर ब्राह्मणगण उनके पास आये और कहने लगे कि—हे आर्द्रक ! तुमने गोशालक और बौद्ध मत का तिरस्कार किया है यह बहुत अच्छी बात है क्योंकि—ये दोनों ही मत वेद बाह्य हैं तथा यह आर्हत मत भी वेदबाह्य ही है अत तुम इसे भी छोड़ दो । तू क्षत्रियों में प्रधान है इस लिए सब वर्णों में श्रेष्ठ ब्राह्मणों की सेवा करना ही तुम्हारा कर्त्तव्य है शूद्रों की सेवा करना नहीं । तू यज्ञ याग आदि का अनुष्ठान करो और ब्राह्मणों की सेवा करो । ब्राह्मण सेवा का माहात्म्य हम तुम से कहते हैं उसे सुनो । वेद में लिखा है कि—छः प्रकार के कर्मों को करने वाले वेदपाठी शौचाचारपरायण सदा स्नान करने वाले ब्रह्मचारी दो हजार स्नातक ब्राह्मणों को जो मनुष्य प्रतिदिन भोजन कराता है वह महान् पुण्य पुञ्ज को उपार्जन करके स्वर्गलोक में देवता होता है ॥ ४३ ॥

सिणायगाण तु दुवे सहस्से, जे भोयए णियए कुलालयाण ।
से गच्छति लोलुवसपगाढे, तिव्वाभितावी णरगाभिसेवी ॥४४॥

छाया—स्नातकानान्तु द्वे सहस्रे यो भोजयेन्नित्य कुलालयानाम् ।
स गच्छति लोलुपसम्प्रगाढे तिव्राभितापी नरकाभिसेवी ॥ ४४ ॥

अन्वयार्थ—(कुलालयाणं सिणायगाणं दुवे सहस्से जे णियए भोयए) क्षत्रिय आदि कुलों में भोजन के लिए घूमने वाले दो हजार स्नातक ब्राह्मणों को जो प्रतिदिन भोजन कराता है (से लोलुवसंपगाढे तिव्वाभितावी णरगाभिसेवी गच्छति) वह पुरुष मांस लोभी पक्षियों से पूर्ण नरक में जाता है और वह वहां भयङ्कर ताप को भोगता हुआ निवास करता है ॥ ४४ ॥

भावार्थ—आर्द्रकजी ब्राह्मणों के वाक्य को सुनकर उनके मत को दूषित करते हुए कहते हैं कि—हे ब्राह्मणों ! जो मनुष्य दो हजार स्नातक ब्राह्मणों को

अन्वयार्थ—(तुहओवि धम्मंमि समुट्ठिता) एक दण्डी लोग आर्द्रकजी से कहते हैं कि—हम और तुम दोनों ही धर्म में प्रवृत्त हैं (अस्सिं सुट्ठिया तह एस काले) हम दोनों भूत वर्तमान और भविष्य तीनों काल में धर्म में स्थित हैं। (आयारसीले णाणी वुइए) हमारे दोनों के मत में आचारशील पुरुष ज्ञानी कहा गया है। (संपरायंमि ण विसेसमत्थि) तथा हमारे और तुम्हारे मत में संसार के स्वरूप में भी कोई भेद नहीं है ॥ ४६ ॥

भावार्थ—आर्द्रकुमार मुनि जब ब्राह्मणों को पूर्वोक्त प्रकार से परास्त करके आगे जाने के लिये तैयार हुए तब उनके पास एकदण्डी लोग आये और वे कहने लगे कि हे आर्द्रकुमार ! सब प्रकार के आरम्भों को करने वाले मांसाहारी विषय भोग में रत गृहस्थ ब्राह्मणों को परास्त करके तुमने अच्छा किया है अब तुम हमारा सिद्धान्त सुनो और उसे हृदय में धारण करो। सत्त्व रज और तम इन तीन गुणों की साम्य अवस्था को प्रकृति कहते हैं उस प्रकृति से महत् तत्त्व की उत्पत्ति होती है और महत् तत्त्व से अहंकार उत्पन्न होता है उस अहंकार से सोलह गण उत्पन्न होते हैं उन सोलह गणों में पांच तन्मात्राओं से पांच महाभूत उत्पन्न होते हैं। ये सब मिलकर चौबीस पदार्थ हैं और पचीसवाँ पुरुष है वह चेतन स्वरूप है। इस प्रकार उक्त २५ तत्त्वों के यथार्थ ज्ञान से मुक्ति प्राप्त होती है यही हमारा सिद्धान्त है। इस हमारे सिद्धान्त के साथ आर्हत सिद्धान्त का बहुत भेद नहीं है किन्तु अधिकांश में तुल्यता है। आप लोग जीव, पुण्य, पाप, बन्ध और मोक्ष को स्वीकार करते हैं और हम भी इनका अस्तित्व मानते हैं एवं हम लोग जिन अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह को यम कह कर स्वीकार करते हैं आप लोग उन्हें ही पञ्च महाव्रत कहते हैं। इसी तरह इन्द्रिय और मन को नियम में रखना हमारा और आपका दोनों का सिद्धान्त है अतः हमारे दोनों के मतों की बहुत समता है। वस्तुतः हम और आप ये दो ही सच्चे धर्म में स्थित हैं तथा भूत वर्तमान और भविष्य तीनों ही काल में अपनी प्रतिज्ञा को पालने वाले हैं। एवं हम दोनों के यहाँ आचार प्रधान शील सबसे उत्तम माना गया है जो शील यम नियमादि रूप है। तथा हम दोनों के ही शास्त्रों में श्रुत ज्ञान या केवलज्ञान को मोक्ष का कारण माना है। एवं संसार का स्वरूप जैसा आपके शास्त्र में माना जाता है वैसा ही हमारे शास्त्र में भी माना गया है। हमारा शास्त्र कहता है कि—अत्यन्त असत् वस्तु उत्पन्न नहीं होती है किन्तु कारण में कथञ्चित् स्थित ही उत्पन्न होती

भावार्थ—है और आप भी यही मानते हैं तथा द्रव्य रूप से संसार को आप नित्य मानते हैं और हम भी उसे नित्य कहते हैं। यद्यपि आप संसार की उत्पत्ति और नाश भी मानते हैं तथापि आपके साथ हमारा अधिक भेद नहीं है क्योंकि हम भी ससार का आविर्भाव और तिरोभाव मानते हैं ॥ ४६ ॥



अव्वत्तरूवं पुरिसं महंतं, सणातणं अक्खयमव्वयं च ।
सव्वेसु भूतेसुवि सव्वतो से, चंदो व ताराहिं समत्तरूवे ॥४७॥

छाया—अव्यक्तरूपं पुरुषं महान्तं सनातनमक्षयमव्ययं च ।
सर्वेषु भूतेष्वपि सर्वतोऽसौ चन्द्र इव तारासु समस्तरूपः ॥ ४७ ॥

अन्वयार्थ—(पुरिसं अव्वत्तरूवं महंतं सणातणं अव्वयं अक्खयं) यह पुरुष यानी जीवात्मा अव्यक्त है यानी यह इन्द्रिय और मन का विषय नहीं है। तथा यह सर्वलोक व्यापक और सनातन यानी नित्य है। यह क्षय और नाश से रहित है। (से सव्वेसु भूतेसुवि सव्वतो ताराहिं चंदो व समत्तरूवे) यह जीवात्मा सब भूतों में सम्पूर्ण रूप से रहता है जैसे चन्द्रमा सम्पूर्ण ताराओं के साथ सम्पूर्णरूप से सम्बन्ध करता है ॥ ४७ ॥

भावार्थ—एक दण्डी लोग आर्हत मत से अपने मत की तुल्यता सिद्ध करते हुए कहते हैं कि—शरीर को पुर कहते हैं और उस शरीर में जो निवास करता है उसे पुरुष कहते हैं वह जीवात्मा है उसे जैसे आर्हत लोग स्वीकार करते हैं उसी तरह हम लोग भी स्वीकार करते हैं। वह जीवात्मा इन्द्रिय और मन से जानने योग्य न होने से अव्यक्त है। वह स्वत कर, चरण, शिर और ग्रीवा आदि अवयवों से युक्त नहीं है। वह सर्व लोकव्यापी और नित्य है। यद्यपि उसकी नाना योनियों में गति होती है तथापि उसके चैतन्य रूप का कभी भी विनाश नहीं होता है अत वह नित्य है। उसके प्रदेशों को कोई खण्डित नहीं कर सकता है इस लिये वह अक्षय है। अनन्त काल व्यतीत होने पर भी उसके एक अंश का भी नाश नहीं होता है इसलिये वह अव्यय है। जैसे चन्द्रमा अश्विनी आदि नक्षत्रों के साथ पूर्ण रूप से सम्बन्ध करता है इसी तरह यह आत्मा शरीर रूप से परिणत सब भूतों के साथ पूर्णरूप से सम्बन्ध

करता है किन्तु एक अंश से नहीं क्योंकि वह निरंश है। इस प्रकार आत्मा के ये सब विशेषण हमारे दर्शन में ही पूर्णरूप से कहे गये हैं आर्हत दर्शन में नहीं यह हमारे धर्म की आर्हत दर्शन से विशेषता है अतः हे आर्द्र कुमार ! तुमको हमारे धर्म में ही आना चाहिये आर्हत धर्म में नहीं यह एकदण्डियों ने आर्द्रकजी से कहा ॥ ४७ ॥



एव ण मिज्जंति ण ससरती, ण माहणा खत्तिय वेस पेसा ।
कीडा य पक्खी य सरीसिवा य, नरा य सव्वे तह देवलोगा ॥४८॥

छाया—एव न मीयन्ते न संसरन्ति न ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यप्रेष्याः ।
कीटाश्च पक्षिणश्च सरीसृपाश्च नराश्च सर्वे तथा देवलोकाः ॥४८॥

अन्वयार्थ—(एवं ण मिज्जंति) मुनि आर्द्रकुमारजी कहते हैं कि हे एकदण्डियों ! तुम्हारे सिद्धान्तानुसार सुभग तथा दुर्भग आदि भेद नहीं हो सकते हैं (ण संसरंति) तथा जीव का अपने कर्म से प्रेरित होकर नाना गतियों में जाना भी सिद्ध नहीं हो सकता है। (ण माहणा खत्तियवेसपेसा) एवं ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र रूप भेद भी नहीं सिद्ध हो सकता है (कीडाय पक्खीय सरीसिवाय) एवं कीट पक्षी और सरीसृप इत्यादि गतियां भी सिद्ध न होंगी। (नरा य सव्वे तह देवलोगा) एवं मनुष्य तथा देवता आदि गतियों के भेद भी सिद्ध न होंगे ॥ ४८ ॥

भावार्थ—आर्द्रकुमार मुनि एक दण्डियों के वाक्य को सुन कर उनका समाधान देते हुए कहते हैं कि—आप के साथ हमारे मत की एकता नहीं है। आप एकान्तवादी और हम अनेकान्तवादी हैं। आप आत्मा को सर्व व्यापक मानते हैं और हम उसे शरीर मात्र व्यापी मानते हैं। इस प्रकार जैसे आत्मा के विषय में हमारा और आपका एक मत नहीं है इसी तरह संसार के स्वरूप के विषय में हमारा और आपका एक मत नहीं है आप कहते हैं कि—सभी पदार्थ प्रकृति से सर्वथा अभिन्न हैं और हम कहते हैं कि कारण में कार्य्य द्रव्यरूप से रहता है परन्तु पर्य्यायरूप से नहीं रहता है। यह हमारा और आपका महान् भेद है। आपके मत में कार्य्य, कारण में सर्वात्मरूप से विद्यमान है, परन्तु हमारे मत में सर्वात्मरूपसे नहीं है। एवं

भावार्थ—हमारे मत में सभी सत् पदार्थ उत्पाद व्यय और ध्रौव्य से युक्त माने गये हैं परन्तु आप ऐसा नहीं मानते हैं। आप लोग समस्त सत् पदार्थों को ध्रौव्य युक्त ही मानते हैं। यद्यपि आपने पदार्थों का आविर्भाव और तिरोभाव भी माना है तथापि वे आविर्भाव और तिरोभाव उत्पत्ति और नाश के बिना हो नहीं सकते हैं अतः आपके साथ हमारा ऐहिक और पारलौकिक किसी भी पदार्थ के विषय में मतैक्य नहीं है। आप लोग आत्मा को सर्वव्यापी मानते हैं परन्तु यह मान्यता युक्ति से सिद्ध नहीं होती है क्योंकि चैतन्य रूप आत्मा का गुण सर्वत्र नहीं पाया जाता है वह शरीर में ही पाया जाता है इसलिये आत्मा को सर्वव्यापी न मान कर उसे शरीरमात्रव्यापी ही मानना उचित है। जो वस्तु आकाश की तरह सर्व व्यापक है उसकी गति होना संभव नहीं है परन्तु यह आत्मा कर्म से प्रेरित होकर नाना गतियों में जाता है यह आप भी मानते हैं फिर यह सर्व व्यापक कैसे हो सकता है ? आप आत्मा में किसी प्रकार का विकार होना नहीं मानते हैं उसे सदा एक रूप एक रस बतलाते हैं ऐसी दशा में भिन्न-भिन्न गतियों में उसका परिवर्तन होना किस प्रकार संभव है ? इस जगत में कोई दुःखी, कोई सुखी, कोई सुन्दर, कोई कुरूप, कोई धनवान, कोई निर्धन, कोई बालक, कोई युवा और कोई वृद्ध इत्यादि रूप से नाना भेद वाले देखे जाते हैं। ये भेद आत्मा को कूटस्थ नित्य मानने पर तथा एक ही आत्मा मानने पर बन नहीं सकते हैं अतः आत्मा को सर्वव्यापी कूटस्थ तथा एक ही मानना सर्वथा मिथ्या है। वस्तुतः प्रत्येक प्राणी अलग-अलग सुख-दुःख भोगते हैं अतः आत्मा भिन्न-भिन्न है और आत्मा का गुण चैतन्य शरीर में ही पाया जाता है अन्यत्र नहीं इसलिये वह शरीर मात्र व्यापी है तथा कारण में कार्य्य द्रव्यरूप से रहता है और पर्य्याय रूप से नहीं रहता है। आत्मा नाना गतियों में जाता है इसलिये वह परिणामी है कूटस्थ नित्य नहीं है इत्यादि आर्हत सिद्धान्त ही युक्तियुक्त और मानने के योग्य है *सांख्य और आत्माऽद्वैतवाद नहीं यह आर्द्रकुमार मुनि का* आशय है ॥ ४८ ॥



लोय अयाणित्तिह केवलेणं, कहंति जे धम्ममजाणमाणा ।
णासंति अप्पाण परं च णट्ठा, संसार घोरंमि अणोरपारे ॥४९॥

छाया—लोक मज्ञात्वेह केवलेन, कथयन्ति ये धर्ममजानाना. ।
नाशयन्त्यात्मानं परञ्च नष्टाः ससारघोरेऽपारे ॥ ४९ ॥

अन्वयार्थ—(इह लोगं केवलेण अजाणित्ता) इस लोक को केवल ज्ञान के द्वारा न जान कर (जे अजाणमाणा धम्मं कहंति) जो अज्ञानी धर्म का उपदेश करते हैं (ते णट्ठा अप्पाणं परं च अणोरपारे संसार घोरंमि णासंति) वे स्वयं नष्ट जीव अपने को तथा दूसरे को भी अपार तथा भयङ्कर संसार में नाश करते हैं ॥ ४९ ॥

भावार्थ—मुनि आर्द्रकुमारजी कहते हैं कि—जो पुरुष केवल ज्ञानी नहीं है वह वस्तु के सत्य स्वरूप को नहीं जान सकता है क्योंकि वस्तु के सत्यस्वरूप का ज्ञान केवल ज्ञान से ही प्राप्त होता है। अतः केवल ज्ञानी तीर्थङ्करों ने जो उपदेश किया है वही मनुष्यों के कल्याण का मार्ग है दूसरे सब अनर्थ हैं। अतः जिसने केवल ज्ञान को प्राप्त नहीं किया है और केवल ज्ञानी के द्वारा कहे हुए पदार्थों पर श्रद्धा भी नहीं रखता है वह पुरुष धर्मोपदेश करने के योग्य नहीं है। ऐसे मनुष्य जो उपदेश करते हैं उससे जगत् के जीवों की भारी हानि होती है क्योंकि उनके विपरीत उपदेश से मनुष्य विपरीत आचरण करके संसार सागर में सदा के लिये बद्ध हो जाते हैं। अतः ऐसे मूर्ख जीव स्वयं तो नष्ट हैं ही साथ ही अन्य जीवों का भी नाश करते हैं ॥४९॥




लोय विजाणंतिह केवलेण, पुन्नेण नाणेण समाहिजुत्ता ।
धम्मं समत्तं च कहंति जे उ, तारंति अप्पाण परं च तिन्ना ॥५०॥

छाया—लोक विजानन्तीह केवलेन पूर्णेन ज्ञानेन समाधियुक्ताः ।
धर्मं समस्तं कथयन्ति येतु तारयन्त्यात्मानं परञ्च तीर्णाः ॥ ५० ॥

अन्वयार्थ—(जेह समाहियुत्ता इह पुरुषेण केवलेण नाणेण लोयं वियाणंति) परन्तु समाधियुक्त जो पुरुष पूर्ण केवल ज्ञान के द्वारा इस लोकको ठीक ठीक जानते हैं (समत्त धम्मं कहंति) और सच्चे धर्मका उपदेश करते हैं (तिन्ना अप्पाणं परंच तारंति) वे पापसे पार हुए पुरुष अपने को और दूसरे को भी संसार सागर से पार करते हैं ॥ ५० ॥

भावार्थ—मुनि आर्द्रकुमारजी इस गाथा के द्वारा यह बतलाते हैं कि जो पुरुष केवल ज्ञानी है वही वस्तु के सच्चे स्वरूप को जानता है अतः वह पुरुष ही जगत् के हित के लिये सच्चे धर्म का उपदेश देकर अपने को तथा दूसरों को भी संसार सागर से पार करता है। परन्तु जो पुरुष केवली नहीं है वह वस्तु के यथार्थ स्वरूप का ज्ञाता न होने के कारण मन माने तौर से आचरण करता हुआ स्वय भी बिगड़ता है और बुरा उपदेश देकर दूसरे प्राणी को भी खराब करता है। जैसे सच्चे मार्ग को जानने वाला पुरुष ही घोर जंगल से अपने को पार करता है और उपदेश देकर दूसरों को भी पार करता है परन्तु जो मार्ग का ज्ञाता नहीं है और मार्ग जानने वाले के उपदेश को भी नहीं मानता है वह उस घोर जगल में भटकता फिरता है। अतः कल्याणार्थी मनुष्य को केवल ज्ञानी तीर्थ-ङ्करों के बताये हुए मार्ग से ही चलना चाहिये ॥ ५० ॥



जे गरहियं ठाणमिहावसंति, जे यावि लोए चरणोववेया ।
उदाहडं तं तु समं मईए, अहाउसो विप्परियासमेव ॥५१॥

छाया—ये गर्हितं स्थानमिहावसन्ति, ये चाऽपि लोके चरणोपेताः ।
उदाहृतं तत्तु समं स्वमत्या, अथायुष्मन् विपर्य्यासमेव ॥ ५१ ॥

अन्वयार्थ—(इह लोगे जे गरहियं ठाणं आवसंति जे यावि चरणोववेया तं तु मईए समं उदाहडं) मुनि आर्द्रकुमारजी कहते हैं कि इस लोक में जो पुरुष निन्दनीय आचरण करते हैं और जो पुरुष उत्तम आचरण का पालन करते हैं उन दोनों के अनुष्ठानों को असर्वज्ञ जीव अपनी इच्छा से समान बतलाते हैं। (अह आउसो विप्परिया-

अन्वयार्थ—समेंत) अथवा हे आयुष्मन् ! ये शुभ अनुष्ठान करनेवालों को अशुभ आचरण करने वाले और अशुभ अनुष्ठान करने वालों को शुभ आचरण करने वाले इस प्रकार विपरीत प्ररूपणा करते हैं ॥ ५१ ॥

भावार्थ—जो पुरुष अशुभ कर्म के उदय से अज्ञानी पुरुषों द्वारा आचरण किये हुए बुरे मार्ग का आश्रय लेकर असत् आचरण करते हैं तथा जो सर्वज्ञोक्त मार्ग का आश्रय लेकर उत्तम चारित्र का आचरण करते हैं इन दोनों के आचरण यद्यपि समान नहीं हैं किन्तु पहले का अशुभ और पिछले का शुभ होने के कारण भिन्न भिन्न हैं तथापि अज्ञानी जीव इन दोनों को समान ही बतलाते हैं। तथा कोई अज्ञानी तो पूर्वोक्त असत्य अनुष्ठान वाले के आचरण को शुभ बतलाते हैं, वस्तुतः यह उनकी अपनी बुद्धि की कल्पना मात्र है वस्तु स्थिति नहीं है ॥ ५१ ॥



संवच्छरेणावि य एगमेगं, बाणेण मारेउ महागयं तु ।
सेसाण जीवाण दयट्ठयाए, वासं वयं वित्ति पकप्पयामो ॥५२॥

छाया—संवत्सरेणापि चैकैकं बाणेन मारयित्वा महागजन्तु ।
शेषाणां जीवानां दयार्थाय वर्षं वयं वृत्तिं कल्पयामः ॥ ५२ ॥

अन्वयार्थ—(वयं सेसाणं जीवाणं दयट्ठयाए) हस्तितापस कहते हैं कि—हम लोग शेष जीवों की दया के लिये (संवच्छरेणावि बाणेण एगमेगं महागयं तु मारेउ) वर्षभर में बाण के द्वारा एक बड़े हाथी को मार कर (वासं वित्तिं कप्पयामो) वर्षभर उसके मांस से अपना निर्वाह करते हैं ॥ ५२ ॥

भावार्थ—पूर्वोक्त प्रकार से एकदण्डियों को परास्त करके जब आर्द्रकुमारजी भगवान् महावीर स्वामी के पास जाने लगे तो हस्तितापसों ने आकर उन्हें घेर लिया और वे कहने लगे कि हे आर्द्रकुमार ! बुद्धिमान् मनुष्यों को सदा अल्पत्व और बहुत्व का विचार करना चाहिये। ये जो कन्द मूल फल आदि को खाकर अपना निर्वाह करने वाले तापस हैं वे बहुत

भावार्थ—वे स्थावर प्राणियों को तथा उनके आश्रित अनेक जङ्गम प्राणियों का नाश करते हैं। गुल्लर आदि फलों में बहुत से जङ्गम प्राणी निवास करते हैं। इसलिये गुल्लर आदि फलों को खाने वाले तापस उन अनेक जङ्गम जीवों का विनाश करते हैं। तथा जो लोग भिक्षा से अपनी जीविका चलाते हैं वे भी भिक्षा के लिये इधर उधर आते जाते समय अनेक कीड़ी आदि प्राणियों का मर्दन करते हैं तथा भिक्षा की कामना से उनका चित्त भी दूषित हो जाता है अत: हम लोग वर्षभर में एक महान् हाथी को मार कर उसके माँस से वर्ष भर अपना निर्वाह करते हैं और शेष जीवों की रक्षा करते हैं। अत: हमारे धर्म के आचरण करने से अनेक प्राणियों की रक्षा और एक प्राणी का विनाश होता है इसलिये यही धर्म सबसे श्रेष्ठ है आप भी इसे स्वीकार करें॥ ५२ ॥



सवच्छरेणावि य एगमेगं, पाणं हणंता अणियत्तदोसा ।
सेसाण जीवाण वहेण लग्गा, सिया य थोवं गिहिणोऽवि तम्हा॥५३॥

छाया—संवत्सरेणापिचैकैकं प्राण घ्नन्तोऽनिवृत्तदोषा ।
शेषाणां जीवानां वधेन लग्नाः स्यात् स्तोकं गृहिणोऽपि तस्मात्॥५३॥

अन्वयार्थ—(संवच्छरेणावि य एगमेगं पाणं हणंता अणियत्तदोसा) वर्षभर में एक एक प्राणी को मारने वाले पुरुष भी दोष रहित नहीं हैं। (सेसाण जीवाणं वहेण लग्गा गिहिणोवि तम्हा थोवं सियाय) क्योंकि शेष जीवों के घात में प्रवृत्ति न करने वाले गृहस्थ भी दोष वर्जित क्यों न माने जावेंगे॥ ५३ ॥

भावार्थ—मुनि आर्द्रकुमार हस्तितापसों से कहते हैं कि—एक वर्ष में एक प्राणी को मारने वाला पुरुष भी हिंसा के दोष से रहित नहीं है। उस पर भी हाथी जैसे पंचेन्द्रिय महाकाय प्राणी को मारने वाले तो सुतरां दोष रहित नहीं हैं। जो पुरुष साधु हैं वे सूर्य्य की किरणों से प्रकाशित मार्ग में युगमात्र दृष्टि रख कर चलते हैं। वे ईर्य्यासमिति से युक्त होकर बेयालीस दोषों को वर्जित करके आहार ग्रहण करते हैं। वे लाभ

भावार्थ—और अलाभ में समान वृत्ति रखते हैं अत: उनके द्वारा कीड़ी आदि प्राणियों का घात नहीं होता है तथा आशंसा का दोष भी नहीं लगता है। आप लोग अल्प जीवों के घात से पाप होना नहीं मानते हैं परन्तु यह मान्यता ठीक नहीं है क्योंकि गृहस्थ भी क्षेत्र और काल से दूरवर्ती प्राणियों का घात नहीं करते हैं ऐसी दशा में अन्य प्राणियों के घातक होने से गृहस्थ को भी आप दोष रहित क्यों नहीं मानते ? अत: जैसे गृहस्थ दोष वर्जित नहीं हैं उसी तरह आप भी नहीं हैं ॥५३॥



सवच्छरेणावि य एगमेगं, पाणं हणंता समणव्वएसु ।
आयाहिए से पुरिसे अणज्जे, ण तारिसे केवलिणो भवंति ॥५४॥

छाया—संवत्सरेणाऽपिचैकैकं प्राणं घ्नन् श्रमणव्रतेषु ।
आख्यातः स पुरुषोऽनार्य्यः न तादृशाः केवलिनो भवन्ति ॥५४॥

अन्वयार्थ—(समणव्वएसु संवच्छरेणावि एगमेगंपाणं हणंता) जो पुरुष श्रमणों के व्रत में स्थित होकर वर्षभर में भी एक एक प्राणी को मारता है (से पुरिसे अणारिए आहिए) वह अनार्य्य कहा गया है (तारिसा केवलिणो न भवंति ऐसे पुरुष को केवल ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है ॥ ५४ ॥

भावार्थ—मुनि आर्द्रकुमारजी हस्तितापसों से कहते हैं कि—जो पुरुष श्रमणों के व्रत में स्थित हो कर भी प्रति वर्ष एक एक प्राणी का घात करते हैं और दूसरों को इस कार्य्य का उपदेश करते हैं वे अपने और दूसरे का अहित करने वाले अज्ञानी हैं। वर्ष भर में एक प्राणी के घात करने से एक प्राणी का ही घात नहीं होता किन्तु उस प्राणी के माँस आदि में रहने वाले अनेक प्राणियों का तथा उसके मांस को पकाने में अनेक स्थावर और जङ्गम प्राणियों का भी घात होता है इसलिये वे जो वर्ष भर में एक प्राणी के घात की बात कहते हैं यह भी वास्तव में मिथ्या है। वे अहिंसा के उपासक नहीं हैं। अहिंसा की उपासना तो एक मात्र माधुकरी वृत्ति से ही होती है परन्तु यह मूर्खों के समझ में नहीं आता है। ऐसे

भावार्थ—हिंसामय कार्य्य करने वाले मिथ्याचारी जीवों को ज्ञान की प्राप्ति कभी नहीं होती है अतः मनुष्य को इन दूषित मार्गों का आश्रय कदापि नहीं लेना चाहिये। इस प्रकार हस्तितापसों को परास्त करके आर्द्रकुमार मुनि भगवान् महावीर स्वामी के पास आये ॥ ५४ ॥



बुद्धस्स आणाए इमं समाहिं, अस्सिं सुठिच्चा तिविहेण ताई ।
तरिउ समुद्दं व महाभवोघं, आयाणवं धम्ममुदाहरेज्जा ॥५५॥
त्तिबेमि, इति अद्दइज्जणाम छट्ठमज्झयणं समत्तं ॥

छाया—बुद्धस्याज्ञयेमं समाधि मस्मिन् सुस्थाय त्रिविधेन त्रायी ।
तरीतुं समुद्रमिव महाभवौघमादानं धर्ममुदाहरेत् इतिब्रवीमि ॥५५॥

अन्वयार्थ—(बुद्धस्स आणाए इमं समाहिं) तत्त्वदर्शी भगवान् की आज्ञा से इस शान्तिमय धर्म को अङ्गीकार करके (अस्सिं सुठिच्चा तिविहेण तायी) और इस धर्म में अच्छी तरह स्थित होकर तीनों करणों से मिथ्यात्व की निन्दा करता हुआ पुरुष अपनी तथा दूसरे की रक्षा करता है। (महाभवोघं समुद्दं तरिउ आयाणवं धम्म मुदाहरेज्जा) महादुस्तर समुद्र की तरह संसार को पार करने के लिये विवेकी पुरुषों को सम्यग् दर्शन ज्ञान और चारित्र रूप धर्म का वर्णन और ग्रहण करना चाहिये ॥ ५५ ॥

भावार्थ—जो पुरुष केवल ज्ञानी भगवान् महावीर स्वामी की आज्ञा से इस उत्तम धर्म को स्वीकार करके मन, वचन और काय से इसका भली भांति पालन करता है तथा समस्त मिथ्या दर्शनों की तीनों करणों से निन्दा करता है वह पुरुष इस घोर संसार से अपनी और दूसरे की भी रक्षा करता है तथा वही केवल ज्ञान को प्राप्त करके मोक्ष का अधिकारी होता है इस संसार को पार करने का एक मात्र उपाय सम्यग् दर्शन ज्ञान और चारित्र ही है इसलिये जो पुरुष इनको धारण करने वाला है वही सच्चा साधु है। वह पुरुष अपने सम्यग्दर्शन के प्रभाव से परतीर्थियों की तप समृद्धि को देख कर जैन दर्शन से भ्रष्ट नहीं होता है और सम्यग् ज्ञान

भावार्थ—और अलाभ में समान वृत्ति रखते हैं अत उनके द्वारा कीड़ी आदि प्राणियों का घात नहीं होता है तथा आशंसा का दोष भी नहीं लगता है। आप लोग अल्प जीवों के घात से पाप होना नहीं मानते हैं परन्तु यह मान्यता ठीक नहीं है क्योंकि गृहस्थ भी क्षेत्र और काल से दूरवर्ती प्राणियों का घात नहीं करते हैं ऐसी दशा में अन्य प्राणियों के घातक होने से गृहस्थ को भी आप दोष रहित क्यों नहीं मानते ? अत जैसे गृहस्थ दोष वर्जित नहीं हैं उसी तरह आप भी नहीं हैं ॥५३॥



संवच्छरेणावि य एगमेगं, पाणं हणता समणव्वएसु ।
आयाहिए से पुरिसे अणज्जे, ण तारिसे केवलिणो भवंति ॥५४॥

छाया—संवत्सरेणाऽपिचैकैकं प्राणं घ्नन् श्रमणव्रतेषु ।
आख्यातः स पुरुषोऽनार्य्यः न तादृशाः केवलिनो भवन्ति ॥५४॥

अन्वयार्थ—(समणव्वएसु संवच्छरेणावि एगमेगंपाणं हणंता) जो पुरुष श्रमणों के व्रत में स्थित होकर वर्षभर में भी एक एक प्राणी को मारता है (से पुरिसे अणारिए आहिए) वह अनार्य्य कहा गया है (तारिसा केवलिणो न भवंति ऐसे पुरुष को केवल ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है ॥ ५४ ॥

भावार्थ—मुनि आर्द्रकुमारजी हस्तितापसों से कहते हैं कि—जो पुरुष श्रमणों के व्रत में स्थित हो कर भी प्रति वर्ष एक एक प्राणी का घात करते हैं और दूसरों को इस कार्य्य का उपदेश करते हैं वे अपने और दूसरे का अहित करने वाले अज्ञानी हैं। वर्ष भर में एक प्राणी के घात करने से एक प्राणी का ही घात नहीं होता किन्तु उस प्राणी के माँस आदि में रहने वाले अनेक प्राणियों का तथा उसके मांस को पकाने में अनेक स्थावर और जङ्गम प्राणियों का भी घात होता है इसलिये वे जो वर्ष भर में एक प्राणी के घात की बात कहते हैं यह भी वास्तव में मिथ्या है। वे अहिंसा के उपासक नहीं हैं। अहिंसा की उपासना तो एक मात्र माधुकरी वृत्ति से ही होती है परन्तु यह मूर्खों के समझ में नहीं आता है। ऐसे

भावार्थ—हिंसामय कार्य्य करने वाले मिथ्याचारी जीवों को ज्ञान की प्राप्ति कभी नहीं होती है अतः मनुष्य को इन दूषित मार्गों का आश्रय कदापि नहीं लेना चाहिये। इस प्रकार हस्तितापसों को परास्त करके आर्द्रकुमार मुनि भगवान् महावीर स्वामी के पास आये ॥ ५४ ॥



बुद्धस्स आणाए इमं समाहिं, अस्सिं सुठिच्चा तिविहेण ताई।
तरिउं समुद्दं व महाभवोघं, आयाणवं धम्ममुदाहरेज्जा ॥५५॥
त्तिबेमि, इति अद्दइज्जणाम छट्ठमज्झयणं समत्तं ॥

छाया—बुद्धस्याज्ञयेमं समाधि मस्मिन् सुस्थाय त्रिविधेन त्रायी।
तरीतुं समुद्रमिव महाभवौघमादानं धर्ममुदाहरेद् इतिब्रवीमि ॥५५॥

अन्वयार्थ—(बुद्धस्स आणाए इमं समाहिं) तत्त्वदर्शी भगवान की आज्ञा से इस शान्तिमय धर्म को अङ्गीकार करके (अस्सिं सुठिच्चा तिविहेण तायी) और इस धर्म में अच्छी तरह स्थित होकर तीनों करणों से मिथ्यात्व की निन्दा करता हुआ पुरुष अपनी तथा दूसरे की रक्षा करता है। (महाभवोघं समुद्दं तरिउं आयाणवं धम्म मुदाहरेज्जा) महादुस्तर समुद्र की तरह संसार को पार करने के लिये विवेकी पुरुषों को सम्यग् दर्शन ज्ञान और चारित्र रूप धर्म का वर्णन और ग्रहण करना चाहिये ॥ ५५ ॥

भावार्थ—जो पुरुष केवल ज्ञानी भगवान् महावीर स्वामी की आज्ञा से इस उत्तम धर्म को स्वीकार करके मन, वचन और काय से इसका भली भांति पालन करता है तथा समस्त मिथ्या दर्शनों की तीनों करणों से निन्दा करता है वह पुरुष इस घोर संसार से अपनी और दूसरे की भी रक्षा करता है तथा वही केवल ज्ञान को प्राप्त करके मोक्ष का अधिकारी होता है इस संसार को पार करने का एक मात्र उपाय सम्यग् दर्शन ज्ञान और चारित्र ही है इसलिये जो पुरुष इनको धारण करने वाला है वही सच्चा साधु है। वह पुरुष अपने सम्यग्दर्शन के प्रभाव से परतीर्थियों की तप समृद्धि को देख कर जैन दर्शन से भ्रष्ट नहीं होता है और सम्यग् ज्ञान

भावार्थ—के प्रभाव से वह परतीर्थियों को परास्त करके उन्हें पदार्थ के यथार्थ स्वरूप का उपदेश करता है तथा सम्यक् चारित्र के प्रभाव से वह समस्त जीवों का हितैषी होकर अपने आस्रव द्वारों को रोक देता है वह अपनी विशिष्ट तपस्या के प्रभाव से अपने अनेक जन्म के कर्मों को नष्ट कर देता है अतः ऐसे उत्तम धर्म को ही विद्वान् पुरुष स्वय ग्रहण करते हैं और दूसरों को भी इसे ग्रहण करने की शिक्षा देते हैं ॥ ५५ ॥

॥ छठा अध्ययन समाप्त हुआ ॥



॥ ओ३म् ॥

श्री सूत्रकृताङ्ग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का

सप्तम अध्ययन



छट्ठे अध्ययन के पश्चात् सप्तम अध्ययन आरम्भ किया जाता है। पूर्व के अध्ययनों में प्रायः साधुओं के आचार का सविस्तर वर्णन किया है परन्तु श्रावकों के आचार नहीं बताये गये हैं। अतः श्रावकों का आचार बताने के लिये इस सप्तम अध्ययन का आरम्भ है। इस सप्तम अध्ययन का "नालन्दीयाध्ययन" नाम है। राजगृह से बाहर एक नालन्दा नामका स्थान है उसमें जो घटना हुई है उसे नालन्दीय कहते हैं। उस स्थान का नाम नालन्दा होने से ज्ञात होता है कि वह स्थान याचकों के समस्त मनोरथों को पूर्ण करने वाला है क्योंकि नालन्दा शब्द का यही अर्थ व्युत्पत्ति से निकलता है जैसे कि "न अलं ददातीति नालन्दा" यह नालन्दा शब्द की व्युत्पत्ति है इसमें नकार और अल शब्द दोनों ही निषेधार्थक हैं और दान अर्थ में दो धातु है इसलिये दो निषेध प्रकृत अर्थ की दृढ़ता के सूचक होने से जो याचकों को अवश्य दान देता है वह नालन्दा कहलाता है। यही नालन्दा शब्द का अर्थ है।



तेण कालेण तेण समएण रायगिहे नाम नयरे होत्था, रिद्धित्थिमितसमिद्धे वएणओ जाव पडिरूवे, तस्स ण रायगिहस्स नयरस्स बाहिरिया उत्तरपुरच्छिमे दिसीभाए, एत्थ ण नालंदानाम बाहिरिया होत्था, अणेगभवणसयसन्निविट्ठा जाव पडिरूवा ॥ (सूत्रं० ६८) ॥

छाया—तस्मिन् काले तस्मिन् समये राजगृहं नाम नगर मासीत्, ऋद्धिस्तिमितसमृद्धं वर्णतः यावत्प्रतिरूपम्। तस्य राजगृहस्य नगरस्य बहिः उत्तरपूर्वस्यां नालन्दा नाम बाहिरका आसीत्, अनेकभवन शतसन्निविष्टा यावत् प्रतिरूपा ॥६८॥

अन्वयार्थ—(तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे णामं नयरे होत्था) उस काल में और उस समय में राजगृह नामका नगर था (रिद्धित्थिमितसमिद्धे वण्णओ जाव पडिरूवे) वह ऋद्धि से परिपूर्ण और बड़ा ही सुंदर था । (तस्सणं रायगिहस्स नयरस्स बाहिरिया उत्तरपुरच्छिमे दिसीभाए एत्थणं नालंदानाम बाहिरिया होत्था) उस राजगृह नगर के बाहर ईशान कोण में नालन्दा नामक एक छोटा ग्राम था। (अणेगभवणसयसन्निविट्ठा जाव पडिरूवा) वह ग्राम अनेक भवनों से सुशोभित और बड़ा ही मनोहर था ॥६८॥

भावार्थ—इस सूत्र में राजगृह नगर का वर्णन जैसा किया है वैसा वह इस समय नहीं पाया जाता है किन्तु किसी समय वह वैसा अवश्य था इसी अर्थ को बताने के लिये मूल में "तेणं कालेण तेणं समएणं" कहा है अर्थात् जिस समय राजगृह नगर इस सूत्र में कहे हुए विशेषणों से युक्त था उस काल और उस समय के अनुसार ही यहाँ वर्णन किया जाता है इसलिये अब वैसा न होने पर भी इस वर्णन को मिथ्या नहीं जानना चाहिये यह आशय है। किस काल में वह राजगृह नगर वैसा था ? यह तो गौतम स्वामी के समय से ही निश्चित हो जाता है। इस लिये जिस समय भगवान महावीर स्वामी और गौतम स्वामी वर्तमान थे उस समय राजगृह नगर बहुत विस्तृत और अनेक गगनचुम्बी भवनों से सुशोभित तथा धन धान्य आदि से परिपूर्ण था उस नगर के बाहर उत्तर और पूर्व दिशा में नालन्दा नामक एक छोटा ग्राम था वह ग्राम भी बड़ा ही मनोहर और अनेक उत्तमोत्तम भवनों से सुशोभित था ॥६८॥

तत्थ ण नालंदाए बाहिरियाए लेवे नाम गाहावई होत्था, अड्ढे दित्ते वित्ते विच्छिण्णविपुलभवणसयणासणजाणवाहणाइण्णे बहुधणबहुजायरूवरजते आओगपओगसपउत्ते विच्छड्डियपउरभत्तपाने बहुदासीदासगोमहिसगवेलगप्पभूए बहुजणस्स अपरिभूए यावि होत्था ॥ से ण लेवे नाम गाहावई समणो-

छाया—तस्याञ्च नालन्दायां बाह्यायां लेपोनाम गाथापतिरासीत् । आढ्यो दीप्तो वित्तो विस्तीर्णविपुलभवनशयनासनयानवाहनाकीर्णो, बहुधनबहुजातरूपरजत, आयोगसम्प्रयोगसम्प्रयुक्त, विक्षिप्त प्रचुरभक्तपानो बहुदासीदासगोमहिषगवेलकप्रभूत बहुजनस्य अपरिभूतश्चाप्यासीत् । स लेपोनाम गाथापतिः श्रमणोपासकश्चा-

अन्वयार्थ—(तत्थणं बाहिरियाए नालंदाए लेवे नामं गाहावई होत्था) उस राजगृह से बाहर जो नालन्दा ग्राम था वहाँ लेप नामक एक गृहस्थ निवास करता था। (अड्ढे दित्ते वित्ते) वह बड़ा ही धनवान् तेजस्वी और जगत् में प्रसिद्ध था। (विच्छिण्णविपुलभवणसयणासणजाणवाहणाइण्णे) वह बड़े-बड़े अनेकों मकान, शयन, आसन, यान और वाहनों से परिपूर्ण था। (बहुधणबहुजायरूवरजते) वह बहुत धन बहुत सुवर्ण और बहुत चाँदी वाला था। (आओगपओगसपउत्ते) वह धन उपार्जन के उपायों को जानने वाला और उनके प्रयोग में बड़ा ही कुशल था। (विच्छड्डियपउरभत्तपाणे) उसके यहाँ बहुत भात पानी लोगों को दिया जाता था। (बहुदासीदासगोमहिसगवेलगप्पभूए बहुजणस्स अपरिभूए यावि होत्था) वह बहुत दासी दास, गाय, भैंस, और भेड़ों का स्वामी था। तथा वह बहुत लोगों से भी पराभव पाने के योग्य न था (से णं लेवे नाम गाहावई समणोवासए यावि

भावार्थ—पहले जिसका वर्णन किया गया है उस नालंदा ग्राम में एक बड़ा धनवान् लेप नामक गृहस्थ निवास करता था। वह श्रमणों की उपासना करने वाला श्रावक था। वह जीव और अजीव तत्त्व को भली-भाँति जानने वाला सम्यग् ज्ञानी था। अतः वह अकेला भी समस्त देवता और असुरों से भी धर्म से विचलित किया जाने योग्य नहीं था। आर्हत प्रवचन में उसकी जरा भी शंका न थी। उसका यह दृढ़ विश्वास था कि—वही सत्य और शंका रहित है जो तीर्थङ्करों द्वारा उपदेश किया गया है। तथा अन्य दर्शन के प्रति उसका बिलकुल अनुराग नहीं था।

वासए यावि होत्था, अभिगयजीवाजीवे जाव विहरइ, निग्गंथे पावयणे निस्संकिए निक्कंखिए निव्वितिगिच्छे लद्धट्ठे गहियट्ठे पुच्छियट्ठे विणिच्छियट्ठे अभिगहियट्ठे अट्ठिमिंजापेमाणुरागरत्ते, अयमाउसो ! निग्गंथे पावयणे अय अट्ठे अय परमट्ठे सेसे अणट्ठे, उस्सियफलिहे अप्पावयदुवारे चियत्तंतेउरप्पवेसे चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठ-

छाया—प्यासीत् अभिगतजीवाजीवः यावद् विहरति । निर्ग्रन्थे प्रवचने निःशङ्कितः निष्काङ्क्षितः निर्विचिकित्सः लब्धार्थः गृहीतार्थ अस्थिमज्जाप्रेमानुरागरक्तः इद मायुष्मन् नैर्ग्रन्थ प्रवचनमयमर्थः अयं परमार्थः शेषोऽनर्थः, उच्छ्रितफलकः अप्रावृतद्वार अत्यक्तान्तः पुरप्रवेशः चतुर्दश्यष्टमीपूर्णिमासु प्रतिपूर्ण पौषध सम्यगनुपालयन्

अन्वयार्थ—होत्था) यह क्षेम नामक गाथापति श्रमणोपासक भी था (अभिगयजीवाजीवे जाव विहरइ) वह जीव और अजीव तत्त्व को जानने वाला था । (निग्गंथे पावयणे निस्संकिए निक्कंखिए निव्वितिगिच्छे) वह निर्ग्रंथ प्रवचन में शङ्कारहित तथा अन्य दर्शन की इच्छा से रहित और गुणवान् पुरुषों की निन्दा से रहित था । (लद्धट्ठे गहियट्ठे पुच्छियट्ठे विणिच्छियट्ठे अभिगहियट्ठे अट्ठिमिंजापेमाणुरागरत्ते) वह वस्तु स्वरूप को जानने वाला तथा मोक्ष मार्ग को स्वीकार किया हुआ पूर्व विद्वानों से पूछ कर विशेषरूप से पदार्थों का निश्चय किया हुआ तो प्रश्नोत्तर के द्वारा पदार्थों को अच्छी तरह समझा हुआ था । उसका हृदय सम्यक्त्व से वासित था तथा उसकी हड्डी और मज्जाओं में भी धर्म का अनुराग था । (अयमाउसो निग्गंथे पावयणे अयं अट्ठे अयं परमट्ठे सेसे अणट्ठे) उससे धर्म के सम्बन्ध में जब कोई कुछ प्रश्न करता तो वह यह कहता था कि – हे आयुष्मन् ! यह निर्ग्रन्थ प्रवचन ही सत्य है और यही परमार्थ है शेष सब दर्शन अनर्थ हैं । (उस्सियफलिहे अप्पावयदुवारे चियत्तंतेउरप्पवेसे) उसका निर्मल यश जगत् में फैला हुआ था

भावार्थ—उसकी हड्डी और मज्जाओं में निर्ग्रन्थ प्रवचन का अनुराग भरा हुआ था । यदि उससे कोई धर्म के विषय में प्रश्न करता तो वह यही उत्तर दिया करता था कि—यह निर्ग्रन्थ प्रवचन ही सत्य प्रवचन है और यही मनुष्य को कल्याण का मार्ग बताने वाला है शेष सब अनर्थ हैं । इस प्रकार निर्मल श्रावक व्रत के पालन करने से उसका निर्मल यश जगत् में सर्वत्र फैला हुआ था और अन्य तीर्थी उसके घर पर आकर चाहे

पुराणमासिणीसु पडिपुन्न पोसह सम्म अणुपालेमाणे समणे निग्गथे तहाविहेण एसणिज्जेण असणंपाणखाइमसाइमेण पडिलाभेमाणे बहूहिं सीलव्वयगुणविरमणपच्चक्खाणपोसहोववासेहिं अप्पाण भावेमाणे एव च ण विहरइ ॥ (सूत्र० ६९) ॥

छाया—श्रमणान् निग्रन्थान् तथाविधेनैषणीयेन अशनपानखाद्यस्वाद्येन प्रतिलाभयन्, बहुभि' शीलव्रतगुणविरमणप्रत्याख्यानपौषधोपवासै रात्मान भावयन् एव च विहरति ॥६९॥

अन्वयार्थ—तथा गृह का द्वार खुला रहता था तथा राजाओं के अन्तःपुर में भी उसका प्रवेश बन्द नहीं था (चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठपुण्णमासिणीसु पडिपुण्णं पोसहं सम्मं अणुपालेमाणे) वह चतुर्दशी अष्टमी तथा पूर्णिमा आदि तिथियों में परिपूर्ण पौषधव्रत का पालन किया करता था । (समणे निग्गंथे तहाविहेणं एसणिज्जेणं असणपाणखाइमसाइमेणं पडिलाभेमाणे) वह श्रमण निर्ग्रन्थों को शुद्ध और एषणीय अशन पान खाद्य और स्वाद्य का दान करता हुआ (बहुहिं सीलव्वयगुणविरमणपच्चक्खाण पोसहोववासेहिं अप्पाणं भावेमाणे एव च णं विहरइ) तथा बहुत शीलव्रत गुण विरमण प्रत्याख्यान पौषध और उपवास के द्वारा अपने को निर्मल करता हुआ विचरता था ॥६९॥

भावार्थ—कितना ही प्रयत्न कर परन्तु उसका एक मामूली दास भी सम्यग्दर्शन से भ्रष्ट नहीं किया जा सकता था इस कारण उसके घर का द्वार खुला रहता था अन्यतीर्थियों के भय से बन्द नहीं किया जाता था । जहाँ अन्यजनों का प्रवेश सर्वथा वर्जित है ऐसे राजाओं के अन्तःपुरों में भी उसका प्रवेश बन्द नहीं था क्योंकि श्रावक के सम्पूर्ण गुणों से सम्पन्न होने के कारण वह परम विश्वास पात्र था । उसके प्रति किसी प्रकार की शका किसी को नहीं होती थी । वह चतुर्दशी अष्टमी पूर्णिमा एवं दूसरी शास्त्रोक्त कल्याणकारिणी तिथियों में आहार शरीरसत्कार और ब्रह्मचर्य्य का त्याग करता हुआ परिपूर्ण देश चारित्र का पालन करता था । वह श्रमण निग्रन्थों को प्रासुक और एषणीय आहार आदि देता हुआ तथा पौषध और उपवास आदि के द्वारा अपने को पवित्र करता हुआ धर्माचरण करता था ॥ ६९ ॥



वासए यावि होत्था, अभिगयजीवाजीवे जाव विहरइ, निग्गंथे पावयणे निस्संकिए निक्कंखिए निव्वितिगिच्छे लद्धट्ठे गहियट्ठे पुच्छियट्ठे विणिच्छियट्ठे अभिगहियट्ठे अट्ठिमिंजापेमाणुरागरत्ते, अयमाउसो ! निग्गंथे पावयणे अयं अट्ठे अयं परमट्ठे सेसे अणट्ठे, उस्सियफलिहे अप्पावयदुवारे चियत्ततेउरप्पवेसे चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठ-

छाया—प्यासीत् अभिगतजीवाजीवः यावत् विहरति। निर्ग्रन्थे प्रवचने निःशङ्कितः निष्काङ्क्षितः निर्विचिकित्सः लब्धार्थः गृहीतार्थः अस्थिमज्जाप्रेमानुरागरक्तः इद मायुष्मन् नैर्ग्रन्थं प्रवचनमयमर्थः अय परमार्थः शेषोऽनर्थः उच्छ्रितफलकः अप्रावृतद्वारः अत्यक्तान्तः पुरप्रवेशः चतुर्दश्यष्टमीपूर्णिमासु प्रतिपूर्णं पौषध सम्यगनुपालयन्

अन्वयार्थ—होत्था) वह लेप नामक गाथापति श्रमणोपासक भी था (अभिगयजीवाजीवे जाव विहरइ) वह जीव और अजीव तत्व को जानने वाला था। (निग्गंथे पावयणे निस्संकिए निक्कंखिए निव्वितिगिच्छे) वह निर्ग्रंथ प्रवचन में शङ्कारहित तथा अन्य दर्शन की इच्छा से रहित और गुणवान् पुरुषों की निन्दा से रहित था। (लद्धट्ठे गहियट्ठे पुच्छियट्ठे विणिच्छियट्ठे अभिगहियट्ठे अट्ठिमिंजापेमाणुरागरत्ते) वह वस्तु स्वरूप को जानने वाला तथा मोक्ष मार्ग को स्वीकार किया हुआ एवं विद्वानों से पूछ कर विशेषरूप से पदार्थों का निश्चय किया हुआ और प्रश्नोत्तर के द्वारा पदार्थों को अच्छी तरह समझा हुआ था। उसका हृदय सम्यक्त्व से वासित था तथा उसकी हड्डी और मज्जाओं में भी धर्म का अनुराग था। (अयमाउसो निग्गंथे पावयणे अयं अट्ठे अयं परमट्ठे सेसे अणट्ठे) उससे धर्म के सम्बन्ध में जब कोई कुछ प्रश्न करता तो वह यह कहता था कि – हे आयुष्मन् ! यह निर्ग्रन्थ प्रवचन ही सत्य है और यही परमार्थ है शेष सब दर्शन अनर्थ हैं। (उस्सियफलिहे अप्पावयदुवारे चियत्ततेउरप्पवेसे) उसका निर्मल यश जगत् में फैला हुआ था

भावार्थ—उसकी हड्डी और मज्जाओं में निर्ग्रन्थ प्रवचन का अनुराग भरा हुआ था। यदि उससे कोई धर्म के विषय में प्रश्न करता तो वह यही उत्तर दिया करता था कि—यह निर्ग्रन्थ प्रवचन ही सत्य प्रवचन है और यही मनुष्य को कल्याण का मार्ग बताने वाला है शेष सब अनर्थ हैं। इस प्रकार निर्मल श्रावक व्रत के पालन करने से उसका निर्मल यश जगत् में सर्वत्र फैला हुआ था और अन्य तीर्थी उसके घर पर आकर चाहे

पुण्णमासिणीसु पडिपुन्न पोसह सम्म अणुपालेमाणे समणे निग्गथे तहाविहेण एसणिज्जेण असणपाणखाइमसाइमेण पडिलाभेमाणे बहूहिं सीलव्वयगुणविरमणपच्चक्खाणपोसहोववासेहिं अप्पाण भावेमाणे एव च ण विहरइ ॥ (सूत्र० ६६)॥

छाया—श्रमणान् निग्रन्थान् तथाविधेनैषणीयेन अशनपानखाद्यस्वाद्येन प्रतिलाभयन्, बहुभि' शीलव्रतगुणविरमणप्रत्याख्यानपौषधोपवासै रात्मान भावयन् एव च विहरति ॥६९॥

अन्वयार्थ—तथा गृह का द्वार खुला रहता था तथा राजाओं के अन्तःपुर में भी उसका प्रवेश बन्द नहीं था (चाउद्दसट्ठमुद्दिट्ठपुण्णमासिणीसु पडिपुन्नं पोसहं सम्मं अणुपालेमाणे) वह चतुर्दशी अष्टमी तथा पूर्णिमा आदि तिथियों में परिपूर्ण पौषधव्रत का पालन किया करता था । (समणे निग्गंथे तहाविहेणं एसणिज्जेणं असणपाणखाइमसाइमेणं पडिलाभेमाणे) वह श्रमण निर्ग्रंथों को शुद्ध और एषणीय अशन पान खाद्य और स्वाद्य का दान करता हुआ (बहूहिं सीलव्वयगुणविरमणपच्चक्खाण पोसहोववासेहिं अप्पाणं भावेमाणे एव च णं विहरइ) तथा बहुत शीलव्रत गुण विरमण प्रत्याख्यान पौषध और उपवास के द्वारा अपने को निर्मल करता हुआ विचरता था ॥६९॥

भावार्थ—कितना ही प्रयत्न कर परन्तु उसका एक मामूली दास भी सम्यग्दर्शन से भ्रष्ट नहीं किया जा सकता था इस कारण उसके घर का द्वार खुला रहता था अन्यतीर्थियों के भय से बन्द नहीं किया जाता था । जहाँ अन्यजनों का प्रवेश सर्वथा वर्जित है ऐसे राजाओं के अन्तःपुरों में भी उसका प्रवेश बन्द नहीं था क्योंकि श्रावक के सम्पूर्ण गुणों से सम्पन्न होने के कारण वह परम विश्वास पात्र था । उसके प्रति किसी प्रकार की शका किसी को नहीं होती थी । वह चतुर्दशी अष्टमी पूर्णिमा एवं दूसरी शास्त्रोक्त कल्याणकारिणी तिथियों में आहार शरीरसत्कार और ब्रह्मचर्य्य का त्याग करता हुआ परिपूर्ण देश चारित्र का पालन करता था । वह श्रमण निग्रन्थों को प्रासुक और एषणीय आहार आदि देता हुआ तथा पौषध और उपवास आदि के द्वारा अपने को पवित्र करता हुआ धर्माचरण करता था ॥ ६९ ॥



तस्स णं लेवस्स गाहावइस्स नालंदाए बाहिरियाए उत्तरपुरच्छिमे दिसिभाए एत्थ णं सेसदविया नाम उदगसाला होत्था, अणेगखंभसयसन्निविट्ठा पासादीया जाव पडिरूवा, तीसे णं सेसदवियाए उदगसालाए उत्तरपुरच्छिमे दिसिभाए, एत्थ णं हत्थिजामे नाम वणसडे होत्था, किण्हे वण्णओ वणसडस्स ॥ (सूत्र० ७०) ॥

छाया—तस्य लेपस्य गाथापते र्नालन्दाया· बाह्यायाः उत्तरपूर्वस्यां दिशि-भागे शेषद्रव्या नामोदकशाला आसीत् । अनेकस्तम्भशतसन्निविष्टा प्रसादिका यावत् प्रतिरूपा । तस्याः शेषद्रव्याया उदकशालायाः उत्तरपूर्वस्यां दिशि हस्तियामनामा वनखण्ड आसीत् । कृष्णो वर्णक. वनखण्डस्य ॥ ७० ॥

अन्वयार्थ—(तस्स लेवस्स गाहावइस्स नालंदाए बाहिरियाए उत्तरपुरच्छिमे दिसिभाए एत्थणं सेसदविया नामं उदगसाला होत्था) उस लेप नामक गाथापति की नालन्दा से बाहर उत्तर पूर्व दिशा में शेष द्रव्या नामक जलशाला थी (अणेगखंभसयसन्निविट्ठा पासादीया जाव पडिरूवा) वह जलशाला अनेक प्रकार के सैकड़ों खम्भों से युक्त थी तथा वह बड़ी मनोहर और चित्त को प्रसन्न करने वाली बड़ी सुन्दर थी (तीसे णं सेसदवियाए उदगसालाए उत्तरपुरच्छिमे दिसिभाए एत्थणं हत्थिजामे नाम वनसडे होत्था) उस जलशाला के उत्तर पूर्व दिशा में हस्तियाम नाम का एक वनखण्ड था (किण्हे वण्णओ वणसडस्स) वह वनखण्ड कृष्ण वर्ण वाला था तथा शेष वर्णन उववाई सूत्र में किये हुए वनखण्ड के वर्णन के समान ही जानना चाहिये ॥ ७० ॥

भावार्थ—स्पष्ट है ॥ ७० ॥



तंसि च ण गिहपदेसंमि भगवं गोयमे विहरइ, भगवं च ण अहे आरामंसि । अहे ण उदए पेढालपुत्ते भगवं पासावच्चिज्जे नियंठे मेयज्जे गोत्तेण जेणेव भगवं गोयमे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छइत्ता भगवं गोयमं एवं वयासी—आउसंतो ! गोयमा अत्थि खलु मे केइ पदेसे पुच्छियव्वे, तं च आउसो ! अहासुयं अहादरिसियं मे वियागरेहि सवायं, भगवं गोयमे उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी अवियाइ आउसो सोच्चा निसम्म जाणिस्सामो

छाया—तस्मिंश्च गृहप्रदेशे भगवान् गोतमो विहरति भगवांश्चाध आरामे । अथ उदकः पेढालपुत्रः भगवत्पार्श्वापत्यीयः निर्ग्रन्थः मेदार्य्यो गोत्रेण यत्र भगवान् गोतमस्तत्रोपागच्छति, उपगम्य भगवन्तं गोतममेवमवादीत्, आयुष्मन् गोतम ! अस्ति खलु मे कोऽपि प्रदेशः प्रष्टव्यः तच्चायुष्मन् यथाश्रुतं यथादर्शनं मे व्यागृणीहि सवादं भगवान् गोतम उदकं पेढालपुत्रमेवमवादीत्, अपिचेदायुष्मन्

अन्वयार्थ—(तंसि च गिहपदेसंमि भगवं गोयमे विहरइ) उस वनखण्ड के गृहप्रदेश में भगवान् गोतम स्वामी विचरते थे (भगवं च णं अहे आरामंसि) भगवान् गोतम स्वामी नीचे बगीचे में विराजमान थे । (अहे ण उदए पेढालपुत्ते भगवं पासावच्चिज्जे नियंठे गोत्तेण मेयज्जे जेणेव भगवं गोयमे तेणेव उवागच्छइ) इसी अवसर में उदक पेढालपुत्र जो भगवान् पार्श्व स्वामी के शिष्य का सन्तान था और मेदार्य्य गोत्र वाला निर्ग्रन्थ था, भगवान् गोतम स्वामी के पास आया । (उवागच्छइत्ता भगवं गोयमं एवं वयासी आउसंतो गोयमा अत्थि खलु मे केइ पदेसे पुच्छियव्वे) आकर उसने भगवान् गोतम स्वामी से ऐसा कहा कि—हे आयुष्मन् गोतम ! मुझे आपसे कोई प्रश्न पूछना है (तं च आउसो अहासुइयं अहादरिसियं मे वियागरेहि) हे आयुष्मन् ! उसे आपने जैसा सुना है और जैसा निश्चय किया है वैसा मेरे से वाद के सहित कहें (भगवं गोयमे उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी) भगवान् गोतम स्वामी ने उदक पेढालपुत्र से इस प्रकार कहा (अवियाइ आउसो सोच्चा निसम्म जाणिस्सामो) हे आयुष्मन् ! आपके प्रश्न को सुन कर और समझ कर यदि मैं जान सका तो उत्तर दूंगा (सवायं उदए पेढालपुत्ते भगवं गोयमं एवं वयासी)

स्सामो सवाय उदये पेढालपुत्ते, भगवं गोयम एव वयासी ॥ (सूत्र० ७१) ॥

छाया—श्रुत्वा निशम्य ज्ञास्याम' सवादमुदकः पेढालपुत्रो भगवन्त गोतममेवमवादीत् ॥ ७१ ॥

अन्वयार्थ—वाद के सहित उदक पेढालपुत्र ने भगवान् गोतम स्वामी से इस प्रकार कहा कि ॥ ७१ ॥

भावार्थ—स्पष्ट है ॥ ७१ ॥



आउसो ! गोयमा अत्थि खलु कुमारपुत्तिया नाम समणा निग्गथा तुम्हाणं पवयणं पवयमाणा गाहावइ समणोवासग उवसंपन्न एव पच्चक्खावेंति—णण्णत्थ अभिओएणं गाहावइचोरग्गहणविमोक्खणयाए तसेहिं पाणेहिं णिहाय

छाया—आयुष्मन् गोतम ! सन्ति कुमारपुत्राः नाम श्रमणाः निग्रन्थाः युष्माक प्रवचन प्रवदन्तः गाथापतिं श्रमणोपासकमुपसन्नमेव प्रत्याख्यायन्ति नान्यत्राभियोगेन गाथापतिचोरग्रहणविमोक्षणेन

अन्वयार्थ—(आउसो गोयमा ! अत्थि कुमारपुत्तिया नाम समणा निग्गथा तुम्हाणं पवयणं पवयमाणा) हे आयुष्मन् गोतम! कुमार पुत्र नामक एक श्रमण निग्रन्थ हैं जो तुम्हारे प्रवचन की प्ररूपणा करते हैं (समणोवासग गाहावइ उवसन्न एवं पच्चक्खावेंति) वे निर्ग्रंथ, उनके निकट नियम ग्रहण के लिये आये हुए श्रमणोपासक गाथापति को इस प्रकार प्रत्याख्यान कराते हैं कि—(अभिओगेणं गाहावइचोरगहणविमोक्खणयाए णणत्थ तसेहिं पाणेहिं णिहाय दंड) राजा आदि के अभियोग को छोड़कर

भावार्थ—उदक पेढालपुत्र गोतम स्वामी से कहता है कि—हे भगवन् ! आपके अनुयायी कुमारपुत्र नामक श्रमण निग्रंथ, श्रावकों को जिस पद्धति से प्रत्याख्यान कराते हैं यह ठीक नहीं है क्योंकि उस पद्धति से प्रतिज्ञा का पालन नहीं हो सकता किन्तु भङ्ग होता है। जैसे कि—उनके पास जब

वडं, एव एह पच्चक्खताण दुप्पच्चक्खायं भवइ, एव एह पच्चक्खावेमाणाण दुपच्चक्खावियव्वं भवइ, एव ते पर पच्चक्खावेमाणा अतियरति सय पतिएण, कस्स ण त हेउ ?, ससारिया खलु पाणा थावरावि पाणा तसत्ताए पच्चायति, तसावि

छाया—त्रसेषु प्राणेषु निधाय दण्डमेवं प्रत्याख्यायतां दुष्प्रत्याख्यान भवति एवं प्रत्याख्यापयतां दुष्प्रत्याख्यापयितव्यं भवति, एवं प्रत्याख्यापयन्तो ऽतिचरन्ति स्वां प्रतिज्ञाम् । कस्य हेतोः ? संसारिणः खलु प्राणाः स्थावरा अपि प्राणा त्रसत्वाय प्रत्यायान्ति त्रसा अपि

अन्वयार्थ—(गाथापतिचोरग्रहणविमोक्षणन्यायसे) त्रस प्राणियों को दण्ड देने का प्रत्याख्यान है। (एवं ण्हं पच्चक्खंताणं दुप्पच्चक्खाणं भवइ) परन्तु जो लोग इस रीति से प्रत्याख्यान स्वीकार करते हैं उनका प्रत्याख्यान दुष्प्रत्याख्यान है (एवं ण्हं पच्चक्खावेमाणाणं दुप्पच्चक्खावियव्वं भवति) तथा इस रीति से जो प्रत्याख्यान कराते हैं वे दुष्प्रत्याख्यान कराते हैं (एवं परं पच्चक्खावेमाणा ते सयं पतिण्णं अतियरंति) क्योंकि इस प्रकार से दूसरे को प्रत्याख्यान कराने वाले पुरुष अपनी प्रतिज्ञा का उल्लंघन करते हैं (कस्सणं हेउ ?) कारण क्या है ? (संसारिया खलु पाणा) कारण यह है कि प्राणी परिवर्तनशील हैं (थावरावि पाणा तसत्ताए पच्चायंति) इसलिये

भावार्थ—कोई अल्पज्ञ गृहस्थ प्रत्याख्यान करने की इच्छा प्रकट करता है तब वे इस प्रकार प्रत्याख्यान उसे कराते हैं कि—"राजा आदि के अभियोग को छोड़कर (गाथापतिचोरग्रहणविमोक्षणन्याय से) त्रस प्राणी को दण्ड देने का त्याग है" परन्तु इस रीति से प्रत्याख्यान कराने पर प्रतिज्ञा नहीं पाली जा सकती है क्योंकि—प्राणी परिवर्तनशील हैं वे सदा एक शरीर में ही नहीं रहते किन्तु भिन्न भिन्न कर्मों के उदय से भिन्न भिन्न योनियों में जन्म ग्रहण करते हैं अतएव कभी तो त्रस प्राणी त्रस शरीर को त्याग कर स्थावर शरीर में आ जाते हैं और कभी स्थावर प्राणी स्थावर शरीर को त्याग कर त्रस शरीर में आ जाते हैं ऐसी दशा में जिसने यह प्रतिज्ञा की है कि "मैं त्रस प्राणी का घात न करूंगा" वह पुरुष स्थावर शरीर में गये हुए उस त्रस प्राणी को ही अपने घात के योग्य मानता है और आवश्यकतानुसार उसका घात भी कर डालता है फिर उसकी त्रस प्राणी को दण्ड न देने की प्रतिज्ञा कैसे अभग रह

पाणा थावरत्ताए पच्चायंति, थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा तसकायंसि उववज्जंति, तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा थावरकायंसि उववज्जंति, तेसिं च णं थावरकायंसि उववण्णाणं ठाणमेयं घत्तं ॥ (सूत्र० ७२) ॥

छाया—प्राणाः स्थावरत्वाय प्रत्यायान्ति स्थावरकायाद् विप्रमुच्यमानाः त्रसकाये पूत्पद्यन्ते त्रसकायाद् विप्रमुच्यमाना. स्थावरकायेपु उत्पद्यन्ते तेषाञ्च स्थावरकायेपूत्पन्नानां स्थानमेतद् घात्यम् ॥७२॥

अन्वयार्थ—स्थावर प्राणी भी त्रस रूप में कभी आ जाते हैं ('तसावि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति) और त्रस प्राणी भी स्थावर के रूप में उत्पन्न होते हैं (थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा तसकायंसि उववज्जंति तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा थावरकायंसि उववज्जंति) वे स्थावरकाय को छोड़कर त्रसकाय में उत्पन्न होते हैं और त्रसकाय को छोड़ कर स्थावरकाय में उत्पन्न होते हैं (तेसिं थावरकायंसि उववण्णाणं ठाणं घत्तं ठाणं) वे त्रस प्राणी जब स्थावरकाय में उत्पन्न होते हैं तब वे उन त्रसकाय को दण्ड न देने की प्रतिज्ञा किए हुए पुरुषों के द्वारा घात करने के योग्य होते हैं ॥७२॥

भावार्थ—सकती है। जैसे किसी पुरुष ने प्रतिज्ञा की है कि "मैं नागरिक पुरुष या पशु को नहीं मारूंगा" वह पुरुष यदि नगर से बाहर गये हुए उस नागरिक पुरुष का घात करे तो वह अपनी प्रतिज्ञा को अवश्य नष्ट करता है इसी तरह जो पुरुष त्रस शरीर को छोड़ कर स्थावर काय में में आये हुए त्रस प्राणी को मारता है वह त्रस प्राणी को न मारने की प्रतिज्ञा का उल्लंघन करता है। जो त्रस प्राणी स्थावर काय में आते हैं उनमें कोई ऐसा चिन्ह नहीं होता जिससे उनकी पहिचान हो सके ऐसी दशा में जिसको दण्ड न देने की प्रतिज्ञा की गई थी उसी को दण्ड दिया जाता है इसलिये त्रस प्राणी को न मारने का जो प्रत्याख्यान करना है वह दुष्प्रत्याख्यान करना है और उक्त रीति से प्रत्याख्यान कराना भी दुष्प्रत्याख्यान कराना है ॥ ७२ ॥

एव एहं पच्चक्खताण सुपच्चक्खाय भवइ, एव एह पच्चक्खावेमाणाण सुपच्चक्खाविय भवइ, एव ते पर पच्चक्खावेमाणा णातियरंति सय पइण्ण, णण्णत्थ अभिओगेण गाहावइचोरग्गह-

छाया—एष खलु प्रत्याख्यायतां सुप्रत्याख्यातं भवति एष खलु प्रत्याख्यापयतां सुप्रत्याख्यापितं भवति, एवं ते परं प्रत्याख्यापयन्त नातिचरन्ति स्वीयां प्रतिज्ञां नान्यत्राभियोगेन गाथापतिचोरग्रहण

अन्वयार्थ—(एवं एहं पच्चक्खंताणं सुपच्चक्खाय भवइ) परन्तु जो लोग इस प्रकार प्रत्याख्यान करते हैं उनका प्रत्याख्यान सुप्रत्याख्यान होता है (एवं एहं पच्चक्खावेमाणाणं सुपच्चक्खावियं भवइ) तथा इस प्रकार जो प्रत्याख्यान कराते हैं उनका प्रत्याख्यान कराना सुप्रत्याख्यान कराना होता है। (एव ते परं पच्चक्खावेमाणा णातियरंति सयं पइण्णं) और इस प्रकार जो दूसरे को प्रत्याख्यान कराते हैं वे अपनी प्रतिज्ञा का उल्लंघन नहीं करते है। (णण्णत्थ अभिओगेणं गाहावइचोरग्गहणविमोक्खणयाए तससूपाणेहिं णिहाय दण्डं) यह प्रत्याख्यान का प्रकार यह है—राजा के अभियोग को छोड़ कर तथा गाथापति चोर के ग्रहण किये जाने पर उसके मोचन के समान वर्तमान काल में त्रस रूप से परिणत प्राणी को दण्ड देने का त्याग है। गाथापतिचोरग्रहणविमोचन न्याय का आशय यह है—किसी राजा ने अपने नगर में यह आज्ञा दी कि "आज रात्रि के समय नगर से बाहर कौमुदी महोत्सव मनाया जावेगा इसलिए समस्त नगरवासी नगर को छोड़ कर सायंकाल में नगर से बाहर आ जावें। जो इस आज्ञा को न मान कर आज की रात्रि में इस नगर में ही रह जायगा उसको वध का दण्ड दिया जायगा।" इस आज्ञा को सुन कर सभी नगर वासी सूर्यास्त के पूर्व ही नगर के बाहर चले गये परन्तु एक वैश्य के पांच

भावार्थ—उदक पेढालपुत्र गौतम स्वामी से कहता है कि जो लोग त्रस प्राणी को मारने का त्याग करते हैं और जो कराते हैं उन दोनों की त्याग-पद्धति अच्छी नहीं है यह पूर्व पाठ में बता दिया गया है अतः मैं जो प्रत्याख्यान की पद्धति बताता हूँ उसके अनुसार प्रत्याख्यान करना निर्दोष है। वह पद्धति यह है—त्रसपद के आगे 'भूत' पद को जोड़ कर प्रत्याख्यान करने से अर्थात् मुझको त्रसभूत प्राणी को मारने का त्याग है ऐसे शब्द प्रयोग के साथ त्याग करने से त्याग का आशय यह होता है कि—जो प्राणी वर्तमान काल में त्रसरूप से उत्पन्न हैं उनको दण्ड देने का त्याग है परन्तु जो वर्तमान काल में त्रस नहीं हैं किन्तु आगे आकर

णविमोक्खणयाए तसभूएहिं पाणेहिं णिहाय दंड, एवमेव सइ भासाए परक्कमे विज्जमाणे जे ते कोहा वा लोहा वा पर पच्चक्खा-

छाया—विमोचनतः त्रसभूतेषु प्राणेषु निधाय दण्डम् एवमेव सति भाषायाः पराक्रमे विद्यमाने ये ते क्रोधाद्वा लोभाद् वा पर मत्याख्या-

अन्वयार्थ—पुत्र अपने कार्य्य की धुन में नगर से बाहर जाना भूल गये। सूर्य्यास्त हो जाने पर नगर के सभी फाटक बाहर से बन्द कर दिये गये इस कारण पीछे याद आने पर भी वे सहर से बाहर न आ सके। प्रभात काल में राजपुरुषों द्वारा वे पकड़े गये और राजा ने उन्हें बध करने की आज्ञा दी इस भयङ्कर समाचार को सुन कर उनके पिता के मन में बड़ा ही शोक हुआ और वह वृद्ध वैश्य राजा से अपने पुत्रों को मुक्त करने के लिये बहुत कुछ अनुनय विनय करने लगा परन्तु राजा ने उसकी एक न सुनी। तब उस वैश्य ने कहा कि हे राजन्! यदि आप मेरे पांच ही पुत्रों को नहीं छोड़ना चाहते हैं तो चार को ही छोड़ दीजिये उस पर भी राजा राजी नहीं हुआ तब उसने तीन को छोड़ने की और इसके पश्चात् दो को छोड़ने की प्रार्थना की परन्तु राजा जब दो को भी छोड़ने पर राजी नहीं हुआ तब उसने एक पुत्र को छोड़ने की प्रार्थना की। दैव वश राजा ने उसकी यह प्रार्थना सुनी और उसके एक पुत्र को उसके कुल की रक्षा के लिये छोड़ दिया। यही इस न्याय का स्वरूप है परन्तु यहां बात यह बताना है कि जैसे वह वृद्ध वैश्य अपने पांचों ही पुत्रों को राजदण्ड से मुक्त कराना चाहता था परन्तु जब उसका वह मनोरथ पूरा न हो सका तब उसने एक को ही छुड़ा कर अपना सन्तोष किया इसी तरह साधु सभी प्राणियों के दण्ड का त्याग कराना चाहता है उसकी यह इच्छा नहीं है कि

भावार्थ—त्रसरूप में उत्पन्न होने वाले हैं अथवा जो भूतकाल में त्रस थे उनको मारने का त्याग नहीं है ऐसी दशा में स्थावर पर्य्याय में आये हुए प्राणी को दण्ड देने पर भी प्रतिज्ञा भंग नहीं हो सकती है। अतः आप लोग प्रत्याख्यान वाक्य में केवल त्रस पद का प्रयोग न करके यदि भूत पद के साथ उसका प्रयोग करें-अर्थात् त्रसभूत प्राणी को मारने का त्याग है ऐसा वाक्य कहें तो प्रतिज्ञा भङ्ग का दोष नहीं आ सकता है। जैसे कोई पुरुष घृत के भक्षण का त्याग लेकर यदि दधि का भक्षण करता है तो उसका व्रत नष्ट नहीं होता है क्योंकि दधि में घृत होने पर भी वर्तमान में वह घृत नहीं है इसी तरह त्रस पद के उत्तर भूत पद जोड़ देने से भाषा में ऐसी शक्ति आ जाती है जिससे स्थावर प्राणी के

वेति अयपि णो उवएसे णो णेआउए भवइ, अवियाइ आउसो! गोयमा! तुब्भपि एव रोयइ ?॥ (सूत्र० ७२)॥

छाया—पयन्ति (तेषां मृषावादो भवति) अयमपि न उपदेशो नैयायिको भवति ? अपि चायुष्मन् गोतम तुभ्यमपि एवं रोचते ॥७२॥

अन्वयार्थ—कोई भी मनुष्य किसी भी प्राणी का घात करें परन्तु जब वह पुरुष सब प्राणियों का घात करना नहीं छोड़ना चाहता है तब साधु उसे जितना बन सके उतना ही त्याग करने का अनुरोध करता है इसलिए त्रस प्राणी को मारने का त्याग कराने वाला साधु स्थावर प्राणी के घात का समर्थक नहीं होता है यह बात दिखाने के लिए यहां गाथापति चोर का दृष्टान्त दिया गया है। (एवमेव सइ भासाए पर कमे से ते कोहा वा लोहा वापर पचक्खावेंति) इस प्रकार त्रस पद के बाद भूत पद रख देने से भाषा में जब कि ऐसी शक्ति आ जाती है कि उस मनुष्य का प्रत्याख्यान भङ्ग नहीं होता तब जो लोग क्रोध या लोभ के वश होकर दूसरे को त्रस के आगे भूत पद को न जोड़ कर प्रत्याख्यान कराते हैं वे अपनी प्रतिज्ञा को भंग करते हैं यह मेरा विचार है। (अयमवि णो उवदेसे णो णेयाउए भवइ) हे गौतम! क्या हमारा यह उपदेश न्याय सङ्गत नहीं है ? (अवियाइ आउसो गोयमा तुब्भंवि एवं रोयइ ?) तथा हे आयुष्मन् गोतम! यह हमारा कथन क्या आपको भी अच्छा लगता है ? ॥७२॥

भावार्थ—पर्य्याय में आये हुवे प्राणी के घात से व्रतभंग नहीं होता है। अत उक्त भाषा में दोष निवारण की शक्ति होते हुए भी जो लोग क्रोध या लोभ के वशीभूत हो कर प्रत्याख्यान के वाक्य में त्रस पद के उत्तर भूत पद का प्रयोग न कर के प्रत्याख्यान कराते हैं वे दोष का सेवन करते हैं। हे गोतम! क्या प्रत्याख्यान वाक्य में त्रस पद के उत्तर भूत पद को लगाना न्याय संगत नहीं है ? क्या यह पद्धति आपको भी पसन्द है ? मेरी तो धारणा यह है कि इस प्रकार प्रत्याख्यान करने से स्थावर रूप से उत्पन्न त्रसों के घात होने पर भी प्रतिज्ञा भंग नहीं होती है अन्यथा प्रतिज्ञा भग होने में कोई सन्देह नहीं है ॥ ७२ ॥

सवायं भगवं गोयमे ! उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी—आउसंतो ! उदगा नो खलु अम्हे एयं रोयइ, जे ते समणा वा माहणा वा एवमाइक्खंति जाव परूवेंति णो खलु ते समणा वा णिग्गंथा वा भासं भासंति, अणुतावियं खलु ते भासं भासंति,

छाया—सवाद भगवान् गौतमः उदकं पेढालपुत्रमेवमवादीत् । आयुष्मन् श्रमण ! न खलु अस्मभ्यम् एवं रोचते । ये ते श्रमणा माहना वा एवमाख्यान्ति यावत् प्ररूपयन्ति नो खलु ते श्रमणा वा माहना वा भाषां भाषन्ते तेऽनुतापिनीं भाषां भाषन्ते । अभ्याख्यान्ति ते

अन्वयार्थ—(भगवं गोयमे सवाय उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी) भगवान् गौतम स्वामी ने उदक पेढाल पुत्र से वाद के सहित इस प्रकार कहा कि—(आउसंतो उदगा ! णो खलु अम्हे एवं रोयइ) हे आयुष्मन् उदक इस प्रकार प्रत्याख्यान कराना हमें अच्छा नहीं लगता है । (जे ते समणा वा माहणा वा एवमाइक्खंति जाव परूवेंति ते समणा वा णिग्गंथा वा णो खलु भासं भासंति) जो श्रमण या माहन तुम्हारे कहे अनुसार प्ररूपणा करते हैं वे श्रमण और निग्रन्थ यथार्थ भाषा का भाषण करने

भावार्थ—उदक पेढाल पुत्र के द्वारा पूर्वोक्त प्रकार से पूछे हुए श्री गौतम स्वामी ने वाद के सहित उससे कहा कि—हे उदक ! तुम जो प्रत्याख्यान की रीति बतला रहे हो वह मुझको पसंद नहीं है । तुम प्रत्याख्यान के वाक्य में त्रस पद के पश्चात् भूत पद का प्रयोग निरर्थक करते हो क्योंकि जिसको त्रस कहते हैं उसी को त्रसभूत भी कहते हैं इसलिये त्रस पद से जो अर्थ प्रतीत होता है वही अर्थ भूत शब्द के प्रयोग से भी प्रतीत होता है फिर भूत शब्द के जोड़ने का क्या प्रयोजन है ? । भूत शब्द के प्रयोग करने से तो उल्टे अनर्थ भी सम्भव है क्योंकि भूत शब्द उपमा अर्थ में भी आता है, जैसे कि—"देवलोकभूतं नगरमिदम्" अर्थात् यह नगर देवलोक के तुल्य है । इस प्रकार भूत शब्द का अर्थ उपमा होने से त्रसभूत पद का त्रस के सदृश अर्थ भी हो सकता है और ऐसा अर्थ होने पर त्रस के सदृश प्राणी के वध का त्याग रूप अर्थ प्रतीत होगा त्रस प्राणी का त्याग नहीं परन्तु यह इष्ट नहीं है. अतः त्रस पद के उत्तर भूत शब्द का प्रयोग करके जो अर्थ इष्ट नहीं उसके होने का सशय उत्पन्न करना ठीक नहीं है । यदि भूत शब्द का उपमा अर्थ

अब्भाइक्खति खलु ते समणे समणोवासए वा, जेहिंवि अन्नेहिं जीवेहिं पाणेहिं भूएहिं सत्तेहिं संजमयंति ताणवि ते अब्भाइक्खति, कस्स णं तं हेउं ?, संसारिया खलु पाणा, तसावि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति थावरावि पाणा तसत्ताए पच्चायंति

छाया—श्रमणान् वा श्रमणोपासकान् वा । येष्वपि अन्येषु जीवेषु प्राणेषु भूतेषु सत्त्वेषु संयमयन्ति तानपि ते अभ्याख्यान्ति । कस्य हेतोः ? सांसारिकाः खलु प्राणिनः त्रसा अपि प्राणाः स्थावरत्वाय प्रत्या-

अन्वयार्थ—वाले नहीं हैं । (ते अणुतावियं भासं भासंति) वे ताप को उत्पन्न करने वाली भाषा का भाषण करते हैं । (ते समणे समणोवासए वा अब्भाइक्खंति) वे लोग श्रमण और श्रमणोपासकों को व्यर्थ कलङ्क देते हैं । (जेहिंवि अन्नेहिं जीवेहिं पाणेहिं भूएहिं सत्तेहिं संजमयंति ते ताणवि अब्भाइक्खंति) तथा जो लोग प्राणी, भूत, जीव और सत्त्वों के विषय में संयम ग्रहण करते हैं उन पर भी वे कलङ्क लगाते हैं । (कस्सणं हेउं ?) कारण क्या है ? (संसारिया खलु पाणा) सब प्राणी परिवर्तनशील है (तसावि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति थावरावि पाणा तसत्ताए पच्चा

भावार्थ—न किया जाय तो उसके प्रयोग का यहां कोई फल नहीं है क्योंकि—उस दशा में भूत शब्द उसी अर्थ का बोधक होगा जिसका त्रस पद बोधक है जैसे कि— "शीतीभूतमुदकम्" इस वाक्य में शीत पद के उत्तर आया हुआ भूत शब्द शीत शब्द के अर्थ को ही बताता है उससे भिन्न अर्थ को नहीं । यदि वर्तमान अर्थ में भूत शब्द का प्रयोग यहां माना जाय तो भी कुछ फल नहीं है क्योंकि जो जीव वर्तमान काल में त्रस के शरीर में आया है वह सदा इसी शरीर में रह नहीं सकता है किन्तु वह स्थावरनाम कर्म के उदय से स्थावरकाय में भी जायगा और वह स्थावरकाय में जाकर उस प्रत्याख्यानी पुरुष के द्वारा घात करने योग्य होगा फिर उसकी प्रतिज्ञा किस प्रकार अभङ्ग रह सकेगी ? । एवं जिसने किसी खास जाति या किसी खास व्यक्ति को न मारने की प्रतिज्ञा की है जैसे कि—"मैं ब्राह्मण को न मारूंगा, मैं शूकर को न मारूंगा" । वह व्यक्ति यदि ब्राह्मण शरीर और शूकर शरीर को त्याग कर अन्य जाति के शरीर में आये हुए उन प्राणियों का घात करता है तो तुम्हारे सिद्धांत

तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा थावरकायंसि उववज्जंति थावर-कायाओ विप्पमुच्चमाणा तसकायंसि उववज्जंति, तेसिं च णं तसकायंसि उववन्नाणं ठाणमेयं अघत्तं ॥ (सूत्र० ७४)॥

छाया—यान्ति स्थावरा अपि त्रसत्वाय प्रत्यायान्ति त्रसकायतो विप्रमुच्य-मानाः स्थावर कायेषूत्पद्यन्ते स्थावरकायतो विप्रमुच्यमानाः त्रस-कायेषूत्पद्यन्ते तेषाञ्च त्रसकायेषूत्पन्नानां स्थानमेतदघात्यम् ॥७४॥

अन्वयार्थ—यंति) त्रस प्राणी भी स्थावरपन को प्राप्त करते हैं और स्थावर प्राणी भी त्रस भाव को प्राप्त करते हैं। (तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा थावरकायंसि उववज्जंति थावर कायाओ विप्पमुच्चमाणा तसकायंसि उववज्जंति) वे त्रसकाय को त्याग कर स्थावर काय में उत्पन्न होते हैं। और स्थावर काय को त्याग कर त्रस काय में उत्पन्न होते हैं (तेसिंचणं तसकायंसि उववण्णाण ठाणमेयं अघत्तं) जब वे त्रसकाय में उत्पन्न होते हैं तब वे प्रत्याख्यानी पुरुषों के द्वारा हनन करने योग्य नहीं होते ॥७४॥

भावार्थ—के अनुसार उसकी प्रतिज्ञा का भंग क्यों नहीं माना जावेगा ? अतः जो लोग त्रस पद के उत्तर भूत शब्द का प्रयोग करके प्रत्याख्यान कराते हैं वे निरर्थक भूत शब्द का प्रयोग करके पुनरुक्ति दोष का सेवन करते हैं तथा उनसे जब कोई यह बात समझाता है तब वे उसके ऊपर नाराज होते हैं और उनके हृदय में ताप उत्पन्न होता है इसलिये वे निरर्थक और अनुतापिनी भाषा बोलने वाले हैं जो श्रमण निर्ग्रंथों के बोलने योग्य नहीं है। तथा जो श्रमण निर्ग्रन्थ प्रत्याख्यान वाक्य में भूत शब्द का प्रयोग नहीं करते हैं उनके ऊपर वे व्यर्थ दोषारोपण का प्रयत्न करते हैं और इस प्रकार प्रत्याख्यान ग्रहण करने वाले श्रावकों के ऊपर भी वे मिथ्या कलंक चढ़ाते हैं अतः वे लोग वस्तुतः साधु कहलाने योग्य नहीं हैं ॥ ७४ ॥



सवाय उदए पेढालपुत्ते भगव गोयम एव वयासी–कयरे खलु ते आउसतो गोयमा ! तुब्भे वयह तसा पाणा तसा आउ अन्नहा ?, सवाय भगव गोयमे उदय पेढालपुत्त एव वयासी–आउसतो उदगा ! जे तुब्भे वयह तसभूता पाणा तसा ते वय

छाया—सवादमुदकः पेढालपुत्रो भगवन्त गोतममेवमवादीत् । कतरे खलु ते (यान्) आयुष्मन्, गोतम यूय वदथ त्रसाः प्राणा त्रसा उतान्यथा ? सवाद भगवान् गोतम उदक पेढालपुत्रमेवमवादीत्, आयुष्मन्, उदक ! यान् यूय वदथ त्रसभूताः प्राणास्त्रसा स्तान् वयं वदामस्त्रसाः प्राणा इति । यान् वयं वदामस्त्रसा प्राणा इति तान् यूयं वदथ त्रसभूता प्राणा इति । एते द्वे स्थाने

अन्वयार्थ—(उदए पेढालपुत्ते सवायं भगवं गोयमं एवं वयासी) उदक पेढाल पुत्र ने वाद के साथ भगवान् गोतम स्वामी से इस प्रकार कहा कि–(आउसंतो गोयमा कयरे खलु ते तुब्भे तसा पाणा तसा वयह आउ अन्नहा ?) हे आयुष्मन् गोतम ! वे प्राणी कौन हैं ? जिन्हें तुम त्रस कहते हो ! तुम त्रस प्राणी को ही त्रस कहते हो या किसी दूसरे को ? (भगवं गोयमे सवायं उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी) भगवान् गोतम ने वाद के सहित उदक पेढाल पुत्र से कहा कि (आउसंतो उदगा ! जे तुब्भे वयह तसभूता पाणा तसा ते वयं वयामो तसा पाणा) हे आयुष्मन् उदक ! जिन प्राणियों को तुम लोग त्रसभूत त्रस कहते हो उन्हीं को हम त्रस प्राणी कहते हैं । (जे वयं वयामो तसा पाणा ते तुब्भे वयह तसभूता पाणा) और हम जिन्हें त्रस प्राणी कहते हैं उन्हीं को तुम त्रसभूत कहते हो (एए दुवे ठाणे तुल्ला एगट्ठा)

भावार्थ—उदक पेढाल पुत्र ने भगवान् गोतम स्वामी से पूछा कि—हे भगवन् गोतम ! आप किन प्राणियों को त्रस कहते हैं ? भगवान् गोतम ने वाद के सहित उदक से कहा कि जिन्हें तुम त्रसभूत कहते हो उन्हीं को हम त्रस कहते हैं । इन दोनों शब्दों के अर्थ में कोई भेद नहीं है ये दोनों शब्द एकार्थक हैं । जो प्राणी वर्तमान काल में त्रस हैं उन्हीं का वाचक जैसे त्रसभूत पद है उसी तरह त्रस पद भी है तथा जो प्राणी भूत काल में त्रस थे और जो भविष्य में त्रस होने वाले हैं उनका वाचक जैसे त्रसभूत पद नहीं है उसी तरह त्रस पद भी नहीं है ऐसी दशा में तुम लोग त्रसभूत शब्द का प्रयोग करना ठीक समझते हो

वयामो तसा पाणा, जे वयं वयामो तसा पाणा ते तुब्भे वयह तसभूया पाणा, एए संति दुवे ठाणा तुल्ला एगट्ठा, किमाउसो! इमे मे सुप्पणीयतराए भवइ तसभूया पाणा तसा, इमे मे दुप्पणीयतराए भवइ—तसा पाणा तसा, ततो एगमाउसो ! पडिक्कोसह एक्कं अभिणंदह, अयंपि भेदो से णो णेआउए भवइ ॥

छाया—तुल्ये एकार्थे । किमायुष्मन् अयं युष्माकं सुप्रणीततरो भवति त्रसभूताः प्राणाः त्रसाः अयं युष्माकं दुष्प्रणीततरो भवति त्रसाः प्राणाः त्रसास्तत एकमाक्रोशथैकमभिनन्दथ अयमप्यायुष्मन् भेदः नैयायिको भवति ? भगवांश्च पुनराह—विद्यन्ते केचन

अन्वयार्थ—ये दोनों ही शब्द समान हैं और एकार्थक हैं। (किमाउसो ! इमे मे तसभूता पाणा तसा सुप्पणीयतराए भवति तसा पाणा तसा इमे मे दुप्पणीयतराए भवति) ऐसी दशा में क्या कारण है कि त्रसभूत त्रस कहना आप शुद्ध समझते हैं और त्रस प्राणी कहना आप अशुद्ध मानते हैं ? (ततो आउसो एक्कं पडिक्कोसह एक्कं अभिणंदह) और क्यों आप एक की निन्दा और दूसरे की प्रशंसा करते हैं ? (अयमवि भेदो से णो णेयाउए भवइ) अतः आपका यह पूर्वोक्त भेद न्याय

भावार्थ—और त्रस का प्रयोग करना ठीक नहीं समझते इसका क्या कारण है ? तथा ये दोनों ही शब्द जब कि समान अर्थ के बोधक हैं तब क्या कारण है तुम एक की प्रशंसा और दूसरे की निन्दा करते हो ? अतः तुम्हारा यह भेद न्याय सङ्गत नहीं है ।

यह कह कर भगवान् गोतम स्वामी ने कहा कि—हे उदक ! साधु समस्त प्राणियों की हिंसा से स्वयं निवृत्त होकर यही चाहता है कि कोई भी मनुष्य किसी भी प्राणी का घात न करे परन्तु उसके निकट कितने ऐसे लोग भी आते हैं जो समस्त प्राणियों के घात को छोड़ना नहीं चाहते हैं वे कहते हैं कि हे साधो ! मैं समस्त प्राणियों की हिंसा को त्याग कर साधुपन पालन करने के लिये अभी समर्थ नहीं हूँ किन्तु क्रमशः प्राणियों की हिंसा का त्याग करना चाहता हूँ इसलिये गृहस्थ अवस्था में रहते हुए जितना त्याग मेरे से हो सकता है उतना ही त्याग करना चाहता हूँ । यह सुनकर साधु विचार करता है कि यह

भगव च ण उदाहु—सतेगइआ मणुस्सा भवंति, तेसिं च ण एव वुत्तपुव्व भवइ—णो खलु वय संचाएमो मुंडा भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए, सावयं एहं अणुपुव्वेण गुत्तस्स लिसिस्सामो, ते एव संखवेंति ते एव संखं ठवयंति ते एव संखं ठवयंति नन्नत्थ अभिओएणं गाहावइचोरग्गहणविमोक्खणयाए

छाया—मनुष्यास्तैभेदमुक्तपूर्वं भवति—न खलु वयं शक्नुमो मुण्डा भूत्वा अगारादनगारिकतां प्रतिपत्तुं तद् वयं आनुपूर्व्या गोत्र मुपश्लेषयिष्याम । एवं ते संख्यापयन्ति एवं ते संख्यां स्थापयन्ति

अन्वयार्थ—संयत नहीं हो सकता है। (भगवंचणं उदाहु) फिर भगवान गौतम स्वामी ने उदक पेढाल पुत्र से कहा कि—(संतेगतिया मणुस्सा भवंति तेसिं च णं एवं वुत्त पुव्वं भवइ (हे उदक ! इस जगत में ऐसे भी मनुष्य होते हैं जो साधु के निकट आकर उनसे यह कहते हैं कि—(वयं मुंडा भवित्ता आगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए णो खलु संचाएमो) हम मुण्ड होने में अर्थात् समस्त प्राणियों को न मारने की प्रतिज्ञा करके घर बार छोड़ कर साधु दीक्षा ग्रहण में अभी समर्थ नहीं हैं (सावयं वयं आणुपुव्वेण गुत्तस्स लिस्सामो) किन्तु हम क्रमशः साधुपन को स्वीकार करेंगे अर्थात् पहले स्थूल प्राणियों की हिंसा को छोड़ेंगे उसके पश्चात् सर्व सावद्य का त्याग करेंगे (ते एवं संठवेंति ते एवं संखं ठवयंति) वे अपने मन में ऐसा ही निश्चय करते हैं और ऐसा ही विचार करते हैं। (नन्नत्थ अभिओगेण गाहावइचोरग्गहणविमोक्खणयाए तसेहिं पाणेहिं दण्डं निहाय) इसके पश्चात् वे


भावार्थ—सभी प्राणियों की हिंसा से निवृत्त होना यदि नहीं चाहता है तो जितने से निवृत्त हो सकता ही सही इसलिये वह उसको त्रस प्राणियों के न मारने की प्रतिज्ञा कराता है और इस प्रकार त्रस प्राणियों के घात से निवृत्ति की प्रतिज्ञा करना भी उस पुरुष के लिये अच्छा ही होता है क्योंकि जहाँ सब का घात वह करता था वहाँ कुछ तो छोड़ता ही है। इस प्रकार उस पुरुष को त्याग कराने वाले साधु को शेष प्राणियों के मारने का अनुमोदन नहीं होता है क्योंकि—वह तो सभी के घात का त्याग कराना चाहता है परन्तु जब वह पुरुष ऐसा करने के लिये

तसेहिं पाणेहिं निहाय दंडं, तंपि तेसिं कुसलमेव भवइ ॥ (सू० ७५) ॥

छाया—नान्यत्राभियोगेन गाथापतिचोरग्रहणविमोक्षणतया त्रसेषु प्राणेषु निधाय दण्डं तदपि तेषां कुशलमेव भवति ॥७५ ॥

अन्वयार्थ—राजा आदि के अभियोग आदि कारणों को खुला रख कर त्रस प्राणी के घात न करने की प्रतिज्ञा करते हैं और साधुजन यह जान कर कि सब सावद्यों को नहीं छोड़ता है तो जितना छोड़े उतना ही अच्छा है उसे त्रस प्राणियों का घात न करने की प्रतिज्ञा कराते हैं (तंपि तेसिं कुसलमेव भवइ) इतना त्याग भी उसके लिये अच्छा ही होता है ॥ ७५ ॥

भावार्थ—तैयार नहीं है तो जितने को वह छोड़े उतने तो बचेंगे यह आशय साधु का होता है अतः उसको शेष प्राणियों के घात का अनुमोदन नहीं लगता है ॥७५॥



तसावि वुच्चति तसा तसस भारकडेण कम्मुणा णाम च णं अब्भुवगयं भवइ, तसाउयं च णं पलिक्खीणं भवइ, तसका-

छाया—त्रसा अप्युच्यन्ते त्रसास्त्रससम्भारकृतेन कर्मणा नाम चाभ्युपगतं भवति । त्रसायुष्कञ्च परिक्षीणं भवति त्रसकायस्थितिश्च ते तदा-

अन्वयार्थ—(तसावि तससम्भारकडेण कम्मुणा तसा वुच्चंति) त्रस जीव भी त्रस नाम कर्म के फल का अनुभव करने के कारण त्रस कहे जाते हैं (णाम च णं अब्भुवगयं भवइ) और वे उक्त कर्म का फल भोग करने के कारण ही त्रस नाम को धारण करते हैं (तसा

भावार्थ—उदक पेढाल पुत्र ने भगवान् गौतम स्वामी से यह प्रश्न किया था कि—जो श्रावक त्रस प्राणी के घात का त्याग करके भी स्थावर काय में उत्पन्न हुए उसी प्राणी को मारता है उसका व्रतभङ्ग क्यों नहीं हो सकता है ? जो मनुष्य नागरिक को न मारने की प्रतिज्ञा करके नगर से बाहर गये हुए उस नागरिक पुरुष की हत्या करता है तो उसकी प्रतिज्ञा जैसे भङ्ग हो जाती है उसी तरह त्रस काय को न मारने की प्रतिज्ञा किया हुआ

यट्ठिइया ते तओ आउय विप्पजहंति, ते तओ आउय विप्प-
जहित्ता थावरत्ताए पच्चायंति। थावरावि वुच्चंति थावरा थावर-
संभारकडेण कम्मुणा णामं च णं अब्भुवगयं भवइ, थावराउयं
च णं पलिक्खीणं भवइ, थावरकायट्ठिइया ते तओ आउयं

छाया—युष्कं विप्रजहति। ते तदायुष्कं विप्रहाय स्थावरत्वाय प्रत्यायान्ति
स्थावरा अप्युच्यन्ते स्थावराः स्थावरसम्भारकृतेन कर्मणा नाम
चाभ्युपगतं भवति स्थावरायुष्कञ्च परिक्षीणं भवति स्थावरकाय
स्थितिकाः ते तदायुष्कं विप्रजहति, तदायुष्कं विप्रहाय भूयः पार-

अन्वयार्थ—उयं च णं पलिक्खीणं भवति तसकायट्ठिइया ते तओ आउयं विप्पजहंति) जब उनकी त्रस की आयु क्षीण हो जाती है और त्रसकाय में उनकी स्थिति का हेतुरूप कर्म भी क्षीण हो जाता है। तब वे उस आयु को छोड़ देते हैं। (ते तओ आउयं विप्पजहित्ता थावरत्ताए पच्चायंति) और उसे छोड़ कर वे स्थावर भाव को प्राप्त करते हैं (थावरावि थावरसंभारकडेण कम्मुणा थावरत्ताए पच्चायंति) स्थावर प्राणी भी स्थावर नाम कर्म के फल का अनुभव करते हुए स्थावर कहलाते हैं (णामं च णं अब्भुवगयं भवइ) और इसी कारण वे स्थावर नाम को भी धारण करते हैं। (थावराउयं च णं पलिक्खीणं भवति थावरकायट्ठिइया ते तओ आउयं विप्पजहंति)


भावार्थ—श्रावक यदि स्थावर काय में गये हुए उस त्रस प्राणी का घात करता है तो उसकी प्रतिज्ञा भङ्ग हो जाती है यह क्यों न माना जावे ? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए भगवान् गौतम स्वामी कहते हैं कि—हे उदक ! जीव गण अपने कर्मों का फल भोगने के लिये जब त्रस पर्य्याय में आते हैं तब उनकी त्रस संज्ञा होती है और वे जब अपने कर्मों का फल भोगने के लिये स्थावर पर्य्याय में आते हैं तब उनकी स्थावर संज्ञा होती है इस प्रकार जीव कभी त्रस पर्य्याय को त्याग कर स्थावर पर्य्याय को प्राप्त करते हैं और कभी स्थावर पर्य्याय को त्याग कर त्रस पर्य्याय को प्राप्त करते हैं अतः जो श्रावक त्रस प्राणी को मारने का त्याग करता है वह त्रस पर्य्याय में आये हुए जीव को ही मारने का त्याग करता है परन्तु स्थावर पर्य्याय के घात का त्याग नहीं करता है इसलिये स्थावर पर्य्याय के घात से उसके व्रत का भङ्ग किस तरह हो सकता है ? क्योंकि स्थावर पर्य्याय के घात का

तसेहिं पाणेहिं निहाय दंडं, तंपि तेसिं कुसलमेव भवइ ॥ (सू० ७५) ॥

छाया—नान्यत्राभियोगेन गाथापतिचोरग्रहणविमोक्षणतया त्रसेषु प्राणेषु निधाय दण्डं तदपि तेषां कुशलमेव भवति ॥७५ ॥

अन्वयार्थ—राजा आदि के अभियोग आदि कारणों को खुला रख कर त्रस प्राणी को घात न करने की प्रतिज्ञा करते हैं और साधुजन यह जान कर कि सब सावद्यों को नहीं छोड़ता है तो जितना छोड़े उतना ही अच्छा है उसे त्रस प्राणियों का घात न करने की प्रतिज्ञा कराते हैं (तंपि तेसिं कुसलमेव भवइ) इतना त्याग भी उसके लिये अच्छा ही होता है ॥ ७५ ॥

भावार्थ—तैयार नहीं है तो जितने को यह छोड़े उतने तो बचेंगे यह आशय साधु का होता है अत उसको शेष प्राणियों के घात का अनुमोदन नहीं लगता है ॥७५॥



तसावि वुच्चति तसा तसस भारकडेण कम्मुणा णामं च णं अब्भुवगयं भवइ, तसाउयं च णं पलिक्खीणं भवइ, तसका-

छाया—त्रसा अप्युच्यन्ते त्रसास्त्रससम्भारकृतेन कर्मणा नाम चाभ्युपगत भवति । त्रसायुष्कञ्च परिक्षीणं भवति त्रसकायस्थितिश्च ते तदा-

अन्वयार्थ—(तसावि तससम्भारकडेण कम्मुणा तसा वुच्चंति) त्रस जीव भी त्रस नाम कर्म के फल का अनुभव करने के कारण त्रस कहे जाते हैं (णामं च णं अब्भुवगयं भवइ) और वे उक्त कर्म का फल भोग करने के कारण ही त्रस नाम को धारण करते हैं (तसा

भावार्थ—उदक पेढाल पुत्र ने भगवान् गोतम स्वामी से यह प्रश्न किया था कि—जो श्रावक त्रस प्राणी के घात का त्याग करके भी स्थावर काय में उत्पन्न हुए उसी प्राणी को मारता है उसका व्रतभङ्ग क्यों नहीं हो सकता है ? जो मनुष्य नागरिक को न मारने की प्रतिज्ञा करके नगर से बाहर गये हुए उस नागरिक पुरुष की हत्या करता है तो उसकी प्रतिज्ञा जैसे भङ्ग हो जाती है उसी तरह त्रस काय को न मारने की प्रतिज्ञा किया हुआ

सवायं उदए पेढालपुत्ते भयवं गोयमं एवं वयासी—आउसंतो गोयमा ! णत्थि णं से केइ परियाए जण्णं समणोवासगस्स एगपाणातिवायविरएवि दंडे निक्खित्ते, कस्स णं तं हेउ ?, संसारिया खलु पाणा, थावरावि पाणा तसत्ताए पच्चायंति, तसावि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति, थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा

छाया—सवादमुदकः पेढालपुत्रो भगवन्तं गौतममेवमवादीत्—आयुष्मन् गौतम नास्ति स कोऽपि पर्यायः यस्मिन् श्रमणोपासकस्य एक प्राणातिपातविरतेरपि दण्ड निक्षिप्त । कस्य हेतोः ? सांसारिकाः खलु प्राणा, स्थावरा अपि प्राणाः त्रसत्वाय प्रत्यायान्ति त्रसा अपि प्राणा स्थावरत्वाय प्रत्यायान्ति स्थावरकायतो विमुच्य

अन्वयार्थ—(उदए पेढालपुत्ते सवायं भगवं गोयमं एवं वयासी) उदक पेढालपुत्र ने वाद के सहित भगवान् गौतम स्वामी से कहा कि—(आउसंतो गोयमा णत्थिणं केइ परियाए जण्णं समणोवासगस्स एगपाणातिवायविरएवि दंडे निक्खित्ते) हे आयुष्मन् गौतम ! कोई भी वह पर्य्याय नहीं है जिसको न मारकर श्रावक अपने एक प्राणी को न मारने के त्याग को भी सफल कर सके (कस्सणं हेउ ?) कारण क्या है ? (संसारिया खलुपाणा) प्राणिवर्ग परिवर्तन शील हैं (थावराविपाणा तसत्ताए पच्चायंति तसावि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति) इसलिये कभी स्थावर प्राणी त्रस हो जाते हैं और कभी त्रस प्राणी स्थावर हो जाते हैं (थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे तसकायंसि उववज्जंति तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे

भावार्थ—उदक पेढालपुत्र भगवान् गौतम स्वामी से अपने प्रश्न को दूसरे प्रकार से पूछता है वह कहता है कि—हे आयुष्मन् गौतम ! ऐसा एक भी पर्य्याय नहीं है जिसके घात का त्याग श्रावक कर सकता है क्योंकि प्राणी परिवर्तनशील हैं वे सदा एक ही काय में नहीं रहते हैं वे कभी त्रस और कभी स्थावर इस प्रकार बदलते रहते हैं अतः जब सब के सब त्रस प्राणी त्रस पर्य्याय को छोड़ कर स्थावर काय में उत्पन्न हो जाते हैं उस समय एक भी त्रस प्राणी नहीं रहता है जिसके घात के त्याग को श्रावक पालन कर सके किन्तु उस समय श्रावक का व्रत निर्विषय हो जाता है। जैसे किसी ने यह व्रत ग्रहण किया कि—"मैं नगरवासी मनुष्य को नहीं मारूंगा" परन्तु दैवयोग से नगर का उजाड़ हो गया और सब के सब

विप्पजहंति तओ आउयं विप्पजहित्ता भुज्जो परलोइयत्ताए पच्चायंति, ते पाणावि वुच्चति, ते तसावि वुच्चंमि, ते महाकाया ते चिरट्ठिइया ॥ (सूत्र ७६) ॥

छाया—लौकिकत्वेन प्रत्यायान्ति, ते प्राणा अप्युच्यन्ते ते त्रसा अप्युच्यन्ते ते महाकायास्ते चिरस्थितिकाः ॥७६॥

अन्वयार्थ—जब उनकी स्थावर की आयु क्षीण हो जाती है और स्थावरकाय में उनकी स्थिति का काल समाप्त हो जाता है तब वे उस आयु को छोड़ देते हैं। (तओ आउयं विप्प जहित्ता भुज्जो परलोइयत्ताए पच्चायंति) और उस आयु को छोड़ कर वे फिर त्रसभाव को प्राप्त करते हैं) (ते पाणावि वुच्चंति ते तसावि वुच्चंति ते महाकाया ते चिरट्ठिइया) वे प्राणी भी कहलाते हैं त्रस भी कहलाते हैं वे महान् काय वाले और चिरकाल तक स्थिति वाले भी होते हैं ॥७६॥

भावार्थ—त्याग उसने नहीं किया है। तुमने जो नागरिक का दृष्टान्त देकर स्थावर पर्य्याय के घात से त्रस प्राणी के घात का त्याग करने वाले पुरुष की प्रतिज्ञा का भङ्ग होना कहा है यह अयुक्त है क्योंकि नगर निवासी पुरुष नगर से बाहर जाने पर भी नागरिक ही कहा जाता है क्योंकि उसकी पर्य्याय वही है बदली नहीं है इसलिये उसका घात करने से नागरिक के घात का त्याग करने वाले का व्रत भङ्ग हो जाता है परन्तु वह नागरिक यदि नगर का रहना सर्वथा छोड़ कर ग्राम में रहने लग जाय तो वह ग्रामीण कहलाने लगता है और उसकी वह नागरिक रूपी पर्य्याय बदल जाती है ऐसी दशा में उसके घात से जैसे नागरिक को न मारने का व्रत धारण किये हुए पुरुष का व्रतभग नहीं होता है उसी तरह त्रस पर्य्याय को त्याग कर जो प्राणी स्थावर पर्य्याय में चला गया है उसके घात से त्रस पर्य्याय के घात का त्याग किये हुए पुरुष की प्रतिज्ञा का भंग नहीं हो सकता है क्योंकि स्थावर पर्य्याय के घात का त्याग उसने नहीं किया है ॥ ७६ ॥



प्पवादेण अत्थि ण से परियाए जे ण समणोवासगस्स सव्व-पाणेहिं सव्वभूएहिं सव्वजीवेहिं सव्वसत्तेहिं दण्डे निक्खित्ते भवइ, कस्स ण त हेउ ?, संसारिया खलु पाणा, तसावि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति, थावरावि पाणा तसत्ताए पच्चायंति, तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे थावरकायंसि उववज्जंति, थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे तसकायंसि उववज्जंति, तेसिं च ण तसका

छाया—स पर्य्यायः यस्मिन् यस्मिन् श्रमणोपासकस्य सर्वभूतेषु सर्वप्राणेषु सर्वजीवेषु सर्वसत्त्वेषु दण्डः निक्षिप्तो भवति तत् कस्य हेतोः ? सांसारिकाः खलु प्राणाः त्रसा अपि प्राणाः स्थावरत्वाय प्रत्यायान्ति स्थावरा अपि प्राणाः त्रसत्वाय प्रत्यायान्ति। त्रसकायतो विप्रमुच्यमानाः सर्वे स्थावरकायेषूत्पद्यन्ते स्थावरकायतो विप्रमुच्यमानाः सर्वे त्रसकायेषूत्पद्यन्ते तेषाञ्च त्रसकायेषूत्पन्नानां

अन्वयार्थ—है। (अत्थिणं से परियाए जेणं समणोवासगस्स सव्वपाणेहिं सव्वभूएहिं सव्वजीवेहिं सव्वसत्तेहिं दण्डे निक्खित्ते भवइ) परन्तु तुम्हारे सिद्धान्तानुसार भी वह पर्याय अवश्य है जिसमें श्रमणोपासक सब प्राणी, भूत, जीव और सत्त्वों के घात का त्याग कर सकता है (तं कस्स णं हेउं) इसका कारण क्या है ? (संसारिया खलु पाणा तसावि पाणा थावरत्ताए पच्चायंति थावरावि पाणा तसत्ताए पच्चायंति) प्राणिगण परिवर्तनशील हैं इस लिये स्थावर प्राणी भी त्रस होते हैं और त्रस प्राणी भी स्थावर होते हैं (तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे थावरकायंसि उववज्जंति थावरकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे तसकायंसि उववज्जंति) वे त्रस काय को छोड़ कर स्थावर काय में उत्पन्न होते हैं। और स्थावर को छोड़ कर त्रसकाय में उत्पन्न होते हैं। (तेसिं च णं तसकायंसि उववण्णाणं ठाणमेयं अघत्तं) वे जब सब के सब त्रसकाय में उत्पन्न होते हैं तब वह स्थान

भावार्थ—तो यह प्रश्न उठता ही नहीं है क्योंकि त्रस प्राणी सबके सब एक ही काल में स्थावर हो जाते हैं ऐसी हमारी मान्यता नहीं है तथा ऐसा न कभी हुआ और न है और न होगा लेकिन तुम्हारे सिद्धान्त के अनुसार यदि थोड़ी देर के लिए यह मान लें तो भी श्रावक का व्रत निर्विषय नहीं हो

सव्वे तसकायंसि उववज्जंति, तसकायाओ विप्पमुच्चमाणा सव्वे थावरकायंसि उववज्जति, तेसिं च णं थावरकायंसि उववन्नाणं ठाणमेयं घत्तं ॥

छाया—मानाः सर्वे त्रसकायेषूत्पद्यन्ते त्रसकायतो विप्रमुच्यमानाः सर्वे स्थावरकायेषूत्पद्यन्ते तेषाञ्च स्थावरकायेषूत्पन्नानां स्थान मेतद् घात्यम् ।

अन्वयार्थ—थावरकायंसि उववज्जंति) वे सबके सब स्थावर काय को छोड़ कर त्रसकाय में उत्पन्न होते हैं और त्रसकाय को छोड़ कर स्थावर काय में उत्पन्न होते हैं। (तेसिंचणं थावरकायंसि उववण्णाणं ठाणमेयं घत्तं) वे सबके सब जब स्थावरकाय में उत्पन्न हो जाते हैं। तब वे श्रावकों के घात के योग्य हो जाते हैं।

भावार्थ—नगरवासी नगर छोड़ कर वनवासी हो गये तो उस समय जैसे नगर वासी को न मारने की प्रतिज्ञा करने वाले उस पुरुष की प्रतिज्ञा निर्विषय हो जाती है उसी तरह त्रस को न मारने की प्रतिज्ञा करने वाले श्रावक की प्रतिज्ञा भी जब त्रस प्राणी सब के सब स्थावर हो जाते हैं उस समय निर्विषय हो जाती है इसका क्या समाधान ?

सवायं भगवं गोयमे उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी—णो खलु आउसो ! अस्माकं वत्तव्वएणं तुब्भं चेव अणु-

छाया—सवाद भगवान् गोतमः उदकं पेढालपुत्रमेवमवादीत् न खल्वा युष्मन् उदक अस्माकं वक्तव्यत्वेन युष्माकञ्चैवानुमवादेन अस्ति

अन्वयार्थ—(सवायं भगवं गोयमे उदयं पेढालपुत्तं एवं वयासी) भगवान् गोतम स्वामी ने वाद के सहित उदक पेढालपुत्र से इस प्रकार कहा कि—(णो खलु आउसो अस्माकं वत्तव्वएणं तुब्भं चेव अणुप्पवादेणं) हे आयुष्मन् उदक ! हमारे वक्तव्य के अनुसार यह प्रश्न नहीं उठता है किन्तु तुम्हारे वक्तव्य के अनुसार उठ सकता

भावार्थ—इस उदक पेढालपुत्र के प्रश्न का उत्तर देते हुए भगवान् गोतम स्वामी कहते हैं कि—हे उदक पेढालपुत्र ! हमारी मान्यता के अनुसार

णाएवि दण्डे णिक्खित्ते, अयपि भेदे से णो णेयाउए भवइ सूत्र ७७ ॥

या—तिपात विरतेरपि दण्डः निक्षिप्तो भवति अयमपि भेदः नो नैयायिको भवति ॥ ७७ ॥

न्वार्थ—पातक का प्रत्याख्यान हो सके (अयमवि भेदे नो नेयाउए भवइ) सो यह आपका कथन न्याय सगत नहीं है ॥ ७७ ॥

वार्थ—विपयक हो जाता है अत तुम लोग श्रावकों के व्रत को जो निर्विषय करते हो यह न्यायसगत नहीं है ॥ ७७ ॥



भवग च ण उदाहु णियठा खलु पुच्छियव्वा—आउसतो! नियठा इह खलु सतेगइया मणुस्सा भवति, तेसिं च एव वुत्त-व भवइ—जे इमे मुडे भवित्ता अगाराओ अणगारिय पव्वइए,

या—भगवांश्च उदाह निर्ग्रन्थाः खलु प्रष्टव्याः आयुष्मन्तो निर्ग्रन्थाः इह खलु सन्त्येकतये मनुष्याः भवन्ति तेषाञ्चैवमुक्तपूर्वं भवति ये इमे मुण्डाः भूत्वा अगारादनगारित्वं प्रव्रजन्ति एषाञ्च आमरणान्तो दण्डः

न्वार्थ—(भगवंच णं उदाहु) भगवान् गोतम स्वामी कहते हैं कि—(नियंठा खलु पुच्छियव्वा) निर्ग्रन्थों से यह बात पूछी जाती है। (आउसतो नियठा इह खलु संतेगइया मणुस्सा भवंति) हे आयुष्मन् निर्ग्रन्थों! इस जगत् में कोई मनुष्य ऐसे होते हैं (तेसिंच णं एवं वुत्तपुव्वं भवइ) जो इस प्रकार प्रतिज्ञा करते हैं कि—(जे इमे मुंडे भवित्ता आगाराओ अणगारिय पव्वइए) ये जो दीक्षा लेकर घर से

वार्थ—भगवान् गोतम स्वामी ने उदक पेढाल पुत्र के स्थविरों से पूछा कि—हे स्थविरो! जगत् में कोई पुरुष ऐसे होते हैं जो साधु भाव को अंगीकार किये हुए पुरुषों को मरणपर्य्यन्त दण्ड न देने का व्रत ग्रहण करते हैं परन्तु गृहस्थों को मारने का त्याग वे नहीं करते हैं। वे पुरुष यदि साधुपन को छोड़कर गृहस्थ बने हुए भूतपूर्व श्रमण को मारते हैं तो

यसि उववन्नाए ठाणमेयं अघत्त, ते पाणावि वुच्चंति, ते तसावि वुच्चंति, ते महाकाया ते चिरट्ठिइया, ते बहुयरगा पाणा जेहिं समणोवासगस्स सुपच्चक्खायं भवति, ते अप्पयरगा पाणा जेहिं समणोवासगस्स अपच्चक्खायं भवइ, से महया तसकायाओ उवसतस्स उवट्ठियस्स पडिविरयस्स जन्नं तुब्भे वा अन्नो वा एव वदह—णत्थि णं से केइ परियाए जसि समणोवासगस्स एगपा-

छाया—स्थानमेतदघात्यम्। ते प्राणा अप्युच्यन्ते ते त्रसा अप्युच्यन्ते ते महाकायास्ते चिरस्थितिकाः। ते बहुतरकाः प्राणाः येषु श्रमणो पासकस्य सुप्रत्याख्यातं भवति ते अल्पतरकाः प्राणाः येषु श्रमणो पासकस्य अप्रत्याख्यात भवति। तस्य महतस्त्रसकायादुपशा-न्तस्य उपस्थितस्य प्रतिविरतस्य यद् यूयमन्योवा वदथ नाऽस्ति स कोऽपि पर्य्यायः यस्मिन् तस्य श्रमणोपासकस्य एकप्राणा

